# कबीर-ग्रंथावली

नागरीप्रचारिणी सभा, काशी

2-2

विनोदिनी बहनजी

नागरीप्रचारिणी ग्रंथमाला—३२

# कबीर-ग्रंथावली

संपादक

श्यामसुंदरदास, बी० ए०

नागरीप्रचारिणी सभा, काशी।

महात्मा कबीरदास

( प्रौढ़ावस्था का चित्र )

# विषय-सूची

———

उतना प्रभाव न पड़ा जितना कबीर का। नरहर्यानंदजी ने अपने सगुण शिष्य गोस्वामी तुलसीदास को प्रेरणा करके उनके कर्तृत्व से सगुण रामभक्ति का एक और ही स्रोत प्रवाहित कराया।

मुसलमानों के आगमन से हिंदू समाज पर एक और प्रभाव पड़ा। पददलित शूद्रों की दृष्टि में उन्मेष हो गया। उन्होंने देखा कि मुसलमानों में द्विजों और शूद्रों का भेद नहीं है। सधर्मी होने के कारण वे सब एक हैं, उनके व्यवसाय ने उनमें कोई भेद नहीं डाला है, न उनमें कोई छोटा है और न कोई बड़ा। अतएव इन ठुकराए हुए शूद्रों में से ही कुछ ऐसे महात्मा निकले जिन्होंने मनुष्यों की एकता को उद्घोषित करना चाहा। इस नवोत्थित भक्ति-तरंग में सम्मिलित होकर हिंदू समाज में प्रचलित इस भेद-भाव के विरुद्ध भी आवाज उठाई गई। रामानंदजी ने सबके लिये भक्ति का मार्ग खोलकर उनको प्रोत्साहित किया। नामदेव दरजी, रैदास चमार, दादू धुनिया, कबीर जुलाहा आदि समाज की नीची श्रेणी के ही थे परंतु उनका नाम आज तक आदर से लिया जाता है।

वर्ण-भेद से उत्पन्न उच्चता और नीचता को ही नहीं, वर्ग-भेद से उत्पन्न उच्चता नीचता को भी दूर करने का इस निर्गुण भक्ति ने प्रयत्न किया। स्त्रियों का पद स्त्री होने के कारण नीचा न रह गया। पुरुषों के ही समान वे भी भक्ति की अधिकारिणी हुईं। रामानंदजी के शिष्यों में से दो स्त्रियाँ थीं, एक पद्मावती और दूसरी सुरसरी। आगे चलकर सहजोबाई और दयाबाई भी भक्त-संतों में से हुईं। स्त्रियों की स्वतंत्रता के परम विरोधी, उनको घर की चहारदीवारी के अंदर ही कैद रखने के कट्टर पक्ष-पाती तुलसीदास जी भी जो मीराबाई को 'राम विमुख तजिय

कोटि वैरी सम जद्यपि परम सनेही' का उपदेश दे सके, वह निर्गुण भक्ति के ही अनिवार्य और अलक्ष्य प्रभाव के प्रसाद से समझना चाहिए। ज्ञानी संतों ने स्त्री की जो निंदा की है, वह दूसरी ही दृष्टि से है। स्त्री से उनका अभिप्राय स्त्री-पुरुष के काम वासना-पूर्ण संसर्ग से है। स्त्री की निंदा कबीर से बढ़कर कदाचित् ही किसी ने की हो, परंतु पति-पत्नी की भाँति न रहते हुए भी लोई का आजन्म उनके साथ रहना प्रसिद्ध है।

कबीर इस निर्गुण भक्ति-प्रवाह के प्रवर्तक हैं, परंतु भक्त नामदेव इनसे भी पहले हो गए थे। नामदेव का नाम कबीर ने शुक, उद्धव, शंकर, आदि ज्ञानियों के साथ लिया है—

जागे सुक उधव अक्रूर हणवंत जागे लै लँगूर।
संकर जागे चरन सेव, कलि जागे नामां जैदेव॥

अक्रूर, हनुमान और जयदेव की गिनती ज्ञानियों (जाग्रतों) में कैसे हुई, यह नहीं कह सकते। नामदेवजी जाति के दर्जी थे और दक्षिण के सतारा जिले के नरसी बमनी नामक स्थान में उत्पन्न हुए थे। पंढरपुर में विठोबाजी का मंदिर है। ये उनके बड़े भक्त थे। पहले ये सगुणोपासक थे, परंतु आगे चलकर इनका झुकाव निर्गुण भक्ति की ओर हो गया, जैसा उनके गायनों के नीचे दिए उदाहरणों से पता चलेगा—

(क) दशरथ राय नंद राजा मेरा रामचंद्र,
प्रणवै नामा तत्व रस अमृत पीजै॥

* * * *

धनि धनि मेवा रोमावली। धनि धनि कृष्ण ओढ़े कांवली॥
धनि धनि तू माता देवकी। जिह घर रमैया कँमलापती॥

# भूमिका

आज इस बात को पाँच छः वर्ष हुए होंगे, जब काशी-नागरी प्रचारिणी सभा में रक्षित हस्तलिखित हिंदी पुस्तकों की जाँच की गई थी और उनकी सूची बनाई गई थी। उस समय दो एसी पुस्तकों का पता चला जो बड़े महत्त्व की थीं, पर जिनके विषय में किसी को पहले कोई सूचना नहीं थी। इनमें से एक तो सूर-सागर की हस्तलिखित प्रति थी और दूसरी कबीरदासजी के ग्रंथों की दो प्रतियाँ थीं। कबीरदासजी के ग्रंथों की इन दो प्रतियों में से एक तो संवत् १५६१ की लिखी है और दूसरी संवत् १८८१ की। दोनों प्रतियाँ सुंदर अक्षरों में लिखी हैं और पूर्णतया सुरक्षित हैं। इन दोनों प्रतियों के देखने पर यह प्रकट हुआ कि इस समय कबीरदासजी के नाम से जितने ग्रंथ प्रसिद्ध हैं उनका कदाचित् दशमांश भी इन दोनों प्रतियों में नहीं है। यद्यपि इन दोनों प्रतियों के लिपिकाल में ३२० वर्ष का अंतर है पर फिर भी दोनों में पाठ-भेद बहुत ही कम है। संवत् १८८१ की प्रति में संवत् १५६१ वाली प्रति की अपेक्षा केवल १३१ दोहे और ५ पद अधिक हैं। उस समय यह निश्चिय किया गया कि इन दोनों हस्त-लिखित प्रतियों के आधार पर कबीरदासजी के ग्रंथों का एक संग्रह प्रका-शित किया जाय। यह कार्य पहले पंडित अयोध्यासिंहजी उपा-ध्याय को सौंपा गया और उन्होंने इसे सहर्ष स्वीकार भी कर लिया। पर पीछे से समयाभाव के कारण वे यह कार्य न कर सके। तब यह मुझे सौंपा गया। मैंने यथासमय यह कार्य आरंभ कर दिया। मेरे दो विद्यार्थियों ने इस कार्य में मेरी सहा-

यता करने की तत्परता भी प्रकट की. पर इस तत्परता का अवसान दो ही तीन दिन में हो गया। धीरे धीरे मैंने इस काम को स्वयं ही करना आरंभ किया। संवत् १९८३ के भाद्रपद मास में बहुत बीमार पड़ जाने तथा लगभग दो वर्ष तक निरंतर अस्वस्थ रहने और गृहस्थी संबंधी अनेक दुर्घटनाओं और आपत्तियों के कारण मैं यह कार्य शीघ्रतापूर्वक न कर सका। बीच बीच में जब जब अन्य झंझटों से कुछ समय मिला और शरीर ने कुछ कार्य करने में समर्थता प्रकट की, तब तब मैं यह कार्य करता रहा। ईश्वर की कृपा है कि यह कार्य अब समाप्त हो गया।

जैसा कि मैंने ऊपर कहा है, इस संस्करण का मूल आधार संवत् १५६१ की लिखी हस्तलिखित प्रति है। यह प्रति खेमचंद के पढ़ने के लिए मलूकदास ने काशी में लिखी थी। यह पता नहीं लगा कि ये खेमचंद और मलूकदास कौन थे। क्या ये मलूकदास कबीरदासजी के वही शिष्य तो नहीं थे जो जगन्नाथपुरी में जाकर बसे और जिनकी प्रसिद्ध खिचड़ी का वहाँ अब तक भोग लगता है तथा जिनके विषय में कबीरदासजी ने स्वयं कहा है 'मेरा गुरु बनारसी चेला समंदर तीर'? यदि ये वही मलूकदास हैं तो इस प्रति का महत्व बहुत अधिक है। यदि यह न भी हो, तो भी इस प्रति का मूल्य कम नहीं है। जैसा कि इस संस्करण की प्रस्तावना में सिद्ध किया गया है, कबीरदासजी का निधन संवत् १५७५ में हुआ था। यह प्रति उनकी मृत्यु के १४ वर्ष पहले की लिखी हुई है। अंतिम १४ वर्षों में कबीरदासजी ने जो कुछ कहा था यद्यपि वह इसमें सम्मिलित नहीं है, तथापि इसमें संदेह नहीं कि संवत् १५६१ तक की कबीरदासजी की समस्त रचनाएँ इसमें संगृहीत हैं। यह

प्रति ( क ) मानी गई है। इसके प्रथम और अंतिम दोनों पृष्ठों के चित्र इस संस्करण के साथ प्रकाशित किए जाते हैं।

दूसरी प्रति ( ख ) मानी गई है। यह संवत् १८८१ की लिखी है अर्थात इस प्रति के और ( क ) प्रति के लिपिकाल में ३२० वर्षों का अंतर है। पर ( क ) और ( ख ) दोनों प्रतियों में पाठ-भेद बहुत कम है। ( ख ) प्रति में ( क ) प्रति की अपेक्षा १३१ दोहे और ५ पद अधिक हैं।

यह बात प्रसिद्ध है कि संवत् १६६१ में अर्थात् ( क ) प्रति के लिखे जाने के १०० वर्ष पीछे गुरु ग्रंथ-साहब का संकलन किया गया। उसमें अनेक भक्तों की वाणी सम्मिलित की गई है। गुरु-ग्रंथ-साहब में कबीरदासजी की जितनी वाणी सम्मिलित है, वह सब मैंने अलग करवाई और तब ( क ) तथा ( ख ) प्रतियों में सम्मिलित पदों आदि से उसका मिलान कराया। जो दोहे और पद मूल अंश में आ गए थे, उनको छोड़कर शेष सब दोहे और पद परिशिष्ट में दे दिए गए हैं।

ग्रंथ-साहब तथा दोनों हस्तलिखित प्रतियों का मिलान करने पर नीचे लिखे दोहे और पद दोनों प्रतियों में मिले।

पृष्ठ २ , दो० १०
पृष्ठ ५ , दो० ९, ११, १२, १३
पृष्ठ ६ , दो० १६
पृष्ठ ७ , दो० २५
पृष्ठ ११ , दो० ४४
पृष्ठ १८ , दो० ३ ( १० )
पृष्ठ १६ , दो० ३
पृष्ठ २० , दो० १४, १
पृष्ठ २४ , दो० ३३

पृष्ठ २५ , दो० ४३, ४६
पृष्ठ २६ , दो० ५४
पृष्ठ २८ , दो० ७
पृष्ठ ३८ , दो० १ ( १९ )
पृष्ठ ४२ , दो० २ ( २२ )
पृष्ठ ४३ , दो० ९, १
पृष्ठ ४७ , दो० १
पृष्ठ ५० , दो० ७
पृष्ठ ५१ , दो० २, ६
पृष्ठ ५४ , दो० ५, ९, ११
पृष्ठ ६१ , दो० ९, १
पृष्ठ ६२ , दो० ५
पृष्ठ ६४ , दो० ५, ६
पृष्ठ ६५ , दो० ११, १४
पृष्ठ ६६ , दो० ४
पृष्ठ ६९ , दो० १३
पृष्ठ ७० , दो० ३३
पृष्ठ ७३ , दो० १०
पृष्ठ ७७ , दो० ७, २
पृष्ठ ७८ , दो० ३
पृष्ठ ८२ , दो० १
पृष्ठ ८५ , दो० ६
पृष्ठ ९७ , प० २७
पृष्ठ १०० , प० ३९
पृष्ठ २०८ , प० ३५९, ३६२
पृष्ठ २२० , प० ४००

इनके अतिरिक्त पाद-टिप्पणियों में जो (ख) प्रति में के अधिक दोहे दिए गए हैं, उनमें से पृष्ठ ६५ के दोहे १८, १६ और २० तथा पृष्ठ ७५ का दोहा ३८ उस प्रति और गुरु ग्रंथ साहब दोनों में समान है। इस प्रकार दोनों हस्तलिखित प्रतियों और गुरु-ग्रंथ-साहब में ४८ दोहे और ५ पद ऐसे हैं जो दोनों में समान हैं। इनको छोड़कर ग्रंथ-साहब में जो दोहे या पद अधिक मिले हैं, वे परिशिष्ट में दे दिए गए हैं। इनमें १९२ दोहे और २२२ पद हैं। इस प्रकार संस्करण में कबीरदासजी के दोहों और पदों का अत्यंत प्रामाणिक संग्रह कर दिया गया है। यह कहना तो कठिन है कि इस संग्रह में जो कुछ दिया गया है, उसके अतिरिक्त और कुछ कबीरदासजी ने कहा ही नहीं, पर इतना अवश्य है कि इनके अतिरिक्त और जो कुछ कबीरदासजी के नाम पर मिले, उसे सहसा उन्हीं का कहा हुआ तब तक स्वीकार नहीं कर लेना चाहिए, जब तक उसके प्रक्षिप्त न होने का कोई दृढ़ प्रमाण न मिल जाय।

इस संबंध में ध्यान रखने योग्य एक और बात यह है कि इस संग्रह में दिये हुए दोहे आदि की भाषा और कबीरदासजी के नाम पर बिकनेवाले ग्रंथों में के टेक पदों आदि की भाषा में आकाश-पाताल का अंतर है। संग्रह के दोहों आदि की भाषा भाषा-विज्ञान की दृष्टि से कबीरदासजी के समय के लिये बहुत उपयुक्त है और वह हिंदी के १६ वीं तथा १७ वीं शताब्दी के रूप के ठीक अनुरूप है। और इसी लिये इन पदों और दोहों को कबीरदासजी रचित मानने में आपत्ति नहीं हो सकती। परन्तु कबीरदासजी के नाम पर आजकल जो बड़े-बड़े ग्रंथ देखने में आते हैं, उनकी भाषा बहुत ही आधुनिक और कहीं-कहीं तो बिलकुल आजकल की खड़ी बोली ही जान पड़ती है।

आज के प्रायः तीन साढ़े तीन सौ वर्ष पूर्व कबीरदासजी आजकल की सी भाषा लिखने में किस प्रकार समर्थ हुए होंगे, यह विषय बहुत ही विचारणीय है।

इस संस्करण में कबीरदासजी के जो दोहे और पद सम्मिलित किए गए हैं, उन्हें मैंने आजकल की प्रचलित परिपाटी के अनुसार खराद पर चढ़ाकर सुडौल, सुंदर और पिंगल के नियमों से शुद्ध बनाने का कोई उद्योग नहीं किया। वरन् मेरा उद्देश्य यही रहा है कि हस्तलिखित प्रतियों या ग्रंथ-साहब में जो पाठ मिलता है, वही ज्यों का त्यों प्रकाशित कर दिया जाय। कबीरदासजी के पूर्व के किसी भक्त की वाणी नहीं मिलती। हिंदी साहित्य के इतिहास में वीरगाथा काल की समाप्ति पर मध्यकाल का आरंभ कबीरदासजी से होता है; अतएव इस काल के वे आदि कवि हैं। उस समय भाषा का रूप परिमार्जित और सरकृत नहीं हुआ था। तिस पर कबीरदासजी स्वयं पढ़े लिखे नहीं थे। उन्होंने जो कुछ कहा है, वह अपनी प्रतिभा तथा भावुकता के वशीभूत होकर कहा है। उनमें कवित्व उतना नहीं था जितनी भक्ति और भावुकता थी। उनकी अटपट वाणी हृदय में चुभनेवाली है। अतएव उसे ज्यों का त्यों प्रकाशित कर देना ही उचित जान पड़ा और यही किया भी गया है। हाँ जहाँ मुझे स्पष्ट लिपिदोष देख पड़ा, वहाँ मैंने सुधार दिया है; और वह भी कम से कम उतना ही जितना उचित और नितांत आवश्यक था।

एक और बात विशेष ध्यान देने योग्य है। कबीरदासजी की भाषा में पंजाबीपन बहुत मिलता है। कबीरदास ने स्वयं कहा है कि मेरी बोली बनारसी है। इस अवस्था में पंजाबीपन कहाँ से आया ? ग्रंथ साहब में कबीरदासजी की वाणी का जो

संग्रह किया गया है, उसमें जो पंजावीपन देख पड़ता है, उसका कारण तो स्पष्ट रूप से समझ में आ सकता है, पर मूल भाग में अथवा दोनों हस्तलिखित प्रतियों में जो पंजावीपन देख पड़ता है, उसका कुछ कारण समझ में नहीं आता। या तो यह लिपि-कर्ता की कृपा का फल है अथवा पंजाबी साधुओं की संगति का प्रभाव है। कही कहीं तो स्पष्ट पंजाबी प्रयोग और मुहावरे आ गए हैं जिनको बदल देने से भाव तथा शैली में परिवर्तन हो जाता है। यह विषय विचारणीय है। मेरी समझ में कबीर-दासजी की वाणी में जो पंजावीपन देख पड़ता है उसका कारण उनका पंजाबी साधुओं से संसर्ग ही मानना समीचीन होगा।

इस संस्करण के साथ कबीरदासजी के दो चित्र प्रकाशित किए जाते हैं, एक तो कलकत्ता म्यूजियम से प्राप्त हुआ है और दूसरा कबीरपंथी स्वामी युगलानंदजी से मिला है। दोनों में से किसी चित्र का कोई ऐसा प्रामाणिक इतिहास नहीं मिला जिसकी कुछ जाँच की जा सकती पर जहाँ तक मैं समझता हूँ, वृद्धावस्था का चित्र ही जो कबीरपंथी साधु युगलानंदजी से प्राप्त हुआ है अधिक प्रामाणिक जान पड़ता है।

इस ग्रंथ का परिशिष्ट प्रस्तुत करने में मेरे छात्र पंडित अयोध्यानाथ शर्मा एम० ए० ने बड़ा परिश्रम किया है। यदि वे यह कार्य न करते तो मुझे बहुत कुछ कठिनता का सामना करना पड़ता। इसी प्रकार प्रस्तावना के लिए सामग्री एकत्र करने और उसे व्यवस्थित रूप देने में मेरे दूसरे छात्र पंडित पीतांवरदत्त बडथ्-वाल एम० ए० ने मेरी जो सहायता की है वह बहुत ही अमूल्य है। सच बात तो यह है कि यदि मेरे ये दोनों प्रिय छात्र इस प्रकार मेरी सहायता न करते, तो अभी इस संस्करण के प्रकाशित

होने में और भी अधिक समय लग जाता। इस सहायता के लिये मैं इन दोनों के प्रति अपनी कृतज्ञता प्रगट करता हूँ। इनके अतिरिक्त और भी दो तीन विद्यार्थियों ने मेरी सहायता करने में कुछ कुछ तत्परता दिखाई पर किसी का तो काम ही पूरा न उतरा, किसी ने टाल मटूल कर दी और किसी ने कुछ कर कराकर अपने सिर से बला टाली। अस्तु, सभी ने कुछ न कुछ करने का उद्योग किया और मैं उन सबके प्रति कृतज्ञता प्रकट करता हूँ।

काशी
ज्येष्ठ कृष्ण १३, १९८७ } श्यामसुंदरदास

# प्रस्तावना

काल की कठोर आवश्यकताएँ महात्माओं को जन्म देती हैं। कबीर का जन्म भी समय की विशेष आवश्यकताओं की पूर्ति के लिये हुआ था। अवसर के उचित उपयोग से अनभिज्ञ और कर्म्मठता से उदासीन रहनेवाली हिंदू जाति की धर्म्मजन्य दयालुता ने उसे दासता के गर्त में ढकेल दिया था। उसका शूरवीरत्व उसके किसी काम न आया। वीरता के साथ साथ वीरगाथाओं और वीर-गीतों की अंतिम प्रतिध्वनि भी रणथंभौर के पतन के साथ ही विलीन हो गई। शहाबुद्दीन गोरी ( मृत्यु सं० १२६३ ) के समय से ही इस देश में मुसलमानों के पाँव जमने लग गए थे, उसके गुलाम कुतुबुद्दीन ऐबक ( सं० १२६३-१२७३ ) ने गुलाम वंश की स्थापना कर पठानी सल्तनत और भी दृढ़ कर दी। भारत की लक्ष्मी पर लुब्ध मुसलमानों का बिकराल स्वरूप जिसे उनकी धर्मांधता ने और भी अधिक विकराल बना दिया था, अलाउद्दीन खिलजी ( सं० १३५२-१३७२ ) के समय में भली भाँति प्रकट हुआ। खेतों में खून और पसीना एक करनेवाले किसानों की कमाई का आधे से अधिक अंश भूमि कर के रूप में राज-कोष में जाने लगा। प्रजा दाने दाने को तरसने लगी। सोने चाँदी की तो बात ही क्या, हिंदुओं के घरों में ताँबे पीतल के थाली लोटों तक का रहना सुलतान को खटकने लगा। उनका घोड़े की सवारी करना और अच्छे कपड़े पहनना महान् अपराधों में गिना जाने लगा। नाम मात्र के अपराध के लिये भी किसी की खाल खिंचवाकर उसमें भूसा भरवा देना एक साधारण बात थी। अलाउद्दीन खिलजी के लड़के कुतुबुद्दीन मुबारक ( संवत् १३७२-

आविर्भाव-काल

१३७७ ) के शासनकाल में जब देवगिरि का राजा हरपाल बंदी करके दिल्ली लाया गया, तब उसकी यह दशा हुई। मंदिरों को गिराकर उनके स्थान पर मस्जिदें बनाने का लग्गा तो बहुत पहले लग चुका था। अब स्त्रियों के मान और पातिव्रत की रक्षा करना भी कठिन हो गया। चित्तौर पर अलाउद्दीन की दो चढ़ाइयाँ केवल अतुल सुंदरी पद्मिनी की ही प्राप्ति के लिये हुईं, अंत में गढ़ के टूट जाने और अपने पति भीमसी के वीर गति पाने पर पुण्य-प्रतिमा महाराणी पद्मिनी ने अन्य वीर क्षत्राणियों के साथ अपने मान की रक्षा के लिये अग्निदेव के क्रोड़ में शरण ली और जौहर करके हिंदू जाति का मस्तक ऊँचा किया। तुगलक वंश के अधिकारारूढ़ होने पर भी ये कष्ट कम नहीं हुए वरन् मुहम्मद तुगलक ( सं० १३८२-१४०८ ) की ऊटपटाँग व्यवस्थाओं से और भी बढ़ गए। समस्त राजधानी, जिसमें नवजात शिशु से लेकर मरणोन्मुख वृद्ध तक थे, दिल्ली से लाकर दौलाताबाद में बसाई गई। परंतु जब वहाँ आधे से अधिक लोग मर गये, तब सबको फिर दिल्ली लौट जाने की आज्ञा दी गई। हिंदू जाति के लिये जीवन धीरे धीरे एक भार सा होने लगा, कहीं से आशा की झलक तक न दिखाई देती थी। चारों ओर निराशा और निरवलंबता का अंधकार छाया हुआ भा। हिंदू रक्त ने खुसरो की नसों में उबल कर हिंदू राज्य की स्थापना का प्रयत्न किया तो था ( वि० सं० १३१८ ) पर वह सफल न हो सका। इसके अनंतर सारी आशाएँ बहुत दिनों के लिये मिट्टी में मिल गईं। तैमूर के आक्रमण ने देश को जहाँ तहाँ उजाड़कर नैराश्य की चरम सीमा तक पहुँचा दिया। हिंदू जाति में से जीवन शक्ति के सब लक्षण मिट गए। विपत्ति की चरम सीमा पर पहुँचकर मनुष्य पहले तो परमात्मा की ओर ध्यान लगाता है और अपने कष्टों से त्राण पाने की

आशा करता है; पर जब स्थिति में सुधार नहीं होता, तब परमात्मा की भी उपेक्षा करने लगता है, उसके अस्तित्व पर उसका विश्वास ही नहीं रह जाता। कबीर के जन्म के समय हिंदू जाति की यही दशा हो रही थी। वह समय और परिस्थिति अनीश्वरवाद के लिये बहुत ही अनुकूल थी, यदि उसकी लहर चल पड़ती तो उसे रोकना बहुत ही कठिन हो जाता। परंतु कबीर ने बड़े ही कौशल से इस अवसर से लाभ उठाकर जनता को भक्ति मार्ग की ओर प्रवृत्त किया और भक्ति भाव का प्रचार किया। प्रत्येक प्रकार की भक्ति के लिये जनता इस समय तैयार नहीं थी। मूर्त्तियों की अशक्तता वि० सं० १०८१ में बड़ी स्पष्टता से प्रकट हो चुकी थी, जब कि महमूद गजनवी ने आत्म-रक्षा से विरत, हाथ पर हाथ रखकर बैठे हुए श्रद्धालुओं के देखते देखते सोमनाथ का मंदिर नष्ट करके उनमें से हजारों को तलवार के घाट उतारा था। गजेंद्र की एक ही टेर सुनकर दौड़ आनेवाले और ग्राह से उसकी रक्षा करनेवाले सगुण भगवान् जनता के घोर से घोर संकट काल में भी उसकी रक्षा के लिये आते हुए न दिखाई दिए। अतएव उनकी ओर जनता को सहसा प्रवृत्त कर सकना असंभव था। पंढरपुर के भक्त-शिरोमणि नामदेव की सगुण भक्ति जनता को आकृष्ट न कर सकी, लोगों ने उनका वैसा अनुकरण न किया जैसा आगे चलकर कबीर का किया; और अंत में उन्हें भी ज्ञानाश्रित निर्गुण भक्ति की ओर झुकना पड़ा। उस समय परिस्थिति केवल निराकार और निर्गुण ब्रह्म की भक्ति के ही अनुकूल थी, यद्यपि निर्गुण की शक्ति का भली भाँति अनुभव नहीं किया जा सकता था, उसका आभास मात्र मिल सकता था। पर प्रबल-जल-धार में बहते हुए मनुष्य के लिये वह कूलस्थ मनुष्य या चट्टान किस काम की है जो उसकी रक्षा

के लिये तत्परता न दिखलाए ? पर उसकी ओर बहकर आता हुआ एक तिनका भी उसके हृदय में जीवन की आशा पुनरुद्दीप्त कर देता और उसी का सहारा पाने के लिये वह अनायास हाथ बढ़ा देता है। कबीर ने अपनी निर्गुण भक्ति के द्वारा यही आशा भारतीय जनता के हृदय में उत्पन्न की और उसे कुछ अधिक समय तक विपत्ति की इस अथाह जलराशि के ऊपर बने रहने की उत्तेजना दी, यद्यपि सहायता की आशा से आगे बढ़े हुए हाथ को वास्तविक सहारा सगुण भक्ति से ही मिला और केवल राम-भक्ति ही उसे किनारे पर लाकर सर्वथा निरापद कर सकी। राम-भक्ति ने केवल सगुण कृष्ण-भक्ति के समान जनता की दृष्टि जीवन के आनंदोल्लास-पूर्ण पक्ष की ओर ही नहीं लगाई, प्रत्युत् आनंद-विरोधिनी अमांगलिक शक्तियों के संहार का विधान कर दूसरे पक्ष में भी आनंद की प्राण-प्रतिष्ठा की। पर इससे जनता पर होनेवाले कबीर के उपकार का महत्त्व कम नहीं हो जाता। कबीर यदि जनता को भक्ति की ओर न प्रवृत्त करते तो क्या यह संभव था कि लोग इस प्रकार सूर की कृष्ण-भक्ति अथवा तुलसी की रामभक्ति आँखें मूँदकर ग्रहण कर लेते ? सारांश यह है कि कबीर का जन्म ऐसे समय में हुआ जब कि मुसलमानों के अत्याचारों से पीड़ित भारतीय जनता को अपने जीवित रहने की आशा नहीं रह गई थी और न उसमें अपने आपको जीवित रखने की इच्छा ही शेष रह गई थी। उसे मृत्यु या धर्मपरिवर्त्तन के अतिरिक्त और कोई उपाय ही नहीं देख पड़ता था। यद्यपि धर्म्मज्ञ तत्त्वज्ञों ने सगुण उपासना से आगे बढ़ते बढ़ते निर्गुण उपासना तक पहुँचने का सुगम मार्ग बताया है और वास्तव में यह तत्त्व बुद्धिसंगत भी जान पड़ता है, पर उस समय सगुण उपासना की निःसारता का जनता को परिचय मिल चुका था और उस

पर से उसका विश्वास भी हट चुका था। अतएव कबीर को अपनी व्यवस्था उलटनी पड़ी। मुसलमान भी निर्गुणोपासक थे। अतएव उनसे मिलते जुलते पथ पर लगाकर कबीर ने हिंदू जनता को संतोष और शांति प्रदान करने का उद्योग किया। यद्यपि उस उद्योग में उन्हें सफलता नहीं प्राप्त हुई, तथापि यह स्पष्ट है कि कबीर के निर्गुणवाद ने तुलसी और सूर के सगुणवाद के लिये मार्ग परिष्कृत कर दिया और उत्तरीय भारत के भावी धर्ममय जीवन के लिये उसे बहुत कुछ संस्कृत और परिष्कृत बना दिया।

जिस समय कबीर आविर्भूत हुए थे, वह समय ही भक्ति की लहर का था। उस लहर को बढ़ाने के प्रबल कारण प्रस्तुत थे।

भक्त संतों की परंपरा

मुसलमानों के भारत में आ बसने से परिस्थिति में बहुत कुछ परिवर्तन हो गया। हिंदू जनता का नैराश्य दूर करने के लिये भक्ति का आश्रय ग्रहण करना आवश्यक था। इसके अतिरिक्त कुछ लोगों ने हिंदू और मुसलमान दोनों विरोधी जातियों को एक करने की आवश्यकता का भी अनुभव किया। इस अनुभव के मूल में एक ऐसे सामान्य भक्ति-मार्ग का विकास गर्भित था जिसमें परमात्मा की एकता के आधार पर मनुष्यों की एकता का प्रतिपादन हो सकता और जिसका मूलाधार भारतीय ब्रह्मवाद तथा मुसलमानी खुदावाद की स्थूल समानता हुई। भारतीय अद्वैतवाद और मुसलमानी एकेश्वरवाद के सूक्ष्म भेद की ओर ध्यान नहीं दिया गया और दोनों के एक विचित्र मिश्रण रूप में निर्गुण भक्ति-मार्ग चल पड़ा। रामानंदजी के बारह शिष्यों में से कुछ इस मार्ग के प्रवर्तन में प्रवृत्त हुए जिनमें से कबीर प्रमुख थे। शेष में सेना, धना, भवानंद, पीपा और रैदास थे, परंतु उनका

२

धनि धनि बन खंड वृंदावना । जहाँ खेलैं श्रीनारायना ॥
वेनु बजावैं गोधन चारैं । नामे का स्वामी आनंद करैं ॥

( ख ) पांडे तुम्हारी गायत्री लोधे का खेत खाती थी ।
लैकरि ठेंगा टँगरो तोरी लंगत लंगत जाती थी ॥
पांडे तुम्हारा महादेव धौले बलद चढ़ा आवत देखा था ।
पांडे तुम्हारा रामचंद्र सो भी आवत देखा था ॥
रावन सैंती सरबर होई घर की जोय गँवाई थी ।

कबीर के पीछे तो संतों की मानो बाढ़ सी आ गई थी और अनेक मत चल पड़े । पर सब पर कबीर का प्रभाव स्पष्ट परिलक्षित है । नानक, दादू, शिवनारायण, जगजीवनदास आदि जितने प्रमुख संत हुए, सबने कबीर का अनुकरण किया और अपना अपना अलग मत चलाया । इनके विषय की मुख्य बातें ऊपर आ गई हैं, फिर भी कुछ बातों पर ध्यान दिलाना आवश्यक है । सब ने नाम, शब्द, सद्गुरु आदि की महिमा गाई है और मूर्तिपूजा, अवतारवाद तथा कर्मकांड का विरोध किया है; तथा जांति पांति का भेद-भाव मिटाने का प्रयत्न किया है, परंतु हिंदू, जीवन में व्याप्त सगुण भक्ति और कर्मकांड के प्रभाव से इनके परिवर्तित मतों के अनुयायियों द्वारा वे स्वयं परमात्मा के अवतार माने जाने लगे हैं, और उनके मतों में भी कर्मकांड का पाखंड घुस गया है । कई मतों में केवल द्विज लिए जाते हैं । केवल नानकदेवजी का चलाया सिक्ख संप्रदाय ही ऐसा है जिसमें जाति पांति का भेद नहीं आने पाया, परंतु उसमें भी कर्मकांड की प्रधानता हो गई है और ग्रंथ-साहब का प्रायः वैसा ही पूजन किया जाता है जैसा मूर्तिपूजक मूर्ति का करते हैं । कबीरदास के मनगढ़ंत चित्र बनाकर उनकी पूजा कबीरपंथी मठों में भी होने लग गई है और सुमरनी आदि का प्रचार हो गया है ।

यद्यपि आगे चलकर निर्गुण संत मतों का वैष्णव संप्रदायों से बहुत भेद हो गया, तथापि इसमें संदेह नहीं कि संत धारा का उद्गम भी वैष्णव भक्ति रूपी स्रोत से ही हुआ है। श्रीरामानुज ने संवत् ११४४ में यादवाचल पर नारायण की मूर्ति स्थापित करके दक्षिण में वैष्णव धर्म का प्रवाह चलाया था, पर उनकी भक्ति का आधार ज्ञानमार्गी अद्वैतवाद था, उनका अद्वैत विशिष्टाद्वैत हुआ। गुजरात में माधवाचार्य ने द्वैतमूलक वैष्णव धर्म का प्रवर्तन किया। जो कुछ कहा जा चुका है, उससे पता चलेगा कि संतधारा अधिकतर ज्ञानमार्ग के ही मेल में रही। पर उधर बंगाल में महाप्रभु चैतन्य देव और उत्तर भारत में वल्लभाचार्यजी के प्रभाव से भक्ति के लिये परमात्मा के सगुण रूप की प्रतिष्ठा की गई, यद्यपि सिद्धांत रूप में ज्ञानमार्ग का त्याग नहीं किया गया। और तो और तुलसीदासजी तक ने ज्ञानमार्ग की बातों का निरूपण किया है, यद्यपि उन्होंने उन्हें गौण स्थान दिया है। संतों में भी कहीं-कहीं अनजान में सगुणवाद आ गया है और विशेष कर कबीर में, क्योंकि भक्ति गुणों का आश्रय पाकर ही हो सकती है। शुद्ध ज्ञानाश्रयी उपनिषदों तक में उपासना के लिये ब्रह्म में गुणों का आरोप किया गया है। फिर भी तथ्य की बात यह जान पड़ती है कि जब वैष्णव संप्रदाय ने आगे चलकर व्यवहार में सगुण भक्ति का आश्रय लिया, तब भी संत मतों ने ज्ञानाश्रयी निर्गुण भक्ति ही से अपना संबंध रखा।

यहाँ पर यह कह देना उचित जँचता है कि कबीर सारतः वैष्णव थे। अपने आपको उन्होंने वैष्णव तो कहीं नहीं कहा है, परंतु वैष्णवों की जितनी प्रशंसा की है, उससे उनकी वैष्णवता का बहुत प्रमाण मिलता है—

मेरे संगी द्वी जणा एक वैष्णव एक राम।
वो है दाता मुक्ति का वो सुमिरावै नाम॥
कबीर धनी ते सुंदरी जिनि जाया वैसनौं पूत।
राम सुमिरि निरभै हुआ सब जग गया अऊत॥
साकत बाभँण मति मिलै वैसनौं मिलै चँडाल।
अंकमाल दे भेटिए मानौ मिलै गोपाल।

शाक्तों की निंदा के लिये यह तत्परता उनकी वैष्णवता का ही फल है। शाक्त को उन्होंने कुत्ता तक कह डाला है—

साकत सुनहा दोनों भाई, एक नींदै एक भौंकत जाई।

जो कुछ संदेह उनकी वैष्णवता में रह जाता है, वह रामानंदजी को गुरु बनाने की उनकी आकुलता से दूर हो जाना चाहिए। अन्य वैष्णवों में और उनमें जो भेद दिखाई देता है उसका कारण, जैसा कि हम आगे चलकर बतावेंगे, उनके सिद्धांत और व्यवहार में भेद न रखने का फल है।

कबीरदास के जीवनचरित के संबंध में तथ्य की बातें बहुत कम ज्ञात हैं; यहाँ तक कि उनके जन्म और मरण के संवतों के विषय में भी अब तक कोई निश्चित बात नहीं ज्ञात हुई है। कबीरदास के विषय में लोगों ने जो कुछ लिखा है, सब जनश्रुतियों के आधार पर है। इनका समय भी अनुमान के आधार पर निश्चित किया गया है। डा० हंटर ने इनका जन्म संवत् १४३७ में और विल्सन साहब ने मृत्यु संवत् १५०५ में मानी है। रेवरेंड वेस्टकाट के अनुसार इनका जन्म संवत् १४९७ में और मृत्यु सं० १५७५ में हुई। कबीरपंथियों में इनके जन्म के विषय में यह पद्य प्रसिद्ध है —

काल-निर्णय

चौदह सौ पचपन साल गए, चंद्रवार एक ठाठ ठए।
जेठ सुदी बरसायत को पूरनमासी तिथि प्रगट भए॥
घन गरजे दामिनि दमके बूँदें बरषें झर लाग गए।
लहर तलाव में कमल खिले तहँ कबीर भानु प्रगट हुए॥

यह पद्य कबीरदास के प्रधान शिष्य और उत्तराधिकारी धर्मदास का कहा हुआ बताया जाता है। इसके अनुसार कबीर-दास का जन्म लागों ने संवत् १४५५ में ज्येष्ठ शुक्ल पूर्णिमा चंद्र-वार को माना है, परंतु गणना करने से संवत् १४५५ में ज्येष्ठ शुक्ल पूर्णिमा चंद्रवार को नहीं पड़ती। पद्य को ध्यान से पढ़ने पर संवत् १४५६ निकलता है, क्योंकि उसमें स्पष्ट शब्दों में लिखा है "चौदह सौ पचपन साल गए" अर्थात् उस समय तक संवत् १४५५ बीत गया था।

ज्येष्ठ मास वर्ष के आरंभिक मासों में है, अतएव उसके लिये चौदह सौ पचपन साल गए लिखना स्वाभाविक भी है, क्योंकि वर्षारंभ में नवीन संवत् लिखने का उतना अभ्यास नहीं रहता। १४५६ में ज्येष्ठ शुक्ल पूर्णिमा चंद्रवार को ही पड़ती है। अतएव यही संवत् कबीर के जन्म का ठीक संवत् जान पड़ता है।

इनके निधन के संबंध में दो तिथियाँ प्रसिद्ध हैं—

(१) संवत् पंद्रह सौ औ पाँच सौ, मगहर कियो गमन।
अगहन सुदी एकादसी, मिले पवन में पवन॥

(२) संवत् पंद्रह सौ पछत्तरा, कियो मगहर को गवन।
माघ सुदी एकादशी, रलो पवन मे पवन॥

एक के अनुसार इनका परलोकवास संवत् १५०५ में और दूसरे के अनुसार १५७५ में ठहरता है। दोनों तिथियों में ७० वर्ष

का अंतर है। वार न दिए रहने के कारण ज्योतिष की गणना से तिथियों की जाँच नहीं की जा सकती।

डाक्टर फ्यूरे ने अपने 'मानुमेंटल एंटीक्विटीज' आफ दि नार्थ वेस्टर्न प्राविंसेज' नामक ग्रंथ में लिखा है कि बस्ती जिले के मगहर ग्राम में, आमी नदी के दक्षिण तट पर, कबीरदासजी का रौजा है जिसे सन् १४५० ( संवत् १५०७ ) में बिजली खाँ ने बनवाया और जिसका जीर्णोद्धार सन् १५६७ ( संवन् १६२४ ) में नवाब फिदाई खाँ ने कराया। यदि ये संवत् ठीक हैं तो कबीर की मृत्यु संवत् १५०७ के पहले ही हो चुकी थी। इस बात को ध्यान में रखकर देखने से १५०५ ही इनका निधन संवत् ठहरता है, और इनका जन्म संवत् १४५६ मान लेने से इनकी आयु केवल ४९ वर्ष की ठहरती है। मेरा अनुमान था कि डाक्टर फ्यूरे ने मगहर के रौजे के बनने तथा जीर्णोद्धार के संवत् उसमें खुदे किसी शिलालेख के आधार पर दिए होंगे। इस अनुमान से मैं बहुत प्रसन्न था कि इस शिलालेख के आधार पर कबीरजी का समय निश्चित हो जायगा; पर पूछ ताछ करने पर पता लगा कि वहाँ कोई शिलालेख नहीं है। डाक्टर साहब ने जिस ढंग से ये संवत् दिए हैं, उससे तो यही जान पड़ता है कि उनके पास कोई आधार अवश्य था। परंतु जब तक उस आधार का पता नहीं लगता, तब तक मैं पुष्ट प्रमाणों के अभाव में इन संवतों को निश्चित मानने में असमर्थ हूँ। और भी कई बातें हैं जिनसे इन संवतों को अप्रामाणिक मानने को ही जी चाहता है। इन पर आगे विचार किया जाता है।

यह बात प्रसिद्ध है कि कबीरदास सिकंदर लोदी के समय में हुए थे और उसके कोप के कारण ही उन्हें काशी छोड़कर मगहर

जाना पड़ा था। सिकंदर लोदी का राजत्वकाल सन् १५१७ ( संवत् १५७४ ) से सन् १५२६ ( संवत् १५८३ ) तक माना जाता है। इस अवस्था में यदि कबीर का निधन संवत् १५०५ मान लिया जाय तो उनका सिकंदर लोदी के समय में वर्तमान रहना असंभव सिद्ध होता है।

गुरु नानकदेवजी ने कबीर की अनेक साखियों और पदों को आदि-ग्रंथ में उद्धृत किया है। गुरु नानकजी का जन्म संवत् १५२६ में और मृत्यु संवत् १५९६ में हुई। रेवरंड वेस्टकाट लिखते हैं कि जब नानक २७ वर्ष के थे, तब कबीरदासजी से उनकी भेंट हुई थी। नानकदेवजी पर कबीरदास का इतना स्पष्ट प्रभाव दिखाई देता है कि इस घटना को सत्य मानने की प्रवृत्ति होती है, जिससे कबीर का संवत् १५५६ में वर्तमान रहना मानना पड़ता है। परंतु संवत् १५०५ में कबीर की मृत्यु मानने से यह घटना असंभव हो जाती है।

जिन दो हस्तलिखित प्रतियों के आधार पर इस ग्रंथावली का संपादन हुआ है, उनमें से एक संवत् १५६१ की लिखी है। यदि कबीर जी की मृत्यु १५०५ में हुई तो यह प्रतिलिपि उनकी मृत्यु के ५६ वर्ष पीछे तैयार की गई होगी। ऐसा प्रसिद्ध है कि कबीरदासजी के प्रधान शिष्य और उत्तराधिकारी धर्मदासजी ने संवत् १५२१ में जब कि कबीरदासजी की आयु ६५ वर्ष की थी, अपने गुरु के वचनों का संग्रह किया था। जिस ढंग से कबीरदासजी की वाणी का संग्रह इस प्रति में किया गया है, उसे देखकर यह मानना पड़ेगा कि यह पहला संकलन नहीं था, वरन् अन्य संकलनों के आधार पर पीछे से

किया गया था, अथवा कोई आश्चर्य नहीं कि धर्मदास के संग्रह के ही आधार पर इसका संकलन किया गया हो* ।

इस ग्रंथावली में कबीरदासजी के दो चित्र दिए गए हैं—एक युवावस्था का और दूसरा वृद्धावस्था का । पहला चित्र कलकत्ता म्यूजियम से प्राप्त हुआ है और दूसरा मुझे कबीरपंथी स्वामी युगलानंदजी से मिला है । मिलान करने से दोनों चित्र एक ही व्यक्ति के नहीं मालूम पड़ते, दोनों की आकृतियों में बड़ा अंतर है । यदि दोनों नहीं तो इनमें से कोई एक अवश्य अप्रामाणिक होगा, दोनों ही अप्रामाणिक हो सकते हैं, परंतु श्रीयुक्त युगलानंदजी वृद्धावस्थावाले चित्र के लिये अत्यन्त प्रामाणिकता का दावा करते हैं, जो ४९ वर्ष से अधिक अवस्थावाले व्यक्ति का ही हो सकता है । नहीं कह सकते कि यह दावा कहाँ तक साधार और सत्य है परंतु यदि यह ठीक है तो मानना पड़ेगा कि कबीरदासजी की मृत्यु संवत् १५०५ के बहुत पीछे हुई ।

इन सब बातों पर एक साथ विचार करने से यही संभव जान

---

* ग्रंथ-सहाब में कबीरदास की बहुत सी साखियाँ और पद दिए हैं । उनमें से बहुत से ऐसे हैं जो सं० १५६१ की हस्तलिखित प्रति में नहीं हैं । इससे यह मानना पड़ेगा कि या तो यह संवत् १५६१ वाली प्रति अधूरी है अथवा इस प्रति के लिखे जाने के १०० वर्ष के अंदर बहुत सी साखियाँ आदि कबीरदासजी के नाम से प्रचलित हो गई थीं, जो कि वास्तव में उनकी न थीं । यदि कबीरदास का निधन संवत् १५७५ में मान लिया जाता है तो यह बात असंगत नहीं जान पड़ती कि इस प्रति के लिखे जाने के अनंतर १४ वर्ष तक कबीरदासजी जीवित रहे और इस बीच में उन्होंने और बहुत से पद बनाए हों जो ग्रंथ-साहब में सम्मिलित कर लिए गए हों ।

पड़ता है कि कबीरदासजी का जन्म १४५६ में और मृत्यु संवत् १५७५ में हुई होगी। इस हिसाब से उनकी आयु ११६ वर्ष की होती है, जिस पर बहुत लोगों को विश्वास करने की प्रवृत्ति न होगी परंतु जो इस युग में भी असंभव नहीं है।

यह कहा ही जा चुका है कि कबीरदासजी के जीवन की घटनाओं के संबंध में कोई निश्चित बात ज्ञात नहीं होती क्योंकि उन सबका आधार जनसाधारण और विशेष कर कबीर-पंथियों में प्रचलित दंतकथाएँ हैं। कहते हैं कि काशी में एक सात्विक ब्राह्मण रहते थे जो स्वामी रामानदजी के बड़े भक्त थे। उनकी एक विधवा कन्या थी। उसे साथ लेकर एक दिन वे स्वामीजी के आश्रम पर गए। प्रणाम करने पर स्वामीजी ने उसे पुत्रवती होने का आशीर्वाद दिया। ब्राह्मण देवता ने चौंककर जब पुत्री का वैधव्य निवेदन किया तब स्वामीजी ने सखेद कहा कि मेरा वचन तो अन्यथा नहीं हो सकता; परंतु इतने से संतोष करो कि इससे उत्पन्न पुत्र बड़ा प्रतापी होगा। आशीर्वाद के फल स्वरूप जब इस ब्राह्मण-कन्या को पुत्र उत्पन्न हुआ तो लोकलज्जा और लोकापवाद के भय से उसने उसे लहर तालाब के किनारे डाल दिया। भाग्यवश कुछ ही क्षण के पश्चात् नीरू नाम का एक जुलाहा अपनी स्त्री नीमा के साथ उधर से आ निकला। इस दंपति के कोई पुत्र न था। बालक का रूप पुत्र के लिये लालायित दंपति के हृदयों पर चुभ गया और वे इसी बालक का भरण-पोषण कर पुत्रवान हुए। आगे चलकर यही बालक परम भगवद्भक्त कबीर हुआ। कबीर का विधवा ब्राह्मण कन्या का पुत्र होना असंभव नहीं, किंतु स्वामी रामानंदजी के आशीर्वाद की बात ब्राह्मणकन्या का कलंक मिटाने के उद्देश्य से ही पीछे से जोड़ी गई जान

माता-पिता

पड़ती है, जैसे कि अन्य प्रतिभाशाली व्यक्तियों के संबंध में जोड़ी गई हैं। मुसलमान घर में पालित होने पर भी कबीर का हिंदू विचारों में सराबोर होना उनके शरीर में प्रवाहित होनेवाले ब्राह्मण, अथवा कम से कम हिंदू रक्त की ही ओर संकेत करता है। स्वयं कबीरदास ने अपने माता पिता का कहीं कोई उल्लेख नहीं किया है, और जहाँ कहीं उन्होंने अपने संबंध में कुछ कहा भी है वहाँ अपने को जुलाहा और बनारस का रहनेवाला बताया है।

जाति जुलाहा मति को धीर। हरषि हरषि गुण रमै कबीर॥
मेरे राम की अभैपद नगरी, कहै कबीर जुलाहा।
तू ब्राह्मन मैं कासी का जुलाहा।

परंतु जान पड़ता है कि उनकी हार्दिक इच्छा यही थी कि यदि मेरा ब्राह्मण कुल में जन्म हुआ होता तो अच्छा होता। पूर्व जन्म में अपने ब्राह्मण होने की कल्पना कर वे अपना परितोष कर लेते हैं। एक पद में वे कहते हैं—

पूरब जनम हम ब्राह्मन होते वोछे करम तप हीना।
रामदेव की सेवा चूका पकरि जुलाहा कीना॥

ग्रंथ-साहब में कबीरदास का एक पद दिया है जिसमें कबीरदास कहते हैं—"पहले दर्सन मगहर पायो पुनि कासी बसे आई।" एक दूसरे पद में कबीरदास कहते हैं—"तोरे भरोसे मगहर बसियो मेरे तन की तपन बुझाई।" यह तो प्रसिद्ध ही है कि कबीरदास अंत में मगहर में जाकर बसे और वहीं उनका परलोकवास हुआ पर "पहले दर्सन मगहर पायो पुनि कासी बसे आई" से तो यह ध्वनि निकलती है कि उनका जन्म ही मगहर में हुआ था और फिर ये काशी में आकर बस गए और अंत में

फिर मगहर में जाकर परलोक सिधारे। तो क्या विधवा ब्राह्मणी के गर्भ से जन्म पाने और नीरू तथा नीमा से पालित पोषित होने की समस्त कथा केवल मनगढ़ंत है और उसमें कुछ भी सार नहीं ? यह विषय विशेष रूप से विचारणीय है।

कुछ लोग कबीर को नीरू और नीमा का औरस पुत्र मानते हैं, परंतु इस मत के पक्ष में कोई ससार प्रमाण अब तक किसी ने नहीं दिया। स्वयं कबीर की एक उक्ति हम ऊपर दे चुके हैं जिससे उनका जन्म से मुसलमान न होना प्रकट होता है; परंतु "जौर खुदाई तुरक मोहि करता आपै कटि किन जाई" से यह ध्वनित होता है कि वे मुसलमान माता पिता की संतति थे। सब बातों पर विचार करने से इसी मत के ठीक होने की अधिक संभावना है कि कबीर ब्राह्मणी या किसी हिंदू स्त्री के गर्भ से उत्पन्न और मुसलमान परिवार में लालित पालित हुए थे। कदाचित् उनका बालकपन मगहर में बीता हो और वे पीछे से आकर काशी में बसे हों, जहाँ से अंतकाल के कुछ पूर्व उन्हें पुनः मगहर जाना पड़ा हो।

किंवदंती है कि जब कबीर भजन गा गाकर उपदेश देने लगे तब उन्हें पता चला कि बिना किसी गुरु से दीक्षा लिये हमारे उपदेश मान्य नहीं होंगे क्योंकि लोग उन्हें 'निगुरा' कहकर चिढ़ाते थे। लोगों का कहना था कि जिसने किसी गुरु से उपदेश नहीं ग्रहण किया, वह औरों को क्या उपदेश देगा ? अतएव कबीर को किसी को गुरु बनाने की चिंता हुई। कहते हैं, उस समय स्वामी रामानंदजी काशी में सबसे प्रसिद्ध महात्मा थे। अतएव कबीर उन्हीं की सेवा में पहुँचे। परंतु उन्होंने कबीर के मुसलमान होने के कारण उनको अपना शिष्य बनाना स्वीकार नहीं

गुरु

किया। इस पर कबीर ने एक चाल चली जो अपना काम कर गई। रामानंदजी पंचगंगा घाट पर नित्य प्रति प्रातःकाल ब्राह्म मुहूर्त में ही स्नान करने जाया करते थे। उस घाट की सीढ़ियों पर कबीर पहले ही से जाकर लेट रहे। स्वामीजी जब स्नान करके लौटे तो उन्होंने अँधेरे में इन्हें न देखा, उनका पाँव इनके सिर पर पड़ गया जिस पर स्वामीजी के मुँह से 'राम राम' निकल पड़ा। कबीर ने चट उठकर उनके पैर पकड़ लिए और कहा कि आप राम नाम का मंत्र देकर आज मेरे गुरु हुए हैं। रामानंदजी से कोई उत्तर देते न बना। तभी से कबीर ने अपने को रामानंद का शिष्य प्रसिद्ध कर दिया।

'काशी में हम प्रगट भये हैं रामानंद चेताए' कबीर का यह वाक्य इस बात के प्रमाण में प्रस्तुत किया जाता है कि रामानंदजी उनके गुरु थे। जिन प्रतियों के आधार पर इस ग्रंथावली का संपादन किया गया है, उनमें यह वाक्य नहीं है और न ग्रंथ साहब ही में यह मिलता है। अतएव इसको प्रमाण मानकर इसके आधार पर कोई मत स्थिर करना उचित नहीं जँचता। केवल किंवदंती के आधार पर रामानंदजी को उनका गुरु मान लेना ठीक नहीं। यह किंवदंती भी ऐतिहासिक जाँच के सामने ठीक नहीं ठहरती। रामानंदजी की मृत्यु अधिक से अधिक देर में मानने से संवत् १४६७ में हुई, इससे १४ या १५ वर्ष पहले भी उसके होने का प्रमाण विद्यमान है। उस समय कबीर की अवस्था ११ वर्ष की रही होगी; क्योंकि हम ऊपर उनका जन्म संवत् १४५६ सिद्ध कर आए हैं। ११ वर्ष के बालक का घूम फिरकर उपदेश देने लगना सहसा ग्राह्य नहीं होता। और यदि रामानंदजी की मृत्यु संवत् १४५२–५३ के लगभग हुई तो यह किंवदंती

झूठ ठहरती है; क्योंकि उस समय तो कबीर को संसार में आने के लिए अभी तीन-चार वर्ष रहे होंगे।

पर जब तक कोई विरुद्ध दृढ़ प्रमाण नहीं मिलते, तब तक हम इस लोक-प्रसिद्ध बात को, कि रामानंदजी कबीर के गुरु थे, बिल्कुल असत्य भी नहीं ठहरा सकते। हो सकता है कि बाल्यकाल में बार-बार रामानंदजी के साक्षात्कार तथा उपदेश-श्रवण से ( "गुरु के सबद मेरा मन लागा" ) अथवा दूसरों के मुँह से उनके गुण तथा उपदेश सुनने से बालक कबीर के चित्त पर गहरा प्रभाव पड़ गया हो जिसके कारण उन्होंने आगे चलकर उन्हें अपना मानस गुरु मान लिया हो। कबीर मुसलमान माता पिता की संतति हों चाहे न हों, किंतु मुसलमान के घर में लालित पालित होने पर भी उनका हिंदू विचारधारा में आप्लावित होना उन पर बाल्यकाल ही से किसी प्रभावशाली हिंदू का प्रभाव होना प्रदर्शित करता है।

हम भी पाहन पूजते होते बन के रोझ।
सतगुरु की किरपा भई सिर तैं उतरचा बोझ॥

से प्रकट होता है कि अपने गुरु रामानंद से प्रभावित होने से पहले कबीर पर हिंदू प्रभाव पड़ चुका था जिससे वे मुसलमान कुल में परिपालित होने पर भी 'पाहन' पूजनेवाले हो गए थे। कबीर केवल लोगों के कहने से कोई काम करनेवाले नहीं थे। उन्होंने अपना सारा जीवन ही अपने समय के अंधविश्वासों के विरुद्ध लगा दिया था। यदि स्वयं उनका हार्दिक विश्वास न होता कि गुरु बनाना आवश्यक है, तो वे किसी के कहने की परवा न करते। किंतु उन्होंने स्वयं कहा है—

"गुरु बिन चेला ज्ञान न लहै।"

"गुरु बिन इह जग कौन भरोसा काके संग ह्वै रहिए।"

परंतु वे गुरु और शिष्य का शारीरिक साक्षात्कार आवश्यक नहीं समझते थे। उनका विश्वास था कि गुरु के साथ मानसिक साक्षात्कार से भी शिष्य के शिष्यत्व का निर्वाह हो सकता है—

"कबीर गुरु बसै बनारसी सिष समंदर तीर।
बिसर्‍या नहीं बीसरै जे गुण होई सरीर॥"

कबीर अपने आप में शिष्य के लिये आवश्यक गुणों का अभाव नहीं समझते थे। वे उन 'एक आध' में से थे जो गुरु के ज्ञान से अपना उद्धार कर सकते थे, जिनके संबंध में कबीर ने कहा है—

"माया दीपक नर पतंग, भ्रमि भ्रमि इवै पड़ंत।
कहैं कबीर गुरु ग्यान थैं, एक आध उबरंत॥"

मुसलमान कबीर पंथियों का कहना है कि कबीर ने सूफी फकीर शेख तकी से दीक्षा ली थी। कबीर ने अपने गुरु के बनारस निवासी होने का स्पष्ट उल्लेख किया है। इस कारण ऊँजी के पीर और शेख तकी उनके गुरु नहीं हो सकते। 'घट घट है अविनासी सुनहु तकी तुम शेख' में उन्होंने तकी का नाम उस आदर से नहीं लिया है जिस आदर से गुरु का नाम लिया जाता है और जिसके प्रभाव से कबीर ने असंभव का भी

गुरु प्रसाद सूई कै नोकैं हस्ती आवैं जाहिं॥

वलिक वे तो उलटे तकी को ही उपदेश देते हुए जान पड़ते हैं। यद्यपि यह वाक्य इस ग्रंथावली में कहीं नहीं मिलता फिर भी स्थान स्थान पर "शेख" शब्द का प्रयोग मिलता है जो विशेष आदर से नहीं लिया गया है वरन् जिसमें फटकर की मात्रा ही अधिक देख पड़ती है। अतः तकी कबीर के गुरु तो हो ही नहीं

सकते, हाँ यह हो सकता है कि कबीर कुछ समय तक उनके सत्संग में रहे हों, जैसा कि नीचे लिखे वचनों से भी प्रकट होता है। पर यह स्वयं कबीर के वचन हैं, इसमें भी संदेह है—

मानिकपुरही कबीर बसेरी मदहति सुनि शेख तकि केरी।
ऊजी सुनी जौनपुर थाना झूंसी सुनि पीरन के नामा॥

परंतु इसके अनंतर भी वे जीवन पर्यंत राम नाम रटते रहे जो स्पष्टतः रामानंद के प्रभाव का सूचक है। अतएव स्वामी रामानंद को कबीर का गुरु मानने में कोई अड़चन नहीं है; चाहे उन्होंने स्वयं उन्हीं से मंत्र ग्रहण किया हो अथवा उन्हें अपना मानस गुरु बनाया हो। उन्होंने किसी मुसलमान फकीर को अपना गुरु बनाया हो इसका स्पष्ट प्रमाण नहीं मिलता।

धर्मदास और सूरत गोपाल नाम के कबीर के दो चेले हुए। धर्मदास बनिए थे। उनके विषय में लोग कहते हैं कि वे पहले

शिष्य

मूर्तिपूजक थे, उनका कबीर से पहले पहल काशी में साक्षात्कार हुआ था। उस समय कबीर ने उन्हें मूर्तिपूजक होने के कारण खूब फटकारा था। फिर वृंदावन में दोनों की भेंट हुई। उस समय उन्होंने कबीर को पहचाना नहीं; पर बोले—"तुम्हारे उपदेश ठीक वैसे ही हैं जैसे एक साधु ने मुझे काशी में दिए थे।" इस समय कबीर ने उनकी मूर्ति को, जिसे वे पूजा के लिये सदैव अपने साथ रखते थे, जमुना में डाल दिया। तीसरी बार कबीर स्वयं उनके घर बाँधोगढ़ पहुँचे। वहाँ उन्होंने उनसे कहा कि तुम उसी पत्थर की मूर्ति पूजते हो जिसके तुम्हारे तौलने के बाट हैं। उनके दिल में यह बात बैठ गई और वे कबीर के शिष्य हो गए। कबीर की मृत्यु के बाद धर्मदास ने छत्तीसगढ़ में कबीर-

पंथी की एक अलग शाखा चलाई और सूरत गोपाल काशीवाली शाखा की गद्दी के अधिकारी हुए। धीरे धीरे दोनों शाखाओं में बहुत भेद हो गया।

कबीर कर्मकांड को पाखंड समझते थे और उसके विरोधी थे; परंतु आगे चलकर कबीरपंथ में कर्मकांड की प्रधानता हो गई। कंठी और जनेऊ कबीर पंथ में भी चल पड़े। दीक्षा से मृत्यु पर्यंत कबीरपंथियों को कर्मकांड की कई क्रियाओं का अनुसरण करना पड़ता है। इतनी बात अवश्य है कि कबीर पंथ में जात-पाँत का कोई भेद नहीं और हिंदू मुसलमान दोनों धर्म के लोग उसमें सम्मिलित हो सकते हैं। परंतु ध्यान रखने की बात यह है कि कबीर पंथ में जाकर भी हिंदू मुसलमान का भेद नहीं मिट जाता। हिंदू धर्म का प्रभाव इतना व्यापक है कि उससे अलग होने पर भी भारतीय नए नए मत अन्त में उसके प्रभाव से नहीं बच सकते।

गार्हस्थ्य-जीवन

कबीर के साथ प्रायः लोई का भी नाम लिया जाता है। कुछ लोग कहते हैं कि यह कबीर की शिष्या थीं और आजन्म उनके साथ रहीं। अन्य इसे उनकी परिणीता स्त्री बताते हैं और कहते हैं कि इसके गर्भ से कबीर को कमाल नाम का पुत्र और कमाली नाम की पुत्री हुई। कबीर लोई को संबोधन करके कई पद कहे हैं। एक पद में कहते हैं—

रे यामें क्या मेरा क्या तेरा, लाज न मरहिं कहत घर मेरा।<br>
... ... ... ... ... ...<br>
कहत कबीर सुनहु रे लोई, हम तुम बिनसि रहैगा सोई॥

इसमें लोई और कबीर का एक घर होना कहा गया है जिससे लोई का कबीर की स्त्री होना ही अधिक संभव जान पड़ता है। कबीर ने कामिनी की बहुत निंदा की है। संभवतः इसी लिए लोई के संबंध में उसकी पत्नी के स्थान में शिष्या होने की कल्पना की गई है।

नारि नसावै तीनि सुख, जा नर पासैं होइ।
भगति मुकुति निज ज्ञान मैं, पैसि न सकई कोइ॥
एक कनक अरु कामिनी, विष फल किएउ पाइ।
देखे ही थै विष चढ़े, खाए सूँ मरि जाइ॥

परंतु कामिनी कांचन की निंदा के उनके वाक्य वैराग्यावस्था के समझने चाहिएँ। यह अधिक संगत जान पड़ता है कि लोई कबीर की पत्नी थी जो कबीर के विरक्त होकर नवीन पंथ चलाने पर उनकी अनुगामिनी हो गई। कहते हैं कि लोई एक वनखंडी वैरागी की परिपालिता कन्या थी। यह लोई उस वैरागी को स्नान करते समय लोई में लपेटी और टोकरी में रखी हुई गंगाजी में बहती हुई मिली थी। लोई में लपेटी हुई मिलने के कारण ही उसका नाम लोई पड़ा था। वनखंडी वैरागी की मृत्यु के बाद एक दिन कबीर उसकी कुटिया में गए। वहाँ अन्य संतों के साथ उन्हें भी दूध पीने को दिया गया, औरों ने तो दूध पी लिया, पर कबीर ने अपने हिस्से का रख छोड़ा। पूछने पर उन्होंने कहा कि गंगापार से एक साधु आ रहे हैं; उन्हीं के लिए रख छोड़ा है। थोड़ी देर में सचमुच एक साधु आ पहुँचा जिससे अन्य साधु कबीर की सिद्धई पर आश्चर्य करने लगे। उसी दिन से लोई उनके साथ हो ली।

कबीर की संतति के विषय में भी कोई प्रमाण नहीं मिलता।

कहते हैं कि उनका पुत्र कमाल उनके सिद्धांतों का विरोधी था। इसी से कबीर ने कहा—

> डूबा वंश कबीर का, उपजा पूत कमाल।
> हरि का सुमिरन छाड़ि के, घर ले आया माल॥

इस दोहे के भी कबीर-कृत होने में संदेह ही है। परंतु कमाल के कई पद ग्रंथ साहब में सम्मिलित किए गए हैं।

कबीर के विषय में कई आश्चर्यजनक कथाएँ प्रसिद्ध हैं जिनसे उनमें लोकोत्तर शक्तियों का होना सिद्ध किया जाता है।

**अलौकिक कृत्य**

महात्माओं के विषय में प्रायः ऐसी कल्पनाएँ की ही जाती हैं। यद्यपि इस युग में इस प्रकार की बातों पर शिक्षित और समझदार लोग विश्वास नहीं करते; परन्तु फिर भी महात्मा गांधी के विषय में भी असहयोग के समय में ऐसी कई गप्पें उड़ी थीं। अतएव हम उन सबका उल्लेख करके व्यर्थ ही इस प्रस्तावना का कलेवर बढ़ाना उचित नहीं समझते। यहाँ एक ही कथा दे देना पर्याप्त होगा जिसके लिये कुछ स्पष्ट आधार भी है।

कहते हैं कि एक बार सिकंदर लोदी के दरबार में कबीर पर अपने आपको ईश्वर कहने का अभियोग लगाया गया। काजी ने उन्हें काफिर बताया और उनको मंसूर हल्लाज की भाँति मृत्यु दंड की आज्ञा हुई। बेड़ियों से जकड़े हुए कबीर नदी में फेंक दिए गए। परंतु जिन कबीर को माया मोह की शृंखला न बाँध सकती थी, जिनकी पाप की बेड़ियाँ कट चुकी थीं उन्हें ये जंजीरें बाँधे न रख सकीं और वे तैरते हुए नदी तट पर आ खड़े हुए। अब काजी ने उन्हें धधकते हुए अग्निकुंड में डलवाया।

किंतु उनके प्रभाव से आग बुझ गई और कबीर की दिव्य देह पर आँच तक न आई। उनके शरीर नाश के इस उद्योग के भी निष्फल हो जाने पर उन पर एक मस्त हाथी छोड़ा गया। उनके पास पहुँचकर हाथी उन्हें नमस्कार कर चिघाड़ता हुआ भाग खड़ा हुआ। इस का आधार कबीर का यह पद कहा जाता है—

अहो मेरे गोब्यंद तुम्हारा जोर, काजी बकिवा हस्ती तोर ॥
बाँधि भुजा भलैं करि डार्‌यो, हस्तीं कोपि मूँड मैं मार्‌यो ॥
भाग्यो हस्ती चींसा मारी, वा मूरति की मैं बलिहारी ॥
महावत तोकूँ मारौं साँटी, इसही मराऊँ घालौं काटी ॥
हस्ती न तोरै धरै धियान, वाकै हिरदै बसै भगवान ॥
कहा अपराध संत हौ कीन्हाँ, बाँधि पोट कुंजर कू दीन्हाँ ॥
कुंजर पोट बहु बंदन करै, अजहुँ न सूझै काजी अँधरै ॥
तीनि बेर पतियारा लीन्हाँ, मन कठोर अजहूँ न पतीनाँ ॥
कहै कबीर हमारे गोब्यंद, चौथे पद मे जन को गयंद ॥

परंतु यह पद प्राचीन प्रतियों में नहीं मिलता। यदि यह कबीरजी का ही कहा हुआ है तो इस पद से केवल यह प्रकट होता है कि उनको मारने के तीनों प्रयत्न हाथी ही के द्वारा किए गए थे, क्योंकि इसमें उनके नदी में फेंके जाने या आग में जलाए जाने का कोई उल्लेख नहीं है।

ग्रंथ-साहब में कबीरजी का यह पद भी मिलता है जो गंगा में जंजीर से बाँधकर फेंके जानेवाली कथा से संबंध रखता है।

गंग गुसाइन लहिर गँभीर। जंजीर बाँधि करि खरे कबीर ॥
गंगा की लहरि मेरी टूटी जंजीर। मृगछाला पर बैठे कबीर ॥

कबीर का जीवन अंधविश्वासों का विरोध करने में ही बीता

था। अपनी मृत्यु से भी उन्होंने इसी उद्देश्य की पूर्ति की। काशी मोक्षदापुरी कही जाती है। मुक्ति की

मृत्यु

कामना से लोग काशीवास करके यहाँ तन त्यागते हैं और मगहर में मरने का अनिवार्य परिणाम या फल नरक-गमन माना जाता है। यह अंधविश्वास अब तक चला आता है। कहते हैं कि इसी के विरोध में कबीर मरने के लिये काशी छोड़कर मगहर चले गए थे। वे अपनी भक्ति के कारण ही अपने आपको मुक्ति का अधिकारी समझते थे। उन्होंने कहा भी है—

जौ काशी तन तजै कबीरा तौ रामहिं कहा निहोरा रे!

इस अंधविश्वास का उन्होंने जगह-जगह खंडन किया है—

(क) हिरदै कठोर मर्‌या बनारसी नरक न बंच्या जाई।
हरि को दास मरै जो मगहर सेन्या सकल तिराई॥

(ख) जस कासी तस मगहर ऊसर हृदय रामसति होई।

आदि-ग्रंथ में उनका नीचे लिखा पद मिलता है—

ज्यों जल छाड़ि बाहर भयो मीना। पूरब जनम हौं तप का हीना॥
अब कहु राम कवन गति मोरी। तजिले बनारस मति भइ थोरी॥
बहुत बरष तप कीया कासी। मरनु भया मगहर की बासी॥
कासी मगहर सम बीचारी। ओछी भगति कैसे उतरसि पारी॥
कहु गुर गजि सिव संभु को जानै। मुआ कबीर रमता श्री रामै॥

कबीर के ये वचन मरने के कुछ ही समय पहले के जान पड़ते हैं। आरंभिक चरणों में जो क्षोभ प्रकट किया गया है, वह इस लिये नहीं कि बनारस में मरने से उन्हें मुक्ति की आशा थी, वरन् इसलिये कि बनारस उनका जन्म स्थान था जो सभी को अत्यंत प्रिय होता है। बनारस के साथ वे अपना संबंध वैसा ही घनिष्ठ बतलाते हैं जैसा जल और मछली का होता है। काशी और मगहर

को वे अब भी समान समझते थे। अपनी मुक्ति के संबंध में उन्हें तनिक भी संदेह नहीं था; क्योंकि उन्हें परमात्मा की सर्वज्ञता में अटल विश्वास था 'शिव सम को जानै', और राम नाम का जाप करते करते वे शरीर त्यागने जा रहे थे 'मुआ कबीर रमत श्री राम।'

उनकी अंत्येष्टि क्रिया के विषय में एक बहुत ही विलक्षण प्रवाद प्रसिद्ध है। कहते हैं कि हिंदू उनके शव का अग्नि संस्कार करना चाहते थे और मुसलमान उसे कब्र में गाड़ना चाहते थे। झगड़ा यहाँ तक बढ़ा कि तलवारें चलने की नौबत आ गई। पर हिंदू-मुसलिम ऐक्य के प्रयासी कबीर की आत्मा यह बात कब सहन कर सकती थी। उस आत्मा ने आकाशवाणी की 'लड़ो मत! कफन उठाकर देखो।' लोगों ने कफन उठाकर देखा तो शव के स्थान पर एक पुष्प-राशि पाई गई जिसको हिंदू मुसलमान दोनों ने आधा-आधा बाँट लिया। अपने हिस्से के फूलों को हिन्दुओं ने जलाया और उनकी राख को काशी ले जाकर समाधिस्थ किया। वह स्थान अब तक कबीरचौरा के नाम से प्रसिद्ध है। अपने हिस्से के फूलों के ऊपर मुसलमानों ने मगहर ही में कब्र बनाई। यह कहानी भी विश्वास करने योग्य नहीं है परंतु इसका मूल भाव अमूल्य है।

जैसा कि ऊपर कहा जा चुका है, कबीर ने चाहे जिस प्रकार हो, रामानंद से रामनाम की दीक्षा ली थी; परन्तु कबीर के राम रामानंद के राम से भिन्न थे। वे 'दुष्टदलन रघुनाथ' नहीं थे जिनके सेवक 'अंजनि-पुत्र महाबलदायक, साधु संत पर सदा सहायक' थे। राम से उनका अभिप्राय कुछ और ही था।

तात्त्विक सिद्धांत

दशरथ सुत तिहुँ लोक बखाना। राम नाम का मरम है आना॥

राम से उनका तात्पर्य निर्गुण ब्रह्म से है। उन्होंने 'निरगुण राम निरगुण राम जपहु रे भाई' का उपदेश दिया है। उनकी राम भावना भारतीय ब्रह्मभावना से सर्वथा मिलती है। जैसा कि कुछ लोग भ्रमवश समझते हैं, वे बाह्यार्थवाद-मूलक मुसलमान एकेश्वरवाद या खुदावाद के समर्थक नहीं थे। निर्गुण भावना भी उनके लिये स्थूल भावना है जो मूर्तिपूजकों की सगुण भावना के विरोधी पक्ष का प्रदर्शन मात्र करती है। उनकी भावना उससे भी अधिक सूक्ष्म है। वे 'राम' को सगुण और निर्गुण दोनों से परे समझते हैं।

'अला एकै नूर उपनाया ताकी कैसी निंदा।
ता नूर थैं सब जग कीया कौन भला कौन मंदा॥

यह मुसलमानों की ही तर्क-शैली का आश्रय लेकर 'खुदा के बंदों' और 'काफिरों' की एकता प्रतिपादित करने के लिये कहा जान पड़ता है, मुसलमानी मत के समर्थन में नहीं, क्योंकि उन्होंने स्वयं कहा है—

खालिक खलक, खलक में खालिक सब घट रह्यो समाई।

जो भारतीय ब्रह्मभावना के ही परम अनुकूल है।

कबीर केवल शब्दों को लेकर झगड़ा खड़ा करनेवाले नहीं थे। अपने भाव व्यक्त करने के लिए उन्होंने उर्दू, फारसी, संस्कृत आदि सभी शब्दों का उपयोग किया है। अपने भाव प्रकट करने भर से उन्होंने मतलब रखा है, शब्दों के लिये वे विशेष चिंतित नहीं दिखाई देते। ब्रह्म के लिये राम, रहीम, अल्ला, सत्य, नाम, गोव्यंद, साहब, आप आदि अनेक शब्दों का उन्होंने प्रयोग किया है। उन्होंने कहा भी है 'अपरंपार का नाउँ अनंत'। ब्रह्म

के निरूपण के लिए शब्दों के प्रयोग में जो अत्यंत शुद्धता और सावधानी बहुत आवश्यक है, कबीर में उसे पाने की आशा करना व्यर्थ है, क्योंकि कबीर का तत्वज्ञान दार्शनिक ग्रंथों के अध्ययन का फल नहीं है, वह उनकी अनुभूति और सारग्राहिता का प्रसाद है। पढ़े-लिखे तो वे थे ही नहीं, उन्होंने जो कुछ ज्ञान संचय किया, वह सब सत्संग और आत्मानुभव से था। हिंदू मुसलमान सभी संत फकीरों का इन्होंने समागम किया था; अतएव हिंदू भावों के साथ इनमें मुसलमानी भाव भी पाए जाते हैं। यद्यपि इनकी रचनाओं में भारतीय ब्रह्मवाद का पूरा-पूरा ढाँचा पाया जाता है तथापि उसकी प्रायः वे ही बात इन्होंने अधिक विस्तृत रूप से वर्णन के लिये उठाई हैं जो मुसलमानी एकेश्वरवाद के अधिक मेल में थीं। इनका ध्येय सर्वदा हिंदू मुस्लिम ऐक्य रहा है, यह भी इसका एक कारण है।

स्थूल दृष्टि से तो मूर्तिद्रोही एकेश्वरवाद और मूर्तिपूजक बहु-देववाद में बहुत बड़ा अंतर है; परंतु यदि सूक्ष्म दृष्टि से विचार किया जाय तो उनमें उतना अंतर नहीं देख पड़ेगा जितना एके-श्वरवाद और ब्रह्मवाद में है; वरन् सारतः वे दोनों एक ही हैं, क्योंकि बहुत से देवी देवताओं को अलग-अलग मानना और सबके गुरु गोबर्धनदास एक ईश्वर को मानना एक ही बात है। परंतु ब्रह्मवाद का मूलाधार ही भिन्न है। उसमें लेश मात्र भी भौतिकवाद नहीं है एकेश्वरवाद भौतिकवाद है, वह जीवात्मा, परमात्मा और जड़ जगत् तीनों की भिन्न सत्ता मानता है, जब कि ब्रह्मवाद शुद्ध आत्मतत्व अर्थात् चैतन्य के अतिरिक्त और किसी का अस्तित्व नहीं मानता। उसके अनुसार आत्मा भी परमात्मा ही है और जड़ जगत् भी ब्रह्म है। कबीर में भौतिक

या बाह्यार्थवाद कहीं मिलता ही नहीं और आत्मवाद की उन्होंने स्थान-स्थान पर अच्छी झलक दिखाई है।

ब्रह्म ही जगत् में एक मात्र सत्ता है, उसके अतिरिक्त संसार में और कुछ नहीं है। जो कुछ है, ब्रह्म ही है। ब्रह्म ही से सबकी उत्पत्ति होती है और फिर उसी में सब लीन हो जाते हैं। कबीर के शब्दों में—

पाणी ही ते हिम भया, हिम ह्वै गया बिलाइ।
जो कुछ था सोई भया, अब कुछ कहा न जाइ॥

विश्व-विस्तृत सृष्टि और ब्रह्म का संबंध दिखाने के लिये ब्रह्मवादी दो उदाहरण दिया करते हैं। जिस प्रकार एक छोटे से बीज के अंदर वट का बृहदाकार वृक्ष अंतर्हित रहता है उसी प्रकार यह सृष्टि भी ब्रह्म में अंतर्हित रहती है; और जिस प्रकार दूध में घी व्याप्त रहता है उसी प्रकार ब्रह्म भी इस अंडकटाह में सर्वत्र व्याप्त है। कबीर ने इसे इस तरह कहा है—

खालिक खलक, खलक में खालिक सब जग रह्यो समाई।

सर्वव्यापी ब्रह्म जब अपनी लीला का विस्तार करता है तब इस नामरूपात्मक जगत् की सृष्टि होती है जिसे वह इच्छा होने पर अपने ही में समेट लेता है—

इन मैं आप आप सबहिन मैं आप आप सूँ खेलै।
नाना भाँत घड़े सब भाँड़े रूप धरे धरि मेलै॥

वेदांत में नाना रूपात्मक जगत् से संबंध और कई प्रकार से प्रकट किया जाता है जिनमें से एक प्रतिबिंबवाद है जिसका कबीर ने भी सहारा लिया है। प्रतिबिंबवाद के अनुसार ब्रह्म बिंब है और नामरूपात्मक दृश्य जगत् उसका प्रतिबिंब है। कबीर कहते हैं—

खंडित मूल बिनास कहौ किम बिगतह कीजै।
ज्यूँ जल मैं प्रतिब्यंब, त्यूँ सकल रामहिं जाणीजै॥

'जो पिंड में है वही ब्रह्मांड में है' कहकर भी ब्रह्म का निरूपण किया जाता है परंतु केवल वाक्य के आश्रय से बननेवाले ज्ञानियों को इससे भ्रम हो सकता है कि पिंड और ब्रह्मांड ब्रह्म की अवस्थिति के लिये आवश्यक हैं। ऐसे लोगों के लिये कबीर कहते हैं—

प्यंड ब्रह्मंड कथै सब कोई, वाकै आदि अरु अंत न होई॥
प्यंड ब्रह्मंड छाड़ि जे कथिऐ, कहै कबीर हरि सोई॥

वेदांत के 'कनक-कुंडल न्याय' के अनुसार जिस प्रकार सोने से कुंडल बनता है और फिर उस कुंडल के टूट टाट अथवा पिघल जाने पर वह सोना ही रहता है। उसी प्रकार नाम-रूपात्मक दृश्यों की उत्पत्ति ब्रह्म से होती है और ब्रह्म ही में वे समा जाते हैं—

जैसे बहु कंचन के भूषन ये कहि गालि तवावहिंगे।
ऐसे हम लोक वेद के बिछुरे सुन्निहि माँहि समायहिंगे॥

इसी प्रकार का जलतरंग-न्याय भी है—

जैसे जलहिं तरंग तरंगना ऐसे हम दिखलावहिंगे।
कहै कबीर स्वामी सुख सागर हंसहि हंस मिलावहिंगे॥

एक और तरह से कबीर ने भारतीय पद्धति से यह संबंध प्रदर्शित किया है—

जल मैं कुंभ कुंभ मैं जल है, बाहरि भीतरि पानी।
फूटा कुंभ जल जलहि समानां, यहु तत कथौ गियानां॥

यह नाम रूपात्मक दृश्य जो चर्म-चक्षुओं को दिखाई देता है, जल में घड़ा है जिसके बाहर भी ब्रह्मरूप वारि है और

अंदर भी। बाह्य रूप का नाश हो जाने पर घड़े के अंदर का जल जिस प्रकार बाहरवाले जल में मिल जाता है उसी प्रकार बाह्य रूप के अभ्यंतर का ब्रह्म भी अपने बाह्यस्थ ब्रह्म में समा जाता है।

सब प्रकार से यही सिद्ध किया गया है कि परिवर्त्तनशील नाशवान् दृश्यों का अध्यारोप जिस एक अव्यय तत्त्व पर होता है, वही वास्तव है। जो कुछ दिखाई देता है, वह असत्य है, केवल मायात्मक भ्रांतिज्ञान है। यह बात कबीर ने स्पष्ट ही कह दी है--

संसार ऐसा सुपिन जैसा जीव न सुपिन समान।

जो मनुष्य माया के इस पसार को सच्चा समझकर उसमें लिपट जाता है, उसे शुद्ध हंस स्वरूप जीव अर्थात् ब्रह्म की प्राप्ति नहीं हो सकती।

बुद्धदेव के 'दुःख सत्य' सिद्धांत के समान ही कबीर का भी सिद्धांत है कि यह संसार दुःख ही का घर है—

दुनियाँ भाँड़ा दुःख का भरी मुँहा मुँह मूष।
अदया अलह राम की कुरहै ऊँणी कूष॥

संसार का यह दुःख मायाकृत है। परंतु जो लोग माया में लिपटे रहते हैं, वे इस दुःख में पड़े हुए भी उसे समझ नहीं सकते। इस दुःख का ज्ञान उन्हीं को हो सकता है जिन्होंने मायात्मक अज्ञानावरण हटा दिया है। माया में पड़े हुए लोग तो इस दुःख को सुख ही समझते हैं—

सुखिया सब संसार है, खावै अरु सोवै।
दुखिया दास कबीर है जागै अरु रोवै॥

कबीर का दुःख अपने लिये नहीं है, वे अपने लिये नहीं रोते, संसार के लिये रोते हैं, क्योंकि उन्होंने साईं के सब जीवों

के लिये अपना अस्तित्व समर्पित कर दिया था, संसार के लिये ईसामसीह की तरह उन्होंने अपने आपको मिटा दिया था।

माया में पड़ा हुआ मनुष्य अपनी ही बात सोचता रहता है, इसी से वह परमात्मा को नहीं पा सकता। परमात्मा को पाने के लिये इस 'ममता' को छोड़ना पड़ता है—

जब मैं था तब हरि नहीं, अब हरि हैं मैं नाहिं।

इसी लिये ज्ञानी माया का त्याग आवश्यक बताते हैं। परंतु माया का त्याग कुछ खेल नहीं है। बाहर से वह इतनी मधुर जान पड़ती है कि उसे छोड़ते ही नहीं बनता—

मीठी मीठी माया तजी न जाई।
अग्यानी पुरिष को भोलि भोलि खाई॥

माया ही विषय वासनाओं को जन्म देती है—

इक डाइन मेरे मन बसे। नित उठि मेरे जिय को डसै॥
या डाइन के लरिका पाँच रे। निसि दिन मोहि नचावें नाच रे॥

माया के पाँच पुत्र काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद और मत्सर हैं। मनुष्य के अधःपात के कारण ये ही हैं। आत्मा की पारमात्मिकता को यही व्यवधान में डालते हैं। अतएव परम तत्वार्थियों को इनसे सावधान रहना चाहिए—

पंच चोर गढ़ मंझा, गढ़ लूटैं दिवस अरु संझा।
जौ गढ़पति मुहकम होई, तौ लूटि न सकै कोई॥

माया ही पाखंड की जननी है। अतएव माया का उचित स्थान पाखंडियों के ही पास है। इसी लिये माया को संबोधन कर कबीर कहते हैं।

तहाँ जाहु जहँ पाट पाटंबर, अगर चंदन घसि लीना।

कर्म्मकांड को भी कबीर पाखंड ही के अंतर्गत मानते हैं, क्योंकि परमात्मा की भक्ति का संबंध मन की भक्ति तन को स्वयं ही अपने अनुकूल बना लेगी, भक्ति की सच्ची भावना होने से कर्म भी अनुकूल होने लगेंगे परंतु केवल बाहरी माला जपने अथवा पूजा पाठ करने से कुछ नहीं हो सकता। यह तो मानो और भी अधिक माया में पड़ना है—

जप तप पूजा अरचा जोतिग जग बौराना।
कागद लिखि लिखि जगत भुलाना मन ही मन न समाना ॥

इसी लिये कबीर ने 'कर का मनका छाँड़ि के, मन का मनका फेर' का उपदेश दिया है। उनका मत है कि जो माया ऋषि, मुनि, दिगंबर, जोगी और वेदपाठी ब्राह्मणों को भी धर पछाड़ती है, वही 'हरि भगतन कै चेरी' है। काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद, मत्सर आदि माया के सहचारियों का मिट जाना 'हरि भजन' का आवश्यक अंग है—

राम भजै सो जानिये, जाकै आतुर नाहीं।
सत संतोष लीयें रहै, धीरज मन माहीं ॥
जन कौं काम क्रोध व्याप नहीं, त्रिष्णा न जरावै।
प्रफुल्लित आनंद मैं, गोव्यंद गुण गावै ॥

माया से बचने का एक उपाय जो भक्तों को बताया गया है, वह संसार से विमुख रहना है। जैसे उलटा घड़ा पानी में नहीं डूबता परंतु सीधा घड़ा भर कर डूब जाता है, वैसे ही संसार के सम्मुख होने से मनुष्य माया में डूब जाता है, परंतु संसार से विमुख होकर रहने से माया का कुछ भी प्रभाव नहीं पड़ता—

औंधा घड़ा न जल में डूबे, सूधा सूभर भरिया।
जाकौं यह जग घिन करि चालै, ना प्रसादि निस्तरिया ॥

माया का दूसरा नाम अज्ञान है। दर्पण पर जिस प्रकार काई लग जाती है, उसी प्रकार आत्मा पर अज्ञान का आवरण पड़ जाता है जिससे आत्मा में परमात्मा के दर्शन अर्थात् आत्मज्ञान दुर्लभ हो जाता है अतएव आत्मा रूपी दर्पण को निर्मल रखना चाहिए —

जो दरसन देख्या चाहिए, तौ दरपन मंजत रहिए।
जब दरपन लागै काई, तब दरसन किया न जाई॥

दरपन का यही माँजना हरिभक्ति करना है। भक्ति ही से मायाकृत अज्ञान दूर होता है और ज्ञान-प्राप्ति के द्वारा अपने पराए का भेद मिटता है—

उचित चेति च्यंति लै ताहीं। जा च्यंतत आपा पर नाहीं॥
हरि हिरदै एक ग्यान उपाया। ताथैं छूटि गई सब माया॥

इस पद में 'च्यंति' शब्द विचारणीय है क्योंकि यह कबीर की भक्ति की विशेषता प्रकट करता है। यह कहना अधिक उचित होगा कि ज्ञानियों की ब्रह्म-जिज्ञासा और वैष्णवों की सगुण भक्ति की विशेष विशेष बातों को लेकर कबीर ने अपनी निर्गुण भक्ति का भवन खड़ा किया अथवा वैष्णवों के तात्विक सिद्धांतों और व्यावहारिक भक्ति के मिश्रण से कबीर की भक्ति का उद्भव हुआ है। सिद्धांत और व्यवहार में, कथनी और करनी में भेद रखना कबीर के स्वभाव के प्रतिकूल है। वैष्णवों में सदा से सिद्धांत और व्यवहार में भेद रहा है। सिद्धांत रूप से रामानुजजी ने विशिष्टाद्वैत, वल्लभाचार्यजी ने शुद्धाद्वैत और माधवाचार्य ने द्वैत का प्रचार किया; पर व्यवहार के लिये सगुण भगवान की भक्ति का ध्येय ही सामने रखा गया।

सिद्धांत पक्ष का अज्ञेय ब्रह्म व्यवहार पक्ष में जाने बूझे मनुष्य के रूप में आ बैठा। हम दिखला चुके हैं कि कबीर अपने को

वैष्णव समझते थे। परंतु सिद्धांत और व्यवहार का, कथनी और करनी का भेद वे पसंद नहीं कर सकते थे. अतएव उन्होंने दोनों का मिश्रण कर अपनी निर्गुण भक्ति का भवन खड़ा किया जिसका मुसलमानी खुदावाद से भी बाहरी मेल था।

ज्ञानमार्ग के अनुसार निर्गुण निराकार ब्रह्म शुष्क चिंतन का विषय है। कबीर ने इस शुष्कता को निकालकर प्रेमपूर्ण चिंतन को व्यवस्था की है। कबीर के इस प्रेम के दो पक्ष हैं, पारमार्थिक और ऐहिक। पारमार्थिक अर्थ में प्रेम का अर्थ लगन है जिसमें मनुष्य अपनी वृत्तियों को संसार की सब वस्तुओं से विमुख करके समेट लेता है और केवल ब्रह्म के चिंतन में लगा देता है। और ऐहिक पक्ष में उसका अभिप्राय संसार के सब जीवों से प्रेम और दया का व्यवहार करना है।

जिन्हें ब्रह्म का साक्षात्कार हो जाता है केवल वे ही अमर हैं; जन्म मरण का भय उन्हें नहीं रह जाता। उनसे अतिरिक्त और सब नश्वर है। कबीरदास कहते हैं कि मुझे ब्रह्म का साक्षात्कार हो गया है, इसी लिये वे अपने आपको अमर समझते हैं—

हम न मरैं मरिहै संसारा, हम कूँ मिल्या जिवावनहारा।
अब न मरौं मरनै मन मानां, तेई मुए जिन राम न जानां॥

मनुष्य की आत्मा ब्रह्म के साथ एक है और ब्रह्म ही एक मात्र चिरस्थायी सत्ता है जिसका नाश नहीं हो सकता। अतएव मनुष्य की आत्मा का भी नाश नहीं हो सकता, यही कबीर के अमरत्व का रहस्य है—

हरि मरिहै तौ हमहू मरिहैं, हरि न मरै हम काहे कूँ मरिहैं।

परंतु साक्षात्कार के पहले इस अमरत्व की प्राप्ति नहीं हो सकती। परंतु उस प्रेम का मिलना सहज नहीं है, यह व्यक्तिगत

साधना ही से उपलब्ध हो सकता है। यह पूर्ण आमोत्सर्ग चाहता है—

कबीर भाटी कलाल की, बहुतक बैठे आइ।
सिर सौंपै सोई पिवै, नहिं तो पिया न जाइ॥

जब मनुष्य आत्मोत्सर्ग की इस चरम सीमा पर पहुँच जाता है, तब उसके लिये यह प्रेम अमृत हो जाता है—

नीझर झरै अमीरस निकसै तिहि मदिरावलि छाका।

इस प्रेमरूप मदिरा को मनुष्य यदि एक बार भी पी लेता है तो जीवन पर्यंत उसका नशा नहीं उतरता और उसे अपने तन मन की सब सुध बुध भूल जाती है—

हरि रस पीया जानिए, कबहुँ न जाय खुमार।
मैमंता घूमत रहे, नाहीं तन की सार॥

यह परमानंद की अवस्था है जिसमें मनुष्य का लौकिक अंश, जो अज्ञानावस्था में प्रधान रहता है, किसी गिनती में नहीं रह जाता; उसे अपने में अंतर्हित आत्मतत्त्व का ज्ञान हो जाता है और उस ब्रह्म के साथ तादात्म्य की अनुभूति हो जाती है। इसी को साक्षात्कार होना कहते हैं। यह साक्षात्कार हो जाने पर, अर्थात् ब्रह्मज्ञान की प्राप्ति होने पर, मनुष्य ब्रह्म ही हो जाता है—ब्रह्मवित् ब्रह्मैव भवति। उपनिषद् के 'तत्त्वमसि' अथवा 'सोऽहं' भाव का यही रहस्य है—

तूँ तूँ करता तूँ भया, मुझमें रही न हूँ।
वारी फेरी वलि गई, जित देखौं तित तूँ॥

यह सच है कि ऐहिक अर्थ में निराकार निर्गुण ब्रह्म प्रेम का आलंबन नहीं हो सकता, केवल चिंतन काही विषय हो सकता है, परंतु उस निराकार की इस विश्व विस्तृत सृष्टि में उस मूल तत्व

की सत्ता का जो आभास मिल जाता है, उसके कारण निर्गुण भक्त संसार के समस्त प्राणियों को अपने प्रेम और दया का पात्र बना लेता है, जब कि निर्गुण भक्त की बहुत कुछ भावुकता ठाकुरजी की मूर्ति के बनाव श्रृङ्गार और उनके भोग राग के आडंबर ही में व्यय हो जाती है। इसी प्रेम ने कबीर को ऊँच नीच का भेद-भाव दूर कर सब की एकता प्रतिपादित करने की प्रेरणा दी—

एक बूँद एक मल मूतर एक चाम एक गूदा।
एक जाति थैं सब उपजा कौन ब्राह्मन कौन सूद ॥

जाति-पाँति का ही नहीं इसी से धर्माधर्म का भेद भी उन्हें अवास्तविक जँचा—

कहै कबीर एक राम जपहु रे, हिंदू तुरक न कोई।

कबीर का प्रेम मनुष्यों तक ही परिमित नहीं है, परमात्मा की सृष्टि के सभी जीव जंतु उसकी सीमा के अंदर आ जाते हैं; क्योंकि 'सबै जीव साईं के प्यारे' हैं। अँगरेजी के कवि कॉल-रिज ने भी यही भाव इस प्रकार प्रकट किया है—

He prayeth best who loveth best,
All things both great and small;
For the dear God who loveth us,
He made and loveth all,

कबीर का यह प्रेम तत्त्व, जिसका ऊपर निरूपण किया गया है, सूफियों के संसर्ग का फल है परंतु उसमें भी उन्होंने भारतीयता का पुट दे दिया है। सूफी परमात्मा को प्रियतमा के रूप में देखते हैं। उनके "मजनूँ को अल्लाह भी लैला नजर आता है" परंतु कबीरदास ने परमात्मा को प्रियतम के रूप में देखा है जो भारतीय माधुर्य भाव के सर्वथा मेल में है। फारस में विरह-व्यथा

पुरुषों के लिए और भारत में स्त्रियों के ही मत्थे मढ़ी जाती है। वहाँ प्रेमी प्रिया को अपना प्रेम जताने के लिये उत्कट उद्योग करते हैं, और यहाँ प्रेमिका विरह से व्याकुल मुरझाए हुए फूल की तरह अपनी सत्ता तक मिटा देती है। इसी से वहाँ उपासक की पुरुष रूप में और यहाँ स्त्री रूप में भावना की गई है। परंतु कबीर के सूफियाना भावों में भारतीयता कूट कूटकर भरी हुई है।

इस प्रकार निर्गुणवाद और सगुणवाद की एकेश्वरवाद से बाहरी समता रखनेवाली बातों के सम्मिश्रण और उसके प्रेम-तत्व के योग से कबीर की भक्ति का निर्माण हुआ। कबीर का विश्वास है कि भक्ति से मुक्ति हो जाती है—

कहै कबीर संसा नाहीं भगति मुगति गति पाइ रे।

परंतु भक्ति निष्काम होनी चाहिए। परमात्मा का प्रेम अपस्वार्थ की पूर्ति का साधन नहीं है, मनुष्य को यह न सोचना चाहिए कि उससे मुझे कोई फल मिलेगा। यदि फल की कामना हो गई, तो वह भक्ति भक्ति न रह गई और न उससे सत्य की प्राप्ति ही हो सकती है—

जब लग है बैकुंठ की आसा। तब लग हरि चरन निवासा॥

ब्रह्म लौकिक वासनाओं से परे है। व्यक्तिगत उच्चतम साधना से ही उसकी प्राप्ति हो सकती है, वह स्वयं भक्त के लिये विशेष चिंतित नहीं रहता। क्योंकि भक्त भी ब्रह्म ही है। वह किसी की सहायता की अपेक्षा नहीं रखता, उसे अपने ब्रह्मत्व की अनुभूति भर कर लेनी पड़ती है जो; जैसा कि हम देख चुके हैं; कोई खेल नहीं है। इसी लिए ब्रह्म को अवतार धारण करने की आवश्यकता नहीं रह जाती। जो कबीर मनुष्य से ऐहिक अंश छुड़ाकर उसे ब्रह्मत्व तक पहुँचना चाहते हैं, उनकी ब्रह्म में लौकिक भाव-

नाओं का समावेश करके उसका अधःपात न करने की व्यग्रता स्वाभाविक ही है—

ना जसरथ घरि औतरि आवा, ना लँका का राव सतावा।
देवै कूष न औतरि आवा, ना जसवै गोद खिलावा॥
ना वो ग्वालन कै संग फिरिया, गोवरधन ले न कर धरिया।
बावँन होय नहीं बलि छलिया, धरनी वेद ले न उधरिया॥
गंडक सालिकराम न कोला, मछ कछ ह्वै जलहि न डोला।
बद्री वैस्य ध्यान नहिं छावा, परसराम ह्वै खत्री न सँतावा॥

प्रतिमा-पूजन के वे घोर विरोधी थे। जिस परमात्मा का कोई आकार नहीं, देश-काल का जिसके लिये कोई आधार आवश्यक नहीं उसकी मूर्ति कैसी? जगह जगह पर उन्होंने मूर्तितूजा के प्रति अपनी अरुचि प्रदर्शित की है—

हम भी पाहन पूजते, होते बन के रोझ।
सतगुरु की किरपा भयी, डार्या सिर थैं बोझ॥
सेवें सालिगराम कूँ मन की भ्रांति न जाइ।
सीतलता सुपिनैं नहीं, दिन दिन अधकी लाइ॥

जिसका आकार नहीं, उसकी मूर्ति का सहारा लेकर उसकी प्राप्ति का प्रयत्न वैसा ही है जैसे झूठ के सहारे सच तक पहुँचने का प्रयत्न। असत्य से मन की भ्रांति बढ़ेगी ही, घट नहीं सकती; और उससे जिज्ञासा की तृप्ति होना तो असंभव ही है।

मूर्ति-पूजा में भगवान् की मर्ति को जो भोग लगाने की प्रथा है, उसकी वे इस तरह हँसी उड़ाते हैं—

लाडू लावर लापसी पूजा चढ़े अपार।
पूजि पूजारा ले चला दे मूरति के मुख छार॥

यद्यपि कबीर अवतारवाद और मूर्तिपूजा के विरोधी थे, तथापि हिंदू मत की कई बातें वे पूर्णतया मानते हैं। हिंदुओं का

जन्म मरण संबंधी सिद्धांत वे मानते हैं। मुसलमानों की तरह वे एक ही जन्म नहीं मानते, जिसके बाद मरने पर प्राणी कब्र में पड़ा पड़ा कयामत तक सड़ा करता है जब तक कि प्राणी पुनरुज्जीवित होकर खुदावंद करीम के सामने अपने अपने कर्मों के अनुसार अनंत काल तक दोजख की आग में जलने अथवा बिहिश्त में हूरों और गिलमों का सुख भोगने के लिये पेश किए जायँ। एक स्थान पर, 'उबरहुगे किस बोले' कहकर कबीर ने इसी विश्वास की ओर संकेत किया है। परंतु यह उन्होंने साधारण बोल चाल के ढङ्ग पर कहा है, सिद्धांत के रूप में नहीं। ये बातें कुछ उसी प्रकार कही गई हैं जिस प्रकार सूर्य के चारों ओर पृथ्वी के घूमने के कारण दिन रात का होना मानने पर भी साधारण बोलचाल में यह कहना कि 'सूर्य उगता है'। सिद्धांत रूप से वे अनेक जन्म मानते हैं 'जनम अनेक गया अरु आया'। इस जन्म में जो कुछ भोगना पड़ता है, वह पूर्व जन्म के कर्मों का ही फल है 'देखो कर्म कबीर का कछू पूरब जनम का लेखा'। कबीर ने यह तो कहा है कि सृष्टि के सृजन और लय का कारण परमात्मा है, परंतु उन्होंने यह नहीं कहा कि सृष्टि की रचना कैसे और किस क्रम से हुई है, कौन तत्व पहले हुआ और कौन पीछे। इस विषय में वे शंका मात्र उठाकर रह गए हैं, उसका समाधान उन्होंने नहीं किया—

प्रथमे गगन कि पुहुमि प्रथमे प्रभू, प्रथमे पवन कि पांणीं।
प्रथमे चंद कि सूर प्रथमे प्रभू, प्रथमे कौन बिनांणीं॥
प्रथमे प्राण कि प्यंड प्रथमे प्रभू, प्रथमे रक्त कि रेंत।
प्रथमे पुरिष कि नारि प्रथमे प्रभू, प्रथमे बीज कि खेंत॥
प्रथमे दिवस कि रैणि प्रथमे प्रभू, प्रथमे पाप कि पुण्यं।
कहै कबीर जहाँ बसहु निरंजन, तहां कुछ आहि कि सुन्यं॥

ऊपर हमने कबीर की रचना में वेदांत-सम्मत अद्वैतवाद की एक पूरी पूरी पद्धति के दर्शन किए हैं जिसे हम शुद्धाद्वैत नहीं मान सकते। शुद्धाद्वैत में माया ब्रह्म की ही शक्ति मानी जाती है, परंतु कबीर ने माया को मिथ्या या भ्रम मात्र माना है, जिसका कारण अज्ञान है। यह शंकर का अद्वैत है जिसमें आत्मा और परमात्मा परमार्थतः एक माने जाते हैं, परंतु बीच में अज्ञान के आ पड़ने से आत्मा अपनी पारमार्थिकता को भूल जाती है। ज्ञान प्राप्त हो जाने पर अज्ञान-कृत भेद मिट जाता है और आत्मा को अपनी परमात्मिकता की अनुभूति हो जाती है। यही बात हम कबीर में भी देख चुके हैं।

परंतु उन पर समय और परिस्थितियों का अलक्ष्य प्रभाव भी पड़ा था जिसके कारण वे असावधानी में ऐसी बातें भी कह गए हैं जो उनके अद्वैत सिद्धांत से मेल नहीं खातीं। उन्होंने स्थान स्थान पर अवतारवाद का विरोध ही किया है, परंतु उनके नीचे लिखे पद से अवतारवाद का समर्थन भी होता है—

बांधि मारि भावै देह जारि, जे हूँ राम छाड़ौं तौ मेरे गुरुहि गारि।
तब काढ़ि खड़ग कोप्यो रिसाइ, तोहि राखनहारौ मोहि बताइ॥
खंभा मैं प्रगट्यो गिलारि, हरनाकस मार्‍यो नख विदारि।
महा पुरुष देवाधिदेव, नरस्यंघ प्रगट किये भगति भेव॥
कहै कबीर कोई लहै न पार; प्रहिलाद उबार्‍यो अनेक बार।

बात यह है कि उपासना के लिये उपास्य में कुछ गुणों का आरोप आवश्यक होता है, बिना गुणों के प्रेम का आलंबन हो ही नहीं सकता। उपनिषदों तक में निराकार निर्गुण ब्रह्म में उपासना के लिये गुणों का आरोप किया गया है। एकेश्वरवादी धर्म्मों में जहाँ कट्टरपन ने परमात्मा में गुणों का आरोप नहीं करने दिया, वहाँ परमात्मा और मनुष्य के बीच में एक और मनुष्य

का सहारा लिया गया है। ईसाइयों को ईसा और मुसलमानों को मुहम्मद का अवलंबन ग्रहण करना पड़ा। भक्ति की झोंक में कबीर भी जब सांसारिक प्रेममूलक संबंधों के द्वारा परमात्मा की भावना करने लगे, तब परमात्मा में स्वयं ही गुणों का आरोप हो गया। माता पिता और प्रियतम निर्जीव पत्थर नहीं हो सकते। माता के रूप में परमात्मा की भावना करते हुए वे कहते हैं—

हरि जननी मैं बालिक तेरा। कस नहिं बकसहु अवगुण मेरा॥

अवतारवाद में यही सगुणवाद पराकाष्ठा को पहुँचा हुआ है।

कबीर में कई बातें ऐसी भी हैं जिनमें दिखाई देने वाला विरोध केवल भाषा की असावधानी से आया है। कबीर शिक्षित नहीं थे, इसलिये उनकी रचनाओं में यह दोष क्षम्य है।

कबीरदासजी ने धार्मिक सिद्धांतों के साथ साथ उनकी पुष्टि के लिये अनेक स्थानों पर अलौकिक आचरण अथवा व्यवहारों का वर्णन किया है। यदि उनकी वाणी का पूरा पूरा विवेचन किया जाय तो यह स्पष्ट हो जायगा कि उनकी साखियों का विशेष संबंध लौकिक आचरणों से है तथा पदों का संबंध विशेषकर धार्मिक सिद्धांतों तथा अंशतः लौकिक आचरण से है। लौकिक आचरण की इन बातों को भी दो भागों में विभक्त कर सकते हैं, कुछ तो निवृत्तिमूलक हैं और कुछ प्रवृत्तिमूलक।

व्यावहारिक सिद्धांत

कबीर स्वतन्त्र प्रकृति के मनुष्य थे। उनके चारों ओर शारीरिक दासता का घेरा पड़ा हुआ था। वे इस बात का अनुभव करते थे कि शारीरिक स्वातंत्र्य के पहले विचार-स्वातंत्र्य आवश्यक

है। जिसका मन ही दासता की वेड़ियों से जकड़ा हो, वह पाँवों की जंजीरें क्या तोड़ सकेगा। उन्होंने देखा था कि लोग नाना प्रकार के अंध विश्वासों में फँसकर हीन जीवन व्यतीत कर रहे हैं। लोगों को इसी से मुक्त करने का उन्होंने प्रयत्न किया। मुसलमानों के रोजा, नमाज, हज, ताजिएदारी और हिंदुओं के श्राद्ध, एकादशी, तीर्थव्रत, मंदिर सबका उन्होंने विरोध किया है। कर्म्मकांड की उन्होंने भर पेट निंदा की है। इस बाहरी पाखंड के लिये उन्होंने हिंदू मुसलमान दोनों को खूब फटकारें सुनाई हैं। धर्म को वे आडंबर से परे एक मात्र सत्य सत्ता मानते थे जिसके हिंदू मुसलमान आदि विभाग नहीं हो सकते। उन्होंने किसी नामधारी धर्म्म के बंधन में अपने आपको नहीं डाला, और स्पष्ट कह दिया है कि मैं न हिंदू हूँ न मुसलमान।

जिस सत्य को कबीर धर्म्म मानते हैं, वह सब धर्मों में है। परंतु इस सत्य को सबने मिथ्या विश्वास और पाखंड से परिच्छन्न कर दिया है। इस बाहरी आडंबर को दूर कर देने से धर्म्म भेद के समस्त झगड़े, बखेड़े दूर हो जाते हैं, क्योंकि उससे वास्तव में धर्मभेद ही नहीं रह जाता। फिर तो हिंदू मुस्लिम ऐक्य का प्रश्न स्वयं ही हल हो जाता है। एक अलग धार्मिक संप्रदाय के रूप में कबीरपंथ तो कबीर के मूल सिद्धांतों के वैसे ही विरुद्ध है जैसे हिंदू और मुसलमान धर्म्म, जिनका उन्होंने जी भर खंडन किया है।

धार्मिक सुधार और समाज सुधार का घनिष्ठ संबंध है। धर्म्मसुधारक को समाजसुधारक होना ही पड़ता है। कबीर ने भी समाज सुधार के लिए अपनी वाणी का उपयोग किया है। हिंदुओं की जाति-पाँति, छूआछूत, खान पान आदि के व्यवहारों और मुसलमानों के चाचा की लड़की व्याहने, मुसलमानी आदि

कराने का उन्होंने चुभती भाषा में विरोध किया है और इनके विषय में हिंदू मुसलमान दोनों की जी भरकर धूल उड़ाई है। हिंदुओं के चौके के विषय में वे कहते हैं—

एकै पवन एक ही पांणीं, करी रसोई न्यारी जानीं।
माटी सूँ माटी ले पोती, लागी कहौ कहाँ धूँ छोती॥
धरती लीपि पवित्तर कीन्हीं, छोतिं उपाय लीक बिचि दीन्हीं।
याका हम सूं कहौ बिचारा, क्यूँ भव तिरिहौ इहि आचारा॥

छूआछूत का उन्होंने इन शब्दों में खंडन किया है—

काहे कौं कीजै पांडे छोति बिचारा। छोतिहिं ते उपना संसारा॥
हमारै कैसैं लोहू तुम्हारे कैसैं दूध। तुम्ह कैसैं ब्राह्मण पांडे हम कैसे सूद॥
छोति छोति करता तुम्हहीं जाए। तौ ग्रभवास काहे कौ आए॥
जनमत छोति मरत ही छोति। कहै कबीर हरि की निर्मल जोति॥

जन्म ही से कोई द्विज या शूद्र अथवा हिंदू या मुसलमान नहीं हो सकता। इसको कबीर ने कितने सीधे किंतु मन में जम जानेवाले ढङ्ग से कहा है—

जौं तूं बांभन बंभनीं जाया। तौं आन बाट ह्वै क्यों नाहिं आया॥
जौं तू तूरक तूरकनीं जाया। तौ भीतर खतना क्यों न कराया॥

उच्चता और नीचता का संबंध उन्होंने व्यवसाय के साथ नहीं जोड़ा है, क्योंकि कोई व्यवसाय नीच नहीं है। अपने को जुलाहा कहने में भी उन्होंने कहीं संकोच नहीं किया और वे स्वयं आजीवन जुलाहे का व्यवसाय करते रहे। वे उन ज्ञानियों में से नहीं थे जो हाथ पाँव समेटकर पेट भरने के लिये समाज के ऊपर भार बनकर रहते हैं। वे परिश्रम का महत्व जानते थे और अपनी आजीविका के लिये अपने ही हाथों का आसरा रखते थे।

परंतु अपनी आजीविका भर से वे मतलब रखते थे, धन संपत्ति जोड़ना वे उचित नहीं समझते थे। थोड़े ही में संतोष करने का उन्होंने उपदेश दिया है। जो कुछ वे दिन भर में कमाते थे, उसका कुछ अंश अवश्य साधु संतों की सेवा में लगाते थे, और कभी कभी तो सब कुछ उनकी सेवा में अर्पित कर डालते और आप निराहार रह जाते थे। कहते हैं, एक दिन वे गाढ़े का एक थान वेचने के लिये हाट गए। वस्त्र के अभाव से दुखी एक फकीर को देखकर उन्होंने उसमें से आधा उसे दे दिया। पर जब फकीर ने कहा कि मेरा तन ढकने के लिये वह काफी नहीं है, तब उन्होंने सारा उसे ही दे डाला और आप खाली हाथ घर चले आए। धन धरती जोड़ना कबीर की संतोषी वृत्ति के विरुद्ध था। उन्होंने कहा भी है—

काहे कूँ भीत बनाऊँ टाटी, का जाणूँ कहँ परिहै माटी।
काहे कूँ मंदिर महल चिनाऊँ, मूवां पीछैं घड़ी एक रहन न पाऊँ॥
काहे कूँ छाऊँ ऊँच उचेरा, साढ़े तीन हाथ घर मेरा।
कहै कबीर नर गरब न कीजै, जेता तन तेती भुइँ लीजै॥

कबीर अत्यंत सरल-हृदय थे। बालकों में सरलता की पराकाष्ठा होती है; यह सब जानते हैं। इसका कारण वड्सवर्थ के अनुसार यह है कि बालक में पारमार्थिकता अधिक रहती है। पर ज्यों ज्यों बालक की अवस्था बढ़ती जाती है त्यों त्यों उसमें पारमार्थिकता की न्यूनता होती जाती है। इसी लिये अपने खोए हुए बालकत्व के लिये वड्सवर्थ कवि क्षुब्ध हैं। परंतु कबीर कहते हैं कि यदि मनुष्य स्वयं भक्ति भाव से अपने मन को निर्मल कर परमात्मा की ओर मुड़े तो वह फिर से इस सरलता को प्राप्त कर बालक हो सकता है—

जौं तन माहैं मन धरै, मन धरि निर्मल होइ ।
साहिब सौं सनमुख रहै, तौ फिरि बालक होइ ॥

कबीर का सारल्य ऐसे ही बालकत्व का फल था ।

कबीर की गर्वोक्तियों के कारण लोग उन्हें घमंडी समझते हैं। ये गर्वोक्तियाँ कम नहीं हैं। उनके नाम से प्रसिद्ध नीचे लिखा पद, जो इस ग्रंथावली में नहीं है, लोगों में बहुत प्रसिद्ध है—

झीनी झीनी बीनी चदरिया ।
काहे कै ताना काहे कै भरनी, कौंन तार से बीनी चदरिया ।
इंगला पिंगला ताना भरनी, सुखमन तार से बीनी चदरिया ॥
आठ कँवल दल चरखा डोलै, पाँच तत्त गुन तीनी चदरिया ।
साँइ को सियत मास दस लागे, ठोक ठोक कै बीनी चदरिया ॥
सो चादर सुर नर मुनि ओढे, ओढे कै मैली कीनी चदरिया ।
दास कबीर जतन से ओढ़ी, ज्यों की त्यों धर दीनी चदरिया ॥

इस ग्रंथावली में भी ऐसी गर्वोक्तियों की कोई कमी नहीं है—

( क ) हम न मरैं मरिहै संसारा ।
( ख ) एक न भूला दोइ न भूला, भूला सब संसारा ।
एक न भूला दास कबीरा, जाकै राम अधारा ॥
( ग ) देखौ कर्म कबीर का, कछू पूरब जनम का लेखा ।
जाका महल न मुनि लहै, सो दोसत किया अलेखा ॥
( घ ) कबीर जुलाहा पारषू, अनभै उतरचा पार ।

परतु यह गर्व लोगों को नीचागर्व देखनेवाला गर्व नहीं है—साक्षात्कार-जन्य गर्व है, स्वामी के आधार का गर्व है, जो सबमें पारमात्मिकता का अनुभव करके प्राणिमात्र को समता की दृष्टि से देखता है। अपनी पारमात्मिकता की अनुभूति को गरमी में उनका ऐसा कहना स्वाभाविक ही है जो उनके मुँह से अनुचित

भी नहीं लगता। जो हो, कम से कम छोटे मुँह बड़ी बात की कहावत उनके विषय में चरितार्थ नहीं हो सकती। वे पहुँचे हुए महात्मा थे उन्होंने स्वयं ही अपनी गिनती गोपीचंद, भर्तृहरि और गोरखनाथ के साथ की है—

गोरष भरथरि गोपीचंदा। ता मन सौं मिलि करैं अनंदा ॥
अकल निरंजन सकल सरीरा। ता मन सौं मिलि रहा कबीरा ॥

परंतु इतने ऊँचे पद पर वे विनय के द्वारा ही पहुँच सके हैं। इसी से उनका गर्व उच्चतम मनुष्यता का प्रेममय गर्व है जिसकी आत्मा विनय है। सच्चे भक्त की भांति उन्होंने परमात्मा के महत्त्व और अपनी हीनता का अनुभव किया है—

तुम्ह समानि दाता नहीं, हम से नहीं पापी।

स्वामी के सामने वे विनय के अवतार हैं—

कबीर कूता राम का; मुतिया मेरा नाउँ।
गलै राम की जेवड़ी, जित खैंचे तित जाउँ ॥

उनकी विनय यहाँ तक पहुँची है कि वे बाट का रोड़ा होकर रहना चाहते हैं जिस पर सबके पैर पड़ते हैं। परंतु रोड़ा पाँव में चुभकर बटोहियों को दुःख देता है, इसलिए वह धूल के समान रहना उचित समझते हैं। किंतु धूल भी उड़कर शरीर पर गिरती है और उसे मैला करती है, इसलिये पानी की तरह होकर रहना चाहिये जो सबका मैल धोवे। पर पानी भी ठंढा और गरम होता है जो अरुचि का विषय हो सकता है। इसलिये भगवान् की ही तरह होकर रहना चाहिए। कबीर का गर्व और दैन्य दोनों मनुष्य को उसकी पारमात्मिकता की अनुभूति करने वाले हैं।

कबीर पहुँचे हुए ज्ञानी थे। उनका ज्ञान पोथियों से चुराई हुई सामग्री नहीं थी और न वह सुनी सुनाई बातों का बेमेल

भंडार ही था। पढ़े लिखे तो वे थे नहीं परंतु सत्संग से भी जो बातें उन्हें मालूम हुई, उन्हें वे अपनी विचार-धारा के द्वारा मानसिक पाचन से सर्वथा अपना ही बना लेने का प्रयत्न करते थे। उन्होंने स्वयं कहा है 'सो ज्ञानी आप विचारै'। फिर भी कई बातें उनमें ऐसी मिलती हैं जिनका उनके सिद्धांतों के साथ मेल नहीं पड़ता। उनकी ऐसी उक्तियों को समय और परिस्थितियों का तथा भिन्न भिन्न मतावलंबियों के संसर्ग का अलक्ष्य प्रभाव समझना चाहिए।

कबीर बहुश्रुत थे। सत्संग से वेदांत, उपनिषदों और पौराणिक कथाओं का थोड़ा बहुत ज्ञान उनको हो गया था परंतु वेदों का उन्हें कुछ भी ज्ञान नहीं था। उन्होंने वेदों की जो निंदा की है, वह यह समझकर कि पंडितों में जो पाखंड फैला हुआ है, वह वेदज्ञान के कारण ही है। योग की क्रियाओं के विषय में भी उनकी जानकारी थी। इंगला, पिंगला, सुषुम्ना, षट्चक्र आदि का उन्होंने उल्लेख किया है परंतु वे योगी नहीं थे। उन्होंने योग को भी माया में सम्मिलित किया है। केवल हिंदू मुसलमान दो धर्मों का उन्होंने मुख्यतया उल्लेख किया है पर इससे यह न समझना चाहिए कि भारतवर्ष में प्रचलित और धर्मों से वे परिचित नहीं थे। वे कहते हैं—

> अरु भूले षटदरसन भाई। पाषंड भेष रहे लपटाई।
> जैन बोध और साकत सैना। चारवाक चतुरंग बिहूना॥
> जैन जीव की सुधि न जानै। पाती तोरी देहुरै आनै।

इससे ज्ञात होता है कि अन्य धर्मों से भी उनका परिचय था, पर कहाँ तक उनके गूढ़ रहस्यों को वे समझते थे यह नहीं विदित होता। जहाँ तक देखा जाता है, ऐसा जान पड़ता है कि ऊपरी

बातों पर ही उन्होंने विशेष ध्यान दिया है। मार्मिक तात्विक बातों तक ये नहीं गए हैं। इसाई धर्म का उनके समय तक इस देश में प्रवेश नहीं हुआ था पर बिलाइत का नाम उनकी साखी में एक स्थान पर अवश्य आया है। 'बिना बिलाइत बड़ राज'। यह निश्चयात्मक रूप से नहीं कहा जा सकता कि 'बिलाइत' से उनका यूरोप के किसी देश से अभिप्राय था अथवा केवल विदेश से। कबीरदास जी ने शाक्तों की बड़ी निंदा की है। जैसे—

> बैश्नों की छपरी भली, ना साकत का बड़गाँव।
> साषत ब्राभण मति मिलै, बैषनों मिलै चँडाल।
> अंक माल दे भेटिये मानौ मिले गोपाल॥

रहस्यवाद

कबीर रहस्यवादी कवि हैं। रहस्यवाद के मूल में अज्ञात शक्ति की जिज्ञासा काम करती है। संसार चक्र का प्रवर्त्तन किसी अज्ञात शक्ति के द्वारा होता है, इस बात का अनुभव मनुष्य अनादि काल से करता चला आया है। उस अज्ञात शक्ति को जानने की इच्छा सदैव मनुष्य को रही है और रहेगी। परंतु वह शक्ति उस प्रकार स्पष्टता से नहीं दिखाई दे सकती जिस प्रकार जगत् के अन्य दृश्य रूप; और न उसका ज्ञान ही उस प्रकार साधारण विचार-धारा के द्वारा हो सकता है जिस प्रकार इन दृश्य रूपों का होता है। अपनी लगन से जो इस क्षेत्र में सिद्ध हो गए हैं उन्होंने जब जब अपनी अनुभूति का निरूपण करने का प्रयत्न किया है, तब तब अपनी उक्तियों को स्पष्टता देने में अपने आपको असमर्थ पाया है। कबीर ने स्पष्ट कर दिया है कि परमात्मा का प्रेम और उसकी अनुभूति गूँगे का सा गुड़ है—

(क) अकथ कहानीं प्रेम की, कछू कही न जाइ।
गूँगे केरी सरकरा, बैठा मुसकाइ ॥
(ख) तजि बावैं दाहिनैं विकार, हरि पद दिढ़ करि गहिये।
कहै कबीर गूँगै गुड़ खाया, बूझै तो का कहिये ॥

यही रहस्यवाद का मूल है। वेद और उपनिषदों में रहस्य-वाद की झलक विद्यमान है। गीता में भगवान् के मुँह से उनकी विभूति का जो वर्णन कराया गया है, वह भी अत्यंत रहस्य-पूर्ण है।

परमात्मा को पिता, माता, प्रियतम, पुत्र अथवा सखा के रूप में देखना रहस्यवाद ही है; क्योंकि लौकिक अर्थ में परमात्मा इनमें से कुछ भी नहीं है। आदर्श पुरुषों में परमात्मा की विशेष कला का साक्षात्कार कर उनको अवतार मानने के मूल में भी रहस्यवाद ही है। मूर्ति को परमात्मा मानकर उसे मस्तक नवाना आदिम रहस्यवाद है।

परमात्मा के पितृत्व की भावना बहुत प्राचीन काल के वेदों ही में मिलने लगती है। ऋग्वेद की एक ऋचा में 'यों नः पिता जनिता यो विधाता' कहकर परमात्मा का स्मरण किया गया है। वेदों में परमात्मा को माता भी कहा गया है—त्वं हि नः पिता वसो त्वं माता शतक्रतो बभूविथ'। परमात्मा के मातृ-पितृत्व से प्राणियों के भ्रातृत्व की भावना का उदय होता है—'अज्येष्ठासौ अकनिष्ठासौ एते संभ्रातरो'। बहुत पीछे के ईसाई ईश्वरवाद में परमात्मा के पितृत्व और प्राणियों के भ्रातृत्व की यही भावना पाई जाती है; अतएव पश्चिमी रहस्यवाद में भी इस भावना का प्राबल्य है। कबीर में भी यह भावना मिलती है—

बाप राम राया अब हूँ सरन तिहारी।

उन्होंने परमात्मा को 'माँ' भी कहा है—

हरि जननी मैं बालिक तेरा।

परंतु भारतीय रहस्यवाद की विशेषता सर्वात्मवाद मूलक होने में है जो भारतीयों की ब्रह्मजिज्ञासा का फल है। उपनिषदों और गीता का रहस्यवाद यही रहस्यवाद है। जिज्ञासु जब ज्ञानी की कोटि पर पहुँचकर कवि भी होना चाहता है तब तो अवश्य ही वह इस रहस्यवाद की ओर झुकता है। चिंतन के क्षेत्र का ब्रह्म-वाद कविता के क्षेत्र में जाकर कल्पना और भावुकता का आधार पाकर इस रहस्यवाद का रूप पकड़ता है। सर्वात्मवादी कवि के रहस्योद्भावी मानस में संसार उसी रूप में प्रतिबिंबित नहीं होता जिस रूप में साधारण मनुष्य उसे देखता है। यह परमात्मा के साथ सारी सृष्टि का अखंड संबंध देखता है जिसको चरितार्थ करने का प्रयत्न करते हुए जायसी ने जगत् के सब रूपों को दिख-लाया है। जगत् के नाना रूप उसकी दृष्टि में परमात्मा से भिन्न नहीं हैं, उसी के भिन्न भिन्न व्यक्त रूप हैं। स्वातंत्र्य के अवतार स्त्रीत्व का आध्यात्मिक मूल समझनेवाले अँगरेजी के कवि शेली को भी सर्वात्मवादी रहस्यवाद ही "मर्मर करते हुए काननों में, झरनों में, उन पुष्पों की पराग-गंध में जो उस दिव्य चुंबन के सुखस्पर्श से सोए हुए कुछ बरीते से मुग्ध पवन को उसका परिचय दे रहे हैं, इसी प्रकार मंद या तीव्र समीर में, प्रत्येक आते जाते मेघ खंड की झड़ी में, वसंतकालीन विहंगमों के कलकूजन में और सब ध्वनियों और स्तब्धता में भी अपनी प्रियतमा की मधुर वाणी सुनाई है। कबीर में ऊपर परिगणित कुछ अन्य रहस्यवादी भावनाओं के होते हुए भी प्रधानता इसी रहस्यवाद की है। मुसलमान कवियों की प्रेमाख्यानक परंपरा के जायसी एक जगमगाते रत्न हैं। व रहस्यवादी कवियों की ही

एक लड़ी हैं जिनमें सूफियों के मार्ग से होते हुए भारतीय सर्वात्मवाद आया है।

सर्वात्मवाद मूलक रहस्यवाद में 'माधुर्य भाव' का उदय हुआ, जो कबीर और प्रेमाख्यानक सब मुसलमान कवियों में विद्यमान है। वैष्णवों और सूफियों की उपासना माधुर्य भाव से युक्त होती है। दार्शनिकों ने परमात्माको पुरुष और जगत् को स्त्री रूप प्रकृति कहा है। माधुर्य भाव इसी का भावुक रूप है जिसमें परमात्मा की प्रियतम के रूप में भावना की जाती है और जगत् के नाना रूप स्त्री रूप में देखे जाते हैं। मीराबाई ने तो केवल कृष्ण को ही पुरुष माना है, जगत् में पुरुष उन्हें और कोई दिखाई ही नहीं दिया। कबीर भी कहते हैं—

( क ) कहै कबीर व्याहि चले हैं पुरिष एक अविनासी।
( ख ) सखी सुहाग राम मोहिं दीन्हा॥

इस तरह के एक दो नहीं कई उदाहरण दिए जा सकते हैं। राम की सुहागिन पहले अपना प्रेम निवेदन करती है—

गोकुल नायक वीठुला मेरौ मन लागौ तोहि रे।

यह जीवात्मा का परमात्मा में लगन लगने का आरंभिक रूप है। इसे व्याह के पहले का पूर्वानुराग समझना चाहिए।

कभी वह वियोगिनी के रूप में प्रगट होती है और उस वियोगाग्नि में जले हुए हृदय के उद्गार प्रकट करती है—

यहु तन जालौं मसि करौं, लिखौं राम का नाउँ।
लेखनि करौं करंक की, लिखि लिखि राम पठाउँ॥

परमात्मा के वियोग से जनित सारी सृष्टि का दुःख कितना घना होकर कबीर के हृदय में समाया है।

राम की वियोगिन आकुलता से उन दिनों की बाट देखती है जब वह प्रियतम का आलिंगन करेगी—

वै दिन कब आवैंगे भाइ ।
जा कारनि हम देह धरी है; मिलिवौं अंग लगाइ ॥

यहाँ जीवात्मा के परमात्मा से मिलने की आकुलता की ओर संकेत है। इस आकुलता के साथ साथ भय भी रहता है। सारा विश्व जिसका व्यक्त रूप है उस प्रियतम से मिलने के लिए असाधारण तैयारी करने की आवश्यकता होती है। 'हरि की दुलहिन' को भय इस आशंका से होता है कि वह उतनी तैयारी कर सकेगी या नहीं। उसे अपने ऊपर विश्वास नहीं होता। फिर रहस्य केलि के समय प्रियतम के साथ किस प्रकार का व्यवहार करना होगा, वह यह भी नहीं जानती—

मन प्रतीत न प्रेम रस ना इस तन में ढंग ।
क्या जाणौं उस पीय सूँ कैसे रहसी रंग ॥

इसमें साक्षात्कार की महत्ता का आभास है जो एक साधारण घटना नहीं है ।

ज्यों ज्यों जीवात्मा को अपनी पारमात्मिकता का अनुभव होता जाता है, त्यों त्यों उसका भय जाता रहता है। लौकिक भाषा में इसी की ओर इस पद में इशारा है—

अब तोहिं जान न देहूँ राम पियारे । ज्यूँ भावै त्यूँ होहु हमारे ॥

यह प्रेम की ढिठाई है ।

परमात्मा से मिलने के लिए ऐसी 'ऊँची गैल, राह रपटीली' नहीं तै करनी पड़ती जहाँ 'पावँ नहीं ठहराय'। वह तो घर बैठे मिल जायँगे पर उसके लिये पहुँची हुई लगन चाहिये, क्योंकि परमात्मा तो हृदय ही में है—

बहुत दिनन के बिछुरे हरि पाये। भाग बड़े घरि बैठे आये॥

कबीरदास के नाम से लोगों की जिह्वा पर जो यह पद—

मो को कहाँ ढूँढै बंदे मैं तो तेरे पास में।
ना मैं देवल, ना मैं मसजिद, ना कावे कैलास में॥

बहुत दिनों से चढ़ा चला आ रहा है, उसका भी यही भाव है। जायसी ने यही भाव यों प्रकट किया है—

पिउ हिरदय महं भेट न होई कों रे मिलाव, कहौं केहि रोई!!

रहस्यमय उक्तियों की रहस्यात्मकता उनके लोकनियोजित शब्दार्थ में नहीं है। उस अर्थ को मानने से उनकी रहस्यात्मकता जाती रहती है; उनका संकेत मात्र ग्रहण करना चाहिए। मूर्ति को परमात्मा मानकर उसका पूजन इसी लिये करना चाहिए कि ईश्वरप्राप्ति में आगे की सीढ़ी सहज में चढ़ सके, क्योंकि साधारणतः सब लोग परमात्मा या ब्रह्म का ठीक ठीक स्वरूप समझने में नितान्त असमर्थ होते हैं। अतः मूर्तिपूजा के द्वारा मानों मनुष्य को ब्रह्म के भी साक्षात्कार की प्रारंभिक शिक्षा मिलती है। उसके आगे बढ़कर सचमुच पत्थर को परमात्मा मानने से फिर कोई रहस्य नहीं रह जाता। ईसाइयों ने परमात्मा के पितृत्व भाव की उसी समय इतिश्री कर दी जब ईसा को लौकिक अर्थ में परमात्मा या पवित्रात्मा का पुत्र मान लिया। राम और कृष्ण को साक्षात् परमात्मा ही मानने के कारण तुलसी और सूर में अवतारवाद की मूलीभूत रहस्यभावना नहीं आ पाई है। सखी संप्रदाय ने मनुष्यों को सचमुच स्त्री मानकर और उनके नाम भी स्त्रियों जैसे रखकर और यहाँ तक कि उनसे ऋतुमती स्त्रियों का अभिनय कराकर 'माधुर्य भाव' के रहस्यवाद को वास्तववाद का रूप दे दिया। रहस्यवाद के वास्तववाद में पतित

हो जाने के कारण ही सदुद्देश्य से प्रवर्त्तित अनेक धर्म्म-संप्रदायों में इंद्रिय-लोलुपता का नारकी नृत्य देखने में आता हैं। रहस्यवादी कवियों का वास्तववादियों से इसी बात में भेद है कि वास्तववादी कवि अपने विषय का यथातथ्य वर्णन करते हैं, और रहस्यवादी केवल संकेत मात्र कर देते हैं, अपने वर्ण्य विषय का आभास भर दे देते हैं। उनमें जो यह धुँधलापन पाया जाता है, उसका कारण उनकी आध्यात्मिक प्रवृत्ति है। परमात्मा की सत्ता का आभास मात्र ही दिया जा सकता है। इसके लिये वे व्यंजनावृत्ति से अधिकतर काम लिया करते हैं और चित्राधान उनका प्रधान उपादान होता है। उनकी बातें अन्योक्ति के रूप में हुआ करती हैं। किसी प्रत्यक्ष व्यापार के चित्र को लेकर वे उससे दूसरे परोक्ष व्यापार के चित्र की व्यंजना करते हैं। इसी से रहस्यवादी कवियों में वास्तववादियों की अपेक्षा कल्पना का प्राचुर्य अधिक होता है।

रसिकों की सम्मति में कबीर का रहस्यवाद रूखा है, उनका माधुर्य भाव भी उन्हें फीका लगता है; उनके चित्रों में उन्हें अनेकरूपता नहीं दिखाई देती। कबीर ने अपनी उक्तियों को काव्य की काटछाँट नहीं दी है, परंतु इसकी उन्हें जरूरत ही नहीं थी। इस बात का प्रयास वह करेगा जिसमें कुछ सार न हो।

कबीर में चित्रों की अनेकरूपता न देखना उनके साथ अन्याय करना है। व्याह का ही दृश्य वे कई बार अवश्य लाए हैं, पर जैसा कि पाठकों को आगे चलने पर मालूम होता जायगा, उनका रहस्यवाद माधुर्य भाव में ही नहीं समाप्त हो जाता। प्रकृति से चुने चुने चित्र उनकी उक्तियोंमें अपने आप आ बैठे हैं हाँ उन्होंने प्रयास करके अपनी उक्तियों को काव्य की मधुरता नहीं दी है। फिर भी उनकी ऊपरी सहृदयता न सही तो अनन्यहृदयता और

तल्लीनता व्यर्थ कैसे जा सकती थी ! जो उन्हें बिल्कुल ही रूखा समझते हैं, उन्हें उनकी रहस्यमयी अन्योक्तियों को देखना चाहिए।

काहे री नलिनी ! तू कुमिलानी । तेरे ही नालि सरोवर पानी ॥
जल में उतपति जल में वास, जल में नलिनी तोर निवास ॥
ना तलि तपति न ऊपर आगि, तोर हेत कहु कासनि लागि ॥
कहैं कबीर जे उदिक समान, ते नहीं मूए हमारे जान ॥

कैसा मृदुल मनोमोहक चित्र है ! इसका सहज माधुर्य किसे न मोह लेगा। प्रकृति का प्रतिनिधि मनुष्य नलिनी है, जल ब्रह्म तत्त्व है। इसी में प्रकृति के नाना रूपों की उत्पत्ति होती है, यही पोषक तत्त्व है जो मनुष्य और नाना रूपों में स्वयं विद्यमान है। इस जल की शीतलता के सामने कोई ताप ठहर नहीं सकता। यह तत्त्व समझकर इस पोषण-सामग्री का उपयोग करनेवाला ( अर्थात् ज्ञानी ) मर ही कैसे सकता है ?

औद्यानिक भाषा में सांसारिक जीवन की नश्वरता का कितना प्रभावशाली आभास नीचे लिखे दोहे में है--

मालन आवत देखि करि, कलियाँ करी पुकार ।
फूले फूले चुणि लिए, काल्हि हमारी बार ॥

और देखिए—

बाढ़ी आवत देखि करि, तरिवर डोलन लाग ।
हम कटे की कुछ नहीं, पंखेरू घर भाग ॥

बढ़ई काल है, वृक्ष का डोलना वृद्धावस्था का कंप है, पक्षी आत्मा है। यह डोलना आत्मा को इस बात की चेतावनी देता है कि शरीर के नाश का दुःख न करके ब्रह्म तत्त्व में लीन होने का प्रबन्ध करो; पक्षी का घर भागना यही है। काटते समय पेड़ को

हिलते और वृद्धावस्था में शरीर को काँपते किसने नहीं देखा होगा। परंतु किस लिये वह हिलता-काँपता है, इसका रहस्य कबीर ही जान पाए हैं। यह आभास किसको नहीं मिलता, पर कितने हैं जो उसको समझ पाते हैं!

नाश नीची स्थितिवालों के लिये ही मुँह बाए नहीं खड़ा है, ऊँची स्थितिवाले भी उसी घाट उतरेंगे इस बात का संकेत यह दोहा देता है—

फागुण आवत देखि करि, बन रूना मन माहिं।
ऊँची डाली पात हैं, दिन दिन पीले थाहिं॥

कबीर की चमत्कारपूर्ण उलटबाँसियाँ भी रहस्यपूर्ण हैं। कठोपनिषद् के अनुसार मनुष्य का शरीर रथ है जिसमें इंद्रियों के घोड़े जुते हैं, घोड़ों पर मन की लगाम लगी हुई है जो सारथी रूपी बुद्धि के हाथ में है। 'परमपद' का पथिक आत्मा इस रथ पर सवार है, उसकी इच्छा के अनुसार उसका परिचालन होना चाहिए। शरीर सेवक है आत्मा स्वामी है। यह स्वाभाविक क्रम है। परंतु जब स्वामी सो जाय, सारथी किंकर्त्तव्यविमूढ़ हो जाय और घोड़ों की लगाम निरुद्देश्य ढीली पड़ जाय, तब यह क्रम उलट जाता है; स्वामी का स्थान सेवक ले लेता है। रथ के अधीन होकर स्वामी भटका फिरता है। और प्रायः ऐसा होता है कि घोड़ों ( इंद्रियों ) के मनमाने आचरण से रथ ( शरीर ) और स्वामी ( आत्मा ) दोनों को अनेक प्रकार के कष्ट भोगने पड़ते हैं। भव-जाल में पड़े हुए मनुष्यों की इसी उलटी अवस्था को विशेष कर कबीर ने अपनी उलटबाँसियों द्वारा व्यंजित कर लोगों को आश्चर्य में डाला है—

ऐसा अद्भुत मेरा गुरु कथ्या, मैं रह्या उमेषै।
मूसा हस्ती सौं लड़ै, कोई विरला पेषै॥

मूसा बैठा बांवि मैं, लारै सापणि धाई।
उलटि मूसै सापिण गिली, यहु अचरज भाई॥
चींटी परबत ऊषण्यां, ले राख्यौ चौड़ै।
मूर्गा मिनकौं यूँ लड़ैं, झल पांणीं दौड़ै॥
सुरहीं चूंषै बछतलि, बछा दूध उतारै।
ऐसा नवल गुणी भया, सारदूलहि मारै॥
भील लुक्या बन बीझ मैं, ससा सर मारै।
कहै कबीर ताहि गुरु करौं, जो या पदहि बिचारै॥

सबका कारण परब्रह्म किसी का कार्य नहीं है, इस बात का आभास देनेवाला यह सांकेतिक पद कितना रहस्यपूर्ण है।

बाँझ का पूत, बाप बिन जाया, बिन पाउँ तरवर चढ़िया।
अस-बिन पाषर, गज-बिन गुड़िया, बनि षंडै संग्राम लड़िया॥
बीज-बिन अंकूर, पेड़-बिन तरवर, बिन-साषा तरवर फलिया।
रूप-बिन नारी, पुहुप-बिन परिमल, बिन-नीरै सर भरिया॥

सभी-संत कवियों के काव्य में थोड़ा बहुत रहस्यवाद मिलता है। पर उनका काव्य विशेषकर कबीर का ही ऋणी है। बँगला के वर्त्तमान कवींद्र रवींद्र को भी कबीर का ऋण स्वीकार करना पड़ेगा। अपने रहस्यवाद का बीज उन्होंने कबीर ही में पाया। परंतु उनमें पाश्चात्य भड़कीली पालिश भी है। भारतीय रहस्यवाद को उन्होंने पाश्चात्य ढङ्ग से सजाया है। इसी से यूरोप में उनकी इतनी प्रतिष्ठा हुई है। जब से उन्हें नोबेल प्राइज (पुरस्कार) मिला तब से लोग उनकी गीतांजली की बेतरह नकल करने पर तुले हुए हैं। हिंदी का वर्तमान रहस्यवाद अब तक नकल ही सा लगता है। सच्चे रहस्यवाद के आविर्भाव के लिये प्रतिभा की अपेक्षा होती है। कबीर प्रतिभा

के कारण सफल हुए हैं। पिंगल के नियमों का भंग करके खड़ा किया हुआ निरर्थक शब्दाडम्बर रहस्यवादी कविता का आसन नहीं प्राप्त कर सकता।

कबीर के काव्य के विषय में बहुत कुछ बातें उनके रहस्यवाद के अंतर्गत आ चुकी हैं; यहाँ पर बहुत कम कहना शेष है।

काव्यत्व

कविता के लिये उन्होंने कविता नहीं की है। उनकी विचारधारा सत्य की खोज में बही है, उसी का प्रकाश करना उनका ध्येय है। उनकी विचार-धारा का प्रवाह जीवन-धारा के प्रवाह से भिन्न नहीं। उसमें उनका हृदय घुला मिला है, उनकी प्रतिभा हृदय-समान्वित है। उनकी बातों में बल है जो दूसरे पर प्रभाव डाले बिना नहीं रह सकता। अक्खड़ ढङ्ग से कही होने पर भी उनकी बेलाग बातों में एक और ही मिठास है जो खरी खरी बातें कहनेवाले ही की बातों में मिल सकती है। उनकी सत्यभाषिता और प्रतिभा का ही फल है कि उनकी बहुत सी उक्तियाँ लोगों की जबान पर चढ़कर कहावतों के रूप में चल पड़ी हैं। हार्दिक उमंग की लपेट में जो सहज विदग्धता उनकी उक्तियों में आ गई है, वह अत्यन्त भावापन्न है। उसी में उनकी प्रतिभा का चमत्कार है। शब्दों के जोड़ तोड़ से चमत्कार लाने के फेर में पड़ना उनकी प्रकृति के प्रतिकूल था। दूर की सूझ जिस अर्थ में केशव बिहारी आदि कवियों में मिलती है, उस अर्थ में उनमें पाना असंभव है। प्रयत्न उनकी कविता में कहीं नहीं दिखाई देता। अर्थ की जटि-लता के लिए उनकी उलटबाँसियाँ केशव की शब्दमाया को मात करती हैं। परंतु उनमें भी प्रयत्न दृष्टिगत नहीं होता। रात दिन आँखों में आनेवाले प्रकृति के सामान्य व्यापारों के उलटे व्यवहार को ही उन्होंने सामने रखा है। सत्य के प्रकाश का साधन बनकर,

जिसकी प्रगाढ़ अनुभूति उनको हुई थी, कविता स्वयमेव उनकी जिह्वा पर आ बैठी है। इसमें संदेह नहीं कि कबीर में ऐसी भी उक्तियाँ हैं जिनमें कविता के दर्शन नहीं होते—और ऐसे पद्य कम नहीं हैं—किन्तु उनके कारण कबीर के वास्तविक काव्य का महत्व कम नहीं हो सकता, जो अत्यन्त उच्च कोटि का है और जिसका बहुत कुछ माधुर्य रहस्यवाद के प्रकरण के अंतर्गत दिखाया जा चुका है।

जैसे कबीर का जीवन संसार से ऊपर उठा था, वैसे ही उनका काव्य भी साधारण कोटि से ऊँचा था। अतएव सोखकर प्राप्त की हुई रसिकता को उनमें काव्यानंद नहीं मिलता। परंपरा से बँधे हुए लोगों को काव्य-जगत में भी इंद्रिय-लोलुपता का कीड़ा बनकर रहना ही भला लगता है। कबीर ऐसे लोगों की परितुष्टी की परवा कैसे कर सकते थे, जिनको निरपेक्षी के प्रति होनेवाला उनका प्रेम भी शुष्क लगता है। प्रेम की पराकाष्ठा आत्म-समर्पण का मानो काव्य-जगत् में कोई मूल्य ही नहीं है।

कबीर ने अपनी उक्तियों पर बाहर बाहर से अलंकारों का मुलम्मा नहीं चढ़ाया है। जो अलंकार उनमें मिलते भी हैं वे उन्होंने खोज खोजकर नहीं बैठाए हैं। मानसिक कलाबाजी और कारीगरी के अर्थ में कला का उनमें सर्वथा अभाव है। 'बे सिर पैर की बातों', 'वायवी अवस्तुओं' का स्थान और नाम निर्देश कर देने को कवि-कर्म कहकर शेक्सपियर ने कवियों को सन्निपात या पागलपन में वे सिर पैर की बातें बकनेवालों की श्रेणी में रख दिया है। जिन कवियों के संबंध में 'किं न जल्पंति' कहा जा सकता है. उन्हीं का उल्लेख 'किं न खादंति' वाले वायसों के साथ हो सकता है। सच्ची कला के लिये तथ्य आवश्यक है। भावुकता के दृष्टि-कोण से कला आडंबरों के बंधन से निर्मुक्त तथ्य है।

एक विद्वान् कृत इस परिभाषा को यदि काव्य क्षेत्र में प्रयुक्त करें तो बहुत कम कवि सच्चे कलाकारों की कोटि में आ सकेंगे। परंतु कबीर का आसन उस ऊँचे स्थान पर अविचल दिखाई देता है। यदि सत्य के खोजी कबीर के काव्य में तथ्य को स्वतंत्रता नहीं मिलती तो और कहीं नहीं मिल सकती। कबीर के महत्व का अनुमान इसी से हो सकता है।

कबीर के काव्य में नीचे लिखी हुई खटकनेवाली बातें भी हैं जिनकी ओर स्थान स्थान पर संकेत करते आए हैं—

( १ ) एक ही बात को उन्होंने कई बार दुहराया है जिससे कहीं कहीं रोचकता जाती रही है।

( २ ) उनके ज्ञानीपन की शुष्कता का प्रतिबिंब उनकी भाषा पर अक्खड़पन होकर पड़ा है।

( ३ ) उनकी आधी से अधिक रचना दार्शनिक पद्य मात्र है जिसको कविता नहीं कहना चाहिए।

( ४ ) उनकी कविता में साहित्यिकता का सर्वथा अभाव है। थोड़ी सी साहित्यिकता आ जाने से परंपरानुबद्ध रसिकों के लिये उपालंभ का स्थान न रह जाता।

( ५ ) न उनकी भाषा परिमार्जित है और न उनके पद्य पिंगल शास्त्र के नियम के अनुकूल हैं।

कबीरदास छंदःशास्त्र से अनभिज्ञ थे, यहाँ तक कि वे दोहों को पिंगल की खराद पर न चढ़ा सके। डफली बजाकर गाने में जो शब्द जिस रूप में निकल गया, वही ठीक था। मात्राओं के घट बढ़ जाने की चिंता करना व्यर्थ था। पर साथ ही कबीर में प्रतिभा थी, मौलिकता थी, उन्हें कुछ संदेशा देना था और उसके लिये शब्द की मात्रा गिनने की आवश्यकता न थी, उन्हें तो इस

ढङ्ग से अपनी बातें कहने की आवश्यकता थी जो सुननेवालों के हृदयों में पैठ जायँ और पैठकर जम जायँ। तिसपर वह हिंदी कविता के आरंभ के दिन थे। पर आजकल के रहस्यवादी काव्यों में न प्रतिभा के दर्शन होते हैं और न मौलिकता का आभास मिलता है। केवल ऊटपटांग कह देने और भाषा तथा पिंगल की उपेक्षा दिखाने ही में उन आवश्यक गुणों के अभावों की पूर्ति नहीं हो सकती।

कबीर की भाषा का निर्णय करना टेढ़ी खीर है क्योंकि वह खिचड़ी है। कबीर की रचना में कई भाषाओं के शब्द मिलते हैं, परंतु भाषा का निर्णय अधिकतर शब्दों पर निर्भर नहीं है। भाषा के आधार क्रियापद संयोजक शब्द तथा कारक चिह्न हैं जो वाक्य-विन्यास की विशेषताओं के लिये उत्तरदायी होते हैं। कबीर में केवल शब्द ही नहीं क्रियापद कारक चिह्नादि भी कई भाषाओं के मिलते हैं, क्रियापदों के रूप अधिकतर ब्रजभाषा और खड़ी बोली के हैं। कारक चिह्नों में से कै, सन, सा आदि अवधी के हैं, को ब्रज का है और थैं राजस्थानी का। यद्यपि उन्होंने स्वयं कहा है—'मेरी बोली पूरबी', तथापि खड़ी, ब्रज, पंजाबी, राजस्थानी, अरबी-फारसी आदि अनेक भाषाओं का पुट भी उनकी उक्तियों पर चढ़ा हुआ है। 'पूरबी' से उनका क्या तात्पर्य है; यह नहीं कह सकते। उनका बनारस निवास पूरबी से अवधी का अर्थ लेने के पक्ष में है; परंतु उनकी रचना में बिहारी का भी पर्याप्त मेल है; यहाँ तक कि मृत्यु के समय मगहर में उन्होंने जो पद कहा है उसमें मैथिली का भी कुछ संसर्ग दिखाई देता है। यदि 'बोली' का अर्थ मातृ भाषा लें और 'पूरबी' का बिहारी तो कबीर के जन्म के विषय पर एक नया ही प्रकाश पड़ जाता है।

भाषा

उनका अपना अर्थ जो कुछ हो, पर पाई जाती हैं उनमें अवधी और बिहारी, दोनों बोलियाँ ।

इस पँचमेल खिचड़ी का कारण यह है कि उन्होंने दूर दूर के साधुसंतों का सत्संग किया था जिससे स्वाभाविक ही उन पर भिन्न-भिन्न प्रांतों की बोलियों का प्रभाव पड़ा ।

कबीर कहता जात हूँ, सुणता है सब कोइ ।
राम कहे भला होइगा, नहिंतर भला होइ ॥
आऊँगा न जाऊँगा, मरूँगा न जीऊँगा ।
गुरु के सबद रमि रमि रहूँगा ॥

खड़ी बोली का पुट इस दोहे में देखिए—

इसमें शुद्ध खड़ी बोली के दर्शन होते हैं ।

'जब लगि धसै न आभ' में धसै ब्रजभाषा का है और आभ फारसी के आब का बिगड़ा हुआ रूप है । आगे लिखे दोहे में अँखड़ियाँ, जीभड़ियाँ आदि रूप पंजाबी का और पड़्या क्रिया राजस्थानी प्रभाव प्रकट करते हैं—

अंषड़ियां झाँई पड़ी, पंथ निहारि निहारि ।
जीभड़ियां छाला पड़्या, राम पुकारि ॥

पंजाबी के केवल बहुत से शब्द ही नहीं मुहावरे भी उनमें मिलते हैं, जैसे—

१—रलि गया आटै लूण
२—लूण बिलगा पाणियां, पाणी लूण विलग ।

इनके उच्चारण पर भी पंजाबी का प्रभाव दृष्टिगत होता है । न को ण कहना पंजाबी की ही विशेषता है । पंजाबी विवेक का उच्चारण बबेक करते हैं । कबीर में भी यह शब्द इसी रूप में मिलता है । बँगला के भी इनमें कुछ प्रयोग मिलते हैं । आछिलो

शब्द बँगला का छिलो है जो "था" अर्थ में प्रयुक्त होता है—कह कबीर कछु आछिलो जहिया। इसी प्रकार "सकना" अर्थ में पारना क्रिया के रूप भी जो अब केवल बँगला में मिलते हैं, पर जिनका प्रयोग जायसी और तुलसी ने भी किया है; इनकी भाषा में पाए जाते हैं—

गाँइ कु ठाकुर खेत कु नेपै, काइथ खरच न पारै।

संस्कृत वर्ज्य से बिगड़कर बना हुआ एक बाज शब्द तुलसी और जायसी दोनों में मिलता है। जायसी में यह बाझ रूप में मिलता है। पर आजकल इसका प्रयोग अधिकतर पंजाबी में ही होता है, जहाँ इसका रूप "बाझों" होता है।

भिस्त न मेरे चाहिए बाझ पियारे तुझ।

जेम, ससिहर, आदि शुद्ध अपभ्रंश के भी कई शब्दों का उन्होंने प्रयोग किया है। "जेम" शब्द संस्कृत "यद्व" से निकला है और ससिहर सं० शशधर से अपभ्रंश में संस्कृत के क का ग हो जाता है जैसे प्रकट का प्रगट। कबीर ने मनमाने ढंग से भी ऐसे परिवर्त्तन किए हैं। उपकारी का उन्होंने उपगारी बनाया है। संस्कृत के महाप्राण अक्षर प्राकृत और अपभ्रंश में प्रायः ह रह जाते हैं जैसे शशधर से ससिहर। कबीर में इसका विपर्यय भी मिलता है। उन्होंने दहन को दाझन कहा है।

फारसी के एक ही शब्द का हमने ऊपर उदाहरण दिया है। यत्र तत्र फारसी अरबी के शब्द तो उनमें मिलते ही हैं उनके कुछ पद भी ऐसे हैं जिनमें अरबी और फारसी शब्दों की ही भरमार है। उदाहरण के लिये उनकी पदावली का २५८ वाँ पद ले लीजिए जिसकी दो पंक्तियाँ हम यहाँ उद्धृत करते हैं—

हम रफत रहबरहु समां, मैं खुर्दा सुमां बिसियार।
हम जिमीं आसमाँन खलिक, गुंद मुसकिल कार॥

हम कह चुके हैं कि कबीर पढ़े लिखे नहीं थे इसी से वे बाहरी प्रभावों के बहुत अधिक शिकार हुए। भाषा और व्याकरण की स्थिरता उनमें नहीं मिलती। या यह भी सम्भव है कि उन्होंने जान बूझकर अनेक प्रान्तों के शब्दों का प्रयोग किया हो। अथवा शब्द-भांडार की कमी के कारण जब जिस भाषा का सुना सुनाया शब्द उनके सामने आ गया हो उन्होंने अपनी कविता में रख दिया हो। शब्दों को उन्होंने तोड़ा मरोड़ा भी बहुत है। सन को सनि, सनां, सूँ—चाहे जिस रूप में तोड़ मरोड़कर उन्होंने आवश्यकतानुसार अपनी उक्तियों में ला बैठाया है। इसके अतिरिक्त उनकी भाषा में अक्खड़पन है और साहित्यिक कोमलता या प्रसाद का सर्वथा अभाव है। कहीं कहीं उनकी भाषा बिलकुल गँवारू लगती है, पर उनकी बातों में खरेपन की मिठास है जो उन्हीं की विशेषता है और उसके सामने यह गँवारपन डूब जाता है।

हिंदी के काव्य साहित्य में कबीर के स्थान का निर्णय करना कठिन है। तुलना के लिए एक ही क्षेत्र के कवियों को लेना चाहिए। कबीर का काव्य मुक्तक क्षेत्र के अंतर्गत है। उसमें भी उन्होंने कुछ ज्ञान पर कहा है और कुछ नीति पर। नानक; दादू, सुंदरदास आदि ज्ञानाश्रयी निर्गुण भक्त कवियों में वे सहज ही सबसे बढ़कर हैं। नानक, दादू आदि कबीर की ही पुनरावृत्तियाँ हैं, परंतु उस शक्ति के साथ नहीं। सुंदरदास में साहित्यिकता कबीर से अधिक है परंतु आँचल में अस्वाभाविकता भी

उपसंहार

वे खूब बाँध लाए हैं। नीति-काव्य की सफलता की कसौटी उसकी सर्वप्रियता है। कबीर के नीति-काव्य की सर्वप्रियता न वृंद को प्राप्त हुई और न रहीम को। रहीम में कबीर के भाव ज्यों के त्यों मिलते हैं। कहीं तो दोहे का दोहा रहीम ने अपना लिया है; यथा—

कबीर यह घर प्रेम का खाला का घर नाहिं।
सीस उतारै हाथ करि सो पैसे घर माहिं॥

—कबीर।

रहिमन घर है प्रेम का खाला का घर नाहिं।
सीस उतारै भुइँ धरै सो जावै घर माहिं॥

—रहीम।

वृंद और कबीर की विदग्धता एक सी है। रहस्यवादी कवियों में भी कबीर का ही आसन सब से ऊँचा है। शुद्ध रहस्यवाद केवल उन्हीं का है। प्रेमाख्यानक कवियों का रहस्यवाद तो उनके प्रबंध के बीच बीच में बहुत जगह थिगली सा लगता है और प्रबंध से अलग उसका अभिप्राय ही नष्ट हो जाता है। अन्य क्षेत्रों के कवियों के साथ कबीर की तुलना की ही नहीं जा सकती। तुलसी और सूर कविता के साम्राज्य में सर्व सम्मति से और सब कवियों की पहुँच के बाहर हैं। चंदकृत पृथ्वीराजरासो नामक जो प्रक्षिप्त महाकाव्य प्रसिद्ध है, उसी में उनके महत्व का बहुत कुछ दर्शन हो जाता है। अतएव जब तक उनकी रचना के विषय में कोई निश्चयात्मक निर्णय नहीं हो जाता, तब तक उनको किसी के साथ तुलना के लिये खड़ा करना उन पर अन्याय करना है। केशव को काव्य शास्त्र का आचार्य भले ही मान लें, पर उनको नैसर्गिक कवियों में गिनना कवित्व का तिरस्कार करना है।

विहारी की कोटि के कवियों की कविता को सच्ची स्वाभाविक कविता में गिनने में भी संकोच हो सकता है। मूड़ मुड़ाकर शृंगार के पीछे पड़नेवाले सब कवि इसी श्रेणी में हैं। पर भूषण, जायसी ओर कबीर में कौन बड़ा है, इसका निर्णय नहीं हो सकता। तीनों में सच्चे कवि की आकुलता विद्यमान है और अपने क्षेत्र में तीनों की पूरी पहुँच है, तीनों एक श्रेणी के हैं, फिर भी यदि आध्यात्मिकता को भौतिकता से श्रेष्ठ ठहराकर कोई कबीर को श्रेष्ठ ठहरावे तो रुचिस्वातंत्र्य के कारण उसे यह अधिकार है। प्रभाव से यदि श्रेष्ठता मानें तो तुलसी के बाद कबीर ही का नाम आता है; क्योंकि तुलसी को छोड़कर हिंदी-भाषी जनता पर कबीर के समान या उनसे अधिक प्रभाव किसी कवि का नहीं पड़ा।

---

॥श्रीरांमजी॥ अथकबीरजीकीबांणीलिषतं॥ प्रथमगुरदेवकौअंगमलिषतं॥ कबीरसतगुरसवांनकोसगा॥ सोधीसईनदाति
हरिजीसवांनकोहिंदू॥ हरिजनसईनजाति॥१॥ कबीरबलिहारीगुरआपणें॥ द्योंहाडीकैबार॥ जिनिमांनिषतेंदेवताक
या॥ करतनलागीबार॥२॥ कबीरसतगुरकीमहिमांअनंत॥ अनंतकीयाउपगार॥ लोचनअनंतउघाडिया॥ अनंतदिषांवण
हार॥३॥ कबीररांमनांमकेपटंतरै॥ देबेकौंकछनांहि॥ क्यालेगुरसंतोषिए॥ हौंसरहीमनमांहि॥४॥ कबीरसतगुरकेस
देकेसामू॥ दिलअपणींकासाच॥ कलियुगहमस्यूंलडिपड्या॥ मुहकममेराबाछ॥५॥ कबीरसतगुरलईकमांणकरि
बांहणलागातीर॥ एकजुबाह्याप्रीतिसूं॥ भीतरिरह्यासरीर॥६॥ कबीरसतगुरसाचासूरिवां॥ सबदजुबाह्याएक॥ लागत
हीमेंमिलिगया॥ पड्याकलेजेछेक॥७॥ कबीरसतगुरमार्‍याबांणभरि॥ धरिकरिसूधीमूठि॥ अंगिउघाडैलागिया॥ गई
दवासूंफूटि॥८॥ कबीरहसेनबोलेउनमनी॥ चंचलमेल्ह्यामारि॥ कहैकबीरभीतरिभिद्या॥ सतगुरकेहथियारि॥९॥ क
बीरगूंगाहूवाबावला॥ बहराहूवाकांन॥ पांऊंथेंपंगुलभया॥ सतगुरमार्‍याबांण॥१०॥ कबीरपीछेंलागाजाइथा॥ लोक
वेदकेसाथ॥ आगेंथेंसतगुरमिल्या॥ दीपकदीयाहाथि॥११॥ कबीरदीपकदीयातेलभरि॥ बातीदईअघट॥ पूरयाकीयाबि
साहुणां॥ बहुरिनआवौंहट॥१२॥ कबीरग्यांनप्रकास्यागुरमिल्या॥ सोजिनिबीसरिजाइ॥ जबगोब्यंदक्रिपाकरी॥ तबगुर
मिलियाआइ॥१३॥ कबीरगुरगरवामिल्या॥ रलिगयाआटेलूंण॥ जातिपांतिकुलसबमिटे॥ नांवधरैगेकौंण॥१४॥ कबीरज
कागुरभीअंधला॥ चेलाहैजाचंध॥ अंधेअंधाठेलिया॥ दून्यूंकूपपडंत॥१५॥ कबीरनांगुरमिल्यानसिषभया॥ लालचषेल्याडा
व॥ दून्यूंबूडेधारमैं॥ चढिपाथरकीनाव॥१६॥ कबीरचौसठिदीवाजोइकरि॥ चौदहचंदामांहि॥ तिहिंघरिकिसकौचांनि
णों॥ जिहिंघरिगोब्यंदनांहि॥१७॥ कबीरनिसअंधियारीकारणैं॥ चौरासीलषचंदा॥ अतिआतुरउदैकीया॥ तऊदिष्टिनहींमंद



संवत् १५६१ की लिखी प्रति के पहले पृष्ठ की प्रतिलिपि

# कबीर-ग्रंथावली

## (१) साखी

### (१) गुरुदेव कौ अंग

सतगुर सवाँन को सगा, सोधी सईं न दाति।
हरिजी सवाँन को हितू, हरिजन सईं न जाति ॥ १ ॥
बलिहारी गुर आपणैं, द्यौं हाड़ी कै बार।
जिनि मानिष तैं देवता, करत न लागी बार ॥ २ ॥
सतगुर की महिमा अनँत, अनँत किया उपगार।
लोचन अनँत उघाड़िया, अनँत दिखावणहार ॥ ३ ॥
राम नाम कै पटंतरै, देवे कौं कुछ नांहि।
क्या ले गुर संतोषिए, हौंस रही मन मांहि ॥ ४ ॥
सतगुर के सदकै करूं, दिल अपणीं का साछ।
कलियुग हम स्यूं लड़ि पड़्या मुहकम मेरा बाछ ॥ ५ ॥
सतगुर लई कमांण करि, बांहण लागा तीर।
एक जु बाह्या प्रीति सूँ, भीतरि रह्या सरीर ॥ ६ ॥
सतगुर साँचा सूरिवाँ, सबद जु बाह्या एक।
लागत ही मैं मिल गया, पड़्या कलेजै छेक ॥ ७ ॥

(२) क-ख—देवता के आगे 'क्या' पाठ है जो अनावश्यक है।
(५) ख-सदकै करौं। ख-साच। तुक मिलाने के लिये 'साछ' 'साक्ष' लिखा है।

सतगुर मारया बाण भरि, धरि करि सूधी मूठि।
अंगि उघाड़ै लागिया, गई द्वा सूँ फूटि ॥ ८ ॥
हँसै न बोलै उनमनीं, चंचल मेल्ह्या मारि।
कहै कबीर भीतरि भिद्या, सतगुर कै हथियारि ॥ ९ ॥
गूंगा हूवा बावला, बहरा हूआ कान।
पाऊँ थैं पंगुल भया, सतगुर मार्या बाण ॥ १० ॥
पीछैं लागा जाइ था, लोक बेद के साथि।
आगैं थैं सतगुर मिल्या, दीपक दीया हाथि ॥ ११ ॥
दीपक दीया तेल भरि, बाती दई अघट्ट।
पूरा किया बिसाहुणां, बहुरि न आँवौं हट्ट ॥ १२ ॥
ग्यान प्रकास्या गुर मिल्या, सो जिनि बीसरि जाइ।
जब गोबिंद कृपा करी, तब गुर मिलिया आइ ॥ १३ ॥
कबीर गुर गरवा मिल्या, रलि गया आटैं लूंण।
जाति पाँति कुल सब मिटे, नाँव धरौगे कौंण ॥ १४ ॥
जाका गुर भी अंधला, चेला खरा निरंध।
अंधै अंधा ठेलिया, दून्यूं कूप पड़ंत ॥ १५ ॥
नां गुर मिल्या न सिष भया, लालच खेल्या डाव।
दून्यूं बूड़े धार मैं, चढ़ि पाथर की नाव ॥ १६ ॥
चौसठि दीवा जोइ करि, चौदह चंदा मांहि।
तिहिं घरि किसकौ चानिणौं, जिहि घरि गोबिंद नांहि ॥ १७ ॥
निस अँधियारी कारणैं, चौरासी लख चंद!
अति आतुर ऊदै किया, तऊ दिष्टि नहिं मंद ॥ १८ ॥

---

( १२ ) क-ख—अघट, हट।
( १३ ) क—गोब्यंद।
( १५ ) क—चेला हैजा चंद ( ? है गा अंध )
( १७ ) ख—चांरिणौं। ख—तिंहि...जिंहिं।

भली भई जु गुर मिल्या, नहीं तर होती हांणि।
दीपक दिष्टि पतंग ज्यूं, पड़ता पूरी जांणि ॥ १९ ॥

माया दीपक नर पतँग, भ्रमि भ्रमि इवैं पड़ंत।
कहै कबीर गुर ग्यान थैं, एक आध उवरंत ॥ २० ॥

सतगुर वपुरा क्या करै, जे सिषही मांहै चूक।
भावै त्यूं प्रमोधि ले, ज्यूं वंसि बजाई फूक ॥ २१ ॥

संसै खाया सकल जुग, संसा किनहुँ न खद्ध।
जे बेधे गुर अष्षिरां, तिनि संसा चूणि चुणि खद्ध ॥ २२ ॥

चेतनि चौकी बैसि करि, सतगुर दीन्हाँ धीर।
निरभै होइ निसंक भजि, केवल कहै कबीर ॥ २३ ॥

सतगुर मिल्या त का भया, जे मन पाड़ी भोल।
पासि बिनंठा कप्पड़ा, क्या करै बिचारी चोल ॥ २४ ॥

बूड़े थे परि ऊबरे, गुर की लहरि चमंकि।
भेरा देख्या जरजरा, (तब) ऊतरि पड़े फरंकि ॥ २५ ॥

गुर गोबिंद तौ एक है, दूधा यहु आकार।
आपा मेट जीवत मरै, तौ पावै करतार ॥ २६ ॥

कबीर सतगुर नाँ मिल्या, रही अधूरी सीष।
स्वाँग जती का पहरि करि, घरि घरि माँगै भीष ॥ २७ ॥

---

(२१) ख—प्रमोधिए। जांणै बास जनाई कूद।
(२२) ख—सैल जुग।
(२५) ख—जाजरा।
(२६) इस दोहे के आगे ख प्रति में यह दोहा है—
कबीर सब जग यों भ्रम्या फिरै, ज्यूं रामे का रोज।
सतगुर थैं सोधी भई, तब पाया हरि का षोज ॥ २७ ॥
(२७) इसके आगे ख प्रति में यह दोहा है—
कबीर सतगुर ना मिल्या, सुणी अधूरी सीष :
मूड़ मुँड़ावै मुकति कूं, चालि न सकई बीष ॥ २८ ॥

सतगुर साँचा सूरिवाँ; तातैं लोहिं लुहार।
कसणी दे कंचन किया, ताइ लिया ततसार॥ २८॥
थापणि पाई थिति भई, सतगुर दीन्हीं धीर।
कबीर हीरा - बणजिया, मानसरोवर तीर॥ २९॥
निहचल निधि मिलाइ तत, सतगुर साहस धीर।
निपजी मैं साझी घणां, बाँटै नहीं कबीर॥ ३०॥
चौपड़ि माँड़ी चौहटै, अरध उरध बाजार।
कहै कबीरा राम जन, खेलौ संत विचार॥ ३१॥
पासा पकड़्या प्रेम का, सारी किया सरीर।
सतगुर दाव बताइया, खेलै दास कबीर॥ ३२॥
सतगुर हम सूँ रीझि करि, एक कह्या प्रसंग।
बरस्या बादल प्रेम का, भीजि गया सब अंग॥ ३३॥
कबीर बादल प्रेम का, हम परि बरष्या आइ।
अंतरि भीगी आत्मां, हरी भई बनराइ॥ ३४॥
पूरे सूँ परचा भया, सब दुख मेल्या दूरि।
निर्मल कीन्हीं आत्मां, ताथैं सदा हजूरि॥ ३५॥

---

## ( २ ) सुमिरण कौ अंग

कबीर कहता जात हूँ, सुणता है सब कोइ।
राम कहें भला होइगा, नहिं तर भला न होइ॥ १॥

---

( २८ ) ख—सतगुर मेरा सुरिवाँ।
( २९ ) इसके आगे ख प्रति में यह दोहा है—
कबीर हीरा वणजिया हिरदै उकठी खाणि।
पारब्रह्म क्रिपा करी सतगुर भये सुजांण॥
( ३५ ) ख, में नहीं है।

कबीर कहै मैं कथि गया, कथि गया ब्रह्म महेस।
राम नाँव ततसार है, सब काहू उपदेस ॥ २ ॥
तत तिलक तिहूँ लोक मैं, राम नाँव निज सार।
जन कबीर मस्तक दिया, सोभा अधिक अपार ॥ ३ ॥
भगति भजन हरि नाँव है, दूजा दुक्ख अपार।
मनसा वाचा क्रमनां, कबीर सुमिरण सार ॥ ४ ॥
कबीर सुमिरण सार है, और सकल जंजाल।
आदि अंति सब सोधिया, दूजा देखौं काल ॥ ५ ॥
च्यंता तौ हरि नाँव की, और न चिंता दास।
जे कुछ चितवैं राम बिन, सोइ काल की पास ॥ ६ ॥
पंच सँगी पिव पिव करै, छठा जु सुमिरे मंन।
आई सूति कबीर की, पाया राम रतंन ॥ ७ ॥
मेरा मन सुमिरै राम कूं, मेरा मन रामहिं आहि।
अब मन रामहिं ह्वै रह्या, सीस नवावौं काहि ॥ ८ ॥
तूं तूं करता तूं भया, मुझ मैं रही न हूँ।
वारी फेरी बलि गई, जित देखौं तित तूँ ॥ ९ ॥
कबीर निरभै राम जपि, जब लग दीवै बाति।
तेल घट्या बाती बुझी, (ब) सोवैगा दिन राति ॥ १० ॥
कबीर सूता क्या करे, जागि न जपै मुरारि।
एक दिनां भी सोवणां, लंबे पाँव पसारि ॥ ११ ॥
कबीर सूता क्या करै, काहे न देखै जागि।
जाका सँग तैं बीछुड़्या, ताही के सँग लागि ॥ १२ ॥
कबीर सूता क्या करै, उठि न रोवै दुक्ख।
जाका बासा गोर मैं, सो क्यूं सोवै सुक्ख ॥ १३ ॥

---

(३) ख. में नहीं है।

कबीर सूता क्या करै, गुण गोबिंद के गाइ।
तेरे सिर परि जम खड़ा, खरच कदे का खाइ॥ १४॥
कबीर सूता क्या करे, सूताँ होइ अकाज।
ब्रह्मा का आसण खिस्या, सुणत काल की गाज॥ १५॥
केसौ कहि कहि कूकिये, ना सोइयै असरार।
रात दिवस कै कूकणैं, (मत) कबहू लगै पुकार॥ १६॥
जिहि घटि प्रीति न प्रेम रस, फुनि रसना नहीं राम।
ते नर इस संसार में, उपजि षये बेकाम॥ १७॥
कबीर प्रेम न चषिया, चषि न लीया साव।
सूनें घर का पाहुणां, ज्यूं आया त्यूं जाव॥ १८॥
पहली बुरा कमाइ करि, बाँधी विष की पोट।
कोटि करम फिल पलक मैं, (जब) आया हरि की ओट॥१९॥
कोटि क्रम पेलै पलक मैं, जे रंचक आवै नाउँ।
अनेक जुग जे पुन्नि करै, नहीं राम बिन ठाउँ॥ २०॥
जिहि हरि जैसा जांणियां, तिन कूं तैसा लाभ।
ओसों प्यास न भाजई, जब लग धसै न आभ॥ २१॥
राम पियारा छाँड़ि करि, करै आन का जाप।
वेस्वां केरा पूत ज्यूं, कहै कौन सूँ बाप॥ २२॥
कबीर आपण राम कहि, औरां राम कहाइ।
जिहि मुखि राम न ऊचरे, तिहि मुख फेरि कहाइ॥ २३॥
जैसैं माया मन रमैं, यूं जे राम रमाइ।
(तौ) तारा-मंडल छाँड़ि करि, जहाँ के सो तहाँ जाइ॥२४॥

---

(१६) ख—में नहीं है।
(१७) क—आइ संसार में।
(२३) ख—जा युष; ता युष।

लूटि सकै तौ लूटियौ, राम नाम है लूटि।
पीछैं ही पछिताहुगे, यहु तन जैहे छूटि ॥ २५ ॥
लूटि सकै तौ लूटियौ, राम नाम भंडार।
काल कंठ तैं गहैगा, रूंधै दसूं दुवार ॥ २६ ॥
लंबा मारग दूरि घर, बिकट पंथ बहु मार।
कहौ संतौ क्यूं पाइये, दुर्लभ हरि - दीदार ॥ २७ ॥
गुण गायें गुण नाम कटै, रटै न राम बियोग।
अह निसि हरि ध्यावै नहीं, क्यूं पावै द्रुलभ जोग ॥ २८ ॥
कबीर कठिनाई खरी, सुमिरंता, हरि - नाम।
सूली ऊपरि नट विद्या, गिरूं त नाहीं ठाम ॥ २९ ॥
कबीर राम ध्याइ लै, जिभ्या सौं करि मंत।
हरि सागर जिनि बीसरै, छीलर देखि अनंत ॥ ३० ॥
कबीर राम रिझाइ लै, मुखि अंमृत गुण गाइ।
फूटा नग ज्यूं जोड़ि मन, संधे संधि मिलाइ ॥ ३१ ॥
कबीर चित चमंकिया, चहुँ दिसि लागी लाइ।
हरि सुमिरण हाथूं घड़ा, बेगे लेहु बुझाइ ॥३२॥६७॥

---

## ( ३ ) बिरह कौ अंग

रात्यूं रूंनी बिरहनीं, ज्यूं बंचौ कूं कुंज।
कबीर अंतर प्रजल्या, प्रगट्या बिरहा पुंज ॥ १ ॥
अंबर कुंजां कुरलियाँ, गरजि भरे सब ताल।
जिनि पैं गोविंद बीछुटे, तिनके कौण हवाल ॥ २ ॥
चकवी बिछुटी रैणि की, आइ मिली परभाति।
जे जन बिछुटे राम सूं, ते दिन मिले न राति ॥ ३ ॥

वासुरि सुख नाँ रैंणि सुख, नाँ सुख सुपिनै माहिं।
कबीर बिछुट्या राम सूं, नाँ सुख धूप न छाँह ॥ ४ ॥
बिरहनि ऊभी पंथ सिरि, पंथी बूझै धाइ।
एक सबद कहि पीव का, कबर मिलैंगे आइ ॥ ५ ॥
बहुत दिनन की जोवती, बाट तुम्हारी राम।
जिव तरसै तुझ मिलन कूं, मनि नाहीं विश्राम ॥ ६ ॥
बिरहिन ऊठै भी पड़े, दरसन कारनि राम।
मूवां पीछैं देहुगे, सो दरसन किहि काम ॥ ७ ॥
मूवां पीछैं जिनि मिलै, कहै कबीरा राम।
पाथर घाटा लोह सब, (तब) पारस कौणें काम ॥ ८ ॥
अंदेसड़ा न भाजिसी, संदेसौ कहियां।
कै हरि आयां भाजिसी, कै हरि ही पासि गयां ॥ ९ ॥
आइ न सकौं तुझ पैं, सकूं न तुझ बुलाइ।
जियरा यौंही लेहुगे, विरह तपाइ तपाइ ॥ १० ॥
यहु तन जालौं मसि करूं, ज्यूं धूवां जाइ सरग्गि।
मति वै राम दया करै, बरसि बुझावै अग्गि ॥ ११ ॥
यहु तन जालौं मसि करौं, लिखौं राम का नाउँ।
लेखणिं करूं करंक की, लिखि लिखि राम पठाउँ ॥ १२ ॥
कबीर पीर पिरावनीं, पंजर पीड़ न जाइ।
एक ज पीड़ परीति की, रही कलेजा छाइ ॥ १३ ॥
चोट सतांणीं बिरह की सब तन जर जर होइ।
मारणहारा जांणिहै, कै जिहिं लागी सोइ ॥ १४ ॥
कर कमाण सर साँधि करि, खैंचिजु मार्‍या मांहि।
भीतरि भिद्या सुमार है, जीवै कि जीवै नाहि ॥ १५ ॥
जबहूँ मार्‍या खैंचि करि, तब मैं पाई जांणि।
लागी चोट मरम्म की, गई कलेजा छांणि ॥ १६

जिहि सरि मारी काल्हि, सो सर मेरे मन बस्या।
तिहि सरि अजहूँ मारि, सर बिन सच पाऊँ नहीं ॥१७॥
बिरह भुवंगम तन बसै, मंत्र न लागै कोइ।
राम बियोगी ना जीवै, जिवै तो बौरा होइ ॥१८॥
बिरह भुवंगम पैसि करि, किया कलेजै घाव।
साधु अंग न मोड़ही, ज्यूँ भावै त्यूँ खाव ॥१९॥
सब रँग तंतऱ रबाबतन, बिरह बजावै नित्त।
और न कोई सुणि सकै, कै साईं कै चित्त ॥२०॥
बिरहा बुरहा जिन कहौ, बिरहा है सुलितान।
जिस घटि बिरह न संचरै, सो घट सदा मसान ॥२१॥
अंषड़ियां झांई पड़ी: पंथ निहारि निहारि।
जीभड़ियां छाला पड़या; राम पुकारि पुकारि ॥२२॥
इस तन का दीवा करौं बाती मेल्यूं जीव।
लोही सींचौं तेल ज्यूं. कब मुख देखौं पीव ॥२३॥
नैंना नीझर लाइया, रहट बहै दिन जाम।
पपीहा ज्यूं पिव पिव करौं, कबरु मिलहुगे राम ॥२४॥
अंषड़ियाँ प्रेम कसाइयां, लोग जांणैं दुखड़ियां।
साईं अपणैं कारणैं, रोइ रोइ रतड़ियां ॥२५॥
सोई आंसू सजणां, सोई लोक बिडांहि।
जे लोइंणे लोंहां चुवै, तौ जांणैं हेत हियांहि ॥२६॥
कबीर हसणां दूरि करि, करि रोवण सौं चित्त।
बिन रोयां क्यूं पाइए, प्रेम पियारा मित्त ॥२७॥
जौ रोऊं तौ बल घटै, हँसौं तौ राम रिसाइ।
मनही मांहि बिसूरणां, ज्यूं घुणं काठहि खाइ ॥२८॥
हँसि हँसि कंत न पाइए, जिनि पाया तिनि रोइ।
जो हाँसेंही हरि मिलै, तौ नहीं दुहागनि कोइ ॥२९॥

हाँसी खेलौं हरि मिलै, तौ कौण सहै षरसान।
काम क्रोध त्रिष्णां तजै, ताहि मिलै भगवान ॥३०॥
पूत पियारो पिता कौं, गौहनि लागा धाइ।
लोभ मिठाई हाथि दे, आपण गया भुलाइ ॥३१॥
डारी खाँड़ पटकि करि, अंतरि रोस उपाइ।
रोवत रोवत मिलि गया, पिता पियारे जाइ ॥३२॥
नैनां अंतरि आचरूं, निस दिन निरषौं तोंहि।
कब हरि दरसन देहुगे, सो दिन आवै मोंहि ॥३३॥
कबीर देखत दिन गया, निस भी देखत जाइ।
बिरहणि पिव पावै नहीं, जियरा तलपै माइ ॥३४॥
कै बिरहणि कुं मींच दे, कै आपा दिखलाइ।
आठ पहर का दाझणां; मोपैं सह्या न जाइ ॥३५॥
बिरहणि थी तौ क्यूं रहीं, जली न पीव की नालि।
रहु रहु मुगध गहेलड़ी, प्रेम न लाजूं मारि ॥३६॥
हौं बिरह की लकड़ी, समझि समझि धूंधाऊं।
छूटि पड़ौं या बिरह तैं, जे सागीही जलि जाऊं ॥३७॥
कबीर तन मन यौं जल्या, बिरह अगनि सूं लागि।
मृतक पीड़ न जांणई, जांणौंगी यहु आगि ॥३८॥
बिरह जलाई मैं जलौं, जलती जल हरि जाऊं।
मो देख्यां जल हरि जलैं, संतौ कहां बुझांऊं ॥३९॥
परबति परबति मैं फिर्‌या, नैंन गवाये रोइ।
सो बूटी पाँऊं नहीं, जातैं जीवनि होइ ॥४०॥

---

(१२) ख में इसके अनन्तर यह दोहा है—

मो चित तिलाँ न बीसरौ, तुम्ह हरि दूरि थंयाह।
इहि अंगि औलू भाइ जिसी, जदि तदि तुम्ह म्यलियांह ॥

फाड़ि पुटोला धज करौं, कामलड़ी पहिराउं।
जिहि जिहि भेषां हरि मिलै; सोइ सोइ भेष कराउं ॥४१॥
नैन हमारे जलि गए, छिन छिन लोड़ैं तुझ।
नां तूं मिलै न मैं खुसी, ऐसी बेदन मुझ ॥४२॥
भेला पाया श्रम सौं, भौसागर के माहि।
जे छांडौं तौ डूबिहौं; गहौं त डसिये बांह ॥४३॥
रैंणा दूर बिछोहिया, रहु रे संषम झूरि।
देवलि देवलि धाहड़ी, देसी ऊगे सूरि ॥४४॥
सुखिया सब संसार है, खायै अरू सोवै।
दुखिया दास कबीर है, जागै अरू रोवै ॥४५॥११२॥

———

## ( ४ ) ग्यान बिरह कौ अंग

दीपक पावक आंणिया, तेल भी आंण्या संग।
तीन्यूं मिलि करि जोइया, (तब) उडि उडि पड़ैं पतंग ॥१॥
मारया है जे मरेगा, बिन सर थोथी भालि।
पड़्या पुकारै बिछ तरि, आजि मरै कै काल्हि ॥ २ ॥
हिरदा भीतरि दौं बलै, धूवां न प्रगट होइ।
जाकै लागी सो लखै, कै जिहि लाई सोइ ॥ ३ ॥
झल ऊठी झोली जली, खपरा फूटिम फूटि।
जोगी था सो रमि गया, आसणि रही बिभूति ॥ ५ ॥
अगनि जु लागी नीर मैं, कंदू जलिया झारि।
उतर दषिण के पंडिता, रहे बिचारि बिचारि ॥ ५ ॥

( ४३ ) ख में इसके आगे यह दोहा है।
बिरह जलाई मैं जलौं, मो बिरहनि कै दुष।
छाहन बैसौं डरपती, मति जलि ऊठै रूष ॥४६॥

दौं लागी साइर जल्या, पंषी बैठे आइ।
दाधी देह न पालवै, सतगुर गया लगाय॥ ६॥
गुर दाधा चेला जल्या, बिरहा लागी आगि।
तिणका बपुड़ा ऊबर्‌या, गलि पूरे कै लागि॥ ७॥
अहेड़ी दौं लाइया, मृग पुकारे रोइ!
जा बन मैं क्रीला करी, दाझत है बन सोइ॥ ८॥
पाणीं माँहें प्रजली, भई अप्रबल आगि।
बहती सलिता रहि गई, मंछ रहे जल त्यागि॥ ९॥
समंदर लागी आगि, नदियां जलि कोइला भई।
देखि कबीरा जागिं, मंछी रूषां चढ़ि गई॥१०॥१२२॥

## ( ५ ) परचा कौ अंग

कबीर तेज अनंत का, मानौं ऊगी सूरज सेणि।
पति सँगि जागी सुंदरी, कौतिग दीठा तेणि॥ १॥
कौतिग दीठा देह बिन, रवि ससि बिना उजास।
साहिब सेवा मांहिं है, बेपरवांही दास॥ २॥
पारब्रह्म के तेज का, कैसा है उनमान।
कहिबे कूं सोभा नहीं, देख्याही परवान॥ ३॥
अगम अगोचर गमि नहीं, तहां जगमगै जोति।
जहां कबीरा बंदिगी, (तहां) पाप पुन्य नहीं छोति॥ ४॥
हदे छाडि बेहदि गया, हुवा निरंतर वास।
कवल ज फूल्या फूल बिन, को निरषै निज दास॥ ५॥

---

( ६ ) ख—कवल जो फूला फूल बिन।
( १० ) ख में इसके आगे यह दोहा है—
बिरहा कहै कबीरकौं तू जनि छाड़ै मोहि।
पारब्रह्म के तेज मैं, तहाँ ले राखौं तोहि॥

कबीर मन मधकर भया, रह्या निरंतर बास।
कवल ज फूल्या जलह बिन, को देखै निज दास ॥ ६ ॥
अंतरि कवल प्रकासिया, ब्रह्म वास तहाँ होइ।
मन भवरा तहां लुबधिया, जांणैगा जन कोइ ॥ ७ ॥
सायर नाहीं सीप बिन, स्वांति बूंद भी नाहिं।
कबीर मोती नीपजैं, सुन्नि सिषर गढ़ मांहि ॥ ८ ॥
घट मांहैं औघट लह्या, औघट मांहैं घाट।
कहि कबीर परचा भया, गुरू दिखाई बाट ॥ ९ ॥
सूर समांणां चंद मैं, दहूं किया घर एक।
मनका च्यंता तब भया, कछू पूरबला लेख ॥ १० ॥
हद छाड़ि बेहद गया, किया सुन्नि असनान।
मुनि जन महल न पावई, तहाँ किया बिश्राम ॥ ११ ॥
देखौ कर्म कबीर का, कछु पूरब जनम का लेख।
जाका महल न मुनि लहैं, सो दोसत किया अलेख ॥ १२ ॥
पिंजर प्रेम प्रकासिया, जाग्या जोग अनंत।
संसा खूटा सुख भया, मिल्या पियारा कंत ॥ १३ ॥
प्यंजर प्रेम प्रकासिया, अंतरि भया उजास।
मुख कसतूरी महमहीं, बांणी फूटी बास ॥ १४ ॥
मन लागा उन मन्न सौं, गगन पहुंचा जाइ।
देख्याचंदबिहूँणां चांदिणां, तहांअलख निरंजन राइ ॥ १५ ॥
मन लागा उन मन सौं, उन मन मनहि बिलग।
लूंण बिलगा पाणियां, पांणीं लूंण बिलग ॥ १६ ॥
पांणीं ही तैं हिम भया, हिम ह्वै गया बिलाइ।
जो कुछ था सोई भया, अब कछू कह्या न जाइ ॥ १७ ॥

---

(९) ख.—औघट पाइया।

भली भई जु भै पड्या, गई दसा सब भूलि।
पाला गलि पांणी भया, ढुलि मिलिया उस कूलि ॥ १८ ॥
चौहटै च्यंतामंणि चढ़ी, हाडी मारत हाथि।
मीरां मुझसूं मिहर करि, इब मिलौं न काहू साथि ॥ १९ ॥
पंषि उडाणीं गगन कूं, प्यंड रह्या परदेस।
पांणी पीया चंच बिन, भूलि गया यहु देस ॥ २० ॥
पंषि उडानीं गगन कूं, उड़ी चढ़ी असमान।
जिहिं सर मंडल भेदिया, सो सर लागा कान ॥ २१ ॥
सुरति समांणी निरति मैं, निरति रही निरधार।
सुरति निरति परचा भया, तब खूले स्यंभ दुवार ॥ २२ ॥
सुरति समांणीं निरति मैं, अजपा मांहैं जाप।
लेख समांणां अलेख मैं, यूं आपा मांहैं आप ॥ २३ ॥
आया था संसार मैं, देषण कौं बहु रूप।
कहै कबीरा संत हौ, पड़ि गया नजरि अनूप ॥ २४ ॥
अंक भरे भरि भेटिया, मन मैं नाहीं धीर।
कहै कबीर ते क्यूं मिलैं, जब लग दोइ सरीर ॥ २५ ॥
सचुपाया सुखऊपनां, अरु दिल दरिया पूरि।
सकल पाप सहजैं गये, जब सांई मिल्या हजूरि ॥ २६ ॥
धरती गगन पवन नहीं होता, नहीं तोया नहीं तारा।
तब हरि हरि के जन होते, कहै कबीर बिचारा ॥ २७ ॥
जा दिन कृतमनां हुतां, होता हट न पट।
हुता कबीरा राम जन, जिनि देखै औघट घट ॥ २८ ॥
थिति पाई मन थिर भया, सतगुर करी सहाइ।
अनिन कथा तनि आचरी, हिरदै त्रिभुवन राइ ॥ २९ ॥

---

(२६) ख—सकल अघ।

हरि संगति सीतल भया, मिटी मोह की ताप।
निस बासुरि सुख निध्य लह्या, जब अंतरि प्रगट्या आप ॥३०॥
तन भीतरि मन मानियां, बाहरि कहा न जाइ।
ज्वाला तैं फिरि जल भया, बुझी बलंती लाइ ॥ ३१ ॥
तत पाया तन बीसर्‌या, जब मन धरिया ध्यान।
तपनि गई सीतल भया, जब सुनि किया असनान ॥ ३२ ॥
जिनि पाया तिनि सू गह गह्या, रसनाँ लागी स्वादि।
रतन निराला पाईया, जगत ढंढोल्या बादि ॥ ३३ ॥
कबीर दिल स्याबति भया, पाया फल संम्रथ्थ।
सायर मांहि ढंढोलतां, हीरै पड़ि गया हथ्थ ॥ ३४ ॥
जब मैं था तब हरि नहीं, अब हरि हैं मैं नांहि।
सब अँधियारा मिटि गया, जब दीपक देख्या मांहि ॥ ३५ ॥
जा कारणि में ढूंढता, सनमुख मिलिया आइ।
धन मैली पिव ऊजला, लागि न सकौं पाइ ॥ ३६ ॥
जा कारणि मैं जाइ था, सोई पाई ठौर।
सोई फिरि आपण भया, जासू कहता और ॥ ३७ ॥
कबीर देख्या एक अंग, महिमा कही न जाइ।
तेज पुंज पारस धणीं, नैंनूं रहा समाइ ॥ ३८ ॥
मानसरोवर सुभर जल, हंसा केलि कराहिं।
मुकताहल मुकता चुगैं, अब उड़ि अनत न जाहिं ॥ ३९ ॥
गगन गरजि अंमृत चवै, कदली कवल प्रकास।
तहां कबीरा बंदिगी, कै कोई निज दास ॥ ४० ॥
नींव बिहूंणां देहुरा, देह बिहूंणां देव।
कबीर तहां बिलंबिया, करे अलप की सेव ॥ ४१ ॥
देवल मांहैं देहुरी, तिल जेहै बिसतार।
मांहैं पाती मांहि जल, मांहैं पूजणहार ॥ ४२ ॥

कबीर कवल प्रकासिया, ऊग्या निर्मल सूर।
निस अँधियारी मिटि गई, बाजे अनहद तूर ॥ ४३ ॥
अनहद बाजै नीझर झरै, उपजै ब्रह्म गियान।
आवगति अंतरि प्रगटै, लागै प्रेम धियान ॥ ४४ ॥
आकासे मुखि औंधा कुवाँ, पाताले पनिहारि।
ताका पांणि को हंसा पीवै, बिरला आदि विचारि ॥ ४५ ॥
सिव सकती दिसि कौंण जु जोवै, पछिम दिसा उठै धूरि।
जल मैं स्यंघ जु घर करै, मछली चढ़ै खजूरि ॥ ४५ ॥
अंमृत बरिसै हीरा निपजै, घंटा पड़ै टकसाल।
कबीर जुलाहा भया पारपू, अनभै उतर्‍या पार ॥ ४७ ॥
ममिता मेरा क्या करै, प्रेम उघाड़ीं पौलि।
दरसन भया दयाल का, सूल भई सुख सौड़ि ॥४८॥१७०॥

---

## ( ६ ) रस कौ अंग

कबीर हरि रस यौं पिया, बाकी रही न थाकि।
पाका कलस कुंभार का, बहुरि न चढ़ई चाकि ॥ १ ॥
राम रसाइन प्रेम रस, पीवत अधिक रसाल।
कबीर पीवण दुलभ है, मांगै सीस कलाल ॥ २ ॥
कबीर भाठी कलाल की, बहुतक बैठे आइ।
सिर सौंपै सोई पिवै, नहीं तौ पिया न जाइ ॥ ३ ॥
हरि रस पीया जांणिये, जे कबहू न जाइ खुमार।
मैमंता घूँमत रहै, नांही तन की सार ॥ ४ ॥
मैमंता तिण नां चरै, सालै चिता सनेह।
बारि जु बांध्या प्रेम कै, डारि रह्या सिरि षेह ॥ ५ ॥

मैमंता अविगत रता, अकलप आसा जीति ।
राम अमलि माता रहै, जीवत मुकति अतीति ॥ ६ ॥
जिहि सर घड़ा न डूबता, अब मैं गल मलि न्हाइ ।
देवल बूडा कलस सूं, पंषि तिसाई जाइ ॥ ७ ॥
सबै रसांइण मैं किया, हरि सा और न कोइ ।
तिल इक घट मैं संचरै, तौ सब तन कंचन होइ ॥८॥१६८॥

———

## ( ७ ) लांबि कौ अंग

कया कमंडल भरि लिया, उज्जल निर्मल नीर ।
तन मन जोबन भरि पिया, प्यास न मिटी सरीर ॥ १ ॥
मन उलट्या दरिया मिल्या, लागा मलि मलि न्हांन ।
थाहत थाह न आवई, तूं पूरा रहिमांन ॥ २ ॥
हेरत हेरत हे सखी, रह्या कबीर हिराइ ।
बूंद समानी समद मैं, सो कत हेरी जाइ ॥ ३ ॥
हेरत हेरत हे सखी, रह्या कबीर हिराइ ।
समंद समाना बूंद मैं, सो कत हेऱ्या जाइ ॥४॥१७२॥

———

## ( ८ ) जर्णां कौ अंग

भारी कहौं त बहु डरौं, हलका कहूँ तौ झूठ ।
मैं का जांणौं राम कूं, नैनूं कबहुँ न दीठ ॥ १ ॥
दीठा है तौ कस कहूँ, कह्यां न को पतियाइ ।
हरि जैसा है तैसा रहो, तूं हरिषि हरषि गुण गाइ ॥ २ ॥

---

( ६-८ ) ख—रिंचक घट मैं संचरै ।
( ८-१ ) क—हलवा कहूँ ।

ऐसा अद्भुत जिनि कथै, अद्भुत राखि लुकाइ।
वेद कुरानौं गमि नहीं, कह्यां न को पतियाइ ॥ ३ ॥
करता की गति अगम है, तूं चलि अपणैं उनमान।
धीरैं धीरैं पाव दे, पहुँचैंगे परवान ॥ ४ ॥
पहुँचैंगे तब कहैंगे, अमड़ेंगे उस ठांइ।
अजहूँ बेरा समंद मैं, बोलि विगूचैं कांइ ॥ ५ ॥ १७७ ॥

---

## ( ९ ) हैरान कौ अंग

पंडित सेती कहि रहे, कह्यां न मानै कोइ।
ओ अगाध एका कहैं, भारी अचिरज होइ ॥ १ ॥
बसे अपंडी पंड मैं, ता गति लषै न कोइ।
कहै कबीरा संत हौ, बड़ा अचंभा मोहि ॥२॥१७९॥

---

## ( १० ) लै कौ अंग

जिहि बन सीह न संचरै, पंषि उड़े नहीं जाइ।
रैनि दिवस का गमि नहीं, तहां कबीर रह्या ल्यौ लाइ ॥१॥
सुरति ढीकुली ले जल्यौ, मन नित ढोलन हार।
कँवल कुवाँ मैं प्रेम रस, पीवै बारंबार ॥ २ ॥
गंग जमुन उर अंतरै, सहज सुंनि ल्यौ घाट।
तहां कबीरै मठ-रच्या, मुनि जन जोवैं बाट ॥३॥१८२॥

---

## ( ११ ) निहकर्मी पतिव्रता कौ अंग

कबीर प्रीतड़ी तौ तुझ सौं, बहु गुणयाले कंत।
जे हँसि बोलौं और सौं, तौ नील रँगाऊँ दंत ॥ १ ॥

( १०—२ ) ख—मन चित।

नानां अतरि आव तूं, ज्यूं हौं नैन झँपेउं।
नां हौं देखौं और कूं, नां तुझ देखन देउं ॥ २ ॥
मेरा मुझ में कुछ नहीं, जो कुछ है सो तेरा।
तेरा तुझकौं सौंपतां, क्या लागै है मेरा ॥ ३ ॥
कबीर रेख स्यंदूर की, काजल दिया न जाइ।
नैंनूं रमइया रमि रह्या, दूजा कहां समाइ ॥ ४ ॥
कबीर सीप समंद की, रटै, पियास पियास।
समदहि तिणका वरि गिणै, स्वाँति बूंद की आस ॥ ५ ॥
कबीर सुख कौं जाइ था, आगैं आया दुख।
जाहि सुख घरि आपणैं, हम जाणैं अरु दुख ॥ ६ ॥
दो जग तौ हम अंगिया, यहु डर नाहीं मुझ।
भिस्त न मेरे चाहिये, बाझ पियारे तुझ ॥ ७ ॥
जे वो एक जांणियाँ, तौ जांण्या सब जांण।
जे ओ एक जांणियां, तो सबहीं जाण अजांण ॥ ८ ॥
कबीर एक न जांणियां, तौ बहु जांण्यां क्या होइ।
एक तैं सब होत है, सब तैं एक न होइ ॥ ९ ॥
जब लग भगति सकांमता, तब लग निर्फल सेव।
कहै कबीर वै क्यूं मिलैं, निहकामी निज देव ॥ १० ॥
आसा एक जु राम की, दूजी आस निरास।
पांणी मांहैं घर करैं, ते भी मरैं पियास ॥ ११ ॥

---

( ७ ) ख—भिसति।

( ११ ) इसके आगे ख में ये दोहे हैं—

आसा एक ज राम की, दूजी आस निवारि।
आसा फिरि फिरि मारसी, ज्यूँ चौपड़ि की सारि ॥ ११ ॥

आसा एक ज राम की, जुग जुग पुरवै आस।
जै पाडल क्यों रे करै, बसैहिं जु चंदन पास ॥ १२ ॥

जे मन लागै एक सूं, तौ निरबाल्या जाइ।
तूरा दुइ मुखि बाजणां, न्याइ तमाचे खाइ ॥१२॥
कबीर कलिजुग आइ करि, कीये बहुतज मीत।
जिन दिल बंधी एक सूं, ते सुखु सोवै नचींत ॥१३॥
कबीर कूता राम का, मुतिया मेरा नांउं।
गलै राम की जेवड़ी, जित खैंचै तित जाउं ॥१४॥
तो तो करै त बाहुड़ौं, दुरि दुरि करै तो जाउं।
ज्यूं हरि राखै त्यूं रहौं, जो देवै सो खाउं ॥१५॥
मन प्रतीति न प्रेम रस, नां इस तन मैं ढंग।
क्या जाणौं उस पीव सूं, कैसें रहसी रंग ॥१६॥
उस संम्रथ का दास हौं, कदे न होइ अकाज।
पतिव्रता नाँगी रहै, तो उसही पुरिस कौं लाज ॥१७॥
घरि परमेसुर पांहुणां सुणौं सनेही दास।
षट रस भोजन भगति करि, ज्यूं कदे न छाड़ै पास ॥१८॥२००

---

## ( १२ ) चितावणी कौ अंग

कबीर नौबति आपणीं, दिन दस लेहु बजाइ।
ए पुर पटन ए गली, बहुरि न देखै आइ ॥ १ ॥
जिनकै नौबति बाजती, मैंगल बँधते बारि।
एकै हरि के नाँव बिन, गए जन्म सब हारि ॥ २ ॥
ढोल दमामा दुड़बड़ी, सहनाई संगि भेरि।
औसर चल्या बजाइ करि, है कोइ राखै फेरि ॥ ३ ॥
सातौं सबद जु बाजते, घरि घरि होते राग।
ते मंदिर खाली पड़े, बैसण लागे काग ॥ ४ ॥

कबीर थोड़ा जीवणां, माड़े बहुत मँडाण।
सबही ऊभा मेल्हि गया, राव रंक सुलितान ॥ ५ ॥
इक दिन ऐसा होइगा, सब सूं पड़ै बिछोह।
राजा राणा छत्रपति, सावधान किन होह ॥ ६ ॥
कबीर पटण कारिवां पंच चोर दस द्वार।
जम रांणौं गढ भेलिसी, सुमिरि लै करतार ॥ ७ ॥
कबीर कहा गरबियौ, इस जीवन की आस।
टेसू फूले दिवस चारि, खंखर भये पलास ॥ ८ ॥
कबीर कहा गरबियौ, देहा देखि सुरंग।
बीछड़ियाँ मिलिबौ नहीं, ज्यूं कांचली भुवंग ॥ ९ ॥
कबीर कहा गरबियौ, ऊँचे देखि अवास।
काल्हि पर्‌यु भ्वैं लेटणां, ऊपरि जामैं घास ॥ १० ॥
कबीर कहा गरबियौ, चांम पलेटे हड।
हैंवर ऊपरि छत्र सिरि, ते भी देवा खड ॥ ११ ॥
कबीर कहा गरबियौ, काल गहै कर केस।
नां जांणौं कहां मारिसी, कै घरि कै परदेस ॥ १२ ॥
यहु ऐसा संसार है, जैसा सैंबल फूल।
दिन दस के व्यौहार कौं, झूठै रंगि न भूलि ॥ १३ ॥

---

( ६ ) ख० में इससे आगे यह दोहा है—
ऊजड़ खेड़ै ठाकरी, घड़ि घड़ि गए कुमार।
रावण सरीखे चलि गए, लंका के सिकदार ॥ ७ ॥

( ७ ) ख—जम...भेलसी, बोल गले गोपाल।

(१२) ख—कत मारसी।

(१३) ख० में इसके आगे ये दोहे हैं—
मौति बिसारी बावरे, अचिरज कीया कौन।
तन माटी मैं मिलि गया, ज्यूं आटे मैं लूण ॥१९॥

जांमण मरण विचारि करि, कूड़े कांम निवारि।
जिनि पंथूं तुझ चालणां, सोई पंथ सँवारि ॥ १४ ॥
बिन रखवाले बाहिरा, चिड़ियैं खाया खेत।
आधा प्रधा ऊबरै, चेति सकै तौ चेति ॥ १५ ॥
हाड़ जलै ज्यूं लाकड़ी, केस जलैं ज्यूं घास।
सब तन जलता देखि करि, भया कबीर उदास ॥ १६ ॥
कबीर मंदिर ढहि पड़्या, सैंट भई सैंवार।
कोई चेजारा चिणि गया, मिल्या न दूजी बार ॥ १७ ॥
कबीर देवल ढहि पड़्या, ईंट भई सैंवार।
करि चिजारा सौं प्रीतिड़ी, ज्यूं ढहै न दूजी बार ॥ १८ ॥
कबीर मंदिर लाष का, जड़िया हीरैं लालि।
दिवस चारि का पेषणां, बिनस जाइगा काल्हि ॥ १९ ॥
कबीर धूलि सकेलि करि, पुड़ी ज बांधी एह।
दिवस चारि का पेषणां, अंति षेह की षेह ॥ २० ॥

---

[ १६, १७ नंबर के दोहे क० प्रति में २२, २३ नंबर पर हैं ]

आजि कि काल्हि कि पचे दिन, जंगल होइगा बास।
ऊपरि ऊपरि फिरहिंगे, ढोर चरंदे घास ॥१८॥
मरहिंगे मरि जाहिंगे, नाँव न लेगा कोइ।
ऊजड़ जाइ बसाहिंगे, छाड़ि बसंता लोइ ॥१९॥
कबीर खेति किसांण का, म्रगौं खाया झाड़ि।
खेत बिचारा क्या करै, जो खसम न करई बारि ॥२०॥

(१६) ख० में इसके आगे ये दोहे हैं—

मडा जलै लकड़ी जलै, जलै जलावणहार।
कौतिगहारे भी जलैं, कासनि करौं पुकार ॥२३॥
कबीर देवल हाड़ का, मारी तणा बधांग।
खड हडतां पाया नहीं, देवल का सइ नांण ॥२४॥

(१७) ख—देवल ढहि।
(२०) ख—धूलि समेटि।

कबीर जे धंधै तौ धूलि, बिन धंधै धूलै नहीं।
ते नर बिनठे मूलि, जिनि धंधै मैं ध्याया नहीं ॥ २१ ॥
कबीर सुपनैं रैनि कै, ऊघड़ि आये नैंन।
जीव पड़्या बहु लूटि मैं, जागै तौ लैंण न दैण ॥ २२ ॥
कबीर सुपनैं रैनि कै, पारस जीय मैं छेक।
जे सोऊं तौ दोइ जणां, जागूं तौ एक ॥ २३ ॥
कबीर इस संसार में, घणौं मनिष मतिहींण।
राम नाम जांणैं नहीं, आये टापा दीन ॥ २४ ॥
कहा कीयौ हम आइ करि, कहा कहैंगे जाइ।
इत के भए न उत के, चाले मूल गँवाइ ॥ २५ ॥
आया अणआय भया, जे बहुरता संसार।
पड़्या भुलांवां, गाफिलां, गये कुबुधी हारि ॥ २६ ॥
कबीर हरि की भगति बिन, ध्रिग जीमण संसार।
धूंवाँ केरा धौलहर, जात न लागै बार ॥ २७ ॥
जिहि हरि की चोरी करी, गये राम गुण भूलि।
ते बिधना बागुल रचे, रहे अरध मुखि भूलि ॥ २८ ॥
माटी मलणि कुँभार की, घणीं सहै सिरि लात।
इहि औसरि चेत्या नहीं, चूका अब की घात ॥ २९ ॥
इहि औसरि चेत्या नहीं, पसु ज्यूं पाली देह।
राम नाम जाण्या नहीं, अंति पड़ी मुख षेह ॥ ३० ॥

---

(२२) ख—बहु भूलि मैं।
(२३) इसके आगे ख में यह दोहा है—
कबीर इहै चितावणीं, जिन संसारी जाइ।
जे पहिली सुख भोगिया तिन का गुड ले खाई ॥३०॥
(२४) ख में इसके आगे यह दोहा है—
पीपल रूनौं फूल बिन, फल बिन रूनी गाइ।
एकां एकां माणसां, टापा दीन्हा आइ ॥३२॥

राम नाम जाण्यौं नहीं, लागी मोटी पोड़ि।
काया हाँडी काठ की, ना ऊँ चढ़ै बहोड़ि ॥ ३१ ॥
राम नाम जाण्यां नहीं, बात बिनंठी मूल।
हरत इहां ही हारिया, परति पड़ी मुखि धूल ॥ ३२ ॥
राम नाम जाण्यां नहीं, पाल्यो कटक कुटुंब।
धंधा ही में मरि गया, बाहर हुई न बंब ॥ ३३ ॥
मनिषा जनम दुर्लभ है, देह न बारंबार।
तरवर थैं फल झड़ि पड़्या, बहुरि न लागै डार ॥ ३४ ॥
कबीर हरि की भगति करि, तज विषिया रस चोंज।
बार बार नहीं पाइए, मनिषा जन्म की मौज ॥ ३५ ॥
कबीर यहु तन जात है, सकै तो ठाहर लाइ।
कै सेवा करि साध की, कै गुण गोबिन्द के गाइ ॥ ३६ ॥
कबीर यहु तन जात है, सकै तौ लेहु बहोड़ि।
नागे हाथूं ते गये, जिनकै लाख करोड़ि ॥ ३७ ॥
यहु तन काचा कुंभ है, चोट चहूँ दिसि खाइ।
एक राम के नाँव बिन, जदि तदि प्रलै जाइ ॥ ३८ ॥

---

( ३२ ) ख में इसके आगे ये दोहे हैं—
राम नाम जाण्यां नहीं, मेल्या मनहि विसारि।
ते नर हाली बादरी, सदा परा ए बारि ॥४२॥
राम नाम जाण्यां नहीं, ता मुखि आनहि आन।
कै मूसा कै कातरा, खाता गया जनम ॥४३॥
राम नाम जाण्यौं नहीं, हूवा बहुत अकाज।
बूड़ा लौरे बापुड़ा, बड़ां बूटां की लाज ॥४४॥
(३५) ख में इसके आगे यह दोहा है—
पाणीं ज्यौर तालाब का, दह दिसी गया बिलाइ।
यह सब यौंही जायगा, सकै तो ठाहर लाइ ॥४८॥
(३६) ख—कै गौव्यिद का गुण गाइ।
(३७) ख—नागे पाऊं।

यह तन कचा कुंभ है, लियां फिरै था साथि।
ढबका लगा फूटि गया, कछू न आया हाथि ॥ ३९ ॥
काँची कारी जिनि करै, दिन दिन बधै बियाधि।
राम कबीरै रुचि भई, यही ओषदि साधि ॥ ४० ॥
कबीर अपनें जीवतैं, ए दोइ बातैं धोइ।
लोभ बड़ाई करणौं, अछता मूल न खोइ ॥ ४१ ॥
खंभा ऐक गइंद दोइ, क्यूं करि बंधसि बारि।
मानि करै तौ पीव नहीं, पीव तौ मानि निवारि ॥ ४२ ॥
दीन गँवाया दुनी सौं, दुनी न चाली साथि।
पाँइ कुहाड़ा मारिया, गाफिल अपणै हाथि ॥ ४३ ॥
यह तन तौ सब बन भया, करंभ भए कुहाड़ि।
आप आप कूं काटि हैं, कहै कबीर बिचारि ॥ ४४ ॥
कुल खोयाँ कुल ऊबरै, कुल राख्याँ कुल जाइ।
राम निकुल कुल भेंटि लै, सब कुल रह्या समाइ ॥ ४५ ॥
दुनिया के धोखै मुवा, चलै जु कुल की कांणि।
तब कुल किसका लाजसी, जब ले धर्‍या मसांणि ॥ ४६ ॥
दुनियां भाँडा दुख का, भरी मुहांमुह भूष।
अदया अलह राम की, कुरहै ऊंणीं कूप ॥ ४७ ॥
जिहि जेवड़ी जग बंधिया, तूं जिनि बँधै कबीर।
ह्वैसी आटा लूंण ज्यूं सोना सँवा सरीर ॥ ४८ ॥

---

( ३९ ) ख में इसके आगे यह दोहा है—
यह तन काचा कुंभ है, माँहि किया ढिग बास।
कबीर नैण निहारियाँ, तौ नहीं जीवण की आस ॥ ५२ ॥

( ४६ ) ख—का कौ लाजसी।

( ४७ ) इसके आगे ख में यह दोहा है—
दुनियाँ कै मैं कुछ नहीं, मेरे दुनी अकथ।
साहिब दरि देखौं खड़ा, सब दुनिया दोजग जंत ॥ ६१ ॥

कहत सुनत जग जात है, विषै न सूझैं काल।
कबीर प्यालै प्रेम कै, भरि भरि पिवै रसाल॥ ४९॥
कबीर हद के जीव सूं, हित करि मुखां न बोलि।
जे लागे वेहद सूं, तिन सूं अंतर खोलि॥ ५०॥
कबीर केवल राम की, तूं जिनि छाड़ै ओट।
घण अहरणि बिचि लोह ज्यूं, घड़ीं सहै सिर चोट॥ ५१॥
कबीर केवल राम कहि, सुध, गरीबी झालि।
कूड़ बड़ाई बूड़सी, भारी पड़सी काल्हि॥ ५२॥
काया मंजन क्या करै, कपड़ धोइम धोइ।
उजल हूवा न छूटिए, सुख नींदड़ीं न सोइ॥ ५३॥
उजल कपड़ा पहरि करि, पान सुपारी खांहि।
एकै हरि का नाँव बिन, बांधे जमपुरि जांहि॥ ५४॥
तेरा संगी को नहीं, सब स्वारथ बँधी लोइ।
मनि परतीति न ऊपजै, जीव वेसास न होइ॥ ५५॥
मांइ बिड़ाणी बाप बिड़, हम भी मंझि बिड़ांह।
दरिया केरी नाव ज्यूं, संजोगे मिलियांह॥ ५६॥
इत प्रघर उत घर, बणजण आये हाट।
करम किरांणां वेचि करि, उठि ज लागे बाट॥ ५७॥

---

( ५० ) इसके आगे ख प्रति में यह दोहा है—

कबीर साषत की सभा, तूं मत बैठे जाइ।
एकै बाड़ै क्यूं बड़ै, रोझ गदहड़ा गाइ॥ ६५॥

( ५४ ) इसके आगे ख प्रति में यह दोहा है—

थली चरतै म्रिघ लै, बींध्या एकज सौण।
हम तौ पंथी पंथ सिरि, हर्‍या चरैगा कौण॥ ७०॥

( ५७ ) ख—

एथि परिघरि उथि घरि, बोवण आए हाट।

नांन्हां काती चित्त दे, महँगे मोलि बिकाइ।
गाहक ताजा राम है, और न नेड़ा आइ॥ ५८॥
डागल उपरि दौड़णां, सुख नींदड़ी न सोइ।
पुनैं पाये द्यौंहड़े, ओछी ठौर न खोइ॥ ५९॥
मैं मैं बड़ी बलाइ है, सकै तौ निकसी भाजि।
कब लग राखौं हे सखी, रूई पलेटी आगि॥ ६०॥
मैं मैं मेरी जिनि करै, मेरी मूल बिनास।
मेरी पग का पैंषड़ा, मेरी गल की पास॥ ६१॥
कबीर नाव जरजरी, कूड़े खेवणहार।
हलके हलके तिरि गये, बूड़े तिनि सिर भार॥६२॥२६२॥

---

(५९) ख–पुन पाया देहड़ी, वोछी ठौर न खोइ॥
(५६) ख में इसके आगे यह दोहा है—
ज्यूं कोलां पेतां बुणैं, बुड़तां आवै वोड़ि।
ऐसा लेखा मीच का, कछु दौड़ि सकैंतो दौड़ि॥७६॥
(६१) ख में इसके आगे ये दोहे हैं—
मेर तेर की जिवड़ी, बसि बंध्या संसार।
कहां सकुणबा सुत कलित, दाझणि बारंबार॥७६॥
मेर तेर की रासड़ीं, बलि बंध्या संसार।
दास कबीरा जिमि बँधैं, जाकै राम अधार॥८२॥
कबीर नाँव जरजरी, भरी बिरांणै भारि।
खेवट सौं परचा नहीं, क्यों करि उतरै पारि॥८३॥
(६२) ख में इसके आगे यह दोहा है—
कबीर पगड़ा दूरि है, जिनकै विचिहै राति।
का जाणौं का होइगा, ऊगवै तै परभाति॥८४॥

## ( १३ ) मन कौ अंग

मन क मतै न चालिये, छाडि जीव की बांणि।
ताकू केरे सूत ज्यूं, उलटि अपूठा आंणि ॥ १ ॥
चिंता चिति निबारिये, फिरि बूझिये न कोइ।
इंद्री पसर मिटाइये, सहजि मिलैगा सोइ ॥ २ ॥
आसा का ईंधण करूं, मनसा करूं बिभूति।
जोगी फेरी फिल करौं, यौं बिननां वैं सूति ॥ ३ ॥
कबीर सेरी सांकड़ी, चंचल मनवां चोर।
गुण गावै लैलीन होइ, कछू एक मन मैं और ॥ ४ ॥
कबीर मारू मन कूं, टूक टूक ह्वै जाइ।
विष की क्यारी बोइ करि, लुणत कहा पछिताइ ॥ ५ ॥
इस मन कौं बिसमल करौं दीठा करौं अदीठ।
जे सिर राखौं आपणां, तौ पर सिरिज अंगीठ ॥ ६ ॥
मन जांणैं सब बात, जाणत ही औगुण करै।
काहे की कुसलात, कर दीपक कूँवै पड़ै ॥ ७ ॥
हिरदा भीतरि आरसी, मुख देषणां न जाइ।
मुख तौ तौपरि देखिए, जे मन की दुविधा जाइ ॥ ८ ॥
मन दीयां मन पाइए, मन बिन मन नहीं होइ।
+ मन उनमन उस अंड ज्यूं, अनल अकासां जाइ ॥ ९ ॥

---

( १ ) ख—केरा तार ज्यूँ।
( २ ) ख—पसर निवारिए।
( ८ ) ख में इसके आगे ये दोहे हैं—

कबीर मन मृघा भया, खेत बिराना खाइ।
सूलां करि करि से किसी, जब खसम पहूँचे आइ ॥ ६ ॥
मन को मन मिलता नहीं, तौ होता तन का भंग।
अब है रहु काली कांवली, ज्यौं दूजा चढ़ै न रंग ॥१०॥

मन गोरख मन गोविंदौ, मन हीं औघड़ होइ।
जे मन राखै जतन करि, तौ आपैं करता सोइ॥ १०॥

एक ज दोसत हम किया, जिस गलि लाल कबाइ।
सब जग धोबी धोइ मरै; तौ भी रंग न जाय॥ ११॥

पांणीं हीं तैं पातला, धूंवाँ ही तैं झीण।
पवनां बेगि उतावला, सो दोसत कबीरै कीन्ह॥ १२॥

कबीर तुरी पलांणियां, चाबक लीयां हाथि।
दिवस थकां सांईं मिलौं, पीछैं पड़िहै राति॥ १३॥

मनवां तौ अधर बस्या, बहुतक झीणां होइ।
आलोकत सचुपाइया, कबहूँ न न्यारा सोइ॥ १४॥

मन न मार्‍या मन करि, सके न पंच प्रहारि।
सील साच सरधा नहीं, इंद्री अजहु उघारि॥ १५॥

कबीर मन बिकुरै पड़्या, गया स्वाद कै साथि।
गलका खाया बरजता, अब क्यूं आवै हाथि॥ १६॥

कबीर मन गाफिल भया, सुमिरण लागै नाहिं।
घणीं सहैगा सासनां, जम की दरगह माहिं॥ १७॥

कोटि कर्म पल मैं करै, बहु मन बिषिया स्वादि।
सतगुर सबद न मानई, जनम गँवाया बादि॥ १८॥

मैमंता मन मारि रे, घटहीं माहैं घेरि।
जबहीं चालै पीठि दे, अंकुस दे दे फेरि॥ १९॥

मैमंता मन मारि रे, नांन्हां करि करि पीसि।
तब सुख पावै सुंदरी, ब्रह्म झलकै सीसि॥ २०॥

कागद केरी नाँव री, पांणी केरी गंग।
कहै कबीर कैसैं तिरूं, पंच कुसंगी संग॥ २१॥

---

(१६) ख में इसके आगे यह दोहा है—
जै तन मांहै मन धरै, मन धरि निर्मल होइ।
साहिब सौं सनमुख रहै, तौ फिरि बालक होइ॥

कबीर यहु मन कत गया, जो मन होता कालिह।
डूंगरि बूठा मेह ज्यूं, गया निवांणां चालि ॥ २२ ॥
मृतक कूं धी जौं नहीं, मेरा मन बी है।
बाजै बाव बिकार की, भी मूवा जीवै ॥ २३ ॥
काटी कूटी मछली, छींकै धरी चहोड़ि।
कोइ एक अषिर मन बस्या, दह मैं पड़ी बहोड़ि ॥ २४ ॥
कबीर मन पंषी भया, वहुतक चढ्या अकास।
उहां हीं तै गिरि पड्या, मन माया के पास ॥ २५ ॥
भगति दुवारा संकड़ा, राई दसवैं भाइ।
मन तौ मैंगल ह्वै रह्यो, क्यूं करि सकै समाइ ॥ २६ ॥
करता था तौ क्यूं रह्या, अब करि क्यूं पछताय।
बोवै पेड़ बबूल का, अंब कहां तैं खाय ॥ २७ ॥
काया देवल मन धजा, विषै लहरि फहराइ।
मन चाल्यां देवल चलै, ताका सर्वस जाइ ॥ २८ ॥
मनह मनोर्थ छाड़ि दे, तेरा किया न होइ।
पांणी मैं घीव नीकसै, तौ रूखा खाइ न कोइ ॥ २९ ॥
काया कसूं कमांण ज्यूं, पंचतत्त करि बांण।
मारौं तौ मन मृग कौं, नहीं तौ मिथ्या जांण ॥३०॥२६२॥

---

(२४) इसके आगे ख में ये दोहे हैं—

मूवा मन हम जीवत देख्या, जैसे मड़िहट भूत।
मूवाँ पीछे उठि उठि लागै, ऐसा मेरा पूत ॥४७॥
मूवै कौंधी जौं नहीं, मन का किसा बिसास।
साधू तब लग डर मरै, जब लग पंजर सास ॥२८॥

(३०) इसके आगे ख में यह दोहा है—

कबीर हरि दिवान कै, कयूंकर पावै दादि।
पहली बुरा कमाइ करि, पीछे करै फिलादि ॥३५॥

## ( १४ ) सूषिम मारग कौ अंग

कौंण देस कहां आइया, कहु क्यूं जांण्यां जाइ।
उहु मार्ग पावैं नहीं, भूलि पड़े इस मांहि ॥ १ ॥

उतीथैं कोइ न आवई, जाकूं बूझौं धाइ।
इतथैं सबै पठाइये, भार लदाइ लदाइ ॥ २ ॥

सबकूं बूझत मैं फिरौं, रहण कहै नहीं कोइ।
प्रीत न जोड़ी राम सूं, रहण कहां थैं होइ ॥ ३ ॥

चलौ चलौं सबको कहै, मोहि अँदेसा और।
साहिब सूं पर्चा नहीं, ए जांहिगें किस ठौर ॥ ४ ॥

जाइबे कौं जागा नहीं, रहिबे कौं नहीं ठौर।
कहै कबीरा संत हौ, अबिगति की गति और ॥ ५ ॥

कबीर मारिग कठिन है, कोई न सकई जाय।
गए ते बहुड़े नहीं, कुशल कहै को आइ ॥ ६ ॥

जन कबीर का सिषर घर, बाट सलैली सैल।
पाव न टिकै पपीलका, लोगनि लादे बैल ॥ ७ ॥

जहां न चींटी चढ़ि सकै गई ना ठहराइ।
मन पवन का गमि नहीं, तहाँ पहूँचे जाइ ॥ ८ ॥

कबीर मारग अगम है, सब मुनिजन बैठे थाकि।
तहां कबीरा चलि गया; गहि सतगुर की साषि ॥ ९ ॥

सुर नर थाके मुनि जनां, जहां न कोई जाइ।
मोटे भाग कबीर के, तहां रहे घर छाइ ॥ १० ॥ ३०२ ॥

---

( २ ) इसके आने ख में यह दोहा है—

कबीर संसा जीव मैं, कोई न कहै समझाइ।
नांनां बांणी बोलता,, सो कत गया बिलाइ ॥ ३ ॥

## ( १५ ) सूषिम जनम कौ अंग

कबीर सूषिम सुरति का, जीव न जांणैं जाल।
कहै कबीरा दूरि करि, आतम अदिष्टि काल ॥ १ ॥
प्रांण पंड कौं तजि चलै, मूवा कहैं सब कोइ।
जीव छतां जांमैं मरै, सूषिम लखै न कोइ ॥२॥२०४॥

———

## ( १६ ) माया कौ अंग

जग हटवाड़ा स्वाद ठग, माया वेसां लाइ।
रामचरन नीकां गही, जिनि जाइ जनम ठगाइ ॥ १ ॥
कबीर माया पापर्णी, फंध ले बैठी हाटि।
सब जग तौ फंधै पड़्या, गया कबीरा काटि ॥ २ ॥
कबीर माया पापड़ीं, लालै लाया लोग।
पूरी किनहूँ न भोगई, इनका इहै विजोग ॥ ३ ॥
कबीर माया पापणीं, हरि सूं करै हराम।
मुखि कड़ियाली कुमति की, कहण न देई राम ॥ ४ ॥

---

( १५–२ ) इसके आगे ये दोहे ख में हैं—

कबीर अंतहकरन मन, करन मनोरथ मांहि।
उपजित उतपति जांणिए, बिनसै जब बिसारांहि ॥ ३ ॥
कबीर संसा दूरि, जांमण मरन भरम।
पंच तत्त तत्तहि मिलै, सुंनि समान मन ॥ ४ ॥

( १६–१ ) ख में इसके आगे यह दोहा है—

कबीर जीभ्या स्वाद तैं क्यूं पल में ले काम।
अंगि अविद्य ऊपजै, जाइ हिरदा मैं राम ॥ २ ॥

जाणौं जे हरि कौं भजौं, मो मनि मोटी आस।
हरि विचि घालै अंतरा, माया बड़ी बिसास ॥ ५ ॥
कबीर माया मोहनी, मोहे जांण सुजांण।
भागां ही छूटै नहीं, भरि भरि मारै बांण ॥ ६ ॥
कबीर माया मोहनी, जैसी मीठी खाँड़।
सतगुर की कृपा भई, नहीं तौ करती भाँड़ ॥ ७ ॥
कबीर माया मोहनी, सब जग घाल्या घांणि।
कोइ एक जन ऊबरै, जिन तोड़ी कुल की कांणि ॥ ८ ॥
कबीर माया मोहनी, माँगी मिलै न हाथि।
मनह उतारी झूठ करि, तब लागी डोलै साथि ॥ ९ ॥
माया दासी संत की, ऊँभी देइ असीस।
विलसी अरु लातौं छड़ी, सुमरि सुमरि जगदीस ॥ १० ॥
माया मुई न मन मुवा, मरि मरि गया सरीर।
आसा त्रिष्णां नां मुई, यौं कहि गया कबीर ॥ ११ ॥
आसा जीवै जग मरै लोग मरे मरि जाइ।
सोइ मूवे धन संचते, सो उबरे जे खाइ ॥ १२ ॥
कबीर सो धन संचिये, जो आगैं कूं होइ।
सीस चढांयें पोटली, ले जात न देख्या कोइ ॥ १३ ॥
त्रीया त्रिष्णाँ पापणीं, तासु प्रीति न जोड़ि।
पैंड़ी चढ़ि पाछां वड़ै, लागै मोटी खोड़ि ॥ १४ ॥
त्रिष्णां सींची नां बुझै, दिन दिन बधती जाइ।
जवासा के रूप ज्यूं, घण मेहां कुमिलाइ ॥ १५ ॥

---

(५) ख०—हरि क्यौं मिलौं।
(११) ख०—यूं कहै दास कबीर।
(१२) ख०—सोई बूड़े जु धन संचते।

कबीर जग की को कहै, भौ जलि बूडैं दास।
पारब्रह्म पति छांड़ि करि, करें मानि की आस ॥ १६ ॥
माया तजि तौ का भया, मानि तजि नहीं जाइ।
मानि बड़े मुनियर मिले, मानि सबनि कौं खाइ ॥ १७ ॥
रांमहिं थोड़ा जांड़ि करि, दुनियां आगैं दीन।
जीवा कौं राजा कहैं, माया के अधीन ॥ १८ ॥
रज वीरज की कली, तापरि साज्या रूप।
रांम नांम बिन बूडिहै, कनक कांमणीं कूप ॥ १९ ॥
माया तरवर त्रिविध का, साखा दुख संताप।
सीतलता सुपिनै नहीं, फल फीकौ तनि ताप ॥ २० ॥
कबीर माया डाकणीं, सब किसही कौं खाइ।
दांत उपाड़ौं पापणीं, जे संतौं नेड़ी जाइ ॥ २१ ॥
नलनी सायर घर किया, दौं लागी बहुतेणि।
जलही माहैं जलि मुई, पूरब जनम लिपेणि ॥ २२ ॥
कबीर गुण की बादली, तो तरवानीं छांहि।
बाहरि रहे ते ऊबरे, भीगे मंदिर माँहिं ॥ २३ ॥
कबीर माया मोह की, भई अँधारी लोइ।
जे सूते ते मुसि लिए, रहे वसत कूं रोइ ॥ २४ ॥
संकल ही तै सब लहै, माया इहि संसार।
ते क्यूं छूटैं बापुड़े, बाँधे सिरजनहार ॥ २५ ॥
बाड़ि चढ़ंती बेलि ज्यूं उलझी आसा फंध।
तूटै पणि छूटै नहीं, भई ज बाचा बंध ॥ २६ ॥

---

(२४) इसके आगे ख० में ये दोहे हैं—
माया काल की खाँड़ि है, धरि त्रिगुणी बपरीति।
जहां जाइ तहां सुख नहीं, यहु माया की रीति ॥२५॥
माया मन की मोहनी, सुर नर रहे लुभाइ।
इनि माया जग खाइया, मायां कौं कोई न खाइ ॥२६॥

सब आसण आसा तणां, निवर्तिकै को नाहिं।
निवरति कै निवहै नहीं, परवर्ति परपंच मांहिं ॥ २७ ॥
कबीर इस संसार का, झूठा माया मोह।
जिहि घरि जिता बंधावणा, तिहिं घरि तिता अँदोह ॥ २८ ॥
माया हमसौं यों कह्या, तू मति दे रे पूठि।
और हमारा हम बलू, गया कबीरा रूठि ॥ २९ ॥
बुगली नीर बटालिया, सायर चढ्या कलंक।
और पँखेरू पी गए, हंस न बोवै चंच ॥ ३० ॥
कबीर माया जिनि मिलै, सौ बरियां दे बांह।
नारद से मुनियर गिलै, किसौ भरौसौ त्यांह ॥ ३१ ॥
माया की झल जग जल्या, कनक कांमिणीं लागि।
कहु धौं किहि विधि राखिये, रुई पलेटी आगि ॥३२॥३४६॥

———

## ( १७ ) चांणक कौ अंग

जीव विलंब्या जीव सौं, अलष न लखिया जाइ।
गोविंद मिलै न झल बुझै, रही बुझाइ बुझाइ ॥ १ ॥
इही उदर कै कारणैं, जग जांच्यौ निस जाम।
स्वांमीं पणौ जु सिर चढ्यो, सर्‍या न एको काम ॥ २ ॥
स्वांमीं हूंणा सोहरा, दोद्धा हूंणां दास।
गाडर आंणीं ऊन कूं, बांधी चरै कपास ॥ ३ ॥
स्वांमीं हूवा सीतका, पैका कार पचास।
राम नांम कांठै रह्या, करैं सिषाँ की आस ॥ ४ ॥
कबीर तष्टा टोकणीं, लीए फिरै सुभाइ।
राम नांम चीन्हैं नहीं, पीतलि ही कै चाइ ॥ ५ ॥

---

( २९ ) ख०—गया कबीरा छूटि।
( ३२ ) ख०—रुई लपेटी आगि।

कलि का स्वांमी लोभिया, पीतलि धरी षटाइ।
राज दुवारां यौं फिरै, ज्यूं हरिहाई गाइ ॥ ६ ॥
कलि का स्वांमीं लोभिया, मनसा धरी बधाइ।
दैंहि पईसा ब्याज कौं, लेखाँ करतां जाइ ॥ ७ ॥
कबीर कलि खोटी भई, मुनियर मिलै न कोइ।
लालच लोभी मसकरा, तिनकूं आदर होइ ॥ ८ ॥
चारिउं वेद पढ़ाइ करि, हरि सूं न लाया हेत।
बालि कबीरा ले गया, पंडित ढूंढै खेत ॥ ९ ॥
बांह्मण गुरू जगत का, साधूं का गुरु नाहिं।
उरझि पुरझि करि मरि रह्या, चारिउँ वेदां माहिं ॥ १० ॥
साषित सण का जेवड़ा, भींगां सूं कठठाइ।
दोइ अषिर गुरु बाहिरा, बांध्या जमपुरि जाइ ॥ ११ ॥

---

( ८ ) ख०—कबीर कलिजुग आइया।
( ९ ) ख०—चारिवेद पंडित पढ्या, हरि सौं किया न हेत।
( १० ) ख०—बांह्मण गुरु जगत का, भर्म कर्म का पाइ।
उलझि पुलझि करि मरि गया, चार्यौ वेंदा मांहि ॥
( १० ) इसके आगे ख० में ये दोहे हैं—
कलि का बाह्मण मसकरा, ताहि न दीजै दान।
स्यौं कुटंउ नरकहि चलै साथ चल्या जजमान ॥ ११ ॥
बाह्मण बूड़ा बापुड़ा, जेनेऊ कै जोरि।
लख चौरासी मां गेलई, पारब्रह्म सौं तोड़ि ॥ १२ ॥
( ११ ) इसके आगे ख० में ये दोहे हैं—
कबीर साषत की सभा, तूं जिनि बैसे जाइ।
एक दिवाड़ै क्यूं वड़ै, रोंझ गदेहड़ा गाइ ॥ १४ ॥
साषत ते सूकर भला, सूचा राखे गाँव।
बूड़ा साषत बापुड़ा, बैसि सभरणी नाँव ॥ १५ ॥
साषत बाह्मण जिनि मिलै, बैसनौ मिलौ चँडाल।
अंक माल दै भेंटिए, मानूं मिले गोपाल ॥ १६ ॥

पाड़ोसी सू रूसणां, तिल तिल सुख की हांणि।
पंडित भए सरावगी, पाणी पीवें छांणि ॥ १२ ॥
पंडित सेती कहि रह्या, भीतरि भेद्या नाहिं।
औरूं कौं परमोधतां, गया मुहरकां मांहि ॥ १३ ॥
चतुराई सूवै पढ़ी, सोई पंजर मांहि।
फिरि प्रमोधै आंन कौं, आपण समझै नाहिं ॥ १४ ॥
रासि पराई राषतां, खाया घर का खेत।
औरों कौं प्रमोधतां, मुख मैं पड़िया रेत ॥ १५ ॥
तारा मंडल वैसि करि, चंद बड़ाई खाइ।
उदै भया जब सूर का, स्यूं तारां छिपि जाइ ॥ १६ ॥
देषण के सबको भले, जिसे सीत के कोट।
रवि कै उदै न दीसहीं, बँधै न जल की पोट ॥ १७ ॥
तीरथ करि करि जग मुवा, डूंघै पांणीं न्हाइ।
रांमहि रांम जपंतडां, काल घसीट्यां जाइ ॥ १८ ॥
कासी कांठैं घर करैं, पीवैं निर्मल नीर।
मुकति नहीं हरि नांव बिन, यौं कहै दास कबीर ॥ १९ ॥
कबीर इस संसार कौं, समझाऊँ कै बार।
पूंछ ज पकड़ै भेद की, उतर्‍या चाहै पार ॥ २० ॥

---

(१३) ख०—कबीर व्यास कथा कहै, भीतरी भेदै नाहिं।

(१५) इसके आगे ख० में यह दोहा है—

कबीर कहै पीर कूं, तूं समझावै सब कोइ।
संसा पड़गा आपकौ, तौ और कहैं का होइ ॥२१॥

(१७) इसके आगे ख० में यह दोहा है—

सुणत सुणावत दिन गए, उलझि न सुलझ्या मान।
कहै कबीर चेत्यौ नहीं, अजहुँ पहलौ दिन ॥२४॥

कबीर मन फूल्या फिरै, करता हूँ मैं ध्रंम।
कोटि क्रम सिरि ले चल्या, चेत न देखै भ्रंम ॥ २१ ॥
मोर तोर की जेवडी, बलि बंध्या संसार।
कां सिकडूं बासुत कलित, दाझण बारंबार ॥२२॥३६८॥

———

## (१८) करणीं बिना कथणीं कौ अंग

कथणीं कथी तो क्या भया, जे करणीं नां ठहराइ।
कालबूत के कोट ज्यूं, देषतही ढहिं जाइ ॥ १ ॥
जैसी मुख तैं नीकसै, तैसी चालै चाल।
पारब्रह्म नेड़ा रहै, पल मैं करै निहाल ॥ २ ॥
जैसी मुष तैं नीकसै, तैसी चालै नाहिं।
मानिष नहीं ते स्वान गति, बांध्या जमपुर जांहिं ॥ ३ ॥
पद गोएँ मन हरषियाँ, साषी कह्यां अनंद।
सो तत नांव न जांणियां, गल मैं पड़िया फँध ॥ ४ ॥
करता दीसै कीरतन ऊँचा करि करि तूंड।
जांणैं बूझै कुछ नहीं, यौंही आंधां रूंड ॥५॥३७३॥

———

## (१९) कथणीं बिना करणीं कौ अंग

मैं जांन्यूं पढ़िबौ भलौ, पढ़िबा थैं भलौ जोग।
रांम नांम सूं प्रीति करि, भल भल नींदौ लोग ॥ १ ॥
कबीर पढ़िबा दूरि करि, पुसतक देइ बहाइ।
बांवन आषिर सोधि करि, ररैं ममैं चित लाइ ॥ २ ॥
कबीर पढ़िबा दूरि करि, आथि पढ्या संसार।
पीड़ न उपजी प्रीति सूं, तौ क्यूं करि करै पुकार ॥ ३ ॥

---

( १८-४ ) ख०—गल मैं पड़ि गया फंध।

पोथी पढ़ि पढ़ि जग मुवा, पंडित भया न कोइ।
एकै अपिर पीव का, पढ़ै सु पंडित होइ ॥ ४ ॥३७७॥

---

## ( २० ) काम नरीं कौ अंग

कांमणि काली नागणीं, तीन्यूं लोक मँझारि।
रांम सनेही ऊबरे, विषई खाये झारि ॥ १ ॥
कांमणि मींनीं षांणि की, जे छेड़ौं तौ खाइ।
जे हरि चरणां राचियां, तिनके निकटि न जाइ ॥ २ ॥
पर नारी राता फिरैं, चोरी बिढ़ता खांहिं।
दिवस चारि सरसा रहै, अंति समूला जांहिं ॥ ३ ॥
पर - नारी पर - सुंदरी, विरला वंचै कोइ।
खातां मींठी खाँड सी, अंति कालि विष होइ ॥ ४ ॥
पर-नारी कै राचणौं, औगुण है गुण नांहि।
पार समंद मैं मंछला, केता वहि वहि जांहिं ॥ ५ ॥
पर-नारी को राचणौं, जिसी ल्हसण की षांनि।
षूणैं वैसि रषाइए, परगट होइ दिवानि ॥ ६ ॥
नर नारी सब नरक है, जब लग देह सकाम।
कहै कबीर ते रांम के, जे सुमिरैं निहकाम ॥ ७ ॥
नारी सेती नेह, बुधि बवेक सबहीं हरै।
कांइ गमावैं देह, कारिज कोई नां सरै ॥ ८ ॥

---

( २०-४ ) इसके आगे ख प्रति में ये दोहे हैं—

जहां जलाई सुंदरी, तहां तहां तू जिनि जाइ कबीर।
भसमी है करि जासिसी, सो मैं सवाँ सरीर ॥ ५ ॥
नारी नाहीं माहरी, करै नैन की चोट।
कोई एक हरिजन ऊबरै, पारब्रह्म की ओट ॥ ६ ॥

( ६ ) क०—प्रगट होइ निदानि।

नाना भोजन स्वाद सुख, नारी सेती रंग ।
बेगि छाड़ि पछिताइगा, ह्वै है मूरति भंग ॥ ९ ॥
नारि नसावैं तीनि सुख, जा नर पासैं होइ ।
भगति मुकति जिन ग्यान मैं, पैसि न सकई कोइ ॥ १० ॥
एक कनक अरु कांमनीं, विष फल कीएउ पाइ ।
देखै हीं थैं विष चढ़ै, खांयें सूं मरि जाइ ॥ ११ ॥
एक कनक अरु कांमनी, दोऊ अगनि की झाल ।
देखें हीं तन प्रजलै, परस्यां ह्वैं पैमाल ॥ १२ ॥
कबीर भग की प्रीतड़ी, केते गए गडंत ।
केते अजहूँ जाइसी, नरकि हसंत हसंय ॥ १३ ॥
जोरू जूठणि जगत की, भले बुरे का बीच ।
उत्यम ते अलगे रहैं, निकटि रहैं तें नीच ॥ १४ ॥
नारी कुंड नरक का, बिरला थंभै बाग ।
कोइ साधू जन ऊबरै, सब जग मूवा लाग ॥ १५ ॥
सुंदरि थैं सूली भली, बिरला बंचै कोइ ।
लोह निहाला अगनि मैं, जलि बलि कोइला होय ॥ १६ ॥
अंधा नर चेतै नहीं, कटै न संसै सूल ।
और गुनह हरि बकससी, कांमीं डाल न मूल ॥ १७ ॥
भगति बिगाड़ी कांमियां, इंद्री केरै स्वादि ।
हीरा खोया हाथ थैं, जनम गँवाया वादि ॥ १८ ॥
कांमीं अमीं न भावई, विषई कौं ले सोधि ।
कुबधि न जाई जीव की, भावै स्यंभ रहौ प्रमोधि ॥ १९ ॥
विषै विलंबी आतमां, ताका मजकण खाया सेधि ।
ग्यांन अकुर न ऊगई, भावै निज प्रमोध ॥ २० ॥

---

( १३ ) ख—नरकि हसंत हसत ।

बिषै कर्म की कंकुली, पहरि हुआ नर नाग।
सिर फोड़ै सूझै नहीं को आगिला अभाग ॥ २१ ॥
कांमीं कदे न हरि भजै, जपै न केसौ जाप।
रांम कह्यां थैं जलि मरै, को पूरिबला पाप ॥ २२ ॥
कांमीं लज्या नां करै, मन मांहै अहिलाद।
नीद न मांगै सांथरा भूष न मांगै स्वाद ॥ २३ ॥
नारि पराई आपणीं, भुगत्या नरकहिं जाइ।
आगि आगि सबरौ कहै, तामैं हाथ न बाहि ॥ २४ ॥
कबीर कहता जात हौं, चेतै नहीं गँवार।
बैरागी गिरही कहा, कामी वार न पार ॥ २५ ॥
ग्यांमीं तौ नींडर भया, मांनैं नांहीं शंक।
इंद्री केरे बसि पड़्या, भूँचै बिषै निसंक ॥ २६ ॥
ग्यांनी मूल गँवाइया, आपण भये करता।
ताथैं संसारी भला, मन मैं रहै डरता ॥ २७ ॥ ४०४ ॥

---

## ( २१ ) सहज कौ अंग

सहल सहज सबकौ कहै, सहज न चीन्हैं कोइ।
जिन्ह सहजैं बिषिया तजी, सहज कहीजै सोइ ॥ १ ॥

---

( २२ ) इसके आगे ख प्रति में यह दोहा है—
रांम कहंता जे खिजैं, कोढ़ी ह्वै गलि जांहि।
सूकर होइ करि औतरैं, नांक बूडतैं खांहि ॥२५॥

(२३) इसके आगे ख० में यह दोहा है—
कामी थैं कूतौ भलौ, खोले एक जु काछ।
रांम नांम जाणै नहीं, बाँबी जेही बाच ॥२७॥

(२७) इसके आगे ख प्रति में यह दोहा है—
कांम कांम सबको कहैं, काम न चीन्है कोइ।
जेती मन में कांमना, काम कहीजै सोइ ॥३२॥

सहज सहज सबको कहै, सहज न चीन्हैं कोइ।
पाँचू राखै परसती, सहज कहीजै सोइ॥ २॥
सहजैं सहजैं सब गए, सुत बित कांमणि कांम।
एकमेक ह्वै मिलि रह्या, दासि कबीरा रांम॥ ३॥
सहज सहज सबको कहै, सहज न चीन्हैं कोइ।
जिन्ह सहजैं हरिजी मिलै, सहज कहीजै सोइ॥४॥४०८॥

———

## ( २२ ) साँच कौ अंग

कबी पूंजी साह की, तूं जिनि खोवै ष्वार।
खरी बिगूचनि होइगी, लेखा देती बार॥ १॥
लेखा देणां सोहरा, जे दिल साँचा होइ।
उस चंगे दीवांन मैं, पला न पकड़ै कोइ॥ २॥
कबीर चित चमंकिया, किया पयाना दूरि।
काइथि कागद काढ़िया, तब दरिगह लेखा पूरि॥ ३॥
काइथि कागद काढिया तब लेखै वार न पार।
जब लग सांस सरीर मैं, तब लग रांम सँभार॥ ४॥
यहु सब झूठी बंदिगी, बरियां पंच निवाज।
साचै मारै झूठ पढि; काजी करै अकाज॥ ५॥
कबीर काजी स्वादि बसि, ब्रह्म हतै तब दोइ।
चढि मसीति एकै कहै, दरि क्यूं साचा होइ॥ ६॥
काली मुलां भ्रंमियां, चल्या दुनीं कै साथि।
दिल थैं दींन बिसरिया, करन लई जब हाथि॥ ७॥
जोरी करि जिबहै करैं, कहते हैं ज हलाल।
जब दफतर देखैगा दई, तब ह्वैगा कौण हवाल॥ ८॥

जोरी कीयां जुलम है, मांगै न्याव खुदाइ।
खालिक दरि खूनी खड़ा, मार मुहे मुहिं खाइ ॥ ९ ॥
सांई सेती चोरियां, चोरां सेती गुझ।
जांणैंगा रे जीवड़ा, मार पड़ैगी तुझ ॥ १० ॥
सेप सबूरी बाहिरा, क्या हज कावै जाइ।
जिनकी दिल स्यावति नहीं, तिनकौं कहां खुदाइ ॥ ११ ॥
खूब खांड़ है खीचड़ी, मांहि पड़ै टुक लूंण।
पेड़ा रोटी खाइ करि, गला कटावै कौंण ॥ १२ ॥
पापी पूजा बैसि करि, भषैं मांस मद दोइ।
तिनकी दष्या मुकति नहीं, कोटि नरक फल होइ ॥ १३ ॥
सकल वरण इकत्र ह्वै, सकति पूजि मिलि खांहि।
हरि दासनि की भ्रांति करि, केवल जमपुरि जांहि ॥ १४ ॥
कबीर लज्या लोक की, सुमिरै नांहीं साच।
जानि बूझि कंचन तजै, काठा पकड़ै काच ॥ १५ ॥
कबीर जिनि जिनि जांणियाँ, करता केवल सार।
सो प्रांणीं काहै चलै, झूठे जग की लार ॥ १६ ॥
झूठे कौं झूठा मिलै, दूणां वधै सनेह।
झूठे कूं साचा मिलै, तब ही तूटै नेह ॥१७॥४२५॥

———

## (२३) भ्रम विधौंसण कौ अंग

पांहण केरा पूतला, करि पूजैं करतार।
इही भरोसै जे रहे, ते बूड़े काली धार ॥ १ ॥
काजल केरी कोठरी, मसि के कर्म कपाट।
पांहनि बोई पृथमीं, पंडित पाड़ी बाट ॥ २ ॥

पांहन कु का पूजिए, जे जनम न देई जाव।
आंधा नर आसामुषी, यौंहीं खोवै आव ॥ ३ ॥
हम भी पांहन पूजते, होते रन के रोझ।
सतगुर की कृपा भई, डार्‌‍या सिर थैं बोझ ॥ ४ ॥
जेती देषौं आत्मा, तेता सालिगरांम।
साधू प्रतषि देव हैं, नहीं पाथर सू कांम ॥ ५ ॥
सेवैं सालिगरांम कूं, मन की भ्रांति न जाइ।
सीतलता सुपिनैं नहीं, दिन दिन अधकी लाइ ॥ ६ ॥
सेवैं सालिगरांम कूं, माया सेती हेत।
वोढें काला कापड़ा, नांव धरावैं सेत ॥ ७ ॥
जप तप दीसैं थोथरा, तीरथ व्रत वेसास।
सूवै सैं वल सेविया, यौं जग चल्या निरास ॥ ८ ॥
तीरथ त सब वेलड़ी, सब जग मेल्या छाइ।
कबीर मूल निकंदिया, कौंण हलाहल खाइ ॥ ९ ॥
मन मथुरा दिल द्वारिका, काया कासी जांणि।
दसवां द्वारा देहुरा, तामैं जोति पिछांणि ॥ १० ॥
कबीर दुनियां देहुरै, सीस नवांवण जाइ।
हिरदा भीतरि हरि बसै, तूं ताही सौं ल्यौ लाइ ॥ ११ ॥ ४३६ ॥

———

(३) इसके आगे ख प्रति में ये दोहे हैं—
पाथर हीं का देहुरा, पाथर ही का देव।
पूजणहारा अंधला, लागा खोटी सेव ॥ ४ ॥
कबीर गुड की गमि नहीं, पांहण दिया बनाइ।
सिष सोधी बिन सेविया, पारि न पहुँच्या जाइ ॥ ५ ॥
(४) ख०—होते जंगल के रोझ।

## ( २४ ) भेष कौ अंग

कर सेती माला जपै, हिरदै वहै डंडूल।
पग तौ पाला मैं गिल्या, भाजण लागी सूल॥ १॥
कर पकरैं अंगुरी गिनैं, मन धावै चहुँ वोर।
जाहि फिरांयां हरि मिलै, सो भया काठ की ठौर॥ २॥
माला पहरैं मनमुषी, ताथैं कछू न होइ।
मन माला कौं फेरतां, जुग उजियारा सोइ॥ ३॥
माला पहरे मनमुषी, वहुतैं फिरैं अचेत।
गांगी रोलै वहि गया, हरि सूं नांहीं हेत॥ ४॥
कवीर माला काठ की, कहि समझावै तोहि।
मन न फिरावै आपणां, कहा फिरावै मोहि॥ ५॥
कवीर माला मन की, और सँसारी भेष।
माला पहर्यां हरि मिलै, तौ अरहट कै गलि देष॥ ६॥
माला पहर्यां कुछ नहीं, रुल्य मूवा इहि भारि।
वाहरि ढोल्या हींगलू, भीतरि भरी भँगारि॥ ७॥
माला पहर्यां कुछ नहीं, काती मन कै साथि।
जब बग हरि प्रगटै नहीं तब लग पड़ता हाथि॥ ८॥

---

( ५ ) ख प्रति में इसके आगे यह दोहा है—

कवीर माला काठ की, मेल्ही मुगधि झुलाइ।
सुमिरण की सोधी नहीं, जांणैं डीगरि घालीं जाइ॥ ६॥

( ६ ) इसके आगे ख० में यह दोहा है—

माला फेरत जुग भया, पाय न मन का फेर।
कर का मन का छाड़ि दे, मन का मनका फेर॥ ८॥

माला पहर्‍यां कुछ नहीं, गांठि हिरदा की खोइ।
हरि चरनूं चित राखिये, तौ अमरापुर होइ॥ ९॥
माला पहर्‍यां कुछ नही, भगति न आई हाथि।
माथौ मूंछ मुंडाइ करि, चल्या जगत कै साथि॥ १०॥
सांईं सेंती साँच चलि, औरां सूं सुध भाइ।
भावै लंबे केस करि, भावै घुरड़ि मुड़ाइ॥ ११॥
केसौं कहा बिगाड़िया, जे मूंडै सौ बार।
मन कौं काहे न मूंडिए, जामैं बिषै बिकार॥ १२॥
मन मैवासी मूंडि ले, केसौं मूंडे कांइ।
जे कुछ किया सु मन किया, केसौं कीया नांहि॥ १३॥
मूंड मुंडावत दिन गए, अजहूँ न मिलिया राम।
रांम नांम कहु क्या करै, जे मन के औरै कांम॥ १४॥
स्वांग पहरि सोरहा भया, खाया पीया पूंदि।
जिहि सेरी साधू नीकले, सो तौ मेल्ही मूंदि॥ १५॥
वैसनौं भया तौ का भया, बूझा नहीं बबेक।
छापा तिलक बनाइ करि, दगध्या लोक अनेक॥ १६॥
तन कौं जोगी सब करैं, मन कौं बिरला कोइ।
सब सिधि सहजै पाइए, जे मन जोगी होइ॥ १७॥
कबीर यहु तौ एक है, पड़दा दीया भेष।
भरम करम सब दूरि करि, सबहीं मांहिं अलेष॥ १८॥

---

( ९ ) ख० में इसके आगे यह दोहा है—

माला पहरयां कुछ नहीं, ब्राह्मण भगत न जाण।
ब्यांह सरांधां कारटां, उंभू वैसे ताणि॥ १२॥

( ११ ) ख०—साधौं सौं सुध भाइ।

( १५ ) ख०—जिहि सेरी साधू नीसरै, सो सेरी मेल्ही मूँदि॥

भरम न भागा जीय का, अनंतहि धरिया भेष।
सतगुर परचै बाहिरा, अंतरि रह्या अलेष ॥ १९ ॥
जगत जहंदम राचिया, झूठे कुल की लाज।
तन बिनसें कुल बिनसि है, गह्यौ न रांम जिहाज ॥ २० ॥
पष ले बूडी पृथमीं, झूठी कुल की लार।
अलष बिझाऱ्यौ भेष मैं, बूडे काली धार ॥ २१ ॥
चतुराई हरि नां मिलै, ए बातां की बात।
एक निसप्रेही निरधार का, गाहक गोपीनाथ ॥ २२ ॥
नवसत साजे कांमनीं, तन मन रही सँजोइ।
पीव कै मनि भावै नहीं पटम कीयें क्या होइ ॥ २३ ॥
जब लग पीव परचा नहीं कन्यां कँवारी जांणि।
हथ लेवा हौंसैं लिया, मुसकाल पड़ी पिछांणि ॥ २४ ॥
कबीर हरि की भगति का, मन मैं परा उल्हास।
मैंवासा भाजै नहीं, हूण मतै निज दास ॥ २५ ॥
मैंवासा मोई किया, दुरिजन काढ़े दूरि।
राज पियारे रांम का, नगर बस्या भरिपूरि ॥२६॥४६२॥

---

## ( २५ ) कुसंगति कौ अंग

निरमल बूंद अकास की, पड़ि गई भोमि बिकार।
मूल बिनंठा मांनवी, बिन संगति भठछार ॥ १ ॥
मूरिष संग न कीजिए, लोहा जलि न तिराइ।
कदली सीप भवंग मुषी, एक बूंद तिहुं भाइ ॥ २ ॥
हरिजन सेती रूसणां, संसारी सूं हेत।
ते नर कदे न नीपजै, ज्यूं कालर का खेत ॥ ३ ॥
मारी मरूं कुसंग की केला कांठै बेरि।
वो हालै वो चीरिये, साषित संग न बेरि ॥ ४ ॥

मेर नींसांणी मीच की, कुसंगति ही काल।
कबीर कहै रे प्रांणियां वांणी ब्रह्म सँभाल ॥ ५ ॥
माषी गुड़ मैं गडि रही, पंष रही लपटाइ।
ताली पींटै सिरी धुनैं, मीठै बोई माइ ॥ ६ ॥
ऊँचै कुल क्या जनमियाँ, जे करणीं ऊँच न होइ।
सावन कलस सुरै भरया, साधूं निंद्या सोइ ॥७॥२६६॥

---

## ( २६ ) संगति कौ अंग

देखा देखी पाकड़ै, जाइ अपरचै छूटि।
बिरला कोई ठाहरै, सतगुर सांमीं मूठि ॥ १ ॥
देखा देखी भगति है, कदे न चढ़ई रंग।
बिपति पड़या यूं छाड़सी, ज्यूं कंचुली भवंग ॥ २ ॥
करिए तौ करि, जांणिये, सारीषा सूं संग।
लीर लीर लोई थई, तऊ न छाड़ै रंग ॥ ३ ॥
यहु मन दीजे तास कौं, सुठि सेवग भल सोइ।
सिर ऊपरि आरास है, तऊ न दूजा होइ ॥ ४ ॥
पांहण टांक न तौलिए, हाडि न कीजै वेह।
माया राता मांनवीं, तिन सूं किसा सनेह ॥ ५ ॥
कबीर तासूं प्रीति करि, जी निरबाहै ओड़ि।
बनिता बिविध न राचिये, देषत लागै षोड़ि ॥ ६ ॥
कबीर तन पंषी भया, जहां मन तहां उड़ि जाइ।
जो जैसी संगति करै, सो तैसे फल खाइ ॥ ७ ॥

---

( ५ ) इसके आगे ख प्रति में यह दोहा है—
कबीर केहनैं क्या बणैं, अणमिलता सौ संग।
दीपक कै भावै नहीं, जलि जलि परै पतंग ॥६॥

( २६-४ ) ख०—तऊ न न्यारा होइ।

काजल केरी कोठड़ी, तैसा यहु संसार।
बलिहारी ता दास की, पै सिर निकसणहार ॥८॥४७७॥

---

## ( २७ ) असाध कौ अंग

कबीर भेष अतीत का, करतूति करै अपराध।
बाहरि दीसै साध गति, माहैं महा असाध ॥ १ ॥
उज्जल देखि न धीजिये, बग ज्यूं माँडै ध्यान।
धोरै बैठि चपेटसी, यूं ले बूडै ग्यांन ॥ २ ॥
जेता मीठा बोलणां, तेता साध न जांणि।
पहली थाह दिखाइ करि, ऊँडै देसी आंणि ॥३॥४८०॥

---

## ( २८ ) साध कौ अंग

कबीर संगति साध की, कदे न निरफल होइ।
चंदन होसी बांवना, नीब न कहसी कोइ ॥ १ ॥
कबीर संगति साध की, बेगि करीजै जाइ।
दुरमति दूरि गँवाइसी, देसी सुमति बताइ ॥ २ ॥
मथुरा जावै द्वारिका, भावै जावै जगनाथ।
साध संगति हरि भगति बिन, कछु न आवै हाथ ॥ ३ ॥
मेरे संगी दोइ जणां, एक वैष्णों एक राम।
वो है दाता मुकति का, वो सुमिरावै नांम ॥ ४ ॥

---

( २६–८ ) ख०—पैसि जु निकसणहार।
( २७–३ ) ख०—तेता भगति न जाणि।
( २८–४ ) ख०—सुमिरावै राम।

कबीर वन वन बन मैं फिरा, कारणिं आपणैं रांम ।
रांम सरीखे जन मिले, तिन सारे सब काम ॥ ५ ॥
कबीर सोइ दिन भला, जा दिन संत मिलांहिं ।
अंक भरे भरि भेंटिया, पाप सरीरौं जांहि ॥ ६ ॥
कबीर चंदन का बिड़ा, बैठ्या आक पलास ।
आप सरीखे करि लिए, जे होते उन पास ॥ ७ ॥
कबीर खाई कोट की, पांणीं पिवै न कोइ ।
जाइ मिलै जब गंग मैं, तब सब गंगोदिक होइ ॥ ८ ॥
जांनि बूझि साचहि तजैं, करैं झूठ सूँ नेह ।
ताकी संगति राम जी, सुपिनैं ही जिनि देहु ॥ ९ ॥
कबीर तास मिलाइ, जास हियाली तूं बसै ।
नहीं तर वेगि उठाइ, नित का गंजन को सहै ॥१०॥
केती लहरि समंद की, कत उपजै कत जाइ ।
बलिहारी ता दास की, उलटी मांहि समाइ ॥११॥
काजल केरी कोटड़ी, काजल ही का कोट ।
बलिहारी ता दास की, जे रहै राम की ओट ॥१२॥
भगति हजारी कपड़ा, तामैं मल न समाइ ।
साषित काली कॉबली, भावै तहां बिछाइ ॥१३॥४९३॥

———

## (२९) साध साषीभूत कौ अंग

निरवैरी निह-कांमता, सांई सेती नेह ।
विषिया सूं न्यारा रहै, संतनि का अंग एह ॥ १ ॥

---

( २८–११ ) इसके आगे ख प्रति में यह दोहा है—
पंच बल धिया फिरि कड़ी, ऊझड़ ऊजड़ि जाइ ।
बलिहारी ता दास की, बवकी अणांवै ठांइ ॥१२॥

संत न छाड़ै संतई, जे कोटिक मिलैं असंत।
चँदन भुवंगा वेठिया, तउ सीतलता न तजंत ॥ २ ॥
कबीर हरि का भांवता, दूरैं थैं दीसंत।
तन षीणां मन उनमनां, जग रूठड़ा फिरंत ॥ ३ ॥
कबीर हरि का भांवता, झीणां पंजर तास।
रैणि न आवै नींदड़ी, अंगि न चढ़ई मास ॥ ४ ॥
अणरता सुख सोवणां, रातै नींद न आइ।
ज्यूं जल टुटै मंछली, यूं वेलत बिहाइ ॥ ५ ॥
जिन्य कुछ जाण्यां नहीं, तिन्ह सुख नींदड़ी बिहाइ।
भैर अबूझी दूझिया, पूरी पड़ी बलाइ ॥ ६ ॥
जांण भगत का नित मरण, अण जांणें का राज।
सर अपसर समझै नहीं, पेट भरण सूं काज ॥ ७ ॥
जिहि घटि जांण बिनाण है, तिहि घटि आवटणां घणा।
बिन षंडै संग्रांम है, नित उठि मन सौं झूझणां ॥ ८ ॥
रांम बियोगी तन बिकल, ताहि न चीन्हैं कोइ।
तंबोली के पांन ज्यूं, दिन दिन पीला होइ ॥ ९ ॥
पीलक दौड़ी सांइयां, लोग कहै पिंड रोग।
छांनै लंघण नित करै, रांम पियारे जोग ॥ १० ॥
काम मिलावै रांम कूं, जे कोई जांणै राषि।
कबीर बिचारा क्या करै, जाकी सुखदेव बोलैं साषि ॥ ११ ॥
कांमणि अंग बिरकत भया, रत भया हरि नांइ।
साषी गोरखनाथ ज्यूं, अमर भये कलि मांहिं ॥ १२ ॥

---

( ४ ) ख०—अंगनि बाढ़ै वास।
( ५ ) ख०—तलफत रैंण बिहाइ।
(१२) ख०—सिध भए कलि मांहिं।

जदि विषै पियारी प्रीति सूं, तब अंतरि हरि नांहिं।
जब अंतर हरि जी बसै, तब विषिया सूं चित नांहिं ॥ १३ ॥
जिहिं घट मैं संसौ बसै, तिहिं घटि रांम न जोइ।
रांम सनेही दास विचि, तिणां न संचर होइ ॥ १४ ॥
स्वारथ को सबको सगा, जब सगलाही जांणि।
बिन स्वारथ आदर करै, सो हरि की प्रीति पिछांणि ॥ १५ ॥
जिहि हिरदै हरि आइया, सो क्यूं छांनां होइ।
जतन जतन करि दाबिये, तऊ उजाला सोइ ॥ १६ ॥
फाटै दीदै मैं फिरौं, नजरि न आवै कोइ।
जिहि घटि मेरा सांइयां, सो क्यूं छांनां होइ ॥ १७ ॥
सब घटि मेरा सांइयां, सूनीं सेज न कोइ।
भाग तिन्हौं का हे सखी, जिहि घटि परगट होइ ॥ १८ ॥
पावक रूपी रांम है, घटि घटि रह्या समाइ।
चित चकमक लागै नहीं, ताथैं धूंवां ह्वै ह्वै जाइ ॥ १९ ॥
कबीर खालिक जागिया, और न जागै कोइ।
कै जागै विषई विष भर्‍या, कै दास वंदगी होइ ॥ २० ॥
कबीर चाल्या जाइ था, आगैं मिल्या खुदाइ।
मींरां मुझ सौं यौं कह्या, किनि फुरमाई गाइ ॥ २१ ॥ ५१४ ॥

---

## (३०) साध महिमां कौ अंग

चंदन की कुटकी भली, नां बंबूर की अबरांउं।
बैश्नों की छपरी भली, नां साषत का बड गाउँ ॥ १ ॥
पुरपाटण सूबस बसै, आनंद ठांयें ठांइ।
रांम सनेही बाहिरा, ऊजँड़ मेरे भाइ ॥ २ ॥

---

( २९-१ ) ख०—चंदन की चूरी भली।

जिहिं घरि साध न पूजिये, हरि की सेवा नांहि।
ते घर मड़हट सारपे, भूत बसै तिन मांहि ॥ ३ ॥
है गै गैंवर सघन घन, छत्र धजा फरराइ।
ता सुख थैं भिष्या भली, हरि सुमिरत दिन जाइ ॥ ४ ॥
है गै गैंवर सघन घन, छत्रपती की नारि।
तास पटंतर नां तुलै, हरिजन की पनिहारि ॥ ५ ॥
क्यूं नृप नारी नींदये, क्यूं पनिहारी कौं मांन।
वा मांग संवारै पीव कौं, वा नित उठि सुमिरै राम ॥ ६ ॥
कबीर धनि ते सुंदरी, जिनि जाया बैसनौं पूत।
रांम सुमिर निरभै हुवा, सब जग गया अऊत ॥ ७ ॥
कबीर कुल तौ सो भला, जिहि कुल उपजै दास।
जिहिं कुल दास न ऊपजै, सो कुल आक पलास ॥ ८ ॥
साषत बांभण मति मिलै, बैसनौं मिलै चँडाल।
अंक माल दे भेटिये, मांनौं मिले गोपाल ॥ ९ ॥
रांम जपत दालिद भला, टूटी घर की छांनि।
ऊँचे मंदिर जालि दे, जहां भगति न सारंगपांनि ॥१०॥
कबीर भया है केतकी, भवर भये सब दास।
जहां जहां भगति कबीर की, तहां तहां रांम निवास ॥११॥५२५॥

———

## ( ३१ ) मधि कौ अंग

कबीर मधि अंग जेको रहै, तौ तिरत न लागै बार।
दुहु दुहु अंग सूं लागि करि, डूबत है संसार ॥ १ ॥
कबीर दुबिधा दूरि करि, एक अंग है लागि।
यहु सीतल वहु तपति है, दोऊ कहिये आगि ॥ २ ॥

---

( ६ ) 'वा मांग' या 'वामांग' दोनों पाठ हो सकता है।

अनल अकासां घर किया, मधि निरंतर बास।
बसुधा ब्यौम बिरकत रहै, बिनठा हर बिसवास॥ ३॥
बासुरि गमि न रैंणि गमि, नां सुपनैं तरगंम।
कबीर तहां बिलंबिया, जहां छांहड़ी न धंम॥ ४॥
जहि पैंडै पंडित गए, दुनियां परी बहीर।
औघट घाटी गुर कही, तिहिं चढ़ि रह्या कबीर॥ ५॥
अगनृकथैं हूँ रह्या, सतगुर के प्रसादि।
चरन कवँल की मौज मैं, रहिस्यूं अंतिरु आदि॥ ६॥
हिंदू मूये रांम कहि, मुसलमान खुदाइ।
कहै कबीर सो जीवता, दुह मैं कदे न जाइ॥ ७॥
दुखिया मूवा दुख कौं, सुखिया सुख कौं झूरि।
सदा अनंदी रांम के, जिनि सुख दुख मेल्हे दूरि॥ ८॥
कबीर हरदी पीयरी, चूना ऊजल भाइ।
रांम सनेही यूं मिले, दून्यूं बरन गँवाइ॥ ९॥
काबा फिर कासी भया, रांम भया रहीम।
मोट चून मैदा भया, बैठि कबीरा जीम॥१०॥
धरती अरू असमान बिचि, दोइ तूंबड़ा अबध।
षट दरसन संसै पड़या, अरू चौरासी सिध॥११॥५२६॥

---

## ( ३२ ) सारग्राही कौ अंग

षीर रूप हरि नांव है, नीर आन ब्यौहार।
हंस रूप कोइ साध है, तत का जांनण-हार॥ १॥

---

( ५ ) ख०—दुनियां गई बहीर। औघट घाटी नियरा।

( १ ) इसके आगे ख प्रति में यह दोहा है—
सार संग्रह सूप ज्यू, त्यागै फटकि असार।
कबीर हरि हरि नांव ले पसरै नहीं बिकार॥ २॥

कबीर साषत को नहीं, सबै बैशनौं जांणि।
जा मुखि रांम न उचरै, ताही तन की हांणि॥ २ ॥
कबीर औगुंण नां गहै, गुंण ही कौं ले बीनि।
घट घट महु के मधुप ज्यूं. पर-आत्म ले चीन्हि॥ ३ ॥
बसुधा बन बहु भांति है. फूल्यौ फल्यौ अगाध।
मिष्ट सुबास कबीर गहि, विषम कहै किहि साध॥४॥५४०॥

---

## ( ३३ ) बिचार कौ अंग

राम नाम सब को कहै, कहिबे बहुत बिचार।
सोई रांम सती कहै, सोई कौतिग-हार॥ १ ॥
आगि कह्यां दाझै नहीं, जे नहीं चंपै पाइ।
जब लग भेद न जांणिये, रांम कह्या तौ कांइ॥ २ ॥
कबीर सोचि बिचारिया, दूजा कोई नांहिं।
आपा पर जब चीन्हियां, तब उलटि समाना मांहिं॥ ३ ॥
कबीर पांणीं केरा पूतला, राख्या पवन सँवारि।
नांनां बांणी बोलिया, जोति धरी करतारि॥ ४ ॥
नौ मण सूत अलूझिया, कबीर घर घर बारि।
तिनि सुलझाया बापुड़े, जिनि जाणीं भगति मुरारि॥ ५ ॥
आधी साषी सिरि कटै, जोर बिचारी जाइ।
मनि परतीति न ऊपजै, तौ राति दिवस मिलि गाइ॥ ६ ॥

---

( ३२-४ ) इसके आगे ख प्रति में यह दोहा है—

कबीर सब घटि आत्मां, सिरजी सिरजनहार।
राम कहै सो रांम में, रमिता ब्रह्म बिचारि॥ ५ ॥
तत तिलक तिहुँ लोक मैं, रांम नाम निज सार।
जन कबीर मसतिकि देया, सोभा अधिक अपार॥ ६ ॥

( ६ ) ख०—भरि गाइ।

सोई अषिर सोई बैयन, जन जू जू बाचवंत।
कोई एक मेलै लवणि, अमीं रसांइण हुंत ॥ ७ ॥
हरि मोत्यां की माल है, पोई काचै तागि।
जतन करी झंटा घणां, टूटैगी कहूँ लागि ॥ ८ ॥
मन नहीं छाड़ै विषै, विषै न छाड़ै मन कौं।
इनकौं इहै सुभाव, पूरि लागी जुग जन कौं ॥
खंडित मूल बिनास कहौ किंम बिगतह कीजै।
ज्यूं जल मैं प्रतिब्यंब, त्यूं सकल रांमहिं जांणीजै ॥
सो मन सो तन सो विषै, सो त्रिभवन-पति कहूँ कस
कहै कबीर ब्यंदहु नरा, ज्यूं जल पूंन्या सकल रस ॥९॥५४९॥

---

## ( ३४ ) उपदेस कौ अंग

हरि जी यहै बिचारिया, साषी कहौ कबीर।
भौसागर मैं जीव हैं, जे कोइ पकड़ै तीर ॥ १ ॥
कली काल ततकाल है, बुरा करौ जिनि कोइ।
अनबावैं लोहा दांहिणैं, बोवै सु लुणतां होइ ॥ २ ॥
कबीर संसा जीव मैं, कोइ न कहै समझाइ।
बिधि बिधि बांणीं बोलता, सो कत गया बिलाइ ॥ ३ ॥

---

( ७ ) इसके आगे ख प्रति में यह दोहा है—

कबीर भूला दंग मैं, लोग कहैं यहु भूल।
कै रमइयौ बाट बताइसी, कै भूलत भूलै भूल ॥८॥

( २ ) ख०—बुरा न करियो कोइ।

इसके आगे ख प्रति में यह दोहा है—

जीवन को समझै नहीं, मुवा न कहै सँदेस।
जाको तन मन सौं परचा नहीं, ताकौ कौण धरम उपदेस ॥३॥

( ३ ) ख०—नाना वांणी बोलता।

कबीर संसार दूरि करि, जांमण मरण भरंम।
पंचतत तत्तहि मिले, सुरति समाना मंन ॥ ४ ॥
ग्रिही तौ च्यंता घणीं, वैरागी तौ भीष।
दुहु कात्यां विचि जीव है, दौ हनैं संतौ सीष ॥ ५ ॥
वैरागी बिरकत भला, गिरहीं चित्त उदार।
दुहूं चूकां रीता पड़ै, ताकूं वार न पार ॥ ६ ॥
जैसी उपजै पेड सूं, तैसी निबहै ओरि।
पैका पैका जोड़तां, जुड़िसी लाष करोड़ि ॥ ७ ॥
कबीर हरि के नांव सूं, प्रीति रहै इकतार।
तौ मुख तैं मोती झड़ैं, हीरे अंत न पार ॥ ८ ॥
ऐसी बांणी बोलिये, मन का आपा खोइ।
अपना तन सीतल करै, औरन कौं सुख होइ ॥ ९ ॥
कोइ एक राखै सावधान, चेतनि पहरै जागि।
बरतन बासन सूं खिसै, चोर न सकई लागि ॥१०॥५५९॥

———

## (३५) वेसास कौ अंग

जिनि नर हरि जठरांह, उदिकंथैं पंड प्रगट कियौ।
सिरजे श्रवण कर चरन, जीव जीभ मुख तास दीयौ॥
उरध पाव अरध सीस, बीस पषां इम रषियौ।
अंन पान जहां जरै, तहां तैं अनल न चपियौ॥
इहिं भांति भयानक उद्र में, उद्र न कबहू छंछरै।
कृसन कृपाल कबीर कहि, इम प्रतिपालन क्यों करै ॥ १ ॥
भूखा भूखा क्या करैं, कहा सुनावै लोग।
भांडा घड़ि जिनि मु दिया, सांई पूरण जोग ॥ २ ॥

(८) ख०—सुरति रहै इकतार। हीरा अनंत अपार।

रचनहार कूं चींन्हि लै, खैबे कूं कहा रोइ।
दिल मंदिर मैं पैसि करि, तांणि पछेवड़ा सोइ ॥ ३ ॥
रांम नांम करि बोंहडा, बांही बीज अघाइ।
अंति कालि सूका पड़ैं, तौ निरफल कदे न जाइ ॥ ४ ॥
च्यंतामणि मन मैं बसै, सोई चित मैं आंणि।
बिन च्यंता च्यंता करै, इहै प्रभू की बांणि ॥ ५ ॥
कबीर का तूं चिंतवै, तेरा च्यंता होइ।
अण च्यंता हरिजी करै, जो तोहि च्यंत न होइ ॥ ६ ॥
करम करीमां लिखि रह्या, अब कछू लिख्या न जाइ।
मासा घटै न तिल बधै, जौ कोटिक करै उपाइ ॥ ७ ॥
जाकौ जेता निरमया, ताकौं तेता होइ।
रंती घटै न तिल बधै, जौ सिर कूटै कोइ ॥ ८ ॥
च्यंता न करि अच्यंत रहु, सांई है संम्रथ।
पसु पंपेरू जीव जंत, तिनकी गाडि किसा ग्रंथ ॥ ९ ॥
संत न बांधै गांठड़ी, पेट समाता लेइ।
सांई सूं सनमुष रहै, जहां मांगै तहां देइ ॥१०॥
रांम नांम सूं दिल मिली, जन हम पड़ी बिराइ।
मोहि भरोसा इष्ट का, बंदा नरकि न जाइ ॥११॥
कबीर तूं काहे डरै, सिर परि हरि का हाथ।
हस्ती चढ़ि नहीं डोलिये, कूकर भुसैं जु लाप ॥१२॥

---

(८) इसके आगे ख प्रति में यह दोहा है—

करीम कबीर जु विह लिख्या, नरसिर भाग अभाग।
जेहूँ च्यंता चिंतवै, तऊ स आगैं आग ॥१०॥

(१२) ख०—सिर परि सिरजणहार।

हस्ती चढ़ि क्या डोलिए। भुसैं हजार।

(१२) इसके आगे ख प्रति में यह दोहा है—

मीठा खांण मधूकरी, भांति भांति कौ नाज।
दावा किसही का नहीं, बिन बिलाइति बड़ राज ॥१३॥
मांनि महातम प्रेम रस, गरवा तण गुण नेह।
ऐ सबहीं अह लागया, जबहीं कह्या कुछ देह ॥१४॥
मांगण मरण समान है, बिरला बंचै कोइ।
कहै कबीर रघुनाथ सू, मतिर मंगावै मोहि ॥१५॥
पांडल पंजर मन भवर, अरथ अनूपम बास।
राम नांम सींच्या अंमी, फल लागा बेसास ॥१६॥
मेर मिटी मुकता भया, पाया ब्रह्म बिसास।
अब मेरे दूजा को नहीं, एक तुम्हारी आस ॥१७॥
जाकी दिल में हरि बसै, सो नर कलपै कांइ।
एकै लहरि समंद की, दुख दलिद्र सब जाइ ॥१८॥
पद गांये लैलीन ह्वै, कटी न संसै पास।
सबै पिछोड़े थोथरे, एक बिनां बेसास ॥१९॥
गावण हीं मैं रोज है, रोवण हीं मैं राग।
इक बैरागी ग्रिह मैं, इक गृहीं मैं बैराग ॥२०॥
गाया तिन पाया नहीं, अण-गांगां थैं दूरि।
जिनि गाया बिसवास सूं, तिन रांम रह्या भरिपूरि ॥२१॥५८०॥

———

हसती चढ़िया ज्ञान कै, सहज दुलीचा डारि।
स्वान-रूप संसार है, पड्या मुसौ झषि मारि ॥१५॥

(१५) ख०—जगनाथ सौं।

(१६) इसके आगे ख प्रति में ये दोहे हैं—

कबीर मरौं पै मांगौं नहीं, अपणे तन कै काज।
परमारथ कै कारणै मोंहिं मांगत न आवै लाज ॥२०॥
भगत भरोसै एक कै, निधरक नीची दीठि।
तिनकू करम न लागसी, राम ठकोरी पीठि ॥२२॥

## (३६) पीव पिछांणन कौ अंग

संपटि मांहिं समाइ, सो साहिब नहीं होइ।
सफल मांड मैं रमि रह्या, साहिब कहिए सोइ ॥ १ ॥
रहै निराला मांड थैं, सकल मांड ता मांहि।
कबीर सेवै तास कूं, दूजा कोई नांहिं ॥ २ ॥
भोलै भूली खसम कै बहुत किया बिभचार।
सतगुरू गुरू बताइया, पूरिबला भरतार ॥ ३ ॥
जाकै मुह माथा नहीं, नहीं रूपक रूप।
पुहुप बास थैं पताल, ऐसा तत अनूप ॥४॥५८४॥

## (३७) विर्कताई कौ अंग

मेरै मन मैं पड़ि गई, ऐसी एक दगर।
फाटा फटक पषांण ज्यूं, मिल्या न दूजी बार ॥ १ ॥
मन फाटा बाइक बुरै, मिटी सगाई साक।
जौ परि दूध तिवास का, ऊकटि हूवा आक ॥ २ ॥
चंदन भागां गुण करै, जैसे चोली पंन।
दोइजन भागां नां मिलैं, मुकताहल अरु मंन ॥ ३ ॥
पासि बिनंठा कपड़ा, कदे सुरांग न होइ।
कबीर त्याग्या ग्यांन करि, कनक कामनी दोइ ॥ ४ ॥

---

( ३६-४ ) इसके आगे ख प्रति में यह दोहा है—
चत्र भुजा कै ध्यांन मैं, त्रिजबासी सब संत।
कबीर मगन ता रूप मैं, जाकै भुजा अनंत ॥ ५ ॥

( ३७-३ ) इसके आगे ख प्रति में ये दोहे हैं—
मोती भागां बीजतां, मन मैं बस्या कबोल।
बहुत सयानां पचि गया, पड़ि गइ गांठि गढोल ॥ ४ ॥
मोती पोवत बीगस्या, सानौं पाथर आइ राइ।
साजन मेरी नीकल्या, जांमि बटाऊं जाइ ॥ ५ ॥

चित चेतनि मैं गरक ह्वै; चेत्य न देखै मंत।
कत कत की सालि पाड़िये, गल वल शहर अनंत ॥ ५ ॥
जाता है सो जांण दे, तेरी दसा न जाइ।
खेवटिया की नाव ज्यूं, घणें मिलैंगे आइ ॥ ६ ॥
नीर पिलावत क्या फिरै, सायर घर घर वारि।
जो त्रिषावंत होइगा, तो पीवेगा झष मारि ॥ ७ ॥
सत गंठी कोपीन है, साध न मानै संक।
रांम अमलि माता रहै, गिणैं इंद्र कौ रंक ॥ ८ ॥
दावै दाझण होत है, निरदावै निसंक।
जो नर निरदावै रहैं, ते गिणैं इंद्र कौ रंक ॥ ९ ॥
कबीर सब जग हंढिया, मंदिल कंधि चढाइ।
हरि बिन अपनां को नहीं, देखे ठोकि बजाइ ॥१०॥५९४॥

## ( ३८ ) सम्रथाई कौ अंग

नां कुछ किया न करि सक्या, नां करणें जोग सरीर।
जो कुछ किया सु हरि किया, ताथैं भया कबीर कबीर ॥ १ ॥
कबीर किया कछू न होत है, अनकीया सब होइ।
जे किया कुछ होत है, तौ करता औरे कोइ ॥ २ ॥
जिसहि न कोइ तिसहि तूं, जिस तूं तिस सब कोइ।
दरिगह तेरी सांईयां, नांम हरू मन होइ ॥ ३ ॥

---

( ५ ) इसके आगे ख प्रति में यह दोहा है—
बाजण देह बजंतणी, कुल जंतड़ी न वेड़ि।
तुझै पराई क्या पड़ी, तूं आपनी निवेड़ि ॥८॥

( १ ) ख प्रति में इस अंक का पहला दोहा यह है—
साईं सो सब होइगा, बंदे थैं कुछ नाहिं।
राई थैं परबत करे, परबत राई माहिं ॥१॥

एक खड़े ही लहैं, और खड़ा बिललाइ।
साईं मेरा सुलषनां, सूता देइ जगाइ ॥ ४ ॥
सात समंद की मसि करौं, लेखनी सब वनराइ।
धरती सब कागद करौं, तऊ हरि गुंण लिख्या न जाइ ॥ ५ ॥
अरवन कौं का बरनिये, मोपैं लख्या न जाइ।
अपना बाना बाहिया, कहि कहि थाके माइ ॥ ६ ॥
झल बांवैं झल दांहिनैं, झलहि माँहि व्यौहार।
आगैं पीछैं झलमई, राखैं सिरजनहार ॥ ७ ॥
सांईं मेरा बांणियां, सहजि करै व्यौपार।
बिन डांडी बिन पालड़ै, तोलै सब संसार ॥ ८ ॥
कबीर वारथा नांव परि, कीया राई लूण।
जिसहि चलावै पंथ तूं, तिसहि भुलावै कौंण ॥ ९ ॥
कबीर करणीं क्या करै, जे रांम न करै सहाइ।
जिहिं जिहिं डाल पग धरै, सोई नवि नवि जाइ ॥ १० ॥
जदि का माइ जनमियां, कहूँ न पाया सुख।
डाली डाली मैं फिरौं, पातौं पातौं दुख ॥ ११ ॥
सांई सूं सब होत है, बंदे थैं कुछ नांहिं।
राई थैं परबत करै, परबत राई मांहि ॥१२॥६०६॥

---

## ( ३९ ) कुसबद कौ अंग

अणी सुहेली सेल की, पड़ता लेइ उसास।
चोट सहारै सबद की, तासे गुरू मैं दास ॥ १ ॥

---

( ८ ख०—व्यौहार।

(१२) बारहवें दोहे के स्थान पर ख प्रति में यह दोहा है—

रैणां दूरां बिछोहियाँ, रहु रे संयम झूरि।
देवल देवलि धाहिड़ी, देसी अंगे सूर ॥१३॥

खूंदन तौ धरती सहै, बाढ सहै बनराइ।
कुसबद तौ हरिजन सहै, दूजै सह्या न जाइ ॥ २ ॥
सीतलता तब जांणियें, समिता रहै समाइ।
पष छाडै निरपष रहै, सबद न दूष्या जाइ ॥ ३ ॥
कबीर सीतलता भई, पाया ब्रह्म गियान।
जिहि वैसंदर जग जल्या, सो मेरे उदिक समान ॥४॥६१०॥

---

## (४०) सबद कौ अंग

कबीर सबद सरीर मैं, बिनि गुण बाजै तंति।
बाहरि भीतरि भरि रह्या, ताथै छूटि भरंति ॥ १ ॥
सती संतोषी सावधान, सबद भेद सुबिचार।
सतगुर के प्रसाद थैं, सहज सील मत सार ॥ २ ॥
सतगुर ऐसा चाहिए, जैसा सिकलीगर होइ।
सबद मसकला फेरि करि, देह द्रपन करै सोइ ॥ ३ ॥
सतगुर साचा सूरिवाँ, सबद जु बाह्या एक।
लागत ही भै मिलि गया, पड्या कलेजै छेक ॥ ४ ॥
हरि-रस जे जन बेधिया, सतगुण सीं गणि नांहि।
लागी चोट सरीर मैं, करक कलेजे मांहि ॥ ५ ॥
ज्यूं ज्यूं हरि गुण साँभलूं, त्यूं त्यूं लागै तीर।
साँठी साँठी झड़ि पड़ी, भलका रह्या सरीर ॥ ६ ॥

---

(३६–२) ख—काट सहै। साधू सहै।
(३६–४) इसके आगे ख प्रति में यह दोहा है—
सहज तराजू आंणि करि, सब रस देख्या तोलि।
सब रस मांहै जीभ रस, जे कोइ जांणैं बोलि ॥ ५ ॥
(४०–४) यह दोहा ख प्रति में नहीं है।

ज्यूं ज्यूं हरि गुण साँभलौं, त्यूं त्यूं लागै तीर।
लागैं थैं भागा नहीं, साहणहार कबीर ॥ ७ ॥
सारा बहुत पुकारिया, पीड़ पुकारै और।
लागी चोट सबद की, रह्या कबीरा ठौर ॥८॥६१८॥

## (४१) जीवन मृतक कौ अंग

जीवत मृतक ह्वै रहै, तजै जगत की आस।
तब हरि सेवा आपण करै, मति दुख पावै दास ॥ १ ॥
कबीर मन मृतक भया, दुरबल भया सरीर।
तब पैंडे लागा हरि फिरै, कहत कबीर कबीर ॥ २ ॥
कबीर मरि मड़हट गह्या, तब कोइ न बूझै सार।
हरि आदर आगैं लिया, ज्यूं गउ बछ की लार ॥ ३ ॥
घर जालौं घर उबरै, घर राखौं घर जाइ।
एक अचंभा देखिया, मड़ा काल कौं खाइ ॥ ४ ॥
मरतां मरतां जग मुवा, औसर मुवा न कोइ।
कबीर ऐसैं मरि मुवा, ज्यूं बहुरि न मरनां होइ ॥ ५ ॥
बैद मुवा रोगी मुवा, मुवा सकल संसार।
एक कबीरा ना मुवा, जिनि के राम अधार ॥ ६ ॥
मन मार्‍या ममिता मुई, अहं गई सब छूटि।
जोगी था सो रमि गया, आसणि रही बिभूति ॥ ७ ॥
जीवन थैं मरिबौ भलौ, जौ मरि जानैं कोइ।
मरनैं पहली जे मरैं तो कलि अजरावर होइ ॥ ८ ॥
खरी कसौटी रांम की, खोटा टिकै न कोइ।
रांम कसौटी सो टिकै, जौ जीवत मृतक होइ ॥ ९ ॥

---

( १ ) ख प्रति में इस अंग में पहला दोहा यह है—
जिन पांऊं सैं कतरी, हाठत देस बदेस।
तिन पाऊं तिथि पाकड़ी, आगण भया बदेस ॥ १ ॥

आपा मेट्यां हरि मिलै हरि मेट्यां सब जाइ।
अकथ कहांणीं प्रेम की, कह्यां न को पत्याइ ॥ ॥१०॥
निगु सांवां बहि जायगा, जाकै थाघी नहीं कोई।
दीन गरीबी बंदिगी, करतां होइ सु होइ ॥११॥
दीन गरीबी दीन कौं, दूंदर कौं अभिमान।
दुंदर दिल विष सूं भरी, दीन गरीबी राम ॥१२॥
कबीर चेरा संत का, दासनि का परदास।
कबीर ऐसैं ह्वै रह्या, ज्यूं पांऊँ तलि घास ॥१३॥
रोड़ा ह्वै रहौ वाट का, तजि पापँड अभिमान।
ऐसा जे जन ह्वै रहै, ताहि मिलै भगवान ॥१४॥६३२॥

———

---

(१२) इसके आगे ख प्रति में ये दोहे हैं—

कबीर नवै स आपकौं, पर कौं नवै न कोइ।
घालि तराजू तोलिये, नवैं स भारी होइ ॥ १४ ॥
बुरा बुरा सब को कहै, बुरा न दासै कोइ।
जे दिल खोजौं आपणों तौ मुझसा बुरा न कोइ ॥१५॥

(१४) इसके आगे ख प्रति में ये दोहे हैं—

रोड़ा भया तो क्या भया, पंथी को दुख देइ।
हरिजन ऐसा चाहिए, जिसीं जिमीं की खेह ॥१८॥
खेह भइ तो क्या भया, उड़ि उड़ि लागै अंग।
हरिजन ऐसा चाहिए, पांणी जैसा रंग ॥१९॥
पांणी भया तो क्या भया, ताता सीता होइ।
हरिजन ऐसा चाहिए, जैसा हरि ही होइ ॥२०॥
हरि भया तो क्या भया, जासौं सब कुछ होइ।
हरिजन ऐसा चाहिए, हरि भजि निरमल होइ ॥२१॥

## ( ४२ ) चित कपटी कौ अंग

कबीर तहाँ न जाइए, जहाँ कपट का हेत।
जालूं कली कनीर की, तन रातौ मन सेत ॥ १ ॥
संसारी साषत भला, कंवारी कै भाइ।
दुराचारी वैश्नौं बुरा, हरिजन तहाँ न जाइ ॥ २ ॥
निरमल हरि का नांव सौं, कै निरमल सुध भाइ।
कै लै दूणी कालिमां, भावै सौ मण सावण लाइ ॥३॥६३५॥

## ( ४३ ) गुरुसिष हेरा कौ अंग

ऐसा कोई नां मिलै, हम कौं दे उपदेस।
भौसागर मैं डूबतां, कर गहि काढ़ै केस ॥ १ ॥
ऐसा कोई नां मिलै, हम कौं लेइ पिछानि।
अपना करि किरपा करै, लै उतारै मैदानि ॥ २ ॥
ऐसा कोई नां मिलै, राम भगति का गीत।
तन मन सौंपे मृग ज्यूं, सुनैं बधिक का गीत ॥ ३ ॥
ऐसा कोई नां मिलै, अपना घर देइ जराइ।
पंचूं लरिका पटिक करि, रहै रांम ल्यौ लाइ ॥ ४ ॥
ऐसा कोइ नां मिलै, जासौं रहिये लागि।
सब जग जलता देखिये, आपहीं अपणीं आगि ॥ ५ ॥
ऐसा कोई नां मिलै, जासूं कहूं निसंक।
जांसूं हिरदै की कहूं, सो फिरि मांडै कंक ॥ ६ ॥

---

(४२-१) ख प्रति में इस अंग का पहला दोहा यह है—
नवणि नयौ तौ का भयौ, चित्त न सूधौ ज्यौंह।
पारधियां दूणां नवै, म्रिघाटक ताह ॥ १ ॥

( ५ ) इसके आगे ख प्रति में यह दोहा है—
ऐसा कोई नां मिलै, बूझै सैन सुजांन।
ढोल बजंता ना सुणैं, सुरति बिहूंणा कांन ॥ ६ ॥

ऐसा कोई नां मिलै, सब विधि देइ बताइ।
सुनि मंडल मैं पुरिष एक ताहि रहै ल्यौ लाइ ॥ ७ ॥
हम देखत जग जात है, जग देखत हम जांह।
ऐसा कोई नां मिलै, पकड़ि छुड़ावै बांह ॥ ८ ॥
तीनि सनेही बहु मिलैं, चौथै मिलै न कोइ।
सबै पियारे राम के, बैठे परबसि होइ ॥ ९ ॥
माया मिलै महोबंती, कूड़े आखै बैन।
कोई घायल बेध्या नां मिलै, साईं हंदा सैंण ॥१०॥
सारा सूरा बहु मिलै, घायल मिलै न कोइ।
घाइल ही घाइल मिलै, तब रांम भगति दिढ़ होइ ॥११॥
प्रेमी ढूंढ़त मैं फिरौं, प्रेमीं मिलै न कोइ।
प्रेमीं कौं प्रेमीं मिलै, तब सब विष अमृत होइ ॥१२॥
हम घर जाल्या आपणां, लिया मुराड़ा हाथि।
अब घर जालौं तास का, जे चलै हमारे साथि ॥१३॥६४८॥

---

## ( ४४ ) हेत प्रीति सनेह कौ अंग

कमोदनीं जलहरि बसै, चंदा बसै अकासि।
जो जाही का भावता, सो ताही कै पास ॥ १ ॥

---

(११) ख०—जब घाइल ही घाइल मिलै।
(१२) ख०—जब प्रेमीं ही प्रेमीं मिलै ॥
(१३) इसके आगे ख प्रति में ये दोहे हैं—

जाणै ईछूं क्या नहीं, बूझि न कीया गौन।
भूलौ भूल्या मिल्या, पथ बतावै कौन ॥१६॥
कबीर जानींदा बूझिया, मारग दिया बताइ।
चलता चलता तहां गया, जहाँ निरंजन राइ ॥२६॥

( १ ) ख०—जो जाही कै मन बसै।

कबीर गुर बसै बनारसी, सिष समंदां तीर।
बिसारया नहीं बीसरै, जे गुंण होइ सरीर ॥ २ ॥
जो है जाका भावता, जदि तदि मिलसी आइ।
जाकौं तन मन सौंपिया, सो कबहूं छांड़ि न जाइ ॥ ३ ॥
स्वामी सेवक एक मत, मन ही मैं मिलि जाइ।
चतुराई रीझै नहीं, रीझै मन कै भाइ ॥४॥६५२॥

---

## ( ४५ ) सूरा तन कौ अंग

काइर हुवां न छूटिये, कछु सूरा तन साहि।
भरम भलका दूरि करि सुमिरण सेल संबाहि ॥ १ ॥
षूंणै पड़्या न छूटियो, सुणि रे जीव अबूझ।
कबीर मरि मैदान मैं, करि इंद्रयां सूं झूझ ॥ २ ॥
कबीर सोई सूरिवां मन सूं मांडै झूझ।
पंच पयादा पाड़ि ले, दूरि करै सब दूज ॥ ३ ॥
सूरा झूझै गिरद सूं, इक दिसि सूर न होइ।
कबीर यौं बिन सूरिवां, भल-न कहिसी कोइ ॥ ४ ॥
कबीर आरणि पैसि करि, पीछैं रहै सु सूर।
सांईं सू सांचा भया, रहसी सदा हजूर ॥ ५ ॥
गगन दमांमां बाजिया, पड़्या निसानैं घाव।
खेत बुहार्‌या सूरिवैं, मुझ मरणे का चाव ॥ ६ ॥
कबीर मेरै संसा को नहीं, हरि र्ं लागा हेत।
कांम क्रोध सूं झूझणां चौड़े मांड़्या खेत ॥ ७ ॥
सूरै सारै सँबाहिया पहर्‌या सहज सँजोग।
अब कै ग्यांन गयंद चढ़ि, खेत पड़न का जोग ॥ ८ ॥

---

( ४५-३ ) ख०—पंच पयादा पकड़ि ले।

सूरा तबही परषिये, लड़ै धणीं कै हेत।
पुरिजा पुरिजा ह्वै पड़ै, तऊ न छाड़ै खेत ॥ ९ ॥
खेत न छाड़ै सूरिवां, झूझै द्वै दल मांहिं।
आसा जीवन मरण की, मन मैं आणैं नाहिं ॥ १० ॥
अब तौ झूझयां हीं बणैं, मुड़ि चाल्यां घर दूरि।
सिर साहिब कौ सौंपतां, सोच न कीजै सूरि ॥ ११ ॥
अब तौ ऐसी ह्वै पड़ी, ननकारु चित कीन्ह।
मरनैं कहा डराइये, हाथि स्यंधौरा लीन्ह ॥ १२ ॥
जिस मरनैं थैं जग डरै, सो मेरे आनंद।
कब मरिहूँ कब देखिहूँ, पूरन परमानंद ॥ १३ ॥
कायर बहुत पमाँवहीं, बहकि न बोलै सूर।
काम पड़्या हीं जाणिये, किसके मुख परि नूर ॥ १४ ॥
जाइ पूछौ उस घाइलैं, दिवस पीड़ निस जाग।
बाँहण-हारा जाणिहै, कै जाणैं जिस लाग ॥ १५ ॥
घाइल घूंमैं गहि भर्‌या, राख्या रहै न ओट।
जतन कियां जीवै नहीं, बणीं मरम की चोट ॥ १६ ॥
ऊंचा विरष अकासि फल, पंषी मूए झूरि।
बहुत सयानें पचि रहे, फल निरमल परि दूरि ॥ ७ ॥
दूरि भया तौ का भया, सिर दे नेड़ा होइ।
जब लग सिर सौंपे नहीं, कारिज सिधि न होइ ॥ १८ ॥
कबीर यहु घर प्रेम का, खाला का घर नांहिं।
सीस उतारै हाथि करि, सो पैसे घर मांहिं ॥ १९ ॥
कबीर निज घर प्रेम का, मारग अगम अगाध।
सीस उतारि पग तलि धरै, तब निकटि प्रेम का स्वाद ॥२०॥

---

(१४) ख०—जाके मुख षटि नूर।
(१७) ख०—पंथी मूए झूरि।

प्रेम न खेतौं नींपजै, प्रेम न हाटि बिकाइ।
राजा परजा जिस रुचै, सिर दे सो ले जाइ॥ २१॥
सीस काटि पासंग दिया, जीव सरभरि लीन्ह।
जाहि भावै सो आइ ल्यौ, प्रेम आट हम कीन्ह॥ २२॥
सरै सीस उतारिया, छाड़ी, तन की आस।
आगैं थैं हरि मुल किया, आवत देख्या दास॥ २३॥
भगति दुहेली राम की, नहिं कायर का कांम।
सीस उतारे हाथि करि, सो लेसी हरि नांम॥ २४॥
भगति दुहेली रांम की, जैसि षाँडे की धार।
जे डोलै तौ कटि पड़ै; नहीं तौ उतरै पार॥ २५॥
भगति दुहेली रांम की, जैसि अगनि की झाल।
डाकि पड़े ते ऊबरे, दाधे, कौतिगहार॥ २६॥
कबीर घोड़ा प्रेम का, चेतनि चढ़ि असवार।
ग्यांन षड़ग गहि काल सिरि, भली मचाई मार॥ २७॥
कबीर हीरावण जिया, महँगे मोल अपार।
हाड गला माटी गली, सिर साटैं ब्यौहार॥ २८॥
जेते तारे रैणि के, तेतै वैरी मुझ।
धड़ सूली सिर कंगुरै, तऊ न बिसारौं तुझ॥ २९॥
जे हार्‍या तौ हरि सवाँ, जे जीत्या तो डाव।
पारब्रह्म कूं सेवतां, जे सिर जाइ त जाव॥ ३०॥
सिर साटै हरि सेविये, छाड़ि जीव की बांणि।
जे सिर दीयां हरि मिलै, तब लग हांणि न जांणि॥ ३१॥
टूटी वरत अकास थैं, कोइ न सकै झड़ झेल।
साध सती अरु सूर का, अंणीं ऊपिला खेल॥ ३२॥

---

(३१) ख०—सिर साटैं हरि पाइए।
(३२) इसके आगे ख प्रति में यह दोहा है—

सती पुकारै सलि चढ़ी, सुनि रे मींत मसांन ।
लोग बटाऊ चलि गये, हंम तुझ रहे निदान ॥ ३३ ॥
सती बिचारी सत किया, काठौं सेज बिछाइ ।
ले सूती पिव आपणां, चहुँ दिसि अगनि लगाइ ॥ ३४ ॥
सती सूरा तन साहि करि, तन मन कीया घांण ।
दिया महौला पीव कूं, तब मड़हट करै बषांण ॥ ३५ ॥
सती जलन कूं नीकली, पीव का सुमरि सनेह ।
सबद सुनत जीव निकल्या, भूलि गई सब देह ॥ ३६ ॥
सती जलन कूं नीकली, चित धरि एकबमेख ।
तन मन सौंप्या पीव कूं, तब अंतरि रही न रेख ॥ ३७ ॥
हौं तोहि पूछौं हे सखी, जीवत क्यूं न मराइ ।
मूंवा पीछैं सत करै, जीवत क्यूं न कराइ ॥ ३८ ॥
कबीर प्रगट रांम कहि, छानैं रांम न गाइ ।
फूस क जौड़ा दूरि करि, ज्यूं बहुरि न लागै लाइ ॥ ३९ ॥
कबीर हरि सबकूं भजै, हरि कूं भजै न कोइ ।
जब लग आस सरीर की, तब लग दास न होइ ॥ ४० ॥
आप सवारथ मेदनीं, भगत सवारथ दास ।
कबीरा रांम सवारथी, जिनि छाड़ी तन की आस ॥ ४१ ॥ ६९३

---

## [ ४६ ] काल कौ अंग

झूठे सुख कौं सुख कहै, मानत है मन मोद ।
खलक चबीणां काल का, कुछ मुख मैं कुछ गोद ॥ १ ॥

---

ढोल दमांमा बाजिया, सबद सुणां सब कोइ ।
जैसल देखि सती भजै, तौ दुहु कुल हासी होइ ॥ ३२ ॥

(३३) ख०—जलन को नीसरी ।

आजक काल्हिक निस हमैं, मारगि माल्हंतां।
काल सिचांणां नर चिड़ा, औझड़ औच्यंतां॥ २॥
काल सिहणैं यौं खड़ा, जागि पियारे म्यंत।
रांम सनेही बाहिरा, तूं क्यूं सोवै नच्यंत॥ ३॥
सब जग सूता नींद भरि, संत न आवै नींद।
काल खड़ा सिर ऊपरैं, ज्यूं तोरणि आया बींद॥ ४॥
आज कहै हरि काल्हि भजौंगा, काल्हि कहै फिरि काल्हि।
आज ही काल्हि करंतड़ां, औसर जासीं चालि॥ ५॥
कबीर पल की सुधि नहीं, करै काल्हि का साज।
काल अच्यंता झड़पसी, ज्यूं तीतर को बाज॥ ६॥
कबीर टग टग चोघतां, पल पल गई बिहाइ।
जीव जँजाल न छाड़ई, जम दिया दमांमां आइ॥ ७॥
मैं अकेला ए दोइ जणां, छेती नांहीं कांइ।
जे जम आगैं ऊबरौं, तो जुरा पहूंती आइ॥ ८॥
बारी बारी आपणीं, चले पियारे म्यंत।
तेरी बारी रे जिया, नेड़ी आवै निंत॥ ९॥

---

(४) ख०—निसह भरि।

(७) इसके आगे ख प्रति में यह दोहा है—
जुरा कूती जोबन ससा, काल अहेड़ी बार।
पलक बिना मैं पाकड़ूं, गरब्यो कहा गँवार॥ ८॥

(९) इसके आगे ख प्रति में ये दोहे हैं—
मालन आवत देखि करि, कलियाँ करी पुकार।
फूले फूले चुणि लिए, काल्हि हमारी बार॥ ११॥
बाढ़ी आवत देखि करि, तरवर डोलन लाग।
हम कटे की कुछ नहीं, पंखेरू घर भाग॥ १२॥
फागुण आवत देखि करि, बन रूना मन मांहि।
ऊँची डाली पात है, दिन दिन पीले थांहि॥ १३॥

दौं की दाधी लकड़ी, ठाढ़ी करे पुकार।
मति बसि पड़ौं लुहार कै, जालै दूजी बार ॥ १० ॥
जो ऊग्या सो आंथवै, फूल्या सो कुमिलाइ।
जो चिणियां सो ढहि पड़ै, जो आया सो जाइ ॥ ११ ॥
जो पहर्‌या सो फाटिसी, नांव धर्‌या सो जाइ।
कबीर सोई तत्त गहि, जौ गुरि दिया बताइ ॥ १२ ॥
निधड़क बैठा राम बिन, चेतनि करै पुकार।
यहु तन जल का बुदबुदा, बिनसत नाहीं बार ॥ १३ ॥
पांणीं केरा बुदबुदा, इसी हमारी जाति।
एक दिनां छिप जांहिंगे, तारे ज्यूं परभाति ॥ २४ ॥
कबीर यहु जग कुछ नहीं, षिन षारा षिन मींठ।
काल्हि जु बैठा माड़ियां, आज मसांणां दीठ ॥ १५ ॥
कबीर मंदिर आपणै, नित उठि करती आलि।
मड़हट देष्यां डरपती, चौड़ै दीन्हीं जालि ॥ १६ ॥
मंदिर मांहिं झबूकती, दीवा कैसी जोति।
हंस बटाऊ चलि गया, काढौ घर की छोति ॥ १७ ॥

---

पात पड़ंता यौं कहै, सुनि तरवर बणराइ।
अब के बिछुड़े नां मिलै, कहिं दूर पड़ैंगे जाइ ॥१४॥

(१०) इसके आगे ख प्रति में यह दोहा है—
मेरा वीर लुहारिया, तू जिनि जालै मोहिं।
इक दिन एसा होइगा, हूँ जालौंगा तोहिं ॥१६॥

(१४) ख०—एक दिनां नटि जांहिगें, ज्यूं तारा परभाति ॥
इसके आगे ख प्रति में यह दोहा है—
कबीर पंच पखेरुवा, राखे पाँष लगाइ।
एक जु आया पारधी, ले गयो सबै उड़ाइ ॥२१॥

(१५) ख०—काल्हि जु दीठा मैंड़िया।

(१६) ख—बैठो करतौ आलि।

ऊँचा मंदर धौलहर, माँटी चित्री पौलि।
एक रांम के नांव बिन, जंम पाड़ैगा रौलि ॥ १८ ॥
कबीर कहा गरवियौ, काल गहै कर केस।
नां जांणैं कहां मारिसी, कै घर कै परदेस ॥ १९ ॥
कबीर जंत्र न बाजई, टूटि गए सब तार।
जंत्र बिचारा क्या करै, चले बजावणहार ॥ २० ॥

---

(१८) ख प्रति में इसके आगे ये दोहे हैं—

काएं चिणावै मालिया, चुणैं माटी लाइ।
मीच सुणैगीं पापणीं उधोरा लैली आइ ॥२६॥
काएं चिणावै मालिया, लांबी भीति उसारि।
घर तौ साढ़ी तीनि हाथ, घणौं तौ पौंणा चारि ॥२७॥
ऊँचा महल चिणांइया, सोवत कलसु चढ़ाइ।
ते मदर खाली पड्या, रहे मसाणौं जाइ ॥२८॥

(१९) इसके आगे ख प्रति में ये दोहे हैं—

इहर अभाणी मांछली, छापरि मांगी आलि।
डाबरड़ा छूटै नहीं, सकै त समंद सभालि ॥३०॥
मंछी हुआ न छूटिए, झीवर मेरा काल।
जिहिजिहिं डाबरि हूँ फिरौ, तिहिंतिहिं मांड़ैजाल ॥३१॥
पांणी मांहि ला मांछली, सकै तौ पाकड़ि तीरि।
कड़ी कटू की काल की, आइ पहुँता कीर ॥३२॥
मंछ बिकता देखिया, झीवर के दरबारि।
ऊंखड़ियां रत बालियां, तुम क्यूं बंधे जालि ॥३३॥
पाणीं मांहैं घर किया, चेजा किया पतालि।
पासा पड्या करम का यूं हम बीधे जालि ॥३४॥
सूकण लागा केवड़ा, तूटीं, अरहर-माल।
पांणीं की फ.ल जंणतां, गया ज सीचणहार ॥३५॥

(२०) ख० कबीर जंत्र न बाजई।

धवणि धवंती रहि गई, बुझि गए अंगार।
अहरणि रह्या ठमूकड़ा, जब उठि चले लुहार ॥२१॥
पंथी ऊभा पंथ सिरि, बुगचा बाँध्या पूठि।
मरणां मुह आगैं खड़ा, जीवण का सब झूठ ॥२२॥
यहु जिव आया दूरि थैं, अजौं भी जासी दूरि।
बिच कै बासै रमि रह्या, काल रह्या सब पूरि ॥२३॥
रांम कह्या तिनि कहि लिया, जुरा पहूंती आइ।
मंदिर लागै द्वार थैं, तब कुछ कांढणां न जाइ ॥२४॥
बरियां बीती बल गया, बरन पलट्या और।
बिगड़ी बात न बाहुड़े, कर छिटक्यां कत ठौर ॥२५॥
बरियां बीती बल गया, अरू बुरा कमाया।
हरि जिन छाड़ै हाथ थैं, दिन नेड़ा आया ॥२६॥
कबीर हरि सूं हेत करि, कूडै चित्त न लाव।
बांध्या बार पटीक कै, तापस किती एक आव ॥२७॥

---

(२१) ख०—ठनेकड़ा। उठि गए। इसके आगे ख प्रति में यह दोहा है—

कबीर हरणी दूबली, इस हरियालै तालि।
लख अहेड़ी एक जीव, कित एक टालौं भालि ॥३८॥

(२२) इसके आगे ख प्रति में यह दोहा है—

जिसही न रहणां इत जगि, सो क्यूं लौड़ें मीत।
जैसे पर घर पांहुणां, रहै उठाए चीत ॥४०॥

(२५) ख०—कर छूटा कत ठौर।

(२६) इसके आगे ख प्रति में ये दोहे हैं—

कबीर गाफिल क्या फिरै, सोवै कहा न चीत।
एवड माहि तै ले चल्या, भज्या पकड़ि षरीस ॥४५॥
सांई सू मिसि मछीला के, जा सुमिरे लाहूत।
कबहीं ऊझकै कटिसी, हुंण ज्यौं बगमंकाहु ॥४६॥

(२७) ख०—कड़वे तन लाव।

बिष के बन मैं घर किया, सरप रहे लपटाइ ।
ताथैं जियरै डर रह्या, जागत रैंणि बिहाइ ॥२८॥
कबीर सब सुख राम है, और दुखां की रासि ।
सुर नर मुनियर असुर सब, पड़े कालि की पासि ॥२९॥
काची काया मन अथिर, थिर थिर कांम करंत ।
ज्यूं ज्यूं नर निधड़क फिरै, त्यूं त्यूं काल हसंत ॥३०॥
रोवणहारे भी मुए, मुए जलांवणहार ।
हा हा करते ते मुए, कासनि करौं पुकार ॥३१॥
जिनि हम जाए ते मुए, हम भी चालणहार ।
जे हमको आगैं मिले, तिन भी बंध्या भार ॥३२॥७२५॥

---

## (४७) सजिवनि कौ अंग

जहाँ जुरा मरण व्यापै नहीं, मुवा न सुणिये कोइ ।
चली कबीर तिहि देसड़ैं, जहां बैद बिधाता होइ ॥ १ ॥
कबीर जोगी बनि बस्या, षणि खाये कँद मूल ।
नां जाणौं किस जड़ी थैं, अमर भये असथूल ॥ २ ॥
कबीर हरि चरणौं चल्या, माया मोह थैं टूटि ।
गगन मँडल आसण किया, काल गया सिर कूटि ॥ ३ ॥
यहु मन पटकि पछाड़ि लै, सब आपा मिटि जाइ ।
पंगुल ह्वै पिव पिव करै, पीछैं काल न खाइ ॥ ४ ॥
कबीर मन तीषा किया, बिरह लाइ पर साँण ।
चित चर्णूं मैं चुभि रह्या, तहाँ नहीं काल का पांण ॥ ५ ॥

---

(३०) इसके आगे ख के प्रति में यह दोहा है—
बेटा जाया तौ का भया, कहा बजावै थाल ।
आवण जांणां ह्वै रहा, ज्यों कीड़ी का नाल ॥५१॥
( १ ) ख०—जुरा मीच
( ५ ) ख०—मन तीषा भया ।

तरवर तास बिलंबिए, बारह मास फलंत।
सीतल छाया गहर फल, पंषी केलि करंत ॥ ६ ॥
दाता तरवर दया, फल, उपगारी जीवंत।
पंषी चले दिसावरां, बिरषा सुफल फलंत ॥ ७ ॥७३२॥

———

## ( ४८ ) अपारिष कौ अंग

पाइ पदारथ पेलि करि, कंकर लीया हाथि।
जोड़ी बिछुटी हंस की, पड़या बगां कै साथि ॥ १ ॥
एक अचंभा देखिया, हीरा हाटि बिकाइ।
परिषणहारे बाहिरा, कौड़ी बदलै जाइ ॥ २
कबीर गुदड़ी बीषरी, सौदा गया बिकाइ।
खोटा बांध्या गांठड़ी, इब कुछ लिया न जाइ ॥ ३ ॥
पैंडैं मोती बीखर्‍या, अंधा निकर्‍या आइ।
जोति बिनां जगदीश की, जगत उलंघ्यां जाइ ॥ ४ ॥

---

( १ ) इसके पहिले ख प्रति में ये दोहे हैं—
चंदन रूख बदेस गयौ, जण जण कहै पलास।
ज्यौं ज्यौं चूल्है झोकिए, त्यूं त्यूं अधिकी बास ॥१॥
हंसड़ौ तौ महाराण कौ, उड़ि पड़यौ थलियांह।
बगलौ करि करि मारियौ, सझ न जांणैं त्यां ॥२॥
हंस बगां कै पाहुणां, कहीं दसा कै फेरि।
बगुला कांई गरबियां, बैठा पांख पषेरि ॥३॥
बगुला हंस मनाइ लै, नेड़ो थकां बहोड़ि।
त्यांह बैठा तू उजला, त्यौं हंस्यौं प्रीत न तोड़ि ॥४॥
ख—ब्रल्यां बगां कै साथि।

कबीर यहु जग अंधला, जैसी अंधी गाइ।
बछा था सो मरि गया, ऊभी चांम चटाइ ॥५॥७३७॥

——

## ( ४६ ) पारिष कौ अंग

जब गुण कूं गाहक मिलै, तब गुण लाख बिकाइ।
जब गुण कौं गाहक नहीं, तब कौड़ी बदलै जाइ ॥ १ ॥
कबीर लहरि समंद की, मोती बिखरे आइ।
बगुला मंझ न जांणई, हंस चुणे चुणि खाइ ॥ २ ॥
हरि हीराजन जौहरी, ले ले मांडिय हाटि।
जबर मिलैगा पारिषू, तब हीरां की साटि ॥३॥७४०॥

——

## ( ५० ) उपजणि कौ अंग

नांव न जांणौं गांव का, मारगि लागा जांउं।
काल्हि जु काटां भाजिसी, पहिली क्यूं न खड़ाउं ॥ १ ॥
सीष भई संसार थैं, चले जु सांई पास।
अविनासी मोहि ले चल्या, पुरई मेरी आस ॥ २ ॥

---

(४६-२) इसके आगे ख प्रति में यह दोहा है—
कबीर मनमाना तोलिए, सबदां मोल न तोल।
गौहर परषण जांणहीं, आपा खोवै बोल ॥७॥

(४९-३) इसके आगे ख प्रति में ये दोहे हैं—
कबीर सजनहीं साजन मिले, नइ नइ करैं जुहार।
बोल्यां पीछे जांणिये, जो जाकौ ब्यौहार ॥४॥
मेरी बोली पूरबी, ताइ न चीन्है कोइ।
मेरी बोली सो लखै, जो पूरब का होइ ॥५॥

इंद्रलोक अचरिज भया, ब्रह्मा पड़्या विचार।
कबीरा चाल्या रांम पैं, कौतिगहार अपार ॥ ३ ॥
ऊंचा चढ़ि असमान कूं, मेर ऊलंघे ऊड़ि।
पसू पँषेरू जीव जंत, सब रहे मेर मैं बूड़ि ॥ ४ ॥
सद पांणीं पाताल का, काढ़ि कबीरा पीव।
वासी पावस पड़ि मुए, विषै बिलंबे जीव ॥ ५ ॥
कबीर सुपनैं हरि मिल्या, सूतां लिया जगाइ।
आंणि न मींचौं डरपता, मति सुपनां ह्वै जाइ ॥ ६ ॥
गोव्यंद के गुंण वहुत हैं, लिखे जु हिरदै मांहि।
डरता पांणीं नां पीऊं, मति वै धोये जाहिं ॥ ७ ॥
कबीर अब तौ ऐसा भया, निरमोलिस निज नाउं।
पहली काच कथीर था, फिरता ठांवैं ठांउं ॥ ८ ॥
भौ समद विष जल भर्‍या, मन नहीं बाँधै धीर।
सबल सनेहीं हरि मिले, तब उतरे पारि कबीर ॥ ९ ॥
भला सुहेला ऊतर्‍या, पूरा मेरा भाग।
रांम नांव नौका गह्या, तब पांणी पक न लाग ॥१०॥
कबीर केसौ की दया, संसा घाल्या खोइ।
जे दिन गये भगति बिन, ते दिन सालैं मोहि ॥११॥
कबीर जाचण जाइथा, आगैं मिल्या अंच।
ले चाल्या घर आपणैं, भारी पाया संच ॥१२॥७५२॥

---

( ३ ) ख०—ब्रह्मा भया विचार।
( ४ ) ख०—ऊँचा चाल।
( ५ ) इसके आगे ख प्रति में यह दोहा है—
कबीर हरि का डर्पतां, ऊन्हां धान न खांउं।
हिरदा भीतरि हरि बसै, ताथैं खरा डरांउं ॥७॥
(११) ख०—संसा मेल्हा।

## ( ५१ ) दया निरवैरता कौ अंग

कबीर दरिया प्रजल्या, दाझैं जल थल झोल।
बस नांहि गोपाल सौं, बिनसै रतन अमोल ॥ १ ॥
ऊँनमिं बिआई बादली; बर्सण लगे अँगार।
उठि कबीरा धाह दे, दाझत है संसार ॥ २ ॥
दाध बली ता सब दुःखी, सुखी न देखौं कोइ।
जहां कबीरा पग धरैं, तहाँ टुक धीरज होइ ॥ ३ ॥७५५॥

---

## ( ५२ ) सुंदरि कौ अंग

कबीर सुंदरि यों कहै, सुणि हो कंत सुजांण।
वेगि मिलौ तुम आइ करि, नहीं तर तजौं परांण ॥ १ ॥
कबीर जे को सुंदरी, जांणि करै विभंचार।
ताहि न कबहूँ आदरै, प्रेम पुरिप भरतार ॥ २ ॥
जे सुंदरि सांईं भजै, तजै आन की आस।
ताहि न कबहूं परहरै; पलक न छाड़ै पास ॥ ३ ॥

---

(५२-२) इसके आगे ख प्रति में यह दोहा है—
दाध बली ता सब दुखी, सुखी न दीसै कोइ।
को पुत्रा को बंधवां, को धणहीना होइ ॥३॥

(५२-३) इसके आगे ख प्रति में ये दोहे हैं—
हूँ रोऊँ संसार कौ, मुझे न रोवै कोइ।
मुझकौं सोई रोइसी, जे रामसनेही होइ ॥ ५ ॥
मूरों कौं का रोइए, जो आपणैं घर जाइ।
रोइए बंदीवान को, जो हाटैं हाट बिकाइ ॥ ६ ॥
बाग बिछिटे म्रिग लौ, तिहिं जिनें मारै कोइ।
आपैं ही मरि जाइसी, डावां डोला होइ ॥ ७ ॥

इस मन कौं मैदा करौं, नान्हां करि करि पीसि।
तब सुख पावै सुंदरी ब्रह्म झलकै सीस ॥ ४ ॥
दरिया पारि हिंडोलनां, मेल्या कंत मचाइ।
सोई नारि सुलषणीं, नित प्रति झूलण जाइ ॥५॥७६०॥

---

## ( ५३ ) कस्तूरियां मृग कौ अंग

कस्तूरी कुंडलि बसै, मृग ढूंढै बन मांहि।
ऐसैं घटि घटि रांम है, दुनियां देखै नांहिं ॥ १ ॥
कोइ एक देखै संत जन, जांकै पांचूं हाथि।
जाकै पांचूं बस नहीं, ता हरि संग न साथि ॥ २ ॥
सो सांई तन मैं बसै, भ्रंम्यौं न जाणौं तास।
कस्तूरी के मृग ज्यूं, फिरि फिरि सूंघै घास ॥ ३ ॥
कबीर खोजी रांम का, गया जु सिंघल दीप।
रांम तौ घट भीतर रमि रह्या, जौ आवै परतीत ॥ ४ ॥
घटि बधि कहीं न देखिये. ब्रह्म रह्या भरपूरि।
जिनि जांन्यां तिनि निकटि है, दूरि कहैं ते दूरि ॥ ५ ॥
मैं जांण्यां हरि दूरि है, हरि रह्या सकल भरपूरि।
आप पिछाणैं बाहिरा, नेड़ा ही थैं दूरि ॥ ६ ॥
तिणकैं ओल्है राम है, परवत मेरैं भांइ।
सतगुर मिलि परचा भया, तब हरि पाया घट मांहिं ॥ ७ ॥

---

( ६ ) इसके आगे ख प्रति में यह दोहा—

कबीर बहुत दिवस भटकत रह्या, मन से विषै विसाम।
ढूंढत-ढूंढत जग फिरय्या, तिण ओल्है रांम ॥ ७ ॥

रांम नांम तिहूँ लोक मैं, सकल रह्या भरपूरि।
यहु चतुराई जाहु जलि, खोजत डोलैं दूरि ॥ ८ ॥
ज्यूं नैनूं मैं पूतली, त्यूं खालिक घट मांहिं।
मूरिख लोग न जांणहीं, बाहरि ढूंढण जांहिं ॥९॥७६९॥

---

## (५४) निंद्या कौ अंग

लोग बिचारा नींदई, जिनह न पाया ग्यांन।
रांम नांव राता रहै, तिनहुं न भावै आंन ॥ १ ॥
दोख पराये देख करि, चल्या हसंत हसंत।
अपनैं च्यंति न आवई, जिनकी आदि न अंत ॥ २ ॥
निंदक नेड़ा राखिये, अंगणि कुटी बंधाइ।
बिन साबण पांणीं बिना, निरमल करै सुभाइ ॥ ३ ॥
न्यंदक दूरि न कीजिये, दीजै आदर मांन।
निरमल तन मन सब करै, बकि बकि आंनहिं आंन ॥ ४ ॥
जे को नींदै साध कूं, संकटि आवै सोइ।
नरक कांहिं जांमैं मरै, मुकती न कबहूं न होइ ॥ ५ ॥
कबीर घास न नींदिये, जे पाऊं तलि होइ।
उड़ि पड़ै जब आंखि मैं, खरा दुहेला होइ ॥ ६ ॥

---

( ५२-८ ) इसके आगे ख प्रति में यह दोहा है—

हरि दरियां सूभर भरिया, दरिया वार न पार पार।
खालिक बिन खाली नहीं, जेवा सूई संचार ॥१०॥

( १ ) इसके आगे ख प्रति में यह दोहा है—

निंदक तौ नांकी, बिना, सोहे न कस्यां मांहिं।
साधू सिरजनहार के तिनमैं सोहै नाहिं ॥ २ ॥

( ६ ) ख० दूसरी पंक्ति—

नरक मांहि जामैं मरै, मुकति न कबहूं होइ।

आपन यौं न सराहिए, और न कहिये रंक।
नां जांणौं किस त्रिष तलि, कूड़ा होइ करंक ॥ ७ ॥
कबीर आप ठगाइये, और न ठगिये कोइ।
आप ठग्यां सुख ऊपजै, और ठग्यां दुख होइ ॥ ८ ॥
अब कै जे सांईं मिलै, तौ सब दुख आषौं रोइ।
चरनूं ऊपरि सीस धरि, कहूँ ज कहणां होइ ॥९॥७७८॥

---

## (५५) निगुणां कौ अंग

हरिया जांणैं रूंपड़ा, उस पांणीं का नेह।
सूका काठ न जांणईं, कबहूँ बूठा मेह ॥ १ ॥
झिरिमिरि झिरिमिरि बरषिया, पांहण ऊपरि मेह।
माटी गलि सैं जल भई, पांहण वोही तेह ॥ २ ॥
पार ब्रह्म बूठा मोतियां, धड़ बांधी सिपराह।
सगुरां सगुरां चुणि लिथा, चूक पड़ी निगुरांह ॥ ३ ॥
कबीर हरि रस बरषिया, गिर डूंगर सिषरांह।
नीर मिवांणा ठाहरै, नांऊँ छा परड़ांह ॥ ४ ॥
कबीर मूंडठ करमियां, नष सिष पाषर ज्यांह।
बांहणहारा क्या करै, बांण न लागै त्यांह ॥ ५ ॥
कहत सुनत सब दिन गए, उरझि न सुरझ्या मन।
कहि कबीर चेत्या नहीं, अजहूँ सुपहला दिन ॥ ६ ॥

---

( ७ ) आपण यौं न सराहिए, पर निंदिए न कोइ।
गजहूँ थांवा द्यौहड़ा, न जाणौं क्या होइ ॥ ८ ॥
( ८ ) यह दोहा ख प्रति में नहीं है।
( ९ ) यह दोहा ख प्रति में नहीं है।

कहै कबीर कठोर कै, सबद न लागै सार।
सुध बुध कै हिरदै भिदै, उपजि बिवेक बिचार॥ ७॥
मा सीतलता कै कारणैं, माग बिलंबे आइ।
रोम रोम बिष भरि रह्या अंमृत कहां समाइ॥ ८॥
सरपहि दूध पिलाइये, दूधैं बिष ह्वै जाइ।
ऐसा कोई नां मिलै, स्यूं सरपैं बिष खाइ॥ ९॥
जालौं इहै बडपणां, सरलै पेड़ि खजूरि।
पंखी छांह न बीसवैं, फल लागैं ते दूरि॥ १०॥
ऊंचा कुल कै कारणैं, बंस बध्या अधिकार।
चंदन बास भेदै नहीं, जाल्या सब परिवार॥ ११॥
कबीर चंदन कै निड़ै, नींब भि चंदन होइ।
बूढा बंस बडाइतां, यौं जिनि बूड़ै कोइ॥१२॥७६०॥

———

## (५६) बिनती कौ अंग

कबीर सांईं तौ मिलहिंगे, पूछहिंगे कुसलात।
आदि अंति की कहूंगा, उर अंतर की बात॥ १॥
कबीर भूलि बिगाड़ियां, तूं ना करि मैला चित।
साहिब गरवा लोड़िये, नफर बिगाड़ैं नित॥ २॥

---

( ७ ) इसके आगे ख प्रति में ये दोहे हैं—

बेकांमी को सर जिनि बाहै, साठी खोवै मूल गंवावै।
दास कबीर ताहि को बाहै, दलि सनाह सनमुख सरसाहै॥८॥
पसुवा सौं पांनौं पडो, रहि रहि याम खीजि।
ऊसर बाह्यौ न ऊगसी, भावै दूणां बीज॥ ९॥

( १ ) यह दोहा ख प्रति में नहीं है।

करता केरे बहुत गुंण, औगुंण कोई नांहिं।
जो दिल खोजौं आपणीं तौ सब औगुण मुझ मांहिं ॥ ३ ॥
औसर बीता अलपतन, पीव रह्या परदेस।
कलंक उतारौ केसया, भांनौं भरम अंदेस ॥ ४ ॥
कबीर करत है बीनती, भौसागर के तांई।
बंदे ऊपरि जोर होत है, जंम कूं बरजि गुसांईं ॥ ५ ॥
हज काबै ह्वै ह्वै गया, केती बार कबीर।
मीरा मुझ मैं क्या खता, मुखां न बोलै पीर ॥ ६ ॥
ज्यूं मन मेरा तुझ सौं, यौं जे तेरा होइ।
ताता लोहा यौं मिलै, संधि न लखई कोइ ॥ ७ ॥७९७ ॥

———

## [ ५७ ] सापीभूत कौ अँग

कबीर पूछै रांम कूं, सकल भवनपति राइ।
सबही कार अलगा रहौं, सो बिधि हमहिं बताइ ॥ १ ॥
जिहि बरियां सांईं मिलै, तास न जांण और।
सबकूं सुख दे सबद करि, अपणीं अपणीं ठौर ॥ २ ॥
कबीर मन का बाहुला, ऊंडा बहै असोस।
देखत हीं दह मैं पड़ैं, दई किसा कौं दोस ॥ ३ ॥ ८०० ॥

———

( ५६-३ ) इसके आगे ख प्रति में यह दोहा है—

बरियां बीती बल गया, अरु बुरा कमाया।
हरि जिनि छाड़ै हाथ थैं, दिन नेड़ा आया ॥ ३ ॥

( ५६-५ ) ख०—कबीर बिचारा करै बिनती।

## [ ५८ ] बेली कौ अँग

अब तौ ऐसी ह्वै पड़ी, नां तू बड़ी न बेलि।
जालण आंणीं लाकड़ी, ऊँठी कूंपल मेल्हि ॥ १ ॥
आगैं आगैं दौं जलै, पीछैं हरिया होइ।
बलिहारी ता बिरष की, जड़ काट्यां फल होइ ॥ २ ॥
जे काटौं तौ डहडही, सींचौं तौ कुमिलाइ।
इस गुणवंती बेलि का, कुछ गुंण कह्या न जाइ ॥ ३ ॥
आंगणि बेलि अकासि फल, अण ब्यावर का दूध।
ससा सींग की धूनहड़ी, रमैं बांझ का पूत ॥ ४ ॥
कबीर कड़ई बेलड़ी, कड़वा ही फल होइ।
सांध नांव तब पाइये, जे बेलि बिछोहा होइ ॥ ५ ॥
सींब भइ तब का भया, चहुँ दिसि फूटी बास।
सजहूँ बीज अंकूर है, भींऊगण की आस ॥ ६ ॥ ८०६ ॥

———

## [ ५९ ] अबिहड़ कौ अँग

कबीर साथी सो किया, जाकै सुख दुख नहीं कोइ।
हिलि मिलि ह्वै करि खेलिस्यू कदे बिछोह न होइ ॥ १ ॥
कबीर सिरजनहार बिन, मेरा हितू न कोइ।
गुण औगुण बिहड़ै नहीं, स्वारथ बंधी लोइ ॥ २ ॥
आदि मधि अरू अंत लौं, अबिहड़ सदा अभंग।
कबीर उस करता की, सेवग तजै न संग ॥ ३ ॥ ८०९ ॥

---

( ५८-२ ) ख०—दौं बलै।

( ६ ) इसके आगे ख प्रति में यह दोहा है—

सिंधि जु सहजैं फुकि गई, आगी लगी बन मांहि।
बीज बास दून्यूं जले, ऊगण कौं कुछ नांहि ॥ ७ ॥

## ( २ ) पद

### [ राग गौड़ी ]

दुलहनीं गावहु मंगलचार,

हम घरि आये हो राजा रांम भरतार ॥ टेक ॥

तन रत करि मैं मन रत करिहूँ, पंचतत बराती।
रांमदेव मोरै पांहुनैं आये, मैं जोवन मैं माती ॥
सरीर सरोवर वेदी करिहूँ, ब्रह्मा वेद उचार।
रांमदेव संगि भांवरि लैहूँ, धंनि धंन भाग हमार ॥
सुर तेतीसूं कौतिग आये, मुनियर सहस अठ्यासी।
कहैं कबीर हंम व्याहि चले हैं, पुरिष एक अविनासी ॥१॥

बहुत दिनन थैं मैं प्रीतम पाये,

भाग बड़े घरि बैठें आये ॥ टेक ॥

मंगलचार मांहि मन राखौं, राम रसांइण रसना चाषौं ॥
मंदिर मांहि भया उजियारा, ले सूती अपनां पीव पियारा ॥
मैं रनि रासी जे निधि पाई, हमहि कहा यहु तुमहि बड़ाई।
कहै कबीर मैं कछू न कीन्हां, सखी सुहाग राम मोहि दीन्हां ॥२॥

अब तोहि जांन न दैहूं रांक पियारे,

ज्यूं भावै त्यूं होह हमारे ॥ टेक ॥

बहुत दिनन के बिछुरे हरि पाये, भाग बड़े घरि बैठें आये ॥
चरननि लागि करौं बरियाई, प्रेम प्रीति राखौं उरझाई ॥
इत मन मंदिर रहौ नित चोपै, कहै कबीर परहु मति धोपै ॥३॥

मन के मोहन वीठुला, यहु मन लागौ तोहि रे।
चरन कंवल मन मांनियां,, और न भावै मोहि रे ॥टेक॥

षट दल कंवल निवासिया, चहु कौं फेरि मिलाइ रे।
दहुं कै बीचि समाधियां, तहां काल न पासै आइ रे॥
अष्ट कंवल दल भींतरा, तहां श्रीरंग केलि कराइ रे।
सतगुर मिलै तौ पाइये, नहीं तौ जन्म अक्यारथ जाइ रे॥
कदली कुसुम दल भीतरां, तहां दस आंगुल का बीच रे।
तहां दुवादस खोजि ले, जनम होत नहीं मींच रे॥
बंक नालि के अंतरै, पछिम दिसा की बाट।
नीझर झरैं रस पीजिये, तहाँ भंवर गुफा के घाट रे॥
त्रिवेणी मनाह न्हवाइए, सुरति मिलै जौ हाथि रे।
तहां न फिरि मघ जोइये, सनकादिक मिलिहैं साथि रे॥
गगन गरजि मघ जोइये, तहां दीसै तार अनंत रे।
बिजुरी चमकि घन बरषिहै, तरां भीजत हैं सब संत रे॥
षोडस कंवल जब चेतिया, तब मिलि गए श्री बनवारि रे।
जुरामरण भ्रम भाजिया, पुनरपि जनम निवारि रे॥
गुर गमि तैं पाईये, झंपि मरे जिनि कोइ रे।
तहीं कबीरा रमि रह्या, सहज समाधी सोइ रे॥४॥

गोकल नाइक वीठुला, मेरौ मन लागो तोहि रे।
बहुतक दिन बिछुरें भये, तेरी औसेरी आवै मोहि रे ॥टेक॥

करम कोटि कौ ग्रेह रच्यौ रे, नेह गये की आस रे।
आपहिं आप बँधाइया, द्वै लोचन मरहिं पियास रे॥
आपा पर संमि चीन्हिये, दीसै सरब समांन।
इहिं पद नरहरि भेटिये, तूं छाड़ि कपट अभिमांन रे॥

---

(४) ख०—जन्म अमोलिक।

नां कतहुँ चलि जाइये, नां सिर लीजै भार।
रसनां रसहिं विचारिये, सारंग श्रीरंग धार रे॥
साधैं सिधि ऐसी पाइये, किंवा होइ महोइ।
जे दिठ ग्यांन न ऊपजै, तौ अहटि रहै जिनि कोइरे॥
एक जुगति एकै मिलै, किंवा जोग कि भोग।
इन दून्यूं फल पाइये, रांम नांम सिधि जोग रे॥
प्रेम भगति ऐसी कीजिये, मुखि अंमृत बरिषै चंद।
आपही आप विचारिये, तब केता होइ अनंद रे॥
तुम्ह जिनि जानौं गीत है, यहु निज ब्रह्म विचार।
केवल कहि समझाइया आतम साधन सार रे॥
चरन कंवल चित लाइये, रांम नांम गुन गाइ।
कहै कबीर संसा नहीं, भगति मुकति गति पाइ रे॥ ५॥

अब मैं पाइबौ रे पाइबो ब्रह्म गियान,
सहज समाधें सुख मैं रहिबौ, कोटि कलप विश्राम॥टेक॥
गुर कृपाल कृपा जब कीन्हीं, हिरदै कंवल बिगासा।
भागा भ्रम दसौं दिस सूझ्या, परम जोति प्रकासा॥
मृतक उठ्या धनक कर लीयैं, काल अहेड़ी भागा।
उदया सूर निस किया पयांनां,सोवत थैं जब जागा॥

---

(५) इसके आगे ख प्रति में यह पद है—

अब मैं रांम सकल सिधि पाई
आन कहूँ तौ रांम दुहाई॥ टेक॥
इह विधि बासि सबै रस दीठा, रांम नांम सा और न मीठा।
और रस ह्व कफ गाता, हरिरस अधिक अधिक सुखराता॥
दूजा बणजा नहीं कछु बापर, रांम नांम दोऊ तत आपर।
कहै कबीर जे हरिरस भोगी, तांकौं मिल्या निरंजन जोगी॥ ६॥

अविगत अकल अनूपम देख्या, कहतां कह्या न जाई।
सैंन करै मनहीं मन रहसै, गूंगै जांनि मिठाई॥
पहुप बिना एक तरवर फलिया, बिन कर तूर बजाया।
नारी बिना नीर घट भरिया, सहज रूप सो पाया॥
देखत कांच भया तन कंचन, बिन बानी मन मांनां।
उड्या बिहंगम खोज न पाया, ज्यूं जल जलहि समांनां॥
पूज्या देव बहुरि नहीं पूजौं, न्हाये उदिक न नांउं।
भागा भ्रम ये कही कहतां, आये बहुरि न आंऊँ॥
आपै मैं तब आपा निरष्या, अपन पैं आपा सूझ्या।
आपै कहत सुनत पुनि अपनां, अपन पैं आपा बूझ्या॥
अपनैं परचै लागी तारी, अपन पै आप समांनां।
कहै कबीर जे आप बिचारै, मिटि गया आवन जांनां॥६॥

नरहरि सहजैं हीं जिनि जांनां।
गत फल फूल तत तर पलव, अंकूर बीज नसांनां॥टेक॥
प्रगट प्रकास ग्यांन गुरगमि थैं, ब्रह्म अगनि प्रजारी।
ससि हर सूर दूर दूरंतर, लागी जोग जुग तारी॥
उलटे पवन चक्र पट बेधा, मेर डंड सरपूरा।
गगन गरजि मन सुंनि समांनां, बाजे अनहद तूरा॥
सुमति सरीर कबीर बिचारी, त्रिकुटी संगम स्वांमीं।
पद आनंद काल थैं छूटैं, सुख मैं सुरति समांनीं॥७॥

मन रे मन हीं उलटि समांनां।
गुर प्रसादि अकलि भई तोकौं, नहीं तर था बेगांनां॥टेक॥
नेड़ै थैं दूरि दूर थै नियरा, जिनि जैसा करि जांना।
औ लौं टीका चढ्या बलींडै, जिनि पिया तिनि मांनां॥

उलटे पवन चक्र पट बेधा, सुंनि सुरति तै लागी।
अमर न मरै नहीं जीवै, ताहि खोजि वैरागी॥
अनभै कथा कवन सौं कहिये, है कोई चतुर बवेकी।
कहै कबीर गुर दिया पलीता, सो झल विरलै देखी॥८॥
इहि तात रांम जपहु रे प्रांनीं, बूझौ अकथ कहांणी।
हर कर भाव होइ जा ऊपरि जाग्रत रैंनि विहानीं॥टेक॥

डांइन डारै सुन हां डारै, स्यंज रहै वन घेरे।
पंच कुटंब मिलि झूझन लागे, बाजत सबद संघेरैं॥
रोहै मृग ससा वन घेरैं, पारधी बांण न मेलै।
सायर जलै सकल वन दाझै, मंछ अहेरा खेलै॥
सोई पंडित सो तत ग्याता, जो इहि पदहि विचारै।
कहै कबीर सोइ गुर मेरा, आप तिरै मोहि तारै॥ ९॥

अवधू ग्यांन लहरि धुनि मांडी रे।
सबद अती अनाहद राता, इहि विधि त्रिष्णां षांडी॥टेक॥

बन कै ससै समाद घर कीया मंछा बसै पहाड़ी।
सुइ पीवै बांम्हण मतवाला, फल लागा बिन बाड़ी॥
पाड बुणै कोली मैं बैठी, मैं खूंटा मैं गाड़ी।
तांणै वाणै पड़ी अनंवासी, सूत कहै बुणि गाढी।
कहै कबीर सुनहु रे संतो, अगम ग्यांन पद मांहीं।
गुरु प्रसाद सूई कै नांकै हस्ती आवैं जांहीं॥१०॥

एक अचंभा देखा रे भाई, ठाढ़ा सिंघ चरावै गाई॥टेक॥
पहलैं पूत पीछैं भाई माइ, चेला कै गुर लागै पाई।
जल की मछली तरवर ब्याई, पकड़ि बिलाइ मुरगै खाई।

बैलहि डावि गूंनि धरि आई कुत्ता कूं लै गई बिलाई।
तलि करि साषा ऊपरि करि मूल, बहुत भाँति जड़ लागे फूल।
कहै कबीर या पद कौं बूझै, ताकूं तीन्यूं त्रिभुवन सूझै ॥११॥

हरि के षारे बड़े पकाये, जिनि जारे तिनि षाये।
ग्यान अचेत फिरैं नर लोइ, ताथैं जनमि २ डहकाये॥टेक॥

धौल मंदलिया बैलर बाबी, कऊवा ताल बजावै।
पहरि चोल नांगा दह नाचै, भैंसा निरति करावै॥
स्यंघ बैठा पान कतरै, घूंस गिलौरा ल्यावै।
उंदरी बपुरी मंगल गावै, कछू एक आनंद सुनावै॥
कहै कबीर सुनहुँ रे संतौ गडरी परबत खावा।
चकवा बैसि अंगारे निगलै; समंद अकासां धावा ॥ २ ॥

चरषा जिनि जरै।
कातौंगी हजरी का सूत, नणद के भइया की सौं ॥टेक।

जलि जाई थलि ऊपजी, आई नगर मैं आप।
एक अचंभा देखिया, बिटिया जायौ बाप॥
बाबल मेरा ब्याह करि, बर उत्यम ले चाहि।
जब लग बर पावै नहीं, तब लग तूं हीं ब्याहि॥
सुबधी कै घरि लुबधी आयौ, आन बहू कै भाइ।
चूल्हे अगनि बताइ करि, फल सौ दीयौ ठटाइ॥
सब जगहीं मर जाइयौ, एक बढ़इया जिनि मरै।
सब रांडनि कौ साथ चरषा को धरै॥
कहै कबीर सो पंडित ग्याता, जो या पदहि बिचारै।
पहलै परचै गुर मिलै, तौ पीछैं सतगुर तारै॥१३॥

अब मोरि ले चलि नणद के बीर, अपनैं देसा।
इन पंचनि मिलि लूटी हूँ, कुसंग आहि बदेस ॥टेक॥
गंग तीर मोरी खेती बारी, जमुन तीर खरिहानां।
सातौं बिरही मेरे नीपजै, पंचूं मोर किसांनां।
कहै कबीर यहु अकथ कथा है, कहतां कही न जाई।
सहज भाइ जिहिं ऊपजै, ते रमि रहे समाई ॥१४॥

अब हम सकल कुसल करि मांनां,
स्वांति भई तब गोव्यंद जांनां ॥ टेक ॥

तन मैं होती कोटि उपाधि, उलटि भई सुख सहज समाधि ॥
जम-थैं उलटि भया है रांम, दुख बिसर्‌या सुख कीया बिश्रांम ॥
वैरी उलटि भये हैं मींता, साथत उलटि सजन भये चीता ॥
आपा जांनि उलटि ले आप, तौ नहीं ब्यापै तीन्यूं ताप ॥
अब मन उलटि सनातन हूवा, तब हम जांनां जीवत मूवा ॥
कहै कबीर सुख सहज समाऊं, आप न डरौं न और डराऊं ॥१५॥

संतौ भाई आई ग्यांन की आंधी रे।
भ्रम की टाटी सबै उडांणीं, माया रहै न बांधी ॥टेक॥

हिति चत की द्वै थूंनीं गिरांनीं, मोह बलींडां तूटा।
त्रिस्नां छांनि परी धर ऊपरि, कुबधि का भांडा फूटा ॥
जोग जुगति करि संतौं बांधी, निरचू चुवै न पांणीं।
कूड़ कपट काया का निकस्या, हरि की गति जब जांणीं ॥
आंधी पीछैं जो जल बूठा, प्रेम हरी जन भींनां।
कहै कबीर भांन के प्रगटें, उदित भया तम षींनां ॥ १६ ॥

अब घटि प्रगट भये रांम राई,
सोधि सरीर कनक की नांई ॥ टेक ॥
कनक कसौटी जैसैं कसि लेइ सुनारा,
सोधि सरीर भयो तन सारा ॥
उपजत उपजत बहुत उपाई,
मन थिर भयो तबै तिथि पाई ॥
बाहरि षोजत जनम गंवाया,
उनमनीं ध्यांन घट भीतरि पाया ॥
बिन परचै तन काँच कथीरा,
परचैं कंचन भया कबीरा ॥१७॥

हिंडोलनां तहां झूलै आतम रांम।
प्रेम भगति हिंडोलनां, सब संतनि कौ बिश्राम ॥ टेक ॥
चंद सूर दोइ खंभवा, बंक नालि की डोरि।
झूलें पंच पियारियां, तहां झूलै जीय मोर ॥
द्वादस गम के अंतरा, तहां अमृत कौं ग्रास।
जिनि यहु अमृत चाषिया, सो ठाकुर हंम दास ॥
सहज सुंनि कौ नेहरौ गगन मंडल सिरिमौर।
दोऊ कुल हम आगरी, जौ हम झूलैं हिंडोल ॥
अरध उरध की गंगा जमुनां, मूल कवल कौ घाट।
षट चक्र की गागरी, त्रिवेणीं संगम बाट ॥
नाद ब्यंद की नावरी, रांम नांम कनिहार।
कहै कबीर गुंण गाइ ले, गुर गंमि उतरौ पार ॥१८॥

को बीनैं प्रेम लागी री, माई को बीनैं।
रांम रसांइण माते री, माई को बीनैं ॥टेक॥
पाई, पाई तूं पुतिहाई,
पाई की तुरियां बेचि खाई री, माई को बीनैं ॥
ऐसैं पाई पर विथुराई,
त्यूं रस आंनि बनायौ री, माई को बीनैं।
नाचै तांनां नाचै बांनां,
नाचै कूंच पुराना री, माई को बीनैं ॥

करगहि बैठि कबीरा नाचै,
चूहै काट्या तांनां री, माई को बीनैं ॥ १९ ॥
मैं बुनि करि सिरांनां हों रांम, नालि करम नहीं ऊबरे ॥टेक॥

दखिन कूंट जब सुनहां भूंका, तब हम सुगन विचारा।
लरके परके सब जागत हैं, हम घरि चोर पसारा हो रांम ॥
तांनां लीन्हां बांनां लीन्हां, लीन्हें गोड के पऊवा।
इत उत चितवत कठवन लीन्हां, मांड चलवनां डऊवा हो राम॥
एक पग दोइ पग त्रेपग, संधें संधि मिलाई।
करि परपंच मोट बँधि आये किलि किलि सबै मिटाई हो रांम॥
तांनां तनि करि बांनां बुनि करि, छाक परी मोहि ध्यांन।
कहै कबीर मैं बुंनि सिरांना, जानत है भगवांनां हो राम ॥ २ ॥

तननां बुनना तज्या कबीर, रांम नांम लिखि लिया शरीर ॥टेक॥
जब लग भरौं नली का बेह, तब लग टूटै रांम सनेह ॥
ठाढ़ी रोवै कबीर की माइ, ए लरिका क्यूं जीवैं खुदाइ।
कहै कबीर सुनहुँ री माई, पूरणहारा त्रिभुवन राई ॥ २१ ॥

जुगिया न्याइ मरै मरि जाइ।
घर जाजरौ बलींडौ टेढ़ौ, औलोती डर राइ ॥टेक॥
मगरी तजौं प्रीति पाषें सूं, डांडी देहु लगाइ।
छींकौ छोडि उपरहि डौ बांधौ, ज्यूं जुगि जुगि रहौ समाइ ॥
बैसि परहडी द्वारा मुंदावो, ल्यावों पूत घर घेरी।
जेठी धीय सासरै पठवौं, ज्यूं बहुरि न आवै फेरी ॥
लहुरी धीइ सबै कुल खोयौ, तब ढिग बैठन पाई।
कहै कबीर भाग बपरी कौ, किलि किलि सबै चुकांई ॥२२॥

मन रे जागत रहिये भाई।
गाफिल होइ बसत मति खोवै, चोर मुसै घर जाई ॥ टेक ॥
षट चक्र की कनक कोठड़ी, बस्त भाव है सोई।
ताला कुंची कुलफ के लागे, उघड़त बार न होई ॥
पंच पहरवा सोइ गये हैं, बसतैं जागण लागी।
जुरा मरण व्यापै कुछ नांहीं, गगन मंडल लै लागी ॥
करत बिचार मनहीं मन उपजी, नां कहीं गया न आया।
कहै कबीर संसा सब छूटा, रांत रतन धन पाया ॥२३॥

चलन चलन सबको कहत है, नां जांनौं बैकुंठ कहां है ॥टेक॥
जोजन एक प्रमिति नहीं जांनैं, बातनि हीं बैकुंठ बषानैं ॥
जब लग है बैकुंठ की आसा, तब लग नहीं हरि चरन निवासा ॥
कहें सुनें कैसैं पतिअइये, जब लग तहां आप नहीं जइये ॥
कहै कबीर यहु कहिये काहि, साध संगति बैकुंठहि आहि ॥२४॥

अपनें बिचारि असवारी कीजै सहज कै पाइडै पाव जब दीजै टेक॥
दे मुहरा लगांम पहिरांऊं, सिकली जीन गगन दौराऊं ॥
चलि बैकुंठ तोहि लै तारौं, थकहित प्रेम ताजनैं मारूं ॥
जन कबीर ऐसा असवारा, वेद कतेब दहुँ थैं न्यारा ॥२५॥

अपनैं मैं रँगि आपनपौ जानूं,
जिहि रँगि जांनि ताही कूं मांनूं ॥टेक॥

अभि अंतरि मन रंग समानां, लोग कहैं कबीर बौरानां ॥
रंग न चीन्हैं मूरखि लोई जिहि रँगि रंग रह्या सब कोई ॥
जे रंग कबहूं न आवै न जाई, बहै कबीर तिहि रह्या समाई ॥२६॥

झगरा एक नबेरो रांम, जे तुम्ह अपनैं जन सूं काम ॥टेक॥
ब्रह्म बड़ा कि जिनि रू उपाया, बेद बड़ा कि जहाँ थैं आया ॥
यहु मन बड़ा कि जहां मन मानैं, राम बड़ा कि रांमहिं जानै ॥
कहै कबीर हूं खरा उदास, तीरथ बड़े कि हरि के दास ॥२७॥

दास रांमहिं जानिंहै रे और न जानैं कोइ ॥टेक॥
काजल देइ सबै कोई, चषि चाहन मांही बिनांन ॥
जिन लोइनि मन मोहिया, ते लोइन परवांन ॥
बहुत भगति भौसागरा, नानां बिधि नांनां भाव ।
जिहि हिरदै श्री हरि भेटिया, सो भेद कहूं कहूं ठाउं ॥
दरसन संमि का कीजिये, जौ गुन नहिं होत समांन ।
सींधव नीर कबीर मिल्यौ है, फटक न मिलै पखान ॥२८॥

कैसैं होइगा मिलबा हरि सनां,
रे तू विषै विकारन तजि मनां ॥टेक॥

रेतैं जोग जुगति जान्यां नहीं, तै गुर का सबद मान्यां नहीं ॥
गंदी देही देखि न फूलिये, संसार देखि न भूलिये ॥
कहै कबीर मन बहु गुंनी, हरि भगति बिनां दुख फुन फुनी ॥२९॥

कासूं कहिये सुनि रामां, तेरा मरम न जानैं कोई जी ।
दास बवेकी सब भले, परि भेद न छानां होई जी ॥टेक॥

ए सकल ब्रह्मंड तैं पूरिया, अरू दूजा महि थांन जी।
मैं सब घट अंतरि पोषिया, जब देख्या नैंन समांन जी ॥
रांम रसाइन रसिक हैं, अद्भुत गति बिस्तार जी।
भ्रम निसा जो गत करै, ताहि सूझै संसार जी ॥
सिव सनकादित नारदा, ब्रह्म लिया निज बास जी।
कहै कबीर पद पंक्यजा, अब नेड़ा चरण निवास जी ॥३०॥

मैं डोरै डरै जांऊंगा, तौ मैं बहुरि न भौजलि आंऊंगा ॥टेक॥
सूत बहुत कछु थोरा, ताथैं लाइ लै कंथा डोरा।
कंथा डोरा लागा, तब जुरा मरण भौ भागा ॥
जहां सूत कपास न पूनीं, तहां बसै, इक मूनीं।
उस मूनीं सूं चिलताऊंगा, तौ मैं बहुरि न भौजलि आंऊंगा ॥
मेरे डंड इक छाजा, तहां बसै इसै इक राजा।
तिस राजा सूं चित लाऊंगा, तौ मैं बहुरि न भौजलि आंऊंगा॥
जहां बहु हीरा घन मोती, तहां तब लाइ लै जोती।
तिस जोतहिं जोति, मिलाऊंगा, तौ मैं बहुरि न भौजलि आंऊंगा ॥
जहां ऊगै सूर न चंदा, तहां देख्या एक अनंदा।
उस आनंद सूंचित लाऊंगा, तौ मैं बहुरि न भौजलि आंऊंगा ॥
मूल बंध इक पावा, तहां सिध गणेस्वर रावा।
तिस मूलहि मूल मिलाऊंगा, तौ मैं बहुरि न भौजलि आऊंगा ॥
कबीरा तालिब तोरा, तहाँ गोपत हरी गुर मोरा।
तहां हेत हरी चित लाऊंगा, तौ मैं बहुरि भौजलि आऊंगा ॥

संतौ धागा टूटा गगन बिनसि गया, सबद जु कहां समाई।
ए संसा मोहि निस दिन व्यापै, कोइ न कहै समझाई ॥टेक॥

नहीं ब्रह्मंड प्यंड पुंनि नांहीं, पंचतत भी नाहीं।
इला प्यंगुला सुषमन नांहीं, ए गुंण कहां समांहीं ॥

नहीं ग्रिह द्वार कछू नहीं तहियां, रचनहार पुनि नांहीं।
जोवनहार अतीत सदा संगि, ये गुंण तहां समांहीं॥
तूटै बँधै बँधै पुंनि तूटे, जब तब होइ विनासा।
तब को ठाकुर अब को सेवग, को काकै बिसवासा॥
कहै कबीर यहु गगन न बिनसै, जौ धागा उनमांनां।
सीखें सुनें पढ़ें का होई, जौ नहीं पदहि समांनां॥२३॥
ता मन कौं खोजहु रे भाई, तन छूटे मन कहां समाई॥टेक॥

सनक सनंदन जै देवनांमां, भगति करी मन उनहुँ न जानां॥
सिव विरंचि नारद मुनि ग्यानीं, मन की गति उनहूं नहीं जानीं॥
ध्रू प्रहिलाद बभीषन सेषा, तन भीतरि मन उनहूं न देषा॥
ता मन का कोई जानैं भेव, रंचक लीन भया सुषदेव॥
गोरष भरथरी गोपीचंदा, ता मन सौं मिलि करैं अनंदा॥
अकल निरंजन सकल सरीरा, ता मन सौं मिलि रह्या कबीर॥३२॥

भाई रे विरले दोसत कबीर के, यहु तत वार बार कासों कहिये।
मानण घड़ण संवारण संम्रथ, ज्यूं राषै त्यूं रहिए॥टेक॥
आलग दुनीं सबै फिरि खोजी, हरि बिन सकल अयानां।
छह दरसन छयांनवै पाषंड, आकुल किनहूं न जानां॥
जप तप संजम पूजा अरचा, जोतिग जग बौरानां।
कागद लिखि लिखि जगत भुलानां, मनहीं मन न समाना॥
कहै कबीर जोगी अरू जंगम, ए सब झूठी आसा।
गुर प्रसादि रटौ चात्रिग ज्यूं, निहचै भगति निवासा॥३४॥
किंतेक सिव संकर गए ऊठि,

राम संमाधि अजहूं नहीं छूटि॥टेक॥
प्रलै काल कहू कितेक भाष, गये इंद्र से अगिणत लाष॥
ब्रह्मा खोजि पर्‌यौ गहि नाल, कहै कबीर वै रांम निराल॥३५॥

अच्यंत च्यंत ए माधौ, सो सब मांहिं समानां।
ताहि छाड़ि जे आंन भजत हैं, ते सब भ्रंमि भुलांनां ॥टेक॥
ईस कहै मैं ध्यांन न जांनूं, दुरलभ निज पद मोहीं।
रंचक करूणां कारणि केसो, नांव धरण कौं तोहीं॥
कहौ धौं सबद कहां थै आवै, अरू फिरि कहां समाई।
सबद अतीत का मरम न जानैं, भ्रंमि भूली दुनियाई॥
प्यंड मुकति कहां ले कीजै, जौ पद मुकति न होई।
प्यंडै मुकति कहत हैं मुनि जन, सबद अतीत था सोई।
प्रगट गुपत गुपत पुनि प्रगट, सो कत रहै लुकाई।
कबीर परमांनंद मनाये, अकथ कथ्यौ नहीं जाई ॥३६॥

सो कछू बिचारहु पंडित लोई,
जाकै रूप न रेष बरण नहीं कोई ॥टेक॥
उपजै प्यंड प्रांन कहां थैं आवै, मूवा जीव जाइ कहां समावै॥
इंद्री कहां करहि विश्रांमां, सो कत गया जो कहता रांमा॥
पंचतत तहां सबद न स्वादं, अलख निरंजन बिद्या न बादं॥
कहै कबीर मन मनहि समानां, तब आगम निगम झूठ करि जाना ।३७।

जौ पैं बीज रूप भगवाना,
तौ पंडित का कथिसि गियाना ॥टेक॥
नहीं तन नहीं मन नहीं अहंकारा, नहीं सत रज तम तीनि प्रकारा॥
विष अमृत फल फले अनेक, वेद रु बोधक हैं तरु एक॥
कहै कबीर इहै मन माना, कहिधूं छूट कवन उरझाना ॥३८॥

पांडे कौंन कुमति तोहि लागी,
तूं रांम न जपहि अभागी ॥टेक॥
वेद पुरांन पढ़त अस पांडे, खर चंदन जैसैं भारा।
रांम नांम तत समझत नांही, अंति पड़ै मुखि छारा॥

वेद पढ्यां का यहु फल पांडे, सब घटि देखैं रांमां।
जन्म मरन थैं तौ तूं छूटै, सुफल हूंहि सब कांमां॥
जीव बधत अरु धरम कहत हौ, अधरम कहां है भाई।
आपन तौ मुनिजन ह्वै बैठे, का सनि कहौं कसाई॥
नारद कहै व्यास यौं भाषै, सुखदेव पूछौ जाई।
कहै कबीर कुमति तब छूटै, जे रहौ रांम ल्यौ लाई॥ ३९॥

पंडित बाद बदंते झूठा।
रांम कह्यां दुनियां गति पावै, षांड कह्यां मुख मीठा॥टेक॥
पावक कह्यां पाव जे दाझै, जल कहि त्रिषा बुझाई।
भोजन कह्यां भूष जे भाजै, तौ सब कोई तिरि जाई॥
नर कै साथि सूवा हरि बोलै, हरि परताप न जानै।
जो कबहूं उड़ि जाइ जँगल मैं, बहुरि न सुरतैं आनै॥
साची प्रीति विषै माया सूं, हरि भगतनि सूं हासी।
कहै कबीर प्रेम नहीं उपज्यौ, बांध्यौ, जमपुरि जासी॥४०॥

जौ पैं करता बरण बिचारै,
तौ जनमत तीनि डांडि किन सारै॥ टेक॥
उतपति व्यंद कहां थैं आया,
जो धरी अरु लागी माया॥

---

(४०) इसके आगे ख प्रति में यह पद है—

काहे कौं कीजै पांडे छोति बिचारा।
छोतिहीं तैं उपना सब संसारा॥ टेक॥
हंमारै कैसैं लोहू तुम्हारै कैसैं दूध।
तुम्ह कैसैं बांह्मण पांडे हंम कैसैं सूद॥
छोति छति करता तुम्हहीं जाए।
तौ ग्रभवास कहें कौं आए।
जनमत छोत मरत ही छोति।
कहै कबीर हरि की त्रिमल जोति॥ ४२॥

नहीं को ऊंचा नहीं को नींचा,
जाका प्यंड ताही का सींचा ॥
जे तूं बांभन बभनीं जाया,
तौ आंन बाट ह्वै काहे न आया ॥
जे तूं तुरक तुरकनीं जाया,
तौ भीतरि खतनां क्यूं न कराया ॥
कहै कबीर मधिम नहीं कोई ।
सो मधिम जा मुखि रांम न होई ॥ ४१ ॥

कथता बकता सुरता सोई, आप बिचारै सो ग्यांनी होई । टेक॥
जैसैं अगिन पवन का मेला, चंचल चपल बुधि का खेला ।
नव दरवाजे दसूं दुवार, बूझि रे ग्यांनी ग्यांन बिचार ॥
देही माटी बोलै पवनां, बूझि रे ग्यांनीं मूवा स कौनां ।
मुई सुरति बाद अहंकार, वह न मूवा जो बोलणहार ॥
जिस कारनि तटि तीरथि जांहीं, रतन पदारथ घट हीं माहीं ।
पढ़ि पढ़ि पंडित बेद बषांणैं, भींतरि हूती बसत न जांणैं ॥
हूं न मूवा मेरी मुई बलाइ, सो न मुवा जो रह्या समाइ ।
कहै कबीर गुरु ब्रह्म दिखाया, मरता जाता नजरि न आया ॥४२॥

हम न मरैं मरिहै संसारा, हंम कूं मिल्या जियावनहारा ।।टेक॥
अब न मरौं मरनैं मन मांनां, तेई मूए जिनि राम न जानां ।
साकत मरै संत न जीवै, भरि भरि रांम रसांइन पीवै ॥
हरि मरिहैं तौ हमहूँ मरिहैं, हरि न मरै हंम काहे कूं मरिहैं ।
कहै कबीर मन मनहि मिलावा, अमर भये सुख सागर पावा ॥४३॥

कौंन मरै कौंन जनमै आई, सरग नरक कौंनै गति पाई ।।टेक॥
पंचतत अबिगत थैं उतपनां, एकैं किया निवासा ।
बिछुरे तत फिरि सहजि समांनां, रेख रही नहीं आसा ॥

जल मैं कुंभ कुंभ मैं जल है, बाहरि भीतरि पांनीं।
फूटा कुंभ जल जलहि समांनां, यहु तत कथौ गियानीं ।।
आदैं गगनां अंतैं गगनां, मधे गगनां भाई।
कहै कबीर करम किस लागै, झूठी संक उपाई ।।४४।।

कौंन मरै कहु पंडित जनां, सो समझाइ कहौ हम सनां ।।टेक।।
माटी माटी रही समाइ, पवनैं पवन लिया सँगि लाइ ।।
कहै कबीर सुंनि पंडित गुंनी, रूप मूवा सब देखै दूनीं ।।४५।।

जे को मारैं मरन है मींठा,
गुर प्रसादि जिनहीं मरि दीठा ।।टेक।।
मूवा करता मुई ज करनी, मुई नारि सुरति बहु धरनीं ।।
मूवा आपा मूवा मांन, परपंच लेइ मूवा अभिमान ।।
रांम रमें रमि जे जन मूवा, कहै कबीर अविनासी हूवा ।।४६।।

जस तूं तस तोहि कोई न जान,
लोग कहैं सब आनहिं आन ।।टेक।।
चारि वेद चहुँ मत का बिचार, इहिं भ्रंमि भूलि पर्‌यौ संसार ।।
सुरति सुमृति दोइ कौ बिसवास, बाझि पर्‌यौ सब आसा पास ।।
ब्रह्मादिक सनकादिक सुर नर, मैं बपुरौ धूंका मैं का कर ।।
जिहि तुम्ह तारौ सोई पैं तिरइ, कहै कबीर नांतर बांध्यौ मरई।।४७।।

लोका तुम्ह ज कहत हौ नंद कौ नंदन, नंद कहौ धूं काकौ रे।
धरनि अकास दोऊ नहीं होते, तब यहु नंद कहां थौ रे ।।टेक।।
जांमैं मरै न सकुटि आवै, नांव निरंजन जाकौ रे।
अविनासी उपजै नहिं बिनसै, संत सुजस कहैं ताकौ रे ।।

लष चौरासी जीव जंत मैं भ्रमत नंद थाकौ रे ॥
दास कबीर कौ ठाकुर ऐसो, भगति करै हरि ताकौ रे ॥४८॥

निरगुण रांम निरगुंण रांम जपहु रे भाई,
अविगति की गति लखि न जाई ॥टेक॥
चारि वेद जाकै सुमृत पुरांनां, नौ व्याकरनां मरम न जांनां ॥
सेस नाग जाकै गरड़ समांनां, चरन कंवल कंवला नहीं जांनां ॥
कहै कबीर जाकै भेदै नांहीं, निज जन बैठे हरि की छाँहीं ॥४९॥

मैं सबनि मैं औरनि मैं हूं सब ।
मेरी विलगि बिलगि बिलगाई हो,
कोइ कहौ कबीर कोई कहौ रांम राई हो ॥टेक॥
नां हम बार बूढ नाहीं हम, नां हमरै चिलकाई हो ।
पठए न जांऊं अरवा नहीं आंऊं, सहजि रहूं हरिआई हो ॥
बोढन हमरै एक पछेवरा, लोक बोलैं इकताई हो ।
जुलहै तनि बुनि पांन न पावल, फारि बुनी दस ठांई हो ।
त्रिगुंण रहित फल रमि हम राखल, तब हमारौ नांऊं रांम राई हो ।
जग मैं देखौं जग न देखै मोहि, इहि कबीर कछु पाई हो ॥५०॥

लोका जांनि न भूलौ भाई ।
खालिक खलक खलक मैं खालिक, सब घट रह्यौ समाई ॥टेक॥
अला एकै नूर उपनाया, ताकी कैसी निंदा ।
ता नूर थैं सब जग कीया, कौन भला कौन मंदा ॥
ता अला की गति नहीं जांनीं, गुरि गुड़ दीया मींठा ।
कहै कबीर मैं पूरा पाया, सब घटि साहिब दीठा ॥५१॥

---

(५०) ख०—ना हम बार बूढ पुनि नांहीं ।

रांम मोहि तारि कहाँ लै जैहो।
सो वैकुंठ कहौ धूं कैसा, करि पसाव मोहि दैहो ॥टेक॥
जे मेरे जीव दोइ जांनत हौ, तौ मोहि मुकति बताओ।
एकमेक रमि रह्या सबनि मैं, तो काहे भरमावौ ॥
तारण तिरण जबै लग कहिये, तब लग तत न जांनां।
एक रांम देख्या सबहिन मैं, कहै कबीर मन मांनां ॥५२॥

सोहं हंसा एक समान, काया के गुंण आंनहि आंन ॥ टेक ॥
माटी एक सकल संसारा, बहु बिधि भांडे घड़ै कुँभारा ॥
पंच बरन दस दुहिये गाइ, एक दूध देखौ पतिआइ ॥
कहै कबीर संसा करि दूरि, त्रिभवननाथ रह्या भरपूर ॥५३॥

प्यारे रांम मनहीं मनां।
कासूं कहूं कहन कौं नाहीं, दूसर और जनां ॥ टेक ॥
ज्यूं दरपन प्रतिब्यंब देखिए, आप दवासूं सोई।
संसौ मिट्यौ एक कौ एकै, महा प्रलैय जब होई ॥
जौ रिझऊं तौ महा कठिन है, बिन रिझयैं थैं सब खोटी।
कहै कबीर तरक दोइ साधै, ताकी मति है मोटी ॥५४॥

हंम तौ एक एक करि जांनां।
दोइ कहैं तिनहीं कौं दोजग, जिन नांहिन पहिचांनां ॥ टेक ॥
एकै पवन एक ही पांनीं, एक जोति संसारा।
एक ही खाक घड़े सब भांडे, एकही सिरजनहारा ॥
जैसैं बाढी काष्ट ही काटै, अगिनि न काटै कोई।
सब घटि अंतरि तूंही व्यापक, धरै सरूपैं सोई ॥
माया मोहे अर्थ देखि करि, काहै कूं गरबांनां।
निरभै भया कछू नहीं व्यापै, कहै कबीर दीवांना ॥५५॥

अरे भाई दोइ कहां सो मोहि बतावौ,
बिचिहि भरम का भेद लगावौ ॥ टेक ॥

जोनि उपाइ रची द्वै धरनीं, दीन एक बीच भई करनीं ॥
रांम रहीम जपत सुधि गई, उनि माला उनि तसबी लई ॥
कहै कबीर चेतहु रे भौंदू, बोलनहारा तुरक न हिंदू ॥५६॥

ऐसा भेद बिगूचन भारी ॥
बेद कतेब दीन अरू दुनियां, कौन पुरिष कौन नारी ॥ टेक ॥

एक बूंद एकै मल मूतर, एक चाम एक गूदा ।
एक जोति थैं सब उतपनां, कौंन ब्राम्हन कौन सूदा ॥
माटी का प्यंड सहजि उतपनां, नाद रु ब्यंद समांनां ।
बिनसि गयां थैं का नाव धरिहौ, पढ़ि पुनि भ्रंम जांनां ॥
रज गुन ब्रह्मा तम गुन संकर, सत गुन हरि है सोई ।
कहै कबीर एक रांम जपहु रे, हिंदू तुरक न कोई ॥५७॥

हंमारै रांम रहीम करीमा केसो, अहल रांम सति सोई ।
बिसमिल मेटि बिसंभर एकै, और न दूजा कोई ॥ टेक ॥

इनकै काजी मुलां पीर पैकंबर, रोजा पछिम निवाजा ।
इनकै पूरब दिसा देव दिज पूजा, ग्यारसि गंग दिवाजा ॥
तुरक मसीति देहुरै हिंदू, दहूठां रांम खुदाई ।
जहाँ मसीति देहुरा नांहीं, तहां काकी ठकुराई ॥
हिंदू तुरक दोऊ रह तूटी, फूटी अरू कनराई ।
अरध उरध दसहूँ दिस जित तित, पूरि रह्या रांम राई ॥
कहै कबीरा दास फकीरा, अपनीं रहि चलि भाई ।
हिंदू तुरक का करता एकै, ता गति लखी न जाई ॥५८॥

काजी कौन कतेब बषांनैं ॥

पढ़त पढ़त केते दिन बीते, गति एकै नहीं जांनैं ॥ टेक ॥

सकति से नेह पकरि करि सुनति, यहु नवदूं रे भाई।
जौर षुदाइ तुरक मोहि करता,तौ आपै कटि किन जाई ॥
हौं तौ तुरक किया करि सुनति, औरति सौं का कहिये।
अरध सरीरी नारि न छूटै, आधा हिंदू रहिये ॥
छाड़ि कतेब रांम कहि काजी, खून करत हौ भारी।
पकरी टेक कबीर भगति की, काजी रहे झष मारी ॥५९॥

मुलां कहां पुकारै दूरि, रांम रहीम रह्या भरपूरि ॥टेक॥

यहु तौ अलह गूंगा नांहीं, देखै खलक दुनीं दिल माहीं।
हरि गुंन गाइ बंग मैं दीन्हां काम क्रोध दोऊ बिसमल कीन्हां॥
कहै कबीर यह मुलनां झूठा,रांम रहींम सबनि मैं दीठा ॥६०॥

पढ़ि ले काजी बंग निवाजा,
एक मसीति दसौं दरवाजा ॥ टेक ॥

मन करि मका कबिला करि देही, बोलनहार जगत गुर येही ॥
उहाँ न दोजग भिस्त मुकांमां इहां हीं रांम इहां रहिमांनां ॥
बिसमल तांमस भरम कं दूरी, पंचूं भषि ज्यूं होइ सबूरी ॥
कहै कबीर मैं भया दिवांनां,मनवां मुसि मुसि सहजि समांनां॥६१॥

मुलां करि ल्यौ न्याव खुदाई,
इहि बिधि जीव का भरम न जाई ॥ टेक ॥

सरजी आंनैं देह बिनासै, माटी बिसमल कीता।
जोति सरूपी हाथि न आया, कहौ हलाल क्या कीता ॥
बेद कतेब कहो क्यूं झूठा झूठा जोनि विचारै।

---

( ६१ ) ख०—मन करि मका कबिला करि देही,
राजी समझि राह गति येही।

सब घटि एक एक करि जांनैं, भीं दूजा करि मारै ॥
कुकड़ी मारै बकरी मारै, हक हक करि बोलै ।
सबै जीव सांईं के प्यारे, उबरहुगे किस बोलै ॥
दिल नहीं पाक पाक नही चीन्हां, उसदा षोज न जांनां ।
कहै कबीर भिसति छिटकाई, दोजग ही मन मांनां ॥६२॥

या करीम बलि हिकमति तेरी ।
खाक एक सूरति बहु तेरी ॥ टेक ॥
अर्ध गगन मैं नीर जमाया, बहुत भाँति करि नूरनि पाया ॥
अवलि आदम पीर मुलांनां, तेरी सिफति करि भये दिवांनां ॥
कहै कबीर यहु हेत विचारा, या रब या रब यार हमारा ॥६३॥

काहे री नलनीं तूं कुमिलांनीं,
तेरैं ही नालि सरोवर पांनीं ॥ टेक ॥
जल मैं उतपति जल मैं बास, जल मैं नलनीं तोर निवास ॥
ना तलि तपति न ऊपरि आगि, तोर हेतु कहु कासनि लागि ॥
कहै कबीर जे उदिक समांन, ते नहीं मूए हंमारे जान ॥६४॥

इब तूं हसि प्रभू मैं कुछ नांहीं,
पंडित पढि अभिमांन नसांही ॥ टेक ॥
मैं मैं मैं जब लग मैं कीन्हां, तब लग मैं करता नहीं चीन्हां ॥
कहै कबीर सुनहु नरनाहा, नां हम जीवत न मूंवाले माहां॥६५॥

अब का डरौं डर डरहि समांनां,
जब थैं मोर तोर पहिचांनां ॥ टेक ॥
जब लग मोर तोर करि लीन्हां, भै भै जनमि जनमि दुख दीन्हां ।
आगम निगम एक करि जांनां, ते मनवां मन मांहि समांनां ॥

---

(६२) ख—उसका खोज न जांनां ।

जब लग ऊंच नीच करि जांनां, ते पसुवा भूले भ्रंम नांना।
कहि कबीर मैं मेरी खोई तबहि रांम अवर नहीं कोई ॥६६॥

बोलनां का कहिये रे भाई, बोलत बोलत तत नसाई ॥टेक॥
बोलत बोलत बढ़ै बिकारा, बिन बोल्यां क्यूं होइ विचारा ॥
संत मिलै कछु कहिये कहिये, मिलै असंत मुष्टि करि रहिये ॥
ग्यांनीं सूं बोल्यां हितकारी, मूरिख सूं बोल्यां झष मारी ॥
कहै कबीर आधा घट डोलै, भर्‍या होइ तौ मुषां न बोलै ॥६७॥

बागड़ देस लूबन का घर है,
तहां जिनि जाइ दाझन का डर है ॥टेक॥

सब जग देखौं कोई न धीरा, परत धूरि सिरि कहत अबीरा ॥
न तहां सरवर न तहां पांणी, न तहां सतगुर साधू बांणीं ॥
न तहां कोकिल न तहां सूवा, ऊंचै चढ़ि चढ़ि हंसा मूवा ॥
देस मालवा गहर गंभीर, डग डग रोटी पग पग नीर ॥
कहै कबीर घरहीं मन मांनां, गूंगे का गुड़ गूंगै जांनां ॥६८॥

अवधू जोगी जग थैं न्यारा।
मुद्रा निरति सुरति करि सींगी, नाद न षंडै धारा ॥टेक॥

बसै गगन मैं दुनीं न देखै, चेतनि चौकी बैठा।
चढ़ि अकास आसण नहीं छाड़ै, पीवै महा रस मींठा ॥
परगट कंथां मांहैं, जोगी, दिल मैं दरपन जोवै।
सहंस इकीस छ सै धागा, निहचल नाकै पोवै ॥
ब्रह्म अगनि मैं काया जारै, त्रिकुटी संगम जागै।
कहै कबीर सोई जोगेस्वर, सहज सुंनि ल्यौ लागै ॥६९॥

अवधू गगन मंडल घर कीजै ।
अमृत झरै सदा सुख उपजै, बंक नालि रस पीवै ॥टेक॥
मूल बांधि सर गगन समांनां, सुषमन यों तन लागी ।
काम क्रोध दोऊ भया पलीता, तहां जोगणीं जागी ॥
मनवां जाइ दरीबै बैठा, मगन भया रसि लागा ।
कहै कबीर जिय संसा नांहीं, सबद अनाहद बागा ॥७०॥

कोई पीवै रे रस रांम नांम का, जो पीवै सो जोगी रे ।
संतो सेवा करौ रांम की, और न दूजा भोगी रे ॥टेक॥
यहु रस तौ सब फीका भया, ब्रह्म अगनि परजारी रे ।
ईश्वर गौरी पीवन लागे, रांम तनीं मतिवारी रे ॥
चंद सूर दोइ भाठी कीन्हीं, सुषमनि चिगवा लागी रे ।
अमृत कूं पी सांचा पुरया, मेरी त्रिष्णां भागी रे ॥
यहु रस पीवै गूंगा गहिला, ताकी कोई न बूझै सार रे ।
कहै कबीर महा रस मँहगा, कोई पीवैगा पीवणहार रे ॥७१॥

अवधू मेरा मन मतिवारा ।
उन्मनि चढ़ा मगन रस पीवै, त्रिभवन भया उजियारा ॥टेक॥
गुड़ करि ग्यांन ध्यांन कर महुवा, भव भाठी करि भारा ।
सुषमन नारी सहजि समांनीं, पीवै पीवनहारा ॥
दोइ पुड़ जोड़ि चिगाई भाठी, चुया महा रस भारी ।
काम क्रोध दोइ किया बलोता, छूटि गई संसारी ॥
सुंनि मंडल मैं मंदल बाजै, तहां मेरा मन नाचै ।
गुर प्रसादि अमृत फल पाया, सहजि सुषमनां काछै ॥

( ७१ ) ख०—चंद सूर दोइ किभा पयाना ।
( ७२ ) ख०—उनमति चढ्या महारस पीवै,
पूरा मिल्या तबै सुष उपनां ।

पूरा मिल्या तबैं सुष उपज्यौ, तन की तपति बुझानी।
कहै कबीर भवबंधन छूटै, जोतिहि जोति समानी ॥७२॥

छाकि पर्‍यो आतम मतिवारा,
पीवत रांम रस करत बिचारा। टेक॥

बहुत मोलि महँगै गुड़ पावा, लै कसाब रस रांम चुवावा ॥
तन पाटन मैं कीन्ह पसारा, मांगि मांगि रस पीवै बिचारा।
कहै कबीर फाबी मतिवारी, पीवत रांम रस लगी खुमारी ॥७३॥

बोलौ भाई रांम की दुहाई।
इहि रसि सिव सनकादिक माते, पीवत अजहूँ न अघाई॥टेक॥
इला ब्यंगुला भाठी कीन्हीं, ब्रह्म अगनि परजारी।
ससि हर सूर द्वार दस मूंदे, लागी जोग जुग तारी ॥
मन मतिवाला पीवै रांम रस, दूजा कछू न सुहाई।
उलटी गंग नीर बहि आया, अंमृत धार चुवाई ॥
पंच जने सो संग करि लीन्हें, चलत खुमारी लागी।
प्रेम पियालै पीवन लागे, सोवत नागिनी जागी ॥
सहज सुंनि मैं जिनि रस चाष्या, सतगुर थैं सुधि पाई ॥
दास कबीर इहि रसि माता, कबहूँ उछकि न जाई ॥७४॥

राम रस पाईया रे, ताथैं बिसरि गये रस और ॥टेक॥
रे मन तेरा को नहीं, खैंचि लेइ जिनि भार।
बिरपि बसेरा पंपि का, ऐसा माया जाल ॥
और मरत का रोइए, जो आया थिर न रहाइ।
जो उपज्या सो बिनसिहै ताथैं दुख करि मारै बलाइ ॥
जहां उपज्या तहां फिरि रच्या रे पीवत मरदन लाग।
कहै कबीर चित चेतिया, ताथैं राम सुमरि बैराग ॥७५॥

राम चरन मनि भाए रे।

अस ढरि जाहु राय के करहा, प्रेम प्रीति ल्यो लाये रे ।।टेक।।
आब चढ़ो अंबली रे अंबली, बबूर चढ़ो नग बेली रे।
द्वै थर चढ़ि गयौ रांड कौ करहा, मनह पाट की सैली रे ।।
कंकर कूई पतालि पनियां, सूनैं बूंद बिकाई रे।
बजर परौं इहि मथुरा नगरी, कांन्ह पियासा जाई रे ।।
एक दहिड़िया दही जमायौ, दुसरी परि गई साई रे।
न्यूंति जिमाऊं अपनौं करहा, छार मुनिस की डारी रे।।
इहि बंनि बाजै मदन भेरि रे, उहि बनि बाजै तूरा रे।
इहि बंनि खेलै राही रुकमनि, उहि बन कान्ह अहीरा रे ।।
आसि पासि तुरसी कौ बिरवा, मांहि द्वारिका गांऊं रे।
तहां मेरौ ठाकुर रांम राइ है, भगत कबीरा नांऊं रे ।।७६।।

थिर न रहै चित थिर न रहै, च्यतांमणि तुम्ह कारिणि हो।
मन मैले मैं फिरिफिरि आहौं, तुम सुनहुँ न दुख बिसरावन हो।।टेक।।
प्रेम खटोलवा कसि कसि बांध्यो, बिरह बान तिहि लागू हो।
तिहि चढ़ि इंदऊँ करत गवंसियां, अंतरि जमवा जागू हो ।।
महरू मछा मारि न जांनैं, गहरै पैठा धाई हो।
दिन इक मगर मछ लै खैहै, तब को रखिहै, बंधन भाई हो ।।
महरू नांम हरइये जानैं, सबद बूझै बौरा हो।
चारै लाइ सकल जग खायौ, तऊ न भेटि निसहुरा हो ।।
जौ महाराज चाहौ महरईये, तौ नाथौ ए मन बौरा हो।
तारी लाइकैं सिष्टि बिचारौ, तब गहि भेटि निसहुरा हो ।।
टिकुटी भई कांन्ह कै कारणि, भ्रंमि भ्रंमि तीरथ कन्हा हो।
सो पद देहु मोहि मदन मनोहर जिहि पदि हरि मैं चीन्हां हो ।।

दास कबीर कीन्ह अस गहरा, बूझै कोई महरा हो।
यहु संसार जात मैं देखौं, ठाढा रहौ कि निहुरा हो ॥७७॥

बीनती एक रांम सुंनि थोरी, अब न बचाइ राखि पति मोरी॥टेक॥
जैसैं मंदला तुम्हि बजावा, तैसैं नाचत मैं दुख पावा॥
जे मसि लागी सबै छुड़ावौ, अब मोहि जिनि बहु रूपक छावौ॥
कहै कबीर मेरी नाच उठावौ,तुम्हारे चरन कवल दिखलावौ ॥७८॥

मन थिर रहै न घर ह्वै मेरा, इन मन घर जारे बहुतेरा ॥ टेक ॥
घर तजि बन बाहरि कियौं बास, घर बन देखौं दोऊ निरास॥
जहां जांऊं तहां सोग संताप, जुरा मरण कौ अधिक बियाप ॥
कहै कबीर चरन तोहि बंदा, घर मैं घर दे परमांनंदा ॥७९॥

कैसैं नगरि करौं कुटवारी, चंचल पुरिष बिचषन नारी ॥ टेक ॥
बैल बियाइ गाइ भई बांझ, बछरा दूहै तीन्यूं सांझ॥
मकड़ी घरि माषी छछि हारी, मास पसारि चील्ह रखवारी।
मूसा खेवट नाव बिलइया, मींडक सोवै साप पहरइया॥
नित उठि स्याल स्यंघ सूं झूझै,कहै कबीर कोई बिरला बूझै ॥८०॥

भाई रे चूंन बिलूंटा खाई,
बाघनि संगि भई सबहिन कै, खसम न भेद लहाई ॥ टेक ॥
सब घर फोरि बिलूंटा खायौ, कोई न जांनै भेव।
खसम निपूतौ आंगणि सूतौ, रांड न देई लेव॥
पाड़ोसनि पनि भई बिरांनीं, मांहि हुई घर घालै।
पंच सखी मिलि मंगल गांवैं, यहु दुख याकौं सालै॥
द्वै द्वै दीपक घरि घरि जोया, मंदिर सदा अँधारा।
घर घेहर सब आप सबारथ, बाहरि किया पसारा॥

होत उजाड़ सबै कोई जांनैं, सब काहू मनि भावै।
कहै कबीर मिलै जे सतगुर, तौ यहु चून छुड़ावै ॥८१॥

बिषिया अजहूं सुरति सुख आसा,
हूंण न देइ हरि के चरन निवासा ॥ टेक ॥
सुख मांगैं दुख पहली आवै, तार्थैं सुख मांग्या नहीं भावै।
जा सुख थैं सिव बिरंचि डरांनां, सो सुख हमहु साच करि जाना ॥
सुखि छथाड्या तब सब दुख भागा, गुर के सबद मेरा मन लागा ॥
निस बासुरि बिषैतनां उपगार, बिषई नरकि न जातां बार ॥
कहै कबीर चंचल मति त्यागी, तब केवल रांम नांम ल्यौ लागी॥८२॥

तुम्ह गारड़ू मैं बिष का माता,
काहे न जिवावौ मेरे अमृतदाता ॥टेक॥
संसार भवंगम डसिले काया,
अरु दुख दारन व्यापै तेरी माया ॥
सापनि एक पिटारै जागै ॥
अह निसि रोवै ताकूं फिरि फिरि लागै ॥
कहै कबीर को को नहीं राखे,
रांम रसांइन जिनि जिनि चाखे ॥८३॥

माया तजूं तजी नहीं जाइ,
फिर फिर माया मोहि लपटाइ ॥टेक॥
माया आदर माया मांन, माया नहीं तहां ब्रह्म गियांन ॥
माया रस माया कर जांन, माया कारनि तजै परान ॥

---

(८१) ख०—सखमन भेद लषाई ॥
(८२) ख०—हौन न देई हरि के चरन निवासा ॥

माया जप तप माया जोग, माया बाँधे सबही लोग ॥
माया जल थलि माया आकास, माया व्यापि रही चहुँ पासि ॥
माया माता माया पिता, अति माया अस्तरी सुता ॥
माया मारि करै व्यवहार, कहै कबीर मेरे रांम अधार ॥८४॥

ग्रिह जिनि जांनौ रूड़ौ रे।
कंचन कलस उठाइ लै मंदिर, रांम कहे बिन धूरौ रे ॥टेक॥
इन ग्रिह मन डहके सबहिन के, काहू कौ पर्‌यौ न पूरौ रे।
राजा रांणा राव छत्रपति, जरि भये भसम कौ कूरौ रे ॥
सबथैं नींकी संत मंडलिया, हरि भगतिन कौ भेरौ रे।
गोबिंद के गुन बैठे गैहैं, खैहैं टूकौ टेरौ रे ॥
ऐसैं जांनि जपौ जग-जीवन, जम सूं तिनका तोरौ रे।
कहै कबीर रांम भजबे कौं, एक आध कोई सूरौ रे ॥८५॥

रंजसि मींन देखि बहु पांनीं,
काल जाल की खबरि न जांनीं ॥ टेक ॥
गारै गरब्यौ औघट घाट,
सो जल छाड़ि बिकानौं हाट ॥
बंध्यौ न जांनैं जल उदमादि,
कहै कबीर सब मोहे स्वादि ॥८६॥

काहे रे मन दह दिसि धावै,
बिषिया संगि संतोष न पावै ॥ टेक ॥
जहां जहां कलपै तहां तहां बंधनां,
रतन कौ थाल कियौ तैं रंधना ॥
जो पै सुख पईयत इन मांहीं,
तौ राज छाड़ि कत बन कौं जांहीं ॥

आनंद सहत तजौ बिष नारी,
अब क्या झीपै पतित भिषारी ॥
कहै कबीर यहु सुख दिन चारि,
तजि बिषिया भजि चरन मुरारि ॥८७॥

जियरा जाहि गौ मैं जांनां ।
जो देख्या सो बहुरि न पेष्या, माटी सूं लपटांनां ॥ टेक ॥
बाकुल बसतर किता पहिरबा, का तप बनखंडि बासा ।
कहा मुगधरे पांहन पूजै, कागज डारै गाता ॥
कहै कबीर सुर मुनि उपदेसा, लोका पंथि लगाई ।
सुनौं संतौ सुमिरौ भगत जन, हरि बिन जनम गवाई ॥८८॥

हरि ठग जग कौं ठगौरी लाई,
हरि कै बियोग कैसैं जीऊं मेरी माई ॥ टेक ॥
कौंनि पुरिष को काकी नारी,
अभि अंतरि तुम्ह लेहु बिचारी ॥
कौंन पूत को काको बाप,
कौंन मरैं कौंन करै संताप ॥
कहै कबीर ठग सौं मनमांनां,
गई ठगौरी ठग पहिचांनां ॥८९॥

सांईं मेरे साजि दई एक डोली,
हस्त लोक अरू मैं तैं बोली ॥ टेक ॥
इक झंझर सम सूत खटोला,
त्रिस्नां बाव चहूँ दिसि डोला ॥
पांच कहार का मरम न जांनां,
एकैं कह्या एक नहीं मांनां ॥

भूभर घांम उहार न छावा,
नैहर जात बहुत दुख पावा ॥
कहै कबीर बर बहु दुख सहिये,
रांम प्रीति करि संगही रहिये ॥९०॥

बिनसि जाइ कागद की गुड़िया,
जब लग पवन तबै लग उड़िया ॥टेक॥
गुड़िया कौ सबद अनाहद बोलै, खसम लियैं कर डोरी डोलै।
पवन थक्यौं गुड़िया ठहरांनीं, सोस धुनै धूनि रोवै प्रांनी ॥
कहै कबीर भजि सारंग पानीं, नहीं तर ह्वै है खैंचा तांनीं ॥९०॥

मन रे रतन कागद का पुतला।
लागै बूंद बिनसि जाइ छिन मैं, गरब करै क्या इतना ॥टेक॥
माटी खोदहिं भीत उसारै, अंध कहै घर मेरा।
आवै तलब बांधि लै चालै, बहुरि न करिहै फेरा ॥
खोट कपट करि यहु धन जोर्‌यौ, लै धरती मैं गाड़्यौ।
रोक्यौ घटि साँस नहीं निकसै ठौर ठौर सब छाड़्यौ ॥
कहै कबीर नट नाटिक थाके, मंदला कौंन बजावै।
गये पषांनियां उझरी बाजी, को काहू कै आवै ॥९२॥

झूठे तन कौं कहा रखइये,
मरिये तौ पल भरि रहण न पइये ॥टेक॥
षीर षांड़ घृत प्यंड संवारा,
प्रान गयें ले बाहरि जारा ॥
चोवा चंदन चरचत अंगा,
सो तन जरै काठ के संगा ॥

---

(९०) ख०—कहै कबीर बहुत दुख सहिए।

दास कबीर यहु कीन्ह विचारा,
इक दिन ह्वैहै हाल हमारा। ॥९३॥

देखहु यहु तन जरता है,
घड़ी पहर बिलंबौ रे भाई जरता है ॥टेक॥
काहे कौं एता किया पसारा,
यहु तन जरि बरि ह्वैहै छारा ॥
नव तन द्वादस लागी आगी,
मुगध न चेतै नख सिख जागी ॥
कांम क्रोध घट भरे विकारा,
आपहि आप जरै संसारा ॥
कहै कबीर हम मृतक समांनां,
राम नांम छूटे अभिमांनां ॥९४॥

तन राखनहारा को नाहीं,
तुम्ह सोचि विचारि देखौ मन मांहीं ॥टेक॥
जोर कुटंब अपनौं करि पार्‌यौ ॥
मूड ठोकि ले बाहरि जार्‌यौ ॥
दगाबाज लूटैं अरू रोवैं,
जारि गाडि पुर पोजहिं षोवैं ॥
कहत कबीर सुनहुं रे लोई,
हरि बिन राखनहार न कोई ॥९५॥

अब क्या सोचै आइ बनीं,
सिर परि साहिब रांम धनीं ॥टेक॥
दिन दिन पाप बहुत मैं कीन्हां,
नहीं गोव्यंद की संक मनीं ॥

लेस्यौ भोमि बहुत पछितांनौं,
लालचि लागौ करत घनीं ॥
छूटो फौज आंनिं गढ घेर्‍यौ,
उड़ि गयौ गूड़र छाड़ि तनीं ।
पकर्‍यौ हंस जम ले चाल्यौ,
मंदिर रोवै नारि घनीं ॥
कहै कबीर रांम किन सुमिरत,
चीन्हत नांहिन एक चिनीं ।
जब जाइ आइ पड़ोसी घेर्‍यौ,
छांड़ि चल्यौ तजि पुरिष पनीं ॥९६॥

सुवटा डरपत रहु मेरे भाई, तोही डराई देत बिलाई ॥
तीनि बार रूंधै इक दिन मैं, कबहूं क खता खवाई ॥टेक॥
या मंजारी मुगध न मांनैं, सब दुनियां डहकाई ।
राणां राव रंक कौं ब्यापै, करि करि प्रीति सवाई ॥
कहत कबीर सुनहु रे सुवटा, उबरै हरि सरनांई ।
लाषौं मांहिं तैं लेत अचानक, काहू न देत दिखाई ॥९७॥

का मांगूं कुछ थिर न रहाइ,
देखत नैंन चल्या जग जाई ॥टेक॥
इक लष पूत सवा लष नाती, ता रावन घरि दिवा न बाती ।
लंका सा कोट समंद सी खाई, ता रावन की खबरि न पाई ॥
आवत संग न जात संगाती, कहा भयो दरि बांधे हाथी ॥
कहै कबीर अंत की बारी, हाथ झाड़ि जैसें चले जुवारी ॥९८॥

रांम थोरे दिन कौं का धन करनां,
धंधा बहुत निहाइति मरनां ॥टेक॥
कोटी धज साह हस्ती बंध राजा, क्रिपन को धन कौंनैं काजा ॥

धंन कै गरबि राम नहीं जांनां, नागा ह्वै जंम पैं गुदरांनां ॥
कहै कबीर चेतहु रे भाई, हंस गया कछु संगि न जाई ॥९९॥

काहे कूं माया दुख करि जोरी,
हाथि चूंन गज पांच पछेवरी ॥टेक॥
नां को बंध न भाई साथी, बांधे रहे तुरंगम हाथी ।
मैड़ी महल बावड़ी छाजा, छाड़ि गये सब भूपति राजा ॥
कहै कबीर रांम ल्यौ लाई, धरी रही माया काहू न खाई॥१००॥

माया का रस षांण न पावा,
तब लग जम बिलवा ह्वै धावा ॥टेक॥
अनेक जतन करि गाड़ि दुराई, काहू सांची काहू खाई ॥
तिल तिल करि यहु माया जोरी, चलती बेर तिणां ज्यूं तोरी ॥
कहै कबीर हूँ ताका दास, माया मांहैं रहै उदास ॥१०१॥

मेरी मेरी दुनियां करते, मोह मछर तन धरते ।
आगैं पीर मुकदम होते, वै भी गये यौं करते ॥टेक॥
किसकी ममां चचा पुंनि किसका, किसका पंगुड़ा जोई ।
यहु संसार बजार मंड्या है, जानैंगा जन कोई ॥
मैं परदेसी काहि पुकारौं, इहां नहीं को मेरा ।
यहु संसार ढूंढि सब देख्या, एक भरोसा तेरा ॥
खांहि हलाल हरांम निवारैं, भिस्त तिनहु कौं होई ।
पंच तत का मरम न जांनैं, दो जगि पड़िहै सोई ॥
कुटंब कारणि पाप कमावै, तूं जांणैं घर मेरा ।
ए सब मिले आप सवारथ, इहां नहीं को तेरा ॥

---

( १०० ) ख०—मैडी महल अरु सोभित छाजा ।

सायर उतरौ पंथ सँवारौ, बुरा न किसी का करणां ।
कहै कबीर सुनहु रे संतौ, ज्वाब खसम कूं भरणां ॥१०२॥

रे यामैं क्या मेरा क्या तेरा,
लाज न मरहिं कहत घर मेरा ॥टेक॥
चारि पहर निस भोरा, जैसैं तरवर पंखि बसेरा।
जैसैं बनियें हाट पसारा सब जग का सो सिरजनहारा ॥
ये ले जारे वै ले गाड़े, इनि दुखिइनि दोऊ घर छाड़े ।
कहत कबीर सुनहु रे लोई, हम तुम्ह बिनसि रहैगा सोई ॥१०३॥

नर जांणैं अमर मेरी काया. घर घर बात दुपहरी छाया ॥टेक॥
मारग छाड़ि कुमारग जोवैं, आपण मरै और कूं रोवैं ।
कछू एक किया कछू एक करणां मुगध न चेतै निहचै मरणां ॥
ज्यूँ जल बूंद तैसा संसारा, उपजत बिनसत लगै न बारा ॥
पंच पंपुरिया एक ससीरा, कृष्ण कवल दल भवर कबीरा ॥१०४॥

मन रे अहरषि बाद न कीजै, अपनां सुकृत भरि भरि लीजै ॥टेक॥
कुँभरा एक कमाई माटी, बहु बिधि जुगति बणाई ।
एकनि मैं मुकताहल मोती, एकनि व्याधि लगाई ॥
एकनि दीनां पाट पटंबर, एकनि सेज निवारा ।
एकनि दीनीं गरै गूदरी, एकनि सेज पयारा ॥
सांची रही सूंम की संपति, मुगध कहै यहु मेरी ।
अंत काल जब आइ पहूंता, छिन मैं कीन्ह न बेरी ॥
कहत कबीर सुनौं रे संतौ, मेरी मेरी सब झूठी ।
चड़ा चींथड़ा चूहड़ा ले गया, तणीं तणगती टूटी ॥१०५॥

---

(१०२) ख०—मेरी मेरी सब जग करता ।
(१०४) ख०—मुगध न देखै ।

हड़ हड़ हड़ हड़ हसती है, दिवांनपनां क्या करती है।
आडी तिरछी फिरती है, क्या च्यौं च्यौं म्यौं म्यौं करती है॥
क्या तूं रंगी क्या तूं चंगी, क्या सुख लोड़ै कीन्हां।
मीर मुकदम सेर दिवांनी, जंगल केर षजीनां॥
भूले भरमि कहा तुम्ह राते, क्या मदुमाते माया।
रांम रंगि सदा मतिवाले, काया होइ निकाया॥
कहत कबीर सुहाग सुंदरी, हरि भजि है निस्तारा।
सारा षलक खराब किया है, मांनस कहा बिचारा॥१०६॥

हरि कै नांइ गहर जिनि करऊं, रांम नांम चित मुखां न धरऊं॥टेक॥
जैसैं सती तजै स्यंगार, ऐसैं जियरा करम निवार॥
राग दोष दहूँ मैं एक न भाषि, कदाचि ऊपजै तौ चिंता न राषि॥
भूलै बिसरय गहर जौ होई, कहै कबीर क्या करिहौ मोही॥१०७॥

मन रे कागद कीर पराया।
कहा भयौ ब्यौपार तुम्हारै, कल तर बढ़ै सवाया॥टेक॥
बडैं बौहरै सांठो दीन्हौं कल तर काढ्यो खोटै।
चार लाष अरू असी ठीक दे, जनम लिष्यौ सब चोटै॥
अब की बेर न कागद कीन्यौ, तौ धर्म राइ सूं तूटै।
पूंजी बितड़ि बंदि लै देहै, तब कहै कौंन कै छूटै॥
गुरदेव ग्यांनीं भयौ लगनियां, सुमिरन दीन्हौं हीरा।
बड़ी निसरनी नांव रांम कौ, चढ़ि गयौ कीर कबीरा॥१०८॥

धागा ज्यूं टूटै त्यूं जोरि।
तूटै तूटनि होयगी, नां ऊँ मिलै बहोरि॥टेक॥
उरझ्यो सूत पांन नहीं लागै, कूच फिरै सब लाई।

छिटकै पवन तार जब छूटै, तब मेरौ कहा बसाई ॥
सुरझ्यौ सूत गुढ़ी सब भागी, पवन राखि मन धीरा।
पंचूं भइया भये सनमुखा, तब यहु पान करीला ॥
नांन्हीं मैंदा पीसि लई है, छांणि लई द्वै बारा।
कहैं कबीर तेल जब मेल्या, बुनत न लागी बारा ॥१०९॥

ऐसा औसर बहुरि न आवै, रांम मिलै पूरा जन पावै ॥टेक॥
जनम अनेक गया अरू आया, की बेगारि न भाड़ा पाया ॥
भेष अनेक एकधूं कैसा, नांनां रूप धरै नट जैसा ॥
दांन एक मांगों कवलाकंत, कबीर के दुख हरन अनंत ॥११९॥

हरि जननीं मैं बालिक तेरा,
काहे न औगुंण बकसहु मेरा ।टेक॥

सुत अपराध करै दिन केते, जननीं कै चित रहैं न तेते ॥
कर गहि केस करै जौ घाता, तऊ न हेत उतारै माता ॥
कहै कबीर एक बुधि बिचारी, बालक दुखी दुखी महतारी ॥१११॥

गोव्यदे तुम्ह थैं डरपौं भारी ।
सरणाई आयौ क्यूं गहिये, यहु कौंन बात तुम्हारी ।टेक॥

धूप दाझतैं छांह तकाई, मति तरवर सचपाऊं।
तरवर मांहैं ज्वाला निकसै, तौं क्या लेइ बुझाऊं ॥
जे बन जलै त जल कूं धावै, मत जल सीतल होई।
जलही मांहि अगनि जे निकसै, और न दूजा कोई ॥
तारण तिरण तिरण तूं तारण, और न दूजा जांनौं।
कहै कबीर सरनांई आयौं, आंन देव नहीं मांनौं ॥११२॥

मैं गुलांम मोहि बेचि गुसांईं,
तन मन धन मेरा रांमजी कै तांईं ॥टेक॥
आंनि कबीरा हाटि उतारा,
सोई गाहक सोई बेचनहारा ॥
बेचै रांम तौ राखै कौंन,
राखै रांम तौ बेचै कौंन ॥
कहै कबीर मैं तन मन जार्‍या,
साहिब अपनां छिन न बिसार्‍या ॥११३॥

अब मोहि राम भरोसा तेरा,
और कौंन का करौं निहोरा ॥टेक॥
जाके रांम सरीखा साहिब भाई,
सो क्यूं अनंत पुकारन जाई ॥
जा सिरि तीनि लोक कौ भारा,
सो क्यूं न करै जन की प्रतिपारा ॥
कहै कबीर सेवौ बनवारी,
सींचौ पेड़ पीवैं सब डारी ॥११४॥

जियरा मेरा फिरै रे उदास ।
रांम बिन निकसि न जाई सास, अजहूं कौन आस ॥टेक॥
जहां जहां जाऊं रांम मिलावै न कोई,
कहौ संतौ कैसें जीवन होई ॥
जरै सरीर यहु तन कोई न बुझावै,
अनल दहै निस नींद न आवै ॥
चंदन घसि घसि अंग लगाऊं,
रांम बिनां दारन दुख पाऊं ॥

सत संगति मति मन करि धीरा,
सहज जांनि रांमहि भजै कबीरा ॥११५॥

रांम कहौ न अजहूँ केते दिनां,
जब ह्वैहै प्रांन प्रभू तुम्ह लीनां ॥टेक॥
भौ भ्रमत अनेक जन्म गया, तुम्ह दरसन गोव्यंद छिन न भया ॥
भ्रम्य भूलि पर्‍यौ भव सागर, कछू न बसाइ बसोधरा ॥
कहै कबीर दुखभंजनां, करौ दया दुरत निकंदनां ॥११७॥

हरि मेरा पीव माई, हरि मेरा पीव,
हरि बिन रहि न सकै मेरा जीव ॥टेक॥
हरि मेरा पीव मैं हरि की बहुरिहिया,
रांम बड़े मैं छुटक लहुरिया ॥
किया स्यंगार मिलन कै तांई,
काहे न मिलौ राजा रांम गुसांई ॥
अब की बेर मिलन जो पांऊं,
कहै कबीर भौ-जलि नहीं आंऊं ॥११७॥

रांम बन अन्ययाले तीर, जाहि लागे सो जांनैं पीर ॥टेक॥
तन मन खोजौं चोट न पांऊं, ओषद मूली कहां घसि लांऊं ॥
एकहीं रूप दीसै सब नारी, नां जानौं को पीयहि पियारी ॥
कहै कबीर जा मस्तकि भाग, नां जांनूं काहू देइ सुहाग ॥११८॥

आस नहीं पूरिया रे, रांम बिन को कर्म काटणहार ॥टेक॥
जद सर जल परिपूरता, चात्रिग चितह उदास ।
मेरी विषम कर्म गति ह्वै परी, ताथैं पियास पियास ॥
सिध मिलै सुधि नां मिलै, मिलै मिलावै सोइ ।

सूर सिध जब भेटिये, तब दुख न ब्यापै कोइ ॥
बोछै जलि जैसैं मछिका, उदर न भरई नीर ।
त्यूं तुम्ह कारनि केसवा, जन ताला वेली कबीर ॥ ११९ ॥

रांम बिन तन की ताप न जाई,
जल मैं अगनि उठी अधिकाई ॥ टेक ॥
तुम्ह जलनिधि मैं जल कर मीनां,
जल मैं रहौं जलहिं बिन षीनां ॥
तुम्ह प्यंजरा मैं सुवनां तोरा,
दरसन देहु भाग बड़ मोरा ॥
तुम्ह सतगुर मैं नौतम चेला,
कहै कबीर रांम रमूं अकेला ॥ १२० ॥

गोव्यंदा गुंण गाईये रे, ताथैं भाई पाईये परम निधांन ॥टेक॥
ऊंकारे जग ऊपजै, बिकारे जग जाइ ।
अनहद वेन बजाइ करि, रह्या गगन मठ छाइ ॥
झूठै जग डहकाइया रे, क्या जीवण की आस ।
रांम रसांइण जिनि पीया, तिनिकौं बहुरि न लागीरेपियास ॥
अरध षिन जीवन भला, भगवंत भगति सहेत ।
कोटि कलप जीवन ब्रिथा, नांहिन हरि सूं हेत ॥
संपति देखि न हरषिये, बिपति देषि न रोइ ।
ज्यूं संपति त्यूं बिपति है, करता करै सु होइ ॥
सरग लोक न वांछिये, डरिये न नरक निवास ।
हूंणां था सो ह्वै रह्या, मनहु न कीजै झूठी आस ॥
क्या जप क्या तप संजमां, क्या तीरथ व्रत अस्नान
जो पैं जुगति न जांनियै, भाव भगति भगवान ॥

सुंनि मंडल मैं सोधि लै, परम जोति परकास।
तहूवां रूप न रेष है, बिन फूलनि फूल्यो रे अकास॥
कहै कबीर हरि गुंण गाइ लै, सत संगति रिदा मंझारि।
जो सेवग सेवा करै, ता संगि रमैं रे मुरारि॥१२१॥

मन रे हरि भजि हरि भजि हरि भजि भाई।
जा दिन तेरो कोई नांहीं, ता दिन रांम सहाई॥टेक॥
तंत न जांनूं मंत न जांनूं, जांनूं सुंदर काया।
मीर मलिक छत्रपति राजा, ते भी खाये माया॥
बेद न जांनूं भेद न जांनूं, जांनूं एकहि रांमां।
पंडित दिसि पछिवारा कींन्हां, मुख कीन्हौं जित नांमां॥
राजा अंबरीक कै कारणि, चक्र सुदरसन जारै।
दास कबीर कौ ठाकुर ऐसौ, भगत की सरन ऊबारै॥१२२॥

रांम भणि रांम भणि रांम चिंतामणि,
भाग बड़े पायौ छाड़ै जिनि॥ टेक॥
असंत संगति जिनि जाइ रे भुलाइ,
साध संगति मिलि हरि गुंण गाइ॥
रिदा कवल मैं राखि लुकाइ,
प्रेम गांठि दे ज्यूं छूटि न जाइ॥
अठ सिधि नव निधि नांव मंझारि,
कहै कबीर भजि चरन मुरारि॥१२३॥

निरमल निरमल रांम गुंण गावै, सो भगता मेरे मनि भावै॥टेक॥
जे जन लेहिं रांम कौ नांउं, ताकी मैं बलिहारी जांउं॥

---

( १२१ ) ख०—भगवंत भजन सहेत।

जिहिं घटि रांम रहे भरपूरि, ताकी मैं चरनन की धूरि ॥
जाति जुलाहा मति कौ धीर,
हरषि हरषि गुंण रमैं कबीर ॥१२४॥

जा नरि रांम भगति नहीं साधी,
सो जनमत काहे न मूवौ अपराधी ॥टेक॥
गरभ मुचे मुचि भई किन बांझ,
सूकर रूप फिरै कलि मांझ ॥
जिहि कुलि पुत्र न ग्यांन बिचारी,
वाकी बिधवा काहे न भई महतारी ॥
कहै कबीर नर सुंदर सरूप,
रांम भगति बिन कुचल करूप ॥१२५॥

रांमं बिनां ध्रिग ध्रिग नर नारी,
कहा तैं आइ कियौ संसारी ॥टेक॥
रज बिनां कैसौ रजपूत,
ग्यांन बिना फोकट अवधूत ॥
गनिका कौ पूत पिता कासौं कहै,
गुर बिन चेला ग्यांन न लहै ॥
कवारी कंन्यां करै स्यंगार,
सोभ न पावै बिन भरतार ॥
कहै कबीर हूं कहता डरूं,
सुषदेव कहै तौ मैं क्या करौं ॥१२६॥

जरि जाव ऐसा जीवनां, राजा रांम सूं प्रीति न होई ।
जन्म अमोलिक जात है, चेति न देखै कोई ॥टेक॥
मधुमाषी धन संग्रहै, मधुवा मधु ले जाई रे ।
गयौ गयौ धंन मूंढ जनां, फिरि पीछैं पछिताई रे ॥

विषिया सुख कै कारनैं, जाइ गनिका सूं प्रीति लगाई।
अंधै आगि न सूझई, पढ़ि पढ़ि लाग बुझाई॥
एक जनम कै कारणैं, कत पूजौ देव सहंसौ रे।
काहे न पूजौ रांम जी, जाकौ भगत महेसौ रे॥
कहै कबीर चित चंचला, सुनहू मूंढ मति मोरी।
विषिया फिरि फिरि आवई, राजा रांम न मिलै बहोरी॥ १२७॥

रांम न जपहु कहा भयौ अंधा,
रांम बिनां जंम मेलै फंधा॥ टेक॥
सुत दारा का किया पसारा, अंत की बेर भये बटपारा॥
माया ऊपरि माया मांडीं, साथ न चलै षोषरी हांडीं॥
जपौ रांम ज्यूं अंति उबारैं, ठाढी बांह कबीर पुकारै॥ १२८॥

डगमग छाड़ि दे मन बौरा।
अब तौ जरें बरें बनि आवै, लीन्हों हाथ सिंधौरा॥ टेक॥
होइ निसंक मगन ह्वै नाचौ, लोभ मोह भ्रम छाड़ौ।
सूरौ कहा मरन थैं डरपै, सती न संचै भांडौ॥
लोक वेद कुल की मरजादा, इहै गलै मैं पासी।
आधा चलि करि पीछा फिरिहै, ह्वै है जग मैं हासी॥

---

(१२७) इसके आगे ख प्रति में यह पद है—
राम न जपहु कवन भ्रम लागै।
मरि जाइहुगे कहा कहा करहु अभागे॥ टेक॥
रांम नांम जपहु कहा करौ वैसे, भेड कसाई के घरि जैसे।
रांम न जपहु कहा गरबाना, जम के घर आगैं ह्वै जाना॥
रांम न जपहु कहा मुसकौ रे, जम के मुदगिरि गणि गणि खहुरे।
कहै कबीर चतुर के राइ, चतुर बिना को नरकहि जाइ॥ १३०॥

यहु संसार सकल है मैला, रांम कहैं ते सूचा।
कहै कबीर नाव नहीं छांड़ौं, गिरत परत चढ़ि ऊँचा ॥ १२९ ॥

का सिधि साधि करौं कुछ नाहीं,
रांम रसांइन मेरी रसनां मांहीं ॥ टेक ॥
नहीं कुछ ग्यांन ध्यांन सिधि जोग, ताथैं उपजै नांना रोग ॥
का बन मैं बसि भये उदास, जे मन नहीं छाड़ै आसा पास ॥
सब कृत काच हरी हित सार, कहै कबीर तजि जग ब्यौहार॥१३०॥

जौ तैं रसनां रांम न कहिबौ,
तौ उपजत बिनसत भरमत रहिबौ ॥ टेक ॥
जैंसी देखि तरवर की छाया, प्रांन गयें कहु का की माया ॥
जीवत कछू न कीया प्रवांनां,मूवा मरम को काकर जांनां ॥
कंधि काल सुख कोई न सोवै,राजा रंक दोऊ मिलि रोवै ॥
हंस सरोवर कँवल सरीरा, रांम रसांइन पीवै कबीरा ॥१३१॥

का नांगें का बांधे चांम, जौ नहीं चींन्हसि आतम रांम ॥टेक॥
नागें फिरें जोग जे होई, बन का मृग मुकति गया कोई ॥
मूंड मुंडायें जौ सिधि होई, स्वर्ग ही भेड़ न पहुँती कोई ॥
ब्यंद राखि जे खेलै है भाई, तौ षुसरें कौंण परम गति पाई ॥
पढ़ें गुनें उपजै अहंकारा, अधधर डूबे वार न पारा ॥
कहै कबीर सुनहु रे भाई, रांम नांम बिन किन सिधि पाई ॥१३२॥

हरि बिन भरमि बिगूते गंदा।
जापैं जांऊं आपनपौ छुडावण, ते बीधे बहु फंधा ॥ टेक ॥
जोगी कहैं जोग सिधि नीकी, और न दूजी भाई।
लुंचित मुंडित मोनि जटाधर, ऐ जु कहै सिधि पाई ॥
जहां का उपज्या तहां बिलांनां, हरि पद बिसऱ्या जबहीं।
पंडित गुनीं सूर कवि दाता, ऐ जु कहैं बड़ हंमहीं ॥

वार पार की खबरि न जांनीं, फिर्‌यौ सकल बन ऐसैं।
यहु मन बोहि थके कऊवा ज्यूं, रह्यौ ठग्यौ सो वैसैं॥
तजि बांवैं दांहिंणैं बिकार, हरि पद दि्ढ करि गहिये।
कहै कबीर गूंगै गुड़ खाया, बूझै तौ का कहिये॥ १३३॥

चलौ बिचारी रहौ सँभारी, कहता हूं ज पुकारी।
रांम नांम अंतर गहि नांहीं, तौ जनम जुवा ज्यूं हारी॥टेक॥

मूंड़ मुड़ाइ फूलि का बैठे, कांननि पहरि मंजूसा।
बाहरि देह षेह लपटांनीं, भीतरि तौ घर मूसा॥
गालिब नगरी गाँव बसाया, हांम कांम अहंकारी।
घालि रसरिया जब जंम खैंचै, तब का पति रहै तुम्हारी॥
छांड़ि कपूर गांठि विष बांध्यौ, मूल हूवा न लाहा।
मेरे रांम की अभै पद नगरी, कहै कबीर जुलाहा॥ १३४॥

कौंन बिचारि करत हौ पूजा,
आतम रांम अवर नहीं दूजा॥ टेक॥

बिन प्रतीतैं पाती तोड़ै, ग्यांन बिनां देवलि सिर फोड़ै॥
लुचरी लपसी आप सवारै, द्वारै ठाढा रांम पुकारै।
पर-आतम जौ तत बिचारै, कहि कबीर ताकै बलिहारै॥ १३५॥

कहा भयौ तिलक गरैं जपमाला,
मरम न जांनैं मिलन गोपाला॥ टेक॥

दिन प्रति पसू करै हरिहाई;
गरै काठ वाकी बांनि न जाई।
स्वांग सेत करणीं मनि काली,
कहा भयौ गलि माला घाली॥

बिन ही प्रेम कहा भयौ रोयें,
भीतरि मैल बाहरि कहा धोये ॥
गल गल स्वाद भगति नहीं धीर,
चीकन चंदवा कहै कबीर ॥ १३६ ॥

ते हरि के आवैहि किहि कांमां,
जे नहीं चीन्हैं आतमरांमां ॥ टेक ॥
थोरी भगति बहुत अहंकारा,
ऐसे भगता मिलैं अपारा ॥
भाव न चीन्हैं हरि गोपाला,
जांनि क अरहट कै गलि माला ॥
कहै कबीर जिनि गया अभिमांनां,
सो भगता भगवंत समांनां ॥ १३७ ॥

कहा भयौ रचि स्वांग बनायौ,
अंतरिजांमीं निकटि न आयौ ॥ टेक ॥
बिषई बिषै दिढावै गावै,
रांम नांम मनि कबहूँ न भावै ॥
पापी परलै जांहि अभागे,
अमृत छाड़ि बिषै रसि लागे ॥
कहै कबीर हरि भगति न साधी,
भग मुषि लागि मूये अपराधी ॥ १३८ ॥

जौ पैं पिय के मनि नहीं भांयें,
तौ का परोसनि कैं हुलराये ॥ टेक ॥
का चूरा पाइल झमकांयैं,
कहा भयौ बिछुवा ठमकांयैं ॥

का काजल स्यंदूर कै दीयैं,
सोलह स्यंगार कहा भयौ कीयैं ॥
अंजन मंजन करै ठगौरी,
का पचि मरै निगौड़ी बौरी ॥
जौ पैं पतिव्रता ह्वै नारी,
कैसैं हीं रहौ सो पियहि पियारी ॥
तन मन जीवन सौंपि सरीरा,
ताहि सुहागनि कहै कबीरा ॥१३९॥

दूभर पनियां भऱ्या न जाई,
अधिक त्रिषा हरि बिन न बुझाई ॥टेक॥

ऊपरि नीर ले ज तलि हारी,
कैसैं नीर भरै पनिहारी ॥
ऊधऱ्यौ कूप घाट भयौ भारी,
चली निरास पंच पनिहारी ॥
गुर उपदेस भरी ले नीरा,
हरषि हरषि जल पीवै कबीरा ॥१४०॥

कहौ भईया अंबर कासूं लागा,
कोई जांणैंगा जांननहार सभागा ॥टेक॥
अंबरि दींसै केता तारा, कौंन चतुर ऐसा चितरनहारा ॥
जे तुम्ह देखौ सो यहु नांहीं यहु पद अगम अगोचर मांहीं ॥
तीनि हाथ एक अरधाई, ऐसा अंबर चीन्हौं रे भाई ॥
कहै कबीर जे अंबर जांनैं, ताही सूं मेरा मन मांनैं ॥१४१॥

---

(१४०) ख०—जल बिन न बुझाई ।

तन खोजौ नर नां करौ बड़ाई,
जुगति बिना भगति किनि पाई ॥टेक॥
एक कहावत मुलां काजी,
रांम बिनां सब फोकटबाजी ॥
नव ग्रिह बांभण भणता रासी,
तिनहूं न काटी जम की पासी ॥
कहै कबीर यहु तन काचा,
सबद निरंजन रांम नांम साचा ॥१४२॥

जाइ परौ हमरौ का करिहै,
आप करै आपै दुख भरिहै ॥टेक॥
ऊझड़ जातां वाट बतावै, जौ न चलै तौ बहु दुख पावै ॥
अंधे कूप क दिया बताई, तरकि पड़ै पुनि हरि न पत्याई ॥
इंद्री स्वादि विषै रसि बहिहै, नरकि पड़ै पुंनि रांम न कहिहै॥
पंच सखी मिलि मतौ उपायौ, जंम का पासी हंस बंधायौ ॥
कहै कबीर प्रतीति न आवै, पाषंड कपट इहै जिय भावै ॥१४३॥

ऐसे लोगनि सूं का कहिये ।
जे नर भये भगति थैं न्यारे, तिनथैं सदा डराते रहिये ॥टेक॥

आपण देही चरवा पांनीं, ताहि निंदैं जिनि गंगा आंनीं ॥
आपण बूड़ैं और कौं बोड़ैं, अगनि लगाइ मदिर मैं सोवैं ॥
आपण अंध और कूं कांनां, तिनकौं देखि कबीर डरांनां ॥१४४॥

है हरि जन सूं जगत लरत है,
फुंनिगा कैसैं गरड़ भषत हैं ॥टेक॥
अचिरज एक देखहु संसारा,
सुनहा खेदै कुंजर असवारा ॥

ऐसा एक अचंभा देखा
जंबक करै केहरि सूं लेखा ॥
कहै कबीर रांम भजि भाई,
दास अधम गति कबहूँ न जाई ॥१४५॥

है हरिजन थैं चूक परी,
जे कछु आहि तुम्हारौ हरी ॥टेक॥

मोर तोर जब लग मैं कीन्हां,
तब लग त्रास बहुत दुख दीन्हां ॥
सिध साधिक कहैं हम सिधि पाई,
रांम नांम बिन सबै गंवाई ॥
जे बैरागी आस पियासी,
तिनकी माया कदे न नासी ॥
कहै कबीर मैं दास तुम्हारा,
माया खंडन करहु हमारा ॥१४६॥

सब दुनीं संयानीं मैं बौरा,
हंम बिगरे बिगरौ जिनि औरा ॥टेक॥

मैं नहीं बौरा रांम कियौ बौरा,
सतगुरु जारि गयौ भ्रम मोरा ॥
बिद्या न पढूं बाद नहीं जांनूं,
हरि गुंन कथत सुनत बौरानूं ॥
कांम क्रोध दोऊ भये बिकारा,
आपहि आप जरैं संसारा ॥

मीठो कहा जाहि जो भावै,
दास कबीर रांम गुंन गावै ॥१४७॥

अब मैं रांम सकल सिधि पाई,
आंन कहूँ तौ रांम दुहाई ॥टेक॥

इहिं चिति चाषि सबै रस दीठा,
रांम नांम सा और न मीठा ॥
औरे रसि ह्वै है कफ गाता,
हरि-रस अधिक अधिक सुखदाता ॥
दूजा बणिज नहीं कछू बाषर,
रांम नांम दोऊ तत आषर ॥
कहै कबीर जे हरि रस भोगी,
ताकूं मिल्या निरंजन जोगी ॥१४८॥

रे मन जाहि जहां तोहि भावै,
अब न कोई तेरै अंकुस लावै ।टेक॥

जहां जहां जाइ तहां तहां रांमां,
हरि पद चीन्हि कियौ विश्रामा ॥
तन रंजित तब देखियत दोई,
प्रगट्यौ ग्यांन जहां तहां सोई ॥
लीन निरंतर वपु बिसराया,
कहै कबीर सुख सागर पाया ॥१४९॥

बहुरि हम काहे कूं आवहिगे ।
बिछुरे पंचतत की रचनी, तब हम रांमहिं पांवहिगे ॥टेक॥
पृथ्वी का गुण पांणी सोष्या, पांनीं तेज मिलांवहिगे ।

तेज पवन मिलि पवन सबद मिलि, सहज समाधि लगांवहिगे ॥
जैसैं बहुकंचन के भूषन, ये कहि गालि तवांवहिगे।
ऐसैं हम लोक वेद के बिछुरें, सुनिहि मांहि समांवहिगे ॥
जैसैं जलहि तरंग तरंगनीं, ऐसैं हम दिखलांवहिगे।
कहै कबीर स्वांमीं सुख सागर, हंसहि हंस मिलांवहिगे ॥१५०॥

कबीरौ संत नदी गयौ बहि रे।
ठाढ़ी माइ कराड़ै टेरै, है कोई ल्यावै गहि रे ॥टेक॥
बादल बांनीं रांम घन उनयां, बरिषै अमृत धारा।
सखी नीर गंग भरि आई, पीवै प्रान हमारा ॥
जहां बहि लागे सनक सनंदन, रुद्र ध्यांन धरि बैठे।
सुयं प्रकास आनंद बमेक मैं, धन कबीर ह्वै पैठे ॥१५१॥

अवधू कांमधेन गहि बांधी रे।
भांडा भंजन करै सबहिन का, कछू न सूझै आंधी रे ॥टेक॥
जौ ब्यावै तौ दूध न देई, ग्याभण अंमृत सरवै।
कौली घाल्यां बीडरि चालै, ज्यूं घेरौं त्यूं दरवै ॥
तिहिं धेन थैं इंछ्या पूगी, पाकड़ि खूंटै बांधी रे।
ग्वाड़ा मांहैं आनंद उपनौं, खूंटै दोऊ बांधी रे ॥
साई माइ सास पुनि साई, साई याकी नारी।
कहै कबीर परम पद पाया, संतौ लेहु बिचारी ॥१५२॥

## ( राग रामकली )

जगत गुर अनहद कींगरी बाजै, तहां दीरघ नाद ल्यौ लागै ॥टेक॥
त्री अस्थांन अंतर मृगछाला, गगन मंडल सींगीं बाजै।

---

( १५२ ) ख०—साई घर की नारी।

तहुआं एक दुकांन रच्यो है, निराकार व्रत साजै ॥
गगन हीं भाठी गींगी करि चूंगी, कनक कलस एक पावा ।
तहुवां चवैं अमृत रस नीझर, रस ही मैं रस चुवावा ॥
अब तौ एक अनूपम बात भई, पवन पियाला साजा ।
तीनि भवन मैं एकै जौगी, कहौ कहां बसै राजा ॥
बिनर जांनि परणऊ परसोतम, कहि कबीर रंगि राता ।
यह दुनियां कांइ भ्रमि भुलांनीं, रांम रसांइन माता ॥१५३॥

ऐसा ग्यांन विचारि लै, लै लाइ लै ध्यांनां ।
सुंनि मंडल मैं घर किया, जैसैं रहै सिचांनां ॥टेक॥

उलटि पवन कहां राखिये, कोई मरम विचारै ।
सांधै तीर पताल कूं, फिरि गगनहि मारै ॥
कंसा नाद बजाव ले, धुंनि निमसि ले कंसा ।
कंसा फूटा पंडिता, धुनि कहां निवासा ॥
प्यंड परें जीव कहां रहै, कोई मरम लखावै ।
जीवत जिस घरि जाइये, ऊँधै मुषि नहीं आवै ॥
सतगुर मिलै त पाईये, ऐसी अकथ कहांणीं ।
कहै कबीर संसा गया, मिले सारंग पांणीं ॥१५४॥

है कोई संत सहज सुख उपजै, जाकौं जप तप देउ दलाली ।
एक बूंद भरि देइ रांम रस, ज्यूं भरि देइ कलाली ॥टेक॥

काया कलाली लांहनि करिहूं, गुरू सबद गुड़ कीन्हां ।
काम क्रोध मोह मद मंछर, काटि काटि कस दीन्हां ॥
भवन चतुरदस भाठी पुरई, ब्रह्म अगनि परजारी ।
मूंदे मदन सहज धुनि उपजी, सुखमन पोतनहारी ॥

नीझर झरै अंमी रस निकसै, तिहि मदिरावल छाका।
कहै कबीर यहु वास बिकट अति, ग्यांन गुरू ले बांका॥१५५॥

अकथ कहांणीं प्रेम की, कछू कही न जाई।
गूंगे केरी सरकरा, बैठे मुसकाई॥ टेक॥
भोमि बिनां अरू बीज बिन, तरवर एक भाई।
अनंत फल प्रकासिया, गुर दीया बताई॥
मन थिर बैसि विचारिया, रांमहि ल्यौ लाई।
झूठी अनभै बिस्तरी, सब थोथी बाई॥
कहै कबीर सकति कछु नांहीं, गुर भया सहाई।
आंवण जांणीं मिटि गई, मन मनहि समाई॥ १५६॥

संतौ सो अनभै पद गहिये।
कला अतीत आदि निधि निरमल,
ताकूं सदा बिचारत रहिये॥ टेक॥
सो काजी जाकौं काल न व्यापै, सो पंडित पद बूझै।
सो ब्रह्मा जो ब्रह्म बिचारै, सो जोगी जग सूझै॥
उदै न अस्त सूर नहिं ससिहर, ताकौ भाव भजन करि लीजै।
काया थैं कछू दूरि बिचारैं, तास गुरू मन धीजै॥
जार्‌यौ जरै न काट्यौ सूकै, उतपति प्रलै न आवै।
निराकार अषंड मंडल मैं, पांचौं तत समावै॥
लोचन अछित सबै अंधियारा, बिन लोचन जग सूझै।
पड़दा खोलि मिलै हरि ताकूं, जो या अरथहिं बूझै॥
आदि अनंत उभै पख निरमल, द्रिष्टि न देख्या जाई।
ज्वाला उठी अकास प्रजल्यौ, सीतल अधिक समाई॥
एकनि गंध बासनां प्रगट, जग थैं रहै अकेला।

प्रांन पुरिस काया थैं बिछुरै, राखि लेहु गुर चेला ॥
भागा भर्म भया मन असथिर, निद्रा नेह नसांनां ।
घट की जोति जगत प्रकास्या, माया सोक बुझांनां ॥
बंकनालि जे संमि करि राखै, तौ आवागमन न होई ।
कहै कबीर धुनि लहरि प्रगटी, सहजि मिलैगा सोई ॥१५७॥

जाइ पूछौ गोबिंद पढ़िया पंडिता, तेरां कौंन गुरू कौंन चेला ।
अपणें रूप कौं आपहि जांणैं, आपैं रहै अकेला ॥ टेक ॥

बांझ का पूत बाप बिना जाया, बिन पांऊं तरवरि चढ़िया ।
अस बिन पाषर गज बिन गुड़िया, बिन षंडै संग्रांम जुड़िया ॥
बीज बिन अंकूर पेड़ बिन तरवर, बिन साषा तरवर फलिया ।
रूप बिन नारी पुहप, बिन परमल, बिन नीरै सरवर भरिया ॥
देव बिन देहुरा पत्र बिन पूजा, बिन पांषां भवर बिलंबिया ।
सूरा होइ सु परम पद पावै, कीट पतंग होइ सब जरिया ॥
दीपक बिन जोति जोति बिन दीपक, हद बिन अनाहद सबद बागा
चेतनां होइ सु चेति लीज्यौ, कबीर हरि के अंगि लागा ॥ १५८ ॥

पंडित होइ सु पदहि बिचारै, मूरिष नांहिन बूझै ।
बिन हाथनि पांइन बिन कांननि, बिन लोचन जग सूझै ॥टेक॥

बिन मुख खाइ चरन बिन चालै, बिन जिभ्या गुण गावै ।
आछै रहै ठौर नहीं छाड़ै, दह दिसिहीं फिरि आवै ॥
बिनहीं तालां ताल बजावै, बिन मंदल षट ताला ।
बिनहीं सबद अनाहद बाजै, तहां निरतत है गोपाला ॥
बिनां चोलनैं बिना कंचुकी, बिनहीं संग संग होई ।
दास कबीर औसर भल देख्या, जांनैंगा जन कोई ॥ १५९ ॥

है कोई जगत गुर ग्यांनीं, उलटि बेद बूझै।
पांणीं में अगनि जरै, अंधरे कौं सूझै॥ टेक॥

एकनि दादुरि खाये पंच भवंगा।
गाइ नाहर खायौ काटि काटि अंगा॥
बकरी बिघार खायौं, हरनि खायौ चीता।
कागिल गर फांदियां, बटेरै बाज जीता॥
मूसै मंजार खायौ, स्यालि खायौ स्वांना।
आदि कौं आदेस करत, कहै कबीर ग्यांनां॥ १६०॥

ऐसा अद्भुत मेरे गुरि कथ्या, मैं रह्या उभेषै।
मूसा हसती सौं लड़ै, कोई बिरला पेषै॥ टेक॥

मूसा पैठा बांबि मैं, लारै सापणि धाई।
उलटि मूसै सापणि गिली, यहु अचिरज भाई॥
चींटी परबत ऊषण्यां, ले राख्यौ चौड़ै।
मुर्गा मिनकी सूं मृड़ै, लल पांणीं दौड़ै॥
सुरहीं चूंपै बछतलि, बछा दूध उतारै।
ऐसा नवल गुंणी भया, सारदूलहि मारै॥
भील लुक्या बन बीझ मैं, ससा सर मारै।
कहै कबीर ताहि गुर करौं, जो या पदहि बिचारै॥ १६१॥

अवधू जागत नींद न कीजै।
काल न खाइ कलप नहीं ब्यापै, देही जुरा न छीजै॥टेक॥

उलटी गंग संमुद्रहि सोखै, ससिहर सूर गरासै।
नव ग्रिह मारि रोगिया बैठे, जल मैं ब्यंब प्रकासै॥
डाल गह्यां थैं मूल न सूझै, मूल गह्या फल पावा।
बंबई उलटि शरप कौं लागी, धरणि महा रस खावा॥

बैठि गुफा मैं सब जग देख्या, बाहरि कछू न सूझै।
उलटै धनकि पारधी मार्‍यो, यहु अचिरज कोइ बूझै॥
औंधा घड़ा न जल मैं डुबै, सूधा सूभर भरिया।
जाकौं यहु जग घिण करि चालै, ता प्रसादि निस्तरिया॥
अंबर बरसै धरती भीजै, यहु जांणैं सब कोई।
धरती बरसै अंबर भीजै, बूझै बिरला कोई॥
गांवणहारा कदे न गावै, अणबोल्या नित गावै।
नटवर पेषि पेषनां, पेषै, अनहद बेन बजावै॥
कहणीं रहणीं निज तत जांणैं, यहु सब अकथ कहाणीं।
धरती उलटि अकासहि ग्रासै, यहु पुरिसां की बांणीं॥
बाझ पियालै अंमृत सोख्या, नदी नीर भरि राष्या।
कहै कबीर ते बिरला जोगी, धरणि महारस चाष्या॥१६२॥

रांम गुन बेलड़ी रे, अवधू गोरखनाथि जांणी।
नाति सरूप न छाया जाकै, बिरध करै बिन पांणीं॥टेक॥
बेलड़िया द्वै अणीं पहूंती, गगन पहूंती सैली।
सहज बेलि जब फूलण लागी, डाली कूपल मेल्ही॥
मन कुंजर जाइ बाड़ी बिलंब्या, सतगुर बाही बेली।
पंच सखी मिलि पवन पयंप्या, बाड़ी पांणीं मेल्ही॥
काटत बेली कूपले मेल्हीं, सींचताड़ीं कुमिलांणीं।
कहै कबीर ते बिरला जोगी, सहज तिरंतर जाणीं॥१६३॥

रांम राइ अबिगत बिगति न जानं,
कहि किम तोहि रूप बषानं॥ टेक॥
प्रथमे गगन कि पुहमि प्रथमे प्रभू, प्रथमे पवन कि पांणीं।
प्रथमे चंद कि सूर प्रथमे प्रभू, प्रथमे कौंन बिनांणीं॥

---

(१६३) ख०—जाति सिमूल न छाया जाकै।

प्रथमे प्राण कि प्यंड प्रथमे प्रभू, प्रथमे रकत कि रेतं ।
प्रथमे पुरिष कि नारि प्रथमे प्रभू, प्रथमे बीज कि खेतं ॥
प्रथमे दिवस कि रैंणि प्रथमे प्रभू, प्रथमे पाप कि पुन्यं ।
कहै कबीर जहां बसहु निरंजन, तहां कुछ आहि कि सुन्यं ॥१६४॥

अवधू सो जोगी गुर मेरा, जो या पदका कर नवेरा ।टेक॥

तरवर एक पेड़ बिन ठाढ़ा, बिन फूलां फल लागा ।
साखा पत्र कछू नहीं वाकै, अष्ट गगन मुख बागा ॥
पैर बिन निरति करां बिन बाजै, जिभ्या हींणां गावै ।
गावणहारे कै रूप न रेषा, सतगुर होइ लखावै ॥
पंषी का षोज मींन का मारग, कहै कबीर बिचारी ।
अपरंपार पार परसोतम, वा मूरति की बलिहारी ॥१६५॥

अब मैं जांणिबौ रे केवल राइ की कहांणी ।
मंझा जोति रांम प्रकासै, गुर गमि बांणीं ॥टेक॥

तरवर एक अनंत मूरति, सुरता लेहु, पिछांणीं
साखा पेड़ फूल फल नांहीं, ताकी अंमृत बांणीं ॥
पुहप बास भवरा एक राता, बारा ले उर धरिया ।
सोलह मंझै पवन झकोरै, आकासे फल फलिया ॥
सहज समाधि बिरष यहु सींच्या, धरती जल हर सोष्या ॥१६६॥

राजा रांम कवन रंगैं, जैसैं परिमल पुहप संगैं ।टेक॥

पंचतत ले कीन्ह बंधान, चौरासी लष जीव समांन ॥
बेगर बेगर राखि ले भाव, तामैं कीन्ह आपकौ ठांव ॥
जैसैं पावक भंजन का बसेष, घट उनमान कीया प्रवेस ॥

कह्या चाहूँ कछू कह्या न जाइ, जल जीव ह्वै जल नहीं बिगराइ ॥
सकल आतमां बयतै जे, छल बल कौं सब चीन्हि बसे ॥
चीनियत चीनियत ता चीन्हिलै से, तिहि चीन्हिअत धुंका करके ॥
आपा पर सब एक समांन, तब हम पाया पद निरबांण ॥
कहै कबीर मन्य भया संतोष, मिले भगवंत गया दुख दोष ॥१६७॥

अंतर गति अनि अनि वांणीं ॥
गगन गुपत मधुकर मधु पीवत, सुगति सेस सिव जांणीं ॥टेक॥
त्रिगुन त्रिबिधि तलपत तिमरातन, तंती तंत मिलांनीं ।
भागे भरम भोइन भये भारी, बिधि बिरंचि सुपि जांणीं ॥
बरन पवन अबरन बिधि पावक, अनल अमर मरै पांणीं ।
रबि ससि सुभग रहे भरि सब घटि, सबद सुंनि थितिमांहीं ॥
संकट सकति सकल सुख खोये, उदिध मथित सब हारे ।
कहै कबीर अगम पुर पटण प्रगटि पुरातन जारे ॥१६८॥

लाधा है कछू लाधा है, ताकी पारिष को न लहै ।
अबरन एक अकल अबिनासी, घटि घटि आप रहै ॥टेक॥
तोल न मोल माप कछु नाहीं, गिणंती ग्यान न होई ।
नां सो भारी नां सो हलवा, ताकी पारिष लपै न कोई ॥
जामैं हम सोई हम हीं मैं, नीर मिलें जल एक हूवा ।
यौं जांणैं तौ कोई न मरिहै, बिन जांणैं थैं बहुत मूवा ।
दास कबीर प्रेम रस पाया, पीवणहार न पाऊं ।
बिधनां बचन पिछांणत नाहीं, कहु क्या काढ़ि दिखाऊं ॥१६९॥

हरि हिरदै रे अनत कत चाहौ,
भूलै भरम दुनीं कत बाहौ ॥टेक॥
जग परबोधि होत नर खाली, करते उदर उपाया ।
आत्म रांम न चीन्हैं संतो, क्यूं रमि लै रांम राया ॥

लागैं प्यास नीर सो पीवै, बिन लागैं नहीं पीवै।
खोजैं तत मिलै अबिनासी, बिन खोजैं नहीं जीवै॥
कहै कबीर कठिन यह करणीं, जैसो षंडे धारा।
उलटीं चाल मिलै परब्रह्म कौं, सो सतगुरू हमारा॥१७०॥

रे मन बैंठि कितै जिनि जासी,
हिरदै सरोवर है अबिनासी॥टेक॥

काया मधे कोटि तीरथ, काया मधे कासी।
काया मधे कवलापति, काया मधै बैकुंठबासी॥
उलटि पवन षटचक्र निवासी, तीरथराज गंग तट बासी॥
गगन मंडल रवि ससि दोइ तारा, उलटीं कूंची लागि किवारा।
कहै कबीर भई उजियारा, पंच मारि एक रह्यौ निनारा॥१७१॥

रांम बिन जन्म मरन भयौ भारी।
साधिक सिध सूर अरु सुरपति, भ्रमत भ्रमत गये हारी॥टेक॥

व्यंद भाव त्रिग तत जंत्रक, सकल सुख सुखकारी।
श्रवत सुनि रवि ससि सिव सिव, पलक पुरिष पल नारी॥
अंतर गगन होत अंतर धुंनि, बिन सासनि है सोई।
घोरत सबद समंगल सब घटि, व्यंदत व्यंदै कोई॥
पांणीं पवन अवनि नभ पावक, तिहि संग सदा बसेरा।
कहै कबीर मन मन करि बेध्या, बहुरि न कीया फेरा॥१७२॥

नर देही बहुरि न पाईये, ताथैं हरषि हरषि गुंण गाईये॥टेक॥

जे मन नहीं तजै बिकारा, तौ, क्यूं तिरिये भौ पारा॥
जब मन छाड़ै कुटिलाई, तब आइ मिलै राम राई॥
ज्यूं जींमण त्यूं मरणां, पछितावा कछू न करणां॥

जांणि मरै जे कोई, तौ बहुरि न मरणां होई ।
गुर वचनां मंझि समावै, तब रांम नांम ल्यौ लावै ।।
जब रांम नांम ल्यौ लागा, तब भ्रम गया भौ भागा ।
ससिहर सूर मिलावा, तब अनहद बेन बजावा ।।
जब अनहद बाजा बाजै, तब सांई संगि बिराजै ।।
होह संत जनन के संगी, मन राचि रह्यौ हरि रंगी ।।
धरौ चरन कवल बिलवासा, ज्यूं होइ निरभै पद बासा ।।
यहु काचा खेल न होई, जन षरतर खेलै कोई ।।
जब षरतर खेल मचावा, तब गगन मंडल मठ छावा ।।
चित चंचल निहचल कीजै, तब रांम रसांइन पीजै ।।
जब रांम रसांइन पीया, तब काल मिट्या जन जीया ।।
यूं दास कबीरा गावै, ताथें मन कौं मन समझावै ।।
मन हीं मन समझाया, तब सतगुर मिलि सचुपाया ।।१७३।।

अवधू अगनि जरै कै काठ ।
पूछौं पंडित जोग संन्यासी सतगुर चीन्हैं बाट ।।टेक।।

अगनि पवन मैं पवन कवन मैं, सबद गगन के पवनां ।
निराकार प्रभु आदि निरंजन, कत रवंते भवनां ।।
उतपति जोति कवन अंधियारा, घन बादल का बरिषा ।
प्रगट्यो बीज धरनि अति अधिकै, पारब्रह्म नहीं देखा ।।
मरना मरै न मरि सकै, मरनां दूरि न नेरा ।
द्वादस द्वादस सनमुख देखैं, आपै आप अकेला ।।
जे बांध्या ते छुछंद मुकता, बांधनहार बांध्या ।
बांध्या मुकता मुकता बांध्या, तिहि पारब्रह्म हरि लांघा ।।
जे जाता ते कौंण पठाता, रहता ते किन राख्या ।
अंमृत समांनां, बिष मैं जांनां, विष मैं अमृत चाख्या ।।

कहै कबीर बिचार बिचारी, तिल मैं मेर समांनां।
अनेक जनम का गुर गुर करता, सतगुर तब भेटांनां ॥ १७४ ॥

अवधू ऐसा ग्यान बिचारं।
भेरै चढे सु अधधर डूबे, निराधार भये पारं ॥ टेक ॥

ऊघट चले सु नगरि पहूंते, बाट चले ते लूटे।
एक जेवड़ी सब लपटांनें, के बांधे के छूटे॥
मंदिर पैसि चहूँ दिसि भीगे, बाहरि रहे ते सूका।
सरि मारे ते सदा सुखारे, अनमारे ते दूषा॥
बिन नैंनन के सब जग देखै, लोचन अछते अंधा।
कहै कबीर कछु समझि परी है, यहु जग देख्या धंधा॥१७५॥

जग धंधा रे जग धंधा, सब लोगन जांणै अंधा।
लोभ मोह जेवड़ी लपटानीं,बिनही गांठि गह्यो फंदा ॥टेक॥

ऊंचै टीबै मछ बसत है, ससा बसै जल मांहीं।
परबत ऊपरि लोक डूबि मूवा,नीर मूवा धूं कांहीं॥
जलै नीर तिण षड सब उबरै, बैसंदर लै सींचै।
ऊपरि मूल फूल तिन भीतरि, जिनि जान्या तिनि नीकै॥
कहै कबीर जांनहीं जांनैं, अन-जांनत दुख भारी।
हारी बाट बटाऊ जीत्या, जांन्या की बलिहारी॥ १७६ ॥

अवधू ब्रह्म मतै घरि जाइ।
काल्ह जु तेरी बंसरिया छीनीं, कहा चरावै गाइ ॥ टेक ॥

तालि चुगैं बन तीतर लउवा, परबति चरै सौरा मछा।
बन की हिरनीं कूवै बियांनीं, ससा फिरै अकासा॥
ऊंट मारि मैं चारै लावा, हस्ती तरंडबा देई।

वंबूर की डरियां बनसी लैहूँ, सीयरा भूंकि भूंकि षाई ॥
आंब कै बौरै चरहल करहल, निविया छोलिछोलि खाई ।
मोरै आग निदाष दरी बल, कहै कबीर समझाई ॥१७७॥

कहा करौं कैसैं तिरौं, भौ जल अति भारी ।
तुम्ह सरणागति केसवा, राखि राखि मुरारी ॥ टेक ॥

घर तजि बन खंडि जाइये खानि खइये कंदा ।
विषै बिकार न छूटई, ऐसा मन गंदा ॥
विष विषिया कौ बासनां, तजौं तजी नहीं जाई ।
अनेक जतंन करि सुरझिहौं, फुनि फुनि उरझाई ॥
जीव अछित जोबन गया, कछू कीया न नीका ।
यहु हीरा निरमोलिका, कौडी पर बीका ॥
कहै कबीर सुनि केसवा, तूं सकल बियापी ।
तुम्ह समांनि दाता नहीं, हंम से नहीं पापी ॥ १७८ ॥

बाबा करहु कृपा जन मारगि लावो, ज्यूं भव बंधन षूटै ।
जुरा मरन दुख फेरि करंन सुख, जीव जनम थैं छूटै ॥टेक॥

सतगुर चरन लागि यौं विनऊं, जीवन कहां थैं पाई ।
जा कारनि हम उपजैं बिनसैं, क्यूं न कहौ समझाई ॥
आसा-पास षंड नहीं पाड़ै, यौं मन सुंनि न लूटै ।
आपा पर आनंद न बूझै, बिन अनभै क्यूं छूटै ॥
कह्यां न उपजै उपज्यां नहीं जांणैं, भाव अभाव बिहूनां ।
उदै अस्त जहां मति बुधि नांहीं, सहजि रांम ल्यौ लीनां ॥
ज्यू बिंबहि प्रतिबिंब समांनां, उदिक कुंभ बिगरांनां ।
कहै कबीर जांनि भ्रम भागा, जीवहिं जीव समांनां ॥ १७९ ॥

संतौ धोखा कासूं कहिये।
गुंण मैं निरगुंण निरगुंण मैं गुंण है,
बाट छाड़ि क्यूं बहिये ॥ टेक ॥

अजरा अमर कथै सब कोई, अलख न कथणां जाई।
नाति सरूप वरण नहीं जाकै, घटि घटि रह्यौ समाई ॥
प्यंड ब्रह्मंड कथै सब कोई, वाकै आदि अरु अंत न होई।
प्यंड ब्रह्मंड छाड़ि जे कथिये, कहै कबीर हरि सोई ॥१८०॥

पषा पषी कै पेषणैं, सब जगत भुलांनां ॥
निरपष होइ हरि भजै, सो साध सयांनां ॥ टेक ॥

ज्यूं षर सूं षर बंधिया, यूं बंधे सब लोई।
जाकै आत्म द्रिष्टि है; साचा जन सोई ॥
एक एक जिनि जांणियां, तिनहीं सच पाया।
प्रेम प्रीति ल्यौ लींन मन, ते बहुरि न आया ॥
पूरे की पूरी द्रिष्टि, पूरा करि देखै।
कहै कबीर कछू समझि न परई, या कछू बात अलेखै ॥१८१॥

अजहूं न संक्या गई तुम्हारी,
नांहि निसंक मिले बनवारी ॥ टेक ॥
बहुत गरब गरबे संन्यासी, ब्रह्मचरित छूटी नहीं पासी ॥
सुद्र मलेछ बसैं मन मांहीं, आतमरांम सु चीन्ह्यां नाहीं ॥
संक्या डाइणि बसै सरीरा, ता कारणि रांम रमै कबीरा ॥१८२॥

सब भूले हो पाषंडि रहे,
तेरा बिरला जन कोई राम कहै ॥ टेक ॥
होइ अरोकि बूंटी घसि लावै, गुर बिन जैसैं भ्रमत फिरै।

है हाजिर परतीति न आवै, सो कैसैं परताप धरै ॥
ज्यूं सुख त्यूं दुख द्रिढ़ मन राखै एकादसी इकतार करै ।
द्वादसी भ्रमैं लष चौरासी, गर्भ बास आवै सदा मरै ॥
मैं तैं तजै तजै अपमारग, चारि बरन, उपरांति चढ़ै ।
ते नहीं डूबै पार तिरि लंघै, निरगुण अगुण संग करै ॥
होइ मगन रांम रँगि राचै, आवागवन मिटै धापै ।
तिनह उछाह सोक नहीं व्यापै, कहै कबीर करता आपै ॥१८३॥

तेरा जन एक आध है कोई ।
काम क्रोध अरु लोभ बिवर्जित, हरिपद चीन्हैं सोई ॥ टेक ॥

राजस तांमस सातिग तीन्यूं, ये सब तेरी माया ।
चौथे पद कौं जे जन चीन्हैं, तिनहि परम पद पाया ॥
असतुति निंद्या आसा छांडै, तजै मांन अभिमांनां ।
लौहा कंचन समि करि देखै, ते मूरति भगवानां ॥
च्यंतै तौ माधौ च्यंतामणि, हरिपद रमैं उदासा ।
त्रिस्नां अरु अभिमांन रहित है, कहै कबीर सो दासा ॥ १८४ ॥

हरि नांमैं दिन जाइ रे जाकौ,
सोई दिन लेखै लाइ रांम ताकौ ॥ टेक ॥

हरि नांम मैं जन जागै, ताकै गोव्यंद साथी आगै ।
दीपक एक अमंगा, तामैं सुर नर पडैं पतंगा ॥
ऊंच नींच सम सरिया, ताथैं जन कबीर निसतरिया ॥ १८५ ॥

जब थैं आतम-तत बिचारा ।
तब निरबैर भया सबहिन थैं, कांम क्रोध गहि डारा ॥टेक॥

व्यापक ब्रह्म सबनि मैं एकै, को पंडित को जोगी ।

---

( १८४ ) ख०—जे जन जानैं । लोहा कंचन संम करि जानैं ।

रांणा राव कवन सूं कहिये कवन बैद को रोगी ॥
इनमैं आप आप सबहिन मैं, आप आपसूं खेलै।
नांनां भांति घड़े सब भांडे, रूप धरे धरि मेलै ॥
सोचि बिचारि सबै जग देख्या, निरगुंण कोई न बतावै।
कहै कबीर गुंणीं अरु पंडित, मिलि लीला जस गावै ॥१८६॥

तू माया रघुनाथ की, खेंलण चढ़ी अहेड़ै।
चतुर चिकारे चुणि चुणि मारे, कोई न छोड्या नैड़ै ॥टेक॥
मुनियर पीर डिगंबर मारे, जतन करंता जोगी।
जंगल महि के जंगम मारे, तूंर फिरै बलिवंती ॥
वेद पढंतां ब्राह्मण मारा; सेवा करतां स्वामीं।
अरथ करतां मिसर पछाड्या, तूंर फिरै मै मंती ॥
साषित कै तूं हरता करता, हरि भगतन कै चेरी।
दास कबीर रांम कै सरनैं, ज्यूं लागी त्यूं तोरी ॥१८७॥

जग सूं प्रीति न कीजिये, संमझि मन मेरा।
स्वाद हेत लपटाइए, को निकसै सूरा। टेक॥

एक कनक अरु कांमनीं, जग मैं दोइ फंदा।
इनपै जौ न बंधावई, ताका मैं बंदा ॥
देह धरें इन मांहि बास, कहु कैसैं छूटै।
सीव भये ते ऊबरे, जीवत ते लूटे ॥
एक एक सूं मिलि रह्या, तिनहीं सचु पाया।
प्रेम मगन लै लीन मन, सो बहुरि न आया ॥
कहै कबीर निहचल भया, निरभै पद पाया।
संसा ता दिन का गया, सतगुर समझाया ॥

---

( १८७ ) ख०—तू माया जगनाथ की।

रांम मोहि सतगुर मिलै अनेक कलानिधि, परम तत सुखदाई।
कांम अगनि तन जरत रही है,
हरि रसि छिरकि बुझाई ॥टेक॥

दरस परस तैं दुरमति नासी, दीन रटनि ल्यौ आई।
पाखंड भरंम कपाट खोलि कैं, अनभै कथा सुनाई॥
यहु संसार गंभीर अधिक जल, को गहि लावै तीरा।
नाव जिहाज खेवइया साधू, उतरे दास कबीरा ॥१८९॥

दिन दहूं चहूं कै कारणैं, जैसैं सैबल फूले।
झूठी सूं प्रीति लगाइ करि, साचे कूं भूले ॥टेक॥
जो रस गा सो परहर्‍या, विड़राता प्यारे।
आसति कहूं न देखिहूं, बिन नांव तुम्हारे॥
सांची सगाई रांम की, सुनि आतम मेरे।
नरकि पड़ें नर बापुड़े, गाहक जम तेरे॥
हंस उड्या चित चालिया, सगपन कछू नांहीं।
माटी सूं माटी मेलि करि, पीछैं अनखांहीं॥
कहै कबीर जग अंधला, कोई जन सारा।
जिनि हरि मरम न जांणिया, तिनि किया पसारा ॥१९०॥

माधौ मैं ऐसा अपराधी, तेरी भगति हेत नहीं साधी ॥टेक॥

कारनि कवन आइ जग जनम्यां, जनमि कवन सचु पाया।
भौ जल तिरण चरण च्यंतामंणि, ता चित घड़ी न लाया॥
पर निंद्या पर धन पर दारा, पर अपवादैं सूरा।
ताथैं आवागमन होइ फुनि फुनि, ता पर संग न चूरा॥
कांम क्रोध माया मद मंछर, ए संतति हंम मांहीं।
दया धरम ग्यांन गुर सेवा, ए प्रभू सुपिनैं नांहीं॥

तुम्ह कृपाल दयाल दमोदर, भगत बछल भौ हारी ।
कहै कबीर धीर मति राखहु, सासति करौ हमारी ॥१९१॥

रांम राइ कासनि करौं पुकारा,
ऐसे तुम्ह साहिब जाननि हार ॥टेक॥
इंद्री सबल निबल मैं माधौ, बहुत करैं बरियाई ।
लै धरि जांहि तहां दुख पइये, बुधि बल कछू न बसाई ॥
में बपरौ का अलप मूंढ मति, कहा भयौ जे लूटे ।
मुनि जन सती सिध अरु साधिक, तेऊ न आयें छूटे ॥
जोगी जती तपी संन्यासी, अह निसि खोजैं काया ।
मैं मेरी करि बहुत बिगूते, बिषै बाघ जग खाया ॥
ऐकत छांड़ि जांहिं घर घरनीं, तिन भी बहुत उपाया ।
कहै कबीर कछु समझि न परई, विषम तुम्हारी माया ॥१९२॥

माधव चले बुनांवन माहा, जग जीतें जाइ जुलाहा ॥टेक॥
नव गज दस गज गज उगनींसा, पुरिया एक तनाई ।
सात सूत दे गंड बहतरि, पाट लगी अधिकाई ॥
तुलह न तोली गजह न मापी, पहजन सेर अढाई ।
अढाई मैं जो पाव घटै, तौ करकस करै बजहाई ॥
दिन की बेठि खसम सूं कीजै, अरज लगीं तहां ही ।
भागी पुरिया घर ही छाड़ी, चले जुलाह रिसाई ॥
छोछी नलीं कांमि नहीं आवै, लहटि रही उरझाई ।
छांड़ि पसारा रांम कहि बौरे, कहै कबीर समझाई ॥१९३॥

बाजै जंत्र बजावै गुंनीं, राम नांम बिन भूली दुनी ॥टेक॥
रजगुन सतगुन तमगुन तीन, पंच तत ते साज्या बींन॥

---

( १९१ ) ख० सो गति करहु हमारी ।

तीनि लोक पूरा पेखनां, नाच नचावै एकै जनां ॥
कहै कबीर संसा करि दूरि, त्रिभुवन नाथ रह्या भरिपूरि ॥१९४॥

जंत्री जंत्र अनूपम बाजै, ताका सबद गगन में गाजै ॥टेक॥

सुर की नालि सुरति का, तूंबा, सतगुर साज बनाया ।
सुर नर गण गंध्रब ब्रह्मादिक, गुर बिन तिनहूं न पाया ॥
जिभ्यां तांति नासिका करहीं, माया का मैंण लगाया ।
गमां बतीस मोरणां पांचौं, नीका साज बनाया ॥
जंत्री जंत्र तजै नहीं बाजै, तब बाजै जब बावै ।
कहै कबीर सोई जन साचा, जंत्री सूं प्रीति लगावै ॥१९५॥

अवधू नादैं व्यंद गगन गाजै, सबद अनाहद बोलै ।
अंतरि गति नहीं देखै नैड़ा, ढूंढत बन बन डोलै ॥टेक॥

सालिगरांम तजौं सिव पूजौं, सिर ब्रह्मा का काटौं ।
सायर फोडि नीर मुलकाऊं, कुंवा सिला दे पाटौं ॥
चंद सूर दोइ तूंबा करिहूँ, चित चेतनि की डांडी ।
सुषमन तंती बाजण लागी, इहि बिधि त्रिष्णां षांडी ॥
परम तत आधारी मेरे, सिव नगरी घर मेरा ।
कालहि षंडूं मीच बिहंडूं, बहुरि करिहूं फेरा ॥
जपौं न जाप हतौं नहीं गूगल, पुस्तक ले न पढाऊं ।
कहै कबीर परंम पद पावा, नहीं आंऊं नहीं जांऊं ॥१९६॥

बाबा पेड़ छाडि सब डालीं लागे, मूंढे जंत्र अभागे ।
सोइ सोइ सब रैंणि बिहांणी, भोर भयौ तब जागे ॥टेक॥

देवलि जांऊं तौ देवी देखौं, तीरथ जांऊं त पाणीं ।
ओछी बुधि अगोचर बांणीं, नहीं परंम गति जांणीं ॥

साध पुकारैं समझत नांहीं, आंन जन्म के सूते।
बांधे ज्यूं अरहट की टीडरि, आवत जात बिगूते ॥
गुर बिन इहि जग कौंन भरोसा, काकै संग ह्वै रहिये।
गनिका कै घरि बेटा जाया, पिता नांव किस कहिये ॥
कहै कबीर यह चित्र बिरोध्या, बूझी अमृत बांणी।
खोजत खोजत सतगुर पाया, रहि गई आंवण जांणीं ॥१९७॥

मूली मालिनी हे गोव्यंद जागतौ जगदेव,
तूं करै किसकी सेव ॥टेक॥

भूली मालनि पाती तोड़ै, पाती पाती जीव।
जा मूरति कौं पाती तोड़ै, सो मूरति नर जीव ॥
टांचणहारै टांचिया, दे छाती ऊपरि पाव।
जे तूं मूरति सकल है, तौ घड़णहारे कौं खाव ॥
लाडू लावण लापसी, पूजा चढ़ै अपार।
पूजि पुजारा ले गया, दे मूरति कै मुहि छार ॥
पाती ब्रह्मा पुहुपै विष्णु, फूल फल महादेव।
तीनि देवौं एक मूरति, करै किसकी सेव ॥
एक न भूला दोइ न भूला सब संसारा।
एक न भूला दास कबीरा, जाकै रांम अधारा ॥१९८॥

सेइ मन समझि संमर्थ सरणांगता,
जाकी आदि अंति मधि कोइ न पावै।
कोटि कारिज सरैं देह गुंण सब जरैं,
नैंक जौ नांव पतिव्रत आवै ॥टेक॥
आकार की ओट आकार नहीं ऊबरै,
सिव बिरंचि अरू विष्णु तांईं।

जास का सेवक तास कौं पाइहै,
इष्ट कौं छांडि आगै न जाहीं ॥
गुंणमई मूरति सेइ सब भेष मिली,
निरगुण निज रूप बिश्रांम नांहीं ।
अनेक जुग बंदिगी बिबिध प्रकार की,
अंति गुंण का गुंण हीं हमांहीं,
पांच तत तीनि गुण जुगति करि संन्यासी,
अष्ट बिन होत नहीं क्रंम काया ।
पाप पुन बीज अंकूर जांमैं मरै,
उपजि बिनसै जेती सर्ब माया ॥
क्रितम करता कहैं, परम पद क्यूं लहैं,
भूलि भ्रम मैं पड़्या लोक सारा ।
कहै कबीर रांम रमिता भजैं,
कोई एक जन गए उतरि पारा ॥१९९॥

रांम राइ तेरी गति जाणी न जाई ।
जो जस करिहै सो तस पइहै, राजा रांम नियाई ॥टेक॥
जैसी कहै करै जो तैसी, तौ तिरत न लागै बारा ।
कहता कहि गया सुनता सुंणि गया करणीं कठिन अपारा ॥
सुरही तिण चरि अंमृत सरवैं लेर भवंगहि पाई ।
अनेक जगत करि निग्रह कीजै, बिषै बिकार न जाई ॥
संत करै असंत की संगति, तासूं कहा बसाई ।
कहै कबीर ताके भ्रम छूटै, जे रहे राम ल्यौ लाई ॥२००॥

कथणीं बदणीं सब जंजाल,
भाव भगति अरू रांम निराल ॥टेक॥
कथै बदै सुणैं सब कोई, कथें न होई कीयें होइ ॥

कूड़ी करणी रांम न पावै, साच टिकै निज रूप दिखावै।
घट मैं अग्नि घर जल अवास, चेति बुझाइ कबीरदास ॥२०१॥

## [ राग आसावरी ]

ऐसी रे अवधू की वांणीं,
ऊपरि कूवटा तलि भरि पांणी ॥टेक॥
जब लग गगन जोति नहीं पलटै,
अबिनासी सूं चित नहीं चिहुटै ॥
जब लग भवर गुफा नहीं जांनैं,
तौ मेरा मन कैसैं मांनैं ॥
जब लग त्रिकुटी संधि न जांनैं,
ससिहर कै घरि सूर न आनैं ॥
जब लग नाभि कवल नहीं सोधै,
तौ हीरै हीरा कैसैं बेधै ॥
सोलह कला संपूरण छाजा,
अनहद कै घरि बाजें बाजा ॥
सुषमन कै घरि भया अनंदा,
उलटि कवल भेटे गोब्यंदा ॥
मन पवन जब परचा भया,
ज्यूं नाले रांपी रस मइया ॥
कहै कबीर घटि लेहु बिचारी,
औघट घाट सींचि ले क्यारी ॥२०२॥

मन का भ्रंम मन हीं थैं भागा,
सहज रूप हरि खेलण लागा ॥
मैं त तैं मैं ए द्वै नांहीं, आपै अकल सकल घट मांहीं ॥

जब थैं इनमन उनमन जांना, तब रूप न रेष तहां ले बांनां ॥
तन मन मन तन एक समांना, इन अनभै मांहैं मन मांनां ॥
आतमलीन अपंडित रांमां, कहै कबीर हरि मांहि समांनां ॥२०३॥

आत्मां अनंदी जोगी, पीवै महारस अंमृत भोगी । टेक॥
ब्रह्म अगनि काया परजारी, अजपा जाप उनमनीं तारी ॥
त्रिकुट कोट मैं आसण मांडै, सहज समाधि बिषै सब छांडै ॥
त्रिवेंणी बिभूति करै मन मंजन, जनकबीर प्रभू अलष निरंजन॥२०४॥

या जोगिया की जुगति जु बूझै,
रांम रमैं ताकौं त्रिभुवन सूझै ॥टेक॥

प्रगट कंथा गुपत अधारी, तामैं मूरति जीवनि प्यारी ॥
है प्रभू नेरै खोजैं दूरि, ग्यांन गुफा मैं सींगी पूरि ॥
अमर बेलिजो छिनछिन पीवै, कहै कबीर सो जुगि जुगि जीवै॥२०५॥

सो जोगी जाकै मन मैं मुद्रा
राति दिवस न करई निद्रा । टेक॥

मन मैं आसण मन मैं रहणां, मन का जप तप मन सूं कहणां ॥
मन मैं षपरा मन मैं सींगी, अनहद बेन बजावै रंगी ॥
पंच परजारि भसम करि भूका, कहै कबीर सो लहसै लंका ॥२०६॥

बाबा जोगी एक अकेला, जाकै तीर्थ व्रत न मेला ॥टेक॥
झोली पत्र बिभूति न बटबा, अनहद बेन बजावै ।
मांगि न खाइ न भूखा सोवै, घर अंगनां फिरि आवै ॥
पांच जनां की जमाति चलावै, तास गुरू मैं चेला ।
कहै कबीर उनदेसिसिधाये, बहुरि न इहि जगि मेला ॥२०७॥

जोगिया तन कौ जंत्र बजाइ,
ज्यूं तेरा आवागवन मिटाइ ॥ टेक ॥
तत करि तांति धर्म करि डांडी, सत की सारि लगाइ ।
मन करि निहचल आसंण निहचल, रसनां रस उपजाइ ॥
चित करि बटवा तुचा मेषली, भसमैं भसम चढ़ाइ ।
तजि पाषंड पांच करि निग्रह, खोजि परम पद राइ ॥
हिरदै सींगी ग्यांन गुणि बांधौ, खोजि निरंजन साचा ।
कहै कबीर निरंजन की गति जुगति बिनां प्यंड काचा ॥२०८॥

अवधू ऐसा ज्ञांन बिचारी, ज्यूं बहुरि न ह्वै संसारी ॥टेक॥
च्यंत न सोज चित बिन चितवै, बिन मनसा मन होई ।
अजपा जपत सुंनि अभि-अंतरि, यहु तत जानैं सोई ॥
कहै कबीर स्वाद जब पाया, बक नालि रस खाया ।
अमृत झरै ब्रह्म परकासै, तब ही मिलै रांम राया ॥ २०९ ॥

गोव्यंदे तुम्हारै बन कंदलि, मेरो मन अहेरा खेलै ॥
बपु बाडी अनगु मृग, रचिहीं रचि मेलै ॥ टेक ॥
चित तरउवा पवन षेदा, सहज मूल बांधा ।
ध्यांन धनक जोग करम, ग्यांन बांन सांधा ॥
षट चक्र कंवल बेधा, जारि उजारा कीन्हां ।
कांम क्रोध लोभ मोह, हाकि स्यावज दीन्हां ॥
गगन मंडल रोकि बारा, तहां दिवस न राती ।
कहै कबीर छांडि चले, बिछुरे सब साथी ॥ २१० ॥

साधन कंचू हरि न उतारै, अनभै ह्वै तौ अर्थ बिचारै ॥टेक॥
बांणीं सुरंग सोधि करि आंणौं, आणौं नौ रंग धागा ।

चंद सुर एकंतरि कीया, सीवत बहु दिन लागा ॥
पंच पदार्थ छोड़ि समांनां, हीरै मोती जड़िया ।
कोटि बरस लूं कंचूं सींयां, सुर नर धंधै पाड़्या ॥
निस वासुर जे सोवैं नांहीं, ता नरि काल न खाई ।
कहै कबीर गुर परसादैं, सहजैं रह्या समाई ॥२११॥

जीवत जिनि मारै मूवा मति ल्यावै,
मास बिहूंणां घरि मत आवै हो कंता ॥ टेक ॥

उर बिन पुर बिन चंच बिन, बपु बिहूंनां सोई ।
सोऽस्यावज जिनि मारै कंता, जाकै रगत मास न होई॥
पैलो पार के पारधी, ताकी धुनहीं पिनच नहीं रे ।
ता वेलीं कौ ढूंक्यौ मृग लौ, ता मृग कैसी सनहीं रे ॥
मार्‍या मृग जीतता राख्या, यहु गुर ग्यांन मही रे ।
कहै कबीर स्वांमीं तुम्हारे मिलन कौ,वेली है पर पात नहीं रे॥२१२॥

धीरौ मेरे मनवां तोहि धरि टागौं,
तैं तौ कीयौ मेरे खसम सूं पागौं ॥टेक॥

प्रेम की जेवरिया तेरे गलि बांधूं,
तहां लै जांउं जहां मेरौ माधौ ॥
काया नगरीं पैसि किया मैं वासा.
हरि रस छाड़ि विषै रसि माता ॥
कहै कबीर तन मन का ओरा,
भाव भगति हरि सूं गठजोरा ॥ २१३ ॥

पारब्रह्म देख्या हो, तब बाड़ीं फूली, फल लागा बडहूली ।
सदा सदाफल दाख बिजौरा कौतिकहारी भूली ॥ टेक ॥

द्वादस कूवा एक वनमाली, उलटा नीर चलावै ।

सहजि सुषमनां कूल भरावै, दह दिसि वाड़ी पावै ॥
ल्यौकी लेज पवन का ढींकू, मन मटका ज वनाया ।
सत को पाटि सुरति का चाठा, सहजि नीर मुकलाया ॥
त्रिकुटी चढ्यौ पाव ढौ ढारै, अरध उरध की क्यारी ।
चंद सूर दोऊ पांणति कहिहैं, गुर मुषि बीज बिचारी ॥
भरी छाबड़ी मन वैकुठा, सांई सूर हिया रंगा ।
कहै कवीर सुनहु रे संतौ, हरि हम एकै संगा ॥११४॥

रांम नांम रंग लागौ, कुरंग न होई ।
हरि रंग सो रंग और न कोई ॥टेक॥
और सबै रंग इहि रंग थैं छूटैं, हरि-रंग लागा कदे न खूटै ॥
कहै कबीर मेरे रंग रांम राई, और पतंग रंग उड़ि जाई ॥२१५॥

कवीर प्रेम कूल ढरै, हंमारै रांम विनां न सरै ।
वांधि लै धोरा सींचि लै क्यारी, ज्यूं तूं पेड भरै ॥टेक॥
काया बाड़ी मांहैं माली, टहल करै दिन राती ।
कबहूं न सोवै काज संवारे, पांणतिहारी माती ॥
सेझै कूवा स्वाति अति सीतल, कबहूं कुवा वनहीं रे ।
भाग हंमारे हरि रखवाले, कोई उजाड़ नहीं रे ॥
गुर बीज जमाया कि रखि न पाया, मन की आपदा खोई ।
औरै स्यावढ करै षारिसा, सिला करै सब कोई ॥
जौ घरि आया तौ सब ल्याया, सबही काज संवार्‌या ।
कहै कबीर सुनहु रे संतौ, थकित भया मैं हार्‌या ॥२१६॥

राजा राम बिनां तकती धो धो ।
राम बिनां नर क्यूं छूटौंगे,
जम करै नग धो धो धो ॥टेक॥

मुद्रा पहर्‍यां जोग न होई,
घूँघट काढ्यां सती न कोई ॥
माया कै संगि हिलि मिलि आया,
फोकट साटै जनम गँवाया ॥
कहै कबीर जिनि हरि पद चीन्हां,
मलिन प्यंड थैं निरमल कीन्हां ॥२१७॥

है कोई रांम नांम बतावै, वस्तु अगोचर मोहि लखावै । टेक॥
रांम नांम सब कोई बखांनै, रांम नांम मरम न जांनैं ॥
ऊपर की मोहि बात न भावै, देखै गावैं तौ सुख पावै ।
कहै कबीर कछू कहत न आवै, परचै बिनां मरम को पावै ॥२१८॥

गोब्यंदे तूं निरंजन तूं निरंजन तूं निरंजन राया ।
तेरे रूप नाहीं रेख नाहीं मुद्रा नहीं माया ॥टेक॥
समद नाहीं सिषर नाहीं, धरती नाहीं गगनां ।
रवि ससि दोउ एकै नांहीं, बहत नांहीं पवनां ॥
नाद नांहीं ब्यंद नाहीं, काल नहीं काया ।
जब तैं जल ब्यंब न होते, तब तूंही राम राया ॥
जप नांही तप नांही, जोग ध्यांन नही पूजा ।
सिव नांही सकती नांही, देव नही दूजा ॥
रुग न जुग न स्यांम अथरवन, वेद नही ब्याकरनां ।
तेरी गति तूंही जांनैं, कबीरा तो सरनां ॥२१९॥

राम कै नांइ नींसांन बागा, ताका मरम न जानैं कोई ।
भूख त्रिषा गुण वाकै नांही, घट घट अंतरि सोई ॥टेक॥
वेद बिवर्जित भेद बिबर्जित, बिबर्जित पाप रु पुंन्यं ।
ग्यान बिवर्जित ध्यान बिबर्जित, बिबर्जित अस्थूल सुंन्य ॥

भेष विवर्जित भीख बिबर्जित, बिबर्जित ड्यंभक रूपं।
कहै कबीर तिहूँ लोक बिबर्जित, ऐसा तत्त अनूपं ॥२२०॥

रांम रांम रांम रमि रहिये, साषित सेती भूलि न कहिये ॥टेक॥
का सुनहां कौं सुमृत सुनांयें, का साषित पैं हरि गुन गांये।
का कऊवा कौं कपूर खवांयें, का विसहर कौं दूध पिलांये॥
साषित सूनहां दोऊ भाई, वो नींदै वौ भौंकत जाई।
अंमृत ले ले नींब स्यंचाई, कहै कबीर वाकी बांनि न जाई ॥२२१॥

अब न बसूं इहिं गांइ गुसाईं,
तेरे नेवगी खरे सयांनें हो रांम ॥टेक॥

नगर एक तहां जीव धरम हता, बसैं जु पंच किसानां।
नैनूं निकट श्रवनूं, रसनूं, इंद्री कह्या न मांनैं हो रांम॥
गांइ कु ठाकुर खेत कु नेपै, काइथ खरच न पारै।
जोरि जेवरी खेति पसारै, सब मिलि मोकौं मारै हो रांम॥
खोटौ महतौ विकट बलाही, सिर कसदम का पारै।
बुरो दिवांन दादि नहि लागै, इक बांधै इक मारै हो रांम॥
धरमराइ जब लेखा मांग्या, बाकी निकसी भारी।
पांच किसांनां भाजि गये हैं, जीव धर बांध्यौ पारी हो रांम॥
कहै कबीर सुनहु रे संतौ, हरि भजि बांधौ भेरा।
अब की बेर बकसि बंदे कौं, सब खत करौं नबेरा ॥२२२॥

ता भै थैं मन लागौ राम तोही,
करौ कृपा जिनि बिसरौ मोही ॥टेक॥

जननीं जठर सह्या दुख भारी,
सो संक्या नहीं गई हमारी टेक॥

दिन दिन तन छीजै जरा जनावै,
केस गहें काल बिरदंग बजावैं ॥
कहै कबीर करुणांमय आगैं,
तुम्हारीक्रिपा बिन यहु बिपति न भागै ॥२२२॥

कब देखूं मेरे राम सनेही,
जा बिन दुख पावै मेरी देहीं ॥टेक॥

हूँ तेरा पथ निहारूं स्वांमीं,
कब रमिलहुगे अंतरजांमीं ।
जैसैं जल बिन मीन तलपै
ऐसै हरि बिन मेरा जियरा कलपै ॥
निस दिन हरि बिन नींद न आवै,
दरस पियासी रांम क्यूं सचुपावै ॥
कहै कबीर अब बिलंब न कीजै.
अपनौं जांनि मोहि दरसन दीजे ॥२२४॥

सो मेरा रांम कबै घरि आवै,
ता देखें मेरा जिया सुख पावै ॥टेक॥

बिरह अगनि तन दिया जराई, बिन दरसन क्यूं होइ सराई ॥
निस बासुर मन रहै उदासा, जैसे चातिग नीर पियासा ॥
कहै कबीर अति आतुरताई, हमकौं बेगि मिलौ रांमराई ॥२२५॥

मैं सामने पीव गौंहनि आई ।
सांई संगि साध नहीं पूगी, गयौ जोबन सुपिनां की नांई॥टेक॥

पंच जनां मिलि मंडप छायौ, तीनि जनां मिलि लगन लिखाई ।
सखी सहेली मंगल गावैं, सुख दुख मांथै हलद चढ़ाई ॥

नांनां रंगैं भांवरि फेरी, गांठि जोरि बावै पति ताईं।
पूरि सुहाग भयौ बिन दूलह, चौक कै रंगि धर्‌यौ सगौ भाई॥
अपनें पुरिष मुख कबहूं न देख्यौ, सती होत समझी समझाई।
कहै कबीर हूं सर रचि मरि हूं, तिरौं कंत ले तूर बजाई॥२२६॥

धीरैं धीरैं खाइबौ अनत न जाइबौ,
रांम रांम रांम रमि रहिबौ॥ टेक॥
पहली खाई आई माई, पीछैं खैहूं सगौ जबाई।
खाया देवर खाया जेठ,सब खाया सुसर का पेट॥
खाया सब पटण का लोग, कहै कबीर तब पाया जोग॥२२७॥

मन मेरौ रहटा रसनां पुरइया,
हरि कौ नांउं लै लै काति बहुरिया॥ टेक॥
चारि खूंटी दोइ चमरख लाई, सहजि रहटवा दियौ चलाई॥
सासू कहै काति बहू ऐसैं, बिन कातैं निसतरिबौ कैसैं॥
कहै कबीर सूत भल काता, रहटां नहीं परम पद दाता॥२२८॥

अब की घरी मेरो घर करसी,
साध संगति ले मोकौं तिरसी॥ टेक॥
पहली को घाल्यौ भरमत डोल्यौ, सच कबहूं नहीं पायौ।
अब की धरनि धरी जा दिन थैं, सगलौ भरम गमायौ॥
पहली नारि सदा कुलवंती, सासू सुसरा मांनैं।
देवर जेठ सबनि की प्यारी, पिय कौ मरम न जांनैं॥
अब की धरनि धरी जा दिन थैं, पीय सूं बांन बन्यूं रे।
कहै कबीर भाग बपुरी कौ, आइ रु रांम सुन्यूं रे॥२२९॥

मेरी मति बौरी रांम बिसारयौ,
किहि बिधि रहनि रहूं हो दयाला॥

---

( २२७ ) ख—खाया पंच पटण का लोग।

सेजैं रहूं नैंन नहीं देखौं,
यहु दुख कासौं कहूं हो दयाल ॥ टेक ॥
सासु की दुखी सुसर की प्यारी, जेठ कै तरसि डरौं रे।
नणद सहेली गरब गहेली, देवर कै विरह जरौं हो दयाल ॥
बाप सावको करै लराई, माया सद मतिवाली।
सगौ भईया लै सलि चढ़िहूं, तब ह्वै हूं पीयहि पियारी ॥
सोचि विचारि देखौ मन मांहीं, औसर आइ बन्यूं रे।
कहै कबीर सुनहुँ मति सुंदरि, राजा रांम रमूं रे ॥२३०॥

अवधू ऐसा ग्यांन विचारी, ताथैं भई पुरिष थैं नारी ॥टेक॥
नां हूं परनीं नां हूं क्वारी, पूत जन्यूं द्यौ हारी।
काली मूंड कौ एक न छोड्यौ, अजहूं अकन कुवारी ॥
बाम्हन कै बम्हनेटी कहियौं, जोगी कै घरि चेली।
कलमां पढि पढि भई तुरकनीं, अजहूं फिरौं अकेली ॥
पीहरि जांऊं न रहूं सासुरै, पुरषहि अंगि न लांऊं।
कहै कबीर सुनहु रे संतौ, अंगहि अंग न छुवांऊं ॥२३१॥

मींठी मींठी माया तजी न जाई,
अग्यांनीं पुरिष कौं भोलि भोलि खाई ॥ टेक ॥
निरगुंण सगुंण नारी, संसारि पियारी,
लषमणि त्यागी गोरषि निवारी ॥
कीड़ी कुंजर मैं रही समाई,
तीनि लोक जीत्या माया किनहूं न खाई ॥
कहै कबीर पद लेहु विचारी,
संसारि आइ माया किनहूं एक कहीं षारी ॥२३२॥

---

( २३१ ) ख०—पूत जने जनि हारी।

मन कै मैलौ बाहरि ऊजलौ किसौ रे,
खाँडे की धार जन कौ धरम इसौ रे ॥ टेक ॥

हिरदा कौ बिलाव नैंन बग ध्यांनी,
ऐसी भगति न होइ रे प्रांनीं ॥
कपट की भगति करै जिन कोई,
अंत की बेर बहुत दुख होई ॥
छांडि कपट भजौ रांम राई,
कहै कबीर तिहूं लोक बड़ाई ॥ २३३ ॥

चोखौ बनज ब्यौपार करीजै,
आइनैं दिसावरि रे रांम जपि लाहौ लीजै ॥ टेक ॥

जब लग देखौं हाट पसारा,
उठि मन बणियाँ रे, करि ले बणज सवारा ।
बेगे हो तुम्ह लाद लदांनां,
औघट घाटा रे चलनां दूरि पयांनां ॥
खरा न खोटा नां परखानां,
लाहे कारनि रे सब मूल हिरांनां ॥
सकल दुनीं मैं लोभ पियारा,
मूल ज राखै रे सोई बनिजारा ॥
देस भला परिलोक बिरांनां,
जन दोइ चारि नरे पूछौ साध सयांनां ॥
सायर तीर न वार न पारा,
कहि समझावै रै कबीर बणिजारा ॥२३४॥

जौ मैं ग्यांन बिचार न पाया,
तौ मैं यौंहीं जन्म गंवाया ॥ टेक ॥

यहु संसार हाट करि जांनूं, सबको बणिजण आया।
चेति सकै सो चेतौ रे भाई, मूरिख मूल गंवाया॥
थाके नैंन बैंन भी थाकै, थाकी सुंदर काया।
जांमण मरण ए द्वै थाके, एक न थाकी माया॥
चेति चेति मेरे मन चंचल, जब लग घट मैं सासा।
भगति जाव परभाव न जइयौ, हरि के चरन निवासा॥
जे जन जांनि जपैं जग जीवन, तिनका ग्यांन न नासा।
कहै कबीर वै कबहूं न हारैं, जांनि न ढारैं पासा॥२३५॥

लावौ बाबा आगि जलावो घरा रे,
ता कारनि मन धंधै परा रे॥ टेक॥

इक डांइनि मेरे मन मैं बसै रे, नित उठि मेरे जीय कौं डसै रे॥
या डांइन्य के लरिका पांच रे, निस दिन मोहि नचावैं नाच रे॥
कहै कबीर हूं ताकौ दास, डांइनि कै संगि रहै उदास॥२३६॥

बंदे तोहि बंदिगी सौं कांम, हरि बिन जांनि और हरांम।
दूरि चलणां कूं बेगा, इहां नहीं मुकांम॥ टेक॥
इहां नहीं कोई यार दोस्त, गांठि गरथ न दांम।
एक एकैं संगि चलणां, बीचि नहीं बिश्रांम॥
संसार सागर विषम तिरणां, सुमरि लै हरि नांम।
कहै कबीर तहां जाइ रहणां, नगर बसत निधांन॥ २३७॥

झूठा लोग कहैं घर मेरा।
जा घर मांहैं बोलै डोलै, सोई नहीं तन तेरा॥ टेक॥
बहुत बंध्या परिवार कुटंब मैं, कोई नहीं किस केरा।
जीवत आंषि मूंदि किन देखौ, संसार अंध अँधेरा॥

बस्ती मैं थै मारि चलाया, जंगलि किया बसेरा।
घर कौं खरच खबरि नहीं भेजी, आप न कीया फेरा॥
हस्ती घोड़ा बैल बांहणीं, संग्रह किया घणेरा।
भीतरि बीवी हरम महल मैं, साल मिंया का डेरा॥
वाजी की वाजीगर जांनैं कै बाजीगर का चेरा।
चेरा कबहूं उझकि न देखै, चेरा अधिक चितेरा॥
नौ मन सूत उरझि नहीं सुरझै, जनमि जनमि उर झेरा।
कहै कबीर एक रांम भजहु रे, बहुरि न ह्वैगा फेरा॥२३८॥

हावड़ि धावड़ि जनम गवावै,
कबहूं न रांम चरन चित लावै॥ टेक॥
जहां जहां दांम तहां मन धावै, अंगुरी गिनतां रैनि बिहावै।
तृया बदन देखि सुख पावै, साध की संगति कबहूं न आवै॥
सरग के पंथि जात सब लोई, सिर धरि पोट न पहुंच्या कोई।
कहै कबीर हरि कहा उबारै, अपणैं पाव आप जौ मारै॥ २३९॥

प्रांणीं काहे कै लोभ लागि, रतन जनम खोयौ।
बहुरि हीरा हाथि न आवै, रांम बिनां रोयौ॥टेक॥
जल बूंद थैं ज्यनि प्यंड बांध्या, अगिन कुंड रहाया।
दस मास माता उदरि राख्या, बहुरि लागी माया॥
एक पल जीवन की आश नांहीं, जम निहारै सासा।
बाजीगर संसार कबीरा, जांनि ढारौ पासा॥२४०॥

फिरत कत फूल्यौ फूल्यौ।
जब दस मास उरध मुखि होते, सो दिन काहे भूल्यौ। टेक॥
जौ जारै तौ होइ भसम तन, रहत कृम ह्वै जाई।
काचै कुंभ उद्यक भरि राख्यौ, तिनकी कौन बड़ाई॥

ज्यूं माषी मधु संचि करि, जोरि जोरि धन कीनो।
मूयें पीछैं लेहु लेहु करि, प्रेत रहन क्यूं दीनूं॥
ज्यूं घर नारी संग देखि करि, तब लग संग सुहेलौ।
मरघट घाट खैंचि करि राखे, वह देखहु हंस अकेलौ॥
रांम न रमहु मदन कहा भूले, परत अंधेरैं कूवा।
कहै कबीर सोई आप बंधायौ, ज्यूं नलनी का सूवा॥२४१॥

जाइ रे दिन हीं दिन देहा, करि लै बौरी रांम सनेहा॥टेक॥
बालापन गयौ जोबन जासी, जुरा मरण भौ संकट आसी॥
पलटे केस नैंन जल छाया, मूरिख चेति बुढ़ापा आया।
रांम कहत लज्या क्यं कीजै, पल पल आउ घटै तन छीजै॥
लज्या कहै हूंजमकी दासी, एकैं हाथि मुदिगर दूजै हाथि पासी।
कहै कबीर तिनहूं सब हार्‍या, रांम नांम जिनि मनहु बिसार्‍या॥२४२॥

मेरी मेरी करतां जनम गयौ,
जनम गयौ परि हरि न कह्यौ॥ टेक॥
बारह बरस बालापन खोयो, बीस बरस कछू तप न कीयौ।
तीस बरस कै रांम न सुमिर्‍यौ, फिरि पछितानौं बिरध भयौ॥
सूकै सरवर पालि बंधावै, लुणै खेत हठि बाड़ि करै।
आयौ चोर तुरंग मुसि ले गयौ, मोरी राखत मुगध फिरै।
सीस चरन कर कंपन लागे, नैंन नीर अस राल बहै।
जिभ्या बचन सूध नहीं निकसै, तब सुकरित की बात कहै॥
कहै कबीर सुनहु रे संतौ, धन संच्यो कछु संगि न गयौ।
आई तलब गोपाल राइ की, मैंड़ी मंदिर छाड़ि चल्यौ॥२४३॥

---

(२४३) ख०—मोरी बाँधत।

जाहि जाती नांव न लीया, फिरि पछितावैगौ रे जीया ॥टेक॥
धंधा करत चरन कर घाटे, आउ घटी तन खींना।
बिषै बिकार बहुत रुचि मांनीं, माया मोह चित दींन्हां ॥
जागि जागि नर काहे सोवै, सोइ सोइ कब जागैगा।
जब घर भीतरि चोर पड़ैंगे, तब अंचलि किस कै लागैगा ॥
कहै कबीर सुनहु रे संतौ, करि ल्यौ जे कछु करणां।
लख चौरासी जोनि फिरौगे, बिनां रांम की सरनां ॥ २२४ ॥

माया मोहि मोहि हित कीन्हां,
ताथै मेरौ ग्यांन ध्यांन हरि लीन्हा ॥टेक॥

संसार ऐसा सुपिन जैसा, जीव न सुपिन समांन।
साँच करि नरि गांठि बांध्यौ, छाडि परम निधांन ॥
नैन नेह पतंग हुलसै, पसू न पेखै आगि।
काल पासि जु मुगध बांध्या, कलंक कांमिनीं लागि ॥
करि बिचार बिकार परहरि, तिरण तारण सोइ।
कहै कबीर रघुनाथ भजि नर, दूजा नांहीं कोइ ॥ २४५ ॥

ऐसा तेरा झूठा मीठा लागा, ताथैं साचे सूंमन भागा ॥टेक॥

झूठे के घरि झूठा आया, झूठा खांन पकाया।
झूठी सहन क झूठा बाह्या, झूठै झूठा खाया ॥
झूठा ऊठण झूठा बैठण, झूठी सबै सगाई।
झूठे के घरि झूठा राता, साचे को न पत्याई ॥
कहै कबीर अलह का पंगुरा, साचे सूं मन लावौ।
झूठे केरी संगति त्यागौ, मन बंछित फल पावौ ॥ २४६ ॥

---

( २४४ ) ख०—धंधा करत करत कर थाके।

कौंण कौंण गया रांम कौंण कौंणन जासी,
पड़सी काया गढ़ माटी थासी ॥ टेक ॥
इंद्र सरीखे गये नर कोड़ी, पांचौं पांडौं सरिषी जोड़ी ।
ध्रू अविचल नहीं रहसी तारा, चंद सूर की आइसी बारा ॥
कहै कबीर जग देखि संसारा, पड़सी घट रहसी निरकारा ॥२४७॥

ताथैं सेविये नारांइणां,
प्रभू मेरौ दीनदयाल दया करणा ॥ टेक ॥
जौ तुम्ह पंडित आगम जांणौं, बिद्या व्याकरणां ।
तंत मंत सब ओषधि जाणौं, अंति तऊ मरणां ॥
राज पाठ स्यंघासण आसण, बहु सुंदरि रमणां ।
चंदन चीर कपूर बिराजत, अंति तऊ मरणां ॥
जोगी जती तपी संन्यासी, बहु तीरथ भरमणां ।
लुंचित मुंडित मोनि जटाधर, अति तऊ मरणां ॥
सोचि विचारि सबै जग देख्या, कहूं न ऊबरणां ।
कहै कबीर सरणाई आयौ, मेटि जामन मरणां ॥२४८॥

पांडे न करसि बाद बिवादं,
या देही बिन सबद न स्वादं ॥ टेक ॥

अंड ब्रह्मंड खंड भी माटी, माटी नवनिधि काया ।
माटी खोजत सतगुर भेट्या, तिन कछू अलख लखाया ॥
जीवत माटी मूवा भी माटी, देखौ ग्यांन बिचारी ।
अंति कालि माटी मैं बासा, लेटै पांव पसारी ॥
माटी का चित्र पवन का थंभा, ब्यंद सँयोगि उपाया ।
भांनैं घड़ै संवारै सोई, यहु गोव्यंद की माया ॥
माटी का मंदिर ग्यान का दीपक, पवन बाति उजियारा ।
तिहि उजियारै सब जग सूझै, कबीर ग्यांन बिचारा ॥ २४९ ॥

मेरी जिभ्या बिस्न नैंन नारांइन, हिरदै जपौं गोब्यिंदा ।
जंम दुवार जब लेख मांग्या, तब का कहिसि मुकंदा ॥टेक॥
तूं बांह्मण मैं कासी का जुलाहा, चीन्हि न मोर गियाना ।
तैं सब मांगे भूपति राजा, मोरे रांम धियाना ॥
पूरब जनम हम बांह्मन होते, वोछै करम तप हींनां ।
रांमदेव की सेवा चूका, पकरि जुलाहा कींन्हां ॥
नौंमी नेम दसमीं करि संजम, एकादसी जागरणां ।
द्वादसी दांन पुनि की बेलां, सर्व पाप छयौ करणां ॥
भौ बूड़त कछू उपाइ करीजे, ज्यूं तिरि लंघै तीरा ।
रांम नांम लिखि भेरा बांधौ, कहै उपदेस कबीरा ॥२५०॥

कहु पांडे सुचि कवन ठांव,
जिहि घरि भोजन बैठि खाऊं ॥ टेक ॥
माता जूठी पिता पुनि जूठा, जूठे फल चित लागे ।
जूठा आंवन जूठा जांनां, चेतहु क्यूं न अभागे ॥
अंन जूठा पांनी पुनि, जूठा, जूठे बैठि पकाया ।
जूठी कड़छी अन परोस्या, जूठे जूठा खाया ॥

---

( २५० ) ख प्रति में इसके आगे यह पद है—
कहु पांडे कैसी सुचि कीजै,
सुचि कीजै तौ जनम न लीजै ॥ टेक ॥
जा सुचि केरा करहु बिचारा, भिष्ट भए लीन्हा औतारा ॥
जा कारणि तुम्ह धरती काटी, तामैं मूए जीव सौ साटी ॥
जा कारण तुम्ह लीन जनेऊ, थूक लगाइ कातैं सब कोऊ ॥
एक खाल घृत केरी साखा, दूजो खाल मैले घृत राखा ॥
सो घृत सब देवतनि चढ़ायौ, सोई घृत सब दुनियां खायौ ॥
कहै कबीर सुचि देहु बताई, रांम नांम लीजौ रे भाई ॥५०॥

चौका जूठा गोबर जूठा, जूठी का ढीकारा ।
कहै कबीर तेई जन सूचे, जे हरि भजि तजहिं विकारा॥२५१॥
हरि बिन झूठे सब ब्यौहार,केते कोऊ करौ गँवार॥टेक॥
झूठा जप तप झूठो ग्यांन, रांम रांम बिन झूठा ध्यांन ॥
बिधि न खेद पूजा आचार, सब दरिया मैं वार न पार ॥
इंद्री स्वारथ मन के स्वाद, जहां साच तहां माँडै बाद ॥
दास कबीर रह्या ल्यौ लाइ, भर्म कर्म सब दिये बहाइ ॥२५२॥
चेतनि देखै रे जग धंधा ।
रांम नांम का मरम न जांनै, माया कै रसि अंधा ॥टेक॥
जनमत हीरू कहा ले आयो; मरत कहा ले जासी ।
जैसे तरवर बसत पंखेरू, दिवस चारि के बासी ॥
आपा थापि अवर कौ निंदैं जन्मत हीं जड़ काटी ।
हरि की भगति बिनां यहु देही, धब लौटै ही फाटी ॥
कांम क्रोध मोह मद मछर, पर-अपवाद न सुणियें ।
कहै कबीर साध की संगति, रांम नांम गुन भणिये ॥२५३॥
रे जम नांहि नवै व्यौपारी, जे भरैं जगाति तुम्हारी ॥टेक॥
बसुधा छाड़ि बनिज हम कीन्हौं, लाद्यो हरि को नांऊँ ।
रांम नांम की गूंनि भराऊं, हरि कै टांडै जांऊं ॥
जिनकै तुम्ह अगिवानीं कहियत, सो पूंजी हंम पासा ।
अबै तुम्हारौ कछु बल नांहीं, कहै कबीरा दासा ॥२५४॥
मींयां तुम्ह सौं बोल्यां बणि नहीं आवै ।
हम मसकीन खुदाई बंदे, तुम्हारा जस मनि भावै ॥ टेक ॥
अलह अवलि दीन का साहिब, जोर नहीं फुरमाया ।
मुरिसद पीर तुम्हारै है को, कहौ कहां थैं आया ॥
रोजा करैं निवाज गुजारैं, कलमैं भिसत न होई ।
सतरि कावे इक दिल भींतरि, जे करि जानैं कोई ॥

खसम पिछांनि तरस करि जिय मैं, माल मनीं करि फीकी ।
आपा जांनि सांई कूं जांनैं, तब है भिस्त सरीकी ॥
माटी एक भेष धरि नांनां, सब मैं ब्रह्म समानां ।
कहै कबीर भिस्त छिटकाई, दोजग ही मन मानां ॥२५५॥

अलह ल्यौ लांयें काहे न रहिये,
अह निसि केवल रांम नांम कहिये ॥ टेक ॥
गुरमुखि कलमां ग्यांन मुखि छुरी, हुई हलाल पंचूंपुरी ॥
मन मसीति मैं किनहूं न जांनां, पंच पीर मालिम भगवांनां ॥
कहै कबीर मैं हरि गुंन गांऊं, हिंदू तुरक दोऊ समझाऊं ॥२५६॥

रे दिल खोजि दिलहर खोजि, नां परि परेसांनीं मांहि ।
महल माल अजीज औरति, कोई दस्तगीरी क्यूं नांहि ॥टेक॥
पीरां मुरीदां काजियां, मुलां अरू दरवेस ।
कहां थें तुम्ह किनि कीये, अकलि है सब नेस ॥
कुरांना कतेबां अस पढ़ि पढ़ि, फिकरि या नहीं जाइ ।
टुक दम करारी जे करै, हाजिरां सूर खुदाइ ॥
दरोगां बकि बकि हूंहि खुसियाँ, बे-अकलि बकहिं पुमांहिं ।
हक साच खालिकखालक म्यानैं, सोकछू सचसूरति मंहि॥
अलह पाक तूं नापाक क्यूं, अब दूसर नांहीं कोइ ।
कबीर करम करीम का, करनीं करै जांनै सोइ ॥२५७॥

खालिक हरि कहीं दर हाल ।
पंजर जसि करद दुसमन, मुरद करि पैमाल ॥टेक॥

---

( २५७ ) क प्रति में आठवीं पंक्ति का पाठ इस प्रकार है—
साचु खलक खालक, सैल सूरति मांहि ॥

भिस्त हुसकां दोजगां, दुंदर दराज दिवाल।
पहनांम परदा ईत आतस, जहर जंगम जाल॥
हम रफत रहबरहु समां, मैं खुर्दां सुमां विसियार।
हम जिमीं असमांन खालिक, गुंद मुसिकल कार॥
असमांन म्यांनैं लहंग दरिया, तहां गुसल करदा बूद।
करि फिकर रह सालक जसम, जहां स तहां मौजूद॥
हंम चु बूंदनि बूंद खालिक, गरक हम तुम पेस।
कबीर पनह खुदाइ की, रह दिगर दाबानेस॥२५८॥

अलह रांम जिऊं तेरे नांई,
  बंदे ऊपरि मिहर करै मेरे सांई॥ टेक॥
क्या ले माटी भुंइ सूं मारैं, क्या जल देह न्हवायें।
जोर करै मसकीन सतावै, गुंन हीं रहै छिपायें॥
क्या तू जू जप मंजन कीयें, क्या मसीति सिर नांयें।
रोजा करैं निमाज गुजारैं, क्या हज काबै जांयें॥
ब्रांह्मण ग्यारसि करै चौबींसौ, काजी महरम जांन।
ग्यारह मास जुदे क्यूं कीये, एकहि मांहि समांन॥
जौर खुदाइ मसीति बसत हैं, और मुलिक किस केरा।
तीरथ मूरति रांम निवासा, दुहु मैं किनहूं न हेरा॥
पूरिब दिसा हरी का बासा, पछिम अलह मुकांमो।
दिल ही खोजि दिलै दिल, भींतरि, इहां रांम रहिमांनां॥
जेती औरति मरदां कहिये, सब मैं रूप तुम्हारा।
कबीर पंगुड़ा अलह रांम का, हरि गुर पीर हमारा॥२५९॥
मैं बड़ मैं घड़ मैं घड़ मांटी,
  मण दसना जट का दस गांठी॥ टेक॥

---

( २१९ ) ख०—सब मैं नूर तुम्हारा।

मैं बाबा का जोध कहांऊं, अपणीं मारी गींद चलांऊं।
इनि अहंकार घणें घर घाले नाचत कूदत जमपुरि चाले।
कहै कबीर करता की बाजी, एक पलक मैं राज बिराजी ॥ २६० ॥

काहे बीहो मेरे साथी, हूं हाथी हरि केरा।
चौरासी लख जाके मुख मैं, सो च्यंत करैगा मेरा ॥टेक॥
कहौ कौन षिवै कहौ कौंन गाजै, कहां थैं पांणी निसरै।
ऐसी कला अनंत हैं जाकै, सो हंम कौं क्यूं बिसरै॥
जिनि ब्रह्मंड रच्यौ बहु रचना, बाव बरन ससि सूरा।
पाइक पंच पुहमि जाकै प्रकटै, सो क्यूं कहिये दूरा॥
नैंन नासिका जिनि हरि सिरजे, दसन बसन बिधि काया।
साधू जन कौं सो क्यूं बिसरै, ऐसा है रांम राया॥
को काहू का मरम न जांनै, मैं सरनांगति तेरी।
कहै कबीर बाप रांम राया, हुरमति राखहु मेरी ॥ २७१ ॥

## [ राग सोरठी ]

हरि कौ नांव न लेइ गंवारा, क्या सोचै बारंबारा ॥ टेक ॥
पंच चोर गढ मंझा, गढ लूटैं दिवस र संझा॥
जो गढपति मुहकम होई, तौ लूटि न सकै कोई॥
अंधियारै दीपक चहिये, तब वस्त अगोचर लहिये॥
जब वस्त अगोचर पाई, तब दीपक रह्या समाई॥
जौ दरसन देख्या चहिये, तौ दरपन मंजत रहिये॥
जब दरपन लागै काई, तब दरसन किया न जाई॥
का पढ़िये का गुनियें, का वेद पुरानां सुंनियें॥
पढ़े गुनें मति होई, मैं सहजैं पाया सोई॥
कहै कबीर मैं जांनां, मैं जांनां मन पतियानां॥
पतियानां जौ न पतीजै, तौ अंधै कूं का कीजै ॥ २६२ ॥

अंधे हरि बिन को तेरा, कवन सूं कहत मेरी मेरा ।टेक॥
तजि कुलाक्रम अभिमांनां, झूठे भरमि कहा भुलांनां ॥
झूठे तन की कहा बड़ाइ, जे निमष मांही जरि जाई ॥
जब लग मनहिं बिकारा, तब लगि नहीं छूटै संसारा ॥
जब मन निरमल करि जांनां, तब निरमल मांहि समानां ॥
ब्रह्म अगनि ब्रह्म सोई, अब हरि बिन और न कोई ॥
जब पाप पुंनि भ्रंम जारी, तब भयौ प्रकास मुरारी ॥
कहै कबीर हरि ऐसा, जहां जैसा तहां तैसा ॥
भूलै भरमि परै जिनि कोई, राजा रांम करै सो होई ॥२६३॥

मन रे सर्यौ न एकौ काजा,
ताथैं भज्यौ न जगपति राजा ॥टेक॥

वेद पुरांन सुमृत गुन पढि पढि, पढि गुनि मरम न पावा ।
संध्या गाइत्री अरु षट करमा, तिन थैं दूरि बतावा ॥
बनखंडि जाई बहुत तप कीन्हां, कंद मूल खनि खावा ।
ब्रह्म गियांनीं अधिक धियांनीं, जंम कै पटैं लिखावा ॥
रोजा किया निमाज गुजारी, बंग दे लोग सुनावा ॥
हिरदै कपट मिलै क्यूं सांई, क्या हज काबै जावा ॥
पहुच्यौ काल सकल जग ऊपरि, मांहि लिखे सब ग्यांनीं ॥
कहै कबीर ते भये षालसै, रांम भगति जिनि जांनी ॥२६४॥

मन रे जब तैं रांम कह्यौ,
पीछै कहिबे कौं कछू न रह्यौ ॥टेक॥

का जोग जगि तप दांनां, जौ तैं रांम नांम नहीं जांनां ॥
कांम क्रोध दोऊ भारे, ताथैं गुरु प्रसादि सब जारे ॥
कहै कबीर भ्रम नासी, राजा रांम मिले अविनासी ॥२६५॥

रांम राइ सो गति भई हंमारी, मो पै छूटत नहीं संसारी ।।टेक।।
ज्यूं पंखी उडि जाइ अकासां, आस रही मन मांहीं ।
छूटी आस न टूट्यौ नहीं फंधा, उडिबौ लागौ कांही ।।
जो सुख करत होत दुख तेई, कहत न कछु बनि आवै ।
कुंजर ज्यूं कसतूरी का मृग, आपै आप बंधावै ।।
कहै कबीर नहीं बस मेरा, सुनिये देव मुरारी ।
इत भैभीत डरौं जम दूतनि, आये सरनि तुम्हारी ।।२६६।।

रांम राइ तूं ऐसा अनभूत अनूपम, तेरी अनभै थैं निस्तरिये ।
जे तुम्ह कृपा करौ जगजीवन, तौ कतहूँ भूलि न परिये ।।टेक।।
हरि पद दुरलभ अगम अगोचर, कथिया गुर गमि बिचारा ।
जा कारंनि हम ढूंढत फिरते, आथि भर्‍यो संसारा ।।
प्रगटी जोति कपाट खोलि दिये, दगधे जंम दुख द्वारा ।
प्रगटे बिस्वनाथ जगजीवन, मैं पाये करत बिचारा ।।
देख्यत एक अनेक भाव है, लेखक जात अजाती ।
बिह कौ देव तजि ढूंढत फिरते, मंडप पूजा पाती ।।
कहै कबीर करुणांमय किया, देरी गलियां बहु बिस्तारा ।
रांम कै नांव परंम पद पाया, छूटै बिघन बिकारा ।।२६७।।

रांम राइ को ऐसा बैरागी,
हरि भजि मगन रहै बिष त्यागी ।।टेक।।
ब्रह्मा एक जिनि सिष्टि उपाई, नांव कुलाल धराया ।
बहु बिधि भांडे उनहीं घड़िया, प्रभू का अंत न पाया ।।
तरवर एक नांनां बिधि फलिया, ताकै मूल न साखा ।
भौजलि भूलि रह्या रे प्रांणीं, सौ फल कदे न चाखा ।।
कहै कबीर गुर बचन हेत करि, और न दुनियां आथी ।
माटी का तंन मांटीं मिलिहै, सबद गुरू का साथी ।।२६८।।

नैंक निहारि हो माया बीनती करै,
दीन वचन वोलै कर जोरै, फुनि फुनि पाइ परै ॥ टेक ॥
कनक लेहु जेता मनि भावै, कांमनि लेहु मन-हरनीं ।
पुत्र लेहु विद्या अधिकारी, राज लेहु सब धरनीं ॥
अठि सिधि लेहु तुम्ह हरि के जनां, नवैं निधि है तुम्ह आगैं ।
सुर नर सकल भवन के भूपति, तेऊ लहै न मांग ॥
तैं पापणीं सबै संघारे, काकौ काज संवान्यौ ।
जिनि जिनि संग कितौ है तेरौ, को वेसासि न मान्यौ ॥
दास कबीर रांम कै सरनैं, छाडी झूठी माया ।
गुर प्रसाद साध की संगति, तहां परम पद पाया ॥३६६॥

तुन्ह घरि जाहु हंमारी बहनां, बिष लागैं तुम्हरे नैंनां ॥टेक॥
अंजन छाडि निरंजन राते, नां किसहीं का दैनां ।
बलि जांउ ताकी जिनि तुम्ह पठई, एक माइ एक बहनां ॥
राती खांडी देखि कबीरा, देखि हमारा सिंगारौ ।
सरग लोक थैं हम चलि आई, करन कबीर भरतारौ ॥
सर्ग लोक मैं क्या दुख पड़िया, तुम्ह आई कलि मांहीं।
जाति जुलाहा नाम कबीरा, अजहूं पतीजौ नांहीं ॥
तहां जाहु जहां पाट पटंबर, अगर चंदन घसि लीनां ।
आइ हमारै कहा करौगी, हम तौ जाति कमींनां ॥
जिनि हंम साजे साज्य निवाजे, बांधे काचै धागै ।
जे तुम्ह जगत करौ बहुतेरा, पांणीं, आगि न लागै ॥
साहिब मेरा लेखा मांगै, लेखा क्यूं करि दीजै ।
जे तुम्ह जतन करौ बहुतेरा, तौ पांहण नीर न भीजै ॥
जाकी मैं मछी सो मेरा मछा, सो मेरा रखवालू ।
टुक एक तुम्हारै हाथ लगाऊं, तौ राजा रांम रिसालू ॥

जाति जुलाहा नांम कबीरा, बनि बनि फिरौं उदासी।
आसि पासि तुम्ह फिरि फिरि बैसो, एक माउ एक मासा ॥२७०॥

ताकूं रे कहा कीजै भाई,
तजि अंमृत बिषै सूं ल्यौ लाई ॥टेक॥
बिष संग्रह कहा सुख पाया,
रंचक सुख कौं जनम गँवाया ॥
मन बरजैं चित कह्यौ न करई,
सकति सनेह दीपक मैं परई ॥
कहत कबीर मोहि भगति उमाहा,
कृत करणीं जाति भया जुलाहा ॥२७१॥

रे सुख इब मोहि बिष भरि लागा,
इनि सुख डहके मोटे मोटे छत्रपति राजा ॥टेक॥
उपजै बिनसै जाइ बिलाई, संपति काहू कै संगि न जाई ॥
धन जोबन गरब्यौ संसारा, यहु तन जरि बरि ह्वैहै छारा।
चरन कवल मन राखि ले धीरा, रांम रमत सुख कहै कबीरा ॥२७२॥

इब न रहूं माटी के घर मैं, इब मैं जाइ रहूं मिलि हरि मैं ॥टेक॥
छिनहर घर अरु झिरहर टाटी, घन गरजत कंपै मेरा छाती ॥
दसवैं द्वारि लागि गई तारी, दूरि गवन आवन भयौ भारी ॥
चहुँ दिसि बैठे चारि पहरिया, जागत मुखि गये मोर नगरिया ॥
कहै कबीर सुनहु रे लोई, भांनड़ घड़ण संवारण सोई ॥२७३॥

कबीरा बिगर्‍या रांम दुहाइ,
तुम्ह जिनि बिगरौ मेरे भाई ॥टेक॥
चंदन कै ढिग बिरष जु भैला, बिगरि बिगरि सो चंदन ह्वैला ॥
पारस कौं जे लोह छिवैंगा, बिगरि बिगरि सो कंचन ह्वैला ॥

गंगा मैं जे नीर मिलैगा, बिगरि बिगरि गंगोदिक ह्वैला ॥
कहै कबीर जे रांम कहैला, बिगरि बिगरि सो रांमहिं ह्वैला ॥२७४॥

रांम राइ भई बिकल मति मेरी,
कै यहु दुनीं दिवांनीं तेरी । टेक॥
जे पूजा हरि नाहीं भावै, सो पूजनहार चढ़ावै ॥
जिहि पूजा हरि भल मांनैं, सो पूजनहार न जांनैं ॥
भाव प्रेम की पूजा, ताथैं भयौ देव थैं दूजा ॥
का कीजै बहुत पसारा, पूजी जै पूजनहारा ॥
कहै कबीर मैं गावा, मैं गावा आप लखावा ॥
जो इहिं पद मांहि समांनां, सो पूजनहार सयांनां ॥२७५॥

रांम राइ भई बिगूचनि भारी
भले इन ग्यांनियन थैं संसारी ॥टेक॥
इक तप तीरथ औगांहैं, इक मांनि महातम चांहैं ॥
इक मैं मेरी मैं बीझैं, इक अहंमेव मैं रीझैं ॥
इक कथि कथि भरम लगांवैं, संमिता सी बस्त न पांवैं ॥
कहै कबीर का कीजै, हरि सूझै सो अंजन दीजै ॥२७६॥

काया मंजसि कौन गुना, घट भीतरि है मलनां ॥टेक॥
जौ तूं हिरदै सुध मन ग्यांनीं, तौ कहा बिरोलै पांनीं ॥
तूंबी अठसठि तीरथ न्हाई, कड़वापण तऊ न जाई ॥
कहै कबीर बिचारी, भवसागर तारि मुरारी ॥२७७॥

कैसैं तूं हरि कौ दास कहायौ,
करि बहु भेषर जनम गंवायौ ॥टेक॥
सुध बुध होइ भज्यौ नहि सांईं, काछयौ ड्यंभ उदत कै तांईं ॥
हिरदै कपट हरि सूं नहीं साचौ, कहा भयौ जे अनहद नाच्यौ ॥

झूठे फोकट कलू मंझारा, रांम कहैं ते दास नियारा ॥
भगति नारदी मगन सरीरा,
इह बिधि भव तिरि कहै कबीरा ॥२७८॥

रांम राइ इहि सेवा भल मांनैं,
जै कोई रांम नांम तत जानैं ॥टेक॥
रे नर कहा पषालै काया, सो तन, चीन्हि जहां थैं आया ॥
कहा बिभूति जटा पट बाँधें, काजल पैसि हुतासन साधें ॥
र रांम मां दोई अखिर सारा, कहै कबीर तिहूं लोक पियारा॥२७९॥

इहि विधि रांम सूं ल्यौ लाइ।
चरन पाषैं निरति करि, जिभ्या बिनां गुंण गाइ ॥टेक॥
जहां स्वांति बूंद न सीप साइर, सहजि मोती होइ।
उन मोतियन मैं नीर पोयौ, पवन अंबर धोइ ॥
जहाँ धरनि बरषै गगन भीजै, चंद सूरज मेल।
दोइ मिलि तहाँ जुड़न लागे, करत हंसा केलि ॥
एक बिरष भीतरि नदी चाली, कनक कलस समाइ।
पंच सुवटा आइ बैठे, उदै भई बनराइ ॥
जहां बिछट्यौ तहां लाग्यौ, गगन बैठौ जाइ।
जन कबीर बटाऊवा, जिनि मारग लियौ चाइ ॥२८०॥

ताथैं मोहि नाचिबौ न आवै मेरौ मन मंदलान बजावै॥टेक॥
ऊभर था ते सूभर भरिया, त्रिष्णां गागरि फूटी।
हरि चिंतत मेरौ मंदला भींनौं, भरम भोयन गयौ छूटी ॥
ब्रह्म अगनि मैं जरी जु ममिता, पाषंड अरू अभिमानां।
काम चोलनां भया पुराना मोपैं होइ न आना ॥
जे बहु रूप किये ते कीये, अब बहु रूप न होई।
थाकी सौंज संग के बिछुरे, राम नांम मसि धोई ॥

जे थे सचल अचल ह्वै थाके, करते वाद विवादं।
कहै कबीर मैं पूरा पाया, भया रांम परसादं ॥२८१॥

अब क्या कीजै ग्यांन विचारा, निज निरखत गत ब्यौहारा॥टेक॥
जाचिग दाता इक पाया, धन दिया जाइ न खाया।
कोई ले भरि सकै न मूका, औरनि पैं जानां चूका॥
तिस बाझ न जीव्या जाई, वो मिलै त घालै खाई।
वो जीवन भला कहाई, बिन मूंवां जीवन नांहीं॥
घसि चंदन बनखंडि बारा, बिन नैंननि रूप निहारा।
तिहि पूत बाप इक जाया, बिन ठाहर नगर बसाया॥
को जीवत ही मरि जांनैं, तौ पंच सयल सुख मांनैं।
कहै कबीर सो पाया, प्रभु भेटत आप गंवाया ॥२८२॥

अब मैं पायौ राजा रांम सनेही,
जा बिन दुख पावै मेरी देही ॥ टेक ॥
वेद पुरान कहत जाकी साखी,
तीरथि व्रति न छूटै जंम की पासी ॥
जाथैं जनम लहत नर आगैं, पाप पुनि दोऊ भ्रम लागैं ॥
कहै कबीर सोई तत जागा,
मन भया मगन प्रेम सर लागा । २८३॥

बिरहिनी फिरै है नाथ अधीरा ।
उपजि बिनां कछू समझि न परई,
बांझ न जांनैं पीरा ॥ टेक ॥
या बड़ बिथा सोई भल जांनैं, रांम बिरह सर मारी ।
कैसौ जांनैं जिनि यहु लाई, कै जिनि चोट सहारी ॥
संग की बिछुरी मिलन न पावै, सोच करै अरु काहै ।
जतन करै अरु जुगति बिचारै, रटै रमां कूंचाहै ॥

दीन भई बूझै सखियन कौं, कोई मोहि राम मिलावै।
दास कबीर मीन ज्यूं तलपै, मिलैं भलैं सचुपावै ॥२८४॥

जातनि वेद न जांनैंगा जन सोई,
सारा भरम न जांनें रांम कोई ॥ टेक ॥
चषि बिन दिवस जिसी है संझा, ब्यावन पीर न जानैं वंझा।
सूझै करक न लागै कारी, वैद बिधाता करि मोहि सारी ॥
कहै कबीर यहु दुख कासनि कहिये,
अपनें तन की आप ही सहिये ॥ २८५ ॥

जन की पीर हो राजा रांम भल जांनैं,
कहूं काहि को मांनैं ॥ टेक ॥
नैन का दुख बैंन जांनैं, बैंन का दुख श्रवनां।
प्यंड का दुख प्रांन जांनैं, प्रांन का दुख मरनां ॥
आस का दुख प्यासा जांनैं, प्यास का दुख नीर।
भगति का दुख रांम जांनैं, कहै दास कबीर ॥२८६॥

तुम्ह बिन रांम कवन सौं कहिये,
लागी चोट बहुत दुख सहिये ॥ टेक ॥
वेध्यौ जीव बिरह कै भालै, राति दिवस मेरे उर सालै ॥
को जांनैं मेरे तन की पीरा, सतगुर सबद बहि गयौ सरीरा ॥
तुम्ह से वैद न हमसे रोगी, उपजी बिथा कैसैं जीवै बियोगी ॥
निस बासुरि मोहि चितवत जाई, अजहूं न आइ मिले रांम राई ॥
कहत कबीर हमकौं दुख भारी,
बिन दरसन क्यूं जीवहि मुरारी ॥२८७॥

---

(२८५) ख प्रति में अंतिम पंक्ति इस प्रकार है—
लागी चोट बहुत दुख सहिये। देखा (२८७) की टेक।

तेरा हरि नांमैं जुलाहा, मेरै रांम रमण का लाहा ।टेक॥

दस सै सूत्र की पुरिया पूरी, चंद सूर दोइ साखी ।
अनत नांव गिनि लई मंजूरी, हिरदा कवल मैं राखी ॥
सुरति सुमृति दोइ खूंटी कीन्हीं, आरंभ कीया बनेकी ।
ग्यांन तत की नली भराई, बुनित आतमां पेषी ॥
अविनासी धंन लई मंजूरी, पूरी, थापनि पाई ।
रन वन सोधि सोधि सब आये, निकटैं दिया बताई ॥
मन सूधा कौ कूच कियौ है, ग्यान विथरनीं पाई ।
जीव की गांठि गुढी सब भागी, जहां की तहां ल्यो लाई ॥
वेठि वेगारि बुराई थाकी, अनभै पद परकासा ।
दास कबीर बुनत सच पाया, दुख संसार सब नासा ॥२८८॥

भाई रे सकहु त तनि बुनि लेहु रे,
पीछैं रांमहिं दोस न देहु रे ॥ टेक ॥

करगहि एक बिनांनी, ता भींतरि पंच परांनीं ॥
तामैं एक उदासी, तिहि तणि बुणि सबै विनासी ॥
जे तूं चौसठि बरियां धावा, नहीं होइ पंच सूं मिलावा ॥
जे तैं पांसै छसै तांणीं, तौ तूं सुख सूं रहै परांणीं ॥
पहली तणियां तांणां, पीछैं बुणियां बांणां ॥
तणि बुणि मुरतब कीन्हां, तब रांम राइ पूरा दीन्हां ॥
राछ भरत भइ संझा, तारुणीं त्रिया मन बंधा ॥
कहै कबीर विचारी, अब छोछी नली हंमारी ॥२८९॥

वै क्यूं कासी तजैं मुरारी, तेरी सेवा चोर भये बनवारी ॥टेक॥
जोगी जती तपी संन्यासी, मठ देवल बासि परसैं कासी ॥
तीन बार जे नित प्रति न्हावैं, काया भींतरि खबरि न पावैं ॥

देवल देवल फेरी देहीं, नांव निरंजन कबहुँ न लेहीं ॥
चरन बिरद कासी कौं न देहूं, कहै कबीर भल नरकहि जैहूं ॥२९०॥

तब काहे भूलौ बनजारे, अब आयौ चाहै संगि हंमारे ।।टेक।।
जब हंम बनजी लौंग सुपारी, तब तुम्ह काहे बनजी खारी ॥
जब हम बनजी परमल कसतूरी, तब तुम्ह काहे बनजी कूरी ॥
अंमृत छाड़ि हलाहल खाया, लाभ लाभ करि मूल गँवाया ।।
कहै कबीर हंम बनज्या सोई, जाथैं आवागवन न होई ॥२९१॥

परम गुर देखौ रिदै बिचारी, कछू करौ सहाइ हंमारी ॥टेक॥
लवानालि तंति एक संमि करि, जंत्र एक भल साजा ।
सति असति कछू नहीं जानूं, जैसें बजावा तैसें बाजा ॥
चोर तुम्हारा तुम्हारी आग्या, मुसियत नगर तुम्हारा ।
इनके गुनह हमह का पकरौ, का अपराध हमारा ।।
सेई तुम्ह सेई हम एकै कहियत, जब आपा पर नहीं जांनां ।
ज्यूं जल मैं जल पैसि न निकसै, कहै कबीर मन मांनां ॥२९२॥

मन रे आइर कहां गयौ, ताथैं मोहि बैराग भयौ ॥टेक॥
पंच तत ले काया कीन्हीं, तत कहा ले कीन्हां ।
करमौं के बसि जीव कहत हैं, जीव करम किनि दीन्हां ॥
आकास गगन पाताल गगन, दसौं दिसा गगन रहाई ले ॥
आंनंद मूल सदा परसोतम, घट बिनसै गगन न जाई ले ।।
हरि मैं तन है तन मैं हरि है, है सुंनि नांहीं सोई ॥
कहै कबीर हरि नांम न छाडूं, सहजैं होइ सु होई ॥२९३॥

हमारै कौन सहै सिरि भारा,
सिर की सोभा सिरजनहारा ॥टेक॥
टेढी पाग बड जूरा जरि भए भसम कौ कूरा ॥

अनहद कीं गुरी बाजी, तब काल द्रिष्टि भै भागी ।
कहै कबीर रांम राया, हरि कैं रंगैं मूंड मुडाया ॥२९४॥

कारनि कौंन संवारै देहा, यहु तनि जरि बरि ह्वैहै षेहा ॥टेक॥
चोवा चंदन चरचत अंगा, सो तन जरत काठ कै संगा ॥
बहुत जतन करि देह मुट्याई, अगनि दहै कै जंबुक खाई ॥
जा सिरि रचि रचि बांधत पागा, ता सिरि चंच सँवारत कागा ॥
कहि कबीर तब झूठा भाई, केवल रांम रह्यौ ल्यौ लाई ॥२९५॥

धंन धंधा ब्यौहार सब, माया मिथ्या वाद ।
पांणीं नीर हलूर ज्यूं, हरि नांव बिना अपवाद ॥टेक॥
इक रांम नांम निज साचा, चित चेति चतुर घट काचा ॥
इस भरमि न भूलसि भोली, बिधनां की गति है औली ॥
जीवते कूं मारन धावै, मरते कौं बेगि जिलावै ॥
जाकै हुंहि जम से बैरी, सो क्यूं सोवै नींद घनेरी ॥
जिहि जागत नींद उपावै, तिहिं सोवत क्यूं न जगावै ॥
जलजंत न देखिसि प्रांनीं, सब दीसै झूठ निदांनीं ॥
तन देवल ज्यूं धज आछै पड़ियां, पछितावै पाछै ॥
जीवत ही कछू कीजै, हरि रांम रसांइन पीजै ॥
रांम नांम निज सार है, माया लागि न खोई ॥
अंति कालि सिरि पोटली, ले जात न देख्या कोई ॥
कोई ले जात न देख्या, बलि बिक्रम भोज ग्रस्टा ॥
काहू कै संगि न राखी, दीसै बीसल की साखी ॥
जब हंस पवन ल्यौ खेलै, पसर्‌यौ हाटिक जब मेलै ॥
मानिख जनम अवतारा, नां ह्वैहै बारंबारा ॥
कबहूँ है किसा बिहांना, तर पंखी जेम उड़ांनां ॥
सब आप आप कूं जांई, को काहू मिलै न भाई ॥

मूरिख मनिखा जनम गंवाया, बर कौडी ज्यूं डहकाया ॥
जिहि तन धन जगत भुलाया, जग राख्यौ परहरि माया ॥
जल अंजुरी जीवन जैसा, ताका है किसा भरोसा ॥
कहै कबीर जग धंधा, काहे न चेतहु अंधा ॥२९६॥

रे चित चेति च्यंति लै ताही,
जा च्यंतत आपा पर नांहीं ॥ टेक ॥
हरि हिरदै एक ग्यांन उपाया, ताथैं छूटि गई सब माया ॥
जहां नाद न व्यंद दिवस नहीं राती, नहीं नरनारी नहीं कुल जाती ॥
कहै कबीर सरब सुख दाता, अविगत अलख अभेद विधाता ॥२९७॥

सरवर तटि हसणीं तिसाई
जुगति बिनां हरि जल पिया न जाई ॥टेक॥
पीया चाहै तौ लै खग सारी, उडि न सकै दोऊ पर भारी ॥
कुंभ लीयैं ठाढी पनिहारी, गुंण बिन नीर भरै कैसैं नारी ॥
कहै कबीर गुर एक बुधि बताई, सहज स्वभाव मिलै रांम राई॥२९८॥

भरथरी भूप भया वैरागी ।
विरह बियोगि बनि बनि ढूंढै, वाकी सुरति साहिब सौं लागी॥टेक॥
हसती घोड़ा गांव गढ गूडर, कनडा पा इक आगी ।
जोगी हूवा जांणि जग जाता, सहर उजीणीं त्यागी ॥
छत्र सिघासण चवर ढुलंता, राग रंग बहु आगी ।
सेज रमैंणीं रंभा होती, तासौं प्रीति न लागी ॥
सूर बीर गाढा पग रोप्या, इह बिधि माया त्यागी ।
सब सुख छाडि भज्या इक साहिब, गुरु गोरख ल्यौ लागी ॥
मनसा वाचा हरि हरि भाखै, गंध्रप सुत बड़ भागी ।
कहै कबीर कुदरं भजि करता, अमर भए अणरागी ॥२९९॥

( २९९ ) ख प्रति में यह पद नहीं है ।

## [ राग केदारौ ]

सार सुख पाईये रे, रंगि रमहु आत्मांरांम ॥टेक॥
बनह बसे का कीजिये, जे मन नहीं तजै विकार ।
घर बन तत समि जिनि किया, ते विरला संसार ॥
का जटा भसम लेपन कियें, कहा गुफा मैं बास ।
मन जीत्यां जग जीहिये, जौ विषया रहै उदास ॥
सहज भाइ जे ऊपजै, ताका किसा मांन अभिमांन ।
आपा पर समि चीनियैं, तब मिलै आतमांरांम ॥
कहै कबीर कृपा भई, गुर ग्यांन कह्या समझाइ ।
हिरदै श्री हरि भेटियै, जे मन अनतै नहीं जाइ ॥३००॥

है हरि भजन कौ प्रवांन ।
नींच पांवै ऊँ पदवी, बाजते नींसान ॥ टेक ॥
भजन कौ प्रताप ऐसो, तिरे जल पाषान ।
अधम भील अजाति गनिका, चढ़े जात बिवांन ॥
नव लख तारा चलै मंडल, चलै ससिहर भांन ।
दास धूकौं अटल पदवी, रांम को दीवांन ॥
निगम जाकी साखि बोलैं, कहैं संत सुजांन ।
जन कबीर तेरी सरनि आयौ, राखि लेहु भगवांन ॥३०१॥

चलौ सखी जाइये तहां, जहां गयें पांइयें परमांनंद ॥टेक॥
यहु मन आमन धूमनां, मेरौ तन छीजत नित जाइ ।
च्यंतामणि चित चोरियौ, ताथैं कछू न सुहाइ ॥
सुंनि सखि सुपनैं की ऐसी, हरि आये हम पास ।
सोवत ही जगाइया, जागत भये उदास ॥
चलु सखी विलम न कीजिये, जब लग सास सरीर ।
मिलि रहिये जगनाथ सूं, यूं कहै दास कबीर ॥३०२॥

मेरे तन मन लागी चोट सठौरी ।।
बिसरे ग्यांन बुधि सब नाठी, भई बिकल मति बौरी ।। टेक ।।
देह बदेह गलित गुन तीनूं, चलत अचल भइ ठौरी ।
इत उत जित कित द्वादस चितवत, यहु भई गुपत ठगौरी ।।
सौई पैं जांनैं पीर हमारी, जिहि सरीर यहु व्यौरी ।
जन कबीर ठग ठग्यौ है बापुरौ, सुँनि संमानीं त्यौरी ।।३०३।।

मेरी अंखियां जान सुजांन भई ।
देवर भरम सुसर संग तजि करि, हरि पीव तहां गई ।।टेक।।
बालपनैं के करम हमारे, काटे जांनि दई ।
बांह पकरि करि कृपा कीन्हीं, आप समींप लई ।।
पानीं की बूंद थें जिनि प्यंड साज्या, ता संगि अधिक करई ।
दास कबीर पल प्रेम न घटई, दिन दिन प्रीति नई ।।३०४।।

हो बलियां कब देखोंगा तोहि ।
अह निस आतुर दरसन कारनि, ऐसी व्यापै मोहि ।।टेक।।
नैन हमारे तुम्ह कूं चांहैं, रती न मानैं हारि ।
बिरह अगिन तन अधिक जरावै, ऐसी लेहु बिचारि ।।
सुनहुं हमारी दादि गुसांई, अब जिन करहु बधीर ।
तुम्ह धीरज मैं आतुर स्वामीं, काचै भांडै नीर ।।
बहुत दिनन के बिछुरे माधौ, मन नहीं बांधै धीर ।
देह छतां तुम्ह मिलहु कृपा करि, आरतिवंत कबीर ।।३०५।।

वै दिन कब आवैंगे माइ ।
जा कारनि हम देह धरी है, मिलिबौ अंगि लगाइ ।।टेक।।
हौं जांनूं जे हिल मिलि खेलूं, तन मन प्रांन समाइ ।
या कांमनां करौ परपूरन, समरथ हौ रांम राइ ।।

मांहि उदासी माधौ चाहै, चितवत रैंनि बिहाइ ।
सेज हमारी स्यंघ भई है, जब सोऊं तब खाइ ॥
यहु अरदास दास की सुंनिये, तन की तपति बुझाइ ।
कहै कबीर मिलै जे सांई, मिलि करि मंगल गाइ ॥ २०६ ॥

वाल्हा आव हमारे ग्रेह रे, तुम्ह बिन दुखिया देह रे ॥टेक॥
सब को कहै तुम्हारी नारी, मोकौं इहै अदेह रे ।
एकमेक ह्वै सेज न सोवै तब लग कैसा नेह रे ॥
आन न भावै नींद न आवै, ग्रिह बन धरै न धीर रे ।
ज्यूं कांमीं कौं कांम पियारा, ज्यूं प्यासे कूं नीर रे ॥
है कोई ऐसा पर-उपगारी, हरि सूं कहै सुनाइ रे ।
ऐसे हाल कबीर भये हैं, बिन देखे जीव जाइ रे ॥२०७॥

माधौ कब करिहौ दया ।
कांम क्रोध अहंकार व्यापै, नां छूटे माया ॥ टेक ॥
उतपति व्यंद भयौ जा दिन थैं कबहूं सच नहीं पायौ ।
पंच चोर संगि लाइ दिए हैं,इन संगि जनम गँवायौ ॥
तन मन डस्यौ भुजंग भामिनीं, लहरी वार न पारा ।
सो गारडू मिल्यौ नहीं कबहूं पसर्‍यौ विष विकराला ॥
कहै कबीर यहु कासूं कहिये, यह दुख कोइ न जानैं ।
देहु दीदार विकार दूरि करि, तब मेरा मन मांनैं ॥२०८॥

मैं जन भूला तूं समझाइ ।
चित चंचल रहै न अटक्यौ, विषै बन कूं जाइ ॥टेक॥
संसार सागर मांहि भूल्यौ, थक्यौ करत उपाइ ।
मोहनी माया बाघनीं थैं, राखि लै रांम राइ ॥

---

( २०८ ) ख०—लहरी अंत न पारा ।

गोपाल सुनि एक बीनती सुमति तन ठहराइ।
कहै कबीर यहु कांम रिप है, मारै सबकूं ढाइ ॥३०९॥

भगति बिन भौजलि डूबत है रे।
बोहिथ छाडि बैसि करि डूंडै,
बहुतक दुख सहै रे ॥टेक॥
बार बार जम पैं डहकावै, हरि को ह्वै न रहै रे।
चेरी के बालक की नाईं, कासूं बात कहै रे॥
नलिनीं के सुवटा की नांईं, जग सूं राचि रहै रे।
बंसा अगनि बंस कुल निकसै,आपहि आप दहै रे॥
यहु संसार धार मैं डूबै, अधफर थाकि रहै रे।
खेवट बिनां कवन भौ तारै, कैसैं पार गहै रे॥
दास कबीर कहै समझावै, हरि की कथा जीवै रे।
रांम कौ नांव अधिक रस मीठौ, बारंबार पीवै रे ॥३१०॥

चलत कत टेढौ टेढौ रे।
नऊं दुवार नरक धरि मूंदे, तू दुरगंधि को बैढौ रे ॥टेक॥
जे जारैं तो होइ भसम तन, रहित किरम जल खाई।
सूकर स्वांन काग कौ भखिन, तामैं कहा भलाई॥
फूटे नैंन हिरदै नाहीं सूझै, मति एकै नहीं जांनी।
माया मोह ममिता सूँ बांध्यौ,बूडि मूवौ बिन पांनीं॥
बारू के घरवा मैं बैठो, चेतत नहीं अयांनां।
कहै कबीर एक रांम भगती बिन, बूडे बहुत सयांनां ॥३११॥

अरे परदेसी पीव पिछांनि।
कहा भयौ तोकौं समझि न परई, लागी कैसी बांनि ॥टेक॥
भोमि बिडाणी मैं कहा रातौ, कहा कियो कहि मोहि।

लाहै कारनि मूल गमावै, समझावत हूँ तोहि ॥
निस दिन तौहि क्यूं नींद परत है, चितवत नांहीं ताहि ।
जंम से वैरी सिर परि ठाढे, पर हाथि कहा बिकाइ ॥
झूठे परपंच मैं कहा लागौ, ऊठै नांहीं चालि ।
कहै कबीर कछू बिलम न कीजै, कौनैं देखी काल्हि ॥३१२॥

भयौ रे मन पांहुनडौ दिन चारि ।
आजिक काल्हिक मांहि चलैगौ, ले किन हाथ सँवारि ॥टेक॥
सौंज पराई जिनि अपणावै, ऐसी सुणि किन लेह ।
यहु संसार इसौ रे प्रांणी, जैसौ धूंवरि मेह ॥
तन धन जोबन अंजुरी कौ पांनी, जात न लागै बार ।
सैंबल के फूलन परि फूल्यौ, गरब्यौ कहा गँवार ॥
खोटी खाटै खरा न लीया, कछू न जांनीं साटि ।
कहै कबीर कछू बनिज न कीयौ, आयौ थौ इहि हाटि ॥३१३॥

मन रे रांम नांमहि जांनि ।
थरहरी थूंनी पर्यौ मंदिर, सूतौ खूंटी तांनि ॥टेक॥
सैंन तेरी कोई न समझै, जीभ पकरी आंनि ।
पांच गज दोवटी मांगी, चूंन लीयौ सांनि ॥
वैसंदर षोपरी हांडी, चल्यौ लादि पलांनि ।
भाई बंध बोलाइ बहु रे, काज कीनौं आंनि ॥
कहै कबीर या मैं झूठ नांहीं, छाडि जीय की बांनि ।
रांम नांम निसंक भजि रे, न करि कुल की कांनि ॥३१४॥

प्रांणीं लाल औसर चल्यौ रै बजाइ ।
मुठी एक मठिया मुठि एक कठिया; संगि काहूकै न जाइ॥टेक॥
देहली लग तेरी मिहरी सगी रे, फलसा लग सगी माइ ।
मड़हट लूं सब लोग कुटंबी, हंस अकेलौ जाइ ॥

कहां वै लोग कहां पुर पटण, बहुरि न मिलबौ आइ।
कहै कबीर जगनाथ भजहु रे, जन्म अकारथ जाइ ॥३१५॥

रांम गति पार न पावै कोई।
च्यंतामणि प्रभु निकटि छाडि करि,
भ्रंमि भ्रंमि मति बुधि खोई ॥टेक॥

तीरथ बरत जपै तप करि करि, बहुत भांति हरि सोधै।
सकति सुहाग कहौ क्यूं पावै, अछता कंत बिरोधै॥
नारी पुरिष बसैं इक संगा, दिन दिन जाइ अबोलै।
तजि अभिमान मिलै नहीं पीव कूं, ढूंढत बन बन डोलै॥
कहै कबीर हरि अकथ कथा है, बिरला कोई जांनैं।
प्रेम प्रीति बेधी अंतर गति, कहूं काहि को मांनै ॥३१६॥

रांम बिनां संसार धंध कुहेरा,
सिरि प्रगट्या जंम का पेरा ॥टेक॥

देव पूजि पूजि हिंदू मूये, तुरक मूये हज जाई।
जटा बांधि बांधि योगी मूये, इन मैं किनहूं न पाई॥
कवि कवीनैं कविता मूये, कापड़ी के दारौं जाई।
केस लूंचि लूंचि मूये, बरतिया, इनमैं किनहूं न पाई॥
धन संचते राजा मूये, अरू ले कंचन भारी।
बेद पढ़ें पढि पंडित मूये, रूप भूले मूई नारी॥
जे नर जोग जुगति करि जांनैं, खोजं आप सरीरा।
तिनकूं मुकति का संसा नाहीं, कहत जुलाह कबीरा ॥३१७॥

कहूं रे जे कहिवे की होइ।
नां को जांनैं नां को मांनैं, ताथैं अचिरज मोहि ॥टेक॥

अपनें अपनें रंग के राजा, मांनत नांही कोइ।
अति अभिमांन लोभ के घाले, चले अपन पौ खोइ॥

मैं मेरी करि यहु तन खोयौ, समझत नहीं गँवार ।
भौजलि अधफर थाकि रहे हैं, बूड़े बहुत अपार ॥
मोहि आग्या दई दयाल दया करि, काहू कूं समझाइ ।
कहै कबीर मैं कहि कहि हार्‍यौ, अब मोहि दो न लाइ ॥३१८॥

एक कोस बन मिलांन न मेला ।
बहुतक भाँतिं करै फुरमाइस, है असवार अकेला ॥टेक॥
जोरत कटक जु घेरत सब गढ, करतब झेली झेला ।
जोटि कटक गढ तोरि पातिसाह, खेलि चल्यौ एक खेला ॥
कूंच मुकांम जोग के घर मैं, कछू एक दिवस खटांनां ।
आसन राखि बिभूति साखि दे, फुनि ले मटी उडांनां ॥
या जोगी की जुगति जु जांनैं, सो सतगुर का चेला ।
कहै कबीर उन गुर की कृपा थैं, तिनि सब भरम पछेला ॥३१९॥

## [ राग मारू ]

मन रे रांम सुमिरि, रांम सुमिरि, रांम सुमिरि भाई ।
रांम नांम सुमिरन बिनां, बूड़त है अधिकाई ॥टेक॥
दारा सुत ग्रेह नेह, संपति अधिकाई ।
यामैं कछ नांहिं तेरौ, काल अवधि आई ॥
अजामेल गज गनिका, पतिंत करम कीन्हां ।
तेऊ उतरि पारि गये, रांम नांम लीन्हां ॥
स्वांन सूकर काग कीन्हौं, तऊ लाज न आई ।
रांम नांम अंमृत छाड़ि, काहे बिष खाई ॥
तजि भरम करम बिधि नखेद, रांम नांम लेही ।
जन कबीर गुरु प्रसादि, रांम करि सनेही ॥३२०॥

रांम नांम हिरदै धरि, निरमौलिक हीरा।
सोभा तिहूं लोक, तिमर जाय त्रिवधि पीरा। टेक॥
त्रिसनां नैं लाभ लहरि, कांम क्रोध नीरा।
मद मछर कछ मछ, हरिष सोक तीरा॥
कांमनी अरू कनक भवर, बोये बहु वीरा।
जन कबीर नवका हरि, खेवट गुर कीरा॥३२१॥

चली मेरी सखी हो, वो लगन रांम राया।
जब तब काल बिनासै काया॥टेक॥
जब लग लोभ मोह की दासी,
तीरथ व्रत न छूटै जंम की पासी॥
आवैंगे जम के घालैंगे बांटी,
यहु तन जरि बरि होइगा माटी॥
कहै कबीर जे जन हरि रंगि राता,
पायौ राजा रांम परम पद दाता॥३२२॥

## [ राग टोडी ]

तूं पाक परमांनंदे।
पीर पैकंबर पनह तुम्हारी, मैं गरीब क्या गंदे॥टेक॥
तुम्ह दरिया सबही दिल भींतरि, परमांनंद पियारे।
नैंक नजरि हम ऊपरि नांहीं, क्या कमिबखत हंमारे॥
हिकमति करैं हलाल बिछारैं, आप कहांवैं मोटे।
चाकरी चोर निवालै हाजिर, सांईं सेती खोटे॥
दांइम दूवा करद बजावैं, मैं क्या करूं भिखारी।
कहै कबीर मैं बंदा तेरा, खालिक पनह तुम्हारी॥३२३॥

अब हम जगत गौंहन तैं भागे,
जग की देखि जुगति रांमहि ढूंरि लागे ॥टेक॥
अयांन पनैं थैं बहु बौरांनें, संमझि परी तब फिरि पछितांनें ॥
लोग कहौ जाकै जो मनि भावै, लहैं भुवंगम कौन डसावैं ॥
कबीर बिचारि इहै डर डरिये, कहै का हो इहां नै मरिये ॥३२४॥

## [ राग भैरूं ]

ऐसा ध्यान धरौ नरहरी, सबद अनाहद च्यंतन करी ॥टेक॥
पहली खोजौ पंचे बाइ, बाइ ब्यंद ले गगन समाइ ॥
गगन जोति तहां त्रिकुटी संधि, रबि ससि पवनां मेलौ बंधि ॥
मन थिर होइत कवल प्रकासै, कवला मांहि निरंजन बासै ॥
सतगुर संपट खोलि दिखावै, निगुरा होइ तौ कहां बतावै ॥
सहज लछिन ले तजो उपाधि, आसण दिढ निद्रा पुनि साधि ॥
पुहप पत्र जहां हीरा मणीं, कहै कबीर तहां त्रिभवन धणीं ॥३२५॥

इहि विधि सेविये श्री नरहरी, मन की दुबीध्या मन परहरी ॥टेक॥
जहां नहीं जहां नहीं तहां कछू जांणि, जहां नहीं तहां लेहु पछांणि ॥
नांही देखि न जइये भागि, जहां नहीं तहां रहिये लागि ॥
मन मंजन करि दसवैं द्वारि, गंगा जमुनां संधि बिचारि ॥
नादहि ब्यंद कि ब्यंदहि नाद, नादहि ब्यंद मिलै गोव्यंद ॥
देवी न देवा पूजा नहीं जाप, भाइ न बंध माइ नहीं बाप ॥
गुणातीत जस निरगुण आप, भ्रम जेवड़ी जग कीयौ साप ॥
तन नांहीं कब जब मन नांहि, मन परतीति ब्रह्म मन मांहि ॥
परहरि बकुला ग्रहि गुन डार, निरखि देखि निधि वार न पार ॥
कहै कबीर गुर परम गियांन, सुंनि मंडल मैं धरौ धियांन ॥
प्यंड परें जीव जैहै जहां, जीवन ही ले राखौ तहां ॥३२६॥

अलह अलख निरंजन देव, किहि विधि करौं तुम्हारी सेव ॥टेक॥
बिश्न सोई जाकौ बिस्तार, सोई कृस्न जिनि कीयौ संसार।
गोब्यंद ते ब्रह्मंडहि गहै, सोई रांम जे जुगि जुगि रहै॥
अलह सोई जिनि उमति उपाई, दस दर खोलै सोई खुदाई।
लख चौरासी रब परवरै, सोई करीम जे एती करै॥
गोरख सोई ग्यांन गमि गहै, महादेव सोई मन की लहै।
सिध सोई जो साधै इती, नाथ सोई जो त्रिभुवन जती॥
सिध साधू पैकंबर हुवा, जपै सु एक भेष है जूवा।
अपरंपार का नांउ अनंत, कहै कबीर सोई भगवंत ॥३२७॥

तहां जौ रांम नांम ल्यौ लागै, तौ जुरा मरण छूटै भ्रम भागै॥टेक॥

अगम निगम गढ रचि ले अवास, तहुवां जोति करै परकास।
चमकै बिजुरी तार अनंत, तहां प्रभू बैठे कवलाकंत॥
अखंड मंडिल मंडित मंड, त्रि-स्नांन करै त्रीखंड।
अगम अगोचर अभि-अंतरा, ताकौ पार न पावै धरणींधरा॥
अरध उरध बिचि लाइ ले अकास, तहुवां जोति करै परकास।
टार्‍यौ टरै न आवै जाइ, सहज सुंनि मैं रह्यौ समाइ॥
अबरन बरन स्यांम नहीं पीत, हाहू जाइ न गावै गीत।
अनहद सबद उठै झणकार, तहां प्रभू बैठे समरथ सार॥
कदली पुहुप दीप परकास, रिदा पंकज मैं लिया निवास॥
द्वादस दल अभि-अंतरि म्यंत, तहां प्रभू पाइसि करिलै च्यंत।
अमिलन मलिन घांम नहीं छांहां, दिवस न राति नहीं है तहां॥
तहां न ऊगै सूर न चंद, आदि निरंजन करै अनंद।
ब्रह्मंडे सो प्यंडे जांनि, मांनसरोवर करि असनांन॥
सोहं हंसा ताकौ जाप, ताहि न लिपै पुन्य न पाप।
काया मांहैं जांनैं सोई; जो बोलै सो आपै होई॥
जोति मांहि जे मन थिर करै, कहै कबीर सो प्रांणीं तिरै॥३२८॥

एक अचंभा ऐसा भया, करणीं थैं कारण मिटि गया ।।टेक।।
करणी किया करम का नास, पावक मांहि पुहुप प्रकास ।।
पुहुप मांहि पावक प्रजरै, पाप पुंन दोऊ भ्रम टरै ।।
प्रगटी वास वासना धोइ, कुल प्रगट्यौ कुल घाल्यौ खोइ ।।
उपजी च्यंत च्यंत मिटि गई, भौ भ्रम भागा ऐसी भई ।।
उलटी गंग मेर कूं चली, धरती उलटि अकासहि मिली ।।
दास कबीर तत ऐसा कहै, ससिहर उलटि राह कौं गहै ।।३२९।।

है हजूरि क्या दूरि बतावै, दुंदर बांधें सुंदर पावै ।।टेक।।
सो मुलनां जो मन सूं लरै, अह निसि काल चक्र सूं भिरै ।।
काल चक्र का मरदै मांन, ता मुलनां कूं सदा सलांम ।।
काजी सो जो काया बिचारै, अह नसि ब्रह्म अगनि प्रजारै ।।
सुप्पनैं बिंद न देई झरनां, ता काजी कूं जुरा न मरणां ।।
सो सुलितांन जु द्वै सुर तांनैं, बाहरि जाता भीतरि आनैं ।।
गगन मंडल मैं लसकर करै, सो सुलितांन छत्र सिरि धरै ।।
जोगी गोरख गोरख करै, हिंदू रांम नाम उच्चरै ।।
मुसलमांन कहै एक खुदाइ,
कबीरा कौ स्वांमीं घटि घटि रह्यौ समाइ ।।३३०।।

आऊंगा न जांऊंगा, मरूंगा न जीऊंगा ।
गुरु के सबद मैं रमि रमि रहूंगा ।। टेक ।।
आप कटोरा आपैं थारी, आपैं पुरिखा आपैं नारी ।।
आप सदाफल आपैं नींबू, आपै मुसलमांन आप हिंदू ।।
आपैं मछ कछ आपै जाल, आपैं झींवर आपैं काल ।।
कहै कबीर हम नांहीं रे नांहीं, नां हम जीवत न मुवले मांहीं ।।३३१।।

हंम सब मांहि सकल हम मांहीं, हम थैं और दूसरा नांहीं ।।टेक ।
तीनि लोक मैं हमारा पसारा, आवागमन सब खेल हमारा ।।

खट दरसन कहियत हम भेखा, हमहीं अतीत रूप नहीं रेखा ॥
हमहीं आप कबीर कहावा, हमहीं अपनां आप लखावा ॥३३२॥

सों धन मेरे हरि का नांउं, गांठि न बांधौं बेचि न खांउं ॥टेक॥
नांउ मेरे खेती नांउ मेरे बारी, भगति करौं मैं सरनि तुम्हारी ॥
नांउ मेरे सेवा नांउ मेरे पूजा, तुम्ह बिन और न जांनौं दूजा ॥
नांउ मेरे बंधव नांव मेरे भाई, अंत की बिरियां नांव सहाई ॥
नांउ मेरे निरधन ज्यूं निधि पाई, कहै कबीर जैसैं रंक मिठाई ॥३३३॥

अब हरि हूं अपनौं करि लीनौं,
प्रेम भगति मेरौ मन भीनौं ॥टेक॥
जरै सरीर अंग नहीं मोरौं, प्रान जाइ तौ नेह न तोरौं ॥
च्यंतामणि क्यूं पाइए ठोली, मन दे रांम लियौ निरमोली ॥
ब्रह्म खोजत जनम गवायौ, सोई राम घट भीतरि पायौ ॥
कहै कबीर छूटी सब आसा, मिल्यौ राम उपज्यौ बिसवासा ॥३३४॥

लोग कहैं गोबरधनधारी, ताकौ मोहिं अचंभौ भारी ॥टेक॥
अष्ट कुली परवत जाके पग की रैंनां, सातौं सायर अंजन मैंनां ॥
ऐ उपमां हरि किती एक ओपै, अनेक मेर नख ऊपरि रोपै ॥
धरनि अकास अधर जिनि राखी, ताकी मुगधा कहैं न साखी ॥
सिव बिरंचि नारद जस गावैं, कहै कबीर वाको पार न पावैं ॥३३५॥

रांम निरंजन न्यारा रे, अंजन सकल पसारा रे ॥टेक॥
अंजन उतपति वो ऊंकार, अंजन मांड्या सब बिस्तार ॥
अंजन ब्रह्म संकर इंद, अंजन गोपि संगि गोब्यंद ॥
अंजन बांणी अंजन बेद, अंजन कीया नांनां भेद ॥
अंजन विद्या पाठ पुरांन, अंजन फोकट कथहि गियांन ॥
अंजन पाती अंजन देव, अंजन की करै अंजन सेव ॥

अंजन नाचै अंजन गावै, अंजन मेष अनंत दिखावै ॥
अंजन कहौं कहां लग केता, दांन पुंनि तप तीरथ जेता ॥
कहै कबीर कोई बिरला जागै अंजन छाड़ि निरंजन लागै ॥३३६॥

अंजन अलप निरंजन सार, यहै चीन्हि नर करहु विचार ॥टेक॥
अंजन उतपति वरतनि लोई, बिना निरंजन मुक्ति न होई ॥
अंजन आवै अंजन जाइ, निरंजन सब घटि रह्यौ समाइ ॥
जोग ध्यांन तप सबै बिकार, कहै कबीर मेरे रांम अधार ॥३३७॥

एक निरंजन अलह मेरा, हिंदू तुरक दहूं नहीं मेरा ॥टेक॥
राखूं ब्रत न महरम जांनां, तिसही सुमिरूं जो रहे निदांनां ॥
पूजा करूं न निमाज गुजारूं, एक निराकार हिरदै नमसकारूं ॥
नां हज जांऊं न तीरथ पूजा, एक पिछांण्यां तौ क्या दूजा ॥
कहै कबीर भरम सब भागा, एक निरंजन सूं मन लागा ॥३३८॥

तहां मुझ गरीब की को गुदरावै,
मजलसि दूरि महल को पावै ॥टेक॥
सतरि सहस सलार हैं जाकै, असी लाख पैकंबर ताकै ॥
सेख जु कहिय सहस अठ्यासी, छपन कोडि खेलिबे खासी ॥
कोड़ि तेतीसूं अरू खिलखांनां, चौरासी लख फिरै दिवांनां ॥
बाबा आदम पैं नजरि दिलाई, नबी भिस्त घनेरी पाई ॥
तुम्ह साहिब हम कहा भिखारी, देत जबाब होत बजगारी ॥
जन कबीर तेरी पनह समांनां, भिस्त नजीक राखि रहिमांनां ॥३३९॥

जौ जाचौं तौ केवल रांम, आंन देव सूं नांहीं कांम ॥टेक॥
जाकै सूरिज कोटि करैं परकास, कोटि महादेव गिरि कविलास ॥
ब्रह्मा कोटि वेद ऊचरैं, दुर्गा कोटि जाकै मरदन करैं ॥
कोटि चंद्रमां गहैं चिराक, सुर तेतीसूं जीमैं पाक ॥

नौग्रह कोटि ठाढे दरबार, धरमराइ पौली प्रतिहार ॥
कोटि कुबेर जाकै भरै भंडार, लछमीं कोटि करैं सिंगार ॥
कोटि पाप पुनि ब्यौहरैं, इंद्र कोटि जाकी सेवा करैं ॥
जगि कोटि जाकै दरबार, गंध्रप कोटि करैं जैकार ॥
बिद्या कोटि सबै गुंण कहैं, पारब्रह्म कौ पार न लहैं ॥
बासिग कोटि सेज बिसतरैं, पवन कोटि चौबारै फिरैं ॥
कोटि समुद्र जाकै पणिहारा, रोमावली अठारह भारा ॥
असंखि कोटि जाकै जमावली, रांवण सेन्यां जाथैं चली ॥
सहसबांह के हरे परांण, जरजोधन घाल्यौ खै मांन ॥
बावन कोटि जाकै कुटवाल, नगरी नगरी खेत्रपाल ॥
लट छूटी खेलैं बिकराल, अनत कला नटवर गोपाल ॥
कंद्रप कोटि जाकै लांवन करैं, घट घट भीतरि मनसा हरैं ॥
दास कबीर भजि सारंगपान, देहु अभै पद मांगौं दांन ॥३४०॥

मन न डिगै ताथैं तन न डराई,
केवल रांम रहे ल्यौ लाई ॥टेक॥

अति अथाह जल गहर गंभीर, बांधि जंजीर जलि बोरे हैं कबीर ॥
जल की तरंग उठि कटिहैं जंजीर, हरि सुमिरन तट बैठे हैं कबीर ॥
कहै कबीर मेरे संग न साथ, जल थल मैं राखैं जगनाथ ॥३४१॥

भलैं नींदौ भलैं नींदौ भलें नींदौ लोग,
तन मन रांम पियारे जोग ॥टेक॥

मैं बौरी मेरे रांम भरतार, ता कारंनि रचि करौं स्यंगार ॥
जैसैं धुबिया रज मल धोवै, हर तप रत सब निंदक खोवै ॥
न्यंदक मेरे माई बाप, जन्म जन्म के काटे पाप ॥
न्यंदक मेरे प्रांन अधार, बिन बेगारि चलावै भार ॥
कहै कबीर न्यंदक बलिहारी, आप रहै जन पार उतारी ॥३४२॥

जीत्या डूबै हाऱ्या तिरै, गुर प्रसाद जीवत ही मरै ॥
दास कबीर कहै समझाइ, केवल रांम रहौ ल्यौ लाइ ॥३४९॥

जागि रे जीव जागि रे ।
चोरन कौ डर बहुत कहत हैं, उठि उठि पहरै लागि रे ॥टेक॥
ररा करि टोप ममां करि बखतर, ग्यांन रतन करि पाग रे ।
ऐसैं जौ अजराइल मारै, मस्तकि आवै भाग रे ॥
ऐसी जागणीं जे को जागै, ता हरि देइ सुहाग रे ।
कहै कबीर जाग्या ही चहिये, क्या गृह क्या बैराग रे ॥३५०॥

जागहु रे नर सोवहु कहा, जम बटपारैं रूंधे पहा ॥टेक॥
जागि चेति कछू करौ उपाइ, मोटा बैरी है जंमराइ ॥
सेत काग आये बन मांहि, अजहूं रे नर चेतै नांहिं ॥
कहै कबीर तबै नर जागै, जंम का डंड मूंड मैं लागैं ॥३५१॥

जाग्या रे नर नींद नसाई, चित चेत्यौ च्यंतामणि पाई ॥टेक॥
सोवत सोवत बहुत दिन बीते, जन जाग्यां तसकर गये रीते ॥
जन जागे का ऐसहि नांण, विष से लागै वेद पुरांण ॥
कहै कबीर अब सोवौं नांहि, रांम रतन पाया घट मांहि ॥३५२॥

संतति एक अहेरा लाधा,
निर्गनि खेत सबनि का खाधा ॥टेक॥
या जंगल मैं पांचौं मृगा, एई खेत सबनि का चरिगा ॥
पारधीपनौं जे साधै कोई, अध खाधा सा राखै सोई ॥
कहै कबीर जो पंचौं मारै, आप तिरै और कूं तारै ॥३५३॥

हरि कौ बिलोवनौं बिलोइ मेरी माई,
ऐसैं बिलोइ जैसैं तत न जाई ॥टेक॥
तन करि मटकी मनहि बिलोइ, ता मटकी मैं पवन समोइ ॥

इला प्यंगुला सुषमन नारी, वेगि बिलोइ ठाढी छछिहारी ॥
कहै कबीर गुजरी बौरांनीं, मटकी फूटीं जोति समांनीं ॥३५४॥

आसण पवन कियैं दिढ रहु रे, मन का मैल छाडि दे बौरे ॥टेक॥
क्या सींगी मुद्रा चमकांयें, क्या विभूति सब अंगि लगायें ॥
सो हिंदू सो मुसलमांन, जिसका दुरस रहै ईमांन ॥
सो ब्रह्मा जो कथै ब्रह्म गियांन, काजी सो जांनैं रहिमांन ॥
कहै कबीर कछू आंन न कीजै, रांम नांम जपि लाहा लीजै ॥३५५॥

ताथैं कहिये लोकाचार, वेद कतेब कथैं ब्यौहार टेक॥
जारि वारि करि आवै देहा, मूंवां पीछै प्रीति सनेहा ॥
जीवत पित्रहि मारहि डंगा, मूंवां पित्र ले घालैं गंगा ॥
जीवत पित्र कूं अन न ख्वांमैं, मूंवां पाछैं प्यंड भरावैं ॥
जीवत पित्र कूं बोलैं अपराध, मूंवां पीछैं देहि सराध ॥
कहि कबीर मोहि अचिरज आवै, कऊवा खाइ पित्र क्यूं पावै३५६

बाप रांम सुनि बीनती मोरी,
तुम्ह सूं प्रगट लोगनि सूं चोरी ॥टेक॥
पहलैं कांम मुगध मति कीया, ता भै कंपै मेरा जीया ॥
रांम राइ मेरा कह्या सुणीजै, पहले बकसि अब लेखा लीजै ॥
कहै कबीर बाप रांम राया, अबहूं सरनि तुम्हारी आया ॥३५७॥

अजहूं बीच कैसे दरसन तोरा,
बिन दरसन मन मांनैं क्यूं मोरा ॥ टेक ॥
हमहि कुसेवग क्या तुम्हहि अजांनां, दुहु मैं दोस कहौ किन रांमां॥
तुम्ह कहियत त्रिभुवन पति राजा, मन बंछित सब पुरवन काजा ॥
कहै कबीर हरि दरस दिखावौ,
हमहि बुलावौ कै तुम्ह चलि आवौ ॥३५८॥

क्यूं लीजै गढ़ बंका भाई, दोवर कोट अरु तेवड़ खाई ॥टेक॥
कांम किवाड़ दुख सुख दरबांनीं, पाप पुंनि दरवाजा।
क्रोध प्रधांन लोभ वड दूंदर, मन मैं बासी राजा॥
स्वाद सनाह टोप ममिता का, कुबधि कमांण चढ़ाई।
त्रिसना तीर रहै तन भींतरि, सुबधि हाथि नहीं आई॥
प्रेम पलीता सुरति नालि करि, गोला ग्यांन चलाया।
ब्रह्म अग्नि ले दिया पलीता, एकै चोट ढहाया॥
सत संतोष ले लरनैं लागे, तोरे दस दरवाजा।
साध संगति अरु गुर की कृपा थैं, पकरयौ गढ़ कौ राजा॥
भगवंत भीर सकति सुमिरण की, काटि काल की पासी।
दास कबीर चढ़े गढ़ ऊपरि, राज दियौ अबिनासी॥३५९॥

रैनि गई मति दिन भी जाइ- भवर उड़े वग बैठे आइ ॥टेक॥
कांचै करवै रहै न पांनीं, हँस उड्या काया कुमिलांनीं॥
थरहर थरहर कँपै जीव, नां जांनू का करिहै पीव॥
कऊवा उड़ावत मेरी बहियां पिरांनीं,
कहै कबीर मेरी कथा सिरांनीं॥ ३६०॥

काहे कूं भीति बनांऊं टाटी, का जांनू कहां परिहै माटी ॥टेक॥
काहे कूं मंदिर महल चिणांऊं, मूंबां पीछैं घड़ी एक रहण न पाऊं॥
काहे कूं छांऊं ऊंच उंचेरा, साढ़े तीनि हाथ घर मेरा॥
कहै कबीर नर गरब न कीजै, जेता तन तेती भुंइ लीजै॥३६१॥

## [ राग बिलावल ]

बार बार हरि का गुण गावै, गुर गमि भेद सहर का पावै ॥टेक॥
आदित करै भगति आरंभ, काया मंदिर मनसा थंभ॥
अखंड अहनिसि सुरष्या जाइ, अनहद बेन सहज मैं पाइ॥

सोमवार ससि अमृत झरै, चाखत बेगि तपै निसतरै।
बांणीं रोक्यां रहै दुवार, मन मतिवाला पीवनहार॥
मंगलवार ल्यौ मांहींत, पंच लोक की छाड़ौ रीत।
घर छाड़ै जिनि बाहिर जाइ, नहीं तर खरौ रिसावै राइ॥
बुधवार करै बुधि प्रकास, हिरदा कवल मैं हरि का बास।
गुर गमि दोऊ एक समि करै, ऊरध पंकज थैं सूधा धरै॥
त्रिसपति विषिया देइ वहाइ, तीनि देव एकै संगि लाइ।
तीनि नदी तहां त्रिकुटी मांहि,कुसमल धोवै अहनिसि न्हांहि॥
सुक्र सुधा ले इहि ब्रत चढ़ै, अह निसि आप आप सूं लड़ै।
सुरषी पंच राखिये सबै, तौ दूजी द्रिष्टि न पैसे कबै॥
थावर थिर करि घट मैं सोइ, जोति दीवटी मेल्है जोइ।
बाहरि भीतरि भया प्रकास, तहां भया सकल करम का नास॥
जब लग घट मैं दूजी आंण, तब लग महलि न पावै जांण।
रमिता रांम सूं लागै रंग, कहै कबीर ते निर्मल अंग॥३६२॥

रांम भजै सो जांनिये, जांकै आतुर नांहीं।
सत संतोष लीयैं रहै, धीरज मन मांहीं॥ टेक॥
जन कौं कांम क्रोध व्यापै नहीं, त्रिष्णा न जरावै।
प्रफुलित आनंद मैं, गोव्यंद गुंण गावै॥
जन कौं पर निंद्या भावै नहीं, अरु असति न भाषै।
काल कलपनां मेटि करि, चरनूं चित राखै॥
जन सम द्रिष्टी सीतल सदा, दुबिधा नहीं आनैं।
कहै कबीर ता दास सूं, मेरा मन मांनैं॥६३६३॥

माधौ सो न मिलै जासौं मिलि रहिये,
ता कारनि वर कहु दुख सहिये॥टेक॥
छत्रधार देखत ढहि जाइ, अधिक गरब थैं खाक मिलाइ॥

अगम अगोचर लखी न जाइ, जहां का सहज फिरि तहां समाइ ॥
कहै कबीर झूठे अभिमान, सो हम सो तुम्ह एक समान ॥३६४॥

अहो मेरे गोव्यंद तुम्हारा जोर, काजी बकिवा हस्ती तोर ॥टेक॥
बांधि भुजा भलैं करि डार्‌यौ, हस्ती कोपि मूंड मैं मार्‌यौ ॥
भाग्यौ हस्ती चीसां मारी, वा मूरति की मैं बलिहारी ॥
महावत तोकूं मारौं साटी, इसहि मरांऊं घालौं काटी ॥
हस्ती न तोरै धरै धियांन, वाकै हिरदै बसै भगवांन ॥
कहा अपराध संत हौ कीन्हां, बांधि पोट कुंजर कूं दीन्हां ॥
कुंजर पोट बहु बंदन करै, अजहूं न सूझै काजी अंधरै ॥
तीनि बेर पतियारा लीन्हां, मन कठोर अजहूं न पतीनां ॥
कहै कबीर हमारै गोव्यंद, चौथे पद मैं जन का ज्यंद ॥३६५॥

कुसल खेम अरु सही सलांमति, ए दोइ काकौं दीन्हां रे ।
आवत जांत दुहूंघां लूटे, सर्व तत हरि लीन्हां रे ॥ टेक ॥
माया मोह मद मैं पीया, मुगध कहैं यहु मेरी रे ।
दिवस चारि भलैं मन रंजै, यहु नांहीं किस केरी रे ॥
सुर नर मुनि जन पीर अवलिया,मीरां पैदा कीन्हा रे ।
कोटिक भये कहां लूं बरनूं, सबनि पयांनां दीन्हां रे ॥
धरती पवन अकास जाइगा, चंद जाइगा सूरा रे ।
हम नांहीं तुम्ह नांहीं रे भाई, रहे रांम भरपूरा रे ॥
कुसलहि कुसल करत जग खीनां,पड़े काल भौ पासी ।
कहै कबीर सबै जग बिनस्या, रहे रांम अबिनासी रे ॥३६६॥

मन बनजारा जागि न सोई, लाहे कारनि मूल न खोई ॥टेक॥
लाहा देखि कहा गरबांनां, गरब न कीज मूरिख अयांनां ॥
जिनि धन संच्या सो पछितांनां, साथी चलि गये हम भी जांनां ॥
निसि अंधियारी जागहु बंदे, छिटकन लागे सबही संधे ॥

किसका बंधू किसकी जोई, चल्या अकेला संगि न कोई ॥
ढरि गये मंदिर टूटे बंसा, सूके सरवर उड़ि गये हंसा ॥
पंच पदारथ भरि है खेहा, जरि बरि जायगी कंचन देहा ॥
कहत कबीर सुनहु रे लोई, रांम नांम बिन और न कोई ॥३६७॥

मन पतंग चेते नहीं, जल अंजुरी समांन।
विषिया लागि बिगूचिये, दाझिये निदांन ॥टेक॥
काहे नैंन अनंदियै, सूझत नहीं आगि।
जनम अमोलिक खोइयै, सांपनि संगि लागि ॥
कहै कबीर चित चंचला, गुर ग्यांन कह्यौ समझाइ।
भगति हींन न जरई जरै, भावै तहां जाइ ॥३६८॥

स्वादि पतंग जरै जर जाइ,
अनहद सौं मेरौ चित न रहाइ ॥टेक॥
माया कै मदि चेति न देख्या, दुबिध्या मांहि एक नहीं पेख्या ॥
भेष अनेक किया बहु कीन्हां, अकल पुरिष एक नहीं चीन्हां ॥
केते एक मूये मरहिंगे केते, केतेक मुगध अजहू नहीं चेते ॥
तत मंत सब ओषद माया, केवल रांम कबीर दिढाया ॥३६९॥

एक सुहागिन जगत पियारी, सकल जीव जंत की नारी ॥टेक॥
खसम मरै वा नारि न रोवै, उस रखवाला औरै होवै ॥
रखवाले का होइ बिनास, उतहि नरक इत भोग विलास ॥
सुहागनि गलि सोहै हार, संतनि बिख बिलसै संसार ॥
पीछैं लागी फिरै पचिहारी, संत की ठठकी फिरै बिचारी ॥
संत भजै वा पाछी पड़ै, गुर के सबदूं मार्‍यौ डरै ॥
साषत कै यहु प्यंड परांइनि, हंमारी द्रिष्टि परै जैसैं डांइनि ॥
अब हम इसका पाया भेद, होइ कृपाल मिले गुरदेव ॥
कहै कबीर इब बाहरि परी, संसारी कै अचल टिरी ॥३७०॥

पारोसनि मांगै कंत हमारा,
पीव क्यूं बौरी मिलहि उधारा ॥टेक॥
मासा मांगै रती न देऊं, घटै मेरा प्रेम तौ कासनि लेऊं ॥
राखि परोसनि लरिका मोरा, जे कछु पाऊं सु आधा तोरा ॥
बन बन ढूंढौं नैन भरि जोऊं, पीव न मिलै तौ बिलखि करि रोऊं ॥
कहै कबीर यहु सहज हमारा, बिरली सुहागनि कंत पियारा ॥३७१॥

रांम चरन जाकै रिदै बसत है, ता जंन कौ मन क्यूं डोलै ॥
मानौं अठ सिध्य नव निधि ताकै हरषि हरषि जस बोलै ॥टेक॥
जहाँ जहाँ जाइ तहां सच पावै, माया ताहि न झोलै ।
बारंबार बरजि बिषिया तैं लै नर जौ मन तोलै ॥
ऐसी जे उपजै या जीय कै, कुटिल गांठि सब खोलै ।
कहै कबीर जब मन परचौ भयौ, रहै रांम कै बोलै ॥३७२॥

जंगल मैं का सोवनां, औघट है घाटा ॥
स्यंघ बाघ गज प्रजलै, अरु लंबी बाटा ॥टेक॥
निस बासुरि पेड़ा पड़ै, जमदांनीं लूटै ।
सूर धीर साचै मतै, सोई जन छूटै ॥
चालि चालि मन माहरा, पुर पटण गहियै ।
मिलियै त्रिभुवन नाथ सूं, निरभै होइ रहियै ॥
अमर नहीं संसार मैं, बिनसै नर-देही ।
कहै कबीर बेसास सूं, भजि रांम सनेही ॥३७३॥

## [ राग ललित ]

रांम ऐसो ही जांनि जपौ नरहरी,
माधव मदसूदन बनवारी ॥टेक॥
अनदिन ग्यांन कथैं घरियार, धूंवां धौलह रहै संसार ॥
जैसैं नदी नाव करि संग, ऐसैं हीं मात पिता सुत अंग ॥

सबहि नल दुल मलफ लकीर, जल बुदबुदा ऐसी आहि सरीर ॥
जिभ्या रांम नांम अभ्यास, कहै कबीर तजि गरभ बास ॥३७४॥

रसनां रांम गुन रमि रस पीजै,
गुन अतीत निरमोलिक लीजै ॥टेक॥
निरगुन ब्रह्म कथौ रे भाई, जा सुमिरत सुधि बुधि मति पाई ॥
विष तजि रांम न जपसि अभागे, का बूड़े लालच के लागे ॥
ते सब तिरे राम रस स्वादी, कहै कबीर बूड़े बकवादी ॥३७५॥

निबरक सुत ल्यौं कोरा, रांम मोहि मारि कलि विष बोरा॥टेक॥
उन देस जाइबो रे बाबू, देखिबो रे लोग किन किन खैबू लो ॥
उड़ि कागा रे उन देस जाइबा, जासूं मेरा मन चित लागा लो ॥
हाट ढूंढ़ि ले, पटनपुर ढुंढ़ि ले, नहीं गांव कै गोरा लो ॥
जल बिन हंस निसह थिन रबू,
कबीरा कौ स्वांमीं पाइ परिकैं मनैंबू लो ॥३७६॥

## [ राग बसंत ]

सो जोगी जाकै सहज भाइ, अकल प्रीति की भीख खाइ ॥टेक॥
सबद अनाहद सींगी नाद, काम क्रोध विषिया न बाद ॥
मन मुद्रा जाकै गुर कौ ग्यांन, त्रिकुट कोट मैं धरत ध्यान ॥
मनहीं करन कौं करै सनांन, गुर कौ सबद ले ले धरै धियांन ॥
काया कासी खोजै बास, तहां जोति सरूप भयौ परकास ॥
ग्यांन मेषली सहज भाइ, बंक नालि कौ रस खाइ ॥
जोग मूल कौ देइ बंद, कहि कबीर थिर होइ कंद ॥३७७॥
मेरौ हार हिरांनौं मैं लजाऊं सास दुरासनि पीव डराऊं ॥टेक॥
हार गुह्यौ मेरौ रांम ताग, बिचि बिचि मान्यक एक लाग ॥
रतन प्रवाले परम जाति, ता अंतरि अंतरि लागे मोति ॥

पंच सखी मिलिहैं सुजांन, चलहु तजई ये त्रिवेणी न्हान ॥
न्हाइ धोइ कैं तिलक दीन्ह, नां जानूं हार किनहूं लीन्ह ॥
हार हिरांनौं जन बिमल कीन्ह, मेरौ आहि परोसनि हारलीन्ह ॥
तीनि लोक की जांनैं पीर, सब देव सिरोमनि कहै कबीर ॥३७८॥

नहीं छाड़ौं बाबा रांम नांम,
मोहि और पढ़न सूं कौन कांम ॥टेक॥
प्रह्लाद पधारे पढ़न साल, संग सखा लीयें बहुत बाल ॥
मोहि कहा पढ़ावै आल जाल, मेरी पाटी मैं लिखि दे श्रीगोपाल ॥
तब संनां मुरकां कह्यौ जाइ, प्रहिलाद बंधायौ बेगि आइ ॥
तूं राम कहन की छाड़ि बांनि, बेगि छुड़ाऊं मेरौ कह्यौ मांनि ॥
मोहि कहा डरावै बार बार, जिनि जल थल गिर कौ कियौ प्रहार ॥
बांधि मारि भावै देह जारि, जे हूं रांम छाडौं तौ मेरे गुरहि गारि ॥
तब काढ़ि खड़ग कोप्यो रिसाइ, तोहि राखनहारौ मोहि बताइ ॥
खंभा मैं प्रगट्यौ गिलारि, हरनाकस मार्‍यौ नख बिदारि ॥
महापुरुष देवाधिदेव, नरस्यंघ प्रकट कियौ भगति भेव ॥
कहै कबीर कोई लहै न पार, प्रहिलाद ऊबार्‍यौ अनेक बार ॥३७९॥

हरि कौ नांउ तत त्रिलोक सार, लै लीन भये जे उतरे पार ॥टेक॥
इक जंगम इक जटाधार, इक अंगि बिभूति करैं अपार ॥
इक मुनियर इक मनहूं लीन, ऐसैं होत होत जग जात खीन ॥
इक आराधै सकति सीव, इक पड़दा दे दे बधै जीव ॥
इक कुलदेव्यां कौ जपहि जाप, त्रिभवनपति भूले त्रिबिध पाप॥
अंनहि छाड़ि इक पीवहि दूध, हरि न मिलै बिन हिरदैं सूध ॥
कहै कबीर ऐसैं बिचार, राम बिना को उतरे पार ॥३८०॥

हरि बोलि सूवा बार बार, तेरी ढिग मींनां कछू करि पुकार ॥टेक॥
अंजन मंजन तजि बिकार, सतगुरु समझायौ तत-सार ॥

साध संगति मिलि करि बसंत, भौ बंद न छूटैं गुग जुगंत ॥
कहै कबीर मन भया अनंद, अनंत कला भेटे गोव्यंद ॥३८१॥

बनमाली जांनैं बन की आदि, रांम नांम बिन जनम बादि ॥टेक॥
फूल जु फूले रुति बसंत, जामैं मोहि रहे सब जीव जंत ॥
फूलनि मैं जैसैं रहै तबास, यूं घटि घटि गोबिंद है निवास ॥
कहै कबीर मनि भया अनंद, जगजीवन मिलियौ परमानंद॥३८२॥

मेरे जैसे बनिज सौं कवन काज, मूल घटै सिरि बधै ब्याज॥टेक॥
नाइक एक बनिजारे पांच, बैल पचीस कौ संग साथ ॥
नव बहियां दस गौंनि आहि, कसनि बहतरि लागे ताहि ॥
सात सूत मिलि बगिज कीन्ह, कर्म पयादौ संग लीन्ह ॥
तीन जगाती करत रारि, चल्यौ है बनिज वा बनज झारि ॥
बनिज खुटानौं पूंजि टूटि, षाडू दह दिसि गयौ फूटि ॥
कहै कबीर यहु जन्म बाद, सहजि समांनूं रही लादि ॥३८३॥

माधौ दारन दुख सह्यौ न जाइ,
मेरी चपल बुधि तातैं कहा बसाइ ॥ टेक ॥
तन मन भींतरि बसै मदन चोर, जिनि ग्यांन रतन हरि लीन्ह मोर॥
मैं अनाथ प्रभू कहूं काहि, अनेक बिगूचे मैं को आहि ॥
सनक सनंदन सिव सुकादि, आपण कवलापति भये ब्रह्मादि ॥
जोगी जगम जती जटाधार, अपनैं औसर सब गये हैं हारि ॥
कहै कबीर रहु संग साथ, अभिअंतरि हरि सू कहौ बात ॥
मन ग्यांन जांनि कैं करि बिचार, रांम रमत भौ तिरिबौ पार॥३८४॥

तू करी डर क्यूं न करै गुहारि,
तूं बिन पंचाननि श्री मुरारि ॥ टेक ॥
तन भींतरि बसै मदन चोर, तिनि सरवस लीनौं छोरि मोर ॥
मांगैं देइ न बिनैं मांन, तकि मारै रिदा मैं कांम बांन ॥

मैं किहि गुहरांऊं आप लागि, तू करी डर बड़े बड़े गये हैं भागि ॥
ब्रंह्मा बिस्णु अरु सुर मयंक, किहि किहि नहीं लावा कलंक ॥
जप तप संजम सुंचि ध्यांन, बंदि परे सब सहित ग्यांन ॥
कहि कबीर उबरे द्वै तीनि, जा परि गोबिंद कृपा कीन्ह ॥३८५॥

ऐसौ देखि चरित मन मोह्यौ मोर,
ताथैं निस बासुरि गुन रमौं तोर ॥टेक॥
इक पढ़हिं पाठ इक भ्रमैं उदास, इक नगन निरंतर रहैं निवास ॥
इक जोग जुगति तन हूंहि खींन, ऐसैं रांम नांम संगि रहैं न लीन॥
इक हूंहि दीन एक देहि दांन, इक करैं कलापी सुरा पांन ॥
इक तंत मंत ओषध बांन, इक सकल सिध राखैं अपांन ॥
इक तीर्थ ब्रत करि काया जीति, ऐसैं रांम नाम सूं करैं न प्रीति ॥
इक धोम घोटि तन हूंहि स्यांम, यूं मुकति नहीं बिन रांम नाम ॥
सत गुर तत कह्यौ विचार, मूल गह्यौ अनभै बिसतार ॥
जुरा मरण थैं भये धीं, रांम कृपा भई कहि कबीर ॥३८६॥

सब मदिमाते कोई न जाग,
ताथैं संग ही चोर घर मुसन लाग ॥टेक॥
पंडित माते पढि पुरांन, जोगी माते धरि धियांन ॥
संन्यासी माते अहंमेव, तपा जु माते तप कै भेव ॥
जागे सुक उधव अक्रूर, हणवंत जागे ले लंगूर ॥
संकर जागे चरन सेव, कलि जागे नांमां जैदेव ॥
ए अभिमांन सब मन के कांम, ए अभिमांन नहीं रहौं ठांम ॥
आतमां राम कौ मन विश्रांम, कहि कबीर भजि रांम नांम ॥३८७॥

चलि चलि रे भवरा कवल पास, भवरी बोलै अति उदास ॥टेक॥
तैं अनेक पुहप कौ लियौ भोग, सुख न भयौ तब बढ्यौ है रोग ॥
हौं ज कहत तोसूं बार बार, मैं सब बन सोध्यौ डार डार ॥

दिनां चारि के सुरंग फूल तिनहि देखि कहा रह्यौ है भूल ॥
या बनासपती मैं लागैगी आगि, तब तूं जैहौ कहां भागि ॥
पहुप पुरांने भये सूक, तब भवरहि लागी अधिक भूख ॥
उड़्यौ न जाइ बल गयौ है छूटि, तब भवरी रूंनी सीस कूटि ॥
दह दिसि जोवै मधुप राइ, तब भवरी ले चली सिर चढ़ाइ ॥
कहै कबीर मन कौ सुभाव, रांम भगति बिन जम कौ डाव ॥३८८॥

आवध रांम सबै करम करिहूं,
सहज समाधि न जम थैं डरिहूं ॥टेक॥

कुंभरा ह्वै करि बासन घरिहूं, धोबी ह्वै मल धोऊं ।
चमरा ह्वै करि रंगौं अघौरी, जाति पांति कुल खोऊं ॥
तेली ह्वै तन कोल्हू करिहौं, पाप पुंनि दोऊ पीरौं ।
पंच बैल जब सूध चलाऊं, राम जेवरिया जोरूं ॥
छत्री ह्वै करि खड़ग संभालूं, जोग जुगति दोउ साधूं ।
नऊवा ह्वै करि मन कूं मूंदूं, बाढ़ी ह्वै कर्म बाढ़ूं ॥
अवधू ह्वै करि यहु तन धूतौं, बधिक ह्वै मन मारूं ।
बनिजारा ह्वै तत कूं बनिजूं, जूवारी ह्वै जम हारूं ॥
तन करि नवका मनकरि खेवट,रसना करऊं बाडारूं ॥
कहि कबीर भौसागर तिरिहूं, आप तिरूं बप तारूं ॥३८९॥

## [ राग मालीगौड़ी ]

पंडिता मन रंजिता, भगति हेत ल्यौ लाइ रे ।
प्रेम प्रीति गोपाल भजि नर, और कारण जाइ रे ॥टेक॥

दांम छै पणि कांम नांहीं, ग्यांन छै पणि धंध रे ।
श्रवण छै पणि सुरति नांहीं, नैंन छै पणि अंध रे ॥

जाकै नाभि पद्म सु उदित ब्रह्मा, चरन गंग तरंग रे।
कहै कबीर हरि भगति बांछूं, जगत गुर गोव्यंद रे ॥३९०॥

बिष्णु ध्यांन सनान करि रे, बाहरि अंग न धोइ रे।
साच बिन सीझसि नहीं, कांई ग्यान दृष्टैं जोइ रे ।टेक॥
जंजाल मांहैं जीव राखै, सुधि नहीं सरीर रे।
अभिअंतरि भेदै नहीं, कांई बाहरि न्हावै नीर रे ॥
निहकर्म नदी ग्यांन जल, सुंनि मंडल मांहि रे।
औधूत जोगी आतमां, कांई पेणैं संजमि न्हाहि रे ॥
इला प्यंगुला सुषमनां, पछिम गंगा बालि रे।
कहै कबीर कुसमल झड़ैं, कांई मांहि लौ अंग पषालि रे॥३९१॥

भजि नारदादि सुकादि बंदित, चरन पंकज भांमिनीं।
भजि भजिसि भूषन पिया मनोहर, देव देव सिरोवनीं ॥टेक॥
बुधि नाभि चंदन चरचिता, तन रिदा मंदिर भीतरा।
रांम राजसि नैंन बांनीं, सुजान सुंदर सुंदरा ॥
बहु पाप परवत छेदनां, भौ ताप दुरिति निवारणां।
कहै कबीर गोव्यंद भजि, परमांनंद बंदित कारणां ॥३९२॥

## ( राग कल्याण )

ऐसै मन लाइ लै रांम रसनां,
कपट भगति कीजै कौंन गुणां ॥ टेक ॥
ज्यूं मृग नादैं बेध्यौ जाइ, प्यंड परै वाकौ ध्यांन न जाइ ॥
ज्यूं जल मींन हेत करि जांनि, प्रांन तजै बिसरै नहीं बांनि ॥
भ्रिंगी कीट रहै ल्यौ लाइ, ह्वै लै लीन भ्रिंग ह्वै जाइ ॥
रांम नांम निज अमृत सार, सुमरि सुमिरि जन उतरे पार ॥
कहै कबीर दासनि कौ दास,
अब नहीं छाडौं हरि के चरन निवास ॥३९३॥

## [ राग सारंग ]

यहु ठग ठगत सकल जग डोलै,
गवन करै तब मुषह न बोलै ।। टेक ।।
तूं मेरौ पुरिषा हौं तेरी नारी, तुम्ह चलतैं पाथर थैं भारी ।।
बालपनां के मींत हमारे, हमहि लाड़ि कत चले हो निनारे ।।
हम सूं प्रीति न करि री बौरी, तुम्हसे केते लागे ढौरी ।।
हम काहू संगि गये न आये, तुम्हसे गढ हम बहुत बसाये ।।
माटी की देही पवन सरीरा, ता ठग सूं जन डरै कबीरा ।।३९४।।

धंनि सो घरी महूरत्य दिनां,
जब ग्रिह आये हरि के जनां ।।टेक।।
दरसन देखत यहु फल भया, नैंनां पटल दूरि ह्वै गया ।।
सब्द सुनत संसा सब छूटा, श्रवन कपाट बजर था तूटा ।।
परसत घाट फेरि करि घड़्या, काया कर्म सकल झड़ि पड़्या ।।
कहै कबीर संत भल भाया, सकल सिरोमनि घट मैं पाया ।।३९५।।

## [ राग मलार ]

जतन बिन मृगनि खेत उजारे ।
टारे टरत नहीं निस बासुरि, बिडरत नहीं बिडारे ।। टेक ।।
अपनें अपनें रस के लोभी, करतब न्यारे न्यारे ।
अति अभिमांन बदत नहीं काहु, बहुत लोग पचि हारे ।।
बुधि मेरी किरषी, गुर मेरौ बिझुका, अखिर दोइ रखवारे ।
कहै कबीर अब खान न दैहूं, बरियां भली संभारे ।।३९६।।
हरि गुन सुमरि रे नर प्रांणी ।
जतन करत पतन ह्वै जैहै, भावैं जांणम जांणीं ।। टेक ।।
छीलर नीर रहै धूं कैसैं, को सुपिनैं सच पावै ।

सूकित पांन परत तरवर थैं, उलटि न तरवरि आवै ॥
जल थल जीव डहके इन माया, कोई जन उबर पावै ।
रांम अधार कहत हैं जुगि जुगि, दास कबीरा गावै ॥३९७॥

## [ राग धनाश्री ]

जपि जपि रे जीयरा गोव्यंदो, हित चित परमानंदो रे ।
बिरही जन कौ बाल हौ, सब सुख आंनंदकंदो रे ॥ टेक ॥
धन धन झीखत धन गयौ, सो धन मिल्यौ न आये रे ।
ज्यूं बन फूली मालती, जन्म अबिरथा जाये रे ॥
प्रांणीं प्रीति न कीजिये, इहि झूठै संसारो रे ।
धूंवां केरा धौलहर, जात न लागै बारो रे ॥
माटी केरा पूतला, काहे गरब कराये रे ।
दिवस चारि कौ पेखनौं, फिरि माटी मिलि जाये रे ॥
कांमीं रांम न भावई, भावैं बिषै बिकारो रे ।
लोह नाव पाहन भरी, बूडत नांहीं बारो रे ॥
नां मन मूवा न मरि सक्या, नां हरि भजि उतर्‍या पारो रे ।
कबीरा कंचन गहि रह्यौ, कांच गहै संसारो रे ॥३९८॥

न कछु रे न कछू रांम बिनां ।
सरीर धरे की रहै परंमगति, साध संगति रहनां ॥ टेक ॥
मंदिर रचत मास दस लागे, बिनसत एक छिनां ।
झूठे सुख के करनि प्रांनीं, परपंच करत घनां ॥
तात मात सुत लोग कुटुंब मैं, फूल्यो फिरत मनां ।
कहै कबीर रांम भजि बौरे, छांड़ि सकल भ्रमनां ॥३९९॥

कहा नर गरबसि थोरी बात ।
मन दस नाज, टंका दस गंठिया, टेढौ टेढौ जात ॥ टेक ॥
कहा लै आयौ यहु धन कोऊ, कहा कोऊ लै जात ।

दिवस चारि की है पतिसाही ज्यूं बनि हरियल पात ॥
राजा भयौ गांव सौ पाये, टका लाख दस व्रात ।
रावन होत लंक कौ छत्रपति, पल मैं गई बिहात ॥
माता पिता लोक सुत बनिता, अंति न चले संगात ।
कहै कबीर रांम भजि बौरे, जनम अकारथ जात ॥४००॥

नर पछिताहुगे अंधा ।
चेति देखि नर जमपुरि जैहै, क्यूं बिसरौ गोव्यंदा ॥टेक॥
गरभ कुंडिनल जब तू बसता, उरध ध्यान ल्यौ लाया ।
उरध ध्यांन मृत मंडलि आया, नरहरि नांव भुलाया ॥
बाल बिनोद छहूं रस भीनां, छिन छिन मोह बियापै ।
बिष अंमृत पहिचांनन लागौ, पांच भांति रस चाखै ॥
तरन तेज पर त्रिय मुख जोवै, सर अपसर नहीं जांनैं ।
अति उदमादि महामद मातौ, पाप पुंनि न पिछांनैं ॥
प्यंडर केस कुसुम भये धौला, सेत पलटि गई बांनीं ।
गया क्रोध मन भया जु पावस, कांम पियास मंदांनीं ॥
तूटी गांठि दया धरम उपज्या, काया कवल कुमिलांनां ॥
मरती बेर बिसूरन लागौ, फिरि पीछैं पछितांनां ॥
कहै कबीर सुनहुँ रे संतौ, धन माया कछू संगि न गया ।
आई तलब गोपाल राइ की, धरती सैंन भया ॥४०१॥

लोका मति के भोरा रे ।
जौं कासी तन तजै कबीरा, तौ रांमहि कहा निहोरा रे ॥टेक॥
तब हम वैसे अब हम ऐसे, इहै जनम का लाहा ।
ज्यूं जल मैं जल पैसि न निकसै, यूं डुरि मिल्या जुलाहा॥
रांम भगति परि जाकौ हित चित, ताकौ अचिरज काहा ।
गुर प्रसाद साध की संगति, जग जीतें जाइ जुलाहा ॥

कहै कबीर सुनहुँ रे संतौ, भ्रंमि परे जिनि कोई।
जस कासी तस मगहर ऊसर, हिरदै रांम सति होई ॥४०२॥

ऐसी आरती त्रिभुवन तारै,
तेज पुंज तहां प्रांन उतारै ॥टेक॥
पाती पंच पहुप करि पूजा,
देव निरंजन और न दूजा ॥
तनमन सीस समरपन कीन्हां,
प्रगट जोति तहां आतम लीनां ॥
दीपक ग्यांन सबद धुनि घंटा,
परंम पुरिख तहां देव अनंता ॥
परम प्रकास सकल उजियारा,
कहै कबीर मैं दास तुम्हारा ॥४०३॥

———

## (३) रमैंणी

### ( राग सूहौ )

तूं सकल गहगरा, सफ सफा दिलदार दीदार ॥
तेरी कुदरति किनहूं न जानीं, पीर मुरीद काजी मुसलमांनीं ॥
देवी देव सुर नर गण गंध्रप, ब्रह्मा देव महेसर ॥

तेरी कुदरति तिनहूं न जांनीं ॥ टेक ॥
काजी सो जो काया विचारै, तेल दीप में बाती जारै ॥
तेल दीप मैं बाती रहै, जोति चिन्हि जे काजी कहै ॥
मुलनां बंग देइ सुर जांनी, आप मुसला बैठा तांनीं ॥
आपुन मैं जे करै निवाजा, सो मुलनां सरवत्तरि गाजा ॥
सेष सहज मैं महल उठावा, चंद सूर बिचि तारी लावा ॥
अर्धउर्धविचि आंनि उतारा, सोई सेष तिहूं लोक पियारा ।
जंगम जोग बिचारै जहूंवां, जीव सोव करि एकै ठऊवां ॥
चित चेतनि करि पूजा लावा, तेतौ जंगम नांउं कहावा ॥
जोगी भसम करै भौ मारी, सहज गहै विचार बिचारी ॥
अनभै घट परचा सूं बोलै, सो जोगी निहचल कदे न डोलै ॥
जैन जीव का करहु उधारा, कौंण जीव का करहु उधारा ॥
कहां बसै चौरासी का देव, लहौ मुकति जे जांनौं भेव ॥
भगता तिरण मतै संसारी, तिरण तत ते लेहु विचारी ॥
प्रीति जांनि रांम जे कहै, दास नांउ सो भगता लहै ॥
पंडित चारि वेद गुंण गांवा, आदि अंति करि पूत कहावा ॥
उतपति परलै कहा बिचारी, संसा घालौ सबै निवारी ॥
अरधक उरधक ये संन्यासी, ते सब लागि रहैं अविनासी ॥
अजरावर कौं डिढ करि गहै, सो संन्यासी उन्मन रहै ॥

**जिहि घर चाल रची ब्रह्मंडा, पृथमीं मारि करि नव खंडा ॥**
**अविगत पुरिस की गति लखी न जाइ, दास कबीर अगह रहे ल्यो लाई।१**

---

( १ ) ख प्रति में इसके आगे यह रमैणी है—

[ ग्रंथबावनी ]

बावन आखिर लोकत्री, सब कुछि इनही मांहि ॥
ये सब पिरि पिरि जाहिगे, सो आखिर इनमें नांहि ॥
तुरक मुरी कन जानिये, हिंदू बेद पुरान ॥
मन समझन कै कारनै, कछू एक पढ़िये ज्ञान ॥
जहां बोल तहां आखिर आवा, जहां अनबोल तहां मन न लगावा ॥
बोल अबोल मंझि है सोई, जे कुछि हैं ताहि लखै न कोई ॥
ओं अंकार आदि मैं जाना, लिखि करि मेटै ताहि न माना ॥
ओ ऊंकार करैं जस कोई, तस लिखि मरेणां न होई ॥
कका कवल किरणि मैं पावा, अरि ससि बिगास सेपट नहीं आवा ॥
अस जे जहां कुसम-रस पावा, तौ अकह कहा कहि का समझावा ॥
खसा इहै खोरि मनि आवा, खोरहि छांड़ि चहूं दिस धावा ॥
ख समहिं जानि पिमां करि रहै, तौ हो दून पेव अखै पद लहै ॥
गघा गुर के बचन पिछाना, दूसर बात न करिये काना ॥
सोई बिहंगम कबहूं न जाई, अगम गहै गहि गगन रहाई ॥
घघा घटि घटि निगसै सोई, घट फाटा घट कबहुं न होई ॥
ता घट मांहि घाट जो पावा, सुघटि छाड़ि औघट कत आवा ॥
नाना निरखि दनेह करि, निरवालै संदेह,
नाहीं देखि न भाजिये प्रेम सयानप येह ॥
चचा चरित चित्र है भारी, तजि विचित्र चेतहु चितकारी ॥
चित्र विचित्र रहै औडेरा, तजि विचित्र चित राखि चितेरा ॥
छछा इहै छत्रपति पासा, तिहि छाक न रहै छाड़ि करि आसा ॥
रे मन तूं छिन छिन समझा, तहां छाड़ि कत आप यधाया ॥
जजा जे जानै तौ दुरमति हारी, करि बासि काया गांव ।
रिण रोक्या भाजै नहीं, तौ सूरा थारौ नाव ॥

## [ सतपदी रमैंणी ]

कहन सुनन कौं जिहि जग कीन्हा, जग भुलांन सो किनहूं न चीन्हां॥
सत रज तम थैं कीन्हीं माया, आपण मांझै आप छिपाया॥
ते तौ आहि अनंद सरूपा, गुन पल्लव बिस्तार अनूपा॥
साखा तत थैं कुसम गियांनां, फल सो आछा रांम का नांमां॥

---

झझा उरझि सुरझि नहीं जाना, रहि मुखि झझखि झझखि परवाना॥
कत झषि झंषि औरनि समझावा, झगरौ कीये झगरिबौ पावा॥

नना निकटि जु घटि रहै, दूरि कहाँ तजि जाइ॥
जा कारणि जग ढूँढ़ियो, नेड़ै पायौ, ताहि॥

टटा विकट घाट है माहीं, खोलि कपाट महील जब जाहीं॥
रहै लपटि जहि घटि परयौ आई, देखि अटल टलि कतहूँ न जाई॥
ठठा ठौर दरि ठग नीरा, नीठि नीठि मन कीया धीरा॥
जिहि ठगि ठगि सकल जग खावा, सो ठग ठग्यो ठौर मन आवा॥
डडा डर उपजै डर जाई, डरही में डर रह्यौ समाई॥
जो डर डरै तौ फिरि डर लागै, निडर होइ तौ डरि डर भागै॥
ढढा ढिग कत ढूंढै आना, ढूंडत ढूंढत गये परांना॥
चढ़ि सुमेर ढूंढि जग आवा, जिहि गढ गढ्या सुगढ़ मैं पावा॥
णणारि णरूं तौ नर नाहीं करै, ना फुनि नवै न संचरै॥
धनि जनम ताहीं कौ गिणां, मेरे एक तजि जाहि घणां॥
तता अतिर तिस्यौ नहीं गाई, तन त्रिभुवन मैं रह्यौ समाई॥
जे त्रिभुवन तन मोहि समावै, तौ ततैं तन मिल्या सचुपावै॥
थथा अथाह थाह नहीं आवा, वो अथाह यहु थिरि न रहांवा॥
थोरै थलि थानै आरंभै, तौ विनहीं थंभै मंदिर थंमै॥
ददा देखि जुरे विनसन हार, जस न देखि तस राखि विचार॥

सदा अचेत चेत जीव पंखी, हरि तरवर करि बास।
झूठे जगि जिनि भूलसि जियरे, कहन सुनन की आस॥

सूक बिरख यहु जगत उपाया, समझि न परै विषम तेरी माया॥
साखा तीनि पत्र जुग चारी, फल दोइ पाप पुंनि अधिकारी॥
स्वाद अनेक कथ्या नहीं जांहीं, किया चरित सो इन मैं नाहीं॥

---

दसवैं द्वारि जब कूंची दीजै, तब दयाल को दरसन कीजै॥
धधा अरधैं उरध न बेरा, अरधैं उरधै मंझि बसेरा॥
अरधैं त्यागि उरध जब आवा, तब उरधैं छांड़ि अरध कत धावा॥
नना निस दिन निरखत जाई, निरखत नैन रहे रतवाई॥
निरखत निरखत जब जाइ पावा, तब ले निरखै निरख मिलावा॥
पपा अपार पार नहीं पावा, परम जोति सौं परचो आवा॥
पाचौं इंद्री निग्रह करै, तब पाप पुनि दोऊ न संचरै॥
फफा बिन फूलां फल होई, ता फल फंफ लहै जो कोई॥
दूंणी न पड़ै फूंक बिचारै, ताकी फूंक सबै तन फारै॥
बबा बंदहि बंद मिलावा, बंदहि बिंद न बिछुरन पावा॥
जे बंदा बंदि गहि रहै, तौ बंदिग होइ सबै बंद लहै॥
भभा भेदै भेद नहीं पावा, अरभ भांनि ऐसो आवा॥
जो बाहिरि सो भीतरि जाना, भयौ भेद भूपति पहिचाना॥
ममां मन सौं काज है, मनमानां सिधि होइ॥
मनहीं मन सौं कहै कबीर, मन सौं मिल्यां न कोइ॥
ममां भूल गह्यां मन माना, मरमी होइ सु मरमही जाना॥
मति कोई मनसौं मिलता बिलमावै, मगन भया तैं सो गति पावै॥
जजा सुतन जीवतहीं जरावै, जोबन जारि जुगति सो पावै॥
अं संजरि बुजरि जरि बरिहै, तब जाइ जोति उजारा लहै॥

तेतौ आहि निनार निरंजनां, आदि अनादि न आंन।
कहन सुनन कौं कीन्ह जग, आपै आप भुलांन॥
जिनि नटवै नटसारी साजी, जो खेलै सो दीसै बाजी॥
मो बपरा थैं जोगति ढाठी, सिव विरंचि नारद नहीं दीठी॥
आदि अंति जो लीन भये हैं, सहजैं जांनि संतोखि रहे हैं॥
सहजैं रांम नांम ल्यौ लाई, रांम नांम कहि भगति दिढाई॥
रांम नांम जाका मन मांनां, तिन तौ निज सरूप पहिचांनां॥
निज सरूप निरंजनां, निराकार अपरंपार अपार।
रांम नांम ल्यौ लाइस जियरे, जिनि भूलै विस्तार॥
करि बिसतार जग धंधै लाया, अंध काया थैं पुरिष उपाया॥
जिहि जैसी मनसा तिहि तैसा भावा, ताकूं तैसा कीन्ह उपावा॥

---

ररा सरस निरस करि जानै, निरस होइ सुरस करि मानैं॥
यहु रस बिसरै सो रस होई, सो रस रसिक लहै जे कोई॥
लला लहौ तौ भेद है, कहूँ तौ कौ उपगार॥
बटक बीज मैं रमि रह्या, ताका तीन लोक विस्तार॥
ववा वोइहि जाणिये, इहि जाण्यां वो होइ॥
वोह अस यहु जबहीं मिल्या, तब मिलत न जाणै कोइ॥
ससा सो नीका करि सोधै, घट परचा की बात निरोधै॥
घट परचौ जे उपजै भाव, मिलै ताहि त्रिभुवनपति राव॥
षषा खोजि परे जे कोई, जे खोजै सो बहुरे न होई॥
षोजि बूझि जे करै बिचार, तौ भौ-जल तिरत न लागे बार॥
ससा शोई शेज न्नू वारै, शोई शाव शदेह निवारै॥
अति सुख बिशरै परम शुख पावै, शो अस्त्री सो कत कहावै॥
हहा होइ होत नहीं जानै, जब होइ तबै मन मानै॥
है तो सही लहै जे कोई, जब वो होइ तब यहु न होई॥

तेतौ माया मोह भुलांनां, खसम रांम सो किनहूं न जांनां ॥
जिनि जांन्यां ते निरमल अंगा, नहीं जांन्यां ते भये भुजंगा ॥
ता मुखि बिष आवै बिष जाई, ते विष ही विष मैं रहै समाई ॥
माता जगत भूत सुधि नांहीं, भ्रंमि भूले नर आवैं जाहीं ॥
जानि बूझि चेतै नहीं अंधा, करम जठर करम के फंधा ॥
करम का बाध्या जीयरा, अह निसि आवै जाइ।
मनसा देही पाइ करि, हरि बिसरै तौ फिर पीछैं पछिताइ ॥
तौ करि त्राहि चेति जा अंधा, तजि परकीरति भजि चरन गोव्यंदा ॥
उदर कूप तजौ ग्रभ वासा, रे जीव रांम नांम अभ्यासा ॥
जगि जीवन जैसैं लहरि तरंगा, खिन सुख कूं भूलसि बहु संगा ॥
भगति कौ हींन जीवन कछू नांहीं, उतपति परलै बहुरि समांहीं ॥
भगति हीन अस जीवनां, जन्म मरन बहु काल ।
आश्रम अनेक करसि रे जियरा, रांम बिना कोई न करै प्रतिपाल ॥
सोई उपाव करि यहु दुख जाई, ए सब परहरि बिसै सगाई ॥
माया मोह जरै जग आगी, ता संगि जरसि कवन रस लागी ॥
त्राहि त्राहि करि हरी पुकारा, साध संगति मिलि करहु बिचारा ॥
रे रे जीवन नहीं बिश्रांमां, सब दुख खंडन रांम को नांमां ॥
रांम नांम संसार मैं सारा, रांम नांम भौ तारनहारा ॥

---

ससा उन मन से मन लावै, अनत न जाइ परम सुख पावै ॥
अरु जे तहां प्रेम ल्यौ लावै, तो डालह लहै लैहि चरन समावै ॥
षषा षिरत षपत नहीं चेते, षपत षपत गये जुग केते ॥
अब जुग जानि जोरि मन रहै, तौ जहाँ थै बिछर्यौ सो थिर लहै॥
बावन अषिर जोरे आंनि, एकौ आषिर सक्या न जांनि ॥
सति का शब्द कबीरा कहै, पूछौ जाई कहां मन रहै ॥
पंडित लौगनि कौ बौहार, ग्यानवंत कौं तन बिचारि ॥
जाकै हिरदै जैसा होई, कहै कबीर लहैगा सोई ॥

सुमित्र वेद सवै सुनै, नहीं आवै कृत काज
नहीं जैसैं कुंडिल बनित मुख, मुख सोभित बिन राज ॥
अब गहि रांम नांम अविनासी, हरि तजि जिनि कतहूं कै जासी ॥
जहां जाइ तहां तहां पतंगा, अब जिनि जरसि समझि विष संगा ॥
चोखा रांम नांम मनि लीन्हां, भिंम्री कीट भ्यंन नहीं कीन्हां ॥
भौसागर अति वार न पारा, ता तिरबे का करहु विचारा ॥
मनि भावै अति लहरि विकारा, नहीं गमि सूझै वार न पारा ॥
भौसागर अथाह जल, तामैं वोहित रांम अधार ।
कहै कबीर हम हरि सरन, तब गोपद सुर विस्तार ॥२॥

## [ बड़ी अष्टपदी रमैंणीं ]

एक बिनांनीं रच्या बिनांन, सब अयांन जो आपै जांन ॥
सत रज तम थैं कीन्हीं माया, चारि खानि बिस्तार उपाया ॥
पंच तत ले कीन्ह बंधानं, पाप पुंनि मांन अभिमानं ॥
अहंकार कीन्हें माया मोहू, संपति बिपति दीन्हीं सब काहू ॥
भले रे पोच अकुल कुलवंता, गुणी निरगुणीं धनं नीधनवंता ॥
भूख पियास अनहित हित कीन्हां, हेत मोर तोर करि लीन्हां ॥
पंच स्वाद ले कीन्हां बंधू, बंधे करम जो आहि अबंधू ॥
अवर जीव जंत जे आहीं, संकुट सोच बियापै ताहीं ॥
निंद्या अस्तुति मांन अभिमांना, इनि झूठै जीव हत्या गियांना ॥
बहु बिधि करि संसार भुलावा, झूठै दोजगि साच लुकावा ॥
माया मोह धन जोबनां, इनि बंधे सब लोइ ॥
झूठै झूठ बिया पिया कबीर, अलख न लखई कोइ ॥
झूठनि झूठ साच करि जांनां, झूठनि मैं सब साच लुकानां ॥
धंध बंध कीन्ह बहुतेरा, क्रम बिबर्जित रहै न नेरा ॥
षट दरसन आश्रम षट कीन्हां, षट रस खाटि काम रस लीन्हां ॥
चारि वेद छह सास्त्र बखानैं, बिद्या अनंत कथैं को जांनैं ॥

तप तीरथ कीन्ह ब्रत पूजा, धरम नेम दान पुंन्य दूजा ॥
और अगम कीन्हैं व्यौहारा, नहीं गमि सूझै वार न पारा ॥
लीला करि करि भेख फिरावा, ओट बहुत कछू कहत न आवा ॥
गहन ब्यंद कछू नहीं सूझै, आपन गोप भयौ आगम बूझै ॥
भूलि पर्‍यो जीव अधिक डराई, रजनी अंध कूप ह्वै आई ॥
माया मोह उनवैं भरपूरी, दादुर दामिनि पवनां पूरी ॥
तरिपै बरिषै अखंड धारा, रैंनि भांमनीं भया अँधियारा ॥
तिहि बियोग तजि भए अनाथा, परे निकुंज न पावैं पंथा ॥
वेद न आहि कहूं को मानैं जानि बूझि मैं भया अयानैं ॥
नट बहु रूप खेलै सब जांनैं, कला केर गुन ठाकुर मांनैं ॥
ओ खेलैं सब ही घट मांहीं, दूसर कै लेखै कछु नांहीं ॥
जाके गुन सोई पैं जांनैं, और को जांनैं पार अमानैं ॥
भले रे पोच औसर जब आवा, करि सनमांन पूरि जम पावा ॥
दांन पुन्य हम दिहूं निरासा, कब तक रहूं नटारंभ काछा ॥
फिरत फिरत सब चरन तुरांनैं, हरि चरित आगम कथै को जांनैं ॥
गण गंध्रप मुनि अंत न पावा, रह्यो अलख जग धंधै लावा ॥
इहि बाजी सिव बिरंचि भुलांनां, और बपुरा को क्यंचित जांनां ॥
त्राहि त्राहि हम कीन्ह पुकारा, राखि राखि साईं इहिबारा ॥
कोटि ब्रह्मंड गहि दीन्ह फिराई, फल कर कीट जनम बहुताई ॥
इस्वर जोग खरा जब लीन्हां, टर्‍यो ध्यांन तप खंड न कीन्हां ॥
सिध साधिक उनथैं कहु कोई, मन चित अस्थिर कहुँ कैसैं होई ॥
लीलां अगम कथै को पारा, बसहु समींप कि रहौ निनारा ॥

खग खोज पीछैं नहीं, तूं तत अपरंपार ।
बिन परचै का जांनियैं, सब झूठे अहंकार ॥

अलख निरंजन लखै न कोई, निरभै निराकार है सोई ॥
सुंनि असथूल रूप नहीं रेखा, द्रिष्टि अद्रिष्टि छिप्यौ नहीं पेखा ॥

बरन अबरन कथ्यौ नहीं जाई, सकल अतीत घट रह्यौ समाई ॥
आदि अंति ताहि नहीं मधे, कथ्यौ न जाई आहि अकथे ॥
अपरंपार उपजै नहीं बिनसै, जुगति न जांनियैं कथिये कैसैं ॥
जस कथिये तस होत नहीं, जस है तैसा सोइ ।
कहत सुनत सुख उपजै, अरु परमारथ होइ ॥
जांनसि नहीं कथसि अयांनां, हम निरगुन तुम्ह सरगुन जांनां ॥
मति करि हींन कवन गुन आंही, लालचि लागि आसिरै रहाई ॥
गुंन अरु ग्यांन दाऊ हम हींनां, जैसी कुछ बुधि बिचार तस कीन्हां॥
हम मसकीन कछू जुगति न आवै, जे तुम्ह दरवौ तौ पूरि जन पावै॥
तुम्हारे चरन कवल मन राता, गुन निरगुन के तुम्ह निज दाता ॥
जहुवां प्रगटि बजावहु जैसा, जस अनभै कथिया तिनि तैसा ॥
बाजै तंत्र नाद धुनि होई, जे बजावै सो औरै कोई ॥
बाजी नाचै कौतिग देखा, जो नचावै सो किनहूं न पेखा ॥
आप आप थैं जानियैं, है पर नाहीं सोइ ।
कबीर सुपिनैं केर धंन ज्यूं, जागत हाथि न होइ ॥
जिनि यहु सुपिनां फुर करि जांनां, और सबै दुखयादि न आंनां ॥
ग्यांन हीन चेतै नहीं सूता, मैं जाग्या बिष हर भै भूता ॥
पारधी बांन रहै सर सांधें, बिषम बांन मारै बिष बांधें ॥
काल अहेड़ी संझ सकारा, सावज ससा सकल संसारा ॥
दावानल अति जरें बिकारा, माया मोह रोकि ले जारा ॥
पवन सहाइ लोभ अति भइया, जम चरचा चहुँदिसि फिरि गइया ॥
जम के चर चहुँ दिसि फिरि लागे, हंस पंखेरूवा अब कहांजाइबे ॥
केस गहैं कर निस दिन रहई, जब धरि ऐंचे तब धरि चहई ॥
कठिन पासि कछू चलै न उपाई, जंम दुवारि सीझे सब जाई ॥
सोई त्रास सुनि रांम न गावै, मृगत्रिष्णां झूठी दिन धावै ॥
मृत काल किनहूं नहीं देखा, दुख कौं सुख करि सबही लेखा ॥

सुख करि मूल न चीन्हसि अभागी, चीन्हैं बिनां रहै दुख लागी ॥
नींब काट रस नींब पियारा, यूं बिष कूं अंमृत कहै संसारा ॥
बिष अंमृत एकै करि सांनां, जिनि चीन्ह्यां तिनहीं सुख मांनां ॥
अछित राज दिन दिनहि सिराई, अंमृत परहरि करि बिष खाई ॥
जांनि अजांनि जिन्है बिष खावा, परे लहरि पुकारैं धावा ॥
बिष के खांयें का गुंन होई, जा वेद न जांनैं परि सोई ॥
मुरछि मुरछि जीव जरि है आसा, कांजी अलप बहु खीर बिनासा ॥
तिल सुख कारनि दुख अस मेरू, चौरासी लख लीया फेरू ॥
अलप सुख दुख आहि अनंता, मन मैंगल भूल्यौ मैमंता ॥
दीपक जोति रहै इक संगा, नैंन नेह मांनूं परै पतंगा ॥
सुख बिश्रांम किनहूं नहीं पावा, परहरि साच जूठ दिन धावा ॥
लालच लागे जनम सिरावा, अंति काल दिन आइ तुरावा ॥
जब लग है यहु निज तन सोई, तब लग चेति न देखै कोई ॥
जब निज चलि करि किया पयांनां, भयौ अकाजतबफिरि पछितांनां ॥

मृगत्रिष्णां दिन दिन ऐसी, अब मोहि कछू न सोहाइ ।
अनेक जतन करि टारिये, करम पासि नहीं जाइ ॥

रे रे मन बुधिवंत भंडारा, आप आप ही करहु बिचारा ॥
कवन सयांन कौंन बौराई, किहि दुख पइये किहि दुख जाई ॥
कवन हरिख कौ बिष मैं जांनां, को अनहित को हित करि मांनां ॥
कवन सार को आहि असारा, को अनहित को आहि पियारा ॥
कवन साच कवन है झूठा, कवन करूं को लागै मीठा ॥
किहि जरियै किहि करिये अनंदा, कवन मुकति को मल के फंदा ॥

रे रे मन मोहि ब्यौरि कहि, हौं तत पूछौं तोहि ।
संसै सूल सबै भई, समझाई कहि मोहि ॥

सुंनि हंसा मैं कहूं बिचारी, त्रिजुग जोनि सबै अंधियारी ॥
मनिषा जन्म उत्तिम जौ पावा, जांनूं रांम तौ सयांन कहावा ॥

नहीं चेतै तौ जनम गंमावा, पऱ्यौ विहांन तब फिरि पछतावा ॥
सुख करि मूल भगति जौ जांनैं, और सबै दुख या दिन आंनैं ॥
अंमृत केवल रांम पियारा, और सबै विष के भंडारा ॥
हरिख आहि जौ रमियैं रांमां, और सबै बिसमां के कांमां ॥
सार आहि संगति निरबांनां, और सबै असार करि जांनां ॥
अनहित आहि सकल संसारा, नित करि जांनियैं रांम पियारा ॥
साच सोई जे थिरह रहाई, उपजै विनसै झूठ ह्वै जाई ॥
मींठा सो जो सहजैं पावा, अति कलेस थैं करू कहावा ॥
नां जरियै नां कीजै मैं मेरा, तहां अनंद जहां राम निहोरा ॥
मुकति सोज आपा पर जांनैं, सो पद कहां जु भरमि भुलांनैं ॥

प्रांननाथ जग जीवनां दुरलभ रांम पियार।
सुत सरीर धन प्रग्रह कबीर, जीये रे तर्वर पंख बसियार ॥

रे रे जीय अपनां दुख न संभारा, जिहिं दुख व्याप्या सब संसारा ॥
माया मोह भूले सब लोई, क्यंचित लाभ मांनिक दीयौ खोई ॥
मैं मेरी करि बहुत बिगूता, जननीं उदर जन्म का सूता ॥
बहुतैं रूप भेष बहु कीन्हां, जुरा मरन क्रोध तन खीनां ॥
उपजै बिनसै जोनि फिराई, सुख कर मूल न पावै चाही ॥
दुख संताप कलेस बहु पावै, सा न मिलै जे जरत बुझावै ॥
जिहि हित जीव राखिहै भाई, सो अनहित ह्वै जाइ बिलाई॥
मोर तोर करि जरे अपारा, मृग त्रिष्णां झूठी संसारा ॥
माया मोह झूठ रह्यौ लागी, का भयौ इहां का ह्वैहै आगी ॥
कछु कछु चेति देखि जीव अबही, मनिषा जनम न पावै कबही ॥
सार आहि जे संग पियारा, जब चेतै तब ही उजियारा ॥
त्रिजुग जोनि जे आहि अचेता, मनिषा जनम भयौ चित चेता ॥
आतमां मुरछि मुरछि जरि जाई, पिछले दुख कहतां न सिराई ॥
सोइ त्रास जे जांनैं हंसा, तौ अजहूं न जीव करै संतोसा ॥

औसार अति वार न पारा, ता तिरबे का करहु बिचारा ॥
जा जल की आदि अंति नहीं जांनियैं, ताकौ डर काहे न मानियैं ॥
को बोहिथ को खेवट आही, जिहि तिरिये सो लीजै चाही ॥
समझि बिचारि जीव जब देखा, यहु संसार सुपन करि लेखा ॥
भई बुधि कछू ग्यांन निहारा, आप आप ही किया बिचारा ॥
आपण मैं जे रह्यौ समाई, नेडै दूरि कथ्यौ नहीं जाई ॥
ताके चीन्हैं परचौ पावा, भई समझि तासूं मन लावा ॥
भाव भगति हित बोहिथा, सतगुर खेवनहार।
अलप उदिक सब जांणिये, जब गोपदखुर बिस्तार ॥ ३ ॥

## ( दुपदी रमैंणी )

भया दयाल विषहर जरि जागा, गहगहान प्रेम बहु लागा ॥
भया अनंद जीव भये उलहासा, मिले रांम मनि पूगी आसा ॥
मास असाढ़ रवि धरनि जरावै, जरत जरत जल आइ बुझावै ॥
रुति सुभाइ जिमीं सब जागी, अंमृत धार होइ झर लागी ॥
जिमीं मांहि उठी हरियाई, बिरहनि पीव मिले जन जाई ॥
मनिकां मनि कै भये उछाहा, कारनि कौंन बिसारी नाहा ॥
खेल तुम्हारा मरन भया मोरा, चौरासी लख कीन्हां फेरा ॥
सेवग सुत जे होइ अनिआई, गुन औगुन सब तुम्हि समाई ॥
अपने औगुन कहूं न पारा, इहै अभाग जे तुम्ह न संभारा ॥
दरबो नहीं कांइ तुम्ह नाहा; तुम्ह बिछुरै मैं बहु दुख चाहा ॥
मेघ न बरिखै जांहिं उदासा, तऊ न सारंग सागर आसा ॥
जलहर भर्‍यौ ताहि नहीं भावै, कै मरि जाइ कै उहै पियावै ॥
मिलहु रांम मनि पुरवहु आसा, तुम्ह बिछुर्‍यां मैं सकल निरासा ॥
मैं रनिरासी जब निध्य पाई, रांम नांम जीव जाग्या जाई ॥
नलनीं कै ज्यूं नीर अधारा, खिन बिछुर्‍यां थैं रवि प्रजारा ॥

रांम बिनां जीव बहुत दुख पावै, मन पतंग जगि अधिक जरावै ॥
माघ मास रुति कवलि तुसारा, भयौ वसंत तब बाग संभारा ॥
अपनैं रंगि सब कोइ राता, मधुकर बासं लेहि मैमंता ॥
वन कोकिला नाद गहगहांनां, रुति बसंत सब कै मनि मांनां ॥
विरहन्य रजनी जुग प्रति भइया, बिन पीव मिलें कलप टलि गइया ॥
आतमां चेति समझि जीव जाई, बाजी झूठ रांम निधि पाई ॥
भया दयाल निति बाजहिं बाजा, सहजैं रांम नांम मन राजा ॥

जरत जरत जल पाइया, सुख सागर कर मूल।
गुर प्रसादि कबीर कहि, भागी संसै सूल ॥

रांम नांम निज पाया सारा, अबिरथा झूठ सकल संसारा ॥
हरि उतंग मैं जाति पतंगा, जंबकु केहरि कै ज्यूं संगा ॥
क्यंचिति है सुपिनैं निधि पाई, नहीं सोभा कौं धरौ लुकाई ॥
हिरदै न समाइ जांनियै नहीं पारा; लागै लोभ न और हकारा ॥
सुमिरत हूँ अपनैं उपमानां, क्यंचित जोग रांम मैं जांनां ॥
सुखां साध का जांनियै आसाधा, क्यंचित जोग रांम मैं लाधा ॥
कुबिज होइ अंमृत फल वंछ्या, पहुँचा तब मन पूगी इंछ्यां ॥
नियर थैं दूरि दूरि थैं नियरा, राम चरित न जानियैं जियरा ॥
सीत थैं अगिन फुनि होई, रवि थैं ससि ससि थैं रवि सोई ॥
सीत थैं अगनि परजरई, जल थैं निधि निधि थैं थल करई ॥
बज्र थैं तिण खिण भीतरि होई, तिण थैं कुलिस करै फुनि सोई ॥
गिरवर छार छार गिरि होई, अविगति गति जानैं नहीं कोई ॥
जिहि दुरमति डौल्यौ संसारा, परे असूझि वार नहीं पारा ॥
बिख अमृत एकै करि लीन्हां, जिनि चीन्हां सुख तिनहूं हरि दीन्हां ॥
सुख दुख जिनि चीन्हां नहीं जांनां, ग्रासे काल सोग रुति मांनां ॥
होइ पतंग दीपक मैं परई, झूठैं स्वादि लागि जर जरई ॥
कर-गहि दीपक परहि जुकूपा, यहु अचिरज हम देखि अनूपा ॥

ग्यांनहीन ओछी मति बाधा, सुखां साध करतूति असाधा ॥
दरसन समि कछू साध न होई, गुर समांन पूजिये सिध सोई ॥
भेष कहा जे बुधि बिसूधा, बिन परचै जग बूड़नि बूड़ा ॥
जदपि रबि कहिये सुर आही, झूठे रबि लीन्हा सुर चाही ॥
कबहूँ हुतासन होइ जरावै, कबहूँ अखंड धार बरिखावै ॥
कबहूं सीत काल करि राखा, तिहूं प्रकार बहुत दुख देखा ॥
ताकूं सेवि मूढ़ सुख पावै, दौरै लाभ कूं मूल गवावै ॥
अछित राज दिने दिन होई, दिवस सिराइ जनम गये खोई ॥
मृत काल किनहूं नहीं देखा, माया मोह धन अगम अलेखा ॥
झूठै झूठ रह्यौ उरझाइ, साचा अलख जग लख्या न जाई ॥
साचै नियरै झूठै दूरी, बिष कूं कहै सजीवन मूरी ॥
कथ्यौ न जाइ नियरै अरु दूरी, सकल अतीत रह्या घट पूरी ॥
जहां देखौं तहां रांम समांनां, तुम्ह बिन ठौर और नहीं आंनां ॥
जदपि रह्या सकल घट पूरी, भाव बिनां अभि-अंतरि दूरी ॥
लोभ पाप दोऊ जरै निरासा, झूठै झूठै झूठि लागि रही आसा ॥
जहुवा ह्वै निज प्रगट बजावा, सुख संतोष तहां हम पावा ॥
नित उठि जस कीन्ह परकासा, पावक रहै जैसैं काष्ट निवासा ॥
बिना जुगति कैसैं मथिया जाई, काष्टैं पावक रह्या समाई ॥
कष्टैं कष्ट अग्नि पर जरई, जारै दार अग्नि समि करई ॥
ज्यूं रांम कहे ते रांमैं होई, दुख कलेस घालै सब खोई ॥
जन्म के कलि बिष जांहिं बिलांई भरम करम का कछु न बसाई ॥
भरम करम दोऊ बरतैं लोई, इनका चरित न जांनैं कोई ॥
इन दोऊ संसार भुलावा, इनके लागें ग्यांन गंवावा ॥
इनकौ मरम पै सोई बिचारी, सदा आनंद लै लीन मुरारी ॥
ग्यांन द्रिष्टि निज पेखै जोई, इनका चरित जांनैं पै सोई ॥
ज्यूं रजनीं रज देखत अंधियारी, डसे भुवंगम बिन उजियारी ॥

तारे अगिनत गुनहि अपारा, तऊ कछू नहीं होत अधारा ॥
झूठ देखि जीव अधिक डराई, बिनां भुवंगम डसी दुनियांई ॥
झूठै झूठै लागि रही आसा, जेठ मास जैसैं कुरंग पियासा ॥
इक त्रिषावंत दह दिसि फिरि आवै, झूठै लागा नीर न पावै ॥
इक त्रिषावंत अरु जाइ जराई, झूठी आस लागि मरि जाई ॥
नीझर नीर जाँनि परहरिया, करम के बांधे लालच करिया ॥
कहै मोर कछू आहि न वाही, भरम करम दोऊ मति गवाई ॥
भरम करम दोऊ मति परहरिया, झूठै नांऊ साच ले धरिया ॥
रजनीं गत भई रवि परकासा, भरम करम धूं केर बिनासा ॥
रवि प्रकास तारे गुन खींनां, आचार ब्यौहार सब भये मलीनां ॥
विष के दाधें विष नहीं भावै, जरव जरत सुखसागर पावै ॥
अनिल झूठ दिन धावै आसा, अंध दुरगंध सहै दुख त्रासा ॥
इक त्रिषावंत दुसरैं रवि तपई, दह दिसि ज्वाला चहुँ दिसि जरई ॥
करि सनमुखि धव ग्यांन विचारी, सनमुखि परिया अगनि मंझारी ॥
गछत गछत जब आगैं आवा, बित उनमांन ढिवुवा इक पावा ॥
सीतल सरीर तन रह्या समाई, तहां छाडि़ कत दाझै जाई ॥
यूं मन वारुनि भया हंमारा, दाधा दुख कलेस संसारा ॥
जरत फिरे चौरासी लेखा, सुख कर मूल किनहूँ नहीं देखा ॥
जाकें छाड़ें भये अनाथा, भूलि परै नहीं पावै पंथा ॥
अछै अभि-अंतरि नियरै दूरी, बिन चीन्ह्यां क्यूं पाइये मूरी ॥
जा विन हंस बहुत दुख पावा, जरत जरत गुरि रांम मिलावा ॥
मिल्या रांम रह्या सहजि समाई, खिन बिछुर्‌यां जीव उरझै जाई ॥
जा मिलियां तैं कीजै बधाई, परमांनंद रैंनि दिन गाई ॥
सखी सहेली लीन्ह बुलाई, रुति परमानंद भेटियै जाई ॥
सखी सहेली करहि अनंदू, हित करि भेटे परमानंदू ॥
चली सखी जहुँवां निज रांमां, भये उछाह छाड़े सब कांमां ॥

जांनूं कि मोरै सरस बसंता, मैं बलि जांऊ तोरि भगवंता ॥
भगति हेत गावै लैलीनां, ज्यूं बन नाद कोकिला कीन्हां ॥
बाजैं संख सबद धुनि बेनां, तन मन चित्त हरि गोब्रिंद लीनां ॥
चल अचल पांइन पंगुरनी, मधुकरि ज्यूं लेहि अघरनीं ॥
सावज सीह रहे सब मांची, चंद अरु सूर रहे रथ खांची ॥
गण गंध्रप मुनि जोवैं देवा, आरति करि करि बिनवैं सेवा ॥
बासि गयंद्रब्रह्मा करैं आसा, हंम क्यूं चित दुर्लभ रांम दासा ॥
भगति हेत रांम गुन गावैं, सुर नर मुनि दुरलभ पद पावैं ॥
पुनिम बिमल ससि मास बसंता, दरसन जोति मिले भगवंता ॥
चंदन विलनी बिरहनि धारा, यूं पूजिये प्रांनपति रांम पियारा ॥
भाव भगति पूजा अरु पाती, आतमरांम मिले बहु भांती ॥
रांम रांम रांम रुचि मांनैं, सदा अनंद रांम ल्यौ जांनैं ॥
पाया सुख सागर कर मूला, सो सुख नहीं कहूं सम तूला ॥

सुख समाधि सुख भया हमारा, मिल्या न बेगर होइ ।
जिहि लाधा सो जांनि है, रांम कबीरा और न जांनैं कोइ ॥४॥

## [ अष्टपदी रमैंणी ]

केऊ केऊ तीरथ ब्रत लपटांनां, केऊ केऊ केवल रांम निज जांनां ॥
अजरा अमर एक अस्थांनां, ताका मरम काहू बिरलै जांना ॥
अबरन जोति सकल उजियारा, द्रिष्टि समांन दास निस्तारा ॥
जे नहीं उपज्या धरनि सरीरा, ताकै पथिन सीच्या नीरा ॥
जा नहीं लागे सूरजि के बांनां, सो मोहि आंनि देहु को दांनां ॥
जब नहीं होते पवन नहीं पानीं, जब नहीं होती सिष्टि उपांनीं ॥
जब नहीं होते प्यंड न वासा, तब नहीं होते धरनि अकासा ॥
जब नहीं होते गरभ न मूला, तब नहीं होते कली न फूला ॥
जब नहीं होते सबद न स्वादं, तब नहीं होते बिद्या न बादं ॥

जब नहीं होते गुरू न चेला, गम अगमैं पंथ अकेला ॥

अब गति की गति क्या कहूं, जस कर गाँव न नांव ॥
गुन विहूंन का पेखिये, काकर धरिये नांव ॥

आदम आदि सुधि नहीं पाई, मां मां हवा कहां थैं आई ॥
जब नहीं होते रांम खुदाई, साखा मूल आदि नहीं भाई ॥
जब नहीं होते तुरक न हिंदू, माका उदर पिता का व्यंदू ॥
जब नहीं होते गाई कसाई, तब बिसमला किंनि फुरमाई ॥
भूले फिरैं दीन ह्वै धांवैं, ता साहिब का पंथ न पावैं ॥

संजोगैं करि गुंण धर्‌या, बिजौगैं गुंण जाइ ।
जिभ्या स्वारथि आपणैं, कीजै बहुत उपाइ ॥

जिनि कलमां कलि मांहि पठावा, कुदरति खोजि तिन्हूं नहीं पावा॥
कर्म करींम भये कर्तूता, वेद कुरान भये दोऊ रीता ॥
कृतम सो जुरभ अवतरिया, कृतम सो जुनाव जस धरिया ॥
कृतम सुनित्य और जनेऊ, हिंदू तुरक न जांनैं भेऊ ॥
मन मुसले की जुगति न जांनैं, मति भूलै द्वै दीन बखांनैं ॥

पांणीं पवन संजोग करि, कीया है उतपातिं ।
सुंनि मैं सबद समाइगा, तब कासनि कहिये जाति ॥

तुरकी धरम बहुत हम खोजा, बहु बजगार करै ए बोधा ॥
गाफिल गरब करैं अधिकाई, स्वारथ अरथि बधैं ए गाई ॥
जाकौ दूध धाइ करि पीजै, ता माता कौं बंध क्यूं कीजै ॥
लहुरैं थकैं दुहि पीया खीरो, ताका अहमक भकै सरीरो ॥

बेअकली अकलि न जांनहीं, भूले फिरैं ए लोइ ।
दिल दरिया दीदार बिन, भिस्त कहाँ थैं होइ ॥

पंडित भूले पढ़ि गुन्य वेदा, आप न पांवैं नांनां भेदा ॥
संध्या तरपन अरु षट करमां, लागि रहे इनकै आशरमां ॥

गायत्री 'जुग चारि पढ़ाई, पूछौ जाइ कुमति किनि पाई ॥
सब मैं रांम रहै ल्यौ सींचा, इन थैं और कहौ को नीचा ॥
अति गुन गरब करैं अधिकाई, अधिकै गरबि न होइ भलाई ॥
जाकौ ठाकुर गरब प्रहारी, सो क्यूं सकई गरब संहारी ॥

कुल अभिमांन बिचार तजि, खोजौ पद निरबांन ॥
अंकुर बीज नसाइगा, तब मिलै बिदेही थांन ॥

खत्री करै खत्रिया धरमो, तिनकूं होय सवाया करमो ॥
जीवहि मारि जीव प्रतिपारैं, देखत जनम अपनौं हारैं ॥
पंच सुभाव जु मेटैं काया, सब तजि करम भजैं रांम राया ॥
खत्री सों जु कुटुंब सूं सूझै, पंचू मेटि एक कूं बूझै ॥
जो आवध गुर ग्यांन लखावा, गहि करवाल धूप धरि धावा ॥
हेला करै निसांनैं घाऊ, भूझ परै तहां मनमथ राऊ ॥

मनमथ मरै न जीवई, जीवण मरण न होइ।
सुनि सनेही रांम बिन, गये अपनपौ खोइ ॥

अरु भूले षट दरसन भाई, पाखंड भेस रहे लपटाई ॥
जैंन बोध अरु साकत सैंनां, चारबाक चतुरंग बिहूँनां ॥
जैंन जीवकी सुधि न जानैं, पाती तोरि देहुरै आंनैं ॥
दोनां मवरा चंपक फूला, तामैं जीव बसैं कर तूला ॥
अरु प्रिथमीं का रोम उपारैं, देखत जीव कोटि संघारैं ॥
मनमथ करम करैं अस रारा, कलपत बिंद धसैं तिहि द्वारा ॥
ताकी हत्या होइ अदभूता, षट दरसन मैं जैंन बिगूता ॥

ग्यान अमर पद बाहिरा, नेड़ा ही तैं दूरि।
जिनि जान्यां तिनि निकटि है, रांम रहा सकल भरपूरि ॥

आपन करता भये कुलाला, बहु बिधि सिष्टि रची दर हाला ॥
विधनां कुंभ किये द्वै थांना, प्रतिबिंबता मांहि समांनां ॥

बहुत जतन करि बांनक बांनां, सौंज मिलाय जीव तहां ठांनां ॥
जठर अगनि दी कीं परजाली, ता मैं आप करै प्रतिपाली ॥
भींतर थैं जब बाहिर आवा, सिव सकती द्वै नांव धरावा ॥
भूलै भरमि परै जिनि कोई, हिंदू तुरक झूठ कुल दोई ॥
घर का सुत जे होइ अयांनां, ताके संगि क्यूं जाइ सयांनां ॥
साची बात कहै जे वासूं, सो फिरि कहै दिवांनां तासूं ॥
गोप भिन है एकै दूधा, कासूं कहिये बाम्हन सूधा ॥

जिनि यहु चित्र बनाइया, सो साचा सुतधार ॥
कहै कबीर ते जन भले, जे चित्रवत लेहि बिचार ॥५॥

## [ बारहपदी रमैंणी ]

पहली मन मैं सुमिरौं सोई, ता सम तुलि अवर नहीं कोई ॥
कोई न पूजै बांसूँ प्रांनां, आदि अंति वो किनहूं न जांनां ॥
रूप सरूप न आवै बोला, हरू गरू कछू जाइ न तोला ॥
भूख न त्रिषा धूप नहीं छांहीं, सुख दुख रहित रहै सब मांहीं ॥

अविगत अपरंपार ब्रह्म, ग्यान रूप सब ठांम ।
बहु बिचार करि देखिया, कोई न सारिख रांम ॥

जो त्रिभुवन पति ओहै ऐसा, ताका रूप कहौ धौं कैसा ॥
सेवत जन सेवा कै तांई, बहुत भांति करि सेवि गुसांई ॥
तैसी सेवा चाहौ लाई, जा सेवा बिन रह्या न जाई ॥
सेव करतां जो दुख भाई, सो दुख सुख बरि गिनहु सवाई ॥
सेव करंतां सो सुख पावा, तिन्य सुख दुख दोऊ बिसरावा ॥

सेवग सेव भुलांनियां, पंथ कुपंथ न जान ।
सेवक सो सेवा करै, जिहि सेवा भल मांन ॥

जिहि जग की तस कौ तस के ही, आपै आप आथिहै एही ।
कोई न लखई वाका भेऊ, भेऊ होइ तौ पावै भेऊ ।

बावैं न दांहिनैं आगैं न पीछू; अरध न उरध रूप नहीं कीछू ॥
माय न बाप आव नहीं जावा, नां बहु जण्यां न को वहि जावा ॥
वो है तैसा वोही जांनैं, ओही आहि आहि नहीं आंनैं ॥

नैनां बैंन अगोचरी, श्रवनां करनीं सार।
बोलन कै सुख कारनैं, कहिये सिरजनहार ॥

सिरजनहार नांउ धूं तेरा, भौसागर तिरिवे कूं भेरा ॥
जे यहु भेरा रांम न करता, तौ आपैं आप आवटि जग मरता ॥
रांम गुसांईं मिहर जु कीन्हां, भेरा साजि संत कौं दीन्हां ॥

दुख खंडण मही मंडणां, भगति मुकति बिश्रांम।
बिधि करि भेरा साजिया, धर्‍या रांम का नांम ॥

जिनि यहु भेरा दिढ़ करि गहिया, गये पार तिन्हौं सुख लहिया ॥
दुमनां ह्वै जिनि चित्त डुलावा, कर छिटके थैं थाह न पावा ॥
इक डूबे अरु रहे उरवारा, ते जगि जरे न राखणहारा ॥
राखन की कछु जुगति न कीन्हीं, राखणहार न पाया चीन्हीं ॥
जिनि चीन्हां ते निरमल अंगा, जे अचीन्ह ते भये पतंगा ॥

रांम नांम ल्यौ लाइ करि, चित चेतनि ह्वै जागि।
कहै कबीर ते ऊबरे, जे रहे रांम ल्यौ लागि ॥

अरचित अविगत है निरधारा, जांण्यां जाइ न वार न पारा ॥
लोक वेद थैं अछै नियारा, छाड़ि रह्यौ सबही संसारा ॥
जसकर गांउ न ठांउ न खेरा, कैसें गुन बरनूं मैं तेरा ॥
नहीं तहा रूप रेख गुन बांनां, ऐसा साहिब है अकुलांनां ॥
नहीं सो ज्वांन न बिरध नहीं बारा, आपैं आप आपनपौ तारा ॥

कहै कबीर बिचारि करि, जिनि को लावै भंग।
सेवौ तन मन लाइ करि, रांम रह्या सरबंग ॥

नहीं सो दूरि नहीं सो नियरा, नहीं सो तात नहीं सो सियरा ॥

पुरिष न नारिं करै नहीं क्रीरा, घांम न घांम न व्यापै पीरा ॥
नदी न नाव धरनि नहीं धीरा, नहीं सो कांच नहीं सो हीरा ॥
कहै कबीर बिचारि करि, तांसूं लावो हेत ।
वरन विवरजत ह्वै रह्या, नां सो स्यांम न सेत ॥
नां वो वारा व्याह बराता, पीत पितंबर स्यांम न राता ॥
तीरथ व्रत न आवै जाता, मन नहीं मोनि वचन नहीं वाता ॥
नाद न विंद गरथ नहीं गाथा, पवन न पांणीं संग न साथा ॥
कहै कबीर बिचारि करि, ताकै हाथि न नाहि ।
सो साहिब किनि सेविये, जाकै धूप न छांह ॥
ता साहिब कै लागौ साथा, दुख सुख मेटि रह्यौ अनाथा ॥
नां जसरथ घरि औतरि आवा, नां लंका का राव संतावा ॥
देवै कूख न औतरि आवा, ना जसवै ले गोद खिलावा ॥
ना वा ग्वालन कै संग फिरिया, गोबरधन ले न कर धरिया ॥
वांवन होय नहीं बलि छलिया, धरनी वेद लेन उधरिया ॥
गंडक सालिकरांम न कोला, मछ कछ ह्वै जलहि न डोला ॥
बद्री वैस्य ध्यांन नहीं लावा, परसरांम ह्वै खत्री न संतावा ॥
द्वारामती सरीर न छाड़ा; जगनाथ ले प्यंड न गाड़ा ॥
कहै कबीर बिचार करि, ये ऊले व्योहार ।
याही थैं जे अगम है, सो बरति रह्या संसारि ॥
नां तिस सबद न स्वाद न सोहा, नां तिंहि मात पिता नहीं मोहा ॥
नां तिहि सास ससुर नहीं सारा, नां तिहि रोज न रोवन हारा ॥
नां तिहि सूतिग पातिग जातिग, नां तिहि माइ न देव कथा पिक ॥
नां तिहि त्रिध बधावा बाजैं, नां तिहि गीत नाद नहीं साजैं ॥
नां तिहि जाति पांत्य कुल लीका, नां तिहि छोति पवित्र नहीं सींचा ॥
कहै कबीर बिचारि करि, ओ है पद निरबांन ।
सति ले मन मैं राखिये, जहां न दूजी आंन ॥

नां सो आवै नां सो जाई ताकै बंध पिता नहीं माई।
चार बिचार कछू नहीं वाकै, उनमनि लागि रहौ जे ताकै॥
को है आदि कवन का कहिये, कवन रहनि वाका ह्वै रहिये॥
कहै कबीर बिचारि करि, जिनि को खोजै दूरि।
ध्यांन धरौ मन सुध करि, रांम रह्या भरपूरि॥
नाद बिंद रंक इक खेला, आपैं गुरू आप ही चेला॥
आपैं मंत्र आपैं मंत्रेला, आपैं पूजै आप पूजेला॥
आपैं गावै आप बजावै, अपनां कीया आप ही पावै॥
आपैं धूप दीप आरती, अपनीं आप लगावैं जाती॥
कहै कबीर बिचारि करि, झूठा लोही चांम।
जो या देही रहित है, सो है रमिता रांम॥

## [ चौपदी रमैंणीं ]

ऊंकार आदि है मूला, राजा परजा एकहि सूला॥
हम तुम्ह मांहैं एकै लोहू, एकै प्रांन जीवन है मोहू॥
एकही बास रहै दस मासा, सूतग पातग एकै आसा॥
एकही जननीं जन्यां संसारा, कौंन ग्यांन थैं भये निनारा॥
ग्यांन न पायौ बावरे, धरी अविद्या मैंड।
सतगुर मिल्या न मुक्ति फल, ताथैं खाई बैंड॥
बालक ह्वै भग द्वारे आवा, भग भुगतन कूं कुरिष कहावा॥
ग्यांन न सुमिर्‍यो निरगुण सारा, बिषथैं बिरचि न किया बिचारा॥
भाग भगति सूं हरि न अराधा, जनम मरन की मिटी न साधा॥
साध न मिटी जनम की, मरन तुराना आइ।
मन क्रम बचन न हरि भज्या, अंकुर बीज नसाइ॥
तिण चरि सुरही उदिक जु पीया, द्वारै दूध बछ कूं दीया॥
बछा चूंखत उपजी न दया, बछा बांजि बिछोही मया॥

ताका दूध आप दुहि पीया, ग्यांन विचार कछू नहीं कीया ॥
जे कुछ लोगनि सोई कीया, माला मंत्र आदि ही लीया ॥
पीया दूध रुध्र ह्वै आया, मुई गाइ तब दोष लगाया ॥
बाकस ले चमरां कूं दीन्हीं तुचा रंगाइ करौती कीन्हीं ॥
ले रुकनौती बैठे संगा, ये देखौ पांडे के रंगा ॥
तिहि रुकरौती पांणीं पीया, यहु कुछ पांडे अचिरज कीया ॥

अचिरज कीया लोक मैं, पीया सुहागल नीर।
इंद्री स्वारथि सब कीया, बंध्यां भरम सरीर ॥

एकै पवन एकही पांणी, करी रसोई न्यारी जांनीं ॥
माटी सूं माटी ले पोती, लागी कहौ कहां धूं छोती ॥
धरती लीपि पवित्र कीन्हीं, छोति उपाय लीक बिचि दीन्हीं ॥
याका हम सूं कहौ विचारा, क्यू भव तिरिहौ इहि आचारा ॥
ए पांखंड जींव के भरमां, मांनि अमांनि जीव के करमां ॥
करि आचार जु ब्रह्म संतावा, नांव विनां संतोष न पावा ॥
सालिगरांम सिला करि पूजा, तुलसी तोड़ि भया नर दूजा ॥
ठाकुर ले पाटै पौढावा, भोग लगाइ अरु आपै खावा ॥
साच सील का चौका दीजै, भाव भगति की सेवा कीजै ॥
भाव भगति की सेवा मांनैं, सतगुर प्रगट कहै नहीं छांनैं ॥
अनभै उपजि न मन ठहराई, परकीरति मिलि मन न समाई ॥
जब लग भाव भगति नहीं करिहौ, तब लग भवसागर क्यूंतिरिहौ ॥

भाव भगति बिसवास बिन, कटै न संसै सूल।
कहै कबीर हरि भगति बिन, मूकति नहीं रे मूल ॥

---

# परिशिष्ट

## अर्थात्

श्रीग्रंथसाहब में दिए हुए पदों में से कबीरदास के
उन पदों का संग्रह जो इस ग्रंथावली
में नहीं आए हैं।

# परिशिष्ट

## ( १ ) साखी

आठ जाम चौसठि घरी तुअ निरखत रहै जीउ।
नीचे लोइन क्यों करौ सब घट देखौ पीउ ॥ १ ॥
ऊँच भवन कनक कामिनी सिखरि धजा फहराइ।
ताते भली मधुकरी संत संत संग गुन गाइ ॥ २ ॥
अंबर घन हरु छाइया बरषि भरे सर ताल।
चातक ज्यों तरसत रहै तिनकौ कौन हवाल ॥ ३ ॥
अल्लह की कर बंदगी जिह सिमरत दुख जाइ।
दिल महि साँई परगटै बुझै बलती नाइ ॥ ४ ॥
अवरह कौ उपदेस ते मुख मैं परिहै रेतु।
रासि बिरानी राखते खाया घर का खेतु ॥ ५ ॥
कबीर आई मुझहि पहि अनिक करे करि भेसु।
हम राखे गुरु आपने उन कीनो आदेसु ॥ ६ ॥
आखी केरे माटु के पल पल गई बिहाइ।
मनु जंजाल न छोड़ई जम दिया दमामा आइ ॥ ७ ॥
आसा करियै राम की अवरै आस निरास।
नरक परहि ते मानई जो हरिनाम उदास ॥ ८ ॥
कबीर इहु तनु जाइगा सकहु त लेहु बहोरि।
नागे पाँवहु ते गये जिनके लाख करोरि ॥ ९ ॥
कबीर इहु तनु जाइगा कवनै मारग लाइ।
कै संगति करि साध की कै हरि के गुन गाइ ॥१०॥

एक घड़ी आधी घड़ी आधी हूं ते आध।
भगतन सेटी गोसटे जो कीने सो लाभ ॥११॥
एक मरंते दुइ मुये दोइ मरंतेहि चारि।
चारि मरंतहि छहि मुये चारि पुरुष दुइ नारि ॥१२॥
ऐसा एक आधु जो जीवन मृतक होइ।
निरभै होइ कै गुन रवै जत पेखौ तत सोइ ॥१३॥
कबीर ऐसा को नहीं इह तन देवै फूकि।
अंधा लोगुन जानई रह्यो कबीरा कूकि ॥१४॥
ऐसा जंतु इक देखिया जैसी देखी लाख।
दीसै चंचलु वहु गुना मति-हीना नापाक ॥१५॥
कबीर ऐसा बीजु बोइ बारह मास फलंत।
सीतल छाया गहिर फल पंखी केल करंत ॥१६॥
ऐसा सत गुरु जे मिलै तुट्ठा करे पसाउ।
मुकति दुआरा मोकला सहजे आवौ जाउ ॥१७॥
कबीर ऐसी होइ परी मन को भावतु कीन।
मरने ते क्या डरपना जब हाथ सिंधौरा लीन ॥१८॥
कंचन के कुंडल बने ऊपर लाल जड़ाउ।
दीसहि दाधे कान ज्यों जिन मन माहीं नाउ ॥१९॥
कबीर कसौटी राम की झूठा टिका न कोइ।
राम कसौटी सो सहै जो मरि जीवा होइ ॥२०॥
कबीर कस्तूरी भया भवर भये सब दास।
ज्यों ज्यों भगति कबीर की त्यों त्यों राम निवास ॥२१॥
कागद केरी ओवरी मसु के कर्म कपाट।
पाहन बोरी पिरथमी पंडित पाड़ी बाट ॥२२॥
काम परे हरि सिमिरियै ऐसा सिमरौ नित्त।
अमरापुर बासा करहु हरि गया बहोरै वित्त ॥२३॥

काया कजली घन भया मन कुजर मयमंतु।
अंक सुज्ञान रतन्न है खेवट विरला संतु ॥२४॥
काया काची कारवी काची केवल धातु।
सावतु रख हित राम तनु नाहि त बिनठी बात ॥२५॥
कारन बपुरा क्या करै जौ राम न करै सहाइ।
जिह जिह डाली पग धरौं सोई मुरि मुरि जाइ ॥२६॥
कबीर कारन सो भयो जो कीनो करतार।
तिसु बिन दूसर को नहीं एकै सिरजनुहार ॥२७॥
कालि करंता अबहि करु अब करता सुइ ताल।
पाछै कछू न होइगा जौ सिर पर आवै काल ॥२८॥
कीचड़ आटा गिरि परथा किछू न आयो हाथ।
पीसत पीसत चाबिया सोइ निबह्या साथ ॥२९॥
कबीर कूकरु भौकता कुरंग पिछै उठि धाइ।
कर्मी सति गुरु पाइया जिन हौ लिया छढ़ाइ ॥३०॥
कबीर कोठी काठ की दह दिसि लागी आगि।
पंडित पंडित जल मुये मूरख उबरे भागि ॥३१॥
कोठे मंडप हेतु करि काहे मरहु सवारि।
कारज साढ़े तीन हथ घनी त पौने चारि ॥३२॥
कौड़ी कौड़ी जोरि कै जोरे लाख करोरि।
चलती बार न कछु मिल्यो लई लँगोटी तोरि ॥३३॥
खिंथा जलि कोयला भई खापर फूटम फूट।
जोगी बपुड़ा खेलियो आसनि रही बिभूति ॥३४॥
खूब खाना खीचरी जामै अमृत लोन।
हेरा रोटी कारने गला कटावै कौन ॥३५॥
गंगा तीर जु घर करहि पीवहि निर्मल नीर।
विनु हरि भगत न मुकति होइ यों कहि रमे कबीर ॥३६॥

कबीर राति होवहि करिया कारे ऊभे जंतु।
लै फाहे उठि धावते सिजानि मारे भगवंतु ॥३७॥
कबीर गरबु न कीजियै चाम लपेटे हाड़।
हैवर ऊपर छत्र तर ते फुन धरनी गाड़ ॥३८॥
कबीर गरब न कीजियै ऊँचा देखि अवासु।
आजु कालि भुइ लेटना ऊपरि जामै घासु ॥३९॥
कबीर गरबु न कीजियै रंकु न हसियै कोइ।
अजहु सुनाउ समुद्र महि क्या जानै क्या होइ ॥४०॥
कबीर गरबु न कीजियै देही देखि सुरंग।
आजु कालि तजि जाहुगे ज्यों कांचुरी भुअंग ॥४१॥
गहगच परयो कुटंब कै कंठै रहि गयो राम।
आइ परे धर्म राइ के बीचहि घूमा धाम ॥४२॥
कबीर गागर जल भरी आजु कालि जैहै फूटि।
गुरु जु न चेतहि आपुनो अधमाझली जाहिगे लूटि॥४३॥
गुर लागा तब जानिये मिटै मोह तन ताप।
हरष सोग दाझै नहीं तब हरि आपहि आप ॥४४॥
कबीर घाणी पीड़ते सती गुरु लिये छुड़ाइ।
परा पूरबली भावनी परगति होई आइ ॥४५॥
चकई जौ निसि बीछुरै आइ मिले परभाति।
जो नर बिछुरै राम स्यों ना दिन मिले न राति ॥४६॥
चतुराई नहिं अति घनी हरि जपि हिरदै माहि।
सूरी ऊपरी खेलना गिरै त ठाहरि नाहि ॥४७॥
चरन कमल की मौज को कहि कैसे उनमान।
कहिबे कौ सोभा नहीं देखा ही परवान ॥४८॥
कबीर चावल कारने तुषकौ मुहली लाइ।
संग कुसंगी बैसते तब छैपू धर्मराइ ॥४९॥

चुगै चितारै भी चुगै चुगि चुगि चितारै।
जैसे बच रहि कुंज मन माया ममता रे ॥५०॥
चोट सहेली सेल की लागत लेइ उसास।
चोट सहारे सबद की तासु गुरू मैं दास ॥५१॥
जग काजल की कोठरी अंध परे तिस मांहि।
हौं बलिहारी तिन्न की पैसि जु नीकसि जाहि ॥५२॥
जग बांध्यो जिह जेवरी तिह मत बँधहु कबीर।
जैहहि आटा लोन ज्यों सोन समान शरीर ॥५३॥
जग मैं चेत्यो जानि कै जग मैं रह्यो समाइ।
जिन हरि नाम न चेतियो बादहि जनमे आहि ॥५४॥
कबीर जहं जहं हौं फिर्‌यौ कौतक ठाओ ठांइ।
इक राम सनेही बाहरा ऊजरु मेरे भांइ ॥५५॥
कबीर जाको खोजते पायो सोई ठौर।
सोई फिरि कै तू भया जाको कहता और ॥५६॥
जाति जुलाहा क्या करै हिरदै बसे गुपाल।
कबीर रमइया कंठ मिलु चूकहि सब जंजाल ॥५७॥
कबीर जा दिन हौं मुआ पाखै भया अनंदु।
मोही मिल्यो प्रभु आपना संगी भजहि गोविंदु ॥५८॥
जिह दर आवत जातहु हटकै नाही कोइ।
सो दरु कैसे छोड़िये जो दरु ऐसा होइ ॥५९॥
जीय जो मारहि जोरु करि कहते हहि जु हलालु।
दफतर दई जब काढ़िहै होइगा कौन हवालु ॥६०॥
कबीर जेते पाप किये राखे तलै दुराइ।
परगट भये निदान सब जब पूछै धर्मराइ ॥६१॥
जैसी उपजी पेड़ ते जौ तैसी निबहै ओड़ि।
हीरा किसका बापुरा पुजहि न रतन करोड़ि ॥६२॥

जौ मैं चितवौ ना करै क्या मेरे चितवे होइ।
अपना चितव्या हरि करै जो मेरे चित्ति न होइ ॥६३॥
जोर किया सो जुलुम है लेइ जवाब खुदाइ।
दफ्तर लेखा नीकसै मार मुहै मुह खाइ ॥६४॥
जो हम जंत्र बजावते टूटि गई सब तार।
जंत्र बिचारा क्या करै चले बजावनहार ॥६५॥
जौ गृह कर हित धर्म करु नाहिं त करु बैरागु।
बैरागी बंधन करै ताकौ बड़ो अभागु ॥६६॥
जौ तुहि साध पिरम्म की सीस काटि करि गोइ।
खेलत खेलत हाल करि जो किछु होइ त होइ ॥६७॥
जौ तुहि साध पिरम्म की पाके सेती खेलु।
काची सरसो पेलि कै ना खलि भई न तेलु ॥६८॥
कबीर झंखु न झंखियै तुम्हरो कह्यौ न होइ।
कर्म करीम जु करि रहे मेटि न साकै कोइ ॥६९॥
टालै टोलै दिन गया ब्याज बढ़ंतो जाइ।
नां हरि भज्यो ना खत फट्यो काल पहूंचो आइ ॥७०॥
ठाकुर पूजहि मोल ले मन हठ तीरथ जाहि।
देखा देखी स्वाँग धरि भूले भटका खाहि ॥७१॥
कबीर डगमग क्या करहि कहा डुलावहि जीउ।
सर्व सूख की नाइ को राम नाम रस पीउ ॥७२॥
डूबहिगो रे बापुरे बहु लोगन की कानि।
पारोसी के जो हुआ तू अपने भी जानि ॥७३॥
डूबा था पै उब्बर्‍यो गुन की लहरि झबकि।
जब देख्यो बेड़ा जरजरात तब उतरि पर्‍यो हौं फरकि ॥७४॥
तरवर रूपी रामु है फल रूपी बैरागु।
छाया रूपी साधु है जिन तजिया बादु बिबादु ॥७५॥

कबीर तासों प्रीति करि जाको ठाकुर राम।
पंडित राजे भूपती आवहि कौनै काम ॥७६॥
तूंतूं करता तूं हुआ मुझ मैं रही न हूं।
जब आपा पर का मिटि गया जित देखौं तित तूं ॥७७॥
थूनी पाई थिति भई सति गुरु बंधी धीर।
कबीर हीरा बनजिया मानसरोवर तीर ॥७८॥
कबीर थोड़े जल माछुली झीवर मेल्यो जाल।
इहटौ घनै न छूटि सहि फिरि करि समुद सम्हालि ॥७९॥
कबीर देखि कै किह कहौ कहे न को पतिआइ।
हरि जैसा तैसा उही रहौ हरखि गुन गाइ ॥८०॥
देखि देखि जग ढूंढिया कहूं न पाया ठौर।
जिन हरि का नाम न चेतियो कहा भुलाने और ॥८१॥
कबीर धरती साध की तसकर बैसहि गाहि।
धरती भार न व्यापई उनकौ लाहू लाहि ॥८२॥
कबीर नयनी काठ की क्या दिखलावहि लोइ।
हिरदै राम न चेतहीं इहि नयनी क्या होइ ॥८३॥
जा घर साध न सीवियहि हरि की सेवा नाहि।
ते घर मरहट सारखे भूत बसहि तिन माहि ॥८४॥
ना मोहि छानि न छापरीं ना मोहि घर नहीं गाउ।
मति हरि पूछै कौन है मेरे जाति न नाउ ॥८५॥
निर्मल बूँद अकास की लीनी भूमि मिलाइ।
अनिक सियाने पच गये ना निरवारीं जाइ ॥८६॥
नृप-नारी क्यों निंदियै क्यों हेरि चेरी कौ मान।
ओह माँगु सवारै विषै कौ ओहु सिमरै हरिनाम ॥८७॥
नैन निहारौ तुझकौ स्रवन सुनहु तुव नाउ।
बैन उचारहु तुव नाम जी चरन कमल रिद ठाउ ॥८८॥

परदेसी कै घाघरै चहु दिसि लागी आगि।
खिंथा जल कुइला भई तागे आँच न लागि ॥८९॥
परभाते तारे खिसहि त्यों इहु खिसै सरीरु।
पै दुई अक्खर ना खिसहिं सो गहि रह्यो कबीरु ॥९०॥
पाटन ते ऊजरु भला राम भगत जिह ठाइ।
राम सनेही बाहरा जमपुर मेरे भाइ ॥९१॥
पापी भगति न पावई हरि पूजा न सुहाइ।
माखी चंदन परहरै जह बिगंध तह जाइ ॥९२॥
कबीर पारस चदनै तिन है एक सुगंध।
तिहि मिलि तेउ ऊतम भए लोह काठ निरगंध ॥९३॥
पालि समुद सरवर भरा पी न सकै कोइ नीर।
भाग बड़े ते पाइयो तू भरि भरि पीउ कबीर ॥९४॥
कबीर प्रीति इकस्यो किए आनँद बद्धा जाइ।
भावै लाँबे केस कर भावै घररि मुडाइ ॥९५॥
कबीर फल लागे फलनि पाकन लागै आंब।
जाइ पहुँचै खसम कौ जौ बीचि न खाई कांब ॥९६॥
बाम्हन गुरु है जगत का भगतन का गुरु नाहि।
अरझि उरझि कै पच मुआ चारहु बेदहु माहि ॥९६॥
कबीर बेड़ा जरजरा फूटे छेक हजार।
हरुये हरुये तिरि गये डूबे जिनि सिर भार ॥९८॥
भली भई जौ भो पऱ्या दिसा गईं सब भूलि।
ओरा गरि पानी भया जाइ मिल्यौ ढलि कूलि ॥९९॥
कबीर भली मधूकरी नाना विधि को नाजु।
दावा काहू को नहीं बड़ो देश बड़ राजु ॥१००॥
भाँग माछुली सुरापान जो जो प्रानीं खांहि।
तीरथ बरत नेम किये ते सबै रसातल जांहि ॥१०१॥

भार पराई सिर चरै चलियो चाहै बाट।
अपने भारहि ना डरै आगै औघट घाट ॥१०२॥
कबीर मन निर्मल भया जैसा गंगा नीर।
पाछै लागो हरि फिरहि कहत कबीर कबीर ॥१०३॥
कबीर मन पंखी भयौ उड़ि उड़ि दह दिसि धाइ।
जो जैसी संगति मिलै सो तैसौ फल खाई ॥१०४॥
कबीर मन मूड्या नहीं केस मुड़ाये काइ।
जो किछु किया सो मन किया मुंडामुंड अजाइ ॥१०५॥
मया तजी तौ क्या भया जो मानु तज्या नहिं जाइ।
मान मुनि मुनिवर गले मानु सबै कौ खाइ ॥१०६॥
कबीर महदी करि घालिया आपु पिसाइ पिसाइ।
तैसेइ बात न पूछियै कबहु न लाई पाइ ॥१०७॥
माई मूढ़हु तिह गुरु जाते भरमु न जाइ।
आप डुबे चहु वेद महि चेले दिये बहाइ ॥१०८॥
माटी के हम पूतरे मानस राख्यो नाउ।
चारि दिवस के पाहुने बड़ बड़ रूधहि ठाउ ॥१०९॥
मानस जनम दुर्लभ है होइ न बारै बारि।
जौ बन फल पाके भुइ गिरहि बहुरि न लागै डारि॥११०॥
कबीर माया डोलनी पवन झकोलनहारु।
सतहु माखन खाइया छाछि पियै संसारु ॥१११॥
कबीर माया डोलनी पवन वहै हिवधार।
जिन बिलोया तिन पाइया अवरन बिलोवनहार ॥११२॥
कबीर माया चोरटी मुसि मुसि, लावै हाटि।
एकु कबीरा नाम सै जिन कोनी बारह बाटि ॥११३॥
मारी मरौ कुसंग को केले निकटि जु बेरि।
उह झूलै उह चीरियै साकत संगु न हेरि ॥११४॥

मारे बहुत पुकारिया पीर पुकारै और।
लागी चोट मरम्म की रह्यो कबीरा ठौर ॥११५॥
नुकति दुआरा संकुरा राई दसएँ भाइ।
मन तौ मैगल होइ रह्यो निकस्यो क्यों कै जाइ ॥११६॥
मुल्ला मुनारे क्या चढ़हि सांइ न बहरा होइ।
जां कारन तू बाँग देहि दिल ही भीतर जोइ॥११७॥
मुहि मरने का चाउ है मरौं तौ हरि कै द्वार।
मत हरि पूछै कौ है परा हमारै बार ॥११८।
कबीर मेरी जाति कौ सब कोइ हँसनेहारु।
बलिहारी इस जातिकौ जिह जपियो सिरजनहारु॥११९॥
कबीर मेरी बुद्धि कौ जमु न करै तिसकार।
जिन यह जमुआ सिरजिया सु जपिया परविदगार॥१२०॥
कबीर मेरी सिमरनी रसना ऊपरि रामु।
आदि जगादि सगल भगत ताको सुख विस्रामु ॥१२१॥
यम का टेंगा बुरा है ओह नहिं सहिया जाइ।
एक जु साधु मोहि मिलो तिन लीया अंचल लाइ॥१२२॥
कबीर यह चेतानी मत सह सारहि जाइ।
पाछै भोग जु भोगवै तिनकी गुड़ लै खाइ ॥१२३॥
रस को गाढ़ो चूसियै गुन को मरियै रोइ।
अवगुन धारे मानसै भलो न कहियै कोइ ॥१२४॥
कबीर राम न चेतियो जरा पहुँच्यो आइ।
लागी मंदर द्वारि ते अब क्या काढ्या जाइ ॥१२५॥
कबीर राम न चेतियो फिरिया लालच माहि।
पाप करंता मरि गया औध पुजी खिन माहि ॥१२६॥
कबीर राम न छोड़ियै तन धन जाइ त जाउ।
चरन कमल चित वेधिया रामहि नामि समाउ ॥१२७॥

कबीर राम न ध्याइयो मोटी लागी खोरि।
काया हाड़ी काठ की ना ओह चढै वहोरि ॥१२८॥
राम कहन महि भेदु है तामहि एक विचारु।
सोई राम सवै कहहिं सोई कौतकहारु ॥१२९॥
कबीर राम मैं राम कहु कहिवे माहि विवेक।
एक अनेकै मिलि गया एक समाना एक ॥१३०॥
रामरतन सुख कोथरी पारख आगै खोलि।
कोइ आइ मिलैगो गाहकी लेगो महँगे मोलि ॥१३१॥
लागी प्रीति सुजान स्यो बरजै लोगु अजानु।
तास्यो टूटी क्यों बनै जाके जीय परानु ॥१३२॥
वांसु बढ़ाई बूड़िया यों मत डूबहु कोइ।
चंदन कै निकटे वसे वासु सुगंध न होइ ॥११३॥
कबीर बिकारह चितवते झूठ करते आस।
मनोरथ कोउ न पूरियो चाले ऊठि निरास ॥१३४॥
बिरहु भुअंगमु मन वसै मन्तु न मानै कोइ।
राम बियोगी ना जियै जियै त बौरा होइ ॥१३५॥
वैदु कहै हौं ही भला दारू मेरै बस्सि।
इह तौ वस्तु गोपाल की जब भावै ले खस्सि ॥१३६॥
वैष्णव की कूकरि भली साकत की बुरी माइ।
ओह सुनहि हर नाम जस उह पाप विसाहन जाइ॥१३७॥
वैष्णव हुआ त क्या भया माला मेली चारि।
बाहर कंचनवा रहा भीतरि भरी भँगारि ॥१३८॥
कबीर संसा दूरि करु कागद हेरु विहाउ।
वावन अक्खर सोधि कै हरि चरनों चितु लाउ ॥१३९॥
संगति करियै साध की अंति करै निर्वाह।
साकत संगु न कीजियै जाते होइ बिनाहु ॥१४०॥

कबीर संगति साध की दिन दिन दूना हेतु ।
साकत कारी कांवरी धोए होइ न सेतु ॥१४१॥
संत की गैल न छाड़ियै मारगि लागा जाउ ।
पेखत ही पुन्नीत होइ भेटत जपियै नाउ ॥१४२॥
संतन की झुगिया भली भठि कुसती गाउ ।
आगि लगै तिह धौलहरि जिह नाहीं हरि को नाउ॥१४३॥
संत मुये क्या रोइयै जो अपने गृह जाय ।
रोवहु साकत वापुरे जु हाटै हाट बिकाय ॥१४४॥
कबीर सति गुरु सूरमे बाह्या बान जु एकु ।
लागत ही भुइ गिरि परया परा कलेजे छेकु ॥१४५॥
कबीर सब जग हौं फिरयो मांदलु कंध चढ़ाइ ।
कोई काहू को नहीं सब देखी ठोक बजाइ ॥१४६॥
कबीर सब तें हम बुरे हम तजि भलो सब कोइ ।
जिन ऐसा करि बूझिया मीतु हमारा सोइ ॥१४७॥
कबीर समुंद न छोड़ियै जौ अति खारो होइ ।
पोखरि पोखरि ढूँढ़ते भली न कहियै कोइ ॥१४८॥
कबीर सेवा कौ दुइ भले एक संतु इकु रामु ।
राम जु दाता मुकति को संतु जपावै नामु ॥१४९॥
साँचा सति गुरु मैं मिल्या सबदु जु बाह्या एक ।
लागत ही भुइ मिलि गया पर्‍या कलेजे छेकु ॥१५०॥
कबीर साकत ऐसा है जैसी लसन की खानि ।
कोनै वैठे खाइयै परगट होइ निदान ॥१५१॥
साकत संगु न कीजियै दूरहि जइये भागि ।
बासन कारो परसियै तउ कछु लागै दागु ॥१५२॥
साँचा सतिगुरु क्या करै जौ सिक्खा माही चूक ।
अंधे एक न लागई ज्यो बाँसु बजाइयै फूँक ॥१५३॥

साधू की संगति रहौ जौ की भूसी खाउ।
होनहार सो होइहै साकत संगि न जाउ ॥१५४॥
साधु को मिलने जाइये साथ न लीजै कोइ।
पाछे पाँव न दीजियै आगै होइ सो होइ ॥१५५॥
साधू संग परापति लिखिया होइ लिलाट।
मुक्ति पदारथ पाइयै ठाकन अवघट घाट ॥१५६॥
सारी सिरजनहार की जाने नाहीं कोइ।
कै जानै आपन धनी कै दासु दिवानो होइ ॥१५७॥
सिखि साखा बहुते किये केसो कियो न मीतु।
चले थे हरि मिलन कौ बीचै अटको चीतु ॥१५८॥
सुपने हू बरड़ाइकै जिह मुख निकसै राम।
ताके पा की पनही मेरे तन को चाम ॥१५९॥
सुरग नरक ते मैं रह्यो सति गुरु के परसादि।
चरन कमल की मौज महि रहौ अंति अरु आदि ॥१६०॥
कबीर सूख न एह जुग करहि जु बहुतै मीत।
जो चित राखहि एक स्यों ते सुख पावहि नीत ॥१६१॥
कबीर सूरज चाँद कै उदय भई सब देह।
गुरु गोविंद के बिन मिले पलटि भई सब खेह ॥१६२॥
कबीर सोई कुल भलो जा कुल हरि का दासु।
जिह कुल दासु न ऊपजै सो कुल ढाकु पलासु ॥१६३॥
कबीर सोई मारिये जिहि मूये सुख होइ।
भलो भलो सब कोइ कहै बुरो न माने कोइ ॥१६४॥
कबीर सोइ मुख धन्नि है जा मुख कहियै राम।
देही किसकी बापुरी पवित्र होइगो ग्राम ॥१६५॥
हंस उड्यो तनु गाड़ियो सोझाई सैनाह।
अजहू जीउ न छाड़ई रंकाई नैनाह ॥१६६॥

हज काबे हौं जाइया आगे मिल्या खुदाइ।
साईं मुझ स्यो लर पर्या तुझै किन फुरमाई गाइ ॥१६७॥
हरदी पीर तनु हरे चून चिन्ह न रहाइ।
बलिहारी इह प्रीति कौ जिह जाति बरन कुल जाइ ॥१६८॥
हरि का सिमरन छाड़िकै पाल्यो बहुत कुटुंबु।
धंधा करता रहि गया भाई रहा न बंधु ॥१६९॥
हरि का सिमरन छाड़िकै राति जगावन जाइ।
सपनि होइकै औतरे जाये अपने खाइ ॥१७०॥
हरि का सिमरन छाड़िकै अहोई राखे नारि।
गदही होइ कै औतरै भारु सहै मन चारि ॥१७१॥
हरि का सिमरन जो करै सो सुखिया संसारि।
इत उत कतहु न डोलई जस राखै सिरजनहारि ॥१७२॥
हाड़ जरे ज्यों लाकरी केस जरे ज्यों घासु।
इहु जग जरता देखिकै भयो कबीर उदासु ॥१७३॥
है गै बाहन सघन धन छत्रपती की नारि।
तासु पटतर ना पुजै हरि जन की पनहारि ॥१७४॥
है गै बाहन सघन घन लाख धजा फहराइ।
या सुख तै भिक्खा भली जो हरि सिमरत दिन जाइ ॥१७५॥
जहां ज्ञान तहँ धर्म है जहां झूठ तहँ पाप।
जहां लोभ तहँ काल है जहां खिमा तहँ आप ॥१७६॥
कबीरा तुही कबीरु तू तेरो नाउ कबीर।
राम रतन तब पाइयै जौ पहिले तजहि सरीर ॥१७७॥
कबीरा धूर सकेल कै पुरिया बांधी देह।
दिवस चारि को पेखना अंत खेह की खेह ॥१७८॥
कबीरा हमरा कोइ नहीं हम किसहू के नाहिं।
जिन यहु रचन रचाइया तिसही माहि समाहिं ॥१७९॥

कोहै लरका बेचई लरकी बेचै कोइ।
सांझा करे कबीर स्यों हरि संग बनज करेइ ॥१८०॥
जहँ अनभौ तहँ भै नहीं जहँ भौ तहँ हरि नाहिं।
कह्यौ कबीर बिचारिकै संत सुनहु मन मांहि ॥१८१॥
जोरी किये जुलम है कहता नाउ हलाल।
दफतर लेखा माँगिये तब होइगौ कौन हवाल ॥१८२॥
ढूंढत डोले अंध गति अरु चीनत नाहीं संत।
कहि नामा क्यों पाइयै बिन भगतहँ भगवंत ॥१८३॥
नीचे लोइन कर रहौ जे साजन घट मांहि।
सब रस खेलो पीय सौं किसी लखावौ नाहि ॥१८४॥
बूड़ा बंश कबीर का उपज्यो पूत कमाल।
हरि का सिमरन छाड़िकै घर ले आया माल ॥१८५॥
मारग मोती बीथरे अंधा निकस्यो आइ।
जोती बिना जगदीश की जगत उलंघे जाइ ॥१८६॥
राम पदारथ पाइ कै कबिरा गाँठि न खोल।
नहीं पहन नहीं पारखू नहीं गाहक नहीं मोल ॥१८७॥
सेख सबूरी वाहरा क्या हज कावै जाइ।
जाका दिल साबत नहीं ताको कहां खुदाइ ॥१८८॥
सुनु सखी पिउ महि जीउ बहै जिय महिं बसै पीउ।
जीव पीउ बूझौ नहीं घट महि जीउ कि पिउ ॥१८९॥
हरि है खांडु रे तुमहि बिखरी हाथों चुनी न जाइ।
कहि कबीर गुरु भली बुझाई कीटी होइ के खाइ ॥१९०॥
गगन दमामा बाजिया पऱ्यो निसानै घाउ।
खेत जु माऱ्यो सूरमा अब जूझन को दाउ ॥१९१॥
सूरा सो पहिचानियै जु लरै दीन के हेत।
पुरजा पुरजा कटि मरै कबहुँ न छाड़ै खेत ॥१९२॥

———

# ( २ ) पदावली

अंतरि मैल जे तीरथ न्हावै तिसु वैकुंठ न जाना ।
लोक पतीणें कछू न होवै नाही राम अयाना ॥
पूजहू राम एकु ही देवा । साचा नावण गुरु की सेवा ॥
जल कै मज्जन जे गति होवै नित नित मेडुक न्हावहि ।
जैसे मेडुक तैसे ओइ नर फिरि फिरि जोनी आवहि ॥
मनहु कठोर मरै बानारस नरक न बाँच्या जाई ।
हरि का संत मरै हांडवैत सगली सैन तराई ॥
दिन सुरैनि बेद नहीं सासतर तहां बसै निरंकारा ।
कहि कबीर नर तिसहि धियावहु बावरिया संसारा ॥१॥
अंधकार सुख कबहिं न सोइ है । राजारंक दोऊ मिलि रोइहै ॥
जौ पै रसना राम न कहिबो । उपजत बिनसत रोवत रहिबो ॥
जस देखित तरवर की छाया । प्रान गये कहु काकी माया ॥
जस जंती महि जीव समाना । मुये मर्म को काकर जाना ॥
संसा सरवर काल सरीर । राम रसाइन पीउ रे कबीर ॥२॥
अग्नि न दहै पवन नहीं मगनै तस्कर नेरि न आवै ।
राम नाम धन करि संचौनी सो धन कतही न जावै ॥
हमरा धन माधव गोविन्द धरनीधर इहै सार धन कहियै ।
जो सुख प्रभु गोबिन्द की सेवा सो सुख राज न लहियै ॥
इसु धन कारण सिव सनकादिक खोजत भये उदासी ।
मन मकुंद जिह्वा नारायण परै न जम की फाँसी ॥
निज धन ज्ञान भगति गुरु दीनी तासु सुमति मन लागी ।
जल अंग थंभि मन धावत भरम बंधन भौ भागी ॥
कहै कबीर मदन के माते हिरदै देखु बिचारी ।
तुम घर लाख कोटि अस्व हस्ती हम घर एक मुरारी ॥३॥

अचरज एक सुनहु रे पंडिया अब किछु कहन न जाई।
सुर नर गन गंध्रब जिन मोहे त्रिभुवन मेखलि लाई ॥
राजा राम अनहद किंगुरी बाजै। जाकी दृष्टि नाद लव लागै ॥
भाठी गगन सिडिया अरु चुंडिया कनक कलस इक पाया।
तिस महि धार चुए अति निर्मल रस महि रस न चुआया।
एक जु बात अनूप बनी है पवन पियाला साजिया ॥
तीन भवन महि एको जोगी कहहु कवन है राजा ॥
ऐसे ज्ञान प्रगट्या पुरुषोत्तम कहु कबीर रँगराता।
और दुनी सब भरमि भुलानी मन राम रसाइन माता ॥४॥

अनभौ कि नैन देखिया बैरागी अड़े।
बिनु भय अनभौ होइ वणा हंबै ॥
सहुह दूरि देखैं ताभौं पवै बैरागी अड़े।
हुक्मै बूझै न निर्भऊ होइ न वणा हंबै ॥
हरि पाखंड न कीजई बैरागी अड़े।
पाखंडि रता सब लोक वड़ा हंबै ॥
तृष्णा पास न छोड़ई बैरागी अड़े।
ममता जाल्या पिंड वणां हंबै ॥
चिन्ता जाल तन जालिया बैरागी अड़े।
जे मन किरतक होइ वणा हंबै ॥
सत गुरु बिन बैराग न होवई बैरागी अड़े।
जे लोचै सब कोई वणा हंबै ॥
कर्म होवै सतगुरु मिलै बैरागी अड़े।
सहजे पावै सोइ वणा हंबै ॥
कहु कबीर इक बेनती बैरागी अड़े।
मोकौ भव जल पारि उतारि बड़ा हंबै ॥५॥

अब मोकौ भये राजाराम सहाई।
जनग मरन कटि परम गति पाई॥
साधू संगति दियो रलाइ।
पंच दूत ते लियो छड़ाइ॥
अमृत नाम जपौ जप रसना।
अमोल दास करि लीनो अपना॥
सति गुरु कीनो पर उपकारु।
काढ़ि लीन सागर संसारु॥
चरन कमल स्यों लागी प्रीति।
गोबिंद बसै निता नित चीति॥
माया तपति बुझया अंग्यारु।
मन संतोष नाम आधारु॥
जल थल पूरि रहे प्रभु स्वामी।
जल पेखौं तत अंतर्यामी॥
अपनी भगति आपही दृढ़ाई।
पूरब लिखतु गिल्या मेरे साई॥
जिसु कृपा करै तिसु पूरन साज।
कबीर को स्वामी गरीब निवाज॥६॥

अब मोहि जरत राम जल पाइया। राम उदक तन जलत बुझाइया॥
मन मारन कारन वनि जाइयै। सो जल बिन भगवंत न पाइयै॥
जेहि पावक सुर नर है जारे। राम उदक जन जलत उबारे॥
भवसागर सुखसागर माहीं। पीव रहे जल निखुटत नाहीं॥
कहि कबीर भजु सारिंगपानी। राम उदक मेरी तिषा बुझानी॥७॥

अमल सिरानो लेखा देना। आये कठिन दूत जम लेना॥
क्या तै खटिया कहा गवाया। चलहु सितान दिवान बुलाया॥
चलु दरहाल दिवान बुलाया। हरि फुर्मान दरगह का आया॥

करौ अरदास गाव किछु बाकी । लेउ निवेर आज की राती ॥
किछु भी खर्च तुम्हारा सारौ । सुबह निवाज सराइ गुजारौ ॥
साध संग जाकौ हरि रँग लागा । धन धन सो जन पुरुष सभागा॥
ईत ऊत जन सदा सुहेले । जन्म पदारथ जीति अमोले ॥
जागत सोया जन्म गँवाया । माल धन जोर्या भया पराया ॥
कहु कबीर तेई नर भूले । खसम बिसारि माटी संग रूले ॥८॥
अल्लह एकु मसीति बसतु है अवर मुलकु किसु केरा ।
हिंदू मूरति नाम निवासी दुहमति तत्तु न हेरा ॥
अल्लह राम जीव तेरी नाई । तू करीमह राम तिसाई ।
दक्खन देस हरीका बासा पच्छिम अलह मुकामा ॥
दिल महि खोजि दिलै दिल खोजहु एही ठौर मुकामा ।
ब्रह्म न ज्ञान करहि चौबीसा काजी महरम जाना ॥
ग्यारह मास पास कै राखे एकै माहि निधाना ।
कहा उड़ीसे मज्जन कियां क्या मसीत सिर नायें ॥
दिल महि कपट निवाज गुजारै क्या हज कावै जायें ।
एते औरत मरदा साजे ये सब रूप तुमारे ॥
कबीर पूंगरा राम अलह का सब गुरु पीर हमारे ।
कहत कबीर सुनहु नर नरवै परहु एक की सरना ॥
केवल नाम जबहु रे प्रानी तबही निहचै तरना ॥९॥
अवतरि आइ कहा तुम कीना । राम को नाम न कबहूं लीना ॥
राम न जपहु कवन मति लागे । मरि जैबे कौ क्या करहु अभागे ॥
दुख सुख करिकै कुटंब जिवाया । मरती बार इकसर दुख पाया ॥
कंठ गहन तब कर न पुकारा । कहि कबीर आगे ते न समारा॥१०॥
अवर मुये क्या सोग करीजै । तौ कीजै जौ आपन जीजै ॥
मैं न मरों मरिबो संसारा । अब मोहि मिल्यो है जियावनहारा ॥
या देही परमल महकंदा । ता सुख बिसरे परमानंदा ॥

कुअटा एकु पंच पनिहारी । टूटी लाजु भरै मतिहारी ॥
कहु कबीर इकु बुद्धि बिचारी । ना ऊ कुअटा ना पनिहारी ॥११॥

अव्वल अल्लह नूर उपाया कुदरत के सब बंदे ।
एक नूर ते सब जग उपज्या कौन भले को मंदे ॥
लोगा भरमि न भूलहु भाई ।
खालिकु खलक खलक महि खालिकु पूर रह्यो सब ठाईं ॥
माटी एक अनेक भाँति करि साजी साजनहारै ।
ना कछु पोच माटी के भाँणे न कछु पोच कुँभारे ॥
सब महि सच्चा एकी सोई तिसका किया सब किछु होई ।
हुकम पछानै सु एको जानै बंदा कहियै सोई ॥
अल्लह अलख न जाई लखिया गुरु गुड़ दीना मीठा ।
कहि कबीर मेरी संका नासी सर्व निरंजन डीठा ॥१२॥

अस्थावर जंगम कीट पतंगा । अनेक जनम कीये बहुरंगा ॥
ऐसे घर हम बहुत बसाये । जब हम राम गर्भ होइ आये ॥
जोगी जती तपी ब्रह्मचारी । कबहु राजा छत्रपति कबहु भेखारी ॥
साकत मरहि संत सब जीवहि । राम रसायन रसना पीवहि ॥
कहु कबीर प्रभु किरपा कीजै । हारि परै अब पूरा दीजै ॥१३॥
अहि सिसि एक नाम जो जागै । केतक सिद्ध भये लव लागै ॥
साधक सिद्ध सकल मुनि हारे । एक नाम कलपतरु तारे ॥
जो हरि हरे सु होहि न आना । कहि कबीर राम नाम पछाना ॥१४॥

आकास गगन पाताल गगन है चहु दिसि गगन रहाइले ।
आनँद मूल सदा पुरुषोत्तम घट बिनसै गगन न जाइले ॥
मोहिं बैराग भयो । इह जीउ आइ कहाँ गयो ॥
पंच तत्व मिलि काया कीनी तत्व कहा ते कीन रे ।
कर्मबद्ध तुम जीउ कहत हौ कर्महि किन जीउ दीन रे ॥

हरि महि तनु है तनु महि हरि है सर्व निरंतर सोइ रे।
कहि कबीर राम नाम न छोड़ी सहजे होइ सु होइ रे ॥१५॥
आगम दुर्गम गढ़ रचियो बास। जामहि जोति करै परगास॥
बिजली चमकै होइ अनंद। जिह पौड़े प्रभु बाल गुबिंद॥
इहु जीउ राम नाम लव लागै। जरा मरन छूटै भ्रम भागै॥
अबरन बरन स्यों मन ही प्रीति। हौं महि गावन गावहि गीति॥
अनहद सबद होत झुनकार। जिह पौड़े प्रभु श्रीगोपाल॥
खंडल मंडल मंडल मंडा। त्रिय अस्थान तीनि तिय खंडा॥
अगम अगोचर रहा अभ्यंत। पार न पावै को धरनीधर मंत॥
कदली पुहुप धूप परगास। रज पंकज महि लियो निवास॥
द्वादस दल अभ्यंतर मंत। जह पौड़े श्रीकमलाकंत॥
अरध उरध मुख लागो कास। सुन्न मंडल महि करि परगासु॥
ऊहां सूरज नाहीं चंद। आदि निरंजन करै अनंद॥
सो ब्रह्मंडि पिंड सो जानु। मान सरोवर करि स्नानु॥
सोहं सो जाकहु है जाप। जाको लिपत न होइ पुन्न अरु पाप॥
अबरन बरन घाम नहि छाम। अबरन पाइयै गुरु की साम॥
टारी न टरै आवै न जाइ। सुन्न सहज महि रह्यो समाइ॥
मन मद्धे जाने जे कोइ। जो बोलै सो आपै होइ॥
जोति मंत्रि मनि अस्थिर करै। कहि कबीर सो प्रानी तरै॥१६॥
आपे पावक आपे पवना। जारै खसम त राखै कवना॥
राम जपतु तनु जरि किन जाइ। राम नाम चित रह्या समाइ॥
काको जरै काहि होइ हानि। नटवर खेलै सारिंगपानि॥
कहु कबीर अक्खर दुइ भाखि। होइगा खसमत लेइगा राखि॥१७॥
आस पास घन तुरसी का बिरवा माँझ बनारस गाँऊ रे।
वाका सरूप देखि मोही ग्वारनि मोको छोड़ि न आउ न जाहु रे॥
तोहि चरन मन लागो। सारिंगधर सो मिलै जो बड़ भागो॥

बृंदावन मन हरन मनोहर कृष्ण चरावत गाऊ रे।
जाका ठाकुर तुही सारिंगधर मोहि कबीरा नाऊ रे ॥१८॥
इंद्रलोक सिवलोकै जैबो। ओछे तप कर बाहरि ऐबो ॥
क्या मांगों किछु थिरु नाहीं। राम नाम राखु मन माहीं ॥
सोभा राज विभव बड़ि पाई। अंत न काहू संग सहाई ॥
पुत्र कलत्र लछमी माया। इनते कहु कौने सुख पाया ॥
कहत कबीर अवर नहिं कामा। हमरे मन धन राम को नामा ॥१९॥
इक तु पतरि भरि उरकट कुरकट इक तु पतरि भरि पानी ॥
आस पास पंच जोगिया बैठे बीच नकट देरानी ॥
नकटी को ठनगन बाडाडूं किनहि बिबेकी काटी तूं ॥
सकल माहि नकटी का बासा सकल मारिऔ हेरी।
सकलिआ की हौं बहिन भानजी जिनहि बरी तिसु चेरी ॥
हमरो भर्त्ता बड़ो बिबेकी आपे संत कहावै।
ओहु हमारे माथै काइमु और हमरै निकट न आवै ॥
नाकहु काटी कानहु काटी काटिकूटि कै डारी।
कहु कबीर संतन की बैरनि तीनि लोक की प्यारी ॥२०॥
इन माया जगदीस गुसाईं तुमरे चरन बिसारे।
किंचत प्रीति न उपजै जन कौ जन कहा करे बेचारे ॥
धृग तन धृग धन धृग इह माया धृग धृग मति बुधि फन्ना।
इस माया कौ दृढ़ करि राखहु बाँधे आप बचन्ना ॥
क्या खेती क्या लेवा देवी परपंच झूठ गुमाना।
कहि कबीर ते अंत बिगूते आया काल निदाना ॥२१॥
इसु तन मन मध्ये मदन चोर। जिन ज्ञानरतन हरि लीन मोर ॥
मैं अनाथ प्रभु कहौ काहि। की कौन बिगूतो मैं को आहि ॥
माधव दारुन दुःख सह्यो न जाइ। मेरो चपल बुद्धि स्यों कहा बसाइ॥
सनक सनंदन सिव सुकादि। नाभि कमल जाने ब्रह्मादि ॥

कविजन जोगी जटाधारि । सब आपन औसर चले सारि ॥
तू अथाह मोहि थाह नाहि । प्रभु दीनानाथ दुख कहौं काहि ॥
मेरो जनम मरन दुख आथि धीर । सुखसागर गुन रव कबीर॥२२॥
इहु धन मेरे हरि को नाउ । गाँठि न बाँधौ बेचि न खाँउ ॥
नाँउ मेरे खेती नाँउ मेरी बारी । भगति करौं जन सरन तुमारी ॥
नाँउ मेरे माया नाँउ मेरे पूँजी । तुमहि छोड़ि जानौ नहिं दूजी ॥
नाँउ मेरे बंधिय नाँउ मेरे भांई । नाँउ मेरे संगी अंति होई सखाई ॥
माया महि जिसु रखै उदास । कहि कबीर हौं ताको दास ॥२३॥
उदक समुंद सलल की साख्या नदी तरंग समावहिंगे ।
सुन्नहि सुन्न मिल्या समदर्सी पवन रूप होइ जावहिंगे ॥
बहुरि हम काहि आवहिंगे ।

आवन जाना हुक्म तिसै का हुक्मै बुज्झि समावहिंगे ॥
जब चूकै पंच धातु की रचना ऐसे भर्म चुकावहिंगे ।
दर्सन छोड़ भए समदर्सी एको नाम नांम धियावहिंगे ॥
जित हम लाए तितही लागे तैसे करम कमावहिंगे ।
हरि जी कृपा करै जौ अपनी तौ गुरु के सबद कमावहिंगे ॥
जीवत मरहु मरहु फुनि जीवहु पुनरपि जन्म न होई ।
कहु कबीर जो नाम समाने सुन्न रह्या लव सोई ॥२४॥
उपजै निपजै निपजिस भाई । नयनहु देखत इहु जग जाई ॥
लाज न मरहु कहौ घर मेरा । अंत की बार नहीं कछु तेरा ॥
अनेक यतन कर काया पाली । मरती बार अगनि संग जाली॥
चोवा चंदन मर्दन अंगा । सो तनु जलै काठ कै संगा ॥
कहु कबीर सुनहु रे गुनिया । बिनसैगो रूप देखै सब दुनिया॥२५॥
उलटत पवन चक्र षट भेदे सुरति सुन्न अनुरागी ।
आवै न जाइ मरै न जीवै तासु खोज बैरागी ॥

मेरो मन मनही उलटि समाना।
गुरु परसादि अकल भई अवरै ता तरु था बेगाना॥
निवरै दूरि दूरिं फुनि निवरै जिन जैसा करि मान्या।
अलउती का जैसे भया बरेडा जिन पिया तिन जान्या॥
तेरी निर्गुण कथा काहि स्यों कहिये ऐसा कोई विवेकी।
कहु कबीर जिन दया पलीता तिनतै सीभल देखी॥२६॥

उलटि जात कुल दोऊ बिसारी। सुन्न सहज महि बुनत हमारी॥
हमरा झगरा रहा न कोऊ। पंडित मुल्ला छाड़े दोऊ॥
बुनि बुनि आप आप पहिरावौं। जहँ नहीं आप तहाँ ह्वै गावौं॥
पंडित मुल्ला जो लिखि दीया। छाड़ि चले हम कछू न लीया॥
रिदै खलासु निरखि ले मीरा। आपु खोजि खोजि मिलै कबीरा २७

उस्तुति निंदा दोऊ बिवरजित तजहु मानु अभिमाना।
लोहा कंचन सम करि जानहि ते मूरति भगवाना॥
तेरा जन एक आध कोई।
काम क्रोध लोभ मोह बिवरजित हरिपद चीन्है सोई॥
रजगुण तमगुण सतगुण कहियै इह तेरी सब माया।
चौथे पद को जो नर चीन्है तिनहि परम पद पाया॥
तीरथ बरत नेम सुचि संजम सदा रहै निहकामा।
त्रिस्ना अरू माया भ्रम चूका चितवत आतमरामा॥
जिह मंदिर दीपक परिगास्या अंधकार तह नासा।
निरभौ पूरि रहे भ्रम भागा कहि कबीर जनदासा॥ २८॥

ऋद्धि सिद्ध जाकौ फुरी तब काहू स्यों क्या काज।
तेरे कहिने की गति क्या कहौं मैं बोलत ही बड़ लाज॥
राम जिह पाया राम। ते भवहि न बारै बार।
झूठा जग डहकै घना दिन दुइ बर्तन की आस॥
राम उदक जिह जन पिया तिह बहुरि न भई पियास॥

गुरु प्रसादि जिहि बूझिया आसा ते भया निरास।
सब सचुन दूरि आइया जौ आतम भया उदास॥
राम नाम रस चाखिया हरि नामा हरितारि।
कहु कबीर कंचन भया भ्रम गया समुद्रै पारि॥२९॥
एक कोट पंचसिक द्वारा पंचे मांगहि हाला।
जिमि नाही मैं किसी की बोई ऐसा देन दुखाला॥
हरि के लोगा मोकौ नीति डसै पटवारी।
ऊपर भुजा करि मैं गुरु पहि पुकारा तिन हौ लिया उबारी॥
नव डाडी दस मुंसफ धावहि रइयति बसन न देही।
डोरी पूरी मापहि नाही बहु बिष्टाला लेही॥
बहतरि घर इक पुरुष समाया उन दीया नाम लिखाई।
धर्मराय का दफ्तर सोध्या बाकी रिज मन काई॥
संता कौ मनि कोई निंदहु संत राम है एकी।
कहु कबीर मैं सो गुरु पाया जाका नाउ विवेको॥३०॥
एक ज्योति एक मिली किम्आ होइ महोइ।
जितु घटना मन उपजै फूटि मरै जम सोइ॥
सावल सुंदर रामय्या मेरा मन लागा तोहि।
साधु मिलै सिधि पाइयै कियहु योग की भोग।
दुहु मिलि कारज ऊपजै राम नाम संयोग॥
लोग जानै इहु गीत है इहु तौ ब्रह्म विचार।
ज्यो कासी उपदेस होइ मानस मरती वार॥
कोइ गावै को सुनै हरि नामा चितु लाइ।
कहु कबीर संसा नहीं अंत परम गति पाइ॥३१॥
एक स्वान कै घर गावण॥
जननी जानत सुत बड़ा होत है।
इतना कुन जानै जि दिन दिन अवध घटत है॥

मोर मोर करि अधिक लाडु धरि पेखत ही जमराउ हसै ।
ऐसा तैं जगु भरम भुलाया । कैसे बूझै जब मोह्या है माया ॥
कहत कबीर छोड़ि बिषया रस इतु संगति निहचौ मरना ।
रमय्या जपहु प्राणी अनत जीवण बाणी इन विधि भवसागर तरना॥
जांति सुभावै ता लागै भाउ । भर्म भुलावा विचहु जाइ ।
उपजै सहज ज्ञान मति जागै । गुरु प्रसादि अंतर लव लागै ॥
इतु संगति नाहीं मरणा । हुकम पछाणि ता खसमै मिलणा ॥३३॥
ऐसो अचरज देख्यो कबीर । दधि कै भोलै बिरोलै नीर ॥
हरी अंगूरी गदहा चरै । नित उठि हासै हीगै मरै ॥
माता भैसा अम्मुहा जाइ । कुदि कुदि चरै रसातल पाइ ॥
कहु कबीर परगट भई खेड । ले ले कौ चूघै नित भेड ॥
राम रमत मति परगटि आई । कहु कबी गुरू सोझी पाई ॥३३॥

ऐसो इहु संसार पेखना रहन न कोऊ पैहै रे ।
सूधे सूधे रेंगि चलहु तुम नतर कुधका दिवैहै रे ॥
बारे बूढ़े तरुने भैया सबहु जम ले जैहै रे ।
मानस बपुरा मूसा कीनो मीच बिलैया खैहै रे ॥
धनवंता अरु निर्धन मनई ताकी कछू न कानी रे ।
राजा परजा सम करि मारै ऐसो काल बड़ानी रे ॥
हरि के सेवक जो हरि भाये तिनकी कथा निरारी रे ।
अवहि न जाहि न कबहूँ मरते पारब्रह्म संगारी रे ॥
पुत्र कलत्र लच्छमी माया इहै तजहु जिय जानी रे ।
कहत कबीर सुनहु रे संतहु मिलिहै सारंगपानी रे ॥३४॥

ओई जु दिसहि अंबरि तारे । किन ओइ चिते चीतन हारे ।
कहु रे पंडित अंबर कास्यो लागा । बूझै बूझन हार सभागा ॥
सूरज चंद्र करहिं उजियारा । सब महि पसऱ्या ब्रह्म पसाऱ्या ॥
कहु कबीर जानैगा सोई । हिरदै राम मुखि रामै होई ॥३५॥

कंचन स्यो पाइयै नही तोलि। मन दे राम लिया है मोलि।
अब मोहि राम अपना करि जान्या। सहज सुभाइ मेरा मनमान्या॥
ब्रह्मै कथि कथि अंत न पाया। राम भगति बैठे घर आया॥
कहु कबीर चंचल मति त्यागी। केवल राम भक्ति निज भागी॥३६॥

कत नहीं ठौर मूल कत लावौ। खोजत तनु महि ठौर न पावौ॥
लागी होइ सो जानै पीर। राम भगत अनियाले तीर॥
एक भाइ देखौ सब नारी। क्या जाना सह कौन पियारी॥
कहु कबीर जाके मस्तक भाग। सब परिहरि ताको मिले सुहाग॥३७॥

करवतु भला न करवट तेरी। लागु गले सुन बिनती मेरी॥
हौं वारी मुख फेरि पियारे। करवट दे मोकौ काहे कौ मारे॥
जौ तन चीरहिं अंग न मोरौ। पिंड परै तौ प्रीति न तोरौ॥
हम तुम बीच भयो नहीं कोई। तुमहि सुकंत नारि हम सोई॥
कहत कबीर सुनहु रे लोई। अब तुमरी परतीति न होई॥३८॥

कहा स्वान कौ सिमृति सुनाये। कहा साकत पहि हरि गुन गाये॥
राम राम राम रमे रमि रहियै। साकत स्यों भूलि नहीं कहीयै॥
कौआ कहा कपूर चराये। कह बिसियर कौ दूध पिआये॥
सत संगति मिलि बिबेक बुधि होई। पारस परस लोहा कंचन सोई॥
साकत स्वान सब करै कहाया। जो धुरि लिख्या सु करम कमाया॥
अमिरत लै लै नीम सिचाई। कहत कबीर वाको सहज न जाई॥३९॥

काम क्रोध तृष्णा के लीने गति नहि एकै जानी।
फूटी आंखैं कछू न सूझै बूड़ि मुये बिनु पानी॥
चलत कत टेढ़े टेढ़े टेढ़े।
अस्थि चर्म बिष्टा के मूंदे दुरगंधहि के बेढ़े॥
राम न जपहु कौन भ्रम भूले तुमते काल न दूरे।
अनेक जतन करि इह तन राखहु रहै अवस्था पूरे॥

आपन कीया कछु न होवै क्या को करै परानी।
जाति सुभावै सति गुरु भेटै एको नाम बखानी॥
बलुवा के घरुआ मैं बसते फुलवत देह अयाने।
कहु कबीर जिह राम न चेत्यो बूड़े बहुत सयाने॥४०॥

काया कलालनि लादनि मेलौ गुरु का सबद गुड़ कीनु रे।
त्रिस्ना काम क्रोध मद मतसर काटि काटि कसु दीनु रे॥
कोई हेरै संत सहज सुख अंतरि जाकौ जप तप देउ दलाली रे।
एक बूँद भरि तन मन देवो जो मद देइ कलाली रे॥
भवन चतुरदस भाटी कीनी ब्रह्म अगिन तन जारी रे।
मुद्रा मदक सहज धुनि लागी सुखमन पोचनहारी रे।
तीरथ बरत नेम सुचि संजम रवि ससि गहनै देउ रे॥
सुरति पियास सुधारसु अमृत एहु महारसु पेउ रे॥
निरझर धार चुऔ अति निर्मल इह रस मनुआ रातो रे।
कहि कबीर सगले मद छूछे इहै महारस साचो रे॥४१॥

कालबूत की हस्तनी मन बौरा रे चलत रच्यो जगदीस।
काम सुआइ गज बसि परे मन बौरारे अंकसु सहियो सीस॥
विषय बाचु हरि राचु समझुमन बौरा रे।
निर्भय होइ न हरि भजे मन बौरा रे गह्यो न राम जहाज॥
मर्कट मुष्टी अनाज की मन बौरा रे लीनी हाथ पसारि।
छूटन को संसा पर्या मन बौरा रे नाच्यो घर घर बारि॥
ज्यो नलनी सुअटा गह्यो मन बौरा रे माया इहु व्योहारु।
जैसा रंग कसुंभ का मन बौरा रे त्यों पसर्यो पासारु॥
न्हावन कौ तीरथ घने मन बौरा रे पूजन कौ बहु देव।
कहु कबीर छूट न नहीं मन बौरा रे छूट न हरि की सेव॥४२॥

काहू दीने पाट पटम्बर काहू पलघ निवारा।
काहू गरी गोदरी नाहीं काहू खान परारा॥

अहि रख बादु न कीजै रे मन। सुकृत करि करि लीजै रे मन॥
कुमारै एक जु माटी गूंधी बहु बिधि बानी लाई।
काहू महि मोती मुकताहल काहू ब्याधि लगाई॥
सूमहि धन राखन कौ दीया मुगध कहै धन मेरा।
जम का दंड मूंड महि लागै खिन महि करै निबेरा॥
हरि जन ऊतम भगत सदावै आज्ञा मन सुख पाई।
जो तिसु भावै सति करि मानै भाणा मंत्र बसाई॥
कहै कबीर सुनहु रे संतहु मेरी मेरी झूठी।
चिरगट फारि चटारा लै गयो तरी तागरी छूटी॥४३॥
किनही बनज्या कांसा तांबा किनहीं लौंग सुपारी।
संतहु बनज्या नाम गोबिंद का ऐसी खेप हमारी॥
हरि के नाम के ब्यापारी।

हीरा हाथ चढ़्या निर्मोलक छूटि गई संसारी॥
सांचे लाए तो सच लागे सांचे के ब्योपारी।
सांची वस्तु के भार चलाए पहुँचे जाइ भंडारी॥
आपहि रतन जवाहर मानिक आपै है पासारी।
आपै है दस दिसि आप चलावै निहचल है ब्यापारी॥
मन करि बैल सुरति करि पैडा ज्ञान गोनि भरि डारी।
कहत कबीर सुनहु रे संतहु निबही खेप हमारी॥४४॥

कियो सिंगार मिलन के ताईं। हरि न मिले जग जीवन गुसाईं॥
हरि मेरो पि रहौ हरि की बहुरिया। राम बड़े मैं तनक लहुरिया॥
धनि पिय एकै संग बसेरा। सेज एक पै मिलन दुहेरा॥
धन्न सुहागनि जो पिय भावै। कहि कबीर फिर जनमि न आवै॥४५॥
कूटन सोइ जु मन को कूटै मन कूटै तौ जम ते छूटै॥
कुटि कुटि मन कसवटी लावै। सो कूटनि मुकति बहु पावै॥
कूटन किसै कहहु संसार। सकल बालन के माहि विचार॥

नाचन सोइ जु मन स्यों नाचै। झूठ न पतियै परचै साचै ॥
इसु मन आगे पूरै ताल। इसु नाचन के मन रखवाल ॥
बाजारी सो बजारहि सोधै। पाँच पलीतह कौ परबोधै ॥
नव नायक की भगति पछाने। सो बाजारी हम गुरु माने ॥
तस्कर सोइ जिता तित करै। इन्द्री कै जतनि नाम ऊचरै ॥
कहु कबीर हम ऐसे लक्खन। धन्न गुरुदेव अतिरूप बिचक्खन ॥४६॥

कोऊ हरि समान नहीं राजा।
ए भूपति सब दिवस चारि के झूठे करत दिवाजा ॥
तेरो जन होइ सोइ कत डोलै तीनि भवन पर छाजा।
हाथ पसारि सकै को जन कौ बोलि सकै न अंदाजा ॥
चेति अचेति मूढ़ मन मेरे बाजे अनहद बाजा।
कहि कबीर संसा भ्रम चूको ध्रुव प्रह्लाद निवाजा ॥४७॥

कोटि सूर जाकै परगास। कोटि महादेव अरु कविलास ॥
दुर्गा कोटि जाकै मर्दन करै। ब्रह्मा कोटि वेद उच्चरै ॥
जौ जाचौ तौ केवल राम। आन देव स्यो नाहीं काम ॥
कोटि चंद्र में करहि चराक। सुरते तीसौ जेवहि पाक ॥
नव ग्रह कोटि ठाढ़े दरबार। धर्म कोटि जाके प्रतिहार ॥
पवन कोटि चौबारे फिरहिं। बासक कोटि सेज बिस्तरहिं ॥
समुंदकोटि जाके पानीहार। रोमावलि कोटि अठारहि भार ॥
कोटि कुबेर भरहि भंडार। कोटिक लखमी करै सिंगार ॥
कोटिक पाप पुन्न बहु हिराहि। इंद्र कोटि जाके सेवा करहि ॥
छप्पन कोटि जाके प्रतिहार। नगरी नगरी खियत अपार ॥
लट छूटी वरतै बिकराल। कोटि कला खेलै गोपाल ॥
कोटि जग जाकै दरबार। गंध्रब कोटि करहि जयकार ॥
विद्या कोटि सबै गुन कहै। ताऊ पारब्रह्मका अंत न लहै ॥
बावन कोटि जाकै रोमावली। रावन सैना जह ते छली ॥

सहस कोटि बहु कहत पुरान। दुर्योधन का मथिया मान॥
कंद्रप कोटि जाकै लवै न धरहि। अंतर अंतरि मनसा हरहि॥
कहि कबीर सुनि सारंगपान। देहि अभयपद मानौ दान॥४८॥
कोरी को काहू भरम न जाना। सब जग आन तनायो ताना॥
जब तुम सुनि ले बेद पुराना। तब हम इतन कुप सरयो ताना
धरनि अकासकी करगह बनाई। चंद सुरज दुइ साथ चलाई॥
पाई •जोरि बात इक कीनी तह तांती मन माना।
जोलाहे घर अपना चीना घट ही राम पछाना॥
कहत कबीर कारगह तोरी। सूतै सूत मिलाये कोरी॥४९॥
कौन काज सिरजे जग भीतरि जनमि कौन फल पाया॥
भव निधि तरन तारन चिंतामनि इक निमष न इहु मन लाया
गोविंद हम ऐसे अपराधी।
जिन प्रभु जीउ पिंढ था दीया तिसकी भाव भगति नहिं साधी॥
परधन परतन परतिय निंदा पर अपवाद न छूटै॥
आवागमन होत है फुनि फुनि इहु पर संग न छूटै॥
जिह घर कथा होत हरि संतन इक निमष न कीनो मैं फेरा॥
लंपट चोर धूत मतवारे तिन संगि सदा बसेरा॥
काम क्रोध माया मद मत्सर ए सम्पै मो माही॥
दया धर्म अो गुरु की सेवा ए सुपनंतरि नाही॥
दीनदयाल कृपाल दमोदर भगति बछल भैहारी॥
कहत कबीर भीर जनि राखहु हरि सेवा करौ तुमारी॥५०॥
कौन को पूत पिता को काको। कौन मेरे को देइ संतापो॥
हरि ठग जग कौ ठगौरी लाई। हरि के वियोग कैसे जियोमेरीमाई
कौन को पुरुष कौन की नारी। या तत लेहु सरीर बिचारी॥
कहि कबीर ठग स्यों मन मान्या। गई ठगौरी ठग पहिचान्या॥५१॥
क्या जप क्या तप क्या व्रत पूजा। जाकै रिदै भाव है दूजा॥

रे जन मन माधव स्यों लाइयै। चतुराई न चतुर्भुज पाइयै॥
परिहरि लोभ अरु लोकाचार। परिहरि काम क्रोध अहंकार॥
कर्म करत बद्धे अहंमेव। किल पाथर की करही सेव॥
कहु कबीर भगत कर पाया। भोले भाइ मिले रघुराया॥५२॥
क्या पढ़िये क्या गुनियै। क्या वेद पुराना सुनियै॥
पढ़े सुनै क्या होई। जौ सहज न मिलियो सोई॥
हरिका नाम न जपसि गवारा। क्या सोचहि बारंबारा॥
अंधियारे दीपक चहियै। इक वस्तु अगोचर लहियै॥
वस्तु अगोचर पाई। घट दीपक रह्या समाई॥
कहि कबीर अब जान्या। जब जान्या तौ मन मान्या॥
मन माने लोग न पतीजै। न पतीजै तौ क्या कीजै॥५३॥
खसम मरे तौ नारी न रोवै। उस रखवारा औरो होवै॥
रखवारे का होइ विनास। आगै नरक ईहा भोग बिलास॥
एक सुहागनि जगत पियारी। सगले जीय जंत कीना नारी॥
सोहागनि गल सोहै हार। संत को विष बिगसै संसार॥
करि सिंगार बहै पखियारी। संत की ठिठकी फिरै बिचारी॥
संत भागि ओह पाछै परै। गुरु परसादी मारहु डरै॥
साकत की ओह पिंड पराइणि। हमको दृष्टि परै त्रखि डाइणि
हम तिसका बहु जान्या भेव। जबहु कृपाल मिले गुरु देव॥
कहु कबीर अब बाहर परी। संसारै कै अंचल लरी॥५४॥
गंग गुसाइन गहिर गंभीर। जंजीर बांधि करि खरे कबीर॥
मन न डिगै तन काहे को डराइ। चरन कमल चित रह्यो समाइ॥
गंगा की लहरि मेरी टुटी जंजीर। मृगछाला पर बैठे कबीर॥
कहि कबीर कोऊ संग न साथ। जल थल राखन है रघुनाथ॥५५॥
गंगा के संग सलिता बिगरी। सो सलिता गंगा होइ निबरी॥
बिगर्यो कबीरा राम दुहाई। साचु भयो अन कतहि न जाई॥

चंदन कै संगि तरवर बिगर्‍यो। सो तरवर चंदन ह्वै निबर्‍यो ॥
पारस के सँग ताँबा बिगर्‍यो। सो ताबा कंचन ह्वै निबर्‍यो ॥५६॥

गगन नगरि इक बूँद न बर्षै नाद कहा जु समाना।
पारब्रह्म परमेसरु माधव परम हंस ले सिधाना ॥
बाबा बोलते ते कहा गये। देही के संगि रहते।
सुरति माहि जो निरते करते कथा बार्त्ता कहते ॥
बजावन-हारो कहाँ गयो जिन इहु मंदर कीना।
साखी सबद सुरति नहीं उपजै खिंच तेज सब लीना ॥
स्रवनन बिकल भये संगि तेरे इंद्री का बल थाका ॥
चरन रहे कर ढरक परे है मुखहु न निकसै बाता ॥
थाके पचदूत सब तस्कर आप आपणे भ्रमते।
थाका मन कुंजर उर थाका तेज सूत धरि रमते ॥
मिरतक भये दसै बंद छूटै मित्र भाई सब छोरे।
कहत कबीरा जो हरि ध्यावै जीवत बंधन तोरे ॥५७॥

गगन रसाल चुए मेरी भाठी। संचि महारस तन भया काठी ॥
चाकौ कहियै सहज मतवारा। पीवत राम रस ज्ञान बिचारा ॥
सहज कलालनि जौ मिलि आई। आनंदि माते अनदिन जाई ॥
चीन्हत चीत निरंजन लाया। कहु कबीर तौ अनुभव पाया ॥५८॥

गज नव गज दस गज इक्कीस पुरी आये कत नाईं।
साठ सूत नव खंड बहत्तर पाटु लगो अधिकाई ॥
गई बुनावन माहो। घर छोड़्यो जाइ जुलाहो ॥
गजी न मिनियै तोलि न तुलियै पांच न सेर अढ़ाई।
जौ करि पाचन बेगि न पावै झगरू करै घर आई ॥
दिन की बैठ खसम की बरकस इह बेला कत आई।
छूटे कूंडे भागै पुरिया चल्यो जुलाहो रिसाई ॥

छोछी नली तंतु नहीं निकसै नतरु रही उरझाही।
छोड़ि पसारई हारहु बपुरी कहु कबीर समुझाही ॥५९॥

गज साढ़े तैं तै धोतिया तिहरे पाइनि तग्गा।
गली जिना जपमालिया लोटे हत्थिनि बग्गा॥
ओइ हरि के संतन आखि यहि बानारसि के ठग्गा॥
ऐसे संत न मोकौ भावहि। डाला स्यों पेड़ा गटकावहि॥
बासन माजि चरावहि ऊपर काठी धोइ जलावहि।
बसुधा खोदि करहि दुइ चूल्हे सारे माणस खावहि॥
ओई पापी सदा फिरहि अपराधी मुखहु अपरस कहावहि।
सदा सदा फिरहि अभिमानी सकल कुटंब डुबावहि॥
जित को लाता तितही लागा तैसे करम कमावै।
कहु कबीर जिसु सति गुरु भेटै पुनरपि जनमि न आवै॥६०॥

गर्भ वास महि कुल नहिं जाती। ब्रह्म बिंद ते सब उतपाती।
कहु रे पंडित बामन कब के होये। बामन कहि कहि जनम मति खोये॥
जौ तू ब्राह्मण ब्राह्मणी जाया। तौ आन बाट काहे नहीं आया॥
तुम कत ब्राह्मण हम कत शूद। हम कत लोहू तुम कत दूध॥
कहु कबीर जो ब्रह्म बिचारै। सो ब्राह्मण कहियत है हमारे॥६१॥

गुड़ करि ज्ञान ध्यान करि महुवा भाठी मन धारा।
सुषमन नारी सहज समानी पीवै पीवन हारा॥

अवधू मेरा मन मतवारा।
उन्मद चढ़ा रस चाख्या त्रिभुवन भया उजियारा॥
दुइ पुर जोरि रसोई भाठी पीउ महा रस भारी।
काम क्रोध दुइ किये जले ता छूटि गई संसारी॥
प्रगट प्रगास ज्ञान गुरु गम्मित सति गुरु ते सुधि पाई।
दास कबीर तासु मदमाता उचकि न कबहू जाई॥६२॥

गुरु चरण लागि हम विनवत पूछत कह जीव पाया।
कौन काज जग उपजै बिनसै कहहु मोहि समझाया॥
देव करहु दया मोहि मारग लावहु जितु भय बंधन टूटै।
जनम मरण दुख फेड़ कर्म सुख जीय जनम ते छूटै॥
माया फांस बंधन ही फारै अरु मन सुन्नि न लूकै।
आपा पद निर्वाण न चीन्ह्या इन विधि अगिउ न चूकै॥
कही न उपजै उपजी जाणै भाव प्रभाव विहूणा।
उदय अस्त की मन बुधि नासी तौ सदा सहजि लवलीणा॥
ज्यों प्रतिबिंब बिंब कौ मिलिहै उदक कुंभ बिगराना।
कहु कबीर ऐसा गुण भ्रम भागा तौ मन सुन्न समाना॥६३॥

गुरु सेवा ते भगति कमाई। तब इह मानस देही पाई।
इस देही कौ सिमरहि देव। सो देही भुज हरि की सेव॥
भजहु गुबिंद भूल मत जाहु। मानस जम का रही चाहु॥
जब लग जरा रोग नहीं आया। जब लग काल ग्रसी नहि काया॥
जब लग बिकल भई नहीं बानी। भजि लेहि मन सारंग पानी॥
अब न भजसि भजसि कब भाई। आवै अंत न भजिआ जाई॥
जो किछु करहि सोई अबि सारू। फिर पछताहु न पावहु पारू॥
सो सेवक जो लाया सेव। तिनही पाये निरंजन देव॥
गुरु मिलि ताके खुले कपाट। बहुरि न आवै योनी बाट॥
इहो तेरा अवसर इह तेरी वार। घट भीतर तू देखु बिचारि॥
कहत कबीर जीति कै हारि। बहु बिधि कह्यो पुकारि पुकारि॥६४॥

गृह तजि वन खंड जाइयै चुनि खाइयै कंदा।
अजहू बिकार न छोड़ई पापी मन मंदा॥
क्यौं छूटौं कैसे तरौ भव निधि जल भारी।
राखु राखु मेरे बीठुला जन सरनि तुमारी॥

विषय विषय की वासना तजिय न जाई।
अनिक यत्न करि राखियै फिरि फिरि लपटाई ॥
जरा जावन जोबन गया कछु किया न नीका।
इह जीया निर्मोल को कौड़ी लगि मीका ॥
कहु कबीर मेरे माधवा तू सर्वव्यापी।
तुम सम सरि नाहीं दयाल मो सम सरि पापी ॥६५॥

गृह सोभा जाकै रे नाहि। आवत पहिया खूधे जाहिं ॥
वकै अंतरि नहीं संतोष। बिन सोहागनि लागै दोष ॥
न सोहागनि महा पवीत। तपे तपीसर डालै चीत ॥
सोहागनि किरपन की पूती। सेवक तजि जग तस्यो सूती ॥
साधू कै ठाढी दरवारि। सरनि तेरी मोकौ निस्तारि ॥
सोहागनि है अति सुंदरी। पगनेवर छनक छन हरी ॥
जौ लग प्रान तऊ लग संगे। नाहिन चली वेगि उठि नंगे ॥
सोहागनि भवन त्रै लीया। दस अष्ट पुराण तीरथ रस कीया।
ब्रह्मा विष्णु महेसर वेधे। वड़े भूपति राजे है छेधे ॥
सोहागनि उर वारि पारि। पाँच नारद कै संग त्रिधवारि ॥
पाँच नारद के मिटवे फूटे। कहु कबीर गुरु किरपा छूटे ॥६६॥

चंद सूरज दुइ जोति सरूप। जोती अंतरि ब्रह्म अनूप।
करू रे ज्ञादी ब्रह्म विचारु। जोती अंतरि धरि आप सारु ॥
हीरा देखि हीरै करौ आदेस। कहै कबीर निरंजन अलेखु ॥६७॥

चरन कमल जाकै रिदै वसै सो जम क्यों डोलै देव।
मानौ सब सुख नवनिधि ताके सहजि सहजि जस बोलै देव ॥
तब इह मति जौ सब महि पेखै कुटिल गाँठि जब खोलै देव।
बारंबार माया ते अटकै लै नरु जा मन तोलै देव ॥
जहँ उह जाइ तहीं सुख पावै माया तासु न झोलै देव।
कहि कबीर मेरा मन मान्या राम प्रीति को ओलै देव ॥६८॥

चार पाव दुइ सिंग गुंग मुख तब कैसे गुन गैहै।
ऊठत वैठत ठेगा परिहै तब कत मूड लुकै है॥
हरि बिन बैल बिराने ह्वैहै।
फाटे नाक न टूटै का धन कोदौ को भुस खैहै॥
सारो दिन डोलत बन महिया अजहु न पैट जवैहै॥
जन भगतन को कहो न मानो कीयो अपनो पैहै॥
दुख सुख करत महा भ्रम बूड़ौ अनिक योनि भरमैहै॥
रतन जनम खोयो प्रभु बिसर्यो इह अवसर कत पैहै॥
भ्रमत फिरत तेलक के कपि ज्यों गति बिनु रैनि बिहैहै॥
कहत कबीर राम नाम बिनु मूंड धुनै पछितैहै॥६९॥
चारि दिन अपनी नौबति चले बजाइ।
इतन कु खटिया गठिया मटिया संगि न कछु लै जाइ॥
देहरी बैठी मेहरी रोवै द्वारे लौ संग माइ।
मरहट लगि सब लोग कुटुंब मिलि हंस इकेला जाइ॥
वैसु तवै वितवै पुर पाटन बहुरि न देखै आई।
कहत कबीर राम को न सिमरहु जन्म अकारथ जाई॥७०॥
चोवा चंदन मर्दन अंगा। सो तन जलै काठ कै संगा॥
इसु तन धन की कौन बड़ाई। धरनि परै उरवारि न जाई॥
रात जि सोवहि दिन करहि काम। इक खिन लेहि न हरि को नाम॥
हाथि त डोर मुख खायो तंबोर। मरती बार कसि बाँध्यो चोर॥
गुरु मति रहि रसि हरि गुन गावै। रामै राम रमत सुख पावै॥
किरपा करि कै नाम दृढ़ाई! हरि हरि वास सुगंध बसाई॥
कहत कबीर चेत रे अंधा। सत्य राम झूठा सब धंधा॥७१॥
जग जीवन ऐसा सुपने जैसा जीवन सुपन समानं।
साचु करि हम गाँठ दीनी छोड़ि परम निधानं।
बाबा माया मोह हितु कीन। जिन ज्ञान रतन हिरि लीन॥

नयन देखि पतंग उरझै पसु न देखै आगि ।
काल फास न मुगध चेतै कनिक कामिनि लागि ॥
करि विचार त्रिकार परिहरि तरन तारन सोइ ।
कहि कबीर जग जीवन ऐसा दुतिया नहीं कोइ ॥७२॥

जन्म मरन का भ्रम गया गोबिंद लिव लागी ।
जीवत सुन्नि समानिया गुरु साखी जागी ॥
कासी ते धुनि ऊपजै धुनि कासी जाई ।
कासी फूटी पंडिता धुनि कहाँ समाई ॥
त्रिकुटी संधि मैं पेखिया घटहू घट जागी ।
ऐसी बुद्धि समाचरी घट माहिं तियागी ॥
आप आप ते जानिया तेज तेज समाना ।
कहु कबीर अब जानिया गोबिंद मन माना ॥७३॥

जब जरियै तब होइ भसम तन रहै किरम दल खाई ।
काची गागरि नीर परतु है या तन की इहै बडाई ॥

काहे भया फिरतौ फूला फूला ।
जब दस मास उरध मुख रहता सो दिन कैसे भूला ॥
ज्यों मधु मक्खी त्यों सठोरि रसु जोरि जोरि धन कीया ।
मरती बार लेहु लेहु करियै भूत रहन क्यों दीया ॥
देहुरी लौ बरी नारि संग भई आगै सजन सुहेला ।
मरघट लौं सब लागे कुटुंब भयो आगे हंस अकेला ॥
कहत कबीर सुनहु रे प्रानी परे काल ग्रस कूआ ।
झूठी माया आप बँधाया ज्यों नलनी भ्रमि सूआ ॥७४॥

जब लग तेल दीवे मुख बाती तब सूझै सब कोई ।
तेल जलै बाती ठहरानी सूना मंदर होई ॥
रे बौरे तुहि घरी न राखै कोई । तूं राम नाम जपि सोई ॥

काकी मात पिता कहु काको कौन पुरुष की जोई।
घट फूटे कोऊ बात न पूछै काढहु काढहु होई॥
देहुरी बैठी माता रोवै खटिया ले गये भाई।
लट छिटकाये तिरिया रोवै हंस अकेला जाई॥
कहत कबीर सुनहु रे संतहु भैसागर कै ताई।
इस बंदे सिर जुलम होत है जम नहीं घटै गुसाई॥ ७५॥
जब लग मेरी मेरी करै। तब लग काज एक नहिं सरै।
जब मेरी मेरी मिटि जाई। तब प्रभु काज सँवारहि आई॥
ऐसा ज्ञान बिचारु मना। हरि किन सिमरहु दुःखभंजना॥
जब जगि सिंघ रहे बन माहि। तब लग बन फूलई नाहि॥
जब ही स्यार सिंघ कौ खाइ। फूल रही सगली बनराइ॥
जीतो बूडै हारो तरै। गुरु परसादि पार उतरै॥
दास कबीर कहै समझाइ। केवल राम रहहु लिव लाइ॥७६॥
जब हम एको एक करि जानिया। तब लोग काहे दुख मानिया॥
हम अपतह अपनी पति खोई। हमरै खोज परहु मति कोई॥
हम मंदे मंदे मन नाही। साँझ पाति काहू स्यों नाहीं॥
पति मा अपति ताकी नहीं लाज। तब जानहुगे जब उघरै गो पाज॥
कहु कबीर पति हरि परवानु। सरब त्यागि भजु केवल रामु॥७७॥
जल महि मीन माया के बेधे। दीपक पतंग माया के छेदे॥
काम माया कुंचर कौ ब्यापै। भुअंगम भृंग माया माहि खापे॥
माया ऐसी मोहनी भाई। जेते जीय तेते डहकाई॥
पंखी मृग माया महि राते। साकर मांखी अधिक संतापे॥
तुरे उष्ट माया महि भेला। सिध चौरासी माया महि खेला॥
छिय जती माया के बन्दा। नवै नाथु सूरज अरु चंदा॥
तपे रखीसर माया महि सूता। माया महि काल अरु पंच दूता॥
स्वान स्याल माया महि राता। बंतर चीते अरु सिंघाता॥

माजार गाडर अरु लूबरा। बिरख मूल माया महि परा॥
भया अन्तर भीने देव। सागर इन्द्रा अरु धरतेव॥
कहि कबीर जिसु उदर तिस माया। तब छूट जब साधू पाया॥७८॥

जल है सूतक थल है सूतक सूतक ओपति होई।
जनमे सूतक मुए फुनि सूतक सूतक परज बिगोई॥
कहु रे पंडिया कौन पवीता। ऐसा ज्ञान जपहु मेरे मीता।
नैनहु सूतक बैनहु सूतक सूतक स्रवनी होई॥
ऊठत बैठत सूतक लागै सूतक परै रसोई।
फांसन की विधि सब कोऊ जानै छूटन की इकु कोई॥
कहि कबीर राम रिदै बिचारै सूतक तिनै न होई॥७९॥

जहँ किछु अहा तहाँ किछु नाहीं पंच तत्त्व तह नाहीं।
इड़ा पिंगला सुषमन बंदे ये अवगुन कत जाहीं॥
तागा तूटा गगन बिनसि गया तेरा बोलत कहा समाई।
एह संसा मोको अनदिन ब्यापै मोकौ कौनकहै समझाई॥
जह ब्रह्मंड पिंड तह नाही रचनहार तह नाही।
जोड़नहारो सदा अतीता इह कहियै किसु माही॥
जोड़ी जुड़ै न तोड़ी तूटै जब लग होइ बिनासी।
काको ठाकुर काको सेवक को काहू के जासी॥
कहु कबीर लिव लागि रही है जहाँ बसै दिन राती।
वाका मर्म वोही पर जानै ओहु तौ सदा अविनासी॥८०॥

जाके निगम दूध के ठाटा। समुंद बिलोवन कौ माटा॥
ताकी होहु बिलोवन हारी। क्यों मेटैगी छाछि तुम्हारी॥
चेरी तू राम न करसि भतारा। जग जीवन प्रान अधारा॥
तेरे गलहि तौक पग बेरी। तू घर घर रमिए फेरी॥
तू अजहु न चेतसि चेरी। तू जेम बपुरी है हेरी॥
प्रभु करन करावन हारी। क्या चेरी हाथ विचारी॥

सोई सोई जागी। जितु लाई तितु लागो।
चेरी तै सुमति कहाँ ते पाई। जाके भ्रम की लोक मिटाई॥
सुरसु कबीरै जान्या। मेरो गुरु प्रसाद मन मान्या ॥८१॥
जाकै हरि सा ठाकुर भाई। मुकति अनन्त पुकारन जाई॥
अब कहु राम भरोसा तोरा। तब काहू का कौन निहोरा॥
तीनि लोक जाके हहि भार। सो काहे न करै प्रतिपार॥
कहु कबीर इक बुद्धि बिचारी। क्या बस जौ विष दे महतारी ॥८२॥

जिन गढ़ कोटि किए कंचन के छोड़ गया सो रावन।
काहे कीजत है मन भावन॥
जब जम आई केस ते पकरै तह हरि को नाम छड़ावन॥
काल अकाल खसम का कीना इहु परपंच बधावन।
कहि कबीर ते अंते मुक्ते जिन हिरदै राम रसायन ॥८३॥

जिह मुख वेद गायत्री निकसै सो क्यों ब्राह्मन बिसरू करै।
जाके पाय जगत सब लागै सो क्यों पंडित हरि न कहै॥
काहे मेरे ब्राम्हन हरि न कहहि। रामु न बोलहि पांडे दोजक भरहि॥
आपन ऊँच नीच घरि भोजन हठे करम करि उदर भरहि॥
चौदस अमावस रचि रचि माँगहि कर दैपक लै कूप परहि॥
तूं ब्रह्मन मैं कासी का जुलहा मोहि तोहि बराबरि कैसे कै बनहि॥
हमरे राम नाम कहि उबरे बेद भरोसे पांडे डूब मरहि ॥८४॥
जिह कुल पूत न ज्ञान बिचारी। बिधवा कस न भई महतारी॥
जिह नर राम भगति नहीं साधी। जनमत कस न मुयो अपराधी॥
मुचमुच गर्भ गये कीन बचिया। बुड़भुज रूप जीवे जग मझिया॥
कहु कबीर जैसे सुंदर स्वरूप। नाम बिना जैसे कुबज कुरूप ॥८५॥
जिह मरनै सब जगत तरास्या। सो मरना गुरु सबद प्रगास्या॥
अब कैसे मरौं मरन मन मान्या। मर मर जाते जिन राम न जान्या॥

मरनौ मरना कहै सब कोई। सहजे मरै अमर होई सोई॥
कहु कबीर मन भया अनंदा। गया भरम रहा परमानंदा ॥८६॥
जिह सिमरनि होइ मुकित दुवार। जाहि बैकुंठ नहीं संसारि॥
निर्भव कै घर बजावहि तूर। अनहद बजहि सदा भरपूर॥
ऐसा सिमरन कर मन मांहि। बिनु सिमरन मुक्ति कत नाहिं॥
जिह सिमरन नाही ननकारु। मुक्ति करै उतरै बहुभारु॥
नमस्कार करि हिरदय मांहि। फिर फिर तेरा आवन नाहिं॥
जिह सिमरन करहि तू केल। दीपक बाँधि धर्‍यो तिन तेल॥
सो दीपक अमर कु संसारि। काम क्रोध विष काढिले मार॥
जिह सिमरन तेरी गति होइ। सो सिमरन रखु कंठ पिरोइ॥
सो सिमरन करि नहीं राखु उतारि। गुरु परसादी उतरहि पार॥
जिह सिमरन नाहीं तुहि कान। मंदर सोवहि पटंबरि तानि॥
सेज सुखाली बिगसै जीउ। सो सिमरन तू अनहद पीउ॥
जिह सिमरन तेरी जाइ बलाई। जिह सिमरन तुझ पोहै न माई॥
सिमरि सिमरि हरि हरि मन गाइयै। इन सिमरन सति गुरुते पाइयै
सदा सदा सिमरि दिन राति। ऊठत बैठत सासि गिरासि॥
जागु सोई सिमरन रस भोग। हरि सिमरन पाइयै संजोग॥
जिह सिमरन नाहीं तुझ भाऊ। सो सिमरन राम नाम अधारू॥
कहि कबीर जाका नहीं अंतु। तिसके आगे तंतु न मंतु ॥८७॥
जिहि मुखि पाँचौ अमृत खाये। तिहि मुख देखत लूकट लाये॥
इक दुख राम राइ काटहु मेरा। अग्नि दहै अरु गरभ बसेरा॥
काया बिगति बहु बिधि माती। को जारे को गड़ले माटी॥
कहु कबीर हरि चरण दिखावहु। पाछेते जम कों न पठावहु ॥४८॥
जिह सिर रचि रचि बाँधत पाग। सो सिर चुंस सवारहि काग॥
इसु तन धन कौ क्या गर्बीय्या। राम नाम काहे न दृढ़ीया॥
कहत कबीर सुनहु मन मेरे। इही हवाल होहिंगे तेरे ॥८९॥

जीवत पीतर न माने मुंए सराद्ध कराही।
पितर भी बपुरे कहु क्यों पावहि कौआ कूकर खाही॥
मोंकौ कुसल बताहु कोई।
कुसल कुसल करते जग बिनसै कुसल भी कैसे होई॥
माटी के करि देवी देवा तिसु आगे जीउ देही।
ऐसे पितर तुम्हारे कहियहि आपन कह्या न लेही॥
सरजीव काटहि निर्जीव पूजहि अंत काल कौ भारी।
राम नाम की गति नहीं जानी भय डूवे संसारी॥
देवी देवा पूजहि डोलहि पारब्रह्म नहीं जाना।
कहत कबीर अकुल नहीं चेत्या बिषया त्यौं लपटाना॥९०॥
जीवत मरै मरै फुनि जीवै ऐसे सुन्नि समाया।
अंजन माहिं निरंजन रहियै बहुरि न भव जल पाया॥
मेरे राम ऐसा खीर पिलोइयै।
गुरु मति मनुवा अस्थिर राखहु इन विधि अमृत पिओइयै॥
गुरु कै वाणि बजर कलछेदीं प्रगट्या पद परगासा।
शक्ति अधेर जेवड़ी भ्रम चूका निहचल सिव घर बासा॥
तिन विनु बाणै धनुष चढ़ाइयै इहु जग वेध्या भाई।
दह दिसि बूड़ी पवन झुलावै डोरि रही लिव लाई।
उनमन मनुवा सुन्नि समाना दुविधा दुर्मति भागी।
कहु कबीर अनुभौ इकु देख्या राम नाम लिव लागी॥९१॥
जो जन भाव भगति कछु जाने ताको अचरज काहो।
विनु जल जल महि पैसि न निकसै तो ढरि मिल्या जुलाहो॥
हरि के लोग मैं तौ मति का भोरा।
जौ तन कासी तजहि कबीरा रामहि कहा निहोरा॥
कहु कबीर सुनहु रे लोई भरम न भूलहु कोई।
क्या कासी क्या ऊसरु मगहर राम रिदय जौ होई॥९२॥

जेते जतन करत ते डूबे भव सागर नहीं तार्‍यौ रे।
कर्म धर्म करते बहु संजम अहं बुद्धि मन जार्‍यौ रे॥
साँस ग्रास को दातो ठाकुर सो क्यों मनहुँ बिसार्‍यौ रे।
हीरा लाल अमोल जनम है कौड़ी बदलै हार्‍यौ रे॥
तृष्णा तृषा भूख भ्रमि लागी हिरदै नाहिं विचार्‍यौ रे।
उनमत मान हिर्‍यो मन माही गुरु का सबद न धार्‍यो रे॥
स्वाद लुभत इंद्रो रस प्रेर्‍यो मद रस लैत बिकार्‍यौ रे।
कर्म भाग संतन संगाने काष्ठ लोह उद्धार्‍यौ रे॥
धावत जोनि जनम भ्रमि थाके अब दुख करि हम हार्‍यौ रे॥
कहि कबीर गुरु मिलत महा रसप्रेम भगति निस्तार्‍यौ रे॥९३॥
जेह बाझु न जीया जाई। जौ मिलै तौ घाल अघाई॥
सद जीवन भलो कहाही। मुए बिन जीवन नाही॥
अब क्या कथियै ज्ञान बिचारा। निज निरखत गत ब्यौहारा॥
घसि कुंकम चंदन गार्‍या। बिन नयनहु जगत बिहार्‍या॥
पूत पिता इक जाया। बिन ठाहर नगर बनाया॥
जाचक जन दाता पाया। सो दिया न जाई खाया॥
छोड्या जाइ न मूका। औरन पहि जाना चूका॥
जो जीवन मरना जानै। सो पंच सैल सुख मानै॥
कबीरै सो धन पाया। हरि भेटत आप मिटाया॥९४॥
जैसे मन्दर महि बाल हरना ठाहरै। नाम बिना कैसे पार उतरै॥
कुंभ बिना जल ना टिकावै। साधू बिन ऐसे अवगत जावै॥
जारौ तिसै जु राम न चेतै। तन मन रमत रहै महि खेतै॥
जैसे हलहर बिना जिमी नहि बोइयै। सूत बिना कैसे मणी परोइयै॥
घुंडी बिन क्या गंठि चढ़ाइयै। साधू बिन तैसे अवगत जाइयै॥
जैसे मात पिता बिन बाल न होई। बिंब बिना कैसे कपरे धोई॥
घोर बिना कैसे असवार। साधू बिन नाहीं दरबार॥

जैसे बाजे बिन नहीं लीजै फेरी। खसम दुहागनि तजिहौ हेरी॥
कहै कबीर एकै करि करना। गुरुमुखिहोइबहुरि नहीं मरना॥९५॥
जोइ खसम है जाया।

पूत बाप खेलाया। बिन रसना खीर पिलाया॥
देखहु लोगा कलि को भाऊ। सुति मुकलाई अपनी माऊ॥
पग्गा बिन हुरिया मारता। बदनै बिन खिन खिन हासता॥
निद्रा बिन नरु पं सोवै। बिनु बासन खीर बिलोवै॥
बिनु अस्थन गऊ लवेरी। पंड़े बिनु बाट घनेरी॥
बिन सत गुरु बाट न पाई। कहु कबीर समझाई॥९६॥
जो जन लेहि खसम का नाउ। तिनकै सद बलिहारै जाउ।
सो निर्मल निर्मल हरि गुन गावै। सो भाई मेरे मन भावै॥
जिहि घर राम रह्या भरपूरि। तिनकी पग पंकज हम धूरि॥
जाति जुलाहा मति का धीरु। सहजि सहजि गुन रमै कबीरु॥९७॥

जो जन परमिति परमनु वै जाना। बातनीह वैकुंठ समाना॥
ना जानौं वैकुंठ कहाही। जान न सब कहहित हाही।
कहन कहावन नहिं पतियैहै। तौ मन मानै जातेहु मैं जइहै॥
जब लग मन वैकुंठ की आस। तब लगि होहिं नहीं चरन निवास॥
कहु कबीर इह कहियै काहि। साध संगति वैकुंठै आहि॥९८॥

जो पाथर कौ कहिते देव। ताकी बिरथा होवै सेव॥
जो पाथर की पाई पाई। तिस की घाल अजाई जाई॥
ठाकुर हमरा सद बोलंता। सर्व जिया कौं प्रभु दान देता॥
अंतर देव न जाने अंधु। भ्रम का मोह्या पावै फंधु॥
न पाथर बोलै ना किछु देइ। फोकट कर्म निहफल है सेइ॥
जे मिरतक के चंदन चढ़ावै। उसते कहहु कौन फल पावै॥
जो मिरतक को विष्टा मांहि रुलाई। तो मिरतकका क्या घटिजाई।

कहत कबीर हौं करहुँ पुकार। समझि देखु साकत गावार॥
दूजै भाइ वहुत घर गाले। राम भगत है सदा सुखाले॥९९॥

जो मैं रूप किये वहुतेरे अब फुनि रूप न होई।
तागा तंत साज सब थाका राम नाम वसि होई॥
अब मोहि नाचनो न आवै। मेरा मन मंदरिया न बजावै॥
काम क्रोध काया लै जारी तृष्णा गागरि फूटी।
काम चोलना भया है पुराना गया भरम सब छूटी॥
सर्व भूत एकै करि जान्या चूके वाद विवादा।
कहि कबीर मैं पूरा पाया भये राम परसादा॥१००॥

जौं तुम मोकौ दूरि करत हौ तौ तुम मुक्ति बतावहुगे।
एक अनेक होइ रह्यो सकल महि अब कैसे भर्मावहुगे॥
राम मोकौ तारि कहाँ लै जैहै।
सोधौ मुक्ति कहादउ कैसी करि प्रसाद मोहि पाइहै।
तारन तरन कबै लगि कहियै जब लग तत्व न जान्या।
अब तौ बिमल भए घट ही महि कहि कबीर मन मान्या॥१०१॥

ज्यों कपि के कर मुष्टि चनन की लुविध न त्यागि दयो।
जो जो कर्म किये लालच त्यों ते फिर गरहि पऱ्यो॥
भगति बिनु बिरथे जनम गयो।
साध संगति भगवान भजन विन कही न सच्च रह्यो॥
ज्यों उद्यान कुसुम परफुल्लित किनहि न घ्राउ लयो।
तैसे भ्रमत अनेक जोनि महि फिरि फिरि काल ह्यो॥
या धन जोवन अरु सुत दारा पेखन कौ जु दयो।
तिनही माहि अटकि जो उरझें इद्री प्रेरि लयो॥
औध अनल तन तिन को मंदर चहु दिसि ठाठ ठयो।
कहि कबीर भव सागर तरन कौं मैं सति गुरु ओट लयो॥१०२॥

ज्यों जल छोडि बाहर भयो मीना । पूरब जनम हौं तप का हीना ॥
अब कहु राम कवन गति मोरी । तजीले बनारस मति भई थोरी ॥
सकल जनम सिवपुरी गँवाया । मरती मार मगहर उठि आया ॥
बहुत वर्ष तप कीया कासी । मरन भया मगहर की बासी ॥
कासी मगहर सम बीचारी । ओछी भगती कैसे उतरसि पारी ॥
कह गुरु गजि सिब सबको जानै । मुआ कबीर रमत श्री रामै॥१०३॥

ज्योति की जाति जाति की ज्योती । तितु लागे कँचुआ फल मोती ॥
कौन सुधर जो निर्भौ कहियै । भव भजि जाइ अभय ह्वै रहियै ॥
तट तीरथ नहिं मन पतियाइ । चार अचार रहे उरझाइ ॥
पाप पुण्य दुइ एक समान । निज घर पारस तजहु गुन आन ॥१०४॥

टेढ़ी पाग टेढ़े चले लागे बीरे खान ।
भाउ भगत स्यों काज न कछुए मेरो काम दीवान ॥
राम बिसार्‍यो है अभिमानी ।
कनक कामिनी महा सुंदरी पेखि पेखि सचु मानी ॥
लालच झूठ विकार महा मद इह विधि औध बिहानि ।
कहि कबीर अंत की वेर आई लागो काल निदानि ॥१०५॥

डंडा मुद्रा खिंथा आधारी । भ्रम कै भाइ भवै भेषधारी ॥
आसन पवन दूरि करि बवरे । छोड़ि कपट नित हरि भज बवरे ॥
जिय तू या चहि सोत्रिभुवन भोगी । कहि कबीर कैसोजगजोगी॥१०६॥

तन रैनी मन पुनरपि कहियौं पाचौ तत्त्व बराती ॥
राम राइ स्यों भाँवरि लैहो आतम तिह रँगराती ॥
गाउ गाउ री दुलहनी मंगलचारा ।
मेरे गृह आये राजा राम भतारा ॥
नाभि कमल महि बेदि रचि ले ब्रह्म ज्ञान उच्चारा ।
राम राइ स्यों दूल्हो पायो अस बड़ भाग हमारा ॥

सुर नर मुनि जन कौतक आये कोटि तैंतीसो जाना ।
कहि कबीर मोहि ब्याहि चले हैं पुरुष एक भगवाना ॥१०७॥
तरवर एक अनन्त डार शाखा पुहुप पत्र रस भरिया ।
इह अमृत की वाड़ी है रे तिन हरि पूरै करिया ॥
जानी जानी रे राजा राम की कहानी ।
अन्तर ज्योति राम परगासा गुरु मुख बिरलै जानी ॥
भवर एक पुहुप रस बीधा बार हले उर धरिया ।
सोरह मध्ये पवन झकोर्‍यो आकासे फर फरिया ॥
सहज सुन्न इक बिरवा उपज्या धरती जलहर सोख्या ।
कहि कबीर हौं ताका सेवक जिनका इहु बिरवा देख्या ॥१०८॥
तूटे तागे निखुटी पानि । द्वार ऊपर झिलिकावहि कान ॥
कूच बिचारे फूए फाल । या मुंडिया सिर चढ़िबो काल ॥
इहु मुंडिया सगलो द्रब खोई । आवत जात ना कसर होई ॥
तुरी नारि की छोड़ी बात । राम नाम वाका मन राता ॥
लरिकी लरिकन खैबो नाहि । मुंडिया अनदिन धाये जाहि ॥
इक दुइ मन्दर इक दोइ बाट । हमकौ साथरू उनकौ खाट ॥
मूंड पलोसिं कमर बधि पोथी। हमकौ चायन उनकौ रोटी ॥
मुंडिया मुंडिया हूए एक । ए मुंडिया बूडत की टेक ॥
सुनि अंधली लोई बेपीर । इन मुंडिया भजि सरन कबीर ॥१०९॥
तू मेरो मेरु परबत सुवामी ओट गही मैं तेरी ।
ना तुम डोलहु ना हम निरते रखि लीनी हरि मेरी ॥
अब तब जब कब तूही तूही । हम तुअ परसाद सुखी सदही ॥
तोरे भरोसे मगहर बसियो । मेरे तन की तपति बुझाई ॥
पहिले दर्सन मगहर पायो । फुनि कासी बसे आई ॥
जैसा मगहर तैसी कासी हम एकै करि जानी ॥
हम निर्धन ज्यों इह धन पाया मरते फूटि गुमानी ॥

करे गुमान चुभहि तिसु सूला कोउ काढ़न कौ नाही।
अजै सुचोभ कौ विलल बिताले नर के घोर पचाही॥
कौन नरक क्या स्वर्ग विचारा संतन दोऊ रादे।
हम काहू की काणि न कढ़ते अपने गुरु परसादे॥
अब तौ जाइ चढ़े सिंघासन मिलिहै सारंगपानी।
राम कबीरा एक भये हैं कोइ न सकै पछानी॥११०॥
थरहर कंपै बाला जीउ। ना जानौ क्या करसी पीउ॥
रैंनि गई मति दिन भी जाइ। भवर गये बन बैठे आइ॥
काचै करवै रहै न पानी। हंस चला काया कुम्हिलानी॥
कारी कन्या जैसै करत सिंगारा। क्यों रलिया मानै बाझ भतारा॥
काग उड़ावत भुजा पिरानी। कहि कबीर इह कथा सिरानी॥१११॥
थाके नयन स्रवण सुनि थाके थाकी सुंदर काया।
जरा हाक दी सब मति थाकी एक न थाकिस माया॥
बावरे तैं ग्याम बिचार न पाया। बिरथा जनम गँवाया॥
तब लगि प्रानी तिसे सरेवहु जब लगि घट मही सांसा॥
जे घट जाइत भाव न जासी हरि के चरन निवासा॥
जिसको सबद बसावै अंतर चूकहि तिसहि पियासा।
हुक्मै बूझै चौपड़ि खेलै मन जिन ढाले पासा॥
जो जन जानि भजहि अविगति कौ तिनका कछू न नासा।
कहु कबीर ते जन कबहू न हारहि ढालि जु जानही पासा॥११२॥
दरमादे ठाढ़े दरबारि।
तुझ बिन सुरति करै को मेरी दर्सन दीजै खोलि किवार॥
तुम धन धनी उदार तियागी स्रवनन सुनियत सुजस तुमार।
मांगौं काहि रंक सब देखौं तुम ही मेरो निसतार॥
जयदेव नामा बिप्र सुदामा तिनकौं कृपा भई है अपार।
कहि कबीर तुम समरथ दाते चारि पदारथ देत न बार॥११३॥

दिन ते पहर पहर ते घरियाँ आयु घटै तनु छीजै।
काल अहेरि फिरहि बधिक ज्यौं कहहु कौन बिधि कीजै ॥
सो दिन आवन लागा।
माता पिता भाई सुत बनिता कहहु कोऊ है काका ॥
जब लगु जोति काया महि बरतै आपा पसू न बूझै।
लालच करै जीवन पद कारन लोचन कछू न सूझै ॥
कहत कबीर सुनहु रे प्रानी छोड़हु मन के भरमा।
केवल नाम जपहु रे प्रानी परहु एक की सरना ॥११४॥

दीन बिसार्‍यो रे दीवाने दीन बिसार्‍यो रे।
पेट भर्‍यो पसुआ ज्यों सोयो मनुष जनम है हार्‍यो ॥
साथ संगति कबहूँ नहिं कीनी रचियो धंधै झूठ।
स्वान सूकर वायस जिवै भटकत चाल्यो ऊठि ॥
आपस को दीरघ करि जानै औरन कौ लघु मान।
मनसा बाचा करमना मैं देखे दोजक जान ॥
कामी क्रोधी चातुरी बाजीगर बेकाम।
निंदा करते जनम सिरानो कबहुँ न सिमर्‍यो राम ॥
कहि कबीर चेतै नहिं मूरख मुगध गवार।
राम नाम जानियो नहीं कैसे उतरसि पार ॥११५॥

दुइ दुइ लोचन पेखा। हौं हरि बिन और न देखा ॥
नैन रहे रंग लाई। अब बेगल कहन न जाई ॥
हमरा भर्म गया भय भागा। जब राम नाम चितु लागा ॥
बाजीगर डंक बजाई। सब खलक तमासे आई ॥
बाजीगर स्वाँग सकेला। अपने रँग रवै अकेला ॥
कथनी कहि भर्म न जाई। सब कथि कथि रहा लुकाई ॥
जाकौ गुरु मुखि आप बुझाई। ताके हिरदै रहा समाई ॥
गुरु किंचित किरपा कीनी। सब तन मन देह हरि लीनी ॥

कहि कबीर रँगि राता। मिल्यो जग जीवन दाता ॥११६॥
दुनिया हुसियार वेदार जागत मुसियत हौ रे भाई।
निगम हुसियार पहरुआ देखत जम ले जाई॥
नींबु भयो आँबु आँबु भयो नींबा केला पाका झारि।
नालिएर फल सेबरिया पाका मूरख मुगध गवार॥
हरि भयो खाँडु रे तुमहि बिखरियो हसतों चुन्यो न जाई।
कहि कबीर कुल जाति पाँति तजि चींटी होइ चुनि खाई ॥११७॥
देखो भाई ज्ञान की आई आँधी।
सबै उड़ानी भ्रम की टाटी रहै न माया बाँधी॥
दुचिते की दुइ थूनि गिरानी मोह बलेड़ा टूटा।
तिष्णा छानि परी घर ऊपर दुमिति भाँड़ा फूटा॥
आँधी पाछै जो जल बर्षे तिहि तेरा जन भीना।
कहि कबीर मन भया प्रगासा उदय भानु जब चीना ॥११८॥
देइ मुहार लगाम पहिरावौ। सगल तजीनु गगन दौरावौ॥
अपनै बिचारै असवारी कीजै। सहज कै पावड़े पग धरि लीजै॥
चलु रे बैकुंठ तुझहि ले तारौ। हित चित प्रेम कै चाबुक मारौ॥
कहत कबीर भले असवारा। बेग कतेब ते रहहि निरारा ॥११९॥
देही गावा जीउ धर्म हत उबसहि पंच किरसाना।
नैनू नकटू स्रवनू रसपति इन्द्री कह्या न माना॥
बाबा अब न बसहु इह गाउ।
घरी घरी का लेखा माँगै काइथु चेतू नाउ॥
धर्मराय जब लेखा माँगै बाकी निकसी भारी।
पंच कृसनवा भागि गए लै बाध्यौ जीउ दरबारी॥
कहहि कबीर सुनहु रे सन्त खेतहि करौ निबेरा।
अब की बार बखसि बन्दे कौं बहुरिं न भव जल फैरा ॥१२०॥
धन्न गुपाल धन्न गुरु देव। धन्न अनादि भूखे कव लुटह केव।

धन ओहि संत जिन ऐसी जानी। तिनकौ मिलिबो सारंगपानी ॥
आदि पुरुष ते होइ अनादि। जपियै नाम अन्न कै सादि ॥
जपियै नाम जपियै अन्न। अंभै कै संग नीका वन्न ॥
अन्ने बाहर जो नर होवहि। तीनि भवन महि अपनो खोवहि ॥
छोड़हि अन्न करै पाखंडा। ना सोहाभनि ना ओहि रंडा ॥
जग महि, बकते दूधाधारी। गुप्ती खावहि बटिका सारी ॥
अन्ने कबीर न होइ सुकाल। तजिये अन्न न मिलै गुपाल ॥
कहु कबीर हम ऐसे जान्या। धन्य अनादि ठाकुर मन मान्या ॥२१॥
नगन फिरत जो पाइयै जोग। बन का मिरग मुकति सब होग ॥
क्या नाँगे क्या बाँधे चाम। जब नहिं चीन्हसि आतम राम ॥
मूँड़ मुडाये जो सिधि पाई। मुक्ती भेड़ न गय्या काई ॥
बिंदु राख जो तरयै भाई। खुसरै क्यों न परम गति पाई ॥
कहु कबीर सुहहू नर भाई। राम नाम बिन किन गति पाई ॥१२२।
नर मरै नर काम न आवै। पसू मरै दस काज सँवारै।
अपने कर्म की मति मैं क्या जानौ। मैं क्या जानौ बाबा रे ॥
हाड़ जले सैसे लकड़ी का तूला। केस जलै घास का पूला ॥
कहत कबीर तबही नर जागै। जम का डंड मूड महि लागै ॥१२३॥
नाँगे आवन नाँगे जाना। कोइ न रहिहै राजा राना ॥
राम राजा नव निधि मेरै। संपै हेतु कलतु धन तेरै ॥
आवत संग न जात सँगाति। कहा भयो दर बाँधे हाथी ॥
लंका गढ़ सोने का भया। मूरख रावन क्या ले गया ॥
कहि कबीर कुछ गुन बीचारि। चलै जुआरी दुइ हथ झारि ॥१२४॥
नाइक एक बनजारे पाँच। बरघ पचीसक संग काच।
नव बहियाँ दस गोनि आहि। कसन बहत्तरि लागी ताहि ॥
मोहि ऐसे बनज स्यो ही काजु। जिह घटै मूल नित बढ़ै ब्याजु ॥
सत्त सूत मिली बनजु कीन। कर्म भावनी संग लीन ॥

तीनि जगाती करत रारि । चलो बनजारा हाथ झारि ॥
पूँजी हिरनी बनजु टूटि । दह दिस टांडो भयो फूटि ॥
कहि कबीर मन सरसी काज । सहज समानो त भर्म भाजि ॥१२५॥

ना इहु मानुष ना इहु देव । ना इहु जती कहावै सेव ॥
ना इहु जोगी ना अवधूता । ना इसु माइ न काहू पूता ॥
या मन्दर मह कौन वसाई । ता का अन्त न कोऊ पाई ॥
ना इहु गिरही ना ओदासी । ना इहु राज न भीख मँगासी ॥
ना इहु पिंड न रकतू राती । ना इहु ब्रह्मन ना इहु खाती ॥
ना इहु तपा कहावै सेख । ना इहु जीवै न मरता देख ॥
इसु मरते कौ जे कोऊ रोवै । जो रोवै सोई पति खोवै ॥
गुरु प्रसादि मैं डगरो पाया । जीवन मरन दोऊ मिटवाया ॥
कहु कबीर इहु राम की अंसु । जस कागद पर मिटै न मंसु ॥१२६॥

ना मैं जोग ध्यान चित लाया । बिन बैराग न छूटसि माया ॥
कैसे जीवन होइ हमारा । जब न होइ राम नाम अधारा ॥
कहु कबीर खोजौं अस मान । राम समान न देखौ आन ॥१२७॥

निंदौ निंदौ मोकौ लोग निंदौ । निंदौ निंदौ मोकौ लोग निंदौ ॥
निंदा जन कौ खरी पियारी । निंदा बाप निंदा महतारी ॥
निंदा होय त वैकुंठ जाइयै । नाम पदारथ मनहि बसाइयै ॥
रिदै सुद्ध जौ निंदा होइ । हमरे कपरे निंदक धोइ ॥
निंदा करै सु हमरा मीत । निंदक माहिं हमारा चीत ॥
निंदक सो निंदा होरै । हमरा जीवन निंदक लोरै ॥
निंदा हमरी प्रेम पियार । निंदा हमरा करै उधार ॥
जन कबीर कौ निंदा सार । निंदक डूबा हम उतरे पार ॥१२८॥

नित उठि कोरी गागरिआ नै लीपत जनम गयो ।
ताना बाना कछू न सूझै हरि हरि रस लपट्यो ॥

हमरे कुल कौने राम कह्यौ ।
जब की माला लई निपूते तब ते सुख न भयो ॥
सुनहु जिठानी सुनहु दिरानी अचरज एक भयो ॥
सात सूत इन मुँडियो खोये इहु मुँडिया क्यों न मुयो ॥
सर्ब सखा का एक हरि स्वामी सो गुरु नाम दयो ॥
संत प्रह्लाद की पैज जिन राखी हरनाखसुनख बिदर्‌यो ॥
घर के देव पितर की छोड़ी गुरु को सबद लयो ।
कहत कबीर सकल पाप खंडन संतह लै उधर्‌यो ॥१२९॥
निर्धन आदर कोई न देई । लाख जतन करै ओहु चित न धरेई ॥
जौ निर्धन सरधन कै जाई । आगे बैठा पीठ फिराई ॥
जौ सरधन निर्धन कै जाई । दीया आदर लिया बुलाई ॥
निर्धन सरधन दोनों भाई । प्रभु की कला न मेटी जाई ॥
कहि कबीर निर्धन है सोई । जाकै हिरदे नाम न होई ॥१३०॥
पंडित जन माते पढ़ि पुरान । जोगी माते जोग ध्यान ॥
संन्यासी माते अहमेव । तपसी माते तप के भेव ॥
सब मदमाते कोऊ न जाग । संग ही चोर घर मुसन लाग ॥
जागै सुकदेव अरु अक्रूर । हणवन्त जागे धरि लंगूर ॥
संकर जागे चरन सेव । कलि जागे नामा जैदेव ॥
जागत सोवत बहुत प्रकार । गुरु मुखि जागे सोइ सार ॥
इस देही के अधिक काम । कहि कबीर भजि राम नाम ॥१३१॥
पंडिया कौन कुमति तुम लागे ।
बूडहुगे परवार सकल स्यो राम न जपहु अभागे ॥
बेद पुरान पढ़े का किया गुन खर चंदन जस भारा ॥
राम नाम की गति नहीं जानी कैसे उतरसि पारा ॥
जीय बधहु सुधर्म करि थापहु अधर्म कहौ कत भाई ॥
आपस कौ मुनि वर करि थापहु काकहु कहौ कसाई ॥

मन के अन्धे आपि न बूझहु का कहि बुझावहु भाई।
माया कारन विद्या बेचहु जनम अविर्था जाई॥
नारद बचन बिपास कहत है सुक कौ पूछहु जाई।
कहि कबीर रामहि रमि छूटहु नाहि त बूड़े भाई॥१३२॥
पंथ निहारै कामनी लोचनि भरी लेइ उसासा।
उर न भीजै पग ना खिसै हरि दर्सन की आसा।
उडहु न कागा कारे। वेग मिलीजै अपने राम प्यारे॥
कहि कबीर जीवन पद कारन हरि की भक्ति करीजै।
एक अधार नाम नारायण रसना राम रवीजै॥१३३॥
पन्द्रह तिथि सात बार। कहि कबीर उर वार न पार॥
साधक सिद्ध लखै जौ भेउ। आपे करता आपे देउ॥
अम्मावस महि आस निवारौ। अन्तरयामी राम समारहु॥
जीवन पावहु मोख दुआरा। अनभौ सबद तत्त्व निज सारा॥
चरन कमल गोविंद रंग लागा।
सन्त प्रसाद भये मन निर्मल हरि कीर्त्तन महि अनदिन जागा॥
परवा प्रीतम करहु बिचार। घट महि खेलै अघट अपार॥
काल कल्पना कदे न खाइ। आदि पुरुष महि रहै समाइ॥
दुतिया दुह करि जानै अंग। माया ब्रह्म रमै सब संग॥
ना ओहु बढ़ै न घटता जाइ। अकुल निरंजन एकै भाइ॥
तृतीया तीने सम करि ल्यावै। आनंद मूल परमपद पावै॥
साध संगति उपजै विस्वास। बाहर भीतर सदा प्रगास॥
चौथहि चंचल मन कौ गहहु। काम क्रोध संग कबहु न बहहु॥
जल थल माहें आपही आप। आपै जपहु आपना जाप॥

---

* एक दूसरे स्थान पर यह पद इस प्रकार आरंभ होता है "पड़ी आकवत कुमति तुम लागे" शेष सब ज्यों का त्यों है। मूल प्रति में जो ३६ नंबर का पद है (पृष्ठ १००) वह भी कुछ थोड़े से हेर फेर के साथ ऐसा ही हैं।

पाँचे पंच तत्त बिस्तार। कनिक कामिनी जुग ब्योहार॥
प्रेम सुधा रस पीवै कोइ। जरा मरण दुख फेरि न होइ॥
छटि षट चक्र चहूँ दिसि धाइ। बिनु परचै नहीं थिरा रहाइ॥
दुबिधा मेटि खिला गहि रहहु। कर्म धर्म की सूल न सहहु॥
साते सति करि बाचा जाणि। आतम राम लेहु परवाणि॥
छूटै संसा मिटि जाहि दुक्ख। सुन्य सरोवरि पावहु सुक्ख॥
अष्टमी अष्ट धातु की काया। तामहि अकुल महा निधि राया॥
गुपु गम ज्ञान बतावै भेद। उलटा रहै अभंग अछेद॥
नौमी नवै द्वार कौ साधि। बहती मनसा राखहु बाँधि॥
लोभ मोह सब बीसरी जाहु। जुग जुग जीवहु अमर फल खाहु॥
दसमी दह दिसि होइ अनंदा। छूटै धर्म मिलै गोबिंदा॥
ज्योति स्वरूप तत्त अनूप। अमल न मल न छाह नहिं धूप॥
एकादसी एक दिसि धावै। तौ जोनी संकट बहुरि न आवै॥
सीतल निर्मल भया सरीरा। दूरि बतावत पाया नीरा॥
बारसि बारहौ गवै सूर। अहि निसि बाजै अनहद नूर॥
देख्या तिहूँलोक का पीउ। अचरज भया जीव ते सीउ॥
तेरसि तेरह अगम बखाणि। अर्द्ध उर्द्ध बिच सम पहिचाणि।
नीच ऊँच नहीं मान प्रमान। ब्यापक राम सकल समान॥
चौदसि चौदह लोक मझारि। रोम रोम महि बसहि मुरारि॥
सत संतोष का धरहु धियान। कथनी कथियै ब्रह्म गियान॥
पून्यों पूरा चन्द्र अकास। पसरहि कला सहज परगास॥
आदि अंत मध्य होइ रह्या बीर। सुखसागर महि रमहि कबीर१३४
पहिला पूत पछौरी माई। गुरु लागी चेले की पाई॥
एक अचंभौ सुनहु तुम भाई। देखत सिंह चरावत गाई॥
जल की मछुली तरवर ब्याई। देखत कुतर लै गई बिलाई॥
तलेरे बैसा ऊपर सूला। तिसकै पेड़ लगे फल फूला॥

घोरै चरि भैस चरावन जाई। बाहर बैल गोनि घर आई ॥
कहत कबीर जो इस पद बूझै। राम रमत तिसु सब किछु सूझै १३५

पहिली कुरूप कुजाति कुलक्खनी साहुर पेइयै बुरी।
अब की सरूप सुजाति सुलक्खनी सहजे उदरधरी ॥
भली सरी मुई मेरी पहली वरी।
जुग जुग जीवौ मेरी अब की धरी ॥
कहु कबीर जब लहुरी आई बड़ी का सुहाग टर्यो।
लहुरी संग भई अब मेरे जेठी और धर्यो ॥१३६॥

पाती तोरै मालिनी पाती पाती जीउ।
जिसु पाहन को पाती तोरै सो पाहनु निरजीउ ॥
भूली मालिनी है एउ। सति गुरू जागता है देउ ॥
ब्रह्म पाती बिस्नु डारी फूल संकर देव ॥
तीन देव प्रतख्य तोरहिं करहि किसकी सेव ॥
पाषान गढ़ि कै मूरति कीनी देकै छाती पाउ ॥
जे एइ मूरति साची है तो गड़णहारे खाउं ॥
भातु पहिति और लापसी करक राका सारु ॥
भोगनु हारे भोगिया इसु मूरति के मुखछार ॥
मालिन भूली जग भुलाना हम भुलाने नाहिं।
कहु कबीर हम राम राखे कृपा करि हरि राइ ॥१३७॥

पानी मैला माटी गोरी। इस माटी की पुतरी जोरी ॥
मैं नाही कछुआहि न मोरा। तन धन सब रस गोविंद तोरा ॥
इस माटी महि पवन समाया। झूठा परपंच जोरि चलाथा ॥
किनहू लाख पाँच की जोरी। अंत कि बाट गगरिया फोरी ॥
कहि कबीर इक नीवौ सारी। खिन महि बिनसिजाइ अहंकारी१३८

पाप पुन्य दोइ बैल बिसाहे पवन पूँजी परगास्यो।
तृष्णा गूणि भरी घट भीतर इन बिधि टांड बिसाह्यो ॥

ऐसा नायक राम हमारा । सकल संसार कियो बंजारा॥
काम क्रोध दुइ भये जगाती मन तरंग बटबारा।
पंच तत्तु मिलि दान निबेरहि टांडा उतर्‍यो पारा ॥
कहत कबीर सुनहु रे संतहु अब ऐसी बनि आई।
घाटी चढ़त बैल इक थाका चलो गोनि छिटकाई ॥१३९॥

पिंड मुए जिउ किह घर जाता। सबद अतीत अनाहद राता॥
जिन राम जान्या तिन्हीं पछान्या। ज्यों गूंगे साकर मन मान्या॥
ऐसा ज्ञान कथै बनवारी। मन रे पवन दृढ़ सुषमन नाड़ी॥
सो गुरुकरहु जि बहुरि न करना। सो पद रवहु जि बहुरि न रवना
सो ध्यान धरहु जि बहुरि न धरना। ऐसे मरहु जि बहुरि न मरना
उलटी गंगा जमुन मिलावौ। बिनु जल संगम मन महि नावौ॥
लोचा सम सरिहहु ब्योहारा। तत्तु विचारि क्या अवर बिचारा॥
अप तेज वायु पृथमी आकासा। ऐसी रहनि रहौ हरि पासा॥
कहे कबीर निरंजन ध्यावौ। तित घर जाहु जि बहुरि न आवौ१४०

पेवक दै दिन चारि है साहुरडे जाणा।
अंधा लोक न जाणई मूरखु एयाणा॥
कहु डडिया बांधै धन खड़ी। याहू घर आये मुकलाऊ आये॥
ओह जि दिसै खूरड़ी कौ न लाजु बहारी।
लाज घड़ी स्यो टूटि पड़ी उठि चली पनिहारी॥
साहिब होइ दयाल कृपा करे अपना कारज सवारे।
ता सोहागणि जानिए गुरु सबद बिचारै॥
किरत की बांधी सब फिरै देखहु बिचारी।
एसनो क्या आखिये क्या करै बिचारी॥
भई निरासी उठि चली चित बँधी न धीरा।
हरि की चरणि लागि रहु भजु सरण कबीरा॥ १४१॥


प्रह्लाद पठाये पढ़न साल। संगि सखा बहु लिए बाल।

मोकौ कहा पढ़ावसि आल जाल। मेरी पटिया लिखि देहु श्री गोपाल॥
नहीं छोड़ो रे बाबा राम नाम। मेरो और पढ़न स्यो नहीं काम॥
संडै मरकै कह्यो जाइ। प्रहलाद बुलाये बेगि धाइ॥
तू राम कहन की छोडु बानि। तुझ तुरत छडाऊँ मेरो कह्यो मानि॥
मोकौ कहा सतावहु बार बार। प्रभु भज थल गिरि किये पहार॥
इकराम न छोड़ो गुरुहि गारि। माकौ घालि जारि भावै मारिडारि
काढ़ि खड़ग कोप्यो रिसाइ। तुझ राखनहारो मोहि बताइ॥
प्रभु थंभ ते निकसे कै बिस्तार। हरनाखस छेद्यो नख बिदार॥
ओइ परम पुरुष देवाधि देव। भगत हेत नरसिंघ भेव॥
कहि कबीर को लखै न पार। प्रहलाद उबारे अनिक बार॥१४२॥
फील रबाबी बलदु पखावज कौआ ताल बजावै।
पहरि चलना गदहा नाचै भैसा भगति करावै॥
राजा राम क करिया बरपे काये। किनै बूझन हारै खाये॥
बैठि सिंह घर पान लगावहि घीस गल्योरे लावै।
घर घर मुसरी मंगल गावहि कछुवा संख बजावै॥
वंस को पूत बिआहन चलिया सुइने मंडप छाये।
रूप कन्निया सुंदर बेधी ससै सिंह गुन गाये॥
कहत कबीर सुनहु रे पंडित कीटी परबत खाया।
कछुवा कहै अंगार भिलोरौ लूकी सबद सुनाया॥१४३॥
फुरमान तेरा सिरै ऊपर फिरि न करत बिचार।
तुही दरिया तुही करिया तुझै ते सिस्तार॥
बंदे बंदगी इकतीयार। साहिब रोष धरौ कि पियार॥
नाम तेरा आधार मेरा जिउ फूल जइहै नारि।
कहि कबीर गुलाम घर का ज आइ भावै मारि॥१४४॥
बंधचि बंधनु पाइया। मुकतै गुरि अनलु बुझाइया॥
जब नख सिख इहु मनु चीना। तब अंतर मजनू कीना॥

पवन पति उनमनि रहनु खरा । नहीं मिसु न जनमु जरा ॥
उलटी ले सकति संहारं । फैसीले गगन मझारं ॥
बेधिय ले चक्र भुअंगा । भेटिय ले राइन संगा ॥
चूकिय ले मोह भई आसा । ससि कीनो सूर गिरासा ॥
जब कुभ कुमारि पुरि जीना । तब वाजे अनहद बीना ॥
बकतै बकि सबद सुनाया । सुनतै सुनि माल बसाया ॥
करि करता उतरसि पारं । कहै कबीरा सारं ॥१४५॥

वटुआ एक बहत्तरि आधारी एको जिसहि दुबारा ।
नवै खंड की प्रथमी मांगै सो जोगी जगसारा ॥
ऐसा जोगी नव निधि पावै । तल का ब्रह्म ले गगन चरावै ॥
खिथा ज्ञान ध्यान करि सूई सबद ताग मथि घालै ।
पंच तत्व की करि मिरगाणी गुरु कै मारग चालै ॥
दया फाहुरी काया करि धूई दृष्टि की अगनि जलावै ।
तिसका भाव लए रिद अंतर चहु जुग ताड़ी लावै ॥
सभ जोगत्तण राम नाम है जिसका पिंड पराना ।
कहुँ कबीर जे किरपा धारै देइ सचा नीसाना ॥१४६॥

वनहि बसे क्यों पाइयै जौ लौ मनहु न तजै विकार ।
जिह घर बन सम सरि किया ते पूरे संसार ॥
सार सुख पाइये रामा रंगि रवहु आतमै रामा ।
जटा भस्म लै लेपन किया कहा गुफा महि बास ।
मन जीते जग जीतिया ते विषया ते होइ उदास ॥
अंजन देइ सब कोई टुकु चाहन माहि बिडांनु ।
ग्यान अंजन जिइ पाइया ते लोइन परवानु ॥
कहि कबीर अब जानिया गुर ज्ञान दिया समुझाइ ।
अंतर गति हरि भेटिंया अब मेरा मन कतहु न जाइ ॥१४७॥

कहुँ प्रपंच करि परधन ल्यावै । सुत दारा पहि आनि लुटावै ॥

मन मेरे भूले कपट न कीजै। अंत निवेरा तेरे जीय पहि लीजै।
छिन छिन तन छीजै जरा जनावै। तब तेरी ओक कोई पानियो नपावै
कहत कबीर कोई नहीं तेरा। हिरदै राम किन जपहि सवेरा॥१४८॥
बाती सूखी तेल निखूटा। मंदल न बाजै नट पै सूता॥
बुझि गई अगनि न निकस्यो धूआ। रवि रह्या एक अवर नहीं दूआ
तूटी तंतु न बजै रबाब। भूलि बिगार्यो अपना काज॥
कथनी बदनी कहन कहावन। समझ परी तो बिसर्यो गावन॥
कहत कबीर पंच जो चूरे। तिनते नाहिं परम पद दूरे॥१४९॥
बाप दिलासा मेरो कीना। सेख सुखाली मुखि अमृत दीना॥
तिसु बाप कौ क्यों मनहु बिसारी। आगे गया न बाजी हारी॥
मुई मेरी माई हौ खरा सुखाला। पहिरौ नहीं दगली लगै न पाला॥
बलि तिसु बापै जिन हौ जाया। पंचा ते मेरा संग चुकाया॥
पंच मारि पावा तलि दीने। हरि सिमरन मेरा मन तन भीने॥
पिता हमरो बड़ गोसाई। तिसु पिता पहि हौं क्यो करि जाई॥
सति गुरु मिले ता मारग दिखाया। जगत पिता मेरे मन भाया॥
हौ पूत तेरा तू बाप मेरा। एकै ठाहरि दुहा बसेरा॥
कह कबीर जनिएको बूझिया। गुरु प्रसाद मैं सब कछु सूझिया॥१५०॥
बारह बरस बालपन बीते बरस कछु तपु न किया।
तीस बरस कछु देव न पूजा फिर पछुताना बिरध भयो॥
मेरी मेरी करते जनम गयो। साइर सोखि भुजं बलयो॥
सूके सरवर पालि बँधावै लूणे खेत हथ वारि करै॥
आयो चोर तुरंत ही ले गयो मेरी राखत मुगध फिरै॥
चरन सीस कर कंपन लागे नैनी नीर असार बहै॥
जिहिवा बचन सुद्ध नहीं निकसै तब रे धरम की आस करै॥
हरि जी कृपा करै लिव लावै लाहा हरि हरि नाम लियो।
गुरु परसादी हरि धन पायो अंते चल दिया नालि चल्यो॥

कहत कबीर सुनहु रे संतहु अनधन कछु ऐलै न गयो।
आई तलब गोपाल राइ की माया मंदर छोड़ चल्यो ॥ १५१ ॥

बावन अक्षर लोक त्रय सब कछु इनही माहि।
जे अक्खर खिरि जाहिगे ओइ अक्खर इन महि नाहि ॥

जहाँ बोल तह अक्खर आवा। जह अबोल तह मन न रहावा ॥
बोल अबोल मध्य है सोई। जस ओहु है तस लखै न कोई ॥

अलह लहौ तौ क्या कहौ हौ तो को उपकार।
बटक बीजि महि रवि रह्यो जाको तीनि लोकि विस्तार॥

अलह लहंता भेद छै कछु कछु पायो भेद।
उलटि भेद मन बेधियो पायो अभंग अछेद ॥

तुरक तरी कत जानियै हिंदू वेद पुरान।
मन समझावन कारनै कछु यक पढ़ियै ज्ञान ॥

ओअंकार आदि मैं जाना। लिखि और मेटै ताहि न माना॥
ओअंकार लखै जौ कोई। सोई लखि मेटणा न होई ॥
कका किरणि कमल महि पावा। ससि बिगास सम्पट नहिं आवा ॥
अरु जे तहा कुसम रस पावा। अकह कहा कहि का समझावा ॥
खख्खा इहै खोड़ि मन आवा। खोडे छाड़ि न दह दिसि धावा ॥
खसमहि जाणि खिमा करि रहै। तौ होइ निखओ अखै पद लहै ॥
गग्गा गुरु के वचन पछाना। दूजी बात न धरई काना ॥
रहै बिहंगम कतहि न जाई। अगह गहै गहि गगन रहाई ॥
घग्घा घट घट निमसै सोई। घट फूटै घट कबहिं न होई ॥
ता घट माहि घाट जौ पावा। सो घट छाँड़ि अवघट कत धावा ॥

ङंडा निग्रह सनेह करि निरवारो संदेह।
नाही देखि न भाजियै परम सियानप एह ॥

चच्चा रचित चित्र है भारी। तजि चित्रै चेतहु चितकारी ॥
चित्र बचित्र इहै अवझोरा। तजि चित्रै चितु राखि चितेरा ॥

छच्छा इहै छत्रपति पासा । छकि किन रहहु छाड़ि किन आसा ॥
रे मन मैं छिन छिन समझावा । ताहि छाड़ि कत आप बधावा ॥
जज्जा जौ तन जीवत जरावै । जोवन जारि जुगति सो पावै ॥
अस जरि परजरि जरि जब रहै । तब जाइ ज्योति उजारौ लहै ॥
झझ्झा उरझि सुरझि नहि जाना । रह्यो झझकि नाही परवाना ॥
कत झकि झकि औरन समझावा । झगर किये झगरौ ही पावा ॥

ञंञा निकट जु घट रह्यो दूरि कहा तजि जाइ ॥
जा कारण जग ढूंढियौ नेरौ पायो ताहि ॥

टट्टा विकट घाट घट माही । खोलि कपाट महल किन जाही ॥
देखि अटल टलि कतहि न जावा । रहै लपटि घट परचौ पावा ॥
ठट्ठा इहै दूरि ठग नीरा । नीठि नीठि मन कीया धीरा ॥
जिन ठग ठग्या सकल जग खावा। सो ठग ठग्या ठौर मन आवा ॥
डड्डा डर उपजै डर जाई । ता डर महि डर रह्या समाई ॥
जौ डर डरै तौ फिरि डर लागै । निडर हुआ डर उर होइ भागै ॥
ढड्ढा ढिग ढूंढहिं कत आना । ढूँढत ही ढहि गये पराना ॥
चढि सुमेर ढूँढि जब आवा । यिह गढ़ गढ़्यो सुगढ़ महि पावा ॥
णाणा रणि रूतौ नर नेही । करै नानि वैना फुनि संचरै ॥
धन्य जनम ताही को गणै । मारे एकहि तजि जाइ भणै ॥
तत्ता अतर तर्‍यौ नइ जाई । तन त्रिभुवण में रह्यो समाई ॥
जौ त्रिभुवण तन माहि समावा । तौ ततहि तत मिल्या सचु पावा ॥
थथा अथाह थाह नहीं पावा । ओहु अथाह इहु थिर न रहावा ॥
थोडै थल थानक आरंभै । बिनुही थाहर मन्दिर थंभै ॥
ददा देखि जु बिनसन हारा । जस अदेखि तस राखि विचारा ॥
दसवै द्वार कुंजी जब दीजै । तौ दयाल कौ दर्सन कीजै ॥
धद्धा अर्द्धहि उर्द्ध निवेरा । अर्द्धहि उर्द्धह मंझि बसेरा ॥
अर्द्धह छाहि उर्द्ध जो आवा । तौ अर्द्धहि उर्द्ध मिल्या सुख पावा ॥

नन्ना निसि दिन निरखत जाई । निरखत नयन रहे रतवाई ॥
निरखत निरखत जब जाइ पावा । तबले निरखति निरखमिलावा ॥
पप्पा अपर पार नहीं पावा । परम ज्योति स्यो परचौ लाया ॥
पाँचो इंद्री निग्रह करई । पाप पुण्य दोऊ निरवरई ॥
फफ्फा बिनु फूलै फल होई । ता फल फंक लखैं जौ कोई ॥
दूणि न परई फंक विचारै । ता फल फंक सबै तन फारै ॥
बब्बा बिंदहि बिंद मिलावा । बिंदहि बिंद न बिछुरन पावा ॥
बंदौ होइ बन्दगी गहै । बंधक होइ बंधु सुधि लहै ॥
भभ्भा भेदहि भेद मिलावा । अब भौ भानि भरोसौ आवा ॥
जो बाहर सो भीतर जान्या । भया भेद भूपति पहिचान्या ॥
मम्मा मूल रह्या मन मानै । मर्मी होइ सो मन कौ जानै ॥
मत कोइ मन मिलता भिलमावै । मगन भया तेसो सचु ·पावै ॥

मम्मा मन स्यो काजु है मन साधे सिधि होइ ।
मनही मन स्यो कहै कबीरा मनसा मिल्या न कोइ ॥

इहु मन सकती इहु मन सीउ । इहु मन पंच तत्त्व को जीउ ॥
इहु मन ले जौ उनमनि रहै । तौ तीनि लोक की बातैं कहै ॥

यय्या जौ जानहि तौ दुर्मति हनि करि बसि काया गाउ ।
रणि रूतौ भाजै नहीं सूर उधारौ नाउ ॥

रारा रस निरस्स करि जान्या । होइ निरस्स सुरस पहिचान्या ॥
इह रस छाड़े उह रस आवा । उह रस पीया इह रस नही भावा ॥
लल्ला ऐसे लिव मन लावै । अनत न जाइ परम सचुपावै ॥
अरु जौ तहा प्रेम लिव लावै । तौ अलह लहै लहि चरन समावै ॥
ववा बार बार विष्णु समारि । विष्णु समारि न आवै हारि ॥
बलि बलि जे विष्णु तना जस गावै । विष्णु मिलै सबही सचुपावै ॥

वावा वाही जानियै वा जाने इहु होइ ।
इहु अरु ओहु जब मिलै तब मिलत न जानै कोइ ॥

शश्शा सो नीका करि सोधहु। घट पर चाकी बात निरोधहु ॥
घट परचै जौ उपजै भाउ। पूरि रह्या तह त्रिभुवन राउ ॥
षष्षा खोजि परै जौ कोई। जो खोजै सो बहुरि न होई ॥
खोजि बूझि जौ करै बिचारा। तौ भव जल नरत न लावै बारा ॥
सस्सा सो सइ सेज सवांरै। सोई सही संदेह निवारै ॥
अल्प सुख छाड़ि परम सुख पावा। तब इह त्रिय ओहु कंतकहावा॥
हाहा होत होइ नहीं जाना। जबहो होइ तबहि मन माना ॥
है तौ सही लखै जौ कोई। तब ओही उह एहु न होई ॥
लिउँ लिउँ करत फिरै सब लोग। ता कारण व्यापै बहु सोग ॥
लक्ष्मीबर स्यो जौ लिव लागै। सोग मिटै सब ही सुख पावै ॥
खक्खा खिरत खपत गये केते। खिरत खपत अजहूँ नहि चेते ॥
अब जग जानि जौ मना रहै। जह का बिछुरा तह थिरु लहै ॥
बावन अक्खर जोरे आन। सक्या न अक्खरु एक पछानि ॥
सत का सबद कबीरा कहै। पंडित होइ सो अनभै रहै ॥
पंडित लोगह कौ व्यवहार। ज्ञानवन्त कौ तत्त्व वीचार ॥
जाकै जीय जैसी बुधि होई। कहि कबीर जानैगा सोई ॥१५२॥
बिंदु ते जिन पिंड किया अगनि कुंड रहाइया।
दस मास माता उदरि राख्या बहुरि लागी माइया ॥
प्रानी काहे कौ लोभि लागै रतन जनम खोया।
पूरब जनम करम भूमि बीजु नाहीं बोया ॥
बारिक ते बिरध भया होना सो होया।
जा जम आइ झोट पकरै तबहि काहे रोया ॥
जीवन की आसा करै जम निहारै सासा।
बाजीगरी संसार कबीरा चेति ढालि पासा ॥१५३॥
बुत पूजि पूजि हिंदू मुये तुरक मुये सिर नाई।
ओइ ले जारे ओइ ले गाड़े तेरी गति दुहुँ न पाई ॥

मन रे संसार अंध गहेरा।
चहुँ दिसि पसर्‍यो है जम जेवरा ॥
कवित पढ़े पढ़ि कविता मूये कपड़ के दारै जाई।
जटा धारि धारि जोगी मूये तेरी गति इनहि न पाई ॥
द्रव्य संचि संचि राजे मूये गड़िले कंचन भारी।
वेद पढ़े पढ़ि पंडित मूये रूप देखि देखि नारी ॥
राम नाम बिन सबै बिगूते देखहु निरखि सरीरा।
हरि के नाम बिन किन गति पाई कहि उपदेस कबीरा ॥१५४॥
भुजा बाँधि भिला करि डार्‍यो। हस्ती कोपि मूंड महि मार्‍यो ॥
हस्ती भागि कै चीसा मारै। या मूरति कै हौ बलिहारै ॥
आहि मेरे ठाकुर तुमरा जोर। काजी बकिबो हस्ती तोर ॥
रे महावत तुझ डारौ काटि। इसहि तुरावहु घालहु साटि ॥
हस्त न तोरै धरै ध्यान। वाकै रिदै बसै भगवान ॥
क्या अपराध संत है कीना। बाँधि पाट कुंजर को दीना ॥
कुंचर पोटलै लै नमस्कारै। बूझी नहीं काजी अंधियारै ॥
तीन बार पतिया भरि लीना। मन कठोर अजहू न पतीना ॥
कहि कबीर हमारा गोविंद। चौथे पद महि जन की जिंद ॥१५५॥
भूखे भगति न कीजै। यह माला अपनी लीजै ॥
हौ माँगो संतन रेना। मैं नाही किसी का देना।
माधव कैसी बनै तुम संगे। आपि न देउ तले बहु मंगे ॥
दुइ सर माँगौ चूना। पाव घीउ संग लूना ॥
अधसेर माँगो दाले। मोकौ दोनों बखत जिवाले ॥
खाट माँगौ चौपाई। सिरहाना और तुलाई ॥
ऊपर कौ माँगौ खींधा। तेरी भगति करै जनु बींधा ॥
मैं नाही कीता लब्बो। इन नाउ तेरा मैं फब्बो ॥
कहि कबीर मन मान्या। मन मान्या तौ हरि जान्या ॥१५६॥

मन करि मक्का किबला करि देही । बोलनहार परम गुरु एही ॥
कहु रे मुल्ला बाँग निवाज । एक मसीति दसै दरवाज ॥
मिसिमिलि तामसु भर्म कर दूरी । भाखि ले पंचे होइ सबूरी ॥
हिन्दू तुरक का साहिब एक । कह करै मुल्ला कह करै सेख ।
कहि कबीर हो भयादिवाना । मुसिमुसि मनुआ सहजि समाना॥१७५॥
मन का स्वभाव मानहि वियापी । कनहि मारि कवन सिधि थापी॥
कवन सु मुनि जो मन को मारै । मन कौ मारि कहहुँ किस तारैं ॥
मन अंतर बोलै सब कोई । मन मारै बिन भगत न होई ॥
कहुँ कबीर जो जानै भेउ । मन मधुसूदन त्रिभुवण देउ ॥१५८॥
मन रे छाड़हु भर्म प्रकट होइ नाचहु या माया के डाड़े ।
सूर किसन मुखरन ते डरपै सती कि साँचै भांडे ॥
डगमग छांडि रे मन बौरा ।
अब तो जरै मरै सिधि पाइयै लीनो हाथ सिधोरा ॥
काम क्रोध माया के लीने या विधि जगत बिगूचा ।
कहि कबीर राजा राम न छोड़ौ सगल ऊँच ते ऊँचा ॥१५९॥

माता जूठी पिता भी जूठा जूठेही फल लागे ।
आवहि जूठे जाहि भी जूठे जूठे मरहि अभागे ॥
कह पंडित सूचा कवन ठाउ । जहाँ बैसि हौ भोजन खाउ ॥
जिह्वा जूठी बोलत जूठा करन नेत्र सब जूठे ।
इंद्री की जूठी उतरसि नाहि ब्रह्म अगनि के जूठे ॥
अगनि भी जूठी पानी जूठा जूठी बैसि पकाइया ।
जूठी करछी परोसन लागा जूठे ही बैठि खाइया ॥
गोबर जूठा चौका जूठा जूठी दीनी करा ।
कहि कबीर तेई नर सूचे साची परी बिचारा ॥१६०॥

मरन जीवन की संका नासी । आपन रंग सहज परगासी ॥
प्रकटी ज्योति मिट्या अँधयारा । राम रतन पाया करत बिचारा॥

जह अनंद दुख दूर पयाना । मन मानकु लिय ततु लुकाना ॥
जो किछु होआसु तेरा भाणा । जौ इन बूझिसु सहजि समाणा ॥
कहत कबीर किलविष गये खीणा । मन भाया जग जीवन लीणा ॥

माई मोहिं अवरु न जान्यो आनां ।
शिव सनकादि जासु गुन गावहि तासु बसहि मेरे प्राना ॥
हिरदै प्रगास ज्ञान गुरु गम्मित गगन मंडल महि ध्यानां ।
विषय रोग भय बंधन भागे मन निज घर सुख जानां ॥
एक सुमति रति जानि मानि प्रभु दूसर मनहि न आना ।
चंदन बास भये मन बास न त्यागि घट्यो अभिमानां ॥
जो जन गाइ ध्याइ जस ठाकुर तासु प्रभू है थानां ।
तिह बड़ भाग बस्यो मन जाके कर्म प्रधान मथानां ॥
काटि सकति सिव सहज प्रगास्यो एकै एक सामानां ।
कहि कबीर गुरु भेटि महासुख भ्रमत रहे मन मानां ॥१६२॥
माथे तिलक हथि माला बानां । लोगन राम खिलौना जानां ।
जौ हौ बौरा तौ राम तोरा । लोग मर्म कह जाने मोरा ॥
तोरौ न पाती पूजौ न देवा । राम भगति बिन निहफल सेवा ।
सतिगुरु पूजौ सदा मनावो । ऐसो सेव दरगाह सुख पावो ॥
लोग कहै कबीर बौराना । कबीर का मर्म राम पहिचाना ॥१६३॥

माधव जल की प्यास न जाइ । जल महि अगनि उठी अधिकाइ ॥
तू जलनिधि हौ जल का मीन । जल महि रहौ जलै बिन खीन ॥
तू पिंजर हौ सुअटा तोर । जम मंजरा कहा करै मोर ॥
तू तरवर हौ पंखी आहि । मन्दभागी तेरो दर्शन नाहिं ॥१६४॥

मुद्रा मौनि दया करि झोली । पत्र का करहु विचारू रे ।
खिंथा इहु तन सीओ अपना नाम करो आधारू रे ॥
ऐसा जोग कमावै जोगी । जप तप संजम गुरु मुखभोगी ॥

बुद्धि विभूति चढ़ाओौ अपनी सिगी सुरति मिलाई।
करि वैराग फिरौ तन नगरी मन की किंगुरी बजाई॥
पंच तत्व लै हिरदै राखहु रहै निराल मताड़ी।
कहत कबीर सुनहु रे संतहु धर्म दया करि बाढ़ी॥१६५॥

मुसि मुसि रोवै कबीर की माई। ए बारिक केसे जीवहिं रघुराई॥
तनना बुनना सब तज्यो है कबीर। हरि का नाम लिखि लियो शरीर
जब लग तागा बाहउ वेही। तब लग बिसरै रांम सनेही॥
ओछी मति मेरी जाति जुलाहा। हरि का नाम लह्यो मैं लाहा।
कहत कबीर सुनहु मेरी माई। हमरा इनका दाता एक रघुराई१-६

मेरी बहुरिया को धनिया नाउ। ले राख्यो रामजनिया नाउ॥
इन मुंडियन मेरा घर धुधरावा। बिटवहि राम रमौआ लावा॥
कहत कबीर सुनहु मेरी माई। इन मुंडियन मेरी जाति गवाई १६७

मैला ब्रह्मा मैला इन्दु। रवि मैला है मैला चन्दु॥
मैला मलता इहु संसार। इक हरि निर्मल जाका अन्त न पार॥
मैला ब्रह्मंडा इक्कै ईस। मैले निसि बासुर दिन तीस॥
मैला मोती मैला हीरु। मैला पवन पावक अरु नीरु॥
मैले सिव संकरा महेस। मैले सिध साधिक अरु भेष॥
मैले जोगी जंगम जटा समेति। मैली काया हंस समेति॥
कहि कबीर ते जन परवान। निर्मल ते जो रामहि जान॥१६८॥

मौली धरती मौला आकास। घटि घटि मौलिया आतम प्रगास॥
राजा राम मौलिया अनत भाइ। जह देखौ तह रहा समाइ॥
दुतिया मौलै चारि बेद। सिंमृति मौली सिउ कतेब॥
संकर मौल्यो जोग ध्यान। कबीर को स्वामी सब समान॥१६९॥

जम ते उलटि भये है राम। दुख बिनसे सुख कियो बिस्राम॥
वैरी उलटि भये हैं मीता। साकत उलटि सुजन भये चीता॥
अब मोंहि सर्व कुसल करि मान्या। सान्ति भई जब गोविंद जान्या

तन महि होती कोटि उपाधि। उलटि भई सुख सहजि समाधि ॥
आप पछानै आपै आप। रोग व्यापै तीनों ताप ॥
अब मन उलटि सनातन हूआ। तब जान्या जब जीयत मूआ ॥
कहु कबीर सुख सहज समाओ। आपि न डरो न अवर डराओ१७०

जोगी कहहि भल मीठा अवरु न दूजा भाई।
रुंडित मुंडित एकै सबदी एकहहि सिधि पाई ॥

हरि बिनु भरमि भुलाने अंधा।
जा पहि जाउ आप छुटकावनि ते बाँधे बहु फंदा ॥
जह ते उपजी तही समानी इहि विधि बिसरी तबही।
पंडित गुणी सूर हम दाते एही कहहि बड़ हमही ॥
जिसहि बुझाए सोई बूझै बिनु बूझै क्यौं रहियै।
सति गुरु मिलै अँधेरा चूकै इन विधि प्राण कु लहियै ॥
तजिया वेदा हने बिकारा हरि पद दृढ़ करि रहियै।
कहु कबीर गूँगे गुड़ खाया पूछे ते क्या कहियै ॥१७१॥

जोगी जती तपी संन्यासी बहु तीरथ भ्रमना।
लुंजित मुंजित मौनि जटा धरि अंत तऊ मरना ॥
ताते सेविअ ले रामना।
रसना राम नाम हितु जाकै कहा करे जमना ॥
आगम निगम जोतिक जानहि बहु बहु व्याकरना।
तंत्र मंत्र सब औषध जानहि अंत तऊ मरना ॥
राज भोग अरु छत्र सिंहासन बहु सुंदरि रमना।
पान कपूर सुबासक चंदन अंत तऊ मरना ॥
बेद पुरान सिमृति सब खोजे कहूँ न ऊबरना।
कहु कबीर यों रामहि जपौ मेटि जनम मरना ॥१७१॥

जोनि छाड़ि नौ जग महि आयो। लागत पवन खसम बिसरायो ॥

जियरा हरि के गुन गाउ ॥
गर्भ जोनि महि ऊर्ध्व तपु करता । तौ जठर अग्नि महि रहता ॥
लख चौरासीह जोनि भ्रमि आयो । अब के छुटके ठौर न ठायो ॥
कहु कबीर भजु सारिंगपानी । आवत दीसै जात न जानी ॥१७३॥
रहु रहु री बहुरिया घूँघट जिनि काढ़ै । अंत की बार लहैगी आढ़ै॥
घूँघट काढ़ि गई तेरी आगै । उनकी गैल तोहि जिनि लागै ॥
घूँघट काढ़े की इहै बड़ाई । दिन दस पांच बहू भले आई ॥
घूँघट तेरो तौपरि साचै । हरि गुन गाइ कूदहि अरु नाचै ॥
कहत कबीर बहू तब जीतै । हरि गुन गावत जनम व्यतीतै ॥१७४॥
राखि लेहु हमते बिगरी ।
सील धरम जप भगति न कीनी हौ अभिमान ठेढ़ पगरी ॥
अमर जानि संची इह काया इह मिथ्या काची गगरी ।
जिनहि निवाजि साजि हम कीये तिनहि बिसारि औ लगरी ॥
संधि कोहि साथ नहीं कहियो सरनि परे तुमरी पगरी ।
कह कबीर इहि बिनती सुनियहु मत घालहु जम की खबरी ॥१७५॥
राजन कौन तुमारै आवै ।
ऐसो भाव बिदुर कौ देख्यो ओहू गरीब मोहि भावै ॥
हस्ती देखि भर्मते भूला श्री भगवान न जान्या ।
तुमरो दूध बिदुर को पानी अमृत करि मैं मान्या ॥
खीर समान सागु मैं पाया गुन गावत रैनि बिहानी ।
कबीर को ठाकुर अनद बिनोदी जाति न काहू की मानी ।१७६।
राजा राम तू ऐसा निर्भव तरन तारन राम राया ॥
जब हम होते तब तुम नाही अब तुम हहु हम नाही ।
अब हम तुम एक भये हहि एकै देखति मन पतियाही ॥
जब बुधि होती तब बल कैसा अब बुधि बल न खटाई ।
कहि कबीर बुधि हरि लई मेरी बुधिं बदली सिधि पाई ॥१७७॥

राजा स्रिमामति नहीं जानी तोरी । तेरे संतन की हौं चेरी ॥
हसतो जाइ सु रोवत आवै रोवत जाइ सु हसै ।
वसतो होइ सो ऊजरू ऊजरू होइ सु बसै ॥
जल ते थल करि थल ते कूआ कूप ते मेरु करावै ।
धरती ते आकास चढ़ावै चढ़े अकास गिरावै ॥
भेखारी ते राज करावै राजा ते भेखारी ।
खल मूरख ते पंडित करिबो पंडित ते मुगधारी ॥
नारी ते जो पुरख करावै पुरखन ते जो नारी ।
कहु कबीर साधू का प्रीतम सुमूरति बलिहारी ॥१७८॥

राम जपौ जिय ऐसे ऐसे । ध्रुव प्रह्लाद जप्यो हरि जैसे ॥
दीनदयाल भरोसे तेरे । सब परवार चढ़ाया बेड़े ॥
जाति सुभावै ताहु कम मनावै । इस बेड़े कौ पार लँघावै ॥
गुरु प्रसादि ऐसी बुद्धि समानी । चूकि गई फिरि आवन जानी॥
कहु कबीर भजु सारिंगपानी । उरवार पार सब एको दानी ॥१७९॥

राम सिमरि राम सिमरि राम सिमरि भाई ।
राम नाम सिमरन बिन बूड़ते अधिकाई ॥
वनिता सुत देह ग्रेह संपति सुखदाई ।
इनमें कछु नाहि तेरो काल अवधि आई ॥
अजामल गज गनिका पतित कर्म कीने ।
तेऊ उतरि पार परे राम नाम लीने ॥
सूकर कूकर जोनि भ्रमतेऊ लाज न आई ।
राम नाम छाड़ि अमृत काहे बिष खाई ॥
तजि भर्म कर्म बिधि निषेध राम राम लेही ।
गुरु प्रसादि जन कबीर राम करि सनेही ॥१८०॥

री कलवारि गवारि मूढ़ मति उलटो पवन फिरावौ ।
मन मतवार मेर सर भाठी अमृत धार चुवावौ ॥

बोलहु भइया राम की दुहाई ।
पीवहु संत सदा मति दुर्लभ सहजे प्यास बुझाई ॥
भय बिच भाउ भाई कोउ बूझहि हरि रस पीवै भाई ।
जेते घट अमृत सबही महि भावै तिसहि पियाई ॥
नगरी एकै नव दरवाजे धावत बर्जि रहाई ।
त्रिकुटी छूटै दस बादर खूलै ताम न भीवा भाई ॥
अभय पद पूरि ताप तह नासे कहि कबीर बोचारी ।
उवट चलंते इहु मद पाया जैसे खोद खुमारी ॥१८१॥
रे जिय निलज्ज लाज तोही नाही । हरि तजि कत काहू के जाही ॥
जाको ठाकुर ऊँचा होई । सो जन पर घर जात न सोही ॥
सो साहिब रहिया भरपूरि । सदा संगि नाही हरि दूरि ॥
कवला चरन सरन है जाके । कहु जन का नाहीं घर ताके ॥
सब कोऊ कहै जासु की बाता । सो सम्म्रथ निज पति है दाता ॥
कहै कबीर पूरन जग सोई । जाकै हिरदै अवरु न होई ॥१८२॥
रे मन तेरो कोइ नहीं खिंचि लेइ जिन भार ।
बिरख बसेरो पंखि को तैसो इहु संसार ॥
राम रस पीया रे । जिह रस बिसरि गये रस और ॥
और मुये क्या रोइये जो आपा थिर न रहाइ ।
जो उपजै सो बिनसिहै दुख करि रोवै बलाउ ॥
जह की उपजी तह रची पीवत मरद न लाग ।
कह कबीर चित चेतिया राम सिमिर बैराग ॥१८३॥
रोजा धरै मनावै अल्लहु स्वादति जीय संघारै ।
आपा देखि अवर नहीं देखै काहे कौ झख मारै ॥
काजी साहिब एक तोही महि तेरा सोच विचार न देखै ।
खबरि न करहि दीन के बौरे ताते जनम अलेखै ॥
सांत कतेब बखानै अल्लहु नारि पुरुष नहि कोइ ।

पढै गुनै नाही कछु बौरे जौ दिल महि खबरि न होई ॥
अल्लहु गैब सगल घट भीतर हिरदै लेहु विचारी ।
हिंदू तुरक दुहू महि एकै कहै कबीर पुकारी ॥१८४॥
लंका सा कोट समुंद सी खाई । तिह रावन घर खबरि न पाई ॥
क्या माँमौ किछू थिरु न रहाई । देखत नयन चल्यो जग जाई ॥
इक लख पूत सवा लख नाती । तिंह रावन घर दिया न वाती ॥
चंद सूर जाके तपत रसोई । वैसंतर जाके कपरे धोई ॥
गुरु मति रामै नाम बसाई । अस्थिर रहै न कतहू जाई ॥
कहत कबीर सुनहु रे लोई । राम नाम बिन मुकति न होई ॥१८५॥
लख चौरासी जीअ जोनि महि भ्रमत नंदु बहु थाको रे
भगति हेतु अवतार लियो है भाग वड़ो बपुरा को रे ॥
तुम जो कहत हौ नंद को नंदन नंद सु नंदन काको रे ।
धरनि अकास दसो दिसि नाही तब इहु नंद कहा थो रे ॥
संकट नहीं परे जोनि नहिं आवै नाम निरंजन जाकौ रे ।
कबीर को स्वामी एसो ठाकुर जाकै माई न बापो रे ॥१८६॥
विद्या न पढो बाद नहीं जानो । हरि गुन कथत सुनत बौरानो ॥
मेरे बाबा मैं बौरा, सब खलक सयानो, मैं बौरा ।
मैं बिगर्‌यो बिगरै मति औरा । आपन बौरा राम कियो बौरा ॥
सति गुरु जारि गयो भ्रम मोरा ॥
मैं बिगरे अपनी मति खोई । मेरे भर्मि भूलो मति कोई ॥
सो बौरा आपु न पछानै । आप पछानै त एकै जानै ॥
जबनिं न माता सु कबहुँ न भाता । कहि कबीरा रामै रँगि राता ।१८७।
बिनु सत सती होइ कैसे नारि । पंडित देखहु रिदै बीचारि ॥
प्रीति बिना कैसे बंधे सनेहु । जब लग रस तब लग नहि नेहू ॥
साह निसत्तु करै जिय अपनै । सो रमय्यै कौ मिलै न स्वपनै ॥
तन मन धन गृह सौपि सरीरू । सोई सोहागनि कहै कबीरू॥१८८॥

विमल वस्त्र केते है पहिरे क्या वन मध्ये वासा।
कहा भया नर देवा धोखे क्या जल बोऱ्यो ज्ञाता॥
जीय रे जाहिगा मैं जाना। अविगत समझ इयाना।
जत जत देखौ बहुरि न पेखौ संग माया लपटाना॥
ज्ञानी ध्यानी बहु उपदेसी इहु जग सगलो धंधा।
कहि कबीर इक राम नाम विनु या जग माया अंधा॥१८९॥
विषया ब्याप्या सकल संसारू। विषया लै डूबा परवारू॥
रे नर नाव चौड़ि कत बोड़ी। हरि स्यो तोड़ि विषया संगि जोड़ी॥
सुर नर दाधे लागी आगि। निकट नीर पसु पीवसि न झागि॥
चेतत चेतत निकस्यो नीर। सो जल निर्मल कथत कबीर॥१९०॥

वेद कतेब इफतरा भाई दिल का फिकर न जाई।
टुक दम करारी जौ करहु हाजिर हजूर खुदाई॥
बंदे खोज दिल हर रोज ना फिरि परेसानी माहि।
इह जु दुनिया सहरु मेला दस्तगीरी नाहिं॥
दरोग पढ़ि पढ़ि खुसी होइ बेखबर बाद बकाहि।
हक सच्चु खालक खलक म्याने स्याम मूरति नाहि॥
असमान म्याने लहंग दरिया गुसल करद न बूद।
करि फिकरु दाइम लाइ चसमे जहँ तहाँ मौजूद॥
अल्लाह पाकं पाक है सक करो जे दूसर होइ।
कबीर कर्म करीम का उहु करे जानै सोइ॥१९७॥
वेद कतेब कहहु मत झूठे झूठा जो न बिचारै।
जौ सब मै एकु खुदाइ कतहु हौ तो क्यों मुरगी मारे॥
मुल्ला कहहु नियाउ खुदाई। तेरे मन का भरम न जाई॥
पकरि जीउ आन्या देह बिनासी माटी कौ बिसमिल कीया।
जोति सरूप अनाहत लागी कहु हलालु क्यों कीया॥
क्या उज्जू पाक किया मुह धोया क्या मसीति सिर लाया।

जौ दिल मैंहि कपट निवाज गुजारहु क्या हज कावै जाया ॥
तू नापाक पाक नही सूझया तिसका मरम न जान्या ।
कहि कबीर भिस्त ते चूका दोजक त्यों मन मान्या ॥१९२॥

वेद की पुत्री सिंमृत भाई । साँकल जेवरी लैहै आई ॥
आपन नगर आप ते बाँध्या । मोह कै फाधि काल सरु साध्या ॥
कटी न कटै तूटि नह जाई । सो सापनि होइ जग कौ खाई ॥
हम देखत जिन्ह सब जग लूट्या । कहु कबीर मैं राम कहि छूट्या१९३॥

वेद पुरान सबै मत सुनि कै करी करम की आसा ।
काल ग्रस्त सब लोग सियाने उठि पंडित पै चले निरासा ॥
मन रे सर्‌यो न एकै काजा । भज्यो न रघुपति राजा ॥
बन खंड जाइ जोग तप कीनो कंद मूल चुनि खाया ।
नादी बेदी सबदी मौनी जम के परै लिखाया ॥
भगति नारदी रिदै न आई काछि कूछि तन दीना ।
राग रागनी डिंभ होइ बैठा उन हरि पहि क्या लीना ॥
पर्‌यो काल सबै जग ऊपर माहि लिखे भ्रम ज्ञानी ।
कहु कबीर जन भये खलासे प्रेम भगति जिह जानी ॥१९४॥

षट नेम कर कोठड़ी बाँधी बस्तु अनूप बीच पाई ।
कुंजी कुलफ प्रान करि राखे करते बार न लाई ॥
अब मन जागत रहु रे भाई ।
गाफिल होय कै जनम गवायो चोर मुस घर जाई ॥
पंच पहरुआ दर महि रहते तिनका नहीं पतियारा ।
चेति सुचेत चित होइ रहु तौ लै परगासु उजारा ॥
नव घर देखि जु कामनि भूली वस्तु अनूप न पाई ।
कहत कबीर नवै घर मूसे दसवें तत्त्व समाई ॥१९५॥

संत मिलै किछु सुनिये कहियै । मिलै असंत मष्ट करि रहियै ॥
बाबा बोलना क्या कहियै । जैसे राम नाम रमि रहियै ।

संतन स्यों बोले उपकारी । मूरख स्यों बोले झख मारी ॥
बोलत बोलत बढ़हि बिकारा । बिनु बोले क्या करहि बिचारा ॥
कहु कबीर छूछा घट बोलै । भरिया होइ सु कबहु न डोलै ॥१९६॥
संतहु मन पवनै सुख बनिया । किछु जोग परापति गनिया ॥
गुरु दिखलाई मोरी । जितु मिरग पड़त है चोरी ॥
मूँदि लिये दरवाजे । बाजिले अनहद वाजे ॥
कुंभ कमल जल भरिया । जल मेट्या ऊभा करिया ॥
कहु कबीर जन जान्या । जौ जान्या तौ मन मान्या ॥ १९७॥

संता मानौ दूता डानौ इह कुटवारी मेरी ।
दिवस रैन तेरे पाउ पलोसौ केस चवर करि फेरी ॥
हम कूकर तेरे दरबारि । भौकाई आगे बदन पसारि ॥
पूरब जनम हम तुम्हरे सेवक अब तौ मिट्या न जाई ।
तेरे द्वारे धुनि सहज की मथै मेरे दगाई ॥
दागे हाहि सुरन महि जूझहि बिनु दागे भगि जाई ॥
साधू होई सुभ गति पछानै हरि लये खजानै पाई ।
कोठरे महि कोठरी परम कोठरी विचारि ।
गुरु दीनी वस्तु कबीर कौ लेवहु बस्तु सम्हारि ॥
कबीर दोई संसार कौ लीनी जिस मस्तक भाग ।
अमृत रस जिन पाइया थिरता का सोहाग ॥१९८॥

संध्या प्रात स्नान कराही । ज्यों भये दादुर पानी माही ॥
जो पै राम नाम रति नाही । ते सबि धर्मराय कै जाही ॥
काया रति बहु रूप रचाही । तिन कै दया सुपनै भी नाही ॥
चार चरण कहहिं बहु आगर । साधू सुख पावहि कलि सागर ॥
कहु कबीर वहु काय करीजै । सरबस छोड़ि महा रस पीजै ॥१९९॥
सत्तरि सै इसलारू है जाके । सवा लाख पै कावर ताके ॥
सेख जु कही यहि कोटि अठासी । छप्पन कोटि जाके खेल खासी ॥

मो गरीब की को गुजरावै । मजलसि दूरि महल को पावै ॥
तेतसि करोडी हैं खेल खाना । चौरासी लख फिरै दिवाना ॥
बाबा आदम कौं कछु न दरि दिखाई । उनभी भिस्त घनेरी पाई ॥
दिल खल हलु जाकै जर दरुवानी । छोड़ि कतेब करै सैतानी ॥
दुनिया दोस रोस है लोई । अपना कीया पावै सोई ॥
तुम दाते हम सदा भिखारी । देउ जबाब होइ बजगारी ॥
दास कबीर तेरी पनह समाना । भिस्त नजीक रागु रहमाना ॥२००॥
सनक सनंद अंत नहीं पाया । बेद पढ़े पढ़ि ब्रह्मे जनम गवाया ॥
हरिका बिलोवना बिलोवहु मेरे भाई सहज बिलोवहु जैसे तत्व न जाई ॥
तनु करि मटकी मन माहिं बिलोई । इसु मटकी महिं सबद संजोई ॥
हरि का बीलोना मन का बीचारा । गुरु प्रसादि पावै अमृत धारा॥
कहु कबीर न दर करे जे मीरा । राम नाम लगि उतरे तीरा ॥२०१॥
सनक सनंद महेस समाना । सेषनाग तेरो मर्म न जाना ॥
संत संगति राम रिदै बसाई ॥
हनूमान सरि गरुड़ समाना । सुरपति नरपति नहि गुन जाना ॥
चारि वेद अरु सिमृति पुराना । कमलापति कमला नहि जाना ॥
कहत कबीर सो भरमै नाहीं । पग लगि राम रहै सरनाही ॥२०२॥
सब कोई चलन कहत है ऊंहा । ना जानौं वैकुंठ है कहां ॥
आप आपका भरम न जानां । बातन ही वैकुंठ बखानां ॥
जब लग मन वैकुंठ की आस । तब लग नाही चरन निवास ॥
खाई कोट न परल पगारा । ना जानौ वैकुंठ दुआरा ॥
कहि कबीर अब कहियै काहि । साध संगति वैकुंठे आहि ॥२०३॥
सर्पनी ते ऊपर नही बलिया । जिन ब्रह्मा विष्णु महादेव छलिया॥
मारुमारु सर्पनी निर्मल जलपैठी जिन त्रिभुवन डसिलेगुरुप्रसादि डीठी
सर्पनी सर्पनी क्या कहहु भाई । जिन साचु पछान्या तिनसर्पनीखाई॥
सर्पनी ते आनछूछ नही अवरा । सर्पनी जीती कहा करै जमरा ॥

इहि सर्पनी ताकी कीती होई । बल अबल क्या इसते होई ।
एह बसती ता बसत सरीरा । गुरु प्रसादि सहजि तरे कबीरा ।२०४।

सरीर सरोवर भीतरै आछै कमल अनूप ।
परम ज्योति पुरुषोत्तमो जाकै रेख न रूप ॥
रे मन हरि भजु भ्रम तजहु जग जीवन राम ।
आवत कछू न दीसई नह दीसै जात ।
जहाँ उपजै बिनसै तहि जैसे पुरवनि पात ॥
मिथ्या करि माया तजा सुख सहज बीचारि ।
कहि कबीर सेवा करहु मन मांझि मुरारि ॥२०५॥

सासु की दुखी ससुर की प्यारी जेठ के नाम डरौं रे ।
सखी सहेली ननद गहेली देवर के बिरहि जरौं रे ॥
मेरी मति बौरी मैं राम बिसार्‌यो किन बिधि रहनि रहौं रे ।
सेजै रमत नयन नहीं पेखौ इहु दुख कासौं कहौ रे ॥
बाप सावका करै लराई मया सद मतवारी ।
बड़े भाई के जब संग होती तब ही नाह पियारी ॥
कहत कबीर पंचको झगरा झगरत जनम गवाया ।
झूठी माया सब जग बाँध्या मैं राम रमत सुख पाया ॥२०६॥

सिब की पुरी बसै बुधि सारु । तह तुम मिलि कै करहु बिचारु ॥
ईत ऊत की सोझी परै । कौन कर्म मेरा करि करि मरै ॥
निज पद ऊपर लागो ध्यान । राजा राम नाम मेरा ब्रह्म ज्ञान ॥
भूल दुआरै बंध्या बंधु । रवि ऊपर गहि राख्या चंदु ॥
पच्छम द्वारे सूरज तपै । मेरे डंड सिर ऊपर बसै ॥
पंचम द्वारे की सिल ओड़ । तिह सिल ऊपर खिड़की और ॥
खिड़की ऊपर दसवा द्वार । कहि कबीर ताका अंतु न पार ॥२०७॥

सुख माँगत दुख आगै आवै । सो सुख हमहु न माँग्या भावै ॥
बिषया अजहु सुरति सुख आसा । कैसे होइहै राजा राम निवासा ॥

इसु सुख ते सिव ब्रह्म डराना । सो सुख हमहुँ साँच करि जाना ॥
सनकादिक नारद मुनि सेखा । तिन भी तन महिं मन नहीं पेखा॥
इस मन कोई खोजहु भाई । तन छूटै मन कहा समाई ॥
गुरु परसादी जयदेव नामा । भगति कै प्रेम इनही है जाना ॥
इस मन कौ नहीं आवन जाना जिसका भर्म गया तिन साचुपछाना ॥
इस मन कौ रूप न रेख्या काई । हुकुमे होया हुकुम बूझि समाई ॥
इस मन का कोई जानै भेउ । इहि मन लीण भये सुख देउ ॥
जीउ एक और सगल सरीरा । इस मन कौ रवि रहै कबीरा ॥२०८॥
सुत अपराध करत है जेते । जननी चीति न राखसि तेते ॥
रामय्या हौं बारिक तेरा । काहे न खंडसि अवगुन मेरा ॥
जे अति कोप करे करि धाया । ताभी चीत न राखसि माया ॥
चिन्त भवन मन पर्‌यो हमारा । नाम विना कैसे उतरसि पारा ॥
देहि विमल मति सदा सरीरा । सहजि सहजि गुनरवै कबीरा ॥२०९॥

सुन्न संध्या तेरी देव देवा करि अधपति आदि समाई ॥
सिद्ध समाधि अन्त नहीं पाया लागि रहे सरनाई ॥
लेहु आरती हो पुरुष निरंजन सति गुरु पूजहु जाई ।
ठाढा ब्रह्मा निगम विचारै अलख न लखिया जाई ॥
तत्तु तेल नाम कीया बाती दीपक देह उज्यारा ।
जोति लाइ जगदीस जगाया बूझै बूझनहारा ॥
पंचे सबद अनाहद बाजे संगे सारिंगपानी ।
कबीर दास तेरी आरती कीनी निरंकार निरबानी ॥२१०॥

सुरति सिमृति दुइ कन्नी मुंदा परिमिति बाहर खिथा ।
सुन्न गुफा महि आसण बैसण कल्प विवर्जित पंथा ॥
मेरे राजन मैं बैरागी जोगी । मरत न साग बिजोरी ॥
खंड ब्रह्मंड महि सिंडी मेरा बटुवा सब जग भासमाधारी ।
ताड़ी लागी त्रिपल पलटियै छूटै होई पसारी ।

मन पवन्न दुइ तूम्बा करिहै जुग जुग सारद साजी।
थिरु भई नंती टूटसि नाही अनहद किंगुरी बाजी॥
सुनि मन मगन भये है पूरे माया डोलन लागी।
कहु कवीर ताको पुनरपि जनम नहीं खेलि गयो वैरागी॥२११॥

सुरह की जैसी तेरी चाल। तेरी पूछट ऊपर झमक बाल॥
इस घर महि है सुं तू ढढ़िखाहि। और किसही के तू मति ही जाहि
चाकी चाटै चून खाहि। चाकी का चीथरा कहाँ लै जाहि॥
छींके पर तेरी बहुत डीठ। मत लकरी सोंटा परै तेरी पीठ॥
कहि कवीर भोग भले कीन। मति कोऊ मारै ईंट ठेम॥२१२॥

सो मुल्ला जो मन स्यो लरै। गुरु उपदेस काल स्यो जुरै॥
काल पुरुष का मरदै मान। तिस मुल्ला को सदा सलाम॥
है हुजूरि कत दूरि वतावहू। दुंदर बाधहु सुंदर पावहु॥
काजी सो जो काया विचारै। काया की अग्नि ब्रह्म पै जारै॥
सुपनै बिन्दु न देई झरना। तिसु काजी कौ जरा न मरना॥
सो सुरतान जो दुई सुर तानै। बाहर जाता भीतर आनै॥
गगन मंडल महि लस्कर करै। सो सुरतान छत्र सिर धरै॥
जोगी गोरख गोरख करै। हिंदू राम नाम उच्चरै॥
मुसलमान का एक खुदाई। कवीर का स्वामी रह्या समाई॥२१३॥

स्वर्ग बास न वाछियै डरियै न नरक निवासु।
होना है सो होइहै मनहि न कीजै आसु॥
रमय्या गुन गाइयै। जाते पाइयै परम निधानु।
क्या जप क्या तप संयमो क्या व्रत क्या इस्नान॥
जब लग जुक्ति न जानिये भाव भक्ति भगवान।
सम्पै देखि न हर्षियै विपति देखि न रोइ॥
ज्यो सम्पै त्यो विपत है विधि ने रच्या सो होइ।

कहि कबीर अब जानिया संतन रिदै मझारि।
सेवक सो सेवा भले जिह घट बसै मुरारि ॥२१४॥
हज्ज हमारी गोमती तीर। जहाँ बसहि पीतम्बर पीर ॥
वाहु वाहु क्या खूब गावता है। हरि का नाम मेरे मन भावता है ॥
नारद सारद करहि खवासी। पास बैठी बिधि कवला दासी ॥
कंठे माला जिहवा राम। समय नाम लै लै करौ सलाम ॥
कहत कबीर राम गुन गावो। हिंदु तुरक दोऊ समझावौ ॥२१५॥
हम घर सूत तनहि नित ताना कंठ जनेऊ तुमारे।
तुम तो बेद पढ़हु गायत्री गोविंद रिदै हमारे ॥
मेरी जिहवा विष्णु नयन नारायण हिरदै बसहि गोविंदा।
जम दुआर जब पूछसि बवरे तब क्या कहसि मुकुंदा ॥
हम गोरू तुम ग्वार गुसाइ जनम जनम रखवारे।
कबहू न पार उतार चराइहु कैसे खसम हमारे ॥
तूं बाह्मन मैं कासी का जुलहा बूझहु मोर गियाना।
तुम तौ पाचे भूपति राजे हरि सो मोर धियाना ॥२१६॥
हम मसकीन खुदाई बन्दे तुम राजसु मन भावै।
अल्लह अवलि दीन को साहिब जोर नहीं फुरमावै ॥
काजी बोल्या बनि नहीं आवै ॥
रोजा धरै निवाजु गुजारै कलमा भिस्त न होई।
सत्तरि काबा घटही भीतर जे करि जानै कोई ॥
निवाजु सोई जो न्याइ बिचारै कलमा अकलहि जानै।
पाँचहु मुसि मुसला बिछावै तब तौ दीन पछानै ॥
खसम पछानि तरस करि जीय महि मारि मणी करि फीकी।
आप जनाइ और को जानै तब होइ भिस्त सरीकी ॥
माटी एक भेष धरि नाना तामहि ब्रह्म पछाना।
कहै कबीर भिस्त छोड़ि करि दोजक स्यों मन माना ॥२१७॥

हरि बिन कौन सहाई मन का।
माता पिता भाई सुत बनिता हितु लागो सब फन का।
आगै कौ किछु तुलहा बाँधहु क्या भरोसा धन]का।
कहा बिसासा इस भांडे का इत नकु लगै ठन का॥
सगल धर्म पुन्न फल पावहु धूरि बांछहु सब जन का।
कहै कबीर सुनहु रे संतहु इहु मन उड़न पखेरू बन का॥२१८॥

हरि जन सुनहि न हरि गुन गावहि। बातनही असमान गिरावहि॥
ऐसे लोगन स्यो क्या कहिये। जो प्रभू कीये भगति ते बाहज
तिनते सदा डराने रहिये॥
आपन देहि चुरू भरि पानी। तिहि निंदहि जिह गंगा आनी॥
बैठत उठत कुटिलता चालहि। आप गये औरनहू घालहि॥
छाडि कुचर्चा आन न जानहि। ब्राह्माहू को कह्यो न मानहि॥
आप गये औरनहू खोवहि। आगि लगाई मँदिर में सोवहि॥
औरन हँसत आपहहिं काने। तिनकी देखि कबीर लजाने॥२१९॥

हिंदू तुरक कहाँ ते आये किन एह राह चलाई।
दिल महि सोच विचार कवादे भिस्त दोजक किन पाई॥
काजी तै कौन कतेब बखानी।
पढ़त गुनत ऐसे सब मारे किनहू खबर न जानी॥
सकत सनेह करि सुन्नति करियै मै न बदौगा भाई॥
जौ रे खुदाई मोहि तुरक करैगा आपनही कटि जाई॥
सुन्नति किये तुरक जे होइगा औरत का क्या करियै।
अर्द्ध सरीरी नारि न छोड़े ताते हिंदू ही रहिये॥
छाड़ि कतेब राम भजु बौरे जुलम करत है भारी।
कबीर पकरी टेक राम की तुरक रहे पँचि हारी॥२२०॥

हीरै हीरा बेधि पवन मन सहजे रह्या समाई।
सकल जोति इन हीरै बेधी सति गुरु बचनी मैं पाई॥

हरि की कथा अनाहद बानी । हंस ह्वै हीरा लेई पछानी ॥
कहि कबीर हीरा अस देख्यो जग महि रह्या समाई ।
गुपता हीरा प्रगट भयो जब गुरु गम दिया दिखाई ॥२२१॥

हृदय कपट मुख ज्ञानी । झूठे कहा विलोवसि पानी ॥
काया मांजसि कौन गुना । जो घट भीतर है मलनां ॥
लौठि आठ सति तीरथ न्हाई । कौरापन तऊ न जाई ॥
कहि कबीर बीचारी । भय सागर तारि मुरारी ॥२२२॥

———